५३. यह जानकर वह भिक्षु भिक्षाचर्या में[११४] उपस्थित हो दो प्रकार के लोक को[११५] जाने, जैसे—जीव और अजीव। त्रस और स्थावर।

५४. इह खलु गारत्था सारंभा सपरिग्गहा, संतेगइया

इह खलु अगारस्थाः सारम्भाः सपरिग्रहाः सन्त्येके श्रमणाः

५४. यहां गृहस्थ[११६] आरंभ [हिंसा] और परिग्रहयुक्त

समणा माहणा वि सारंभा सपरिग्गहा—जे इमे तसा थावरा पाणा—ते सयं समारंभंति, अण्णेण वि समारंभावेंति, अण्णं पि समारंभंतं समणुजाणंति।

ब्राह्मणाः अपि सारम्भाः सपरिग्रहाः। ये इमे त्रसाः स्थावरा प्राणाः तान् स्वयं समारभन्ते, अन्येनापि समारम्भयन्ति, अन्यमपि समारभमाण समनुजानन्ति।

होते है। कुछ श्रमण,[११७] ब्राह्मण भी आरभ और परिग्रहयुक्त होते हैं। जो ये त्रस और स्थावर प्राणी है, उनकी वे स्वय हिंसा करते हैं, दूसरो से हिंसा करवाते है और हिंसा करने वाले का अनुमोदन करते हैं।

इह खलु गारत्था सारंभा सपरिग्गहा, संतेगइया समणा माहणा वि सारंभा सपरिग्गहा—जे इमे कामभोगा सचित्ता वा अचित्ता वा—ते सयं परिगिण्हंति, अण्णेण वि परिगिण्हावेंति, अण्णं पि परिगिण्हंतं समणुजाणंति।

इह खलु अगारस्था सारम्भा सपरिग्रहा सन्त्येके श्रमणा ब्राह्मणा अपि सारम्भाः सपरिग्रहा। ये इमे कामभोगाः सचित्ताः वा अचित्ता वा तान् स्वय परिगृह्णन्ति, अन्येनापि परिग्राहयन्ति, अन्यमपि परिगृह्णन्तं समनुजानन्ति।

यहा गृहस्थ आरभ और परिग्रहयुक्त होते हैं। कुछ श्रमण, ब्राह्मण भी आरभ और परिग्रहयुक्त होते है। जो ये चेतन या अचेतन कामभोग हैं, उनका वे स्वयं परिग्रह करते हैं, दूसरो से परिग्रह करवाते हैं और परिग्रह करने वाले का अनुमोदन करते है।

इह खलु गारत्था सारंभा सपरिग्गहा, संतेगइया समणा माहणा वि सारंभा सपरिग्गहा, अहं खलु अणारंभे अपरिग्गहे। जे खलु गारत्था सारंभा सपरिग्गहा, संतेगइया समणा माहणा वि सारंभा सपरिग्गहा, एतेसिं चेव णिस्साए बंभचेरवासं वसिस्सामो।

इह खलु अगारस्थाः सारम्भा सपरिग्रहा., सन्त्येके श्रमणा. ब्राह्मणा अपि सारम्भा. सपरिग्रहाः, अहं खलु अनारम्भः अपरिग्रह। ये खलु अगारस्थाः सारम्भा सपरिग्रहाः, सन्त्येके श्रमणा. ब्राह्मणाः अपि सारम्भाः सपरिग्रहाः, एतेषां चैव निश्रया ब्रह्मचर्यवास वत्स्यामः।

यहा गृहस्थ आरभ और परिग्रहयुक्त हैं। कुछ श्रमण, ब्राह्मण भी आरभ और परिग्रहयुक्त है। मैं अहिंसक और अपरिग्रही हू।[११८] जो गृहस्थ आरभ और परिग्रहयुक्त है, जो कुछ श्रमण, ब्राह्मण भी आरभ और परिग्रहयुक्त है, उनकी ही निश्रा (आश्रय) मे[११९] हम ब्रह्मचर्यवास[१२०] मे रहेगे।

कस्स णं तं हेउं?

कस्य तद् हेतो.?

इसका क्या कारण है [कि अनारभ और अपरिग्रह होकर आरभ और परिग्रहयुक्त की निश्रा मे रहे?]

जहा पुव्वं तहा अवरं, जहा अवरं तहा पुव्वं।

यथा पूर्वं तथा अपर, यथा अपर तथा पूर्वम्।

[यदि हम गृहस्थ की निश्रा मे न रहे तो] जैसे पहले[१२१] [आरंभ और परिग्रहयुक्त] थे वैसे ही वाद मे [भिक्षु की चर्या स्वीकार करने पर भी] हो जायेंगे। जैसे भिक्षु की चर्या मे आरभ और परिग्रहयुक्त हैं वैसे पहले भी थे।

अजू एते अणुवरया अणुवट्ठिया पुणरवि तारिसगा चेव।

ऋजु एते अनुपरता. अनुपस्थिताः पुनरपि तादृशका एव।

यह प्रत्यक्ष है[१२२] कि ऐसे भिक्षु दोपो से विरत नही है, धर्म के लिए उपस्थित नही है। ये प्रव्रजित होने पर भी गृहस्थ जैसे ही है।

जे खलु गारत्था सारंभा सपरिग्गहा, संतेगइया समणा माहणा वि सारंभा सपरिग्गहा दुहओ पावाइं कुव्वंति, इति संखाए दोहि वि अंतेहिं अदिस्समाणो। इति भिक्खू रीएज्जा॥

ये खलु अगारस्थाः सारम्भा सपरिग्रहा, सन्त्येके श्रमणा. ब्राह्मणा अपि सारम्भा सपरिग्रहाः द्वित. पापानि कुर्वन्ति, इति सख्याय द्वाभ्यामपि अन्ताभ्यां अदृश्यमानः। इति भिक्षुः रीयेत।

जो गृहस्थ आरभ और परिग्रहयुक्त है, कुछ श्रमण, ब्राह्मण भी आरभ और परिग्रहयुक्त हैं, वे दोनो[१२३] पाप [आरभ और परिग्रह] करते है, यह जानकर जिसमे आरभ और परिग्रह—ये दोनो[१२४] दृश्य न हो[१२५]—भिक्षु ऐसा जीवन जीए।[१२६]

५५. से बेमि—पाईणं वा पडीणं वा उदीणं वा दाहिणं वा एवं से परिण्णातकम्मे, एवं से ववेयकम्मे, एवं से वियंतकारए भवइ त्ति मक्खायं ॥

तद् ब्रवीमि—प्राचीन वा प्रतीचीनं वा उदीचीन वा दक्षिणं वा एवं स परिज्ञातकर्मा, एवं स व्यपेतकर्मा, एव स व्यन्तकारको भवतीति आख्यातम् ।

५५. मैं कहता हूं—पूर्व, पश्चिम, उत्तर या दक्षिण, किसी भी दिशा मे आया हुआ भिक्षु अनारभ और अपरिग्रह होकर परिज्ञातकर्मा होता है। परिज्ञातकर्मा होने के कारण वह व्यपेतकर्मा [नए कर्म का अबधक] होता है। व्यपेतकर्मा होने के कारण वह व्यंतकार [पूर्व-सचित कर्म का अन्त करने वाला] होता है—यह भगवात् महावीर ने कहा है।[२७]

५६. तत्थ खलु भगवया छज्जीव-णिकाया हेऊ पण्णत्ता, तं जहा—पुढवीकाए आउकाए तेउकाए वाउकाए वणस्सइकाए तसकाए।

तत्र खलु भगवता षड्जीवनिकायाः हेतव. प्रज्ञप्ताः तद् यथा—पृथिवीकाय· अप्काय. तेजस्काय. वायुकाय· वनस्पतिकाय. त्रसकायः ।

५६. भगवान् महावीर ने छह जीव-निकायो—पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय, और त्रसकाय को कर्म-वध का हेतु वतलाया है।

से जहाणामए मम असायं दंडेण वा अट्ठीण वा मुट्ठीण वा लेलुणा वा कवालेण वा आउडिज्जमाणस्स वा हम्ममाणस्स वा तज्जिज्जमाणस्स वा ताडिज्जमाणस्स वा परिताविज्जमाणस्स वा किलामिज्जमाणस्स वा उद्दविज्जमाणस्स वा जाव लोमुक्खणणमायमवि हिंसाकारगं दुक्खं भयं पडिसंवेदेमि—इच्चेवं जाण।

तद् यथानाम् मम असात दंडेन वा अस्थ्ना वा मुष्टिना वा लेष्टुना वा कपालेन वा आकुट्यमानस्य वा हन्यमानस्य वा तर्ज्यमानस्य वा ताड्यमानस्य वा परिताप्यमानस्य वा क्लाम्यमानस्य वा उद्द्राव्यमानस्य वा यावत् रोमोत्खननमात्रमपि हिंसाकारक दुःख भय प्रतिसंवेदयामि—इत्येव जानीहि ।

जैसे मेरे लिए यह अप्रिय होता है, [यदि] डडे, हड्डी, मुट्ठी, ढेले या खप्पर से मुझे कोई पीटे, मारे,[२८] तर्जना और ताडना दे, परितप्त[२९] और क्लान्त[३०] करे, प्राण से वियोजित करे तव, यहा तक कि रोम उखाडने मात्र से भी मैं हिंसाकारक दुख और भय का प्रतिसवेदन करता हू, ऐसा तुम जानो।

सव्वे पाणा सव्वे भूया सव्वे जीवा सव्वे सत्ता दंडेण वा अट्ठीण वा मुट्ठीण वा लेलुणा वा कवालेण वा आउडिज्जमाणा वा हम्ममाणा वा तज्जिज्जमाणा वा ताडिज्जमाणा वा परिताविज्जमाणा वा किलामिज्जमाणा वा उद्दविज्जमाणा वा जाव लोमुक्खणणमायमवि हिंसाकारगं दुक्खं भयं पडिसंवेदेंति। एवं णच्चा सव्वे पाणा सव्वे भूया सव्वे जीवा सव्वे सत्ता ण हंतव्वा ण अज्जावेयव्वा ण परिघेतव्वा ण परितावेयव्वा ण उद्दवेयव्वा ॥

सर्वे प्राणा. सर्वाणि भूतानि सर्वे जीवाः सर्वे सत्त्वाः दडेन वा अस्थ्ना वा मुष्टिना वा लेष्टुना वा कपालेन वा आकुट्यमाना. वा हन्यमाना. वा तर्ज्यमाना. वा ताड्यमानाः वा परिताप्यमाना. वा क्लाम्यमाना. वा उद्द्राव्यमाना. वा यावद् रोमोत्खननमात्रमपि हिंसाकारक दुख भयं प्रतिसवेदयन्ति। एव ज्ञात्वा सर्वे प्राणा. सर्वाणि भतानि सर्वे जीवाः सर्वे सत्त्वा न हन्तव्या. न आज्ञापयितव्या न परिगृहीतव्या न परितापयितव्या. न उद्द्रावयितव्या ।

सव प्राण भूत, जीव और सत्त्व को[३१] डडे से, अस्थि से, मुट्ठी से, ढेले से, या खप्पर से कोई पीटे, मारे, तर्जना और ताडना दे, परितप्त और क्लान्त करे, प्राण से वियोजित करे[३२] तव यहा तक कि रोम उखाडने मात्र से भी वे हिंसाकारक दुख और भय का प्रतिसवेदन करते है। [आत्म-तुला से] ऐसा जानकर किसी भी प्राण, भूत, जीव और सत्त्व को न मारे, न अधीन बनाए, न दास बनाए, न परिताप दे और न प्राण से वियोजित करे।

५७. से बेमि—जे अईया, जे य पडुप्पण्णा, जे य आगमेस्सा अरहंता भगवंतो सव्वे ते एवमाइक्खंति, एवं भासंति, एवं पण्णवेंति, एवं परूवेंति—सव्वे पाणा सव्वे भूया सव्वे जीवा सव्वे सत्ता ण हंतव्वा ण अज्जावेयव्वा ण परिघेतव्वा ण परितावेयव्वा ण उद्दवेयव्वा ॥

अथ ब्रवीमि—ये अतीता. ये च प्रत्युत्पन्ना , ये च आगमिष्या अर्हन्तो भगवन्त. सर्वे ते एवमाचक्षते, एव भाषन्ते, एव प्रज्ञापयन्ति, एव प्ररूपयन्ति—सर्वे प्राणा· सर्वाणि भूतानि सर्वे जीवा सर्वे सत्त्वाः न हन्तव्या न आज्ञापयितव्या न परिगृहीतव्याः न परितापयितव्याः न उद्द्रावयितव्या. ।

५७. मैं कहता हूं—जो अर्हत् भगवान् अतीत मे हुए है' वर्त्तमान मे हैं और भविष्य मे होगे, वे सब ऐसा आख्यान, भाषण, प्रज्ञापन, और प्ररूपण करते है—किसी भी प्राण, भूत, जीव और सत्त्व को कोई न मारे, न अधीन बनाए, न दास बनाए, न परिताप दे और न प्राण से वियोजित करे ।[133]

५८. एस धम्मे धुवे णितिए सासए समेच्च लोगं खेयण्णेहिं पवेइए ॥

एष धर्म. ध्रुव. नित्य शाश्वत. समेत्य लोक क्षेत्रज्ञैः प्रवेदित. ।

५८ यह धर्म ध्रुव, नित्य और शाश्वत है ।[134] जीव-लोक को जानकर[135] आत्मज्ञ तीर्थंकरो ने इसका प्रतिपादन किया है ।

५९. एवं से भिक्खू विरए पाणाइवायाओ विरए मुसावायाओ विरए अदत्तादाणाओ विरए मेहुणाओ विरए परिग्गहाओ। णो दंतपक्खालणेणं दंते पक्खालेज्जा, णो अंजणं, णो वमणं, णो विरेयणं, णो धूवणे, णो तं परियाविएज्जा ॥

एव स भिक्षु. विरतः प्राणातिपातात् विरतः मृषावादाद् विरत. अदत्तादानाद् विरत मैथुनाद् विरत. परिग्रहात् । नो दन्तप्रक्षालनेन दन्तान् प्रक्षालयेत्, नो अञ्जन, नो वमनं, नो विरेचन, नो धूपन, नो त पर्यापिवेत् ।

५९ इस प्रकार वह भिक्षु प्राणातिपात, मृषावाद, अदत्तादान, मैथुन और परिग्रह से विरत रहे। दतौन से दातो का प्रक्षालन न करे। अजन, वमन, विरेचन और धूपन का प्रयोग न करे, धूम न पीए ।[136]

६०. से भिक्खू अकिरिए अलूसए अकोहे अमाणे अमाए अलोहे उवसंते परिणिव्वुडे णो आससं पुरतो करेज्जा—इमेण मे दिट्ठेण वा सुएण वा मएण वा विण्णाएण वा, इमेण वा सुचरिय-तव-णियम-बंभचेरवासेणं, इमेण वा जायामायावुत्तिएणं धम्मेणं इतो चुते पेच्चा देवे सिया कामभोगाण वसवत्ती, सिद्धे वा अदुक्खमसुहे। एत्थ वि सिया, एत्थ वि णो सिया ॥

स भिक्षु. अक्रिय अलूषक अक्रोधः अमान अमाय अलोभ उपशान्त. परिनिर्वृत. नो आशसा पुरत कुर्यात्—अनेन मे दृष्टेन वा श्रुतेन वा मतेन वा विज्ञातेन वा, अनेन वा सुचरित-तपः-नियम-ब्रह्मचर्यवासेन, अनेन वा यात्रामात्रावृत्तिकेन धर्मेण इत. च्युत प्रेत्य देव स्यात् कामभोगाना वशवर्त्ती सिद्धो वा अदु.खाऽसुख । अत्रापि स्यात् अत्रापि नो स्यात् ।

६० वह अक्रिय,[137] अहिंसक, अक्रोधी,[138] अमानी, अमायी, अलोभी, उपशात,[139] परिनिर्वृत[140] भिक्षु भविष्य के लिए आशसा न करे[141]—मैने देखा है, सुना है, मनन किया है, विज्ञान [विवेक] किया है[142] [कि धर्म से आशसा पूर्ण होती है। इस आधार पर वह] इस सुचरित तप-नियम और ब्रह्मचर्यवास के द्वारा अथवा इस जीवन-यापन भर आहार वाले धर्म के द्वारा[143] यहा से च्युत हो परलोक मे कामभोगो का वशवर्त्ती[144] देव होऊ अथवा दु ख और सुख से अतीत सिद्ध[145] होऊ। [इस प्रकार की अशसा न करे क्योकि] तप आदि से कभी कामभोग प्राप्त होते हैं और कभी नही होते ।[146]

६१. से भिक्खू सद्देहिं अमुच्छिए रूवेहिं अमुच्छिए गंधेहि

स भिक्षु शब्देषु अमूर्च्छित. रूपेषु अमूर्च्छित. गन्धेषु अमूर्च्छित.

६१ वह भिक्षु शब्द, रूप, गध, रस और स्पर्श मे अमूर्च्छित[147]

अमुच्छिए रसेहिं अमुच्छिए फासेहिं अमुच्छिए, विरए—कोहाओ माणाओ मायाओ लोभाओ पेज्जाओ दोसाओ कलहाओ अब्भक्खाणाओ पेसुण्णाओ परपरिवायाओ अरइरईओ मायामोसाओ मिच्छादंसणसल्लाओ—इति से महतो आदाणाओ उवसंते उवट्ठिए पडिविरते ॥

रसेषु अमूर्च्छितः स्पर्शेषु अमूर्च्छितः, विरतः—क्रोधाद् मानाद् मायाया: लोभात् प्रेयसः दोषात् कलहात् अभ्याख्यानात् पैशून्यात् परपरिवादात् अरतिरतेः, मायामृषातः मिथ्यादर्शनशल्यात्—इति स महतः आदानात् उपशान्तः उपस्थितः प्रतिविरतः ।

तथा क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रेय, द्वेष, कलह, अभ्याख्यान, पैशून्य, पर-परिवाद, अरति-रति, माया मृषा और मिथ्यादर्शनशल्य से विरत होता है। इस लिए वह महान् आदान [कर्म-संग्रह] से [148] उपशात संयम मे उपस्थित और प्रतिविरत होता है।

६२. से भिक्खू—जे इमे तस-थावरा पाणा भवंति—ते णो सयं समारंभइ, णो अण्णेहिं समारंभावेइ, अण्णे समारंभंते वि ण समणुजाणइ—इति से महतो आदाणाओ उवसंते उवट्ठिए पडिविरते ॥

स भिक्षुः—ये इमे त्रसस्थावरा प्राणाः भवन्ति—तान् नो स्वयं समारभते, नो अन्यैः समारम्भयति, अन्यान् समारभमाणानपि न समनुजानाति—इति स महतः आदानात् उपशान्तः उपस्थितः प्रतिविरतः ।

६२. वह भिक्षु—जो ये त्रस-स्थावर प्राणी हैं—उनका स्वय समारंभ नही करता, दूसरो से समारभ नही करवाता और समारभ करने वाले का अनुमोदन नही करता। इसलिए वह महान् आदान [कर्म-संग्रह] से उपशात, संयम मे उपस्थित और प्रतिविरत होता है।

६३. से भिक्खू—जे इमे कामभोगा सचित्ता वा अचित्ता वा—ते णो सयं परिगिण्हइ, णो अण्णेणं परिगिण्हावेइ, अण्णं परिगिण्हंतंपि ण समणुजाणइ—इति से महतो आदाणाओ उवसंते उवट्ठिए पडिविरते ॥

स भिक्षुः—ये इमे कामभोगाः सचित्ता वा अचित्ता वा—तान् नो स्वयं परिगृह्णाति, नो अन्येन परिग्राहयति, अन्यं परिगृह्णन्तं न समनुजानाति—इति स महतः आदानात् उपशान्तः उपस्थितः प्रतिविरतः ।

६३ वह भिक्षु—जो ये सचित्त या अचित्त कामभोग है—उनका स्वयं परिग्रह नहीं करता, दूसरो से परिग्रह नहीं करवाता और परिग्रह करने वाले का अनुमोदन नही करता। इसलिए वह महान् आदान [कर्म-संग्रह] से उपशात, संयम मे उपस्थित और प्रतिविरत होता है।

६४. से भिक्खू—जं पि य इमं संपराइयं कम्मं कज्जइ—णो त सयं करेइ, णो अण्णेणं कारवेइ, अण्णं पि करेंत ण समणुजाणइ—इति से महतो आदाणाओ उवसंते उवट्ठिए पडिविरते ॥

स भिक्षुः—यदपि चेद साम्परायिकं कर्म क्रियते—नो तत् स्वयं करोति, नो अन्येन कारयति, अन्यमपि कुर्वन्तं न समनुजानाति—इति स महतः आदानात् उपशान्तः उपस्थितः प्रतिविरतः ।

६४. वह भिक्षु—जो यह सांपरायिक [पारलौकिक] कर्म किया जाता है—उसे वह स्वय नही करता, दूसरो से नही करवाता, और करने वाले का अनुमोदन नही करता। इसलिए वह महान् आदान [कर्म-संग्रह] से उपशात, संयम मे उपस्थित और प्रतिविरत होता है।

६५. से भिक्खू जाणेज्जा—असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा अस्सिपडियाए एगं साहम्मियं समुद्दिस्स पाणाइं भूयाइं जीवाइं सत्ताइं समारब्भ समुद्दिस्स

स भिक्षुः जानीयात्—अशनं वा पानं वा खाद्यं वा स्वाद्यं वा एतत्परिज्ञया एकं साधर्मिकं समुद्दिश्य प्राणान् भूतानि जीवान् सत्त्वान् समारभ्य समुद्दिश्य क्रीतं प्रामित्य

६५ वह भिक्षु जाने—यह अशन, पान, खाद्य, और स्वाद्य देने की प्रतिज्ञा से [149] मेरे एक साधर्मिक के उद्देश्य से [150] प्राण, भूत, जीव और सत्त्वो का समारभ कर,

कीयं पामिच्चं अच्छेज्जं अणिसट्ठं अभिहडं आहट्टुद्देसियं, त चेतियं सिया, तं णो सयं भुंजइ, णो अण्णेणं भुंजावेइ, अण्णं पि भुंजंतं ण समणुजाणइ—इति से महतो आदाणाओ उवसंते उवट्ठिए पडिविरते ॥

आच्छेद्य अनिसृष्टं अभिहृत आहृत्यौद्देशिक, तत् दत्त स्यात्, तत् नो स्वय भुञ्जीत, नो अन्येन भोजयेत्, अन्यमपि भुञ्जान न समनुजानाति, इति स महत आदानात् उपशान्त उपस्थित. प्रतिविरत ।

उन्हे पीडित कर दिया गया है अथवा उसीके उद्देश्य से खरीदा गया,[151] उधार लिया गया, छीना गया, भागीदार द्वारा अननुमत, सामने लाया गया अथवा साधु के पास आकर उसके उद्देश्य से वनाया गया—ऐसा आहार यदि प्राप्त हो जाए[152] [तो पता चलने पर] वह उसे न खाए. न दूसरो को खिलाए और खाने वाले का अनुमोदन भी न करे। इसलिए वह महान् आदान [कर्म-सग्रह] से उपशात, सयम मे उपस्थित और प्रतिविरत होता है।

६६. से भिक्खू अह पुण एवं जाणेज्जा—तं विज्जइ तेसिं परक्कमे। जस्सट्ठाए चेतियं सिया, तं जहा—अप्पणो पुत्ताणं धूयाणं सुण्हाणं धातीणं णातीणं राईणं दासाणं दासीणं कम्मकराणं कम्मकरीणं आएसाणं पुढो पहेणाए सामासाए पातरासाए सण्णिहि-सण्णिचओ कज्जति, इह एएसिं माणवाणं भोयणाए।

स भिक्षु अथ पुन एवं जानीयात्—तद् विद्यते तेषा पराक्रम । यस्यार्थ कृतं स्यात्, तद् यथा—आत्मने पुत्रेभ्य. दुहितृभ्य स्नुषाभ्य धात्रीभ्य. ज्ञातिभ्य राजभ्य दासेभ्य दासीभ्य कर्मकरेभ्य. कर्मकरीभ्य आवेशेभ्य पृथक् 'पहेणाय' सायमाशाय प्रातराशाय सन्निधि-सन्निचय क्रियते, इह एकेषा मानवाना भोजनाय।

६६ और वह भिक्षु इस प्रकार जाने—आहार को निप्पन्न करना गृहस्थो का पराक्रम है।[153] जिसके लिए वह वनाया गया है, जैसे—अपने लिए, पुत्र, पुत्री, पुत्रवधू धाई, ज्ञाती, राजा, दास, दासी, कर्मकर, कर्मकरी और अतिथि के लिए तथा भेंट विशेष के लिए, शायकालीन भोजन या कलेवे के लिए और इन मनुष्यो के भोजन के लिए सन्निधि और सचय किया जाता है।[154]

तत्थ भिक्खू परकड-परणिट्ठितं उग्गमुप्पायणेसणासुद्धं सत्थातीतं सत्थपरिणामितं अविहिंसितं एसितं वेसितं सामुदाणियं पण्णमसणं कारणट्ठा पमाणजुत्तं अक्खोवंजण-वणलेवणभूयं, संजमजायामायावुत्तियं बिलमिव पण्णगभूतेणं अप्पाणेणं आहारं आहारेज्जा—अण्णं अण्णकाले पाणं पाणकाले वत्थं वत्थकाले लेणं लेणकाले सयणं सयणकाले ॥

तत्र भिक्षु परकृत-परनिष्ठित उद्गम-उत्पादनैषणाशुद्ध शस्त्रातीत शस्त्र-परिणामित अविहिंसितं एषितं वैषिक सामुदानिक प्राज्ञमशनं कारणार्थं प्रमाणयुक्त अक्षोपाञ्जन-व्रणलेपनभूत, सयमयात्रामात्रावृत्तिक बिलमिव पन्नगभूतेन आत्मना आहार आहरेत्—अन्न अन्नकाले, पान पानकाले, वस्त्र वस्त्रकाले, लयनं लयनकाले शयनं शयनकाले।

वहा भिक्षु दूसरे के लिए कृत, दूसरे के लिए निष्पादित, उद्गम, उत्पादन और एपणा से शुद्ध, शस्त्रातीत,[155] शस्त्र-परिणामित[156], निर्जीव[157], एपणा से प्राप्त, केवल साधु-वेप से लब्ध,[158] माधुकरी से प्राप्त[159], प्राज्ञ [गीतार्थ] द्वारा लाया गया आहार[160] करे। वह कारणपूर्वक[161] प्रमाण-युक्त[162] पहिए की धुरी के तेल आजने के समान, व्रण पर लेप भर जैसा, सयमयात्रामात्र की वृत्ति के लिए, विल मे घुसते साप के समान[163] भोजन करे—भोजन के समय भोजन, पान के समय पान, वस्त्रकाल मे वस्त्र, लयनकाल [आवास काल] मे लयन और शयनकाल म शयन [शय्या][164] ग्रहण करे।

६७. से भिक्खू मायण्णे अण्णयरिं दिसं वा अणुदिसं वा पडिवण्णे धम्मं आइक्खे विभए किट्टे, उवट्ठिएसु वा अणुवट्ठिएसु वा सुस्सूसमाणेसु पवेदए—संतिं विरतिं उवसमं णिव्वाणं सोयवियं

स भिक्षु मात्रज्ञ अन्यतरा दिश वा अनुदिश वा प्रतिपन्न. धर्म आचक्षीत विभजेत् कीर्त्तयेत्, उपस्थितेपु वा अनुपस्थितेपु वा शुश्रूपमाणेषु वा प्रवेदयेत्—शांति विरति उपशम निर्वाणं शौच

६७ वह[165] मात्रा को जानने वाला भिक्षु किसी दिशा या अनुदिशा मे पहुच कर धर्म का आख्यान करे, विभज्यवाद से उसे कहे, उसका निरूपण करे, धर्म सुनने के इच्छुक मनुष्यों के बीच, फिर वे [धर्माचरण के लिए] उपस्थित हो या अनुपस्थित हो, मुनि शाति, विरति, उपशम, निर्वाण, शौच [अलोभ], आर्जव

अज्जवियं मद्दवियं लाघवियं अणतिवातियं ॥

आर्जव मार्दव लाघव अनतिपातिकम्।

मार्दव, लाघव [उपकरण आदि की अल्पता] और अहिंसा का प्रतिपादन करे।

६८. सव्वेसिं पाणाणं सव्वेसिं भूयाणं सव्वेसिं जीवाणं सव्वेसिं सत्ताणं अणुवीइ किट्टए धम्मं ।

सर्वेभ्य प्राणेभ्य सर्वेभ्य भूतेभ्य सर्वेभ्य जीवेभ्य सर्वेभ्य सत्त्वेभ्य. अनुवीचि कीर्त्तयेद् धर्मम्।

६८ भिक्षु सब प्राण, भूत, जीव और सत्वों के सामने विवेकपूर्वक धर्म का निरूपण करे।

६९. से भिक्खू धम्मं किट्टमाणे—णो अण्णस्स हेउं धम्ममाइक्खेज्जा। णो पाणस्स हेउं धम्ममाइक्खेज्जा। णो वत्थस्स हेउं धम्ममाइक्खेज्जा। णो लेणस्स हेउं धम्ममाइक्खेज्जा। णो सयणस्स हेउं धम्ममाइक्खेज्जा। णो अण्णेसिं विरूवरूवाणं कामभोगाणं हेउं धम्ममाइक्खेज्जा। अगिलाए धम्ममाइक्खेज्जा। णण्णत्थ कम्मणिज्जरट्ठयाए धम्ममाइक्खेज्जा ॥

स भिक्षु. धर्मं कीर्त्तयन्—नो अन्नस्य हेतु धर्ममाचक्षीत। नो पानस्य हेतु धर्ममाचक्षीत। नो वस्त्रस्य हेतु धर्ममाचक्षीत। नो लयनस्य हेतु धर्ममाचक्षीत। नो शयनस्य हेतु धर्ममाचक्षीत। नो अन्येषा विरूपरूपाणा कामभोगाना हेतु धर्ममाचक्षीत। अग्लान्या धर्ममाचक्षीत। नान्यत्र कर्मनिर्जरार्थं धर्ममाचक्षीत।

६९ वह भिक्षु धर्म का निरूपण करता हुआ अन्न के लिए धर्म का आख्यान न करे। पान के लिए धर्म का आख्यान न करे। वस्त्र के लिए धर्म का आख्यान न करे। लयन [स्थान] के लिए धर्म का आख्यान न करे। शयन के लिए धर्म का आख्यान न करे। दूसरे विविध प्रकार के कामभोगों के लिए धर्म का आख्यान न करे। निर्मन भाव से धर्म का आख्यान करे। कर्म-निर्जरा के अतिरिक्त अन्य किसी उद्देश्य से धर्म का आख्यान न करे।

७०. इह खलु तस्स भिक्खुस्स अंतिए धम्मं सोच्चा णिसम्म सम्मं उट्ठाणेणं उट्ठाय वीरा अस्सिं धम्मे समुट्ठिया। जे तस्स भिक्खुस्स अंतिए धम्मं सोच्चा णिसम्म सम्मं उट्ठाणेणं उट्ठाय वीरा अस्सिं धम्मे समुट्ठिया, ते एवं सव्वोवगता, ते एवं सव्वोवरता, ते एवं सव्वोवसता, ते एवं सव्वत्ताए परिणिव्वुड त्ति वेमि ॥

इह खलु तस्य भिक्षोरन्तिके धर्मं श्रुत्वा निशम्य सम्यग् उत्थानेन उत्थाय वीरा अस्मिन् धर्मे समुत्थिता। ये तस्य भिक्षोरन्तिके धर्मं श्रुत्वा निशम्य सम्यग् उत्थानेन उत्थाय वीरा. अस्मिन् धर्मे समुत्थिता, ते एव सर्वोपगता., ते एव सर्वोपरता, ते एव सर्वोपशान्ता, ते एव सर्वात्मना परिनिर्वृता इति ब्रवीमि।

७०. उस भिक्षु के पास धर्म सुनकर, मननकर सम्यग् उत्थान से उत्थित हो वीर पुरुष उस धर्म मे उत्थित हुए है। जो वीर पुरुष उस भिक्षु के पास धर्म सुनकर, जानकर, सम्यग् उत्थान से उत्थित हो इस धर्म मे उत्थित हुए हैं, वे इस प्रकार सर्वात्मना उपगत [मोक्ष मार्ग को प्राप्त], सर्वात्मना उपरत, सर्वात्मना उपशात और सर्वात्मना परिनिर्वाण को प्राप्त हैं—ऐसा मैं कहता हू।

७१. एवं से भिक्खू धम्मट्ठी धम्मविऊ णियागपडिवण्णे, से जहेयं वुइयं, अदुवा पत्ते पउमवरपोंडरीयं, अदुवा अपत्ते पउमवरपोंडरीयं।

एवं स भिक्षु. धर्मार्थी धर्मविद् नियागप्रतिपन्न, तद् यथेदमुक्तम्, अथवा प्राप्त पद्मवरपुण्डरीक अथवा अप्राप्त पद्मवरपुण्डरीकम्।

७१ इस प्रकार वह भिक्षु धर्मार्थी, धर्मविद् और सयम[111] को प्राप्त होता है, जैसा कि यहा कहा गया है। [प्रस्तुत अध्ययन मे] जो पद्मवर-पुडरीक को प्राप्त है अथवा जो पद्मवर-पुडरीक को प्राप्त नही है [दोनो निरूपित है।]

टिप्पण : अध्ययन १

सूत्र १ :

१. प्रस्तुत सूत्र में (इह)

चूर्णिकार और वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं—निर्ग्रन्थ प्रवचन मे अथवा प्रस्तुत श्रुतस्कध मे।[1] वास्तव में यह वाक्य-विन्यास की पद्धति के कारण प्रयुक्त शब्द है।

२. बहुत जलवाली (बहुउदगा)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ तीर तक भरी हुई नदी किया है।[2]

वृत्तिकार ने इसका अर्थ प्रचुर और ऊडे जलवाली नदी किया है।[3]

३. बहुत पंकवाली (बहुसेया)

'सेय' देशी शब्द है और यह कीचड के अर्थ मे प्रयुक्त है। इसका अर्थ है—बहुत कीचडवाली।[4]

वृत्तिकार ने इसका दूसरा संस्कृत रूप 'बहुश्वेता' देकर उसका अर्थ बहुत श्वेत कमलो से युक्त अथवा स्वच्छ पानीवाली किया है।[5]

४. बहुत कमलो वाली (बहुपुक्खला)

इसका अर्थ है—बहुत कमलो वाली। वृत्तिकार ने इसका अर्थ प्रचुर पानी से भरी हुई किया है।[6] यह अर्थ संगत नही लगता। क्योंकि इससे पूर्व 'बहुउदगा' शब्द आ चुका है।

५. यथार्थ नाम वाली (लद्धट्ठा)

यथार्थ नामवाली अर्थात् जैसा उसका नाम है वैसे ही गुणो से युक्त है।

चूर्णिकार के अनुसार वह स्वच्छ जलवाली और श्वेत कमलो से सुशोभित होने के कारण लब्धार्थ है।[7]

वृत्तिकार ने इसके संस्कृत रूप दो किए हैं[8]—

१ लब्धार्था—शब्द के अनुरूप अर्थवाली अर्थात् यथार्थ।

२ लब्धास्था—लब्ध प्रतिष्ठा, प्रसिद्ध।

६. मन को प्रसन्न करने वाली (पासादिया)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ—मन मे प्रसन्नता पैदा करनेवाली किया है।[9]

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३११ इह खु अस्मिन् प्रवचनेसु वा, सूअगडस्स वावित्ते।
(ख) वृत्ति, पत्र ७ इह प्रवचने, सूत्रकृद् द्वितीयश्रुतस्कन्धे वा।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३११ बहुदगा आतीरभरिता।

३. वृत्ति, पत्र ७ 'बहु' प्रचुरमगाधमुदकं यस्यां सा बहूदका।

४. (क) चूर्णि. पृष्ठ ३११ सीदंति तस्मिन्निति स्वेव पङ्क इत्यर्थ।
(ख) वृत्ति, पत्र ७ बहु —प्रचुर सीदन्ते—अवबध्यन्ते यस्मिन्नसौ सेय —कर्दम. स यस्या सा बहुसेया—प्रचुरकर्दमा।

५ वृत्ति, पत्र ७ ' बहुश्वेतपद्मसद्भावात् स्वच्छोदकसंभवाच्च बहुश्वेता वा।

६. वृत्ति पत्र ७ 'बहुपुष्कला' बहुसंपूर्णा—प्रचुरोदकभृतेत्यर्थ।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३११, ३१२ पुष्करिण्यर्थ उपलब्धो यया सा लद्धत्था, कश्चार्थ ? प्रसन्नोदका, पुष्करादिजलजोवसोभिता।

८ वृत्ति, पत्र ७ लब्ध —प्राप्त पुष्करिणीशब्दान्वर्थतयाऽर्थो यया सा लब्धार्था, अथवाऽऽस्थानमास्थाप्रतिष्ठा सा लब्धा यया सा लब्धास्था।

९. चूर्णि, पृष्ठ ३१२ . चक्षुष्मता मनस प्रसादं जनयतीति प्रासादिका।

वृत्तिकार ने इसका मुख्य अर्थ—प्रसादिका—स्वच्छ जलवाली किया है।

उन्होने इसका वैकल्पिक अर्थ सर्वथा भिन्न प्रकार से किया है। जिस पुष्करिणी के चारो ओर मदिर आदि प्रासाद हो वह प्रासादिका कहलाती है। प्रासाद का अर्थ है—मदिर।[1]

वृत्तिकार का यह वैकल्पिक अर्थ घटित नही होता। प्रासादिक पद्मवर पुडरीक का भी विशेषण है। वहा मदिर की सभावना कैसे की जा सकती है?

७. दर्शनीय (दरिसणीया)

निर्माण और सौदर्य की दृष्टि से दर्शनीय।[2]

८. कमनीय और रमणीय (अभिरूवा पडिरूवा)

चूर्णि मे अभिरूप का अर्थ है—अभिमत रूपवाली।[3]

इस शब्द की व्याख्या मे वृत्तिकार कहते है कि जो राजहस, चक्रवाक. सारस आदि पक्षी, हाथी, भैस, मृग आदि पशुओ के समूह तथा जलविहारी हथिनियो और मत्स्यो से युक्त हो, वह पुष्करिणी अभिरूप होती है।[4]

चूर्णिकार ने प्रतिरूप का अर्थ प्रतीत रूपवाली किया है।[5]

वृत्तिकार ने प्रतिरूप का अर्थ प्रतिविम्व किया है। जल की निर्मलता के कारण जिसमे सारे प्रतिविम्व स्पप्ट दृष्टिगोचर होते है, वह प्रतिरूप कहलाती है।

अथवा उसके अतिशय सौदर्य के कारण दूसरे सारे लोग उसका अनुकरण करते है—वैसी ही पुष्करिणी वनाते है, इसलिए उसे प्रतिरूप कहा जाता है।[6]

वृत्तिकार का कथन है कि पासादिया आदि चारो शब्द एकार्थक है, पर्यायवाची हैं। किन्तु उस पुष्करिणी की अतिशय रमणीयता दिखाने के लिए चारो का प्रयोग किया गया है।[7]

सूत्र २:

९: प्रत्येक भाग (जल और पंक) में (तत्थ-तत्थ देसे-देसे तहिं-तहिं)

हमने इनका सक्षिप्त अर्थ—प्रत्येक जल और पक भाग मे—किया है। तीनो शब्द-समूहो का यह समुच्चयार्थ है।

चूर्णिकार के अनुसार[8]—

- ० तत्थ-तत्थ—जहा जहा जल और पक है।
- ० देसे-देसे—जल और पक के प्रत्येक भाग मे।
- ० तहि-तहिं—जहा एक है वहा दूसरे भी है।

वृत्तिकार के अनुसार[9]—

---

१. वृत्ति, पत्र ७ प्रसाद—प्रसन्नता निर्मलजलता सा विद्यते यस्या सा प्रसादिका, प्रासादा वा—देवकुलसन्निवेशास्ते विद्यन्ते यस्या समन्तत सा प्रासादिका।

२. वृत्ति, पत्र ७ दर्शनीया शोभना सत्सनिवेशतो वा द्रष्टव्या दर्शनयोग्या।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३१२।

४. वृत्ति, पत्र ७ तथाऽऽभिमुख्येन सदाऽवस्थितानि रूपाणि—राजहंसचक्रवाकसारसादीनि गजमहिषमृगयूथादीनि वा जलान्तर्गतानि करिमकरादीनि वा।

५ चूर्णि, पृष्ठ ३१२ प्रतीतरूपा प्रतिरूपा।

६. वृत्ति, पत्र ७ प्रतिरूपाणि—प्रतिबिम्बानि विद्यन्ते यस्या सा प्रतिरूपा, एतदुक्तं भवति—स्वच्छत्वात्तस्या· सर्वत्र प्रतिबिम्बानि समुपलभ्यन्ते, तदतिशयरूपतया वा लोकेन तत्प्रतिबिम्बानि क्रियन्ते (इति) सा प्रतिरूपेति।

७. वृत्ति, पत्र ७ यदि वा 'पासादीया दरिसणीया अभिरूवा पडिरूव' त्ति पर्याया इत्येते चत्वारोऽप्यतिशयरमणीयत्वख्यापनार्थमुपात्ता।

८. चूर्णि, पृष्ठ ३१२ तत्थ तत्थत्ति जाव जलं पको अ देशे देशे तद्देश तहिं तहिं जत्थ एग तत्थ अण्णाणिवि।

९. वृत्ति, पत्र ७ तत्र तत्रेत्यनेन वीप्सापदेन पौण्डरीकैर्व्याप्तत्वमाह—देशे देशे—इत्यनेन त्वेकैकप्रदेशे प्राचुर्यमाह, 'तस्मिंस्तस्मिन्निन्त्यनेन तु नास्त्येवासौ पुष्करिण्या प्रदेशो यत्र तानि न सन्तीति।

○ तत्र-तत्र—संपूर्ण पुष्करिणी मे श्वेतकमलों की व्यापकता के सूचक।
○ देशे-देशे—पुष्करिणी के प्रत्येक भाग मे श्वेत कमलों की प्रचुरता।
○ तस्मिन्-तस्मिन्—पुष्करिणी का ऐसा एक भी प्रदेश नही है, जहा ये न हों।

वृत्तिकार ने इन पदो का वैकल्पिक अर्थ यह किया है—ये तीनो शब्द-समूह एकार्थक है। अति-आदर दिखाने के लिए तीनो का एक साथ प्रयोग किया गया है।[1]

१०. क्रम से अवस्थित (अणुपुव्वट्ठिया)

चूर्णिकार के अनुसार इसका अर्थ है—पंक से निकलकर, जल का अतिक्रम कर अवस्थित।[2]

वृत्तिकार ने इसका अर्थ इस प्रकार किया है—क्रम से अवस्थित, विशिष्ट रचना मे स्थित।[3]

११. पंक और जल से ऊपर उठे हुए (ऊसिया)

चूर्णिकार ने उच्छ्रित का अर्थ जल से ऊपर उठा हुआ किया है।[4]

वृत्तिकार के अनुसार पंक और जल से ऊपर उठे हुए को उच्छ्रित कहा गया है।[5]

१२. चक्षुहारी (रुइला)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ चक्षुहारी, आखों को प्रिय लगने वाला किया है।[6]

वृत्तिकार के अनुसार रुचि का अर्थ है—दीप्ति। जो दीप्तिमान् होता है, वह रुचिर होता है।[7]

१३. विशिष्ट वर्ण……वाले (वण्णमंता……)

वे कमल श्वेतवर्ण वाले, सुगंधित रस वाले तथा कोमल स्पर्शवाले हैं। वर्णमन्त आदि विशेषण इसके सूचक हैं कि वे पद्म सवयस्क हैं, पुराने नही।[8]

सूत्र ४ :

१४. सारी (सव्वावंति)

चूर्णिकार ने इस पद को 'सर्वाणि' मानकर इसका अर्थ दो संदर्भों मे नियोजित किया है[9]—

१. सभी पद्मवर पुंडरीक मृणाल, नाल, पत्र, केसर, कर्णिका और किंजल्क से युक्त है।

२ सभी पद्मवर पुंडरीक।

वृत्तिकार ने इसे षष्ठी विभक्ति का एक वचन मानकर इसे पुष्करणी का विशेषण बतलाया है।[10]

सूत्र ६ :

१५. देश, काल……जानने वाला (देसकालण्णे……परक्कमण्णू)

प्रस्तुत सूत्र मे पुरुष के बारह विशेषण बतलाए गए है। क्रमश उनकी व्याख्या इस प्रकार है—

---

१. वृत्ति, पत्र ७ यदि वा—अत्यादरख्यापनायैकार्थान्येवैतानि त्रीण्यपि पदानि।
२. चूर्णि, पृष्ठ ३१२ पंकादुत्तीर्य जलमतिक्रम्य स्थिता।
३. वृत्ति, पत्र ७ . 'आनुपूर्व्येण' विशिष्टरचनया स्थितानि।
४. चूर्णि, पृष्ठ ३१२ : उस्सिता जलतला दूरमतिक्रम्य उस्सिता।
५. वृत्ति, पत्र ७ : तयोच्छ्रितानि पङ्कजले अतिलङ्घ्योपरि व्यवस्थितानि।
६. चूर्णि, पृष्ठ ३१२ : रोयन् चक्षुषः।
७. वृत्ति, पत्र ७ : रुचि दीप्तिस्तां लान्ति—आददति रुचिलानि—सद्दीप्तिमन्ति।
८ चूर्णि, पृष्ठ ३१२ : वर्ण एषा श्वेतोऽस्तीति वर्णवंत , गन्धाः सुरभिः, जत्थ गंधो तस्स रसोवि, फासं, स्वेदः कोमल., वण्णमंतादिग्रहणात् नातिक्रान्तवयाः, अजढरा इत्यर्थः।
९. चूर्णि, पृष्ठ ३१२ : सव्वावंतित्ति सर्वाण्येव मृणालनालपत्रकेसरकर्णिकाकिंजल्कैरुपेतानि' " ···अहवा सव्वावंति सव्वाणि चेव पउमवरपोण्डरीयाणि।
१०. वृत्ति, पत्र ७ : 'सव्वावति' सर्वस्या अपि तस्याः पुष्करिण्याः।

१ देशज्ञ—स्थान के औचित्य को जानने वाला।

२. कालज्ञ—समय और अवसर को जानने वाला।

३ क्षेत्रज्ञ—अपनी शक्ति को समझने वाला।

४ कुशल—चूर्णिकार ने इसका अर्थ दक्ष किया है।[1]

वृत्तिकार के अनुसार जो व्यक्ति अपने हितकारी कार्य मे प्रवृत्त और अहितकारी कार्य मे निवृत्त होने मे निपुण होता है, वह कुशल कहलाता है।[2]

५ पडिए—चूर्णिकार के अनुसार यहा पडित का सदर्भ यह है कि वह पुरुष जल मे तैरने, उन्मज्जन करने, तथा कमल को उखाडने की विधि को जानता है।[3] इसका भावार्थ है कि वह तैरने, कमल को लाने और फिर जल से ऊपर आने के उपाय को जानता है।

वृत्तिकार ने पडित का अर्थ—धर्मज्ञ किया है।[4]

६ व्यक्त—व्यक्त का अर्थ है सोलह वर्ष के ऊपर का पुरुष।[5] जो बालभाव को पार कर चुका है, जिसकी बुद्धि परिपक्व हो चुकी है वह व्यक्त कहलाता है।[6]

७ मेधावी—बुद्धि के आठ गुण है। शीघ्र ग्रहण और धारण—इन दो बुद्धि-गुणो से सपन्न व्यक्ति मेधावी कहलाता है।[7]

वृत्तिकार के अनुसार इसका अर्थ है—प्लवन और उत्प्लवन के उपायो को जाननेवाला।[8]

८. अबाल—चूर्णिकार ने अबाल का अर्थ—अवृद्ध अथवा व्यक्त बुद्धिवाला किया है।[9]

अबाल का अर्थ है—युवा, जो बाल्यावस्था को पार कर चुका है, मध्यमवयवाला व्यक्ति, सोलह वर्ष की अवस्था से ऊपर का व्यक्ति।[10]

९-१० मार्गज्ञ-मार्गविद्—पुष्करिणी मे उतरने के मार्ग को जानने वाला।[11]

११ मार्ग के गमन और आगमन को जाननेवाला—ऐसा व्यक्ति जो यह जानता है कि पुष्करिणी मे किस मार्ग से उतरा जाता है और किस मार्ग से पुन आया जाता है अथवा जो यह जानता है कि किस समय मे उतरा जाए और किस समय मे पुन आया जाए।[12]

१२ पराक्रमज्ञ—पार पहुचाने वाली गति (सामर्थ्य ?) को जानने वाला।

चूर्णिकार ने तैरना जानने वाले को पराक्रमज्ञ माना है।[13]

वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए है—[14]

१. अपने विवक्षित स्थान पर पहुंचने की विधि को जाननेवाला।

२ अपने सामर्थ्य को जाननेवाला, जैसे—मैं इस पुष्करिणी का अवगाहन कर सकता हूं या नही ? मेरे मे इतना सामर्थ्य है या नही ?

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३१२ : कुशलो दक्षः

२ वृत्ति, पत्र ८ : 'कुशलो' हिताहितप्रवृत्तिनिवृत्तिनिपुण।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३१२ · प्लवने उत्पतने च उत्पाटने च पण्डितः।

४. वृत्ति, पत्र ८. पापाड्डीन पण्डितो धर्मज्ञ।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३१२ : व्यक्त अषोडशक।

६ वृत्ति, पत्र ८ 'व्यक्तो' बालभावान्निष्क्रान्त परिणतबुद्धि।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३१२ मेधावित्ति आशुग्रहणधारणसंपन्न।

८ वृत्ति, पत्र ८ 'मेधावी' प्लवनोत्प्लवनयोरुपायज्ञ।

९ चूर्णि, पृष्ठ ३१२ अबालोऽवुड्ढो, व्यक्तबुद्धिर्वा।

१०. वृत्ति, पत्र ८ 'अबालो' मध्यमवया षोडशवर्षोपरिवर्ती।

११. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३१२ मग्गण्णुत्ति मग्गविदू जेण उत्तरिज्जइ।

(ख) वृत्ति, पत्र ८ 'मार्गस्थ' सद्भिराचीर्णमार्गव्यवस्थित तथा सन्मार्गज्ञ।

१२ चूर्णि. पृष्ठ ३१२ मग्गस्स गतिआगति जो जेण वा कालेण गम्मइ उत्तरणं च।

१३. चूर्णि, पृष्ठ ३१२ परक्कम्मण्णू तरित्तु जाणइ।

१४. वृत्ति, पत्र ८ पराक्रमणं—विवक्षितदेशगमनं तज्जानातीति पराक्रमज्ञ, यदि वा पराक्रमः—सामर्थ्यं तज्ज्ञोऽहमात्मज्ञ इत्यर्थ।

१६. गहरा (महते)

यहा महद् का प्रयोग अगाध[1] और गहरे[2] के अर्थ मे किया है।

१७. न इधर का न उधर का (णो हव्वाए णो पाराए)

वह व्यक्ति श्वेत कमल को उखाड़ने के लिए पुष्करिणी मे उतरा था। तट से आगे चला। तट पीछे छूट गया। वह अपने गन्तव्य नक भी नही पहुंच पाया। वह बीच मे ही कीचड़ मे फस गया। अब वह न तट पर ही आने मे समर्थ है और न आगे जाने मे ही समर्थ है। वह न इधर का रहा और न उधर का रहा।[3]

सूत्र १० :

१८. राग-द्वेष रहित (लहे)

इसका सस्कृत रूप है—रूक्ष। यह मुनि का विशेषण है। वह मुनि रूक्ष कहलाता है जो राग-द्वेष से रहित है। राग-द्वेष कर्मबन्ध के मूल हेतु है। वे स्निग्ध है, अत कर्म-परमाणु उनसे चिपकते हैं। स्निग्धता के विना रजें नही चिपकती। इसी प्रकार जो राग-द्वेष से रहित है, उसके कर्मरेणु नही चिपकते, कुछ रेणु चिपकते है तो वे झटकने से झड जाते है। वीतराग निष्कपाय होते हैं। कपाय से होने वाला (सापरायिक) कर्मबन्ध उनके नही होता। ऐर्यापथिक कर्मबन्ध होता है। वह बन्ध क्षणिक होता है। पहले समय मे बन्धता है, दूसरे मे उसका वेदन होता है और तीसरे मे वह निर्जीर्ण हो जाता है। वह त्रिसामयिक होता है।[4]

योग (चचलता) की अवस्था तक यह बन्ध होता रहता है। अयोग अवस्था मे वह बन्ध नही होता।

१९. क्षेत्र को जानने वाला (खेत्तण्णे)

चूर्णिकार ने व्रत, समिति और कपायो को जानने वाले को क्षेत्रज्ञ माना है।[5]

वृत्तिकार ने इसके सस्कृत रूप 'क्षेत्रज्ञ' और 'खेदज्ञ' दोनो किये हैं।[6]

२०. विदिशा से (अणुदिसाओ)

आग्नेय आदि चार विदिशाओ को अनुदिशा कहा जाता है।[7]

सूत्र ११ :

२१. उदाहरण (णाए)

यहा ज्ञात शब्द दृष्टान्त के अर्थ मे प्रयुक्त है।

ज्ञात का अर्थ है—दृष्टान्त, उदाहरण।[8]

२२. अनेक दृष्टियों से निरूपण करता हूं (विभयामि)

इसका अर्थ है—अनेक दृष्टियो से निरूपित करना। वृत्तिकार ने 'विभावयामि' मानकर इसका अर्थ स्पष्ट रूप से प्रतिपादित

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३१२, ३१३ महंते उदए आगाहे।

२. वृत्ति, पत्र ८ महदगाधमुदकम्।

३. वृत्ति, पत्र ८।

४ (क) चूर्णि, पृष्ठ ३१३ लूहे रागद्वेषरहित' तौ हि स्नेहभूतौ ताभ्यां कर्मावत्ते, जहा णेहतुप्पितगत्तस्य, रुक्खयरेण ण लगइ लग्गा वा पपफोडिता पडइ, एवं वीतरागस्सवि कम्मा ण वज्झन्ति, संपराइयं, इतरं वधइ जाव सजोगी, अजोगिस्स तंपि ण वज्झइ।

(ख) वृत्ति, पत्र ९।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३१३ : खेत्तण्णे व्रतसमिति कपायाणा।

६. वृत्ति, पत्र ८ : तथा क्षेत्रज्ञः खेदज्ञो वा।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३१३ : अणुदिसा अग्गेयादी।

८. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३१३ : णाय-दिट्ठंतो।

(ख) वृत्ति, पत्र ९. ज्ञाते—उदाहरणे।

करना किया है ।[1]

२३. हेतु……सहित (सहेउं)

सूत्रकार का तात्पर्य यह है कि मैं जो बात बताऊंगा वह सहेतुक होगी । मैं अन्वय-व्यतिरेकपूर्वक उस तथ्य का प्रतिपादन करूगा जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि जैसे वे व्यक्ति पक मे फसकर अपने लक्ष्य को प्राप्त नही कर पाए वैसे ही अन्यतीर्थिक भी ससार-सागर का पार पाने मे असमर्थ होगे । वे वही डूब जाएगे । इस अर्थ को हेतुओ सहित बताना सहेतुक प्रतिपादन होगा ।[2]

चूर्णिकार ने इसको सहेतु, स्वहेतु और सद्हेतु मानकर व्याख्या की है । सद् का अर्थ है—प्रशसा और अस्तित्व ।[3]

२४. निमित्त सहित (सणिमित्तं)

चूर्णिकार ने निमित्त, हेतु, उपदेश, प्रमाण और कारण को एकार्थक माना है ।[4]

सूत्र १२ :

२५. एक अपेक्षा से (अप्पाहट्टु)

स+दिश् धातु को प्राकृत धात्वादेश के अनुसार 'अप्पाह' आदेश होता है ।[5] इस दृष्टि से हमने इसका सस्कृत रूप 'सदिश्य' किया है ।

चूर्णिकार ने 'आहृत्य' रूप दिया है ।[6]

वृत्तिकार ने आहट्टु के दो सस्कृत रूप दिए है[7]—आहृत्य, अपाहृत्य ।

२६. लोक को (लोयं)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ लोकात्मा[8] और वृत्तिकार ने मनुष्य-क्षेत्र[9] किया है ।

२७. कामभोग को (कामभोगे)

कर्म के उदय से काम-सग होता है और काम-सग से फिर कर्म-बध होता है और उससे जन्म । यह चक्र निरन्तर चलता रहता है ।[10]

इस रूपक मे उदक है कर्म और पक है कामभोग ।[11]

२८. जन और जानपदों को (जणजाणवए)

चूर्णिकार ने 'जानपद' का अर्थ—पुरवासी किया है ।[12] उन्होने सूत्र ४६ मे प्रयुक्त 'जन जानपद' का अर्थ भिन्न किया है[13]—

---

१ वृत्ति, पत्र ९, १० · 'विभावयामि'—आविर्भावयामि—प्रकटार्थं करोमि ।

२. वृत्ति, पत्र १० : कथं प्रतिपादयामीति दर्शयति—सहार्थेन—दार्ष्टान्तिकार्थेन वर्तत इति सार्थः पुष्करिणीदृष्टान्तस्तं, तथा सह हेतुना-अन्वयव्यतिरेकरूपेण वर्तत इति सहेतुस्तं तथाभूतमर्थं प्रतिपादयिष्यामि यथा ते पुरुषा अप्राप्तप्रार्थितार्थाः पुष्करिणीकर्दमे दुरुत्तारे निमग्ना एवं वक्ष्यमाणास्तीर्थिका अपारगा संसारसागरस्य तत्रैव निमज्जन्तीत्येवंरूपोऽर्थ सोपपत्तिक प्रदर्शयिष्यते ।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३१४ · अथवा स्वो हेतु स्वहेतु, एवं कारणंपि, सत् प्रशंसास्तिभावयो·, शोभनोऽर्थ सदर्थ, सद्धेतु सत्कारणा वा ।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३१४ : निमित्तं हेतुरूपदेश प्रमाणं कारणमित्यनर्थान्तरं ।

५. आचार्य हेमचंद्र, सिद्धहेमशब्दानुशासन, ८/४/१८० : संदिशेरप्पाह-संदिशतेरप्पाह इत्यादेशो वा भवति । अप्पाहइ । संदिसइ ।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३१४ . '…'आहृत्य…'' ।

७. वृत्ति, पत्र १० : आहृत्य अपाहृत्य वा ।

८. चूर्णि, पृष्ठ ३१४ : यथाप्ययमात्मा एवं लोकात्मा ।

९. वृत्ति, पत्र १० · लोकमिति मनुष्यक्षेत्रम् ।

१०. चूर्णि, पृष्ठ ३१४ : कर्मोदयाद्धि कामसंगो भवति, कामसंगा वा पुन कर्म ततो जन्म ।

११. चूर्णि, पृष्ठ ३१४ कर्म उदगं, कामभोगा सेओ ।

१२. चूर्णि, पृष्ठ ३१४ पौरजणवया ।

१३ चूर्णि, पृष्ठ ३२५ जणजाणवताइं, जण सर्व एव प्रजा, जनपदस्यैतानि जानपदानि, ग्रामनगरखेटकर्वटादीनि, अथवा जनः प्रजास्तत्प्रतिगृहितानि द्विपदचतुष्पदादीनि जानपदानि ।

१. जन-सारी प्रजा ।

२ जानपद—जनपद मे होने वाले अर्थात् ग्राम, नगर, खेट, कर्वट आदि । अथवा प्रजा द्वारा प्रतिगृहीत द्विपद, चतुष्पद आदि ।

वृत्तिकार के अनुसार 'जन' का अर्थ है—सामान्य लोग और 'जानपद' का अर्थ है—साढे पचीस आर्य देशो मे उत्पन्न लोग ।[1] आर्य अनेक प्रकार के होते है—जातिआर्य, भाषाआर्य, क्षेत्रआर्य आदि । यहा क्षेत्रआर्य की दृष्टि मे कथन किया गया है ।

सूत्र १३ :

२९. अनार्य (अणारिया)

प्रस्तुत सूत्र मे विशेषणो के माध्यम से आर्य और अनार्य के बीच एक भेदरेखा खीची है और उनके शारीरिक और मानसिक विकास का तारतम्य बतलाया है । यह तारतम्य अनुपात के आधार पर है । आनुपातिक दृष्टि से आर्य उच्चगोत्री, लबे, गौरवर्ण वाले तथा सुन्दर आकृति वाले होते है । अनार्य नीचगोत्री, नाटे, कृष्णवर्ण वाले तथा असुन्दर आकृतिवाले होते हैं ।

अनार्यो की गणना और उनके कार्य-स्वभाव का निरूपण करते हुए वृत्तिकार ने चार गाथाए उद्धृत की हैं—शक, यवन, शवर, बब्बर, काय, मुरुड, उड्डग, ओड, पक्कण, अरब, हूण, रोमदेशवासी, पारसी, खस, खासी, डोंबिलक, लकुश, बोक्कस, भील, आन्ध्र, पुलिन्द, कोकणक, मरुक, क्रौंच, चीन, चञ्चुक, मालव, दमिल, कुलक्ष, केकय, किरात, हयमुख, खरमुख, अश्वमुख, मेषमुख, हयकर्ण, गजकर्ण—इस प्रकार के अन्य भी बहुत अनार्य होते है ।

वे पापी और घोरदड देनेवाले होते है । वे क्रूर और दयाहीन होते हैं । वे स्वप्न मे भी धर्म की बात नही करते ।[2]

३०. उच्चगोत्र वाले नीचगोत्र वाले (उच्चागोया णीयागोया)

आठ मदस्थान हैं[3]—

१ जातिमद, २ कुलमद, ३ बलमद, ४ रूपमद, ५ तपोमद, ६ श्रुतमद, ७ लाभमद, ८ ऐश्वर्यमद ।

चूर्णिकार के अनुसार वे पुरुष उच्चगोत्र वाले होते हैं जिन्हे ये मदस्थान प्राप्त होते हैं । जिन्हे ये मदस्थान प्राप्त नही होते वे नीचगोत्र कहलाते हे ।[4]

वृत्तिकार ने इक्ष्वाकु आदि कुलोत्पन्न पुरुषो की गणना उच्चगोत्र मे की है । जो गोत्र सारी जनता मे अवहेलनीय होता है, वह नीचगोत्र कहलाता है ।[5]

३१. लंबे होते हैं (कायमंता)

इसका अर्थ है—महाकाय, शरीर मे लबे-चौडे ।[6]

---

१. वृत्ति, पत्र १० 'जनं' सामान्येन लोकं, तथा जनपदे भवा जानपदा विशिष्टार्यदेशोत्पन्ना गृह्यन्ते, ते चार्द्धषड्विंशतिजनपदोद्भवा इति ।

२. वृत्ति, पत्र १३ सग जवणसवरबब्बर कायमुरुंडोड्डुगोड्डपक्कणिया ।
अरवग हूण रोमय पारसखसखासिया चेव ॥१॥
डोंबिलयलउसबोक्कस भिल्लंधपुलिंदकोंचभमरुया ।
कोंचा य चीणचंचुयमालव दमिला कुलग्घा य ॥२॥
केकयकिरायहयमुहखरमुह तह तुरगमेंढयमुहा य ।
हयकण्णा गयकण्णा अण्णे य अणारिया बहवे ॥३॥
पावा य चंडदंडा अणारिया णिग्घिणा णिरणुकंपा ।
धम्मोत्ति अक्खराइं जेण ण णज्जंति सुमिणेवि ॥४॥

३. ठाणं, ८/२१ ।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३१४ जच्चातिएहिं मतट्ठाणेहिं जुत्ता उच्चागोता । तेहिं विणा णीआगोआ ।

५ वृत्ति, पत्र १३ उच्चैर्गोत्रम्—इक्ष्वाकुवशादिक येषां ते । 'नीचैर्गोत्र' सर्वजनावगीतं येषां ते ।

६. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३१४ प्राशव. कायवन्त ।
(ख) वृत्ति, पत्र १३ . कायो—महाकाय. प्रांशुत्वं तद्विद्यते येषां ते कायवन्त. ।

३२. नाटे (हस्समंता)

इसका अर्थ है—छोटे शरीर वाले। चूर्णिकार ने इसका अर्थ वामन और कुब्ज किया है।[1]

वृत्तिकार ने इन दो अर्थों के साथ 'वडभ' अर्थ और किया है।[2]

३३. गोरे होते हैं (सुवण्णा)

सुवर्ण का अर्थ है—अच्छे वर्ण वाले, गोरे। तपाए हुए सोने की तरह सुन्दर देह वाले।[3]

आर्य जाति के लोगो का स्वाभाविक रग पीला (कनककान्ति कमनीय) होता था। उनके केश भी वैसे ही होते थे।[4]

चूर्णिकार ने गौरवर्ण और श्यामवर्ण (नीलवर्ण) को सुवर्ण के अन्तर्गत माना है। उनका कथन है कि स्निग्ध छायावाला तथा तेजस्वी श्यामवर्ण (नीलवर्ण) भी सुवर्ण है और परुष स्पर्शवाला गौरवर्ण भी दुवर्ण है। कवि ने कहा है—

चक्षु स्नेहेन सौभाग्यं, दन्तस्नेहेन भोजनम्।
त्वक्स्नेहे परमं सौख्यं, नखस्नेहेऽशनादिकम्॥[5]

३४. काले (दुवण्णा)

काले वर्ण वाले तथा रूक्ष चमडी वाले दुर्वर्ण होते हैं।[6]

पिंगल (पीत मिश्रित लाल) वर्ण वाले भी दुर्वर्ण होते है।[7]

३५. सुडोल (सुरूवा)

सुरूप का अर्थ है—सुडोल। जो पाचो इन्द्रियो से परिपूर्ण, न ज्यादा मोटे और न ज्यादा क्षीण होते हैं, वे सुरूप कहलाते है। जो आखो को प्रिय लगते हैं, वे सुरूप कहलाते है।[8]

जिनके सारे अवयव प्रमाणोपेत होते है वे सुरूप कहलाते हैं।[9]

३६. कुडोल (दुरूवा)

जिनके शरीर के अवयव प्रमाणोपेत नही होते, जो अति स्थूल या अति क्षीण होते है और इन्द्रियो से विकल होते है, वे दुरूप कहलाते हैं अथवा जो देखने मे आखो को प्रिय नही लगते वे दुरूप कहलाते हैं।[10]

जिनका शरीर बीभत्स होता है, डरावना होता है, वे दुरूप हैं।[11]

३७. महान् हिमालय..........महेन्द्र (महाहिमवंत..........मंहिद)

चूर्णिकार ने लिखा है कि हिमालय और मलय तो प्रत्यक्ष है, मदर और महेन्द्र परोक्ष हैं, सुदूरवर्ती हैं।[12] मलय दक्षिण भारत की

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३१४ : वामनकुब्जह्रस्ववंतो।
२. वृत्ति, पत्र १३ : 'ह्रस्ववन्तो' वामनककुब्जवडभादय।
३. वृत्ति, पत्र १३ : शोभनवर्णाः सुवर्णाः—प्रतप्तचामीकरचारुदेहाः।
४. भारत के प्राणाचार्य, पृष्ठ ३८६।
५ चूर्णि, पृष्ठ ३१४ सुवर्णा वेगे अवदाताः श्यामा वा वण्णमंता..........
अथवा काला अपि स्निग्धच्छायावन्तस्तेजस्विनश्च सुवर्णाः अवदाता अपि फरुसच्छविणो दुवण्णा, उक्तं हि—चक्षुः..........
६ वृत्ति, पत्र १३ : दुर्वर्णा.—कृष्णरूक्षादिवर्णा।
७. चूर्णि, पृष्ठ ३१४. काला पिंगला वा दुव्वण्णा।
८. चूर्णि, पृष्ठ ३१४; ३१५ सुरूवा..........अहीनपंचिंदिया नातियूरा नातिकृशाश्च सुरूपा,..........अहवा ये चक्षुषो रोचंते ते सुरूवा।
९. वृत्ति, पत्र १३ · सुरूपा —सुविभक्तावयवचारुदेहा.।
१० चूर्णि, पृष्ठ ३१५।
११ वृत्ति, पत्र १३ दुष्टरूपा—दुरूपा बीभत्सदेहा।
१२. चूर्णि, पृष्ठ ३१५। महंतग्रहणं महाहिमवंते, सक्को चेव मलयो वुच्चति, मंदरो सुमेरू, मंहिदो सक्को, तत्थ हिमवंतमलया पच्चक्खा,.......मंदरमंहिदा परोक्खा।

एक पर्वत-शृंखला है।[1]

३८. सामर्थ्यवान् (या वैभवशाली) (सारे)

सार का अर्थ है—सामर्थ्य, वैभव।[2] चूर्णि के अनुसार पर्वतो का सार है—उन पर उत्पन्न होने वाली विविध प्रकार की औषधिया और उनकी गहराई मे होने वाले रत्न आदि।[3]

३९. युद्ध और कलह को (डिंब-डमरं)

'डिम्ब' का अर्थ है—युद्ध और डमर का अर्थ है—कलह।

चूर्णिकार ने डिम्ब का अर्थ—अपनी सेना से होने वाला राज्यक्षोभ आदि तथा डमर का अर्थ शत्रुसेना से होने वाला राज्यक्षोभ—किया है।[4]

वृत्तिकार ने इसका अर्थ सर्वथा विपरीत किया है। उन्होने 'टिम्ब' का अर्थ—शत्रु सेना से होने वाला क्षोभ और 'डमर' का अर्थ—स्वसेना से होने वाला क्षोभ किया है। उन्होने दोनो को एकार्थक भी माना है।[5]

आप्टे के अनुसार[6]—डिम्ब का अर्थ है—कलह, छोटा युद्ध, शस्त्रास्त्रो के विना होने वाला युद्ध।

डमर का अर्थ है—कलह, गावो के बीच होने वाला कलह, शत्रु को भयभीत करने के लिए किया जाने वाला शब्द।

सूत्र १४ :

४०. भोज (भोग)

इसका अर्थ है—गुरु-स्थानीय पुरोहित वर्ग।[7] वृत्तिकार ने इसका सस्कृत रुप 'भोग' दिया है[8], किन्तु वास्तव मे इसका संस्कृत रूप 'भोज' होना चाहिए।

भोज की विशेष जानकारी के लिए देखें—ठाण, पृष्ठ २६६, ६६४।

४१. (इक्खागा नागा कोरव्वा)

इक्ष्वाकु—भगवान् ऋषभ के वशज।

नाग—नाग या ज्ञात भगवान् महावीर के वशज।[9]

कौरव—भगवान् शाति के वंशज।[10]

४२. भट्ट भट्टपुत्र (भट्टा भट्टपुत्ता)

भट्ट का अर्थ है—योद्धा। भट्टपुत्र वे कहलाते हैं जो अभी पूर्ण रूप से योद्धा नही हुए, केवल कुमार अवस्था में है।[11]

औपपातिक की वृत्ति में 'भड' शब्द का अर्थ शूर किया है।[12]

---

१. आप्टे, संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी, पृष्ठ १२४४ ·
   मलय : a mountain range in the south of India
२. वृत्ति. पत्र १३ : सारः—सामर्थ्यं विभवो वा।
३. चूर्णि, पृष्ठ ३१५ · सारं स्थैर्यं, पर्वतानां औषधिरत्नसंपण्णा।
४. चूर्णि, पृष्ठ ३१५ : डिवं सचक्कं—रज्जखोभादि परचक्कं-परबलं।
५. वृत्ति, पत्र १३ : डिम्ब —परानीकभृगालिको, डमरं-स्वराष्ट्रक्षोभ ।
६. आप्टे, संस्कृत, इंग्लिश डिक्शनरी।
७. चूर्णि, पृष्ठ ३१५ : उग्गा भोगा राइण्ण खत्तिया संगहो भवे चउहा।
   आरक्खिगुरुवयंसा सेसा जे खत्तिया ते उ॥
८ वृत्ति, पत्र १३।
९. औपपातिक वृत्ति पत्र ११० नागवंश्या ज्ञातवंश्या वा।
१०. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३४० : कुरवश्च············शांतिजिनपूर्वजाः।
११. चूर्णि, पृष्ठ ३१५ : भट्टा जोधाः, ते तावद्भटत्वमप्राप्तवयत्वात् कुर्वन्ति ते भट्टपुत्रा ।
१२. औपपातिक वृत्ति, पत्र ११० भडत्ति—शूरा ।

४३. लिच्छवी (लेच्छई)

लिच्छवियो का एक गण था। वे वैशाली गणराज्य के सदस्य थे। चूर्णिकार ने लिच्छवी को एक कुल बतलाया है और उसका वैकल्पिक अर्थ वणिक् किया है।[1] वृत्तिकार के समय मे प्रथम अर्थ विस्मृत हो गया था, इसलिए उन्होने लिच्छवी का अर्थ केवल वणिक् वर्ग किया है।[2]

लिप्सा शब्द के आधार पर लिच्छवी का निर्वचन किया गया है, वह विस्मृति का ही सूचक लगता है। एक कल्पना की जा सकती है कि लिच्छवीगण व्यापारियो का गण था। यदि यह कल्पना सगत हो तो लिच्छवी शब्द के निर्वचन का औचित्य हो सकता है।

४४. प्रशासक (पसत्थारो)

चूर्णिकार के अनुसार लेखक, धर्मपाठक, रक्षक आदि वर्ग प्रशस्त काम करने वाले हैं, इसलिए वे प्रशस्ता कहलाते हैं।[3]

वृत्ति के अनुसार इसका अर्थ है—प्रशासक, बुद्धि बल पर जीविका चलाने वाले मत्री आदि।[4]

औपपातिक वृत्ति मे इसका अर्थ—धर्मशास्त्र के पाठक किया है।[5]

सूत्र १५ :

४५ श्रद्धावान् (सड्ढी)

चूर्णि मे इसके दो अर्थ किए हैं—धर्म को सुनने का इच्छुक, धर्म ग्रहण करने का इच्छुक।[6]

४६. श्रद्धावान् जानकर (कामं)

यह शब्द 'अवधारण करने' के अर्थ मे प्रयुक्त है। जो अवधृत होता है, वही आश्रयणीय होता है। जैसे सुन्दर सरोवर या पत्र, पुष्प और फलो का बगीचा।[7]

इसका दूसरा अर्थ है—कामना करना।[8]

इसका तात्पर्य यह है कि अनेक धर्म गुरु यह जानकर कि अमुक व्यक्ति धर्म-श्रद्धालु है, उसके पास जाते हैं और उसे अपने धर्म मे प्रव्रजित करने का प्रयत्न करते हैं।[9]

४७. जलाने के लिए (आदहणाए)

चूर्णिकार ने 'आद्हण' पाठ मानकर उसका अर्थ श्मशान किया है।[10] वृत्तिकार ने आदहण का अर्थ जलाना किया है।[11]

४८. आसंदी·······लौट आते है। (आसंदीपंचमा····पच्चागच्छंति)

आसदीपचमा का अर्थ है—चार पुरुष और पाचवी आसदी [मचक]।

जब कोई आदमी मर जाता है तब चार पुरुष उसे आसदी (अरथी, चारपाई) पर लिटाकर श्मशान मे ले जाते हैं। उसे

१. चूर्णि, पृष्ठ ३१५ लेच्छवि कुल लिच्छाजीविणो वा वणिजादि।
२. वृत्ति, पत्र १३ 'लेच्छइ' त्ति लिप्सुक स च वणिगादि।
३. चूर्णि, पृष्ठ ३१५ . लेखका धर्मपाठका, रक्षका रसकाद्या प्रशस्तानि कुर्वन्तीति प्रशस्तारो।
४. वृत्ति, पत्र १३ प्रशास्तारो—बुद्ध्युपजीविनोमन्त्रिप्रभृतय।
५. औपपातिकवृत्ति, पत्र ११० पसत्यारोत्ति—धर्मशास्त्रपाठकाः।
६. चूर्णि, पृष्ठ ३१५ . सड्ढी···· ·· धर्मशुश्रूषुर्वाधर्म्मंजिघृक्षुर्वा।
७. चूर्णि, पृष्ठ ३१५ : काममवधृतार्थे, अवधृतमेव हि आश्रयणीयं आश्रीयते प्रफुल्लसरो वा पत्तोवगादिजुत्तो वा वणसंडो।
८. वही, पृष्ठ ३१५ : कमु इच्छायां वा कामायमाणा।
९. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३१५।
   (ख) वृत्ति, पत्र १३, १४।
१०. चूर्णि, पृष्ठ ३१६ : आहृत्य यस्मिन् सुहृवो वहंति तं आद्हणं—श्मशानं।
११. वृत्ति, पत्र १४ : 'आदहनाय'—आसमन्ताद्दहनार्थं श्मशानादौ नीयते।

जलाकर चारो आदमी घर लौट आते हैं और चाडाल उस आसदी को लेकर गाव मे आ जाते हैं।[1]

४९. शरीर से……संवेदन नहीं होता (असंविज्जमाणे)

इसका अर्थ है—शरीर से भिन्न जीव का संवेदन (अनुभव) नही होता। यदि आत्मा नामक कोई तत्त्व होता तो शरीर का छेदन-भेदन करने पर या उसे जलाने पर शरीर से निकलती हुई आत्मा अवश्य ही दृग्गोचर होती, जैसे वृक्ष को काटने पर उस पर निवास करने वाले पक्षिगण दृग्गोचर होते है।[2]

सूत्र १६ :

५०. अण्णो भवइ जीवो अण्ण सरीरं

तुलना—अण्ण जीवं अण्ण सरीरं—उदान ६७।

५१. (आया दीहेति……लुक्खे ति वा)

इस सूत्र में यह प्रतिपादित है कि आत्मा न दीर्घ है, न ह्रस्व है आदि-आदि। आचाराग (५।१२७-१३१) मे भी ये सारे शब्द प्रयुक्त हैं। वहा केवल आयत और छलस—ये दो शब्द नही हैं। 'आयत' का अर्थ है—लवा और 'छलस' का अर्थ है—पट्कोण।

सूत्र १७ :

५२. मूज से शलाका को (मुंजाओ इसियं)

'मूज' एक प्रकार का तृण होता है।[3]

'इसिय' का अर्थ है, मूज मे से निकाली हुई शलाका या ततु।[4]

तुलना—अन्तरात्मा····त स्वच्छरीरात् प्रव्रहेन् मुञ्जाद् इवेशीकाम्—कठ उपनिषद् २।३।१७

तुलना—अयं मुजो अय इसीका, अण्णो मुजो अण्णा इसीका····।

अयं असी अय कोसी, अण्णो असी अण्णो कोसी····। दीघनिकाय २।५।८८

सूत्र २०

५३. नाना प्रकार के (विरूवरूवेहिं)

'विरूप' का अर्थ है—नाना प्रकार के और 'रूप' का अर्थ है—स्वरूप वाले। विरूपरूप अर्थात् नाना प्रकार के स्वरूप वाले।[5]

५४. कर्म-समारंभ के (कम्मसमारंभेहिं)

कर्म-समारभ अर्थात् प्राणवध, सावद्य प्रवृत्ति, जैसे—पशुहिंसा, मासभक्षण, सुरापान, निर्लाञ्छन आदि करना। इसका दूसरा अर्थ है—किसान का अनुष्ठान आदि।[6]

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३१६ : परेहिं चउहिं पुरसेहिं णिज्जइ……आसनं ददातीत्यासंदी धारा, चत्तारि गाम पच्चेन्ति, मंचगंपि पाणा आणेति।

(ख) वृत्ति, पत्र १४ : ते च तद्बान्धवा जघन्यतोऽपि चत्वारः 'आसन्दी'—मञ्चकः स पञ्चमो येषां ते आसन्दीपञ्चमाः पुरुषास्तं कायमग्निना ध्यापयित्वा पुनः स्वग्रामं प्रत्यागच्छन्ति।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३१६ : यदि पुनरात्मा विद्यते तेन शरीरे छिद्यमाने भिद्यमाने दह्यमाने वा निस्सरन् उपलभ्येत वृक्षविनाशे शकुनिवत् इत्येवं शरीरादूर्ध्वमविद्यमाना।

३. वृत्ति, पत्र १५ : मुञ्जात्—तृणविशेषात्।

४. वही, १५ : तद् (मुञ्जात्)—गर्भभूतां शलाकाम्।

५. वृत्ति, पत्र १५ विरूपं—नानाप्रकारं रूपं—स्वरूपम्।

६ वृत्ति, पत्र १५ कर्मसमारम्भा—सावद्यानुष्ठानरूपा पशुघातमांसभक्षणसुरापाननिर्लाञ्छनादिकास्तैरेवंभूतैर्नानाविधै कर्म-समारम्भै, कृषीबलानुष्ठानादिभि।

५५. समारंभ करते हैं (समारंभंति)

चूर्णिकार ने इसके दो अर्थ किए है—अर्जन करना, रक्षण करना ।[1]

वृत्तिकार के अनुसार इसका अर्थ है—ग्रहण करना, प्राप्त करना ।[2]

यह शब्द 'कामभोगो' के प्रसग मे आया है—'कामभोगाइ समारभंति' । इसका अर्थ—कामभोगो का अर्जन करते हैं—यही ठीक लगता है ।

५६. (सूत्र २०)

प्रस्तुत सूत्र का प्रतिपाद्य यह है कि जो शरीर से भिन्न आत्मा के अस्तित्व को स्वीकार नही करते, वे क्रिया, अक्रिया आदि को नही मानते । वैसा मानना उनके लिए प्रयोजनीय भी नही है ।

जब आत्मा अपनी प्रवृत्ति से प्राप्त कर्मो का भोक्ता हो तब अपाय के भय से सद् अनुष्ठान की चिन्ता हो सकती है । अन्यथा सत्क्रिया की चिन्ता उद्‌भूत ही नही हो सकती । इसी प्रकार सुकृत-दुष्कृत, कल्याण-अकल्याण, अच्छा-बुरा, सिद्धि-असिद्धि, नरक-अनरक की चिन्ता भी नही हो सकती ।

यदि यह माना जाए कि सुकृत अर्थात् कल्याण-विपाक वाले कर्मो का फल अच्छा होता है और दुष्कृत अर्थात् पाप-विपाक वाले कर्मो का फल बुरा होता है, तब आत्मा के फल भोगने की बात प्राप्त होती है । अन्यथा हित की प्राप्ति और अहित का परिहार करने की बात कैसे सोची जा सकती है ? इसी प्रकार सुकृत से सिद्धि प्राप्त होती है और दुष्कृत से असिद्धि अथवा नरक या अनरक प्राप्त होता है—यह भी नही सोचा जा सकता । क्योकि इस सब चिन्तन का आधार है—आत्मा के अस्तित्व की स्वीकृति ।[3]

वृत्तिकार ने अनरक का अर्थ—तिर्यञ्च, मनुष्य और देवगति किया है ।[4]

चूर्णिकार ने क्रिया और कर्मबंध को एकार्थक माना है ।[5]

सूत्र २१ :

५७. घर से निकल कर (णिक्खम्म)

निष्क्रम्य का अर्थ है—घर से निकल कर, अपने दर्शन मे विहित प्रव्रज्या को ग्रहण कर, अपने मान्य सिद्धान्त को स्वीकार कर ।[6]

वृत्तिकार ने यहा एक प्रश्न उपस्थित किया है कि लोकायत दर्शन मे दीक्षा का विधान नही है तो फिर यह निष्क्रमण की बात का क्या प्रयोजन है ? इसके समाधान मे वे कहते है—कोई व्यक्ति शाक्य दर्शन के प्रव्रज्या-विधान के अनुसार प्रव्रज्या ग्रहण करता है । वह अन्यान्य दर्शनो का अध्ययन करता है । लोकायत मत का अध्ययन करते समय उसके विचारो मे परिवर्तन आता है और उसे वह दर्शन सत्य प्रतीत होने लगता है । तब वह कहता है—यह मेरा धर्म है । वह स्वय उसे स्वीकार करता है और दूसरो के समक्ष भी उसी धर्म का प्रतिपादन करता है ।[7]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३१७ : समारभंति अर्जयन्ति रक्षयन्ति ।

२. वृत्ति, पत्र १५ : समारभंते—समाददति तदुपभोगार्थमिति ।

३. (क) चूर्णि, पृ० ३१७ ये चाक्रियावादिन तेसु सुकडदुक्कडविवागो ण भवति, सुकडाणं कल्लाणफलविवागो सुकडकारी च साहू, दुक्कडकारी असाधू, सुकृतकल्याणाच्च साधो सिद्धिर्भवति विपर्ययवद्, असिद्धि असिद्धस्स दुक्कडकारिस्स इतरस्स णिरयो, तेषामेते एवं प्रकारा स्वकर्मजनिता सुकृताद्या फलविपाका न भवति ।

(ख) वृत्ति पत्र १५ ।

४ वृत्ति पत्र १५ : अनरको वा तिर्यक्नरामरगतिलक्षणः ।

५. चूर्णि, पृ० ३१७ क्रिया कर्मबन्ध इत्यनर्थान्तरं ।

६. वृत्ति, पत्र १६ निष्क्रम्य च स्वदर्शनविहितां प्रव्रज्या गृहीत्वा नान्यो जीव शरीराद्विद्यत इत्येवं यो धर्मो मदीयोऽयमित्येव-मभ्युपगम्य स्वतः ।

७. वही, पत्र १६ यद्यपि लोकायतिकाना नास्ति दीक्षादिकं तथाऽप्यपरेण शाक्यादिना प्रव्रज्याविधानेन प्रव्रज्य पश्चाल्लोकायतिक-मधीयानस्य (नानां) तथाविधपरिणतेस्तदेवाभिरुचितम्, अतो मामकोऽयं धर्म (इति) स्वयमभ्युपगच्छन्त्यन्येषां च प्रज्ञापयन्ति ।

कुछ नास्तिक 'नीलपट' को धारण करते हैं। यह भी प्रव्रज्या विशेष का ही प्रतीक है।[1]

५८. (तं सद्दहमाणा……माहणेति वा)

प्राचीन काल मे श्रमण और ब्राह्मण—दोनो परंपराओ मे अनात्मवाद का समर्थन करने वाली धाराए विद्यमान थी। उनके विचार से लोग प्रभावित होते थे। चूर्णिकार और वृत्तिकार ने उनसे प्रभावित लोगो की प्रतिक्रिया प्रदर्शित की है।

चूर्णिकार के अनुसार—

'देवानुप्रिय! यदि आप हमे धर्म का यह पक्ष नही बतलाते तो हम परलोक के भय से सुख के साधनभूत हिंसा आदि कार्यो का परिहार कर वास्तव मे दुःखी ही होते। अब हम निःशक होकर आपके धर्म मे दीक्षित हो जाएगे। आज तक जो हम मद्य और मास का परिहार कर रहे थे, उपवास आदि तपस्या कर रहे थे, वह सब निरर्थक ही था। हम आपका उपकार मानते है।[2]

वृत्तिकार के अनुसार—

शरीर और आत्मा को एक ही मानने वाले उसके प्रज्ञापको को कहते हैं—आपने हमे यथार्थ धर्म का दर्शन कराया है। अन्यथा हम परलोक के भय से भयभीत होकर हिंसा आदि कर्मों मे कभी प्रवृत्त नही होते। हम सुख के साधनभूत मास, मद्य आदि मे प्रवृत्त न होकर वास्तव मे मनुष्य जन्म-फल से वचित हो रहे हैं। आपने अच्छा किया। हमे यह अच्छा धर्म दिखलाया।[3]

५९. पूजा के लिए निमंत्रण दे देते हैं (पूयणाए णिकाइंसु)

'णिकाइंसु' का सस्कृत रूप है—न्यचीकचन्। वृत्तिकार ने इसका रूप 'निकाचितवन्त' दिया है।[4]

वे नास्तिक आचार्य अपने मत मे आने वाले नए सदस्यो को नियमित करते हुए कहते हैं—'तुम तज्जीव-तच्छरीर के सिद्धान्त को ग्रहण करो। जीव अन्य है और शरीर अन्य है—इस मत को छोड दो। आज से तुमको इसी मत के अनुरूप अनुष्ठान करना होगा।'[5]

सूत्र २२ :

६०. पहले ही उन्हें यह ज्ञात होता है (पुव्वामेव तेसिं णायं भवइ)

इसका तात्पर्य है कि पहले कोई व्यक्ति किसी धर्म परपरा मे प्रव्रज्या तथा लिंग ग्रहण करता है। कुछ समय पश्चात् वह अन्यान्य मतो का अध्ययन करता है। लोकायत मत के सिद्धान्तो के प्रति उसकी रुचि जागती है। इसी को लक्ष्य कर सूत्रकार उस व्यक्ति की मन स्थिति का दिग्दर्शन कराते हुए कहते है कि पहले ही उसने यह प्रतिज्ञा की थी—हम श्रमण होगे····आदि।[6]

चूर्णिकार का तात्पर्य वृत्तिकार से सर्वथा भिन्न है। वे कहते हैं—लोकायत मत मे प्रव्रज्या का विधान नही है। उस मत के अनुयायी गैरुक वेषधारी या अन्य सन्यासियो के पास जाते है। उनके स्वच्छन्द और अपनी मति से कल्पित सिद्धान्तो को सुनकर कहते हैं—हम आपके पास प्रव्रजित होकर श्रमण होगे····आदि। ऐसा सोचकर वे उनके पास प्रव्रजित होते हैं, पढते हैं और धर्म-श्रवण करते हैं। धीरे-धीरे उनके मन मे उस धर्म के प्रति रुचि पैदा होती है।

---

१. वृत्ति, पत्र १६ यदि वा—नीलपटाद्यभ्युपगन्तु कश्चिदस्त्येव प्रव्रज्याविशेष इत्यादोष इति।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३१७ इच्छामि देवाणुप्पिया! तं तुमे अम्हाणं तज्जीवतस्सरीरको पक्खो अक्खातो इहरहा वयं परलोगभएण हिंसादीणि सुहसाहणाणि परिहरमाणा दुक्खिता आसी, संपति णिस्संकित पव्वइस्सामो इहरहा हि मज्जं मंसं परिहरामो उववासं करेमो णिरत्थयं चेव, अस्माच्च कारणात् वयं भवतां प्रत्युपकार कुर्म।

३. वृत्ति, पत्र १६ नास्तिकवाद्यपन्यस्तं धर्मं विपयिणामनुकूलं 'श्रद्दधाना'—स्वमतावतिशयेन रोचयन्त तथा 'प्रतिपादयन्त' अवितथभावेन गृह्णन्त तथा तत्र रुचि कुर्वन्त तथा साधु—शोभनमेतद्यत् यथा स्वाख्यातो—यथावस्थितो भवता धर्मोऽन्यथाऽसति हिंसादिष्ववर्त्तमाना परलोकभयात् सुखसाधनेषु मांसमद्यादिष्वप्रवृत्ति कुर्वन्तो मनुष्यजन्मफलवञ्चिता भवेयुः, तत शोभनमकारि भवता।

४ वृत्ति, पत्र १६ .········निकाचितवन्तो।

५. वही, पत्र १६ तथाहि—भवतेदं तज्जीवतच्छरीरमित्यभ्युपगन्तव्यम्, अन्यो जीवोऽन्यच्च शरीरमित्येतच्च परित्याज्यम्, अनुष्ठानमपि एतदनुरूपमेव विधेयमित्येव निकाचितवन्त इति।

६. वृत्ति, पत्र १६ : तत्र ये भागवतादिकं लिङ्गमभ्युपगताः पश्चाल्लोकायतग्रन्थश्रवणेन लोकायताः संवृत्तास्तेषां 'पूर्वम्' आदौ प्रव्रज्याग्रहणकाल एवैतत्परिज्ञात भवति; तद्यथा—···· ···।

दूसरा कारण है कि वे लोक समूह को आकृष्ट करने के लिए उसका आश्रय लेकर विहरण करने लग जाते हैं। चरक आदि लिंग का आश्रय लेते हैं। लोक-समूह को आकृष्ट करने के लिए ही अपनी वास्तविकता को ढाककर, उनके वाद का उच्चारण करने लग जाते है। यह सूत्र मे साक्षात् प्रतिपादित है।[1]

६१. स्वयं परिग्रह करते हैं (सयमाइयंति)

चूर्णिकार ने 'आइयति' का अर्थ अदत्त ग्रहण करना किया है।[2]

वृत्तिकार ने व्याख्या मे लिखा है—वे मनुष्य पहले सावद्य अनुष्ठानो से निवृत्त होकर, नीलपट आदि सन्यासी का वेश धारण कर स्वय सावद्य अनुष्ठानो मे प्रवृत्त हो जाते है।[3]

यहा परिग्रह का अर्थ ही उचित लगता है।

६२. (मुच्छिया······लुद्धा)

प्रस्तुत सूत्र मे सूत्रकार ने परिग्रह के प्रति होनेवाली आसक्ति की पाच अवस्थाओ का उल्लेख किया है। उनकी व्याख्या इस प्रकार है—

१ मूर्च्छित—मूर्च्छित व्यक्ति की तरह दोषो को न देख पाना,[4] एकमेक हो जाना, तदात्म हो जाना।[5]

२. गृद्ध—परिग्रह की सतत कामना करना।[6]

३. ग्रथित—ऐसा वध जाना कि फिर उससे निकलपाना कठिन होता है।[7]

४ अध्युपपन्न—(परिग्रह के) प्रति तीव्र अभिनिवेश।[8]

५ लुब्ध—लीन हो जाना, आसक्त हो जाना।

कामवासना के तीन उत्तेजक तत्त्व हैं—धन (परिग्रह), शरीर और अवस्था।[9] जहा तीनो का एकत्रावस्थान होता है, वहा कामक्रीडा को खुलकर खेलने का अवसर मिल जाता है।[9]

६३. मुक्त······कर पाते (समुच्छेदेंति)

चूर्णि के अनुसार इसका अर्थ है[10]—कामभोग के तृष्णारूपी पक से अपना उद्धार करना।

वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए है[11]—

१ ससार से उद्धार करना।

२. कर्म-वधन से मुक्त करना।

चूर्णिकार ने वैकल्पिक रूप से प्रतिपादन किया है कि लोकायत मत वालो के लिए ससार ही नही होता तो भला फिर मोक्ष की वात ही क्या ? इसलिए उनके लिए आत्म-मोक्ष की वात ही प्राप्त नही होती।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३१७, ३१८ तेसिं लोगायतियाणं पासंडो चेव णत्थि, ते पुण अण्णेसिं केसिं गेरुअलिंगमाईण सच्छंदमतिकप्पिअं धम्मं सोतु भणति—तेसिं अतिए पव्वइतु समणा भविस्सामो, अणगारा जाव पावं कम्मं णो करिस्सामो एवं संप्रधार्य तदन्तिके प्रव्रजिता आढत्ता पठितु सोतु च पच्छा तं चेव रुचितं, अथवा लोकपंक्तिनिमित्तं सूत्रमात्रपाषडमाश्रित्य विचरिष्यामः मुद्गलासातिपुत्रवत्। किंच—चरमादिलिङ्गमाश्रयन्ति, लोकपंक्तिनिमित्तं च प्रच्छादयन्त्यात्मानं पव्वयामो, पव्वइतु समणा भविस्सामो अणागारा जाव पावकम्मं णो करिस्सामो, पव्वइयावि सन्ता तमेव वादं वदति यथा······।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३१८ जं च त अगाराइं सचित्तकम्माइ हिरण्णा दियंति परेहि य अदत्तमादियति।

३. वृत्ति पत्र १७ पूर्वं सावद्यारम्भान्निवृत्तिं विधाय नीलपटादिकं च लिङ्गमास्थाय स्वमात्मना सावद्यमनुष्ठानमाददते—स्वीकुर्वन्ति।

४ चूर्णि, पृष्ठ ३१८ : ते मूच्छिता इव न तत्र दोषान् पश्यन्ति।

५ वृत्ति, पत्र १७ मूच्छिता—एकीभावतामापन्नाः।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३१८ः गृद्धास्तदभिलाषिण।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३१८ ग्रन्थिताः बद्धा न तेभ्योऽपसर्पन्ति।

८. चूर्णि, पृष्ठ ३१८ अज्झोववातो तीव्राभिनिवेशः।

९. चूर्णि, पृष्ठ ३१८ः कामस्य वित्तं च वपुर्वयश्चे'ति मूलमितिकृत्वा कामसाधनेष्वपि लुब्धा ते तासु रक्ताः।

१०. चूर्णि, पृष्ठ ३१८ :······कामभोगतृष्णापंकात्।

११. वृत्ति, पत्र १७: ······समुच्छेदयन्ति—मोचयन्ति····समुच्छेदयन्ति—कर्मबन्धात् त्रोटयन्ति।

लोकायतिक चाहे किसी भी प्रकार से आत्मा का अभाव मानकर अपने आपको ठगते रहे, किन्तु वे यथार्थरूप मे आत्मा का अभाव कर नही सकते। क्योकि जातिस्मृति, स्तनाभिलाप, जन्म-मरण करना—ये सब आत्म-सिद्धि के उपाय है। इन्हे अस्वीकार नही किया जा सकता।[1]

६४. न इधर के न उधर के (णो हव्वाए णो पाराए)

चूर्णिकार ने 'हव्व' का अर्थ गृहवास और 'पार' के चार अर्थ किए हैं—प्रव्रज्या-फल, पारलौकिक फल, स्वर्ग और मोक्ष।[2]

प्रव्रजित होकर भी जो हिंसा आदि मे प्रवृत्त होते हैं वे न गृहवास का ही सुख भोग पाते हैं और न प्रव्रज्या का ही आनन्द ले पाते है। वे दोनो ओर से अपने जीवन को गवा देते है।

६५. तज्जीवतच्छरीरवादी (तज्जीवतस्सरीरिए)

तज्जीव-तच्छरीरवाद की विशेष जानकारी के लिए देखे—सूयगडो १, १।११-१२, टिप्पण पृष्ठ २९-३१।

सूत्र २३ :

६६. पंचमहाभौतिक (पंचमहब्भूइए)

पाच महाभूत हैं—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। ये त्रिकालवर्ती हैं इसलिए ये 'भूत' कहे जाते हैं और विश्व-व्यापी होने के कारण इन्हे महाभूत कहा गया है।[3] इनको माननेवाले पाच महाभौतिक कहलाते हैं। यहा पाच की सख्या नियामक है—न पाच से अधिक और न न्यून। 'सख्या ह्युपादीयमाना सख्यान्तर निवर्तयति'—इस न्याय से।[4]

वृत्तिकार ने इसके अन्तर्गत दो दर्शनो का ग्रहण किया है[5]—

१. साख्य—कुछ साख्य यह मानते हैं कि आत्मा मे इतना भी सामर्थ्य नही है कि वह एक तृण को भी मोड सके। प्रकृति भूतात्मिका है। उसी का सारा कर्त्तृत्व है।

२. लोकयतिक दर्शन, जो भूतो के अतिरिक्त आत्मा का अस्तित्व स्वीकार नही करता।

विशेष विवरण के लिए देखें—सूयगडो १, १।७, ८, १५, १६, टिप्पण पृष्ठ २६, ३४, ३५।

सूत्र २५ :

६७. क्रिया (किरिया)

चूर्णिकार ने क्रिया, कर्म, परिस्पन्द को एकार्थक माना है।[6]

वृत्तिकार ने परिस्पन्दनात्मक और चेष्टारूप प्रवृत्ति को क्रिया माना है।[7]

---

१. चूर्णि पृष्ठ ३१८ अथवा तेसिं लोगायतगाणं संसारो चेव णत्थि, किं पुण मोक्खो ? तेण न युक्तं यत्कुतो अप्पाणं समुच्छिंदिति ? उच्यते, केणापि प्रकारेणासद्भावनेनेत्यर्थ, स समुच्छेदो नाम विनाश अभावभवणमित्यर्थः, त एवं विप्रेलंभंतोऽप्यात्मन अभावं कर्तुंमसमर्था, कथं ? तदुक्तं—'जातिस्मरणात् स्तनाभिलाषात् पूर्वापरगमनागमनादित्येवमादिभि।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३१८,३१९ गिहिवासो जहा हव्विंवि, तान् रूवान् विघ्न, पारं प्रव्रज्या फल वा पारलौकिकं वा सग्गो मोक्षो वा।

३ वृत्ति, पत्र १८ पृथिव्यादीनि पञ्च महाभूतानि विद्यन्ते महान्ति च तानि भूतानि च महाभूतानि, तेषां च सर्वव्यापितयाऽभ्युपगमात् महत्त्वम्।

४. वृत्ति, पत्र १८ संख्या ह्युपादीयमाना सख्यान्तरं निवर्तयती' तिकृत्वा न न्यूनानि नाप्यधिकानि।

५. वृत्ति, पत्र १८ पञ्चभि (भूतै) पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशाख्यैश्चरति पञ्चभूतिका पञ्च वा भूतानि अभ्युपगमद्वारेण विद्यन्ते यस्य स पञ्चभूतिक ......स च सांख्यमतावलम्बी आत्मनस्तृणकुब्जीकरणेऽप्यसामर्थ्याभ्युपगमात् भूतात्मिकायाश्च प्रकृते सर्वत्र कर्त्तृत्वाभ्युपगमात् द्रष्टव्यो, लोकायत-मतावलम्बी वा नास्तिको भूतव्यतिरिक्तनास्तित्वाभ्युपगमादाख्यायते।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३१९ क्रिया कर्म्म परिस्पन्द इत्यनर्थान्तरं।

७. वृत्ति, पत्र १८ क्रिया—परिस्पन्दात्मिका चेष्टारूपा।

६८. अक्रिया (अकिरिया)

चूर्णिकार ने अक्रिया, अनारंभ, अवीर्य, अपरिस्पन्द—को एकार्थक माना है ।[१]

वृत्ति मे अप्रवृत्ति और स्थिति को अक्रिया कहा है ।[२]

६९. सिद्धि (सिद्धि)

इसके दो अर्थ हैं[३]—

१ यथेष्ट अर्थ की प्राप्ति ।

२ निर्वाण ।

७०. (इह खलु पंचमहब्भूया ···तणमायमवि)

चूर्णिकार ने इस सूत्र की व्याख्या केवल साख्य दर्शन के अनुसार की है[४]—

'प्रश्न होता है कि पाचो भूत अचेतन हैं, फिर वे क्रिया करने मे कैसे समर्थ हो सकते है ?

भूत जब सत्त्व, रज और तमोगुण से अधिष्ठित होते हैं तब उनमे क्रिया करने का सामर्थ्य उत्पन्न हो जाता है । सत्त्व, रज और तम की साम्यावस्था प्रकृति है । इसे प्रधान और अव्यक्त भी कहा जाता है । क्रिया का तात्पर्य है—रज-बहुलता और अक्रिया का तात्पर्य है—तम-बहुलता । तम महान् आवरण है । जितनी भी प्रशस्त, कल्याणकारी और सुकृत क्रियाए होती हैं, वे सब सत्त्व गुण के कारण होती है । तम गुण की प्रधानता मे दुष्कृत होते है । रज और तमगुण के अभाव मे पुरुष एक तिनके को भी टेढा नही कर सकता । कर्तृत्व इन गुणो का है । पुरुषमात्र उनका फलभोक्ता है । पुरुष के योग से अचेतन प्रकृति भी चेतन की तरह अवभासित होती है । वह प्रकृति का गुण नही है । वह कर्तृत्व के प्रति उदासीन रहता है ।

वृत्तिकार ने प्रस्तुत सूत्र की व्याख्या साख्य और लोकायत दर्शन—दोनो के अनुसार की है ।[५]

साख्यदर्शन विषयक दृष्टिकोण लगभग चूर्णि के सदृश है । लोकायत दर्शन के अनुसार—

इसी जीवन मे जो सुखानुभूति होती है वह स्वर्ग और जो कष्टानुभूति होती है वह नरक है । इन सबका साधन है—पचभूत । ऐसा कहा जा सकता है कि तृणमात्र कार्य भी भूतो के विना नही होता । वे ही इसके साधक है ।[६]

लोकायतिक आत्मा का सर्वथा अभाव मानते हैं और भूतो को ही सब कार्य करने मे समर्थ स्वीकार करते हैं ।[७]

सूत्र २६ :

७१. पृथक्-पृथक् नामों से (पदोद्देसेण)

पूर्ववर्ती सूत्रो मे पचमहाभूत का उल्लेख मिलता है किन्तु वहा उनका नाम-निर्देश नही है । प्रस्तुत सूत्र मे पचमहाभूतो के

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३१९ अक्रिया अनारंभ अवीर्यं अपरिस्पन्द इत्यनर्थान्तर ।

२ वृत्ति, पत्र १८ अक्रिया वा—निर्व्यापाररूपतया स्थितिरूपा ।

३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३१९ ईप्सितार्थनिष्ठाना सिद्धिविषय ······निर्वाणं वा सिद्धि ।

(ख) वृत्ति, पत्र १८ ईप्सितार्थनिष्ठानं सिद्धिविपर्ययस्त्वसिद्धि निर्वाणं वा सिद्धि ।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३१९ स्यात्कथं महाभूतान्यचेतनानि क्रियाकर्म्म कुर्वते ? उच्यते, सत्त्वरजस्तमोभि प्रधानगुणैरधिष्ठितानि कर्म कुर्वते, उक्तं च "सत्त्वं लघु प्रकाशकमिष्टमुपष्टम्भकं चलं च रज । गुरुवरणकमेव तम" इत्यादि सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृति , प्रधानमव्यक्तमित्यनर्थान्तरं, तत्र रजोबाहुल्या क्रिया भवंति, तमस्तु गुर्वावरणकं चेति कृत्वा अक्रिया भवति, सत्त्वबाहुल्यात् सुकडं रजस्तमोबाहुल्यात् दुक्कडं, एवमन्यान्यपि कल्याणसाधुसिद्धिनरकादीणि अ०, प्रशस्तानि सत्त्वबाहुल्यात्, रजस्तमो न यदि स्यात् अवि अंतशो तृणस्य कुब्जीकरणेऽपि पुरुषोऽनीश्वर , गुणकृतं फलं भुक्ते, उक्त हि—

'तस्मात्तत्संयोगादचेतनं चेतनावदवभाति ।

लिंगं त्वप्रकृतिगुणं कर्तृत्वे च भवत्युदासीन ।।

५. वृत्ति, पत्र १८ सांप्रतं साख्यस्य लोकायतिकस्य चाभ्युपगमं दर्शयितुमाह—'इह'···· '' ।

६. वही, पत्र १८ लोकायताभिप्रायेणापीहैव तथाविधसुखदु खावस्थाने स्वर्गनरकावितीत्येवमन्तशस्तृणमात्रमपि यत्कार्यं तद्भूतैरेव प्रधानरूपापन्नैः क्रियते ।

७. वही, पृष्ठ १८ लोकायतिकाभिप्रायेण त्वात्मन एवाभावाद् भूतान्येव सर्वकार्यकर्तृणीत्येवमभ्युपगम ।

नामो का निर्देश है। 'पदोद्देसेणं' इस पाठ के द्वारा उसकी सूचना दी गई है। प्रत्येक भूत का पद-विशेष के द्वारा नाम-निर्देश किया गया है।[1]

७२. अनिर्मित, अनिर्मापित (अणिम्मिया अणिम्माविया)

ये पाच महाभूत काल, ईश्वर आदि के द्वारा निर्मित—निष्पादित नही हैं।

ये किसी के द्वारा निर्मापित—बनाए जाने के योग्य भी नहीं हैं।[2]

७३. अकृतक (णो कडगा)

ये पाचो महाभूत विस्रसापरिणाम से निष्पन्न होते है। ये स्वाभाविक होते हैं। इनको कृतक—किए हुए नही कहा जा सकता, क्योकि इनमे पर-व्यापार का अभाव होता है।[3]

७४. अवन्ध्य (अवंझा)

वन्ध्य का अर्थ है—शून्य। ये पचभूत वन्ध्य नही हैं—अपने कार्य को निश्चित रूप मे निष्पन्न करने वाले हैं।[4]

७५. अपुरोहित (दूसरे द्वारा अप्रवर्तित) (अपुरोहिता)

चूर्णिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं—(१) पाच महाभूतो मे सभी स्वतन्त्र हैं। उनका कोई स्वामी नही है। पुरुषार्थ मे उनकी स्वत प्रवृत्ति होती हैं।

(२) उनमे न कोई गौण होता है और न कोई मुख्य। वे सभी अपने-अपने विषय मे बलवान् होते है।[5]

वृत्तिकार के अनुसार इनको कार्य के प्रति प्रवर्तित करने वाला कोई नही होता, इसलिए ये अपुरोहित हैं।[6]

७६. स्वतंत्र (सतंता)

जो अपना कार्य करने मे पर-निरपेक्ष होता है, वह स्वतन्त्र कहलाता है।[7]

चूर्णि मे इसके स्थान पर 'सकत्तता' पाठ निर्दिष्ट है।[8]

सूत्र २७ :

७७. आत्मा को छठा मानने वाले (आयछट्ठा)

प्रस्तुत आगम के १।१५।१६ मे आत्मपष्ठवाद का उल्लेख हुआ है। जो पाचभूतो के अतिरिक्त आत्मा को भी मानते हैं, वे आत्मपष्ठवादी कहलाते है। आत्म-पष्ठवाद पकुधकात्यायन के दार्शनिक पक्ष की दूसरी शाखा है। पहली शाखा है—पच महाभूतवाद।

देखें—सूयगडो १, १।१५,१६ का टिप्पण पृष्ठ ३४-३५।

सूत्र ३२ :

७८. ईश्वर-कारणिक (ईसरकारणिए)

कुछ दार्शनिक चेतन और अचेतनरूप जगत् का कारण ईश्वर मानते हैं। वे ईश्वर-कारणिक कहलाते हैं। प्रस्तुत सात सूत्रो (३२ से ३८) मे उनका वर्णन है।

विशेष विवरण के लिए देखे—सूयगडो १, १।६५ का टिप्पण पृष्ठ ६०-६५।

---

१ चूर्णि, पृष्ठ ३१६ पदउद्देसेण पदानामुद्देश पदैर्वा पञ्चभिरुपदेशात्।

२ वृत्ति, पत्र १६ अपरेण कालेश्वरादिना केनचिदनिर्मितानि—अनिष्पादितानि तथा परेणानिर्मापयितव्यानि।

३. वृत्ति पत्र १६ परव्यापाराभावतया नैव कृतकानि, अपेक्षित परव्यापार स्वभावनिष्पत्तौ भाव. कृतक इति व्यपदिश्यते, तानि च विस्रसापरिणामेन निष्पन्नत्वात्कृतकव्यपदेशभाञ्जि न भवन्ति।

४. वृत्ति, पत्र अवन्ध्यानि—अवश्यकार्यकर्तृणि।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३२० : न तेषा कश्चित् स्वामी प्रवर्त्तते इत्यत अपुरोहिता, पुरुषार्थे तु स्वत प्रवृत्तिरेषा, आह हि—वत्सविवृद्धिनिवृत्तं क्षीरस्य' यथा, अथवा नैवैषां कश्चिदेकं इन्द्रियाणामिव चक्षु प्रधानं, स्वविषयबलवन्ति हि भूतानि।

६. वृत्ति पत्र १६ न विद्यते पुरोहित —कार्यं प्रति प्रवर्तयिता येषां तान्यपुरोहितानि।

७ वृत्ति पत्र १६ स्वतत्राणि स्वकार्यकर्तृत्वे प्रत्ययपरनिरपेक्षाणि।

८. चूर्णि, पृष्ठ ३२० सकत्तता नाम स्वकतभाव स्वकतत्तं।

सूत्र ३४ :

७९. ईश्वर कारण है (पुरिसादिया)

वृत्तिकार ने पुरुष का अर्थ—ईश्वर या आत्मा किया है।[1] किन्तु प्रस्तुत प्रसग ईश्वरकारणिकवाद का है, इसलिए यहा पुरुष का अर्थ 'ईश्वर' ही अभिप्रेत है। पुरुष ही सब धर्मों का आदि-कारण है। 'पुरिसादिया' का अर्थ है—ईश्वरकारणिक।

८०. ईश्वर उनका कार्य है (पुरिसोत्तरिया)

वृत्तिकार ने 'उत्तर' का अर्थ कार्य किया है।[2] इसका तात्पर्य यह है कि पुरुष ही चेतन-अचेतन पदार्थ के रूप मे अपने आपको फैलाता है। जगत् के कारण रूप मे भी वही है और कार्यरूप मे भी वही है। जगत् का आदि-विन्दु भी वही है और उसका उत्तर-विन्दु (भविष्य) भी वही है।

८१. ईश्वर में अभिसमन्वागत हैं (पुरिसअभिसमण्णागता)

सभी धर्म ईश्वर मे अभि-समन्वागत है। इसका तात्पर्य यह है कि जन्म, जरा, मरण, व्याधि, रोग, शोक, सुख-दु ख, जीवन आदि जो जीवो के धर्म है तथा वर्ण, गध, रस और स्पर्श जो मूर्त अजीव द्रव्यो के धर्म हैं तथा गति, स्थिति, अवकाश आदि जो अमूर्त अजीव द्रव्यो के धर्म हैं—ये सब धर्म ईश्वरकृत है।[3]

८२. (गंडे ···· ··उदगबुब्बुए)

प्रस्तुत सूत्र मे गड (व्रण) आदि के द्रष्टान्त से यह बताने का प्रयास किया गया है कि जैसे व्रण शरीर का ही एक अवयव बन जाता है, उसी मे बढता है और उसी मे व्याप्त रहता है, उसी प्रकार सारे धर्म ईश्वर के ही अग है, उसी मे व्याप्त है। जैसे उस व्रण को शरीर से पृथग् दिखाने मे हम असमर्थ है वैसे ही ये चेतन-अचेतन रूप धर्म ईश्वर से पृथक् नही किए जा सकते।[4]

इसी प्रकार प्रस्तुत विषय पर सूत्रकार ने अरति, वल्मीक, वृक्ष, पुष्करिणी, उदक-पुष्कर, उदग-बुद्बुद के उदाहरण प्रस्तुत किए है।

अरति—मेद का रोग। निशीथ ३।३४-३९ मे 'अरइय' शब्द आया है। उसका यही अर्थ है। वह पकता नही। वह केवल गाठ के रूप मे ही रहता है।[5] आप्टे की डिक्शनरी मे अरति के अनेक अर्थ किए है। उनमे एक अर्थ है Bilious disease पित्तज बीमारी।

वृत्तिकार ने इसका अर्थ—चित्त का उद्वेग किया है।[6] प्रस्तुत प्रकरण मे यह अर्थ सगत नही है। इसका 'मेद' अर्थ ही सगत है।

उदक-पुष्कर—इसका अर्थ है—जल कमल।

वृत्तिकार ने पुष्कल का अर्थ प्रचुरता किया है। उनके अनुसार इसका अर्थ होगा—उदक प्राचुर्य।[7]

---

१. वृत्ति, पत्र २२ पुरुष—ईश्वर आत्मा वा कारणमादिर्येषा ते पुरुषादिका ईश्वरकारणिका आत्मकारणिका वा।

२. वृत्ति, पत्र २२ पुरुष एवोत्तर—कार्यं येषां ते पुरुषोत्तरा।

३. वृत्ति, पत्र २२ ते च धर्मा जीवानां जन्मजरामरणव्याधिरोगशोकसुखदु खजीवनादिका अजीवधर्मास्तु मूर्तिमतां द्रव्याणां वर्णगन्धरसस्पर्शा अमूर्तिमतां च धर्माधर्माकाशानां गत्यादिका धर्मा।

४ वृत्ति, पत्र २२ सभाव्यते च शरीरिणां संसारान्तर्गताना कर्मवशगाना गण्डादिसमुद्भव, तच्च शरीरे जातं शरीरावयवभूत, तथा शरीरे वृद्धिमुपगतं—शरीराभिवृद्धौ च तस्याभिवृद्धि, तथा शरीरेऽभिसमन्वागतं—शरीरमाभिमुख्येन व्याप्य व्यवस्थितं, न तदवयवोऽपि शरीरात्पृथग्भूत इति भाव तथा शरीरमेवाभिभूय—आभिमुख्येन पीडयित्वा तिष्ठति, यदि या तदुपशमे शरीरमेवाश्रित्य तद्गण्ड तिष्ठति न शरीराद्बहिर्भवति, एतदुक्तं भवति—यथा तत्पिटक शरीरैकदेशभूत न युक्तिशतेनापि शरीरात्पृथग्दर्शयितु शक्यते, एवमेवामी धर्मश्चेतनाचेतनारूपास्ते सर्वेऽपीश्वरकर्तृका न ते ईश्वरात्पृथक्कर्तु पार्यन्ते।

५. निशीथ चूर्णि, भाग २, पृष्ठ २१५ अरतित वा, अरतितो जं ण पच्चति।

६. वृत्ति, पत्र २२ यथा नामारति—चित्तोद्वेगलक्षणा।

७ वही, पत्र २३ पुष्कलं—प्रचुरमुदकपुष्कलम्—उदकप्राचुर्यम्।

सूत्र ३५ :

८३. व्यञ्जित (विअंजियं)

दशवैकालिक ८।४८ मे 'विअ' और 'जिअ' ये दो शब्द पृथक्-पृथक् माने गए है। मुनि को कैसी भाषा बोलनी चाहिए, इस प्रसग मे इनका कथन हुआ है। 'विअ' का अर्थ है—व्यक्त और 'जिय' का अर्थ है—परिचित।

प्रस्तुत सदर्भ मे 'विअजियं' व्यंजित के अर्थ मे प्रयुक्त है।[१]

८४. तज्जातीय दुःख का (तज्जातियं दुक्खं)

इसका अर्थ है—अपने अभिमत के आग्रह से होने वाला दुःख।

व्यक्ति मे पहले अपने अभिमत के प्रति मोह होता है। मोह से राग उत्पन्न होता है, अपने विद्वेपियो के प्रति द्वेप उत्पन्न होता है। राग-द्वेप और मोह—ये कर्म-बन्ध के कारण हैं। कर्म से ससार का सृजन होता है। संसार दुःख है। अतः अपने दर्शन के प्रति आग्रह रखने वाले वे व्यक्ति दुःखी होते है।[२]

सूत्र ३६ :

८५. नियतिवादी (णियतिवाइए)

कुछ दार्शनिक न क्रियावाद मे विश्वास करते है और न अक्रियावाद मे विश्वास करते है। उनका विश्वास है कि सब कुछ नियति करती है। प्रस्तुत नौ सूत्रो (३६ से ४७) मे नियतिवाद का वर्णन है।

विशेप विवरण के लिए देखें—सूयगडो १, १।२८-४० का टिप्पण पृष्ठ ४३, ४४।

सूत्र ४१ :

८६. वे दोनों पुरुष तुल्य हैं (दो वि ते पुरिसा तुल्ला)

पुरुप दो प्रकार के है—क्रियावादी और अक्रियावादी।

उनके अभिमत—क्रियावाद और अक्रियावाद—दोनो ही नियति के अधीन है, इसलिए क्रियावादी और अक्रियावादी दोनो मे कोई भेद नही किया जा सकता। वे दोनो एकार्थक हो जाते है, क्योकि उन दोनो का कारण एक है, और वह है नियति।[३]

८७. कारण को मानने वाले है (कारण मावण्णा)

प्रस्तुत प्रकरण मे 'कारण' शब्द का अनेक वार प्रयोग किया गया है। नियतिवादी दृष्टिकोण के संदर्भ मे इसका तात्पर्य होगा—नियति और पुरुपार्थवादी दृष्टिकोण के सदर्भ मे इसका तात्पर्य होगा—पुरुषार्थ। नियति और पुरुपार्थ—दोनो उनके अपने-अपने पक्ष की सिद्धि के हेतु वनते हैं।

सूत्र ४२ :

८८. (सूत्र ४२)

प्रस्तुत सूत्र मे अज्ञानी के सवेदन की विभिन्न अवस्थाओं के सूचक शब्दो का सकलन है। उनमे कुछेक की व्याख्या इस प्रकार है—

दुःखामि—शारीरिक और मानसिक दुःख से दुःखित।[४]

सोयामि—पत्नी, पुत्र आदि इष्ट के विप्रयोग तथा अनिष्ट के योग से होने वाला मानसिक दुःख।[५]

---

१. वृत्ति, पत्र २३ : व्यञ्जितं तेषामभिव्यक्तीकृतम्।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३२२ : त एव मोहा मोहिता सव्वं कुर्वन्ति, काउ तत्थेव ठवेंति, सुट्ठु ठवेंति, तेसिं एवं मोहा मोहितता, मोहा पुरिसस्स रागो भवति, तस्सिच्छाभावतो तद्विद्विट्ठेसु च द्वेष, रागद्वेषमोहाश्च कर्मबन्धहेतव., कर्मण. संसारो. तद्दुःखं च, तेनोच्यते—तमेव ते तज्जातीयं दुःखं नातिवर्त्तते।

३. वृत्ति, पत्र २५ क्रियावादमक्रियावादं च समाश्रितौ तौ द्वावपि नियत्यधीनत्वात्तुल्यौ।

४. वृत्ति, पत्र २६ दुक्खामि त्ति शारीरं मानसं दुःखमनुभवामि।

५. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३२३ : शोको इष्टदारापत्यादिविप्रयोगादि।

(ख) वृत्ति, पत्र २६ : शोचामि—इष्टानिष्टवियोगसंप्रयोगकृतं शोकमनुभवामि।

जूरामि—इसका अर्थ है—खेद करता हूं। 'खिद्' धातु को 'जूर' आदेश होता है।[1] सावद्य प्रवृत्ति मे सलग्न आत्मा की दुर्गति के प्रति मैं खेद कर रहा हूं।

वृत्तिकार ने इसका अर्थ—गर्हा करना किया है।[2]

तिप्पामि—इसका अर्थ है—शारीरिक बल से क्षीण होना। चूर्णिकार ने इसका अर्थ बाह्य और आभ्यन्तर दु ख-विशेष से दु खी होना किया है।[3]

सूत्र ४३ :

८९. मेधावी (मेहावी)

नियतिवादी की दृष्टि मे नियतिवाद को अस्वीकार करने वाला 'बाल' और नियतिवाद का समर्थन करने वाला 'मेधावी' होता है।

९०. (णो अहं एयमकासी……णो परो एयमकासी)

अकृत का कुछ भी फल नही होता। अत सब कुछ नियति द्वारा कृत है। यदि पुरुष ही कुछ करता तो वह अपनी इच्छानुसार सब कुछ सपन्न करता, किन्तु ऐसा नही होता। अत यह मानना ही सगत है कि नियति ही करती है, वही कारिका है। दूसरा जो कुछ सुख-दु ख का अनुभव करता है वह भी नियतिकृत ही होता है।[4]

नियतिवादी मानता है कि जो कुछ दु ख-सुख मेरे मे अभिव्यक्त हुआ है वह सब नियति से ही हुआ है। नियति ही इसका कारण है। यह सब पुरुषकारकृत नही है। किसी की आत्मा अनिष्ट नही है जो कि अनिष्ट दु ख आदि का उत्पादन करे। मनुष्य नही चाहते हुए भी दु ख-सुख का भागी है। यह सब नियति से ही होता है।[5]

सूत्र ४४ :

९१. (सूत्र ४४)

प्रस्तुत सूत्र मे जीव की चार अवस्थाओ का निरूपण किया गया है[6]—

१. सघात—शरीर के साथ संबंध स्थापित करना।

२. विपर्याय—बाल, कुमार, यौवन, स्थविर, वृद्ध आदि अवस्थाओ से गुजरना।

३. विवेक—शरीर से पृथक्भाव—मृत्यु प्राप्त करना।

४. विधान—कुब्ज, काना, लंगडा, वामन, जर्जरित, मरण, शोक, रोग आदि अवस्थाए प्राप्त करना।

विधान का अर्थ है—अवस्था-विशेष।

---

१. हेमचन्द्र, सिद्ध हेमशब्दानुशासन ८।४।१३२ : खिदेर्जूरविसूरौ।

२. वृत्ति, पत्र २६ : जूरामि त्ति अनार्यकर्मणि प्रवृत्तमात्मानं गर्हामि।

३. (क) वृत्ति, पत्र २६ : तिप्पामि त्ति शारीरबलं क्षरामि।
   (ख) चूर्णि, पृष्ठ ३२३ तप्पामि बाह्यैरभ्यन्तरैश्च दु खविशेषै।

४. चूर्णि, पृष्ठ १२३ …………णो एतमहमकासि, किन्तु णियती करेइ, न चाकृतं फलमस्तीत्यत णियती करेति, जति पुरिसो करेज्ज तेन सर्वमीप्सितं कुर्यात्, न चेदमस्तीति ततो नियती करेई, नियतिः कारिका, परोऽपि खलु ज दु खति वा णो परो एतमकासी, णियतीए त कृतं।

५. वृत्ति, पत्र २६ नाहमेवमकार्षं दु खम्, अपितु नियतित एवैतन्मय्यागतं, न पुरुषकाराविकृतं, यतो न हि कस्यचिदात्माऽनिष्टो येनानिष्टा दु खोत्पादादिका क्रिया समारभते, नित्यत्यैवासावनिच्छन्नपि तत्कार्यते येन दु खपरम्पराभाग्भवति।

६. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३२३ संघातमागच्छंति, केण संघायमागच्छंति ? सरीरेण, परिजातबालकौमारयौवनमध्यमस्थविरान्त पर्यायभेद, परि आगा परिआगा', एवंविधेणेव शरीरेण बालादिपज्जवे विहिविवागोविधान, पृथक्करणमित्यर्थ।
   (ख) वृत्ति, पत्र २६ सर्वेऽप्येते नियतित एवौदारिकादिशरीरसंबन्धमागच्छन्ति, नान्येन केनचित्कर्मादिना शरीरं ग्राह्यन्ते, तथा बालकुमारयौवन-स्थविरवृद्धावस्थादिकं विविधपर्यायं नियतित एवानुभवन्ति, तथा नियतित एव 'विवेकं' शरीरात्पृथग्भावमनुभवन्ति, तथा नियतित एव विविधं विधानम्—अवस्थाविशेषं कुब्जकाणखञ्जवामनक-जरामरणरोगशोकादिकं बीभत्समागच्छन्ति।

चूर्णिकार ने विधान के अनेक अर्थ किए हैं[1]—

१. विधि-विपाक।

२. शरीर के साथ सघात, विविध पर्यायो (अवस्थाओ) मे सक्रमण, विवेक (शरीर से पृथक् भाव)—उनका विधान।

३. अपना किया हुआ कर्म।

४ जन्म, जरा, रोग, शोक, मरण आदि।

५ नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देवयोनि मे उत्तम, अधम और मध्यम के रूप मे उत्पत्ति।

देवताओ मे इद्र, सामानिक आदि, तिर्यञ्च मे एकेन्द्रिय आदि, मनुष्यो मे सम्मूर्च्छिम, गर्भज आदि।

सूत्र ४६ :

६२. युक्ति-विरुद्ध धर्म को मानने वाले (विप्पडिवण्णा)

वृत्तिकार ने नियतिवाद की विप्रतिपत्ति बतलाते हुए लिखा है[2]—प्रश्न होता है कि क्या नियति अपने आप ही नियति स्वभाव वाली है या यह दूसरी नियति से नियन्त्रित होती है? यदि वह तथा स्वभाववाली है तो फिर सभी पदार्थों को तथा स्वभाव वाले मानने मे क्या बाधा है? नियति को मानने की आवश्यकता ही क्या है? यदि यह माना जाए कि नियति दूसरी नियति से नियन्त्रित है तो फिर दूसरी नियति, तीसरी नियति से और तीसरी नियति चौथी नियति से नियन्त्रित होगी। यह क्रम चलता रहेगा। और इसका कही भी अत नही आएगा। यहा अनवस्थादोष का प्रसग आ जाएगा।

यदि यह कहा जाए कि इस नियति का एक ही स्वभाव है, भिन्न-भिन्न स्वभाव नही है तो फिर उसका कार्य भी एकरूप ही होगा, भिन्न-भिन्न नही होगा। यदि ऐसा हो तो ससार मे जो वैचित्र्य देखा जाता है, वह नही हो पाएगा। हम जगत् मे वैचित्र्य का अनुभव करते हैं, जो प्रत्यक्ष दृष्ट है। इसलिए नियति यथार्थ नही है।

सूत्र ४६ :

६३. धर्म-श्रद्धा से व्याप्त हो (अभिभूय)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ परीषहो और उपसर्गों को पराजित करना माना है।[3]

वृत्तिकार ने इसका अर्थ—इन्द्रिय विषयो, कषायो अथवा परीषहो को पराजित करना किया है।[4]

हमने इसका अर्थ—धर्म श्रद्धा से व्याप्त हो—किया है। प्रस्तुत प्रसंग मे यही अर्थ उचित है।

६४. (सतो वा वि एगे णायओ य उवगरणं·········असतो वा वि एगे णायओ य उवगरणं च)

प्रस्तुत प्रसग मे बताया गया है कि कुछ पुरुष ऐसे पराक्रमी या अनासक्त होते हैं कि वे अपने विद्यमान स्वजन, परिजन तथा प्रचुर ऐश्वर्य और सुख-सुविधा की सामग्री का त्याग कर मुनिचर्या के लिए उपस्थित हो जाते हैं।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३२३, ३२४ : विहिविवागोविधानं, पृथक्करणमित्यर्थ, त एवं विधो विधिविधानं, तच्चेवं—संघातपरियागविवागा विधानं, स्वकृतं वा कर्म्मविधानं, जन्मजरारोगशोकमरणानि वा, नरकतिर्यक्मनुष्यदेवेषु उत्तमाधममध्यमा-विशेषा, विशेषेणाह—इन्द्रसामानिक-त्रायस्त्रिंशपारिषद्यात्मरक्षकलोकपालानीकप्रकीर्णकाभियोग्यकिल्विषिका दशविधा., तिर्यक्षु चेकेन्द्रियादय, पण्णवणापदे जहा मणुस्सेसु संमुच्छिमा गब्भवक्कंतिआ वा अण्णे वा गता।

२. वृत्ति, पत्र २७ असौ नियति किं स्वत एव नियतिस्वभावा उतान्यया नियत्या नियम्यते? किं चात?; तत्र यद्यसौ स्वयमेव तथास्वभावा सर्वपदार्थानामेव तथास्वभावत्वं किं न कल्प्यते? किं बहुदोषया नियत्या समाश्रितया?; अथान्यया नियत्या तथा नियम्यते, साऽप्यन्यया साऽप्यन्ययैवमनवस्था। तथा नियते स्वभावत्वान्नियतस्वभावयाऽनया भवितव्यं न नानास्वभावयेति एकत्वाच्च नियतेस्तत्कार्येणाप्येकाकारेणैव भवितव्यं, तथा च सति जगद्वैचित्र्याभाव, न चैतद्दृष्टमिष्टं वा।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३२५ : अभिभूय, किं? परीसहोवसग्गे।

४. चूर्णि, पृष्ठ २६ : अभिभूय च विषयकषायादीन् परीषहोपसर्गान् वा।

कुछ व्यक्तियो के न कोई स्वजन-परिजन होते है और न उनके पास ऐश्वर्य होता है, फिर भी वे मुनिचर्या के लिए उपस्थित हो जाते हैं।[1]

६५. मुनि-चर्या के लिए (भिक्खायरियाए)

भिक्षाचर्या मुनि-चर्या का वाचक है। इसका अर्थ—धर्म और प्रव्रज्या भी है।[2]

प्रस्तुत सूत्र मे चूर्णिकार ने यह उल्लेख किया है कि जिनशासन मे जैसे आर्य, उच्चगोत्र वाले, महाकायवाले, सुवर्ण और सुरूप प्रव्रजित होते हैं, वैसे ही अनार्य, नीचगोत्रवाले, वामन, दुवर्ण और दुरूप भी प्रव्रजित होते हैं। अनार्य जैसे—आर्द्रकुमार, नीचगोत्र जैसे हरिकेशबल, वामन जैसे अतिमुक्तक मुनि, दुरूप-दुवर्ण जैसे हरिकेशबल। चूर्णिकार ने यह भी संकेत दिया है कि वर्तमान मे नीचगोत्र वालो को छोडकर सभी प्रव्रजित किए जाते हैं।

इस उल्लेख द्वारा चूर्णिकार ने अतीत की परपरा तथा वर्तमान की परम्परा—दोनो का निदर्शन किया है। इससे फलित होता है कि चूर्णिकार के समय मे, नीचगोत्र मे उत्पन्न व्यक्ति को दीक्षित करने की प्राचीन परपरा होने पर भी, वर्तमान के सामाजिक प्रभाव के कारण, उसे दीक्षित करने की वर्जना हो गई।

चूर्णिकार ने यह संकेत भी दिया है कि नीचगोत्र मे उत्पन्न व्यक्ति को अन्य देश या अपरिचित देश मे प्रव्रजित किया जा सकता है, केवल हरिकेश जाति को प्रव्रजित नही किया जाता।[3]

सूत्र ५० :

६६. दूसरी-दूसरी वस्तुओं को (अण्णमण्णं)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ—अनेक प्रकार का किया है।[4]

वृत्तिकार के अनुसार इसका अर्थ है—दूसरी वस्तुओ को उद्दिष्ट कर।[5]

६७. (खेत्तं मे..........कामभोगा)

प्रस्तुत प्रसग मे व्यक्ति के काम मे आनेवाली अनेक वस्तुओ का उल्लेख है। उनकी सामुदायिक संज्ञा है—कामभोग। कुछेक शब्दो की व्याख्या इस प्रकार है—

उपकरण—कामभोग के लिए उपकारी वस्तुए—हिरण्य, सुवर्ण, क्षेत्र, वास्तु आदि। घट, पट, शकट आदि।[6]

हिरण्य—हिरण्य के अनेक अर्थ हैं—स्वर्ण, आभूषण, चादी, कोई भी मूल्यवान् धातु, ऐश्वर्य आदि।[7]

सुवर्ण—स्वर्ण का अर्थ है—सोना। जो सोना मूल रूप मे है, जो आभूषणो मे परिवर्तित नही हुआ है वह स्वर्ण कहलाता है।[8]

आप्टे डिक्शनरी मे इसका एक अर्थ—सोने का सिक्का भी किया है।[9]

धन—यह पशुधन का वाचक शब्द है।[10] राजस्थानी भाषा मे आज भी पशुओ को 'धन' कहा जाता है।

---

१. वृत्ति, पत्र २९-३०।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३२५ धम्मे पव्वज्जाए य।

३. वही, पृष्ठ ३२५ : अणारियावि पव्वयंति, जहा अद्दयो वक्ष्यमाण, णीयागोत्तावि जहा हरिएसबलो, ह्रस्ववन्तो जहा अतिमुत्तो वामणा वा, दुवण्णरूवेसु सो चेव हरिएसबलो, अण्णो वा जो कोई दुवण्णरूवो, संपतंपि णियागोतवज्जा पव्वाविज्जंति, अण्णदेसे वा हरिएसवज्जा, दुरूवदुवण्णा पुण अव्यंगसरीरा सदोसावि पव्वाविज्जति चेव।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३२६ अण्णं च अण्णं च अण्णमण्णं, अनेकप्रकारमित्यर्थ अन्यच्चान्यच्च अण्णमण्ण।

५. वृत्ति, पत्र ३० : अन्यवन्यद्वस्तूद्दिश्य।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३२५ : कामभोगोवकारी उवकरणं ताणि चेव खेत्तवत्थुहिरण्णसुवण्णादीणि च।
.......उवकरणं च उपकरोतीत्युपकरणं घटपटशकटादि।

७. आप्टे संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी।

८. वृत्ति, पत्र ३० : सुवर्ण—कनकं (अघटितरूप्यसुवर्णमितिपर्यायः—प्राचीनपुस्तके)।

९. आप्टे, संस्कृतइंग्लिश डिक्शनरी।
स्वर्णम्.......(1) Gold (2) Golden Coin

१०. वृत्ति, पत्र २३० : 'धनं' गोमहिष्यादिकम्।

शख—शख का एक अर्थ सुगधित द्रव्य भी है। मराठी मे उस द्रव्य को 'नखी' कहते है।[1]

शिला-प्रवाल—शिला का अर्थ है—लाजावर्तक और प्रवाल का अर्थ है—मूगा।

वृत्तिकार ने मुख्य रूप से 'शिला' और 'प्रवाल' को भिन्न-भिन्न शब्द मानकर शिला का अर्थ—पर्वत मे विच्छिन्न पत्थर का टुकडा और प्रवाल का अर्थ विद्रुम किया है।

उन्होने वैकल्पिक रूप मे इसको एक शब्द मानकर इसका सस्कृत रूप 'श्रीप्रवाल' दिया है। उसका अर्थ है—वर्ण आदि से युक्त प्रवाल।[2]

सत्-सार—सत् का अर्थ है—श्रेष्ठ वस्तु।

कौटिल्य अर्थशास्त्र मे 'सार' वर्ग है। उसके अन्तर्गत चदन, अगरु, कोलायक (काष्ठ विशेष) तैलपर्णिक (गध वृक्ष) और भद्रश्री आदि गंधद्रव्यो का ग्रहण किया गया है।[3]

९८. रोग और आतंक (रोगातंके)

रोग का अर्थ है—ज्वर, सिरदर्द आदि। आतक का अर्थ है—शीघ्रघाति रोग—शूल आदि।[4]

दीर्घकाल स्थायी व्याधि को रोग और सद्य.घाती व्याधि को आतक कहा जाता है।[5]

९९. मन को नहीं भाने वाला (अमणामे)

वृत्तिकार ने इसका सस्कृत रूप 'अवनाम' दिया है। इसका अर्थ है—विशेप पीडाकारी, दु खरूप। उन्होने इस शब्द को तोड-कर दो शब्द—'अमनाक्', 'मे'—दिए हैं। 'अमवाक्' का अर्थ है—निरन्तर और 'मे' का अर्थ है 'मेरा'।[6]

वृत्तिकार द्वारा दिए गए ये सस्कृत रूप बौद्धिक प्रतीत होते हैं। वास्तव मे 'मणाम' देशी शब्द होना चाहिए। 'मन. आप' यह इसका अर्थसूचक सस्कृत रूप है।

चूर्णिकार ने इसका सस्कृत रूप 'मनोम.' किया है। मनसो मत मनोम:। यह मनाम शब्द के बहुत निकट है।[7]

१००. (एवमेव णो लद्धपुव्वं भवति)

वह दु खी व्यक्ति चाहता है कि नाना प्रकार का परिग्रह या कामभोग उसे दु ख मे मुक्त करदे। पर उसके चाहने मात्र से वैसा नही होता। क्षेत्र आदि परिग्रह तथा शब्द आदि कामभोग उस दु खी व्यक्ति को दु ख से मुक्त नही कर पाते।[8]

१०१. कभी पुरुष……छोड़ देते हैं (पुरिसे वा एगया……पुरिसं विप्पजहंति)

कभी पुरुष कामभोगो को पहले ही छोड देता है और कभी कामभोग पुरुप को पहले ही छोड देते हैं।

रोग के उत्पन्न होने पर, बुढापे से जीर्ण होने पर या राजा आदि के द्वारा उपद्रुत होने पर व्यक्ति सभी पदार्थो को छोड देता है, क्योकि वह उनका उपभोग करने मे असमर्थ हो जाता है। उसकी शारीरिक असमर्थता तथा राजा आदि के द्वारा उत्पादित परिस्थिति के कारण वह उन सब पदार्थो को छोड देता है।

पुरुप कामभोगो को भोगने की लालसा से युक्त है। शारीरिक सामर्थ्य भी है। विपयोन्मुखता भी प्रबल है। किन्तु धन के अभाव में या अन्यान्य परिस्थिति के कारण वे पदार्थ उसे उपलब्ध नही होते। वह उन्हे नही भोग पाता। इस अर्थ मे वे कामभोग उस

---

१ आप्टे, संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी।

२. वृत्ति, पत्र ३० : मुक्तशैलादिकाः शिला, 'प्रवालं'—विद्रुम यदि वा—सिलप्पवालं ति श्रिया युक्तं प्रवालं श्रीप्रवालं वर्णादिगु-णोपेतम्।

३. कौटिल्य अर्थशास्त्र, पुटक ८७, प्रघट्टक ३।

४. वृत्ति, पत्र ३० शिरोवेदनादिकं आतङ्को वाऽऽशुजीवितापहारी शूलादिक।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३२६ रोगातके, विदूणमासासो, पुण वातिओ वा पेत्तिअसिमियसंणिवाइय……दीर्घकालस्थायी रोग, सज्जोघाती आतंक।

६. वृत्ति, पत्र ३० अवनामयतीत्यवनाम —पीडाविशेषकारी दु खरूपो यदि वा न मनागमनाक्, 'मे' मम नितरामित्यर्थ'।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३२६. मनसो मत. मनोम.।

८. वृत्ति, पत्र ३०।

पुरुष को पहले ही छोड देते हैं ।[1]

प्रस्तुत प्रसंग मे 'कामभोग' शब्द व्यापक अर्थ मे प्रयुक्त है। इसके द्वारा चल-अचल सभी प्रकार के परिग्रह और एकेन्द्रिय विषयो का परिग्रह किया है।

तुलना—जेहिं वा सद्धिं संवसति ते वा ण एगया णियगा त पुव्विं परिहरति, सो वा ते णियगे पच्छा परिहरेज्जा—आयारो, २/२०।

सूत्र ५१ :

१०२. किसी दूसरे का दुःख कोई दूसरा नहीं लेता (अण्णस्स दुक्ख अण्णो णो परियाइयइ)

जैन दर्शन का यह निश्चित अभिमत है कि जो करता है वही भरता है। जो जैसा बोता है उसी के अनुरूप उसे फल मिलता है। व्यक्ति चाहे किसी के लिए कुछ भी पाप करे, उसका परिणाम उसे ही भोगना पडता है। कोई भी उस पाप के परिणाम का हिस्सा नही बटाता। इसकी पुष्टि इसी सूत्र की आगे प्रयुक्त शब्दावली—'पत्तेयं जायइ, पत्तेय मरइ'—आदि मे है।

जितने भी ससार मे छोटे-बडे प्राणी हैं वे सब अपने-अपने कर्म के विपाक से सुख-दु ख का अनुभव करते है। दूसरे का दु ख दूसरा नही बटा सकता। माता, पिता या स्वजन-बन्धु अपने सम्बन्धियो के असह्य दु ख से पीडित अवश्य होते है, किन्तु वे उस दु ख का विभाग नही ले सकते। दु ख उसी को भोगना होता है, जिसने उन दु खो को पैदा किया है।[2]

१०३. किसी दूसरे के कृत का कोई दूसरा प्रतिसंवेदन नहीं करता (अण्णेण कतं अण्णो णो पडिसंवेदेइ)

दूसरे व्यक्ति के द्वारा सपादित कर्म का कोई दूसरा प्रतिसवेदन नही करता।

कोई प्राणी कषाय के वशीभूत होकर या भोग की अभिलाषा से या अज्ञानवश या मोह के प्रबल उदय से कर्म उपार्जित करता है। उन कर्मो के उदय का अनुभव उसी प्राणी को करना होता है। उन कर्मो का कटु परिणाम उसे ही भुगतना पडता है। दूसरा उस कर्म का अनुभव करता है तो 'अकृत-आगम' अर्थात् बिना किए का उपभोग करना पडता है। यह जैन परम्परा मे मान्य नही है। तथा साथ ही साथ जिसने किया उसने फल नही भोगा—यह 'कृत-नाश' नाम का दोष भी उत्पन्न होता है। अत जो करता है, उसे ही भोगना पडता है—यही जैन दर्शन की मान्यता है।

इसीलिए कहा है— **'परकृतकर्मणि यस्मान्न क्रामति संक्रमो विभागो वा ।**
तस्मात् सत्त्वानां कर्म, यस्य यत्तेन तद्वेद्यम् ॥

—दूसरे द्वारा किए गए कर्म मे न सक्रमण होता है और न उसका विभाग होता है। इसलिए जिसने जो कर्म किया है, उसको उसका परिणाम भुगतना ही पडेगा।[3]

१०४. अकेला च्युत होता है, अकेला उपपन्न होता है (पत्तेयं चयइ पत्तेयं उववज्जइ)

चूर्णिकार और वृत्तिकार ने चयइ—च्यवन का अर्थ—छोडना स्वीकार किया है। प्रत्येक व्यक्ति क्षेत्र, वास्तु, हिरण्य, सुवर्ण आदि परिग्रह तथा, शब्द, रूप आदि इन्द्रिय विषयो तथा माता, पिता, पत्नि आदि सबधियो को छोडता है।

उन्होने 'उपपद्यते' का अर्थ—परिग्रह स्वीकार करते हैं—किया है। किंतु ये अर्थ प्रासगिक नही है। इनके साथ दो क्रिया पद और हैं—जायइ और मरइ।[4]

---

१. वृत्ति, पत्र ३१ : 'पुरिसो वा' इत्यादि पुरि शयनात् पुरुषः-प्राणी, 'एकदा' व्याध्युत्पत्तिकाले जराजीर्णकाले वाऽन्यस्मिन्वा राजाद्युपद्रवे, 'तान्'—कामभोगान् परित्यजति, स वा पुरुषो द्रव्याद्यभावे तैः कामभोगैर्विषयोन्मुखोऽपि त्यज्यते ।

२. वृत्ति, पत्र ३१ : सर्वस्यैव संसारोदरविवरवर्तिनोऽसुमतः स्वकृतकर्मोदयाद् यद् दुःखमुत्पद्यते, तदन्यस्य संबन्धि दुःखमन्यो मातापित्रादिक कोऽपि न प्रत्यापिबति, न तस्मात्पुत्रादेर्दुःखेनासह्येनात्यन्तपीडिता, स्वजना नापि तद्दु खमात्मनि कर्तुमलम् ।

३. वृत्ति, पत्र ३१ . 'अन्येन' जन्तुना कषायवशगेन इन्द्रियानुकूलतया भोगाऽभिलाषिणाऽज्ञानावृतेन मोहोदयवर्तिना यत्कृतं कर्म तदुदयमन्य प्राणी नो प्रतिसंवेदयति—नानुभवति, तदनुभवने ह्यकृतागमकृतनाशौ स्यातां, न चेमौ युक्तिसगतौ अतो यद्येन कृतं तत्सर्वं स एवानुभवति, तथा चोक्तम् ''''''' '''परकृतकर्मणि ।

४. (क) चूर्णि, पृ० ३२७ : पत्तेयं त्यजति उपपद्यते ।
(ख) वृत्ति, पत्र ३१ : प्रत्येकं क्षेत्रवास्तुहिरण्यसुवर्णादिकं परिग्रहं शब्दादींश्च विषयान् मातापितृकलत्रादिकं च त्यजति, तथा प्रत्येकमुपपद्यते—युज्यते परिग्रहस्वीकरणतया ।

जायइ और मरइ—ये दोनो क्रियापद मनुष्य और तिर्यञ्च के जन्म और मृत्यु के सूचक हैं। चयइ और उववज्जइ—ये दो क्रियापद देवो के जन्म और मरण के सूचक है। च्यवन का अर्थ है—ऊपर से च्युत होकर नीचे आना और उपपात का अर्थ है—गर्भ की प्रक्रिया के विना जन्म-धारण करना।

१०५. (पत्तेयं झंझा……पत्तेयं वेदणा)

प्रस्तुत प्रसग मे पाच महत्त्वपूर्ण शब्दो का उल्लेख हुआ है। उनकी व्याख्या इस प्रकार है—

झंझा—इसका अर्थ है कलह। वृत्तिकार ने कलह के उपादान कारणभूत कपायो को भी ग्रहण किया है। उनका कहना है कि कपायो का मन्द, तीव्र उदय भी अपना-अपना होता है। सवका समान नही होता।[1]

सन्ना—इसका अर्थ है—जानना, पदार्थों का परिज्ञान। यह भी किसी प्राणी मे मन्द, किसी में मन्दतर, किसी में पटुतर होता है। जव तक प्राणी सर्वज्ञ नही हो जाता तव तक उसका सारा ज्ञान तारतम्य-युक्त होता है। पूर्णज्ञान होने पर ही यह तरतमता मिटती है।[2]

मनन—मनन भी अपना-अपना होता है। मनन, चिंतन, पर्यालोचन—ये सव समान नही होते।[3]

विन्नान—इसका अर्थ है—विशिष्ट रूप से जानना। वृत्तिकार ने इसका अर्थ विद्वान् किया है।[4]

वेदना—इसका अर्थ है—सवेदन या अनुभव। सातवेदनीय कर्म और असातवेदनीय कर्म—ये दोनो सुख-दुःख के सवेदन मे निमित्त वनते हैं।[5]

विशेष विवरण के लिए देखें—ठाण १।२९-३२ का टिप्पण, पृष्ठ २२, २३।

१०६. क. त्राण……शरण (ताणाए……सरणाए)

त्राण देने का अर्थ है—वर्तमान कष्टो से उवारना और शरण देने का अर्थ है—भविष्य मे सरक्षण देना।[6]

१०६. ख. कभी पुरुष……छोड़ देते हैं (पुरिसे वा एगया……पुरिसं विप्पजहंति)

कभी-कभी व्यक्ति क्रोध आदि आवेगो के वशीभूत होकर या वैराग्य के कारण अपने ज्ञातिजनो के सम्बन्धो को छोड देता है।

कभी ऐसा भी होता है कि ज्ञातिजन उस पुरुष के असदाचरण को देखकर उससे सम्वन्ध-विच्छेद कर लेते है। जैसे अट्टण मल्ल परिवार-जनो द्वारा छोड दिया गया।[7]

१०७. (सूत्र ५१)

जैन दर्शन मे सत्य की व्याख्या दो नयो से की गई है। निश्चय नय के द्वारा सूक्ष्म सत्य व्याख्यात होता है और व्यवहार नय के द्वारा स्थूल सत्य व्याख्यात होता है। भारतीय दर्शन या अध्यात्म से व्यक्तिवादी दृष्टिकोण निर्मित होता है—यह एक चिन्तन है। इसे सर्वथा अवास्तविक भी नही कहा जा सकता। प्रस्तुत सूत्र इसका स्वयंभू साक्ष्य है। जन्म, मृत्यु, रोग, आतक और स्वार्थपूर्ण मनोवृत्ति—ये सव वास्तविकताए हैं। इन वास्तविकताओ का वोध जव होता है तव सहज ही मनुष्य को अपने वैयक्तिक अस्तित्व

---

१. वृत्ति, पत्र ३१ झंझा—कलहस्तद्ग्रहणात् कपायाः परिगृह्यन्ते, तत प्रत्येकमेवासुमतां मन्दतीव्रतया कपायोद्भवो भवति।

२. वही, पत्र ३१ सज्ञान संज्ञा—पदार्थपरिच्छित्ति, साऽपि मन्दमन्दतरपटुतरभेदात् प्रत्येकमेवोपजायते, सर्वज्ञादारतस्तरतमयोगेन मतेर्व्यवस्थितत्वात्।

३. वही, पत्र ३१,३२ मननं—चिन्तनं पर्यालोचनमिति यावत्।

४. वही, पत्र ३२ विण्णु त्ति विद्वान्।

५. वही, पत्र ३२ प्रत्येकमेव सातासातरूपवेदना—सुखदुःखानुभव।

६. वृत्ति, पत्र ३२ संसारचक्रवाले पर्यटतोऽत्यन्तपीडितस्य तदुद्धरणे न त्राणाय न त्राणं कुर्वन्ति, नाप्यनागतसंरक्षणत शरणाय भवन्ति।

७. (क) वृत्ति, पत्र ३२ : क्रोधोदयादिकाले ज्ञातिसंयोगान् 'विप्रजहन्ति'—परित्यजन्ति, 'स्वजनाश्च न बान्धवा'—इति व्यवहार-दर्शनात्. ज्ञातिसंयोगा वैकदा तदसदाचारदर्शनतः पूर्वमेव तं पुरुषं परित्यजन्ति—स्वसंबन्धादुत्तारयन्ति।

(ख) चूर्णि, पृष्ठ ३२७ : पुरिसो वेगता पुव्विं णातिसंजोगे विप्पजहति, जहा भरहो, पुरिसं वा एगता णातिसंयोगा विप्पजहंति जह अट्टण।

का अनुभव होता है। वह उसे अध्यात्म की दिशा मे प्रेरित करता है। इस प्रेरणा को स्वीकार करते हुए भी स्थूलदृष्टि से प्रेरणा को अस्वीकार नही किया जा सकता। वह प्रेरणा है—मूर्च्छा। जब तक व्यक्ति मे मूर्च्छा होती है तब तक वह पूरे अर्थ मे व्यक्तिवादी नही बन सकता। मूर्च्छा का सूत्र उसे समुदायवादी बनाए रखता है। प्रस्तुत सूत्र या दृष्टिकोण उन व्यक्तियो का दृष्टिकोण है जिनके जीवन मे मूर्च्छा का धागा टूट जाता है।

अध्यात्म की भाषा मे यह पूरा सूत्र 'अन्यत्व अनुप्रेक्षा' का सूत्र है। यही 'एकत्व अनुप्रेक्षा' है। मैं अकेला हू—इसका फलित होता है 'मैं सबसे अन्य हू।' 'मैं सबसे अन्य हूं'—इसका फलित है कि 'मैं अकेला हू।'

सूत्र ५२ :

१०८. हाथ····मेरे (हत्था मे····)

चूर्णिकार ने इसका वर्णन इस प्रकार दिया है—'मेरे हाथ कमलदल की तरह कोमल और लक्षणो से उपचित है। मेरी भुजाए हाथी के सूड की आकृति वाली, मेरे पैर कूर्म सदृश, और मेरी आयु दीर्घ है। मुझे औरस-बल और बुद्धि-बल प्राप्त है। मेरा वर्ण अवदात, त्वचा स्निग्ध और शरीर लावण्ययुक्त है।'

'वह मानता है मेरी आखें विशाल रक्तोत्पल की भाति धवल हैं। मेरी नासा ऋजु, ऊची और आयत है। मेरी जीभ पतली और विशद है और स्पर्श कर्कश और कोमल दोनो है। इसी प्रकार दान्त, ओष्ठ, कपोल, भौहे, ललाट, गला, कधा, छाती, पीठ, कटि, जानु, जघा आदि पर भी वह ममकार करता है। शरीर और शरीर के अवयव जैसे मेरे हैं वैसे दूसरो के नही है। यदि वे अवयव सुन्दर नही भी होते हैं तो भी वह उनमे ममकार करता है। यह सामान्य बात है कि कोई भी व्यक्ति अपने शरीर या शरीर के अवयवो के सड-गल जाने पर भी उनको छेदना नही चाहता।'[1]

'मेरे सगे-सम्बन्धी दूर की वस्तु है। सबसे निकट का है मेरा शरीर, मेरे ये अवयव। वह मानता है कि मेरे हाथ अशोक वृक्ष के पत्तो की भाति हैं। मेरी भुजाए हाथी के सूड की आकृति वाली हैं। दूसरो के पुरो को जीतने मे और प्रेमीजनो के मनोरथो को पूरा करने मे वे समर्थ हैं। वे शत्रुओ का नाश करने वाली है। जैसी मेरी ये भुजाए है, वैसी दूसरो की नही है। मेरे पैर भी पद्मगर्भ की भाति सुकुमार हैं।[2]

१०९. आयु (आऊओ)

प्राणी आयुष्य से प्रति समय क्षीण हो रहा है। जिस क्षण मे वह जन्म लेता है उसी क्षण मे वह मरना प्रारभ कर देता है, इसीलिए एक दिन वह मर जाता है। यदि पहले क्षण नही मरता तो आगे कभी नही मरता। क्षण-क्षण मे होने वाली मृत्यु ही उसे एक दिन मार डालती है। प्रतिक्षण होने वाली मृत्यु को जैन शब्दावली मे 'आवीचिमरण' कहा गया है।

११०. वर्ण से···· ··छाया से (वण्णाओ··छायाओ)

वर्ण निरन्तर साथ रहने वाला होता है। छाया (आभा) सबमे नही होती। कुछ लोगो मे होती है, कुछ लोगो मे नही होती। यही वर्ण और छाया मे अन्तर है।[3]

---

१ चूर्णि, पृष्ठ ३२७ : हस्तादय : यथा मम पद्मतलकोमलौ लक्षणोपचितौ हस्तौ तथा कस्यान्यस्य ?

इमौ करिकराकारौ, भुजौ परपरजुतौ ।
प्रदांतौ गोसहस्राणां, जीवितान्तकरः कर ।।

पादा मे कुम्र्मणिभा, आयु मे दीहं निरवद्युतं च, बलं उरसं बुद्धिबल च, वण्णो अवदातादी, त्वक् स्निग्धा, छाया प्रभा, वर्णच्छाययो को विशेष ? वर्ण अनपायी, छाया तु उत्तिन्नपुरिसमनपायिनी, शेषाणा भवति च न भवति च, अनलानिलसलिलसमुद्रवाग्बुद्धि पंचधा स्मृता छाया' अशुभदा त्रिकार्यलक्षणा, अथवा अवर्णणीयेऽपि ममीकारो भवति, शरीरे शरीरावयवेषु वा सडंतंपि कोइ णेच्छइ च्छेतु, जति णिव्विज्जति ण जीवति, सप्पगोणसरवइताइणं सडइ ण च सक्केति पविणेतु, एव अच्छीणि विशालरत्तुप्पलधवलाइं, दिट्ठी मे बलिया, उज्जुतुगायता णासा, जिब्भावि तणुभावि तणुइआ विसदा, फासा कक्कडमउओ, इत्योणं विपरीतो, एवमन्येऽपि वंतोट्ठकवोलभुमगणिडालगलखंधउरपट्ठिकडिजाणुजंघादि ममाति—ममीयते जारिसं मम सरीर सरीरावयवा वा तारिसा कस्सति ?

२. वृत्ति, पत्र ३२।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३२७।

१११. शरीर में झुरियों की तरंगें उठ आती है (वलितरंगे गाए भवति)

वृद्धावस्था के कारण शरीर मे झुरिया पड जाती है। सारा शरीर नाडियो के जाल से वेष्टित हो जाता है। उसे देखकर स्वय मनुष्य भी उद्विग्न हो जाता है। दूसरो का तो कहना ही क्या ? एक कवि ने सुन्दर कहा है—

वलि सततमस्थिशेषित शिथिलस्नायुवृतं कलेवरम् ।
स्वयमेव पुमान् जुगुप्सते, किमु कान्ता कमनीयविग्रहा ॥

जो शरीर झुरियो से आक्रान्त है, जिसमे केवल हड्डिया ही शेप हैं, सारे स्नायु शिथिल हो गए हैं, उन्हे देख स्वय व्यक्ति उसकी जुगुप्सा करता है तो भला कमनीय शरीर वाली स्त्री का तो कहना ही क्या ?[1]

११२. काले केश सफेद हो जाते है (किण्हा केसा पलिया भवंति)

काले केश अवस्था के परिणाम रूपी जल से प्रक्षालित होकर सफेद हो जाते हैं।[2]

११३. आहार से उपचित है (आहारोवचियं)

यह शरीर भी परायत्त है। यह बिना किसी आधार के टिक नही सकता। बिना आहार के यह सूख जाता है और अन्त मे मर जाता है। यदि कालोचित, स्निग्ध, मनोज्ञ, पर्याप्त और प्रदीप्तिकर आहार मिलता है तो शरीर तीस वर्ष की अवस्था तक बढता जाता है। बैल और मनुष्यो का वह शरीर उपरोक्त आहार की उपलब्धि पर उसी प्रकार टिका रह सकता है। फिर वह धीरे-धीरे क्षीण होता जाता है। अथवा आवीचिमरण से प्रतिक्षण मरता हुआ प्राणी जीर्ण शकट की भाति एक दिन टूट जाता है, नष्ट हो जाता है।[3]

सूत्र ५३ :

११४. भिक्षाचर्या में (भिक्खायरियाए)

भिक्षाचर्या का अर्थ है—सयम जीवन के निर्वाहार्य भिक्षा की चर्या। यह संयम की भी द्योतक है। शरीर सयम की दीर्घ यात्रा पर प्रयाण करता है। वह भोजन के बिना टिक नही सकता। अत उसे टिकाए रखने के लिए भोजन आवश्यक होता है। भिक्षु का भोजन भिक्षा से ही प्राप्त हो सकता है। उसकी यही चर्या है।[4]

११५. दो प्रकार के लोक को (दुहओ लोगं)

यह द्वैतवाद का सूचक है। इसका विस्तार ठाण २।१ मे प्राप्त है।

सूत्र ५४ :

११६. यहां गृहस्थ……ब्राह्मण (गारत्था……माहणा)

यहा एक प्रश्न उपस्थित किया गया है कि गृहस्थ के कहने मात्र से ब्राह्मणो का ग्रहण स्वतः हो जाता है। यहा दोनो का उल्लेख क्यो हुआ है ?

चूर्णिकार का कथन है कि कुछ ब्राह्मण घर-द्वार को छोडकर, लौकिक तीर्थस्थल या तपोवनो मे जाकर घूमते रहते हैं और मृगचारिका आदि का पालन करते है। इसलिए ऐसे ब्राह्मण गृहस्थ नही कहे जाते। ब्राह्मण का एक अर्थ श्रमणोपासक भी होता है।[5]

---

१ वृत्ति, पत्र ३२ वलितरङ्गाकुलं सर्वत शिराजालवेष्टितमात्मनोऽपि शरीरमिदमुद्वेगकृद्भवति किं पुनरन्येषां ? तथा चोक्तम्……।

२ वृत्ति, पत्र ३२ कृष्णा केशा वय.परिणामजलप्रक्षालिता धवलतां प्रतिपद्यन्ते।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३२८ . आहारोपचय, विणा आहारेण सुस्सति मरयति य. सतापि च आहारेण कालोपकेण णिद्धेण मणुण्णेण पज्जत्तेण पदिज्जमाणेण आणुपुव्वीए जाव तीसवरिसाणि वड्ढित्तु ताव तंपि अवट्ठितं वा गोमणुयाऊणं, जंपि णिरुवक्कमं आउसं भवति तंपि आणुपुव्वीए परिहाति, तंजहा—पण्णासगस्स चक्खू हायति, अथवा समए समए आवीचियमरणेण मरमाणो जीर्णशकटवत् पतति।

४. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३२८ · भिक्खायरियं विणा प्राणी प्राणयिता न ज्ञानादीनि तेन भिक्खायरियग्रहणं।
(ख) वृत्ति, पत्र ३२ स भिक्षुर्देहदीर्घसयमयात्रार्थं भिक्षाचर्यायां समुत्थित।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३२९ णणु गारत्थगहणेण द्विजातयो गहिता ? उच्यते—केचिद् द्विजा घरवारं पयहिऊण लोइआइं तित्थतवोवणाइं आहिंडंति मिगचारियादि चरंति, समणोवासगा वा, ते तु अविरतत्वात्।

सूत्र ५४ :

११७. श्रमण (समणा)

वृत्तिकार ने श्रमण से शाक्य भिक्षुओ का ग्रहण किया है। वे पचन-पाचन आदि की अनुमति देते है तथा दास आदि रखते है, अत वे आरम्भ और परिग्रह-युक्त होते है।[1] चूर्णिकार ने श्रमण से पाच प्रकार के श्रमणो का ग्रहण किया है[2]। वे पाच प्रकार के श्रमण ये है—निर्ग्रन्थ, शाक्य, तापस, गैरुक—परिव्राजक और आजीवक।[3]

११८. मैं अहिंसक और अपरिग्रही हूं (अहं खलु अणारंभे अपरिग्गहे)

चूर्णिकार ने यहा एक प्रश्न उपस्थित किया है कि जो अनारभ और अपरिग्रह है, वह शरीर का निर्वाह कैसे कर सकेगा ?

इसका समाधान यह है कि गृहस्थ आरभ और परिग्रह युक्त होते है, तथा जो श्रमण द्रव्य आरम्भ मे प्रवृत्त है, वे आरम्भ के प्रति असंयत होने के कारण आरम्भ और परिग्रह-युक्त ही होते है। अत वे आहार, औषधि, वस्त्र, शय्या, वसति आदि के लिए उन गृहस्थो या श्रमणो की निश्रा मे रहते हुए शरीर का निर्वाह करते हैं।[4]

११९. निश्रा (आश्रय) में (णिस्साए)

निश्रा का अर्थ है—आश्रय। स्थानाग मे पाच निश्रा-स्थान बतलाए है—१ छह जीवनिकाय, २. गण—श्रमणसघ, ३ राजा, ४. गृहपति और ५. शरीर।[5]

निश्रा-स्थान का अर्थ है—आलबन स्थान, उपकारक स्थान। विशेष विवरण के लिए देखे—ठाण ५।१९२ का टिप्पण, पृष्ठ ६४५।

१२०. ब्रह्मचर्यवास में (बंभचेरवासं)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ चारित्र किया है।[6]

वृत्तिकार ने ब्रह्मचर्य का अर्थ श्रामण्य किया है। इसका अर्थ प्रव्रज्या भी है।[7]

प्रस्तुत आगम के प्रथम श्रुतस्कध १४।१ मे सुबभचेर—सुब्रह्मचर्य शब्द का प्रयोग हुआ है। वहा चूर्णिकार और वृत्तिकार ने इसके तीन अर्थ किए है—सुचारित्र, नौ गुप्तियुक्त मैथुन-विरति और गुरुकुलवास।[8]

प्रस्तुत आगम के द्वितीय श्रुतस्कध ५।१ मे ब्रह्मचर्य की व्याख्या मे चूर्णिकार के आचार, आचरण, सवर, सयम और ब्रह्मचर्य को एकार्थक माना है।[9]

१२१. जैसे पहले …… (जहा पुव्वं ……)

यदि भिक्षु गृहस्थ की निश्रा मे न रहे तो जैसे भिक्षु पर्याय से पहले वह आरम्भ और परिग्रहयुक्त था वैसे ही प्रव्रजित होने पर भी हो जाएगा।

आज वह भिक्षु वन आरम्भ और परिग्रह युक्त है, वैसे वह पहले भी था।

---

१. वृत्ति, पत्र ३३ श्रमणा शाक्यादय। ते च पचनपाचनाद्यनुमते सारम्भा दास्यादिपरिग्रहाच्च सपरिग्रहा।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३२६ समणा पच।

३ निशीथभाष्य गाथा, ४४२० णिग्गंथ सक्क तावस, गेरुय आजीव पंचहा समणा।

४ चूर्णि, पृष्ठ ३२६ अणारभो अपरिग्गहो य कथं शरीर धारयिष्यति ? उच्यते, जइ खलु गारत्था सारभा एगतिया समणा दव्वारंभ प्रति जइ णाम केइ अणारभा अपरिग्रहा वा आरमं प्रति असयतत्वात् सारभा सपरिग्गहा चेव, तत्य जे ते वव्वारभं प्रति सारभा सपरिग्गहा भिक्खगमादी ते चेव णिस्साए आहारोवहिसेज्जादि जायमाणा।

५ ठाण ५।१९२ धम्मण्ण चरमाणस्स पच णिस्साट्ठाणा पण्णत्ता, त जहा—छक्काया, गणे, राया, गाहावती, सरीरं।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३२६ बभचेर ''चारित्रमित्यर्थ।

७. वृत्ति, पत्र ३४ ब्रह्मचर्य—श्रामण्य''''प्रव्रज्याम्।

८ (क) चूर्णि, पृष्ठ २२८ सोभणं बंभचेर वसेज्जा सुचारित्रमित्यर्थ, गुप्तिपरिसुद्ध वा मेयुन वंभचेर वुच्चति, गुरुपादमूले जावज्जीवाए जाव अब्भुज्जतविहारं ण पडिवज्जति ताव वसे।

(ख) वृत्ति, पत्र २४८।

९ चूर्णि, पृष्ठ ४०३ आचारोत्ति वा आचरणति वा सवरोत्ति वा सजयोत्ति वा वंभचेरंति वा एगट्ठं।

गृहस्थ अपने जीवन मे आरम्भ और परिग्रहयुक्त होता ही है, किन्तु प्रव्रजित होने के बाद भी कुछ भिक्षु पचन-पाचन आदि प्रवृत्तियो मे युक्त होकर तथा अनेक प्रकार का परिग्रह रखकर परिग्रहयुक्त हो जाते है। वे भी कामभोग का सेवन करते है। उन्होंने केवल कधी को छोडा है, घर को छोडा है, आरभ और परिग्रह को नही। जो आरभयुक्त होता है वह घरवासी ही है।[1]

१२२. यह प्रत्यक्ष है (अंजू)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ ऋजुभाव किया है।[2] वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं[3]—प्रत्यक्ष या व्यक्त, प्रगुण न्याय।

१२३. दोनों (दुहओ)

चूर्णिकार के अनुसार इसके चार अर्थ हैं[4]—

१ गृहस्थ और श्रमण-ब्राह्मण—दोनो।

२ पहले और पीछे दोनो अवस्थाओ मे।

३. स्वय से या पर से।

४ राग मे या द्वेप से।

वृत्तिकार ने इसके तीन अर्थ किए हैं[5]—

१ आरम्भ और परिग्रह—इन दोनो से।

२ राग और द्वेप से।

३ गृहस्थ अवस्था और मुनि अवस्था—दोनो मे।

१२४. जिसमे आरंभ और परिग्रह—ये दोनों (दोहि वि अंतेहि)

वृत्तिकार ने आरम्भ तथा परिग्रह या राग और द्वेप—ये दो अंत माने है। उनके अनुसार अत का अर्थ अभाव भी है।[6]

१२५. दृश्य न हो (अदिस्समाणो)

वृत्तिकार ने इसके दो सस्कृत रूप दिए हैं[7]—

१. अदृश्यमान —अनुपलभ्यमान।

२. आदिश्यमान अपदिष्ट होता हुआ।

१२६. भिक्षु ऐसा जीवन जीए (इति भिक्खू रीएज्जा)

भिक्षु ऐसा जीवन जीए—यह उपसहारात्मक वाक्य है। इसका तात्पर्य यह है कि भिक्षु यह जान ले कि ये जितने सगे-सबधियो के सयोग है, जो यह धन-धान्य आदि का परिग्रह है, जो यह शरीर और उसके अवयव है, जो आयुष्य, बल, वर्ण, छाया आदि है—ये सब अशाश्वत हैं, अनित्य हैं, स्वप्न और इन्द्रजाल के समान असार है। जितने गृहस्थ और श्रमण-ब्राह्मण है—ये सब आरम्भ और परिग्रहयुक्त है। इसको भलीभाति जानकर भिक्षु सयम के अनुष्ठान मे प्रवर्तित हो।[8]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३२९ : गिहत्थे णिस्साए वुत्तं किं वा तेसिं 'अत्थि ज देहेंति ?, उच्यते, पुव्व एगे सारभा सपरिग्गहा एव आसी, इदाणिंपि पव्वइता संता पचमाणगा गामादिपरिग्गहेण य सपरिग्गहा, जेवि दुग्गता आसी तेवि कामादीणि सेवति, केवलं तेहिं फणिहा परिच्चत्ता।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३२९ : ...... रिजुभावेण।

३. वृत्ति, पत्र ३४ : 'अजू'—इति, व्यक्त' ......यदि वा—'अञ्जू' इति प्रगुणेन न्यायेन।

४ चूर्णि, पृष्ठ ३३० दुहवोत्ति दोवि ते, अथवा पुव्वि पच्छा य, अहवा सय परेहि य, अहवा रागेण दोसेण य।

५. वृत्ति, पत्र ३४ : 'द्विधाऽपि'—सारम्भसपरिग्रहत्वाभ्यामुभाभ्यामपि पापान्युपादयते, यदि वा रागद्वेषाभ्यामुभाभ्यामपि, यदि वा गृहस्थप्रव्रज्यापर्यायाभ्यामुभाभ्याम्।

६. वृत्ति, पत्र ३४ : 'द्वयोरप्यन्तयोः'—आरम्भपरिग्रहयो. रागद्वेषयोर्वाः।'' ....अन्तौ—अभावौ।

७. वृत्ति, पत्र ३४ 'अदृश्यमान.'—अनुपलभ्यमानः........आदिश्यमानः रागद्वेषाभाववृत्तित्वेनापदिश्यमानः।

८. वृत्ति, पत्र ३४ : य इमे ज्ञातिसंयोगा यश्चाय धनधान्यादिकः परिग्रहो यच्चेद हस्तपादाद्यवयवयुक्तं शरीरक यच्च तदायुर्बलवर्णादिक तत्सर्वमशाश्वतमनित्य स्वप्नेन्द्रजालसदृशमसार, गृहस्थश्रमण-ब्राह्मणाश्च सारम्भा. सपरिग्रहाश्च, एतत्सर्वं परिज्ञाय सत्सयमानुष्ठाने भिक्षू रीयेतेति स्थितम्।

सूत्र ५५ :

१२७. (सूत्र ५५)

प्रस्तुत सूत्र मे तीन विशेष शब्द प्रयुक्त है—परिज्ञातकर्मा, व्यपेतकर्मा और व्यतकारक । इनका अर्थ इस प्रकार है—

१ परिज्ञातकर्मा—आचाराग मे अपरिज्ञातकर्मा और परिज्ञातकर्मा—दोनो का निरूपण है ।[1] परिज्ञा दो प्रकार की होती है—ज्ञपरिज्ञा और प्रत्याख्यान परिज्ञा । जो कर्म-समारम्भ को जानकर उसका प्रत्याख्यान करता है, उसे परिज्ञातकर्मा कहा जा सकता है ।[2]

२ व्यपेतकर्मा—जैसे-जैसे सवर की साधना वढती है, वैसे-वैसे कर्म-वध का निरोध होता जाता है । उसके उत्कृष्ट विकास के साथ अवधक स्थिति आ जाती है । यह व्यपेतकर्म की अवस्था है ।

३ व्यतकारक—पूर्वोपार्जित कर्मों का अन्त करनेवाला अथवा अन्तक्रिया करनेवाला ।

तीन अवस्थाए परस्पर सवधित है । जो मुनि परिज्ञातकर्मा होता है वह नए कर्मों का उपचय नही करता, अवधक होता है । वह व्यपेतकर्मा होता है । जो व्यपेतकर्मा होता है वह अवधक होने के कारण पूर्व कर्मो का नाश करनेवाला होता है, व्यतकारक होता है ।[3]

बौद्ध परपरा मे तीन प्रकार की परिज्ञाओ का कथन है[4]—

१ ञात परिञ्ञा (ज्ञात परिज्ञा)

२. तीरण परिञ्ञा (तीरण परिज्ञा)

३. पहान परिञ्ञा (प्रहान परिज्ञा)

सूत्र ५६ :

१२८. (हम्ममाणस्स)

चूर्णिकार ने 'आउडिज्जति' और 'हम्मइ' को एकार्थक माना है । उनका कहना है कि जैसे सिर पर कील ठोकने को 'हम्मइ' कहते है और कानो मे कील ठोकने को 'आउडिज्जति' कहते है । दोनो एकार्थक है । अथवा ये दोनो शब्द देशी हैं ।[5]

एक ही अर्थ भिन्न-भिन्न स्थानो मे अनेक प्रकार के शब्दो से वाच्य होता है । जैसे—चावल को कही 'ओदन' कहते है, कही 'कूर' और कही 'भक्त' कहते है ।[6] इसी प्रकार आहनन क्रिया को कही आकुट्टन कहते है और कही 'हनन' कहते हैं और कही तीनो शब्द—आकुट्टन, हनन और तर्जन प्रचलित हैं ।[7]

---

१. आयारो, १।८-१२ ।

२. वही, १।१२ : जस्सेते लोगंसि कम्म-समारंभा परिण्णाया भवंति, से हु मुणी परिण्णाय-कम्मे ।

३ (क) चूर्णि, पृष्ठ ३३० दुविधाए परिण्णाए परिण्णायकम्मे परिज्ञातकर्मत्वात् व्यपेतकर्मा अवन्धक इत्यर्थः अवन्धकत्वात् पूर्वोपचित-कर्मणः वियतिकारिए, अंतं करोत्येवमाख्यातं भगवता ।

(ख) वृत्ति, पत्र ३४ : ज्ञपरिज्ञया परिज्ञाय, प्रत्याख्यानपरिज्ञया प्रत्याख्याय च परिज्ञातकर्मा भवति ।.... "परिज्ञातकर्मत्वाव्यपेत-कर्मा भवति । अपूर्वस्याबन्धको भवतीत्यर्थ, पुनरेवमित्यबन्धकतया योगनिरोधोपायत पूर्वोपचितस्य कर्मणो विषेशेणान्तकारको भवतीति ।

४ महानिदेश पालि (ना० सं) पृष्ठ ४५ ।

५ चूर्णि, पृष्ठ ३३० जहा सीसे हम्मइ खीलगो तहा सकण्णे आउडिज्जति, हम्मति तज्जण वाधाए आउडिज्जति हमइ एगट्ठा, देसिं वा आसज्ज ।

६. (क) वही, पृष्ठ ३३० जहा ओयणो कूरो भत्तं ददाति, एक एवार्थ अण्णण्णधाऽभिलवेंति ।

(ख) बृहत्कल्पभाष्य, पीठिका पृष्ठ २० यथा—मगधाना ओदन, लाटानां कूर, द्रमिलाना चौर, आन्ध्राणां इडाकुरिति—मगध देश मे चावल को 'ओदन', लाट देश मे 'कूर' द्रमिल (तमिल) देश मे 'चौर' और आन्ध्र देश मे 'इडाकु' कहते हैं ।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३३० एवमाहननक्रियायां केइ आउडत्ति भणतित्ति, केइ हमतित्ति भणंति, केइ पुण तिहिंवि पगारेहिं ।

१२९. (परिताविज्जमाणस्स)

परितापना का अर्थ है—अत्यन्त गाढ दुख। ऐसा दुख जिसमे मरने की आशका हो।[1]

वृत्तिकार ने अग्नि आदि मे जलाने को परितापना कहा है।[2]

१३०. (किलामिज्जमाणस्स)

क्लामना का अर्थ है—मूर्च्छित कर देना।[3]

वृत्तिकार ने चाबुक आदि से प्रहार करने को हनन, अगुलि आदि से तिरस्कृत करने को तर्जना, कुड्य आदि से नीचे गिराने को ताडना अग्नि आदि मे जलाने को परितापना और विभिन्न प्रकारो से क्लान्ति उत्पन्न करने को परिक्लामना कहा है।[4]

१३१. सब प्राण, भूत, जीव और सत्त्व को (सव्वे पाणा सव्वे भूया सव्वे जीवा सव्वे सत्ता)

प्राण, भूत, जीव और सत्त्व—ये चारो शब्द एकार्थक भी हैं और कथचिद् भिन्न अर्थ वाले भी हैं।[5] भिन्न अर्थ को स्पष्ट करने वाला यह प्रसिद्ध श्लोक है—

प्राणा द्वित्रिचतु. प्रोक्ता भूतास्तु तरव' स्मृता.।
जीवा पञ्चेन्द्रिया ज्ञेया, सर्वे सत्त्वा उदीरिता ॥

—दो, तीन और चार इन्द्रियवाले जीवो को 'प्राण', वनस्पति जगत् के जीवो को 'भूत', पांच इन्द्रिय वाले जीवो को 'जीव' और शेष सब जीवों को 'सत्त्व' कहा जाता है।

१३२. (सव्वे पाणा······ण उद्दवेयव्वा)

तुलना—आयारो ४।१

चूर्णिकार ने यहा एक प्रश्न उपस्थित किया है कि क्या इस अहिंसा प्रधान धर्म का प्रतिपादन वर्धमान ने ही किया अथवा वृषभ आदि तीर्थंकरो ने अथवा सुदूर अतीत मे होने वाले तीर्थंकरो ने भी ? इस प्रकार शिष्य के पूछने पर आचार्य इसका उत्तर आगे के दो सूत्रो मे देते हैं।[6]

सूत्र ५७ :

१३३. जे अईया······उद्दवेयव्वा।

तुलना—आयारो ४।१

सूत्र ५८ :

१३४. (धुवे णितिए सासए)

ध्रुव—जो नित्य रहता है, अवश्यभावी।

नित्य—जो सभी कर्मभूमियो मे रहता है।

शाश्वत—सदा रहनेवाला।

चूर्णिकार ने वैकल्पिकरूप मे तीनो को एकार्थक माना है।[7]

तुलना—आयारो ४।२

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३३० ताऽतिगाढ दुक्खं परितावणा, जेण वा मरणसदेहेण भवति।

२. वृत्ति, पत्र ३७ परिताप्यमानस्याग्न्यादौ।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३३० . किलावणं पुण मुच्छा।

४. वृत्ति, पत्र ३६-३७ : हन्यमानस्य कशादिभिः, तर्ज्यमानस्याङ्गुल्यादिभिः, ताड्यमानस्य कुड्यादावभिघातादिना, परिताप्यमानस्याग्न्यादौ, अन्येन वा प्रकारेण परिक्लाम्यमानस्य।

५ वृत्ति पत्र ३७ : तथा सर्वे प्राणा जीवा भूतानि सत्त्वा इत्येते एकार्थिका, कथञ्चिद्भेदं वाऽऽश्रित्य व्याख्येया'।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३३० किमयं धर्मो वर्द्धमानस्वामिनैव प्रणीत. ? आहोस्वित् वृषभाद्यैरपि तीर्थकरैरन्यैश्च तत. परेणातिक्रान्तै ?

७ चूर्णि, पृष्ठ ३३१ ध्रुव नित्यं तिष्ठति, सर्वकर्मभूमिषु नितिओ नित्य, शश्वद्भवतीति शाश्वत', एगट्ठाइं वा।

१३५. जीव-लोक को जानकर (समेच्च लोगं)

वृत्तिकार ने 'समेत्य' का अर्थ केवलज्ञान से देखकर तथा 'लोक' का अर्थ चौदह रज्जु प्रमाण लोक किया है।[१] वास्तव मे यह सूत्र अहिसा के प्रसग मे आया है, अत यहा जीव-लोक ही अभिप्रेत है।

सूत्र ५६ :

१३६. (सूत्र ५६)

प्रस्तुत सूत्र मे पाच महाव्रतो का तथा पाच उत्तरगुणो का प्रतिपादन है।

दसवैकालिक ३।२-६ मे ५२ अनाचारो का वर्णन है। उनमे दत-प्रक्षालन, अंजन, वमन, विरेचन और धूपन भी हैं। प्रस्तुत सूत्र मे केवल इन पाचो का उल्लेख है, शेष अनाचारो का नही।

इनके विवरण के लिए देखे—दसवेआलिय, पृष्ठ ५०-६२।

सूत्र ६० :

१३७. अक्रिय (अकिरिए)

अक्रिय का अर्थ है—क्रिया से विरत। क्रिया की जानकारी के लिए देखें—स्थानाग २।२-३७।

चूर्णिकार ने इसका अर्थ कर्म का अबधन[२] और वृत्तिकार ने सापरायिक कर्म का अबधक किया है।[३]

१३८. अक्रोध····अलोभ (अकोहे ·····अलोहे)

अकषायाणा निर्वाणं[४]—जो कषायरहित होते हैं उनका निर्वाण होता है। कषाय निर्वाण के बाधक हैं। जो कषायी होता है वह मूलगुणो और उत्तरगुणो का अतिक्रमण करता है, अत वह उपशान्त नही होता।[४]

१३९. उपशांत (उवसंते)

जो क्रोध, मान, माया और लोभ—इन चारो कषायो को निष्क्रिय रखता है, वह उपशान्त होता है।[५]

१४०. परिनिर्वृत (परिणिव्वुडे)

कषाय एक उष्णता है। उसके उपशान्त होने पर अन्तर् आत्मा मे शीतलता व्याप जाती है। इसलिए उपशान्त व्यक्ति परिनिर्वृत (शीतलीभूत) हो जाता है।[६]

१४१. भविष्य के लिए आशंसा न करे (णो आससं पुरतो करेज्जा)

चूर्णिकार के अनुसार इसका अर्थ है—मुनि पारलौकिक कामभोगो की आशसा न करे। पारलौकिक या भविष्य यह अर्थ 'पुरतो' शब्द के आधार पर किया गया है।[७]

---

१ वृत्ति, पत्र ३७ 'अभिसमेत्य'—केवलज्ञानेनावलोक्य 'लोक'—चतुर्दशरज्ज्वात्मकम्।

२ चूर्णि, पृष्ठ ३३१ नास्य क्रिया विद्यते ते सो अकर्म्मबन्धक इत्यर्थ।

३. वृत्ति, पत्र ३७ नास्य क्रिया—सावद्या विद्यते इत्यक्रिय, सवृतात्मकतया सापरायिककर्माबन्धक इत्यर्थ.।

४ चूर्णि, पृष्ठ ३३१ : अकसायाणं णिव्वाणतिकाउ अकोहे जाव अलोभे,····जे य कसायग्गहं करेइ, कसाइओ पुण मूलगुणे उत्तरगुणे य खिप्पं अतिचरति।

५ वृत्ति, पत्र ३७ कषायोपशमाच्चोपशान्त—शीतीभूत।

६ चूर्णि, पृष्ठ ३३१ कसायोवि उसिणो, तदुवसमे परिनिव्वुडे वुच्चति।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३३१ परलोइएसु कामभोगेसु णो आससा पुरतो काउ विहरेज्जा।

१४२. दृष्ट..............विज्ञात (दिट्ठेण..............विण्णाएण)

धर्म-फल के लिए चार विशेषण प्रयुक्त किए गए हैं—दृष्ट, श्रुत, मत और विज्ञात।

दृष्ट—मैंने अपने जीवन में प्रत्यक्ष देखा है कि धर्म का आचरण करने वालों में आमर्ष-औषधी आदि अनेक प्रकार की लब्धियों (योगज ऋद्धियों) का विकास हो जाता है।

श्रुत—मैंने अनेक आख्यानों में सुना है कि धर्म करने वाला पारलौकिक जीवन में स्वर्ग में जाता है और वहां से लौटकर अच्छे कुलों में उत्पन्न होता है।

मत—मत शब्द के दो संस्कृतरूप हो सकते हैं—मत और स्मृत। चूर्णिकार और वृत्तिकार ने 'मण ज्ञाने' धातु का उल्लेख कर इसका अर्थ—जातिस्मरण आदि ज्ञान के द्वारा स्वयं ज्ञात—किया है।

इसका जातिस्मरण आदि के द्वारा स्मृत, यह अर्थ भी संगत हो सकता है।

विज्ञात—धर्म-फल के बारे में मैंने विवेक किया है, निदिध्यासन किया है।[1]

१४३. जीवन-यापन भर आहार वाले धर्म के द्वारा (जायामायावुत्तिएणं धम्मेणं)

जो भिक्षु केवल उतना ही खाता है जितना निर्वाह के लिए उपयोगी हो अथवा उतना ही खाता है जितना साधना के लिए आवश्यक हो वह यात्रा मात्रावृत्तिक होता है।

चूर्णिकार ने उसकी विशेषता बतलाने के लिए एक श्लोक उद्धृत किया है—

यात्रामात्राशनो भिक्षुः, परिशुद्धमलाशयः।
विविक्तनियताचारः, स्मृतिदोषैर्न बाध्यते ॥[2]

१४४. कामभोगों का वशवर्ती (कामभोगाण वसवत्ती)

कामभोग मेरे वशवर्ती होंगे—यह वृत्तिकार का अर्थ है।[3]

चूर्णिकार ने 'कामभोगाण वसवत्ती'—इस पाठ के स्थान पर 'कामकामी कामवसवत्ती' पाठ स्वीकार किया है। 'कामकामी' का अर्थ किया है—जितने कामों की कामना करता है उतने कामों को वह प्राप्त कर लेता है। 'कामवसवत्ती' का अर्थ है—अणिमा, लघिमा, महिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व, कामावसायित्व—ये आठों ऋद्धियां उसे प्राप्त होती हैं।[4]

१४५. सिद्ध (सिद्ध..............)

सिद्ध के दो अर्थ हैं—

१. समस्त कर्म-बंधनों से मुक्त।

२. योगज विभूतियों से युक्त।

जो प्राणी समस्त कर्मों से वियुत हो जाता है वह सुख और दुःख से अतीत हो जाता है।

चूर्णिकार और वृत्तिकार ने आठ प्रकार की ऋद्धियों (योगज विभूतियों) के आधार पर आठ प्रकार के सिद्धों का उल्लेख किया है[5]—

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३३१-३३२ : दिट्ठं धम्मफलमिहेव, तं जहा—आमोसहि विप्पोसहि अक्खीणमहाणसिआ चारणविउव्वणिड्ढिपत्ताणि, परलोए सग्ग सुकुलपच्चायादिमादि सुतं अट्टखाणएसु धम्मिलब्रह्मदत्तादि, मणज्ञाने मतं सुयमेव जातीस्सरणादिएहिं चेव दिट्ठं, सुतं सुत्तेहिं, विविधं विसिट्ठं वा णात विण्णात।

(ख) वृत्ति, पत्र ३७ : दृष्टेनामर्षौषध्यादिना तथा, पारलौकिकेन च श्रुतेनार्द्रकधम्मिल्लब्रह्मदत्तादीनां विशिष्टतपश्चरणफलेन, तथा, 'मएण व' त्ति—'मन ज्ञाने' जातिस्मरणादिना ज्ञानेन, तथाऽऽचार्यादि. सकाशाद्विज्ञातेन—अवगतेन।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३३२ : यातामाता यस्य वृत्ति स भवति यातामातावृत्तिका, यात्रा नाम मोक्षयात्रा, मात्राऽल्पपरिमाणा या वृत्तिराहारादि, उक्तं च—यात्रामात्राशनो······

३. वृत्ति, पत्र ३८ : मे वशवर्तिन कामभोगा भवेयुः।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३३२ : कामंकमित्ति यतिमितान् कामान् कामयते तान् लभते चासेवतित्ति, वसे इंदियाणि जस्स विट्ठंति, कामवसवत्तिगहणेण अट्ठविधं लोइयं इस्सरियं सूइत, तं जहा—अणिमा लघिमा महिमा प्राप्तिः प्राकाम्यं ईशित्वं वशित्वं यत्र कामावसायित्वं।

५. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३३२। (ख) वृत्ति, पत्र ३२।

१ अणिमा सिद्ध	५. प्राकाम्यसिद्ध
२ लघिमा सिद्ध	६. ईशित्वसिद्ध
३. महिमा सिद्ध	७ वशित्वसिद्ध
४ प्राप्ति सिद्ध	८ कामावसायित्वसिद्ध

१४६. तप आदि से ....नही होते (एत्थ वि सिया, एत्थ वि णो सिया)

तपस्या आदि के आचरण से कभी कामभोग प्राप्त होते है और कभी नही होते ।

कोई व्यक्ति विशिष्ट तपश्चरण करता है, किन्तु किसी निमित्त से उसके दुष्प्रणिधान होता है तब दूसरी सिद्धि हो भी सकती है, पर सपूर्ण कर्मक्षयरूप सिद्धि नही हो सकती । उसका दुष्प्रणिधान उसमे बाधक बन जाता है । क्योकि जितने निमित्त भव (ससार) के है उतने ही मोक्ष के है । अथवा विशिष्ट तपस्या के अनुष्ठान से कभी सिद्धि होती है और कभी सिद्धि नही होती—कभी अणिमा, लघिमा आदि आठ प्रकार की सिद्धिया प्राप्त होती है और कभी ये प्राप्त नहीं होती ।[1]

सूत्र ६१

१४७. अमूर्च्छित (अमुच्छिए)

मूर्च्छा से राग और द्वेष—दोनो गृहीत होते हैं । अमूर्च्छित का अर्थ है—अरक्त-अद्विष्ट ।[2]

१४८ आदान (कर्म-संग्रह) से (आदाणाओ)

आदान शब्द का अर्थ है—कर्म-सग्रह का मार्ग ।

चूर्णिकार ने मुख्यरूप से क्रोध, मान, माया और लोभ को आदान माना है । ये ही कर्म-सग्रह के मूल मार्ग है । वैकल्पिक रूप मे उन्होने पचन-पाचन आदि हिंसात्मक कार्य, सचित्त-अचित्त आदि परिग्रह, कामभोग, ज्ञाति आदि स्वजन तथा शरीर को भी आदान माना है । ये सभी कर्म-सग्रह के निमित्त बन सकते है ।[3]

सूत्र ६५

१४९. (अंस्सिपडियाए)

इसका अर्थ है—एतत् प्रतिज्ञया—आहार देने की प्रतिज्ञा से ।

वृत्तिकार ने इसका एक अर्थ और भी किया है—'अस्मिन् पर्याये'—साधु पर्याय मे व्यवस्थित ।[4] यह अर्थ मूलस्पर्शी प्रतीत नही होता ।

१५०. (समुद्दिस्स)

प्रस्तुत सूत्र मे समुद्दिस्स शब्द का प्रयोग दो बार हुआ है—एग साहम्मिय समुद्दिस्स . . . सत्ताइ समारब्भ समुद्दिस्स. ... .. ।

वृत्तिकार के अनुसार प्रथम सदर्भ मे इसका अर्थ है—एक साधर्मिक को उद्दिष्ट कर और दूसरे सदर्भ मे इसका अर्थ है—प्राण, भूत, जीव और सत्त्व को पीडित कर ।' हमारी दृष्टि मे दूसरे सदर्भ मे प्रयुक्त इस शब्द को प्राण, भूत आदि के साथ न जोडकर क्रीत आदि शब्दो के साथ जोडना उपयुक्त लगता है, क्योकि प्राण, भूत आदि के साथ 'समारभ्य' शब्द आ चुका है। प्राणियो के साथ हिंसा का

---

१ वृत्ति, पत्र ३८ विशिष्टतपश्चरणे सत्यपि कुतश्चिन्निमित्ताद् दुष्प्रणिधान-सद्भावे सति कदाचित्सिद्धि स्यात्कदाचिच्च नैवाशेषकर्म-क्षय-लक्षणा सिद्धि स्यात्, तथा चोक्तम्—"जे जत्तिया उ हेऊ भवस्स, ते चेव तत्तिया मोक्खे" इत्यादि । यदि वाऽत्राप्यणिमाद्यष्टगुणकारणे तपश्चरणादौ सिद्धि स्यात्कदाचिच्च न स्यात्—तद्विपर्ययोऽपि वा स्यादिति ।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३३२ : अमुच्छितो सद्दादिएसु विसएसु सुभेसु, असुभेसुवि अदुट्ठे ।

(ख) वृत्ति, पत्र ३८ 'अमूर्च्छित'—अगृद्धोऽनध्युपपन्न , तथा रासभादिशब्देषु कर्कशेषु अद्विष्ट ।

३ चूर्णि, पृष्ठ ३३२ कस्स आदाण ? कोहादि अथवा आरंभो पयणादि परिग्गहो वा सचित्तादि कामभोगा सण्णातगा सरीरं वा ।

४. वृत्ति, पत्र ३८ 'एतत्प्रतिज्ञया' आहारदानप्रतिज्ञया यदि वा 'अस्मिन् पर्याये'—साधुपर्याये ।

प्रयोग होता है और साधर्मिक के साथ क्रीत आदि का।[1]

१५१. (कीयं..............आहट्टुद्देसियं)

प्रस्तुत सूत्र मे प्रयुक्त क्रीत, अनिसृष्ट, अभिहृत, औद्देशिक शब्दो की व्याख्या के लिए देखें—दसवेआलियं (द्वितीय संस्करण जै० वि० भा०) पृष्ठ ५०-५७।

१५२. ऐसा आहार यदि प्राप्त हो जाए (तं चेतियं सिया)

कोई श्रावक श्रद्धावश या मोहवश साधु के निमित्त कुछ आहार आदि बना लेता है या उधार आदि ले लेता है। मुनि भिक्षा के लिए जाता है। वह मूल स्थिति से अजान रहकर उस भोजन का ग्रहण कर लेता है। ग्रहण करने के पश्चात् यदि उसे यह ज्ञान हो जाए कि वह भोजन दोषयुक्त है तो मुनि उस आहार को काम मे न ले।

सूत्र ६६ :

१५३. पराक्रम है (परक्कमे)

पराक्रम का सामान्य अर्थ है—शक्ति। चूर्णिकार ने प्रस्तुत प्रसग मे भोजन निष्पादन मे होने वाली हिंसात्मक प्रवृत्ति को पराक्रम माना है। गृहस्थ अपने लिए, दूसरों के लिए या दोनों के लिए आहार का उत्पादन करते है। यह उनका स्वभाव है, धर्म है।[2]

वृत्तिकार ने भी पराक्रम का यही अर्थ किया है।[3]

१५४. (सूत्र ६६)

प्रस्तुत सूत्र मे गृहस्थ भोजन का निष्पादन किन-किन कारणो से करता है उसका स्पष्ट निर्देश है। सूत्रकार ने मुख्यरूप से पन्द्रह कारण गिनाए हैं—

१. स्वय के लिए
२ पुत्र के लिए
३. पुत्रवधू के लिए
४. धात्री के लिए
५ ज्ञातिजनो के लिए
६ राजा के लिए
७ दास के लिए
८. दासी के लिए
९. नौकर के लिए
१०. नौकरानी के लिए
११. अतिथि के लिए
१२. भेंट विशेष के लिए
१३. रात्रीकालीन भोजन के लिए
१४. कलेवे के लिए
१५. तथा अन्यान्य कारणो से विशिष्ट आहार का संचय करने के लिए।

१५५. शस्त्रातीत (सत्थातीतं)

जो सचित्त पदार्थ एक बार अचित्त हो जाता है, प्रासुक हो जाता है, वह शस्त्रातीत कहलाता है। शस्त्र से अतीत अर्थात् अब उसमे शस्त्र की कोई अपेक्षा नही है क्योकि वह अजीव हो चुका है।[4]

१५६. शस्त्र-परिणामित (सत्थपरिणामितं)

शस्त्र दो प्रकार के होते हैं—स्वकायशस्त्र और परकायशस्त्र। सजीव को निर्जीव बनाने मे दोनो प्रकार के शस्त्र काम मे आते हैं। जब पानी आदि सजीव पदार्थ शस्त्र से परिणामित होते हैं तब उनके वर्ण, गंध, रस आदि बदल जाते हैं। यह परिणमन होने पर ही वह वस्तु निर्जीव मानी जाती है।[5]

---

१. (क) वृत्ति, पत्र ३८ : एकं साधु साधर्मिकं समुद्दिश्य।
(ख) वही, पत्र ३८, ३९ प्राणिन ... ...सत्त्वोपेतान् 'समारभ्य'—तदुपमर्दकमारम्भं विधाय 'समुद्दिश्य—तत्पीडां सम्यगुद्दिश्य।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३३३ परक्कमे हिंसादिप्रवृत्ति., पराक्रम प्रकरणमित्यर्थ आतपरउभयपराक्रम स्वभाव धर्म्मः।

३. वृत्ति, पत्र ३९ पराक्रमः सामर्थ्यमाहारनिर्वर्तनं प्रत्यारम्भः।

४. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३३४ शसु हिंसायां शशति तेनेति शस्त्रं अग्न्यादि सत्थेण क्रामितं जीवभावात् सत्थादीना सत्थेण अजीवभावात्।
(ख) वृत्ति, पत्र ३९।

५. वृत्ति, पत्र ३९ : शस्त्रपरिणामितमितिशस्त्रेण स्वकायपरकायात्रिना निर्जीवीकृतं वर्णगन्धरसादिभिश्च परिणामितं।

१५७. निर्जीव (अविहिंसितं)

चूर्णिकार ने इस शब्द से उद्गम आदि दोषो से रहित शुद्ध आहार का ग्रहण किया है।[1] वृत्तिकार के अनुसार इसका अर्थ है—पूर्णरूप से निर्जीव बना हुआ।[2] जब तक पदार्थ पूर्ण रूप से निर्जीव नही हो जाता, वह विहिंसित कहलाता है। उसको निर्जीव बनाने के लिए हिंसा की गई है, पर वह सम्यक्‌रूप से विहित न होने के कारण, पदार्थ पूर्ण निर्जीव नही बन सका। मुनि ऐसे आहार का वर्जन करता है और पूर्ण निर्जीव पदार्थ ही ग्रहण करता है।[3]

१५८. केवल साधुवेश से लब्ध (वेसितं)

मुनि का अपना वेष होता है। उस वेष के आधार पर उसकी पहचान होती है और वह पूजनीय बनता है। उसका बाह्य परिधान भी उसको श्रमण होने की निरन्तर स्मृति कराता रहता है, इसलिए यह भी बहुत महत्त्वपूर्ण हो जाता है। कुमार श्रमण केशी के प्रश्न का उत्तर देते हुए गणधर गौतम ने कहा—मुने! मोक्ष-साधना की दृष्टि से ज्ञान, दर्शन और चारित्र ही मुख्य साधन हैं। किन्तु वेष-धारण का भी अपना मूल्य है। मुनि के वेष-धारण के तीन प्रयोजन हैं[4]—

१ लोगो की इस प्रतीति के लिए कि यह मुनि है।

२. 'जीवन-यात्रा को निभाने के लिए 'मैं भिक्षाचर्या का अधिकारी हूं' इसका विचार आते रहने के लिए।

३ 'मैं मुनि हूं'—ऐसा चिन्तन निरतर बने रहने के लिए।

प्रस्तुत प्रसग मे 'वेसित' का तात्पर्य है कि मुनि वही आहार ग्रहण करे जो साधुवेष के निमित्त से ही प्राप्त हुआ हो। मुनि अपनी जाति, रूप, गोत्र, शिल्प, प्रज्ञा आदि को बताकर जो आहार प्राप्त करता है, वह 'वेसित' नही माना जाता। ऐसा आहार अकल्प्य होता है।[5]

१५९. माधुकरी से प्राप्त (सामुदाणियं)

सामुदानिक भिक्षा के तीन अर्थ हैं[6]—

१. सामूहिक घरो से प्राप्त होने वाली भिक्षा।

२ माधुकरी वृत्ति से प्राप्त भिक्षा।

३. थोडी-थोडी विविध प्रकार की भिक्षा।

१६०. प्राज्ञ (गीतार्थ) द्वारा लाया गया आहार (पण्णमसणं)

प्रज्ञ या प्राज्ञ का अर्थ है—गीतार्थ। चूर्णिकार ने प्राज्ञ का अर्थ पिण्डकल्पी किया है।[7] इसका वैकल्पिक अर्थ है—साधु गीतार्थ मुनि द्वारा लाया हुआ आहार ग्रहण करे। वृत्तिकार ने यहा एक परपरा की ओर सकेत किया है। मुनि की यह चर्या है कि वह स्वय भिक्षा के लिए जाए और अपनी आवश्यकता के अनुसार आहार प्राप्त करे। यदि कोई रोग हो जाए या सेवा आदि का कार्य उपस्थित हो जाए तो वह अपने लिए भिक्षा मगा सकता है। उस स्थिति मे वह हर किसी साधु को भिक्षाचर्या के लिए न भेजे, गीतार्थ मुनि द्वारा लाया हुआ आहार ही ग्रहण करे, क्योकि गीतार्थ मुनि ही भिक्षा के विधि-निषेधो का ज्ञाता होता है। वही शुद्ध भिक्षा ला सकता है।[8]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३३४ : अवहिंसितं उग्गमदोसादी।

२ वृत्ति पत्र ३९ : अविहिंसितं निर्जीवमित्यर्थः।

३. वृत्ति, पत्र ३९ . हिंसां प्राप्तं—हिंसितं, विरूपं हिंसितं विहिंसितं न सम्यक् निर्जीवीकृतमित्यर्थः। तत्प्रतिषेधादविहिंसितं, निर्जीवमित्यर्थः।

४. उत्तरज्झयणाणि, २३।३०-३३।

५. वृत्ति, पत्र ३९ वैषिक मिति केवलसाधुवेषावाप्तं न पुनर्जात्याद्याजीवनतो निमित्ताविना।

६. वृत्ति, पत्र ३९ : सामुदानिकं समुदानं भिक्षासमूहस्तत्र भव सामुदानिकम् एतदुक्तं भवति—मधुकरवृत्त्याऽवाप्तं सर्वत्र स्तोकं स्तोकं गृहीतमित्यर्थः।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३३४ एतत्प्रज्ञस्यासणं पिण्डकप्पियस्येत्यर्थः।

८. वृत्ति, पत्र ३९।

१६१. कारणपूर्वक (कारणट्ठा)

आगमों में मुनि को छह कारणों से आहार करने का निर्देश है —[1]

१. वेदना—भूख की पीडा मिटाने के लिए।
२. वैयावृत्य करने के लिए।
३. ईर्यासमिति का पालन करने के लिए।
४. संयम की रक्षा के लिए।
५. प्राण-धारण के लिए।
६. धर्मचिन्ता के लिए।

मुनि इन कारणों के अतिरिक्त और किसी भी प्रयोजन से आहार न करे। वह अपना वर्ण सुन्दर करने, बल बढाने या सौन्दर्य की वृद्धि के लिए भोजन न करे। यह मुनि के लिए अनाचार है।[2]

१६२. प्रमाणयुक्त (पमाणजुत्तं)

चूर्णिकार ने बत्तीस कवल प्रमाण आहार को प्रमाणयुक्त माना है।[3] आहार का प्रमाण एक-सा नहीं हो सकता। भोजन की मात्रा द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव-सापेक्ष भी होती है। व्यक्ति की भूख भी समान नहीं होती। शारीरिक रोग या वेदना के कारण वह न्यूनाधिक होती है। अतः सबके लिए एक ही प्रमाण नहीं हो सकता। फिर भी यह मानदंड सबके लिए हो सकता है कि व्यक्ति भूख से अतिरिक्त भोजन न करे। उसमें भी कुछ न्यून ही रखे[4]—

'अद्धमसणस्स सव्वजणस्स कुज्जा दवस्स दो भाए।
वाउपवियारणट्ठा छब्भाग ऊणयं कुज्जा ॥'

१६३. पहिए की धुरी ··· बिल में घुसते सांप के समान (अक्खोवंजण ··· पन्नगभूतेणं)

प्रस्तुत प्रसंग में भोजन की विधि का संक्षिप्त किन्तु महत्त्वपूर्ण निर्देश है। मुनि बिना प्रयोजन भोजन न करे, यह सामान्य निर्देश है। जब कोई प्रयोजन उपस्थित हो तब वह भोजन कैसे करे, क्या सोचे, इसका सुन्दर निरूपण प्रस्तुत सूत्र में है।

सबसे पहले मुनि यह सोचे कि उसे संयम-जीवन का निर्वाह करना है। शरीर साधना का वाहन है। वह आहार के बिना चल नहीं सकता। संयम की क्रियाओं में उसे निरन्तर लगाए रखने के लिए भोजन अत्यन्त अपेक्षित है। उससे शरीर को बल मिलता है, वह स्वस्थ रहता है और तब मुनिचर्या की आवश्यक दैहिक क्रियाएं सानंद निष्पादित होती हैं। मुनि यह सोचे—

१. जैसे रथ या गाडी के पहिए की धुरी में बार-बार अंजन लगाया जाता है, जिससे कि वह पहिया कोमलता से घूम सके, उसी प्रकार मुनि भी शरीर के विभिन्न अवयवों को चिकनाहट दे, जिससे कि वे संयमयात्रा के रथ को निर्विघ्न आगे खींच सकें।
२. जैसे घाव को भरने के लिए औषधि-द्रव्यों का लेप किया जाता है, जिससे कि घाव दूषित न हो और शीघ्र भर जाए, उसी प्रकार मुनि अपनी क्षतिपूर्ति के लिए भोजन करे।
३. मुनि उतना ही आहार ले जिससे कि उसकी संयम-यात्रा सुखपूर्वक चल सके। जैसे अंजन के बिना गाडी का पहिया सुगमता पूर्वक नहीं चल सकता, इसलिए उसके अंजन लगाना पडता है, वैसे ही यदि साधु समझे कि बिना विगय लिए उसका शरीर चल नहीं सकता तो वह मात्रा सहित विधिपूर्वक विगय का सेवन करे, अन्यथा विगय न खाए।
४. 'बिलमिव पन्नगभूए'—के दो अर्थ हैं। पहला अर्थ है—जैसे सर्प बिल में शीघ्रता से घुस जाता है, वैसे ही साधु भोजन का स्वाद न लेते हुए शीघ्र उसे निगल जाए। दूसरा अर्थ है—बिल में सर्प को जो कुछ भी प्राप्त हो जाता है वह उसका स्वाद लिए बिना निगल जाता है, वैसे ही साधु भी, जो कुछ प्राप्त हो, उसको खा ले।

इन चारों का आशय एक ही है कि मुनि भोजन के प्रति आसक्त न हो, जैसा मिले वैसा खा ले, अस्वादवृत्ति रखे और निरन्तर यह सोचे कि शरीर के लिए भोजन है, भोजन के लिए शरीर नहीं है।[5]

---

१. ठाणं ६।४१।
२. वृत्ति, पत्र ३९।
३. चूर्णि, पृष्ठ ३३४ : पमाणं बत्तीसं।
४. वृत्ति, पत्र ३९।
५. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३३४।
(ख) वृत्ति, पत्र ४०।

१६४. भोजन के समय भोजन····शयनकाल में शयन (अण्णं अण्णकाले ···· सयणं सयणकाले)

काल दो प्रकार का होता है—ग्रहणकाल और परिभोगकाल। सूत्र और अर्थ की पौरुषी सपन्न हो जाने पर मुनि को भिक्षाकाल प्राप्त होता है। वह उस समय भोजन-पानी की भिक्षा करने गाव मे जाता है। वहा भोजन-पानी प्राप्त कर अपने स्थान पर आता है। यह भोजन-पानी का ग्रहण-काल है। फिर मुनि के उस आहार-पानी का उपभोग-काल प्राप्त होता है। इसका तात्पर्य है कि भोजन के समय मे वह भोजन करे और पानी पीने के समय मे वह पानी पीए। जब अधिक प्यास हो तो वह पानी पीए, भोजन न करे या भोजन करते समय मध्य मे पानी पीए। और जब अधिक भूख हो तो वह भोजन करे, पानी न पीए। इसी प्रकार वस्त्र के ग्रहण और उपभोग के समय को जाने। आचाराग (८।५०-५३) मे कहा गया है कि मुनि जब यह जाने कि हेमन्त बीत गया है, ग्रीष्म ऋतु आ गई है तब वह यथा-परिजीर्ण वस्त्रो का विसर्जन करे। विसर्जन कर वह एक सूती और एक ऊनी कपडा रखे या एक-शाटक रहे या अचेल हो जाए।

मुनि वर्षा ऋतु मे वर्षात्राण रख सकता है। वर्षा ऋतु मे मुनि निश्चित रूप से गुफा आदि मे निवास करे। अन्य ऋतुओ मे वह लयन का उपयोग भी कर सकता है और नही भी कर सकता।

शयन का अर्थ है—सस्तारक—बिछौना। मुनि सोने के समय मे ही सोए। जो मुनि अगीतार्थ है वे दो प्रहर तक नीद ले सकते है, सो सकते है। जो मुनि गीतार्थ हैं वे केवल एक प्रहर तक ही सो सकते हैं। शेषकाल उन्हे धर्म-जागरिका मे बिताना होता है।

चूर्णिकार ने 'सयण सयणकाले' शब्द से सस्तारक और शय्या—दोनो का ग्रहण किया है। शय्या का अर्थ है—वसति, मकान। जहा सोया जाता है वह शय्या है। प्रतिमाधर मुनि को ऋतुबद्ध काल मे श्मशान आदि स्थानो मे तथा वर्षाकाल मे मकान या वसति मे रहना पडता है। दूसरे मुनि सदा वसति मे रहते हैं।[1]

इस प्रकार आहार, पानी, वस्त्र, लयन और शयन—ये पाच मुनि-जीवन की अनिवार्य आवश्यकताए है। मुनि इनके ग्रहण-काल और उपभोग-काल को उचित रूप से जाने।

सूत्र ६७-७०

१६५. (सूत्र ६७-७०)

इनमे प्रथम तीन सूत्रो मे धर्म-देशना का विवेक दिया गया है। मुनि धर्म-देशना किसके लिए करे ? धर्म-देशना का विषय क्या हो ? और धर्म-देशना का उद्देश्य क्या है ?—इन तीनो का सक्षिप्त विवेक इन सूत्रो मे प्रस्तुत है। अतिम सूत्र मे धर्म-देशना के परिणाम का उल्लेख है।

धर्म-देशना के लिए प्रस्थित मुनि को सबसे पहले मात्रज्ञ होना चाहिए। वह केवल आहार की मात्रा को ही जानने वाला न हो। उसे आहार, उपधि, शयन, स्वाध्याय, ध्यान आदि की मात्रा भी जाननी चाहिए। अकाल या अमात्रा मे स्वाध्याय, ध्यान या शयन भी हानिकारक हो जाता है। इसलिए मुनि को मात्रज्ञ होना चाहिए।

जो भी व्यक्ति धर्म सुनने के लिए तत्पर हो, मुनि उसे धर्म की देशना दे। वह जाति, गोत्र, ऊच, नीच, ईश्वर, अनीश्वर की बात न सोचे। वह ऐसी बात बताए जिससे लोगो मे शाति हो, वैराग्य बढे, अलोभ की वृत्ति जागे, ऋजुता और मृदुता का विकास हो, अहिंसा की वृद्धि हो।

धर्म-देशना का एक मात्र उद्देश्य होना चाहिए—कर्मक्षय। जो मुनि निर्मलभाव से केवल निर्जरा के लिए धर्म-देशना करता है, वह मुनि धर्म-देशना देने का अधिकारी होता है। लोगो को धर्म की उपलब्धि हो, वे अपने कर्म को लघु बना सके, विरक्ति की ओर बढ सकें, इसलिए मुनि धर्म-देशना का आयोजन करे, अन्यथा मौन रहकर स्वाध्याय, ध्यान करे। वह किसी भौतिक उपलब्धि के लिए या अधिक सुख-सुविधा प्राप्त करने के लिए धर्म-देशना न दे। जो ऐसा करता है वह आत्म-प्रवचना करता है।

धर्म-श्रवण और धर्माचरण का एक मात्र फल है—बधनमुक्ति, कर्मक्षय। जो धर्म को सुनकर, उस मार्ग पर प्रस्थित होते हैं वे परिवर्तन को प्राप्त हो जाते हैं।

तुलना—आयारो ६।१०२,१०३।

---

१. (क) चूर्णि पृष्ठ ३३४।
 (ख) वृत्ति, पत्र ४०।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३३४,३३५।
 (ख) वृत्ति, पत्र ४०।

सूत्र ७१ :

१६६. संयम (णियाग)

चूर्णिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं—ज्ञान, दर्शन, चारित्र अथवा केवल चारित्र ।[1]

वृत्तिकार के अनुसार इसका अर्थ है—संयम या विमोक्ष ।[2] तात्पर्यार्थ में णियाग का अर्थ संयम है ।

सूत्र ७२ :

१६७. (सूत्र ७२)

प्रस्तुत सूत्र के कुछेक शब्दों का तात्पर्य इस प्रकार है—[3]

परिज्ञातकर्मा—कर्मों के स्वरूप और विपाक को जानने वाला ।

परिज्ञातसंग—बाह्य और आभ्यंतर आसक्तियों या सम्बन्धों को जानने वाला ।

परिज्ञातगृहवास—गृहवास—धन, धान्य, आदि, तथा पुत्र, कलत्र, भाई, स्वजन, ज्ञाति आदि को निःसार मानने वाला ।

क्षान्त—क्षमाशील ।

दान्त—इन्द्रियों और मन पर नियन्त्रण करने वाला ।

मुक्त—बाह्य और आभ्यन्तर ग्रंथियों से मुक्त अथवा निर्ग्रन्थ ।

ऋषि—विशिष्ट तपस्वी ।

मुनि—विशिष्ट ज्ञानी ।

कृति—पुण्यवान्, परमार्थ का पंडित ।

रूक्ष—अन्त-प्रान्त आहार करने वाला । चूर्णिकार ने इसका अर्थ राग-द्वेष मुक्त माना है ।

तीरार्थी—संसार समुद्र का तीर है मोक्ष । तीरार्थी अर्थात् मोक्षार्थी ।

चरणकरणपारविद्—चरण का अर्थ है—मूलगुण और करण का अर्थ है—उत्तरगुण । जो मुनि मूलगुण और उत्तरगुणों का पारगामी होता है, वह चरणकरणपारविद् कहलाता है ।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३३५ : णियागं णाणादी ३ च चरित्तं वा ।

२. वृत्ति, पत्र ४१ : नियाग : संयमो विमोक्षो वा ।

३. (क) चूर्णि, पृष्ठ : ३३५, ३३६ ।
   (ख) वृत्ति, पत्र ४१ ।

बीअं अज्झयणं
किरियाठाणे

दूसरा अध्ययन
क्रियास्थान

आमुख

इस अध्ययन मे कर्मबन्ध और मोक्ष की कारणभूत क्रियाओ का प्रतिपादन है। जो भिक्षु चरणकरणविद् हो जाता है, जो कर्म क्षय के लिए उत्थित है, उसे कर्मबन्ध के स्थानो और कर्मक्षय के स्थानो को भी जानना चाहिए।

इसमे कर्मबन्ध की कारणभूत बारह क्रियाओ का और कर्मबन्ध से मुक्त होने की तेरहवी क्रिया का वर्णन है, इसलिए इस अध्ययन का नाम 'क्रियास्थान' रखा गया है।[1]

प्रश्न होता है कि कर्ममुक्ति की बात तो उपयुक्त है, पर कर्मबन्ध का प्रसग क्यो ? चूर्णिकार कहते हैं—बन्ध के विना मुक्ति कैसी ? इसलिए बन्ध को भी जानना चाहिए।[2]

प्रस्तुत अध्ययन मे प्रतिपादित तेरह क्रियास्थान ये है—

१. अर्थदड	८. आध्यात्मिक (मन)
२. अनर्थदड	९. मानप्रत्यय
३. हिंसादड	१० मित्रदोषप्रत्यय
४. अकस्मात्‌दड	११. मायाप्रत्यय
५. दृष्टिविपर्यासिकादड	१२. लोभप्रत्यय
६. मृषाप्रत्यय	१३. ईर्यापथिक
७ अदत्तादानप्रत्यय	

आवश्यक सूत्र के अन्तर्गत प्रतिक्रमण अध्ययन मे 'पडिक्कमामि तेरसहिं किरियाठाणेहिं'— पाठ से इन्ही तेरह क्रियाओ का ग्रहण किया है।

क्रियाओ का यह एक वर्गीकरण है। दूसरा वर्गीकरण स्थानाग सूत्र का है। उसमे गौण-मुख्य भेद से बहत्तर क्रियाओ का निर्देश है।[3]

तीसरा वर्गीकरण तत्त्वार्थसूत्र का है। उसमे पचीस क्रियाओ का प्रतिपादन है।[4]

क्रियाओ की विशेष जानकारी के लिए ठाणं (स्थानाग) के २।२-३७ के टिप्पण ११३-११९ अवश्य द्रष्टव्य हैं। वहा हमने क्रियाओ का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तुत प्रकरण मे तेरह क्रियाओ मे प्रवृत्ति की प्रेरणा, प्रकार और परिणाम तीनो की चर्चा है। मनुष्य प्रवृत्ति करता है, उसके पीछे कोई न कोई प्रेरणा रहती है। उस प्रवृत्ति के प्रकार भिन्न होते हैं और उनके परिणामो मे भी भिन्नता आ जाती है।

१. अर्थदंड

इस प्रवृत्ति के प्रेरक तत्त्व हैं—ज्ञाति, परिवार तथा भूत, यक्ष आदि।

प्रवृत्ति है—त्रस-स्थावर प्राणियो की मन, वचन, काया से हिंसा।

परिणाम है—पापकर्म का बन्ध।

---

१. (क) निर्युक्ति गाथा १६५

किरियाओ भणियाओ किरियाठाणं तेण अज्झयणं।
अहिगारो पुण भणिओ बन्धे तह मोक्खमग्गे य ॥

(ख) चूर्णि, पृष्ठ ३३६ : इमेहिं बारसहिं किरियट्ठाणेहिं बज्झति, मुच्चति तेरसमेणं, एतेणाभिसंबंधेणं किरियट्ठाणं णाम अज्झयणं आगतं।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३३६ : अस्तु ताव मोक्खेणाधिकारो, बन्धेन किं प्रयोजनं ? उच्यते—अनेनाबन्धे मोक्खो न भवतीति, अतो बन्धेनाप्यधिकारो भवति।

३. ठाणं २।२।३७।

४. तत्त्वार्थ सूत्र ६।६।

२. अनर्थदंड

इस क्रिया मे प्रेरक तत्त्व हैं—निष्प्रयोजनता, अविवेक, मनोरंजन।

प्रवृत्ति है—त्रस स्थावर प्राणियो की हिंसा करना। त्रस प्राणियों की चमड़ी उधेड़ना, नाग काटना, विषाण और दांत उखाड़ना, घास को कटवाना, जंगलो मे आग लगाना आदि।

इसका परिणाम है—महापापकर्म का वन्ध और वैर का अनुवन्ध।

३. हिंसादंड

इसमे प्रेरक तत्त्व है—मारे जाने की आशंका।

प्रवृत्ति है—पुरुष या सर्प, सिंह आदि की घात करना, घात करवाना।

परिणाम है—पापकर्म और वैर का अनुवन्ध।

४. अकस्मात्‌दंड

इसमे प्रेरक तत्त्व है—आजीविका कमाना।

प्रवृत्ति है—शिकार, कृषि आदि करते समय किसी के मारने के प्रयत्न में किसी दूसरे की घात कर देना। जैसे, कोई मृग को मारने के लिए तीर चलाता है और वह तीर बीच मे किसी दूसरे जानवर के लग जाता है। मृग बच जाता है और वह दूसरा प्राणी मर जाता है।

परिणाम है—पाप कर्म का वन्ध।

५. दृष्टिविपर्यासिकादंड

इसमे प्रेरक तत्त्व है—दृष्टि की विपरीतता, भ्रांतचित्तता।

प्रवृत्ति है—अचोर को चोर, मित्र को अमित्र मानकर मार डालना।

परिणाम है—पाप कर्म का वन्ध और वैमनस्य की प्राप्ति।

६. मृषाप्रत्यय

प्रेरक तत्त्व है—अपने पक्ष का आवेश या आग्रह अथवा अपने लिए या ज्ञाति-परिवार के लिए झूठ बोलना।

प्रवृत्ति है—झूठ बोलना, दूसरो को झूठ बोलने के लिए प्रेरित करना, झूठ का समर्थन करना।

परिणाम है—पापकर्म का बन्ध और अविश्वास।

७. अदत्तादानप्रत्यय

इसका प्रेरक तत्त्व है—स्वयं के लिए या ज्ञाति-परिवार के लिए सुख-सुविधा जुटाना।

प्रवृत्ति है—चोरी करना, दूसरो से करवाना, चोरी का समर्थन करना।

परिणाम है—पापकर्म का वन्ध, अविश्वास का फैलाव।

८. आध्यात्मिक (मन)

इसके प्रेरक तत्त्व हैं—चार आन्तरिक दोष—क्रोध, मान, माया और लोभ।

प्रवृत्ति है—विना कारण हीन, दीन, क्रुद्ध, शोकमग्न, दुर्मनस्क हो जाना।

परिणाम है—निराशा और चिन्ता मे डूब जाना।

९. मानप्रत्यय

इसका प्रेरक तत्त्व है—जाति, कुल, वल, ऐश्वर्य आदि का अहकार।

प्रवृत्ति है—दूसरो की अवहेलना करना, गर्हा करना, अवज्ञा करना।

परिणाम है—जन्म-मरण की वृद्धि, नरकगमन आदि-आदि।

१०. मित्रदोषप्रत्यय

प्रेरक तत्त्व है—अपना प्रभुत्व स्थापित करने की भावना।

प्रवृत्ति है—परिवार के सदस्यो द्वारा छोटा-सा अपराध हो जाने पर उन्हे भारी दड देना—गर्म पानी से शरीर का सिंचन

करना, अग्नि से शरीर को दागना, चमडी उधेडना आदि ।

परिणाम है—पारिवारिक क्लेश और दौर्मनस्य की वृद्धि ।

११. मायाप्रत्यय

इसका प्रेरक तत्त्व है—मायाचार से आजीविका कमाना ।

प्रवृत्ति है—गला काटना, ग्रंथिच्छेद करना, दूसरो मे विश्वास उत्पन्न कर उन्हे ठगना ।

परिणाम है—एक माया से दूसरी माया मे फंसना, दुर्गतिगमन ।

१२. लोभप्रत्यय

प्रेरक तत्त्व है—प्रवल लोभ ।

प्रवृत्ति है—जीवहिंसा करना, रहस्यमय साधना करना, स्त्रीकामो में मूर्च्छित होना ।

परिणाम—पापपूर्ण किल्विपिक स्थानो मे उत्पत्ति, जन्म से ही गूगे और वधिर होना ।

१३. ईर्यापथिक

प्रेरक तत्त्व है—आत्मा की उपलब्धि ।

प्रवृत्ति है—निष्पाप क्रिया, अप्रमाद और सयममय क्रिया ।

परिणाम है—वीतरागता की प्राप्ति

इनमे प्रथम बारह क्रियाए पापकर्म-बन्ध की कारण है और तेरहवीं क्रिया पुण्यकर्म-बन्ध की कारण है । प्रथम वारह क्रियाए अनाचरणीय हैं, तेरहवी क्रिया शुभयोग की प्रवृत्ति होने के कारण आचरणीय है ।

क्रिया के दो प्रकार हैं—द्रव्यक्रिया और भावक्रिया । द्रव्यक्रिया और भावक्रिया की परिभाषा अनुपयोग और उपयोग के आधार पर की जाती है है । जिस क्रिया के साथ चित्तवृत्ति जुडी हुई नही होती वह द्रव्यक्रिया और जिसके साथ वह जुडी हुई होती है, वह भाव-क्रिया होती है । यहां इन्हे भिन्न कोण से परिभापित किया है ।

१ द्रव्यक्रिया—जीव या अजीव की कम्पन रूप या चलन स्वभाव रूप क्रिया । यह स्वाभाविक भी होती है और पर-प्रेरित भी । यह उपयोगपूर्वक भी होती है और अनुपयोगपूर्वक भी ।[1]

२ भावक्रिया—निर्युक्तिकार ने इसके आठ प्रकार बतलाए हैं[2]—

१ प्रयोगक्रिया—मन, वचन और काया की प्रवृत्ति ।

२. उपायक्रिया—द्रव्य की निष्पत्ति से होने वाली उपायात्मक क्रिया ।

३. करणीयक्रिया—जिस द्रव्य की निष्पत्ति जैसे होती है वैसी क्रिया करना । जैसे—मिट्टी से ही घर वनता है, पथरीली वालू से नही ।

४. समुदानक्रिया—गृहीत कर्मपुद्गलो को प्रकृति, स्थिति, अनुभाव और प्रदेश रूप मे व्यवस्थित करना । यह क्रिया असयत, सयत, अप्रमत्त सयत, सकपाय व्यक्ति के होती है ।

५ ईर्यापथक्रिया—उपशान्त मोहावस्था से सयोगि केवली तक होने वाली क्रिया, ग्यारहवें गुणस्थान तक होने वाली सूक्ष्म क्रिया । यह तीन समय की स्थितिवाली होती है—प्रथम समय मे बन्ध, दूसरे मे सवेदन और तीसरे मे निर्जरण । यह वीतराग अवस्था की क्रिया है ।

६ सम्यक्त्वक्रिया—सम्यग्दर्शनयोग्य ७७ प्रकृतिया है, उनको बाधने वाली क्रिया ।

७. सम्यग्मिथ्यात्वक्रिया—७४ प्रकृतियो का बन्ध करनेवाली क्रिया ।

८. मिथ्यात्वक्रिया—१२० प्रकृतियो का बन्ध करनेवाली क्रिया ।

प्रस्तुत अध्ययन के कुछ सूत्र पूर्ववर्ती अध्ययन (पहले) मे आए हुए सूत्रो के समान है । उनका वर्णन अक्षरश मिलता है—

---

१. वृत्ति पत्र ४३ . तत्र द्रव्ये—द्रव्यविषये या क्रिया एजनता' एजृ कम्पने' जीवस्याऽजीवस्या वा कम्पनरूपाचलनस्वभावा सा द्रव्य-क्रिया, सापि प्रयोगाद्विस्रसया वा भवेत्, तत्राप्युपयोगपूर्विका वाऽनुपयोगपूर्विका वा अक्षिनिमेषमात्रादिका सा सर्वा द्रव्यक्रियेति ।

२. निर्युक्तिगाथा १६६ .

दव्वे किरिएजणया य पयोगुवायकरणिज्जसमुदाणे ।
इरियावहसंमत्ते सम्मामिच्छा य मिच्छत्ते ।।

	पहला अध्ययन		दूसरा अध्ययन
सूत्र—	४९-५२	सूत्र—	३३-३६
	५३-५५		३७-३९
	५६-५८		४०-४२
	५९-६६		४३-५०
	६७-७०		५१-५५

इस प्रकार बावीस सूत्र दोनो अध्ययनो मे समान है। इस अध्ययन के अठारहवे सूत्र मे पापश्रुत अध्ययनो के प्रसग मे निमित्त-शास्त्र, लक्षणशास्त्र, ज्योतिषशास्त्र और मन्त्रशास्त्र की अनेक जानकारिया दी है। सूत्रकार ने चौसठ पापश्रुत गिनाए हैं। पापश्रुत का अर्थ है—ऐसा ज्ञान जिससे पाप का बन्ध होता हो। कोरा ज्ञान पाप का बन्ध नही करता। पाप के बन्ध मे ज्ञान का प्रयोग ही कारण बनता है। जो व्यक्ति इन सारी विद्याओ का प्रयोग भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति के लिए करता है, वह पापकर्म का बन्ध करता है।

उन्नीसवे सूत्र मे चौदह प्रकार के क्रूरकर्म बतलाए है। इनके अध्ययन से तात्कालिक समाज-व्यवस्था मे होने वाले अनाचरणो का स्पष्ट निर्देश मिलता है।

इसी प्रकार शब्द आदि विषयो के प्रति आसक्त, सम्प्रदाय के अभिनिवेश से लिप्त अचिन्तनशील व्यक्ति अनेक प्रकार के क्रूर कर्म करने मे सलग्न रहते है। वे आत्महित और परहित का अनुसंधान नही करते। वे विपुल कर्मों का बन्ध कर निम्नतम गति मे जाते है और अपने कर्मों को भोगते है।

मनुष्य तीन प्रकार के होते हैं—

१ धर्मपक्ष मे स्थित

२. अधर्मपक्ष मे स्थित

३. धर्म-अधर्मपक्ष मे स्थित

मुनि धर्मपक्ष मे स्थित होते है। तापस परिव्राजक आदि मिश्रपक्ष—धर्म-अधर्म पक्ष मे स्थित होते हैं। जो गृहस्थ महारभ, महा-परिग्रह वाले होते है। वे अधर्म पक्ष मे स्थित है। इन पाच सूत्रो (५८-६२) मे उनके क्रूरकर्मों का सुन्दर निरूपण हुआ है। किस प्रकार वे पशुओ, दास-दासियो तथा अन्यान्य स्त्री-पुरुषो को दडित करते है, अपने परिवार के सदस्यो—माता-पिता, भाई-बहिन आदि को सताते है, पीटते हैं दागते है, इसका चित्रण है। इसके अध्ययन से तात्कालिक पारिवारिक व्यवस्था और दड व्यवस्था का सम्यक् अवबोध होता है।

अहिंसा का सिद्धान्त आत्मौपम्यदृष्टि पर आधृत है। इसका सुन्दर निदर्शन सतत्तरवे सूत्र मे किया गया है। अनेक प्रावादुक एक स्थान पर समवसृत हैं। एक व्यक्ति जलते हुए अगारो से भरे हुए पात्र को सडासी से पकड कर लाता है और एक-एक से कहता है—'प्रत्येक प्रावादुक अगारो से भरे इस लोहपात्र को अपने-अपने हाथ मे थामे रखे।' वह उस पात्र को उनकी ओर बढाता है। वे प्रावादुक अपना हाथ खीच लेते है। वह पूछता है—हाथ पीछे क्यो खीच रहे है? प्रावादुक कहते है—क्या हाथ नही जल जाएगा? क्या हमे दु ख-पीडा नही होगी? वह व्यक्ति तब कहता है—यही तुला है, यही प्रमाण है, यही समवसरण है। जैसे तुम्हे सुख प्रिय है और दु ख अप्रिय, वैसे ही प्रत्येक जीव सुख चाहता है, जीना चाहता है, कोई दु ख नही चाहता, मरना नही चाहता। यही आत्मौपम्य का सिद्धान्त है, यही आत्म-तुला है।

इस अध्ययन का सार-सक्षेप यही है कि बारह क्रियाओ मे प्रवृत्ति करने वाला कर्मो से बन्धता है, ससार-भ्रमण को बढाता है और तेरहवी क्रिया मे प्रवृत्ति करने वाला संसार-भ्रमण का उच्छेद कर देता है।

वृत्तिकार ने प्रस्तुत अध्ययन के ७२ वें सूत्र के अन्तर्गत पाठ निर्धारण की कठिनाई का उल्लेख करते हुए कहा है—'प्राय सभी सूत्र प्रतियो मे नानाविध सूत्र देखे जाते है। टीका (प्राचीन टीका) मे स्वीकृत पाठ का सवादी एक भी आदर्श हमारे सामने नही है। इसलिए हमने एक आदर्श को स्वीकार कर, उसके पाठ के अनुसार विवरण दिया है। सूत्र पाठो की विसवादिता को देखकर पाठक व्यामूढ न बने, सकल्प-विकल्प मे न फसे।'[1]

वृत्तिकार के इस कथन से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि उनके सामने पाठ-निर्धारण की अनेक समस्याए थी। हस्तलिखित आदर्शों के पाठ एकरूप नही थे। उन भिन्न-भिन्न पाठो से मूल पाठ का निर्धारण करना सहज-सुगम नही था।

---

१ वृत्ति पत्र ७९ इह च प्राय सूत्रादर्शेषु नानाविधानि सूत्राणि दृश्यन्ते, न च टीकासंवाद्येकोऽप्यस्माभिरादर्श· समुपलब्धोऽत एक-मादर्शमङ्गीकृत्यास्माभिर्विवरणं क्रियते इत्येतदवगम्य सूत्रविसंवाददर्शनाच्चित्तव्यामोहो न विधेय इति।

बीअं अज्झयणं : दूसरा अध्ययन

किरियाठाणे : क्रियास्थान

मूल

१. सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं—इह खलु किरियाठाणे णामज्झयणे पण्णत्ते । तस्स णं अयमट्ठे, इह खलु संजूहेणं दुवे ठाणा एवमाहिज्जंति, तं जहा—धम्मे चेव अधम्मे चेव, उवसंते चेव अणुवसंते चेव ।।

२. तत्थ णं जे से पढमठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे, तस्स णं अयमट्ठे, इह खलु पाईणं वा पडीणं वा उदीणं वा दाहिणं वा सतेगइया मणुस्सा भवंति, तं जहा—आरिया वेगे अणारिया वेगे, उच्चागोया वेगे णीयागोया वेगे, कायमंता वेगे हस्समंता वेगे, सुवण्णा वेगे दुवण्णा वेगे सुरूवा वेगे दुरूवा वेगे । तेसिं च णं इमं एयारूवं दंडसमादाणं संपेहाए, तं जहा—णेरइएसु तिरिक्खजोणिएसु माणुसेसु देवेसु जे यावण्णे तहप्पगारा पाणा विण्णू वेयणं वेयंति । तेसिं पि य णं इमाइं तेरस किरियाठाणाइं भवंतीति मक्खायं, तं जहा—अट्ठादंडे, अणट्ठादंडे, हिंसादंडे, अकस्मादंडे, दिट्ठिविपरियासियादंडे, मोसवत्तिए, अदिण्णादाणवत्तिए, अज्झत्थिए, माणवत्तिए, मित्तदोसवत्तिए, मायावत्तिए, लोभवत्तिए, इरियावहिए ।।

संस्कृत छाया

श्रुतं मया आयुष्मन् ! तेन भगवता एवमाख्यातं—इह खलु क्रियास्थानं नामाध्ययनं प्रज्ञप्तम् । तस्य अयमर्थः, इह खलु संयूथेन द्वे स्थाने एवमाह्रीयेते, तद् यथा—धर्मश्चैव अधर्मश्चैव, उपशान्तश्चैव अनुपशान्तश्चैव ।

तत्र य एष प्रथमस्थानस्य अधर्मपक्षस्य विभंग, तस्य अयमर्थ, इह खलु प्राचीन वा प्रतीचीन वा उदीचीन वा दक्षिण वा सति एकका मनुष्या. भवन्ति, तद् यथा—आर्या अप्येके अनार्या अप्येके, उच्चगोत्रा अप्येके नीचगोत्रा अप्येके, कायवन्तः अप्येके ह्रस्ववन्त अप्येके, सुवर्णा अप्येके दुर्वर्णा अप्येके, सुरूपा अप्येके दूरूपा अप्येके । तेषा च इद एतद्रूपं दण्डसमादान सप्रेक्ष्य, तद् यथा—नैरयिकेषु तिर्यग्योनिकेषु मनुष्येषु देवेषु ये चाप्यन्ये तथाप्रकारा. प्राणा विज्ञा वेदनां वेदयन्ति । तेषा अपि च इमानि त्रयोदश क्रियास्थानानि भवन्ति इति आख्यात, तद् यथा—अर्थदण्ड, अनर्थदण्ड, हिंसादण्ड, अकस्मात्दड, दृष्टिविपर्यासिकादण्ड, मृषाप्रत्यय, अदत्तादानप्रत्यय., आध्यात्मिक, मानप्रत्यय., मित्रदोषप्रत्यय., मायाप्रत्यय., लोभप्रत्यय, ईर्यापथिकः ।।

हिन्दी अनुवाद

१ आयुष्मान्[१] मैंने सुना है, उन भगवान् ने ऐसा कहा—यहा क्रियास्थान[१] नामक अध्ययन प्रज्ञप्त है । उसका यह अर्थ है । यहा सक्षेप मे[२] दो स्थान इस प्रकार प्रतिपादित है, जैसे—धर्म और अधर्म, उपशान्त और अनुपशान्त[३] ।

२. उनमे प्रथम स्थान अधर्मपक्ष का जो विकल्प है[४], उसका यह अर्थ है । इस जगत् मे पूर्व, पश्चिम, उत्तर या दक्षिण मे कुछ मनुष्य होते है, जैसे—कुछ आर्य होते हैं कुछ अनार्य, कुछ उच्च गोत्र वाले होते है कुछ नीच गोत्र वाले, कुछ लबे होते है कुछ नाटे, कुछ गोरे होते है कुछ काले, कुछ सुडोल होते हैं और कुछ कुडोल । (अधर्मपक्ष मे वर्तमान) उन मनुष्यो के इस प्रकार के दड-समादान[५] (हिंसात्मक आचरण) को देखकर (यह प्रश्न होता है कि क्या दड-समादान केवल मनुष्य मे ही है या अन्य प्राणियो मे भी ? समाधान की भाषा मे सूत्रकार कहते हैं) नैरयिको, तिर्यञ्चो, मनुष्यो और देवो मे जितने भी उस प्रकार के[६] प्राणी है, जो ज्ञानी हैं और वेदना का वेदन करते है[७], उन सभी के ये तेरह क्रियास्थान होते हैं, यह कहा गया है । जैसे—अर्थदड[८], अनर्थदड, हिंसादड, अकस्मात्दड, दृष्टिविपर्यासिकादड, मृषाप्रत्यय, अदत्तादानप्रत्यय, आध्यात्मिक, मानप्रत्यय, मित्रदोषप्रत्यय, मायाप्रत्यय, लोभप्रत्यय और ईर्यापथिक ।

३. पढमे दंडसमादाणे अट्ठादंडवत्तिए त्ति आहिज्जइ—
से जहाणामए केइ पुरिसे आयहेउं वा णाइहेउं वा अगारहेउं वा परिवारहेउं वा णागहेउं वा मित्तहेउं वा भूयहेउं वा जक्खहेउं वा तं दंडं तस-थावरेहिं पाणेहिं सयमेव णिसिरति, अण्णेण वि णिसिरावेति अण्णं पि णिसिरंतं समणुजाणति। एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जं ति आहिज्जइ।
पढमे दंडसमादाणे अट्ठादंडवत्तिए त्ति आहिए ॥

प्रथम दण्डसमादान अर्थदण्ड-प्रत्यय इति आह्रीयते—तद् यथा-नाम कश्चित् पुरुष. आत्महेतु वा ज्ञातिहेतु वा अगारहेतु वा परिवारहेतुं वा मित्रहेतु वा नाग-हेतु वा भूतहेतु वा यक्षहेतु वा त दण्ड त्रसस्थावरेषु प्राणेषु स्वयमेव निसृजति, अन्येनापि निसर्जयति अन्यमपि निसृजन्त समनुजानाति। एव खलु तस्य तत्प्रत्यय सावद्य इति आह्रीयते।
प्रथम दण्डसमादान अर्थदण्ड-प्रत्यय इति आहृतम्।

३. पहला दड-समादान अर्थदडप्रत्यय कहलाता है—जैसे कोई पुरुष अपने लिए या ज्ञाति के लिए या घर के लिए या परिवार के लिए या[1] मित्र के लिए या नाग के लिए या भूत के लिए या यक्ष के लिए त्रस-स्थावर प्राणियो के प्रति स्वयमेव उस दड का प्रयोग करता है, दूसरो से प्रयोग करवाता है और प्रयोग करने वाले का अनुमोदन करता है। इस प्रकार उस मनुष्य के अर्थदड के निमित्त से सावद्य होता है, ऐसा कहा गया है।
पहला दड-समादान अर्थदडप्रत्यय कहा गया है।

४. अहावरे दोच्चे दंडसमादाणे अण-ट्ठादंडवत्तिए त्ति आहिज्जइ—
से जहाणामए केइ पुरिसे जे इमे तसा पाणा भवंति, ते णो अच्चाए णो अजिणाए णो मंसाए णो सोणियाए णो हिययाए णो पित्ताए णो वसाए णो पिच्छाए णो पुच्छाए णो वालाए णो सिंगाए णो विसा-णाए णो दंताए णो दाढाए णो णहाए णो ण्हारुणिए णो अट्ठीए णो अट्ठिमिजाए, णो हिंसिसु मे त्ति, णो हिंसति मे त्ति, णो हिंसि-स्संति मे त्ति, णो पुत्तपोसणाए णो पसुपोसणाए णो अगारपरिवूहण-याए णो समणमाहणवत्तणाहेउ णो तस्स सरीरगस्स किंचि विप-रियाइत्ता भवति।

अथापर द्वितीयं दण्डसमादान अनर्थदण्डप्रत्यय इति अह्रीयते—तद् यथानाम कश्चित् पुरुष. ये इमे त्रसा. प्राणा. भवन्ति, तान् नो अर्चायै नो अजिनाय नो मासाय नो शोणिताय नो हृदयाय नो पित्ताय नो वसायै नो पिच्छाय नो पुच्छाय नो वालाय नो शृगाय नो विषाणाय नो दन्ताय नो दन्ष्ट्रायै नो नखाय नो स्नायवे नो अस्थ्ने नो अस्थिमज्जायै नो अहिंसिषु मां इति, नो हिन्सन्ति मा इति, नो हिन्सिष्यति मा इति नो पुत्रपोषणाय नो पशुपोपणाय नो अगारपरिवृंहणाय नो श्रमण-ब्राह्मणवर्तनाहेतु नो तस्य शरीर-कस्य किञ्चित् विपर्यादाता भवति।

४ अब दूसरा दड-समादान अनर्थ-दडप्रत्यय कह-लाता है—जैसे कोई पुरुष (निष्प्रयोजन हिंसा करता है।) जो ये त्रस प्राणी हैं, उन्हे न शरीर के लिए[2], न चर्म के लिए, न मास के लिए, न रक्त के लिए, न हृदय के लिए, न पित्त के लिए, न चर्बी के लिए, न पख के लिए, न पूछ के लिए, न केश के लिए, न सीग के लिए, न विषाण के लिए, न दात के लिए, न दाढ के लिए, न नख के लिए, न स्नायु के लिए, न हड्डी के लिए, न अस्थि-मज्जा के लिए और न इसलिए कि उसने मुझे चोट पहुंचाई थी, वह मुझे चोट पहुचा रहा है, वह मुझे चोट पहुचायेगा, न पुत्रपोषण के लिए, न पशु-पोषण के लिए, न घर को बढाने के लिए, न श्रमण-ब्राह्मण की आजीविका के लिए और न उसके अपने शरीर के लिए कुछ भी उपा-देय होता है।

से हंता छेत्ता भेत्ता लुंपइत्ता विलुंपइत्ता ओदवइत्ता उज्झिउं वाले वेरस्स आभागी भवति—अणट्ठादंडे।
से जहाणामए केइ पुरिसे जे इमे थावरा पाणा भवंति, तं जहा—इक्कडा इ वा कडिणा इ वा जंतुगा इ वा परगा इ वा मोरका इ वा तणा इ वा कुसा इ वा कुच्छगा

स हत्वा छित्वा भित्वा लुम्पित्वा विलुम्प्य अवद्राव्य उज्झित्वा वाल. वैरस्य आभागी भवति—अनर्थदण्ड.।
तद् यथानाम कश्चित् पुरुष. ये इमे स्थावरा प्राणा. भवन्ति, तद् यथा—'इक्कडा' इति वा 'कडिणा' इति वा 'जतुगा' इति वा 'परगा' इति वा 'मोरका'

फिर भी उन त्रस-प्राणियो का हनन, छेदन, भेदन, लुपन, विलुपन, प्राण-हरण कर,[3] विवेक को छोड, वह अज्ञानी पुरुष वैर का[4] भागी होता है—यह अनर्थदड है।
जैसे कोई पुरुष (निष्प्रयोजन हिंसा करता है।) जो ये स्थावर प्राणी होते है, जैसे[5]—इक्कड, कडिण, जतुक, परक, मोरक, तृण[6], कुश, कूर्चक, पर्वज या पलाल—उन (वनस्पति जीवो) को न पुत्र-पोषण के लिए, न पशु-

इ वा पव्वगा इ वा पलाला इ वा—ते णो पुत्तपोसणाए णो पसुपोसणाए णो अगारपरिवूहणयाए णो समणमाहणवत्तणाहेउं णो तस्स सरीरगस्स किंचि विपरियाइत्ता भवति।
से हंता छेत्ता भेत्ता लुंपइत्ता विलुंपइत्ता ओदवइत्ता उज्झिउं बाले वेरस्स आभागी भवइ—अणट्ठादंडे।

इति वा तृणा इति वा कुशा इति वा कूर्चका इति वा पर्वजा इति वा पलाला इति वा तान् नो पुत्रपोषणाय नो पशुपोषणाय नो अगारपरिबृंहणाय नो श्रमण-ब्राह्मणवर्तनाहेतु नो तस्य शरीरकस्य किञ्चित् विपर्यादाता भवति। स हत्वा छित्वा भित्वा लुम्पित्वा विलुम्प्य अवद्राव्य उज्झित्वा बाल वैरस्य आभागी भवति—अनर्थदण्ड ।

पोषण के लिए, न घर को बढाने के लिए, न श्रमण-ब्राह्मण की आजीविका के लिए, न उसके अपने शरीर के लिए कुछ भी उपादेय होता है, फिर भी उन स्थावर प्राणियो का हनन, छेदन, भेदन, लुपन, विलुपन, प्राण-हरण कर, विवेक को छोड, वह अज्ञानी पुरुष वैर का भागी होता हे—यह अनर्थदड है।

से जहाणामए केइ पुरिसे कच्छंसि वा दहंसि वा उदगंसि वा दवियंसि वा वलयंसि वा णूमंसि वा गहणंसि वा गहणविदुग्गंसि वा वणंसि वा वणविदुग्गंसि वा पव्वयंसि वा पव्वयविदुग्गंसि वा तणाइं ऊसविय-ऊसविय सयमेव अगणिकाय णिसिरति, अण्णेण वि अगणिकायं णिसिरावेति, अण्णं पि अगणिकायं णिसिरंतं समणुजाणति—अणट्ठादंडे। एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जं ति आहिज्जइ।

तद् यथानाम कश्चित् पुरुष कक्षे वा द्रहे वा उदके वा 'दवियसि' वा वलये वा 'णूमसि' वा गहने वा गहनविदुर्गे वा वने वा वनविदुर्गे वा पर्वते वा पर्वतविदुर्गे वा तृणानि उच्छित्य-उच्छित्य स्वयमेव अग्निकाय निसृजति, अन्येनापि अग्निकाय निसर्जयति, अन्यमपि अग्निकाय निसृजन्तमपि समनुजानाति—अनर्थदण्डः। एवं खलु तस्य तत्प्रत्ययं सावद्यं इति आह्रीयते।

जैसे कोई पुरुष कछार, द्रह, जल, घास का जगल, टेढी-मेढी नदी से घिरे हुए भूभाग, वृक्षो से आच्छन्न जगल, गहन, दुर्गम-गहन, वन, दुर्गम-वन, पर्वत या दुर्गम-पर्वत मे तृणो का ढेर कर स्वय आग लगता है, दूसरो से आग लगवाता है, आग लगाने वाले का अनुमोदन करता है—यह अनर्थदड है। इस प्रकार उस मनुष्य के अनर्थदड के निमित्त से सावद्य होता है, ऐसा कहा गया है।

दोच्चे दंडसमादाणे अणट्ठादंडवत्तिए त्ति आहिए॥

द्वितीयं दण्डसमादान अनर्थदण्डप्रत्यय इति आहृतम्॥

दूसरा दड-समादान अनर्थदडप्रत्यय कहा गया है।

५. अहावरे तच्चे दंडसमादाणे हिंसादंडवत्तिए त्ति आहिज्जइ—से जहाणामए केइ पुरिसे ममं वा ममियं वा अण्णं वा अण्णियं वा हिंसिसु वा, हिंसंति वा, हिंसिस्संति वा, तं दंडं तसथावरेहिं पाणेहिं सयमेव णिसिरइ, अण्णेण वि णिसिरावेइ, अण्णं पि णिसिरंतं समणुजाणइ—हिंसादंडे। एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जं ति आहिज्जइ।
तच्चे दंडसमादाणे हिंसादंडवत्तिए त्ति आहिए॥

अथापर तृतीय दण्डसमादान हिन्सादण्डप्रत्यय इति आह्रीयते—तद् यथानाम कश्चित् पुरुष. मा वा मामकीनां वा अन्यं वा अन्यदीया वा अहिंसिषु, हिन्सन्ति, हिन्सिष्यन्ति, वा तद् दण्डं त्रसस्थावरेषु प्राणेषु स्वयमेव निसृजति अन्येनापि निसर्जयति अन्यमपि निसृजन्त समनुजानाति—हिंसादण्ड। एव खलु तस्य तत्प्रत्ययं सावद्यं इति आह्रीयते। तृतीयं दण्डसमादान हिंसादण्डप्रत्यय इति आहृतम्।

५ अब तीसरा दड-समादान हिंसादड-प्रत्यय कहलाता है—
जैसे कोई पुरुष (अमुक त्रस या स्थावर प्राणी ने) मेरी या मेरे व्यक्ति की, दूसरे की या दूसरे के व्यक्ति की हिंसा की थी, कर रहा है या करेगा इसलिए त्रस-स्थावर प्राणियो पर स्वय उस दड का प्रयोग करता है, दूसरो से करवाता है और वैसा करने वाले का अनुमोदन करता है—यह हिंसादड है। इस प्रकार उस मनुष्य के हिंसादड के निमित्त से सावद्य होता है, ऐसा कहा गया है।
तीसरा दड-समादान हिंसादड-प्रत्यय कहा गया है।

६. अहावरे चउत्थे दंडसमादाणे अकस्मादडवत्तिए त्ति आहिज्जइ—

अथापर चतुर्थ दण्डसमादान अकस्मात्दण्डप्रत्ययं इति आह्री-

६ अब चौथा दड-समादान अकस्मात्-दडप्रत्यय कहलाता है—

से जहाणामए केइ पुरिसे कच्छंसि वा दहंसि वा उदगंसि वा दवियंसि वा वलयंसि वा णूमंसि वा गहणंसि वा गहणविदुग्गंसि वा वणंसि वा वणविदुग्गंसि वा पव्वयंसि वा पव्वयविदुग्गंसि वा मियवत्तिए मियसंकप्पे मियपणिहाणे मियवहाए गंता एते मिय त्ति काउं अण्णयरस्स मियस्स वहाए उसुं आयामेत्ता णं णिसिरेज्जा, से मियं वहिस्सामि त्ति कट्टु तित्तिरं वा वट्टगं वा चडगं वा लावगं वा कवोयगं वा कविं वा कविजलं वा विंधित्ता भवति—इति खलु से अण्णस्स अट्ठाए अण्णं फुसइ—अकस्मादंडे ।

यते—तद् यथानाम कश्चित् पुरुष. कक्षे वा द्रहे वा उदके वा 'दवियसि' वा वलये वा 'णूमंसि' वा गहने वा गहनविदुर्गे वा वने वा वनविदुर्गे वा पर्वते वा पर्वतविदुर्गे वा मृगवृत्तिक. मृगसंकल्पः मृगप्रणिधान. मृगवधाय गत्वा 'एते मृगा' इति कृत्वा अन्यतरस्य मृगस्य वधाय इषु आयम्य निसृजेत, स 'मृगं हनिष्यामि' इति कृत्वा तित्तिरं वा वर्तकं वा चटकं वा लावक वा कपोतक वा कपिं वा कपिंजलं वा व्यद्धा भवति—इति खलु स अन्यस्यार्थाय अन्य स्पृशति—अकस्मात्दण्डः ।

जैसे कोई मृगजीवी पुरुष मृग का संकल्प और अवधान कर[१६] कछार, द्रह, जल, घास का जंगल, टेढी-मेढी नदी से घिरे हुए भू-भाग, वृक्षो से आच्छन्न जगल, गहन, दुर्गम-गहन, वन, दुर्गम-वन पर्वत या दुर्गम-पर्वत मे मृगवध के लिए जाकर 'ये मृग हैं'—ऐसा सोच, किसी एक मृग के वध के लिए वाण को खीच कर फेंकता है, वह 'मृग को मारूंगा'—ऐसा सोच (वाण फेकता है, किन्तु उससे) तीतर, वटेर, चिडिया, लावा, कवूतर, कपि या कपिंजल (चातक) को बीध डालता है—इस प्रकार वह दूसरे को मारने के लिए वाण फेकता है और दूसरे को मार डालता है[१७]—यह अकस्मात्दड है ।

से जहाणामए केइ पुरिसे सालीणि वा वीहीणि वा कोद्दवाणि वा कंगूणि वा परगाणि वा रालाणि वा णिलिज्जमाणे अण्णयरस्स तणस्स वहाए सत्थं णिसिरेज्जा, से सामगं तणगं मुकुंदुगं वीहीऊसियं कलेसुयं तणं छिंदिस्सामि त्ति कट्टु सालिं वा वीहिं वा कोद्दवं वा कंगुं वा परगं वा रालयं वा छिंदित्ता भवति—इति खलु से अण्णस्स अट्ठाए अण्णं फुसति—अकस्मादंडे । एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जं ति आहिज्जइ।

यथानाम कश्चित् पुरुष. शालीन् वा व्रीहीन् वा कोद्रवान् वा कंगूर्वा परकान् वा राला. वा निलीयमानः अन्यतरस्य तृणस्य वधाय शस्त्र निसृजेत्, स श्यामक तृणकं मुकुन्दुक व्रीहि-उच्छ्रित 'कलेसुय' तृण छेत्स्यामि इति कृत्वा शालिं वा व्रीहिं वा कोद्रव वा कगु वा परक वा रालकं वा छेत्ता भवति—एव खलु स अन्यस्यार्थाय अन्य स्पृशति—अकस्मात्दड. । एव खलु तस्य तत्प्रत्ययं सावद्य इति आह्रीयते ।

जैसे कोई पुरुष शालि, व्रीही, कोदव, कगू (टागुन), परक या राल के खेत को नीदते हुए, किसी तृण को काटने के लिए शस्त्र का प्रयोग करे, वह सवा[१८] को, तृण को, मुकुन्दुक[१९] को, व्रीहि पर जमे हुए 'कलेसुक' तृण को काटूंगा यह सोच शालि, व्रीहि, कोदव, कगू, परक या राल को काट देता है, इस प्रकार वह दूसरे को काटने के लिए शस्त्र चलता है और दूसरे को काट डालता है। यह अकस्मात्दड है। इस प्रकार उस मनुष्य के अकस्मात्दड के निमित्त से सावद्य होता है, ऐसा कहा गया है।

चउत्थे दंडसमादाणे अकस्मादंडवत्तिए आहिए ॥

चतुर्थं दण्डसमादान अकस्मात्दडप्रत्यय इति आहृतम् ।

चौथा दड-समादान अकस्मात्दडप्रत्यय कहा गया है।

७. अहावरे पंचमे दंडसमादाणे दिट्ठिविपरियासियादंडवत्तिए त्ति आहिज्जइ—से जहाणामए केइ पुरिसे माईहिं वा पिईहिं वा भाईहिं वा भगिणीहिं वा भज्जाहिं वा पुत्तेहिं वा धूयाहिं वा सुण्हाहिं वा सद्धिं संवसमाणे मित्तं अमित्तमिति मण्णमाणे मित्ते हयपुव्वे भवइ—दिट्ठिविपरियासियादंडे ।

अथापर पञ्चमं दण्डसमादानं दृष्टिविपर्यासिकादण्डप्रत्यय इति आह्रीयते—तद् यथानाम कश्चित् पुरुष. मातृभिर्वा पितृभिर्वा भ्रातृभिर्वा भगिनीभिर्वा भार्याभिर्वा पुत्रैर्वा दुहितृभिर्वा स्नुषाभिर्वा सार्ध संवसन् मित्र अमित्रमिति मन्यमानः मित्र हतपूर्व भवति—दृष्टिविपर्यासिकादण्ड ।

७ अब पाचवा दडसमादान दृष्टिविपर्यासिकादड प्रत्यय कहलाता है—

जैसे कोई पुरुष माता, पिता,[२०] भाई, बहिन, भार्या, पुत्र, पुत्री या पुत्रवधू के साथ रहता हुआ मित्र को अमित्र मान कर उसे मार डालता है—यह दृष्टिविपर्यासिकादड है ।

से जहाणामए केइ पुरिसे गामघायंसि वा णगरघायंसि वा खेडघायंसि कब्बडघायंसि मडंबघायंसि वा दोणमुहघायंसि वा पट्टणघायंसि वा आसमघायंसि वा सण्णिवेसघायंसि वा णिगमघायंसि वा रायहाणिघायंसि वा अतेणं तेणमिति मण्णमाणे अतेणे हयपुव्वे भवइ—दिट्ठिविपरियासियादंडे। एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जं ति आहिज्जइ।
पंचमे दंडसमादाणे दिट्ठिविपरियासियादंडवत्तिए त्ति आहिए॥

तद् यथानाम कश्चित् पुरुष· ग्रामघाते वा नगरघाते वा खेटघाते वा कर्वटघाते वा मडंबघाते वा द्रोणमुखघाते वा पत्तनघाते वा आश्रमघाते वा सन्निवेशघाते वा निगमघाते वा राजधानीघाते वा अस्तेन स्तेनमिति मन्यमान. अस्तेनं हतपूर्वो भवति—दृष्टिविपर्यासिकादण्ड। एव खलु तस्य तत्प्रत्यय सावद्य इति आह्नीयते।
पञ्चमं दण्डसमादानं दृष्टिविपर्यासिकादण्डप्रत्यय इति आहृतम्॥

जैसे कोई पुरुष ग्रामघात,[२१] नगरघात, खेटघात, कर्वटघात, मडवघात, द्रोणमुखघात, पत्तनघात, आश्रमघात, सन्निवेशघात, निगमघात या राजधानीघात के समय अचोर को चोर मानकर उसे मार डालता है—यह दृष्टिविपर्यासिकादड है। इस प्रकार उस मनुष्य के दृष्टिविपर्यासिकादड के निमित्त से सावद्य होता है, ऐसा कहा गया है।

पाचवा दड-समादान[२२], दृष्टिविपर्यासिकादड-प्रत्यय कहा गया है।

८. अहावरे छट्ठे किरियट्ठाणे मोसवत्तिए त्ति आहिज्जइ—
से जहाणामए केइ पुरिसे आयहेउं वा णाइहेउं वा अगारहेउं वा परिवारहेउं वा सयमेव मुसं वयति, अण्णेण वि मुसं वयावेइ, मुसं वयत पि अण्णं समणुजाणति। एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जं ति आहिज्जइ।
छट्ठे किरियट्ठाणे मोसवत्तिए त्ति आहिए॥

अथापरं षष्ठ क्रियास्थान मृषाप्रत्यय इति आह्नीयते—
तद् यथानाम कश्चित् पुरुष आत्महेतु वा ज्ञातिहेतु वा अगारहेतु वा परिवारहेतु वा स्वयमेव मृषा वदति, अन्येनापि मृषा वादयति, मृषा वदतमपि अन्य समनुजानाति। एव खलु तस्य तत्प्रत्यय सावद्य इति आह्नीयते।
षष्ठ क्रियास्थान मृषाप्रत्यय इति आहृतम्॥

८. अब छठा क्रियास्थान मृषाप्रत्यय कहलाता है—
जैसे कोई पुरुष अपने लिए[२३] या ज्ञाति के लिए या घर के लिए या परिवार के लिए स्वय ही झूठ बोलता है, दूसरो से भी झूठ बुलवाता है और बोलने वाले का अनुमोदन करता है। इस प्रकार उस मनुष्य के मृषाप्रत्यय के निमित्त से सावद्य होता है, ऐसा कहा गया है।

छठा क्रियास्थान मृषाप्रत्यय कहा गया है।

९. अहावरे सत्तमे किरियट्ठाणे अदिण्णादाणवत्तिए त्ति आहिज्जइ—से जहाणामए केइ पुरिसे आयहेउं वा णाइहेउं वा अगारहेउं वा परिवारहेउं वा सयमेव अदिण्णं आदियति, अण्णेण वि अदिण्णं आदियावेति, अदिण्णं आदियंतं पि अण्णं समणुजाणइ। एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जं ति आहिज्जइ।
सत्तमे किरियट्ठाणे अदिण्णादाणवत्तिए त्ति आहिए॥

अथापर सप्तम क्रियास्थान अदत्तादानप्रत्यय इति आह्नीयते—
तद् यथानाम कश्चित् पुरुष आत्महेतु वा ज्ञातिहेतु वा अगारहेतु वा परिवारहेतु वा स्वयमेव अदत्त आददाति, अन्येनापि अदत्तं आदापयति, अदत्त आददतमपि अन्यं समनुजानाति। एव खलु तस्य तत्प्रत्यय सावद्य इति आह्नीयते।
सप्तम क्रियास्थान अदत्तादानप्रत्यय इति आहृतम्॥

९ अब सातवा क्रियास्थान अदत्तादानप्रत्यय कहलाता है। जैसे कोई पुरुष अपने लिए या ज्ञाति के लिए या घर के लिए या परिवार के लिए स्वय ही अदत्त ग्रहण करता है, दूसरो से भी अदत्त ग्रहण करवाता है और अदत्त ग्रहण करने वाले दूसरे व्यक्ति का अनुमोदन करता है। इस प्रकार उस मनुष्य के अदत्तादानप्रत्यय के निमित्त से सावद्य होता है, ऐसा कहा गया है।

सातवा क्रियास्थान अदत्तादानप्रत्यय कहा गया है।

१०. अहावरे अट्ठमे किरियट्ठाणे अज्झत्थिए त्ति आहिज्जइ—
से जहाणामए केइ पुरिसे—णत्थि णं केइ किंचि विसंवादेइ—

अथापर अष्टम क्रियास्थान आध्यात्मिक इति आह्नीयते—
तद् यथानाम कश्चित् पुरुष.—नास्ति कश्चित् किञ्चिद् विसं-

१० अब आठवा क्रियास्थान आध्यात्मिक कहलाता है—
जैसे कोई पुरुष—किसी के द्वारा इच्छा का अतिक्रमण न होने पर भी—अपने आप ही

सयमेव हीणे दीणे दुट्ठे दुम्मणे ओहयमणसंकप्पे चितासोगसागर-संपविट्ठे करतलपल्हत्थमुहे अट्टज्झाणोवगए भूमिगयदिट्ठिए झियाति, तस्स णं अज्झत्थिया असंसइया चत्तारि ठाणा एवमाहिज्जंति, तं जहा—कोहे माणे माया लोहे। एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जं ति आहिज्जइ।

वादयति स्वयमेव हीनो दीनो दुष्टो दुर्मना अपहृतमन:सकल्प. चिताशोकसागरसंप्रविष्ट. करतलपर्यस्तमुखः आर्त्तध्यानोपगत. भूमिगतदृष्टिक. ध्यायति, तस्य आध्यात्मिकानि असश्रितानि चत्वारि स्थानानि एवं आह्लीयन्ते, तद् यथा—क्रोधः मान माया लोभ.। एव खलु तस्य तत्प्रत्यय सावद्यं इति आह्लीयते।

हीन, दीन, क्रुद्ध, दुर्मनस्क, मरे हुए मन के सकल्प वाला, चिन्ता और शोक के सागर मे डूबा हुआ, मुह को हथेली पर टिकाए हुए, आर्त्तध्यान से युक्त, भूमी मे दृष्टि गाडे हुए चिन्ता करता है। उसके आध्यात्मिक[३७] (अन्तर्मन मे होने वाले) और निमित्तशून्य[३८] चार स्थान कहे जाते है, जैसे—क्रोध, मान, माया और लोभ। इस प्रकार उस मनुष्य के आध्यात्मिक निमित्त से सावद्य होता है, ऐसा कहा गया है।

अट्ठमे किरियट्ठाणे अज्झत्थिए त्ति आहिए॥

अष्टमं क्रियास्थानं आध्यात्मिकं इति आहृतम्।

आठवा क्रियास्थान आध्यात्मिक कहा गया है।

११. अहावरे णवमे किरियट्ठाणे माणवत्तिए त्ति आहिज्जइ—से जहाणामए केइ पुरिसे जाइमदेण वा कुलमदेण वा बलमदेण वा रूवमदेण वा तवमदेण वा सुयमदेण वा लाभमदेण वा इस्सरियमदेण वा पण्णामदेण वा, अण्णयरेण वा मदट्ठाणेणं मत्ते समाणे परं हीलेति णिंदेति खिंसति गरिहति परिभवति अवमण्णति। इत्तरिए अयं, अहमंसि पुण विसिट्ठजाइकुलबलाइगुणोववेए— एवं अप्पाणं समुक्कसे। देहा चुए कम्मबिइए अवसे पयाति,[३८] तं जहा—गब्भाओ गब्भं जम्माओ जम्मं माराओ मारं णरगाओ णरगं। चंडे थद्धे चवले माणी यावि भवइ। एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जं ति आहिज्जइ।

अथापरं नवमं क्रियास्थान मानप्रत्ययं इति आह्लीयते—तद् यथानाम कश्चित् पुरुष. जातिमदेन वा कुलमदेन वा बलमदेन वा रूपमदेन वा तपोमदेन वा श्रुतमदेन वा लाभमदेन वा ऐश्वर्यमदेन वा प्रज्ञामदेन वा, अन्यतरेण वा मदस्थानेन मत्त. सन् परं हीलयति निन्दति 'खिसति' गर्हते परिभवति अवमन्यते। इत्वरिक अय, अहमस्मि पुन विशिष्टजातिकुलबलादिगुणोपेत·—एव आत्मान समुत्कर्षयेत्। देहाद् च्युत. कर्मद्वितीय. अवश. प्रयाति, तद् यथा—गर्भात् गर्भ जन्मन. जन्म मरणात् मरण नरकात् नरकम्। चण्ड· स्तब्धः चपल. मानी चापि भवति। एवं खलु तस्य तत्प्रत्ययं सावद्य इति आह्लीयते।

११ अब नौवा क्रियास्थान मानप्रत्यय कहलाता है—

जैसे कोई पुरुष जातिमद, कुलमद बलमद रूपमद, तपोमद, श्रुतमद, लाभमद, ऐश्वर्यमद, या प्रज्ञामद, अथवा किसी अन्य मद-स्थान से मत्त होकर दूसरे की अवहेलना[३९] करता है, निन्दा करता है, भर्त्सना करता है और गर्हा करता है, तिरस्कार करता है और अवज्ञा करता है। 'यह तुच्छ है'[४०] और मैं विशिष्ट जाति, कुल, बल आदि गुणो से युक्त हू'—इस प्रकार वह अपने को बड़ा अनुभव करता है। (किन्तु मृत्यु आने पर वह) देह से च्युत हो, कर्म को साथ लिए हुए विवश होकर प्रयाण कर देता है, जैसे—एक गर्भ से दूसरे गर्भ मे,[४१] एक जन्म से दूसरे जन्म मे, एक मरण से दूसरे मरण मे, एक नरक से दूसरे नरक मे।[४२] वह चड, स्तब्ध, चपल और मानी होता है।[४३] इस प्रकार उस मनुष्य के मान के निमित्त से सावद्य होता है, ऐसा कहा गया है।

णवमे किरियट्ठाणे माणवत्तिए त्ति आहिए॥

नवमं क्रियास्थानं मानप्रत्ययं इति आहृतम्॥

नौवा क्रियास्थान मानप्रत्यय कहा गया है।

१२. अहावरे दसमे किरियट्ठाणे मित्तदोसवत्तिए त्ति आहिज्जइ—से जहाणामए केइ पुरिसे माईहिं वा पिईहिं वा भाईहिं वा भइणीहिं वा भज्जाहिं वा धूयाहिं वा पुत्तेहिं वा सुण्हाहिं वा सद्धिं संवसमाणे

४. चूर्णि, पृष्ठ ३४१-३४२ माईहिं वा पितीहिं वा नित्यमात्मनि गुरुषु च बहुवचनं अहवा माईहिंति सवत्तीणीओ मातुसियातो पितुस्सिताओ गिहिताओ, पितीहिंति पितुपितृव्यादय पितृवयंसा वा ।

५ (क) चूर्णि, पृष्ठ ३४२ . इवाणि प्रायेण आत्माश्रयाणि, ण च एकान्तेन तेसु परस्स ववरोवण भवति तहावि कम्मबंधो भवतित्तिकाउं किरियाट्ठाणाणि उच्चति, आदिल्लाइ पुण किरियाट्ठाणत्तेवि सति दडसमादाणेवि सति दडसमादाणा वुच्चंति ।
(ख) वृत्ति, पत्र ५० तत्र च पूर्वोक्ताना पञ्चानां क्रियास्थानानां सत्यपि क्रियास्थानत्वे प्रायश· परोपघातो भवतीतिकृत्वा दण्ड-समादानसज्ञा कृता षष्ठादिषु च बाहुल्येन न परव्यापादनं भवतीत्यत. क्रियास्थानमित्येषा संज्ञोच्यते ।

परिवार और ज्ञातिहेतुक मृषावाद—अपने पुत्र तथा परिवार आदि के लिए झूठ बोलना, जैसे—यह चोर था, पारदारिक नही है।

दूसरे से झूठ बुलवाना—दूसरे को झूठ बोलने की कला सिखाना, मृषा उपदेश करना, झूठा साक्ष्य दिलाना।

झूठ बोलने वाले का अनुमोदन करना, जैसे—तूने इस अपराध का अपलाप कर दिया, यह अच्छा किया।

अनुमोदन का अर्थ है—मृषावाद आदि को अच्छा समझना। श्रीमज्जयाचार्य ने अनुमोदन की यही परिभाषा की है। हिंसा, मृषा आदि की प्रवृत्ति को सुन लेना या उस पर मौन रह जाना अनुमोदन नही है, किन्तु उसके प्रति 'अच्छा किया'—ऐसा मनोभाव करना या वैसा वचन बोलना 'अनुमोदन' है।[१]

सूत्र १० :

२४. आध्यात्मिक (अज्झत्थिए)

आध्यात्मिक का अर्थ है—अन्त करण मे उत्पन्न। यह क्रियास्थान मनोविज्ञान की दृष्टि से बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। बाह्य निमित्तो, कारणो और परिस्थितियो से व्यक्ति दुखी होता है, शोकाकुल और चिन्तातुर होता है। किन्तु कभी-कभी यह भी देखा जाता है कि कोई भी निमित्त न होने पर भी वह दुखी और चिन्तित हो जाता है। इसका कारण बाह्य में नही खोजा जा सकता। उसका निमित्त आन्तरिक होता है। आज की शरीरशास्त्रीय दृष्टि से अन्तःस्रावी ग्रन्थियो के स्रावो का असतुलन उसके निमित्त बनते है और कर्मशास्त्रीय परिभाषा के अनुसार इसका कारण तत् तत् वेदनीय कर्म का अहेतुक विपाक है।

प्रस्तुत सूत्र मे शास्त्रकार ने बाह्य निमित्तो के अभाव मे चिन्तित होने वाले पुरुष का बहुत ही सुन्दर चित्र खीचा है। इस कोटि का व्यक्ति अपने आचरण और व्यवहार से अपने प्रति ही क्रोध आदि का प्रदर्शन कर हीन, दीन आदि बन जाता है।

क्रोध, मान, माया और लोभ की उत्पत्ति आत्मा मे होती है, इसलिए उन्हे आध्यात्मिक कहा गया है।[२]

यहा शिष्य एक प्रश्न करता है—गुरुदेव! क्या कषाय आध्यात्मिक ही होते हैं या अध्यात्म-व्यतिरिक्त भी? गुरुदेव ने कहा—शिष्य! कषाय तो आध्यात्मिक ही होते हैं, किन्तु अध्यात्म कषाय-व्यतिरिक्त भी होता है।[४]

चूर्णिकार और वृत्तिकार ने इस सूत्र मे प्रयुक्त शब्दो की व्याख्या इस प्रकार की है[५]—

हीन—जिसकी वाणी, आकृति और शोभा क्षीण हो चुकी है।

दीन—अकृपण होने पर भी जो कृपण की तरह संकुचित होकर रहता है।

दुष्ट—अपकार न करनेवाले पर भी द्वेष करनेवाला।

दुर्मना—जिसका मन दुष्ट चिन्ताओ मे लगा रहता है।

अवहतमन संकल्प—मनोवाछित वस्तु की प्राप्ति न होने पर जिसका मन सकल्प टूट गया है।

२५. निमित्तशून्य (असंसइया)

चूर्णिकार ने वैकल्पिक रूप मे 'आसंसइया' पाठ मानकर उसका अर्थ संशयित और भयभीत किया है।[६]

वृत्तिकार ने भी इसका अर्थ आसंशयित किया है।[७]

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३४२।
(ख) वृत्ति, पत्र ५०।

२. भगवती की जोड़

३. चूर्णि, पृष्ठ ३०३।

४. वही, पृष्ठ ३४३।

५. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३४३ : हीणोत्ति हीणे सरतो ओयातो छायातो, दीणो णाम अकृपणोऽपि सन् कृपणवन्नि संहृतोऽवतिष्ठते, दुट्ठोत्ति अकृतापकारस्यापि प्रदुष्यते, दुष्टमना दुर्मणा, इष्टविषयप्रार्थनाभिमुखं हि मन तदलाभे अपहतं भवति, अभिहतमित्यर्थः।
(ख) वृत्ति, पत्र ५०,५१।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३४३ अथवा युक्तमासंसयमेव समानदीर्घत्वे कृते अज्झत्थया आसंसइया, अहवा संशय. अज्ञाने भये च, संशयं कुर्वंतीति संशयिता, कसाएहिं कषायवृत्तमतिर्न किंचि जानीते भयं चास्य इह परत्र च भवति।

७. वृत्ति, पत्र ५१ : असंशयितानि वा—निःसंशयानि।

हमने 'अससइय' पाठ का सस्कृत रूप 'असश्रित' दिया है। इसकी आर्थिक तुलना 'अप्रतिष्ठ' से की जा सकती है । देखे—ठाण ४।७६ ।

सूत्र ११ :

२६. अवहेलना ⋯ ⋯अवज्ञा (हीलेति⋯—अवमण्णति)

सूत्रकार ने यहा दूसरे की अवमानना के द्योतक छह शब्दो का प्रयोग किया है। चूर्णिकार ने इनका अर्थ इस प्रकार किया है[1]—

१ हीलना—दूसरो को लज्जित करने की क्रिया।

२ निन्दा—जाति, ऐश्वर्य आदि के आधार पर दूसरे मे मानसिक ताप पैदा करना।

३. खिसना—घृणा करना।

४ गर्हा—दूसरो के समक्ष किसी के प्रति तुच्छ वात कहना, जैसे—यह नीच जाती का है, चाडाल है, चमार है आदि-आदि।

५. परिभव—अपने अह से दूसरो की अवज्ञा करना।

६ अवमानना—तिरस्कार करना—आने पर न उठना, छोटा आसन देना, तुच्छ आहार आदि देना।

वृत्तिकार का अभिमत है कि ये शब्द एकार्थक भी हो सकते हैं, या किसी भेद की अपेक्षा से इनका भिन्न अर्थ भी किया जा सकता है।[2]

२७. तुच्छ है (इत्तरिए)

इत्वरिक का अर्थ है—अल्प, न्यून[3]। वृत्तिकार ने 'इतरोऽय' की व्याख्या जघन्य, हीनजातिक किया है।[4]

२८. कम्मबिइए अवसे पयाति

तुलना—उत्तरज्झयणाणि १३।२४ कम्मप्पबीओ अवसो पयाइ।

२९. एक गर्भ से दूसरे गर्भ में (गब्भाओ गब्भं)

चूर्णिकार ने यहा चतु भगी प्रस्तुत की है[5]—

१ गर्भ से गर्भ मे—गर्भज प्राणी के रूप मे मरकर गर्भज प्राणी के रूप मे उत्पन्न होना।

२. गर्भ से अगर्भ मे—गर्भज प्राणी के रूप मे मरकर अगर्भज प्राणी के रूप मे उत्पन्न होना।

३. अगर्भ से गर्भ मे—अगर्भज प्राणी के रूप मे मरकर अगर्भज प्राणी के रूप मे उत्पन्न होना।

४ अगर्भ से अगर्भ मे—अगर्भज प्राणी के रूप मे मरकर अगर्भज प्राणी के रूप मे उत्पन्न होना।

मनुष्य और पचेन्द्रिय तिर्यञ्च गर्भज होते हैं, शेष सारे प्राणी—पाचो स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय, देवता और नारक अगर्भज होते हैं।

३०. एक नरक से दूसरे नरक में (णरगाओ णरगं)

चूर्णि मे इसकी चतुर्भंगी का भी उल्लेख है[6]—

१ नरक मे मरकर पुन नरक मे जन्म लेना।

२. नरक मे मरकर पुन. अनरक—अन्यत्र जन्म लेना।

३ अनरक मे मरकर नरक मे जन्म लेना।

४. अनरक मे मरकर अनरक मे जन्म लेना।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३४४।

२ वृत्ति, पत्र ५१ एतानि चैकार्थिकानि कथञ्चिद्भेदं वोत्प्रेक्ष्य व्याख्येयानीति।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३४४ इत्तरिओ अल्पप्रत्यय इत्वरमित्ययमल्पतर ।

४. वृत्ति, पत्र ५१ इतरोऽय जघन्यो हीनजातिकः।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३४५ एवं गब्भाओ गब्भं गब्भाओ अगब्भं अगब्भाओ गब्भ अगब्भाओ अगब्भं। मणुस्सपंचेंदियाणं गब्भो सेसाण अगब्भो।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३४५ : णरगाओ णरगं चतुभंगो।

३१. चंड, स्तब्ध, चपल, मानी (चंडे थद्धे चवले माणी)

इनका अर्थ है—चंड—क्रोधी, स्तब्ध—अहंकारी, चपल—अगभीर, मानी—अभिमानी।

ये चारो एक दूसरे से सपृक्त हैं। चारो का अवस्थान एक है। जो चंड—क्रोधी होगा वह स्तब्ध भी होगा, चपल भी होगा और मानी भी होगा। जो मानी होगा वह क्रोधी भी होगा, स्तब्ध भी होगा और चपल भी होगा।

क्रोध और मान अन्योन्याश्रित हैं। जब मानी व्यक्ति अपमानित होता है तब वह रुष्ट होकर 'थरथर' कांपने लग जाता है, आक्रुष्ट होता है और जाति आदि से अपने आपकी प्रशंसा करता है। मानी अपमानित होने पर क्रुद्ध और अगंभीर हो जाता है।[1]

सूत्र १२

३२. ठंडे पानी में.... (सीयोदग....)

इसका अर्थ है—हेमंत ऋतु की रात्रि में अपराधी को ठंडे पानी मे डुबोकर कष्ट देना।[2]

३३. गर्म पानी से.... (उसिणोदगवियडेण....)

चूर्णिकार और वृत्तिकार ने 'विकट' शब्द के द्वारा उष्ण तैल, उष्ण कांजी आदि का ग्रहण किया है।[3]

३४. अग्नि से.... (अगणिकायेणं....)

इसका तात्पर्यार्थ है—अग्नि से, मुर्मुर से या तपे हुए लोहे की शलाका से शरीर को दागना। इन दो अर्थों के अतिरिक्त चूर्णिकार ने एक अर्थ और किया है—अपराधी को चटाई आदि मे लपेट कर आग लगा देना। इसे कटाग्नि कहा जाता है।[4]

३५. थोड़े मे ही जल-भुन जाने वाला, क्रोधी (संजलणे कोहणे)

जो व्यक्ति निरन्तर अपने आश्रितो पर दंड का प्रयोग करता रहता है, वह चिडचिडे स्वभाव वाला हो जाता है। वह हर किसी व्यक्ति पर, जिस किसी निमित्त से क्षण-क्षण मे जलता रहता है और अत्यन्त कुपित होकर बिना सोचे समझे वध, बंधन, छेदन आदि क्रियाओ मे प्रवृत्त हो जाता है। यह सब उसका स्वभाव बन जाता है। यह भी एक प्रकार की मादकता हो जाती है। बिना ऐसा किए उसे चैन नही पडता। नशे की आदत से भी यह अधिक सताने वाली आदत हो जाती है।[5]

चूर्णिकार ने सज्वलन और क्रोध को एकार्थक भी माना है।[6]

३६. चुगलखोर (पिट्ठिमंसियावि)

जब व्यक्ति प्रतिशोध लेने मे स्वय को असमर्थ महसूस करता है तब वह अपने द्वेषी को दु:खी करने के लिए राजकुल मे या अन्य व्यक्ति के पास उसकी चुगली खाता है और उस व्यक्ति को फंसाने को चेष्टा करता है।[7]

३७. (....त्ति आहिए)

चूर्णिकार ने इस सूत्र के अन्त मे मतान्तरो का उल्लेख करते हुए लिखा है कि कुछ दोषप्रत्ययिक को आठवा क्रियास्थान और

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३४५।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३४५ सीतोदगे वा कायं उवल्लेत्ता भवति, हेमंतरातीसु।
   (ख) वृत्ति, पत्र ५२ : शीतोदके विकटे—प्रभूते शीते वा शिशिरादौ।

३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३४५ वियडग्गहणा उसिणतेल्लेण वा।
   (ख) वृत्ति, पत्र ५२ तत्र विकट ग्रहणादुष्णतैलेन काञ्जिकादिना वा कायमुपतापयिता भवति।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३४५ : अगणिकाएण वा मुम्मुएण वा तत्तलोहेण वा कायं उडुहित्ता भवति, कडएण वा वेढेतु पलीवेति, सो चेव कडग्गित्ति वुच्चति।

५. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३४६।
   (ख) वृत्ति, पत्र ५३।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३४६ : संजलण एव य कोधणो वुच्चति, एगट्ठिता दोवि।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३४६।

'अध्यात्म' को नौवा क्रियास्थान मानते है। कुछ 'दोषप्रत्ययिक' को नौवा और 'मानप्रत्ययिक' को दसवा क्रियास्थान मानते हैं।[1]

वृत्तिकार ने भी मतान्तर का उल्लेख करते हुए लिखा है—कुछ आचार्यो ने आत्मदोषप्रत्ययिक को आठवा, परदोपप्रत्ययिक को नौवा और प्राणवृत्तिक को दसवा क्रियास्थान माना है।[2]

सूत्र १३ :

३८. रहस्यमय आचार वाले (गूढायारा)

चूर्णिकार ने 'गुह सवरणे' धातु के आधार पर इसका अर्थ गूढ आचार वाले व्यक्ति किया है। गला काटने वाले, धोखा देने वाले, इस श्रेणी मे आते हैं। वे पहले अनेक विधियो से विश्वास पैदा कर फिर उस व्यक्ति का धन चुरा लेते है या उसे मार डालते है।[3] वे विविध प्रकार का झूठा वेश बनाकर दूसरो को ठगते है।[4]

चूर्णिकार ने प्रद्योत और अभयकुमार के दृष्टान्त का सकेत किया है।[5]

वृत्तिकार ने गला काटने वाले तथा राहगिरों को लूटने वालो को इसके अन्तर्गत माना है। उन्होने प्रद्योत और अभयकुमार के दृष्टान्त का सकेत भी दिया है।[6]

कथानक के लिए देखें—सूयगडो १, अध्ययन ४ का आमुख, पृष्ठ १८२,१८३।

३९. अन्धेरे में दुराचार करने वाले (तमोकासिया)

चूर्णिकार ने 'तमोकाइया' पाठ मानकर व्याख्या की है। तमस् का अर्थ है अधकार। तमस्, तिमिर और अधकार एकार्थक है। जैसे रात्री मे घूमने वाले पक्षी इधर-उधर घूमते है, दूसरो को दिखाई नही पड़ते, वैसे ही चोर और पारदारिक रात्री मे काम करते है, यह मानकर कि कोई उन्हे देख न ले। वे तमोकायिक कहलाते है।[7]

वृत्तिकार के अनुसार जो रात मे ही सब कुछ करते है वे 'तमोकासिक' कहलाते है। वे इस प्रकार से कार्य करते है कि दूसरों को पता ही न चल सके।[8]

४०. उल्लू के पांख की भांति हल्के और पर्वत की भांति भारी (उलूगपत्तलहुआ पव्वयगुरुया)

उल्लू की पाखे बहुत हल्की होती हैं। वे पाखें थोडे से वायु के झोके से हिल उठती है, ऊपर उछलती है या उड जाती है। वैसे ही मायावी व्यक्ति का मनोबल इतना क्षीण हो जाता है कि थोडा सा भारी काम आने पर विचलित हो जाता है।

जैसे पर्वत गाढरूप मे बद्धमूल होता है और भयंकर तूफान से भी चलायमान नही होता, वैसे ही मायावी और असत्यवादी व्यक्ति भी अपने कार्य या आलवन के प्रति इतने आग्रही और बद्धमूल होते है कि दूसरों के द्वारा प्रार्थना करने पर, चरण पकडने पर भी वे अपने असत् कार्य को नही छोडते।

यह चूर्णिकार की व्याख्या है।[9]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३४६, ३४७ : एवं पुण केयिवि दोसवत्तियं अट्ठम किरियाट्ठाणं भावितु पच्छा भणंति, परे दोसवत्तिय णवमं किरियट्ठाणं पच्छा माणवत्तियं।

२. वृत्ति, पत्र ५३ अपरे पुनरष्टमं क्रियास्थानमात्मदोषप्रत्ययिकमाचक्षते, नवमं तु परदोषप्रत्ययिकं, दशमं पुन मानवृत्तिकं क्रियास्थानमिति।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३४७ : गूढायारा गुह संवरणे········मारेति वा।

४. वही, पृष्ठ ३४८ : जहा गलगर्त्ता णाणाविहेहिं पासंडवेसेहिं अपरं वंचेति।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३४७ · जहा पज्जोयेण अभयो दासीहिं हरावितो।

६. वृत्ति, पत्र ५३।

७ चूर्णि, पृष्ठ ३४७ यथा नक्तचरा पक्षिणः रत्तिं चरंति अदृश्यमाना केनचित्, एवं तेवि चोरपारदारिया तमसि कार्यं कुर्वन्तीति तमोकाइया।

८. वृत्ति, पत्र ५३।

९. चूर्णि, पृष्ठ ३४७।

वृत्तिकार ने दोनो शब्दों का सयुक्त अर्थ किया है। वे मायावी व्यक्ति उलूक के पाखो की भाति हल्की चेष्टा करने वाले होते है। वे इतनी तुच्छ या हल्की चेष्टा करते हुए भी अपने आपको पर्वत की भाति बड़ा मानते है। इसका वैकल्पिक अर्थ है—अकार्य मे प्रवृत्त होते हुए उनको कोई रोक नही सकता। वे अपने कार्य मे पर्वत की भाति अटिग रहते है।[1]

४१. वे आर्य····प्रयोग करते हैं (ते आरिया·······पउंजंति)

वे मायावी लोग आर्य देश मे उत्पन्न होकर भी शठता से अपने आपको छिपाने के लिए या दूसरों में भय पैदा करने के लिए अनार्य भाषाओं का प्रयोग करते है। वे परस्पर उस साकेतिक भाषा मे बोलते हैं कि दूसरे उनको नही समझ पाते। वे दूसरो को व्यामूढ बनाकर उनको ठग लेते है।[2]

चूर्णिकार ने बताया है कि आर्य भाषा मे गच्छ, भण, भुञ्ज (जा, बोल, खा) आदि के प्रयोग होते हैं और वे मायावी उन्ही अर्थो के लिए साकेतिक भाषा मे बोलते हैं।[3]

४२ भीतरी शल्य वाला पुरुष (पुरिसे अन्तोसल्ले)

सूत्रकार ने मायावी की तुलना उस व्यक्ति से की है, जिसके अन्दर शल्य है। शल्य निकालने मे पीड़ा होगी, यह सोचकर वह स्वय काटा नही निकालता और न वैद्य या विद्या के द्वारा उसको निकलवाता है। न वह किसी औषधि का प्रयोग कर उसे भीतर ही भीतर गलाता है। लोग जब पूछते हैं—अरे! तुम बहुत दुबले हो गए? क्यो? वह इस प्रश्न का उत्तर नहीं देता। वह दूसरो को यह प्रतीति कराना नही चाहता कि उसमे शल्य है। वह अन्दर ही अन्दर जलता रहता है, जैसे पोला वृक्ष अपने भीतर रही अग्नि से जलता है। जैसे परस्त्री का इच्छुक व्यक्ति अपनी प्रेयसी के विरह मे भीतर ही भीतर जलभुन जाता है, वैसे ही वह सशल्य व्यक्ति जलता रहता है। मायावी व्यक्ति की भी यही स्थिति होती है।[4]

तुलना के लिए देखें—ठाणं ८।६,१०।

सूत्र १४

४३. बारहवां क्रियास्थान (बारसमे किरियट्ठाणे)

चूर्णिकार और वृत्तिकार ने यह माना है पूर्वोक्त ग्यारह क्रियास्थान प्राय: गृहस्थो (असंयतों) को लक्ष्यकर बतलाए गए हैं और बारहवा क्रियास्थान अन्यतीर्थिको को लक्ष्य कर कहा गया है।[5]

४४. आरण्यक (आरण्णिया)

तापस चार प्रकार के होते हैं—आरण्यक, आवसथिक, ग्रामान्तिक और राहसिक।

चूर्णिकार ने 'आरण्यक' का शाब्दिक अर्थ अरण्य मे रहने वाले तापस किया है। उन तापसो मे कुछ तापस वृक्षमूल मे रहते हैं, कुछ तापस सरोवर या नदी के पानी मे रहते हैं।[6]

वृत्तिकार के अनुसार अरण्य मे रहनेवाले वे तापस कन्द, मूल, फल आदि खाते हैं और कुछेक तापस वृक्षमूल मे रहते है।[7]

४५. आवसथिक (आवसहिया)

जो तापस झोपडी मे या झोपडी के आकार वाले मकान मे रहते हैं, वे आवसथिक तापस कहलाते है।[8]

---

१. वृत्ति, पत्र ५३।

२ वृत्ति, पत्र ५३।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३४७ : आरियभासाहिं, गच्छ भण भुज एवमादिएहिं एते चेवत्थे कलावतालाचरचोरादी आत्मीयपरिभाषाएहिं भणंति।

४. वही, पृष्ठ ३४८।

५. (क) चूर्णि पृष्ठ ३४९ एताणि प्रायेण गृहस्थानां गतानि एक्कारस किरियाट्ठाणाणि, इमं पुण पासंडत्थाणं बारसमं किरिया।
(ख) वृत्ति, पत्र ५५।

६. चूर्णि पृष्ठ ३४९ अरण्णेसु वसंतीत्यारण्णिया तावसा, ते पुण केइ रुक्खमूलेसु य वसंति, केइ उदएसु।

७ वृत्ति, पत्र ५५ अरण्ये वसन्तीत्यारण्यका, ते च कन्दमूलफलाहारा: सन्त केचन वृक्षमूले वसन्ति।

८. (क) चूर्णि पृष्ठ ३४९ आवसहेसु वसन्तीत्यावसत्थिगा।
(ख) वृत्ति, पत्र ५५ आवसथेसु—उटजाकारेषु गृहेषु।

४६. ग्राम के समीप रहने वाले (गामंतिया)

चूर्णिकार के अनुसार जो गांव के अंत भाग मे या गाव के पास या दो गावो के वीच या अनेक गावो के वीच रहते हैं वे ग्रामान्तिक तापस होते हैं। वे गाव से भिक्षा माग कर जीवन चलाते हैं।[1]

४७. रहस्यमय साधना में संलग्न (कण्हुईरहस्सिया)

जो मन्त्र, होम, आरण्यग आदि के रहस्य को जानते हैं और लोगो के लिए उनका प्रयोग करते है, उनके लिए सव वेद रहस्य होते है, इसलिए वे ब्राह्मण के सिवाय किसी दूसरे को उन्हे नही पढाते।[2]

४८. जो बहुसंयमी नहीं हैं (णो बहुसंजया)

वे अन्यतीर्थिक वहुत सयत नही होते। इसका तात्पर्य है कि वे पचेन्द्रिय प्राणियो का वध नही करते, परन्तु वनस्पति, उदक और अग्निकायिक जीवो का वध करते हैं, इसलिए वे बहुत प्राणियो के प्रति सयत नही होते।[3]

वृत्तिकार के अनुसार जो सर्व सावद्य अनुष्ठानो से निवृत्त नही होते, वे वहुसयमी नही कहे जाते। वे प्राय त्रस प्राणियो की हिंसा नही करते, परन्तु एकेन्द्रिय जीवो की घात करते है। वे तापस वहुसयत नही कहलाते।[4]

जो बहुप्रतिविरत नहीं हैं (णो बहुपडिविरया)

जो व्यक्ति प्राणातिपातविरमण आदि सभी व्रतो का पालन नही करते, वे वहुप्रतिविरत नही होते। जो अठारह पाप-स्थानो का वर्जन करते हैं वे वहुप्रतिविरत होते हैं। अप्रतिविरत व्यक्ति द्रव्यत कुछेक व्रतो को स्वीकार करते हैं, परन्तु भावत नही।[5]

४९. चार-पांच या छह-दस वर्षो तक (वासाइं चउपंचमाइं छद्दसमाइं)

प्रस्तुत सूत्र मे चार-पाच या छह-दस वर्षों का उल्लेख विशेप प्रयोजन से किया गया है।

चूर्णिकार के अनुसार यह मध्यमकाल का ग्रहण है। उन्होने प्रश्न उपस्थित किया है कि वीस, तीस या सौ का ग्रहण क्यो नही किया गया? इसके समाधान मे वे कहते है कि अन्यतीर्थिक प्राय भुक्तभोगी होकर, सतान पैदा कर, प्रौढ अवस्था मे प्रव्रजित होते हैं, सन्यासी वनते हैं, इसलिए अल्पकाल का निर्देश किया गया है। यह औत्सर्गिक प्रतिपादन है। जो वाल-प्रव्रजित हो उनके लिए अधिक काल का निर्देश भी किया जा सकता है।[6]

५०. पापपूर्ण किल्विषिक (आसुरिएसु किब्बिसिएसु)

देवो के चार निकाय हैं—भवनपति, वानव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक। प्रस्तुत सूत्र मे 'आसुरिएसु किब्विसिएसु' से भवनपति और वानव्यन्तर—इन दो निकायो का निग्रह किया गया है।

इनके क्षेत्र मे सूर्य नही होता। वहा सघन अधकार व्याप्त रहता है। ये अधोलोक मे होते है।[7]

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३४९ : गामे अतिका ग्रामाभ्यासे ग्रामस्य ग्रामयोर्वा ग्रामाणि वा अंतिए वसतीति ग्रामणियंतिया, ग्राममुपजीवन्तीत्यर्थ।

(ख) वृत्ति, पत्र ५५।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३४९ रह त्यागे, किंचिद्रहस्यं एषां भवति यथा होम मंत्राश्च आरण्यगं वा इत्यादि, सर्वे एषां रहस्यं येनाब्राह्मणाय न वीयन्ते।

(ख) वृत्ति, पत्र ५५ क्वचित्—कार्ये मण्डलप्रवेशादिके रहस्यं येषां ते क्वचिद्राहसिका।

३ चूर्णि, पृष्ठ ३४९ : णो वहुएसु जीवेसु संजता, पंचिंदिए जीवे ण मारेति, एगिंदिय मूलकन्दादि उदयं अगणिकायं च वधेति।

४. वृत्ति, पत्र ५५ : न बहुसंयताः—न सर्वसावद्यानुष्ठानेभ्यो निवृत्ताः, एतदुक्तं भवति—न बाहुल्येन त्रसेपु दण्डसमारम्भं विदधति, एकेन्द्रियोपजीविनस्त्वविगानेन तापसादयो भवन्तीति।

५ वृत्ति, पत्र ५५।

६. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३५०।

(ख) वृत्ति, पत्र ५६।

७ चूर्णि, पृष्ठ ३५१ आसुरिएसु किब्विसिएसु जेसु सूरो णत्थि ट्ठाणेसु, ताणि पुण अधे लोए सूरो णत्थि तत्थ, भवणवइवाणमंतरा देवा।

चूर्णिकार के अनुसार किल्विष, कलुष, कल्मष और पाप—ये एकार्थक हैं ।[1]

५१. अन्धे (तमूयत्ताए)

चूर्णिकार ने 'तमोकाइत्ताए' पाठ मानकर, उसका अर्थ जन्मान्ध या बालान्ध किया है ।[2]

सूत्र १५ :

५२. राग-द्वेषमुक्त श्रमण या ब्राह्मण के लिए (दविएणं समणेणं माहणेणं)

चूर्णिकार ने द्रव्य का अर्थ—राग-द्वेष से विप्रमुक्त किया है ।[3] वृत्तिकार ने कर्मग्रन्थि को गलाने वाली क्रिया को द्रव्य अर्थात् संयम माना है । जो संयमयुक्त होता है वह द्रविक कहलाता है अथवा जिसमें मुक्ति प्राप्त करने की योग्यता है, वह साधु द्रविक कहलाता है ।[4]

चूर्णिकार ने श्रमण और माहन को एकार्थक मानकर 'द्रविक' को उनका विशेषण माना है ।[5]

वृत्तिकार ने द्रविक' शब्द को और 'माहन' शब्द को श्रमण का विशेषण माना है ।[6] किन्तु 'गाथा' अध्ययन के अनुसार चूर्णिकार का मत संगत है ।[7]

सूत्र १६ :

५३. ईर्यापथिक (इरियावहिए)

ईर्यापथिक 'ईर्या' और 'पथ'—इन दो शब्दों से निष्पन्न है । ईर्या का शाब्दिक अर्थ है—गति और उसका तात्पर्य है—प्रवृत्ति । यहां 'पथ' शब्द का अर्थ है—हेतु । प्रस्तुत ईर्यापथिक क्रियास्थान में केवल प्रवृत्ति, योग या चंचलता ही कर्मबन्ध का हेतु बनती है । इसमें कषाय का योगदान नहीं होता । कषायवान् व्यक्ति के साम्परायिक क्रिया होती है । ईर्यापथिकी क्रिया केवल वीतराग के होती है ।[8]

तुलना—भगवती ३।१४८

देखें—ठाणं, पृष्ठ ११४, ११५ ।

५४. आत्महित के लिए संवृत (अत्तत्ताए संवुडस्स)

आत्मत्व का अर्थ है—आत्मभाव । विवेकवान् पुरुष आत्मा के लिए प्रवृत्त होता है । यहां आत्मा का अर्थ है—निर्मल आत्मा । मलिन आत्मा को अनात्मा या दुरात्मा कहा जाता है । जो आत्मा में लीन होता है, उसे 'संवृत अनगार' कहा गया है । चूर्णिकार ने इसका अर्थ इन्द्रिय और मनोजयी किया है ।[9]

वृत्तिकार के अनुसार मन, वचन और काया का संवर करने वाला 'संवृत अनगार' कहलाता है ।[10]

प्रस्तुत सूत्र में ईर्यापथिकी क्रिया के अधिकारी का जो वर्णन किया गया है वह वीतराग की अपेक्षा अप्रमाद की साधना करने वाले सराग संयती पर अधिक घटित होता है । संवृत अनगार के लिए जिन विशेषणों का प्रयोग किया गया है वे साधनाकालीन प्रतीत होते हैं । वीतरागता सिद्धि है, वह साधना नहीं है । 'आउत्तं गच्छमाणस्स आउत्तं चिट्ठमाणस्स'—इत्यादि वाक्यों में 'आउत्त' पद वीतराग के लिए अपेक्षित नहीं होता । छद्मस्थ वीतराग की कालस्थिति बहुत स्वल्प—केवल अन्तर्मुहूर्त्त की होती है । केवली

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३५१ किव्विसं कलुसं कलमयं पापमित्यनर्थान्तरं ।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३५१ तमोकाइयत्ताएत्ति जात्यन्धो भवति बालंधो वा ।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३५१ दविओ रागदोसविप्पमुक्को ।

४ वृत्ति, पत्र ५६ कर्मग्रन्थिद्रावणाद्द्रव—संयम, स विद्यते यस्यासौ द्रविको मुक्तिगमनयोग्यतया वा द्रव्यभूत. ।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३५१ ....समणेत्ति वा माहणेत्ति वा एगट्ठं ।

६. वृत्ति, पत्र ५६ ....तमेव विशिनष्टि........।

७. देखें—सूत्रकृतांग प्रथम श्रुतस्कंध सोलहवां अध्ययन ।

८. भगवती १०।१४ :........गोयमा ! जस्स णं कोह-माण-माया-लोभा वोच्छिण्णा भवंति तस्स णं इरियावहिया किरिया कज्जइ, जस्स णं कोह-माण-माया-लोभा अवोच्छिण्णा भवंति तस्स णं संपराइया किरिया कज्जइ ।

९ चूर्णि पृष्ठ ३५१ इन्द्रियानिन्द्रियसंवुडे अणगारः ।

१०. वृत्ति, पत्र ५७ संवृतस्य मनोवाक्कायैः ।

वीतराग के लिए इन विशेषणो की कोई सार्थकता नही है। इस स्थिति मे यह मत बनता है कि प्रस्तुत सूत्रगत वर्णन साधनाकालीन स्थिति का वर्णन है।

बौद्ध साहित्य मे 'कायानुपश्यना' का दूसरा प्रकार ईर्यापथ है। उससे इसकी तुलना की जा सकती है—

फिर भिक्षुओ! भिक्षु जाते हुए 'जाता हू' जानता है। बैठे हुए 'बैठा हू' जानता है। सोए हुए 'सोया हूं'—जानता है। जैसे-जैसे उसकी काया अवस्थित होती है, वैसे ही उसे जानता है। इसी प्रकार काया के भीतरी भाग मे कायानुपश्यी हो विहरता है, काया के बाहरी भाग मे कायानुपश्यी विहरता है। काया के भीतरी और बाहरी भागो मे कायानुपश्यी विहरता है। काया मे समुदय (=उत्पत्ति) धर्म देखता विहरता है, काया मे व्यय (=विनाश) धर्म देखता विहरता है, काया मे समुदय-व्ययधर्म देखता विहरता है।[1]

५५. गति में सम्यक् प्रवृत्त······काया से सम्यक् प्रवृत्त (इरियासमियस्स·······कायसमियस्स)

जैन परम्परा मे सामान्यत पाच समितिया मानी गई हैं। उत्तराध्ययन सूत्र मे आठ समितियो का उल्लेख है।[2] प्रस्तुत प्रसग मे भी आठ समितिया कही गई हैं। चूर्णिकार ने 'सम्यग्योग प्रवृत्ति समिति—इसके आधार पर मूल की पाच समितियो के साथ-साथ मन, वचन और काया की सम्यक् प्रवृत्ति को भी समिति कहा है।[3]

५६. ब्रह्मचर्य की गुप्तियो से युक्त (गुत्तबंभयारिस्स)

जो नौ गुप्तियो द्वारा ब्रह्मचर्य का पालन करता है वह गुप्त ब्रह्मचारी कहलाता है।[4]

५७. अप्रमादपूर्वक (आउत्त)

जो निरन्तर संयम मे उपयुक्त रहता है, अप्रमत्त रहता है और जो यह सोचता है कि मुझ से किञ्चित् मात्र भी विराधना न हो जाए, वह आयुक्त कहलाता है।[5]

५८. पलक झपकाते हुए भी (चक्खपम्हनिवायमवि)

पलके झपकना—यह सूक्ष्म क्रिया है। अप्रमत्त साधक उसके प्रति भी जागरूक रहता है। जब तक योग (मन, वचन, काया की प्रवृत्ति) है तब तक चचलता पूर्णतया नही मिटती, जीव निश्चल नही हो सकता। इसी का सवादी कथन भगवती मे प्राप्त है। गणधर गौतम ने महावीर से पूछा—'भते! केवली जिस समय मे जिन आकाश प्रदेशो का अवगाहन करते हैं, क्या तत्पश्चात् वे उन्ही आकाश प्रदेशो का अवगाहन करने मे समर्थ हैं?' भगवान् ने कहा—'नही, क्योकि सयोगी होने के कारण उनका शरीर चल होता है, सर्वथा निश्चल नही होता।'[6]

केवली दो प्रकार के होते हैं—सयोगी केवली और अयोगी केवली। सयोगी केवली के शरीर का सूक्ष्म सचार होता रहता है। क्योकि उनमे भी कर्म शरीर विद्यमान रहता है। जैसे—उबलते हुए पानी मे निरन्तर कम्पन होते रहते है वैसे ही केवली मे भी शरीर का सूक्ष्म सचालन होता रहता है।[7]

५६. नाना मात्रा वाली (विमाया)

विमात्रा का अर्थ है—विषम मात्रा वाली। शरीर की कभी बैठने, गमन करने आदि रूप स्थूल क्रिया होती है और कभी उच्छ्वास, शरीर का सूक्ष्म सचालन रूप सूक्ष्म क्रिया होती है। इन दोनो मे काल, द्रव्य और उपचय की अपेक्षा कर्म का बन्ध तुल्य

---

१. दीघनिकाय पृष्ठ १६१।

२. उत्तरज्झयणाणि, २४।३ एयाओ अट्ठ समिईओ ·· ····।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३५१ : सम्यग्योगप्रवृत्ति समितिरितिकृत्वा अट्ठ समिइओ गहियातो, मणोगुत्तस्स वइकायगुत्तस्सत्ति तिण्णि गुत्तीओ गहिताओ एते पुण तिण्णिवि कायवायमणा य सम्यक् प्रवर्त्तमानस्य समितिओ भवति।

४. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३५१, ३५२ जस्स णवहि बंभचेर गुत्तीहिं गुत्तं बंभचेरं भवति सो गुत्तबंभचारी।
(ख) वृत्ति, पत्र ५७।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३५२ णिच्चमेव संजमे उवजुत्तो, मा मे सुहुमा विराहणा होज्जत्ति इत्यर्थः।

६. भगवती ५।११०, १११।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३५२ एवं सजोगीकेवलीणो सुहुमा गत्ताविसंचारा भवति, कम्मयसरीराणुगतो जीवो तत्तमिव च उखास्यमुदक परियत्तति तेण केवलिणो अत्थि सुहुमो गात्रसंचारो।

होता है ।[1]

काल की अपेक्षा से ईर्यापथिक कर्म वन्ध द्विसामयिक होता है—प्रथम समय मे कर्मवन्धता है, स्पृष्ट होता है, दूसरे समय मे वह उदय मे आता है—उसका सवेदन होता है और तीसरे समय मे वह निर्जीर्ण हो जाता है ।[2] द्रव्योपचय मे वह तुल्य होता है ।

चूर्णिकार ने इस प्रसग मे चतुर्विध वन्ध की चर्चा की है । वध के चार प्रकार हैं—प्रकृति वन्ध, स्थिति वन्ध, अनुभाग वन्ध और प्रदेश वन्ध । ईर्यापथिक कर्मवन्ध मे उनकी अवस्थिति इस प्रकार है—

प्रकृति वन्ध—वेदनीय कर्म ।

स्थिति वन्ध—द्वि सामयिक ।

अनुभाग वन्ध—शुभानुभाव । अनुत्तरोपपातिक देवों के सुख से भी अतिशायी सुख वाला ।

प्रदेश वन्ध—वहु और वादर प्रदेश वाला, अस्थिर वन्ध, अधिक व्यय ।

यह वर्ण से श्वेत, गंध मे सुगध, स्पर्श मे मृदु स्पर्श वाला है । इसका लेप मद होता है । जैसे सुरदरी भीत पर किया हुआ लेप ।[3]

६०. तत्पश्चात् (सेयकाले)

इसका अर्थ है—एष्यत् काल, भविष्यकाल । ईर्यापथिक क्रिया का एष्यत् काल है—तीसरा समय । पहले दो समय कर्म के होते हैं । पहले समय मे कर्म वन्धता है, दूसरे समय मे संवेदित होता है और तीसरे समय मे वह निर्जीर्ण हो जाता है । निर्जरा के वाद उसका वेदन नही होता । इस अपेक्षा से वह अकर्म है तथा अतीत की अपेक्षा से वह कर्म होता है । जैसे किसी घट मे गुड भरा था । उसे खाली कर उसमे कुछ और डाल दिया फिर भी वह गुड का घटा ही कहलाएगा ।

कर्म शरीर दो प्रकार का होता है—वद्ध और मुक्त । वद्ध की अपेक्षा निर्जीर्ण कर्म को 'अकर्म' और मुक्त की अपेक्षा उसे मुक्त कर्म कहा जा सकता है ।[4]

तुलना—भगवती ३।१४८ ।

६१. ईर्यापथ के निमित्त से होने वाला बंध होता है (तप्पत्तियं आहिज्जइ)

'तप्पत्तिय' का अर्थ है ईर्याप्रत्ययिक (योग या प्रवृत्ति हेतुक) कर्म । आदर्शों मे यहा 'तप्पत्तिय सावज्ज' पाठ मिलता है, किन्तु चूर्णि और टीका मे वह व्याख्यात नही है । ऐसा प्रतीत होता है कि लिपि प्रमाद से प्रवाहपाती रूप से यह पाठ लिखा गया है । चूर्णिकार ने स्पष्ट लिखा है कि पूर्ववर्ती वारह क्रियास्थान सावद्य होते हैं । सराग-सयमी, भले फिर वह प्रव्रजित हो या गृहस्थ, के कषाय-प्रत्ययिक सावद्य कर्म का वध होता है ।[5] ईर्याप्रत्ययिक कर्म पुण्य कर्म का वध है । यह केवल वीतराग के ही होता है ।

चूर्णि के अनुसार सापरायिक वन्ध प्रमाद, कषाय और योग प्रत्ययिक होता है । जहा प्रमाद होता है, वहा कषाय और योग नियमत होते हैं । प्रमाद-प्रत्ययिक वन्ध अतिदीर्घकालीन स्थिति वाला नही होता । कषाय प्रत्ययिक वन्ध जघन्यत अन्तर्मुहूर्त्त की अथवा आठ वर्ष की स्थिति वाला होता है ।[6]

वृत्तिकार ने सापरायिक क्रिया के पाच प्रत्ययो का उल्लेख किया है । उनमे मिथ्यात्व और अविरति आश्रव को भी सापरायिक

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३५२ ।

२. भगवती, ३।१४८ ।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३५२ ।

४ चूर्णि, पृष्ठ ३५३ : सेयकालो त्ति एस्सो कालो, सेत्ति णिद्देसे ईरियावहियाए कम्मे अकालो तस्स दोण्ह समयाण परेणं अकम्मं वावि भवति, च शब्दोऽधिकवचनाविपु. तथा वेदन पडुच्च अकर्म, तीतभावपण्णवणं पडुच्च कम्मं गुडघटदृष्टान्तो, दुविधा कम्मशरीरा वद्धेल्ला य मुक्केल्ला य मुविकल्लए पडुच्च कम्म ।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३५३ : हेट्ठिल्ला पुण सावज्जा चेव वारस किरियाट्ठाणाइं भवति, एवं पव्वइओ वा उप्पव्वइओ वा, एवं सरागसंयतस्स सावज्जो चेव ।

६ वही, ३५३ तेसिं प्रमाद कषाययोगनिमित्तो संपराइयवंधो होइ, जत्थ प्रमादत तत्थ कषाया य जोगा य णियमा, जोगे पुण पुव्विल्ला भजिता, पमादपच्चइयो णातिदीहकालट्ठितीओ होति, कषायपच्चइया वा ऊणतरो अंतोमुहुत्तिओ वा अट्ठसवच्छरिओ ।

कर्म-बंध का कारण बतलाया गया है।[1]

अविरति-प्रत्ययिक सापरायिक कर्म-बन्ध का उल्लेख भगवती मे भी मिलता है।[2]

सूत्र १८ :

६२. इसके पश्चात् (अदुत्तरं)

जो तेरह क्रियास्थानो मे नही कहा जा सका, उसे इस उत्तर—अगले सूत्र मे कहा जा रहा है। जैसे आचाराग के प्रथम श्रुत-स्कंध मे जो नही कहा गया, वह उत्तरवर्ती चूलिकाओ (दूसरे श्रुतस्कध) मे कहा गया है। उसी प्रकार चिकित्सा-शास्त्र मे मूल सहिताओ के श्लोक-स्थान, निदान, शरीर, चिकित्सित, कल्प आदि मे जो तथ्य नही बतलाए गए वे तथ्य उसके उत्तर भाग मे बतलाए गए है। उसी प्रकार रामायण मे भी उत्तर रामायण है।

चूर्णिकार ने 'छन्दोपस्थित' तथा वृत्तिकार ने 'छन्दश्चिति' के उत्तरखड का भी उल्लेख किया है।[3]

६३. विचय (विजय)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ मार्गणा किया है।[4] वृत्तिकार ने इसके दो सस्कृत पर्याय दिए हैं—विचय और विजय। विचय का अर्थ है—मार्गणा—अन्वेषणा और विजय का है जीत।[5] यहा विषय अर्थ ही प्रस्तुत है।

६४. विभाग (विभंग)

चूर्णिकार ने विविध या विशिष्ट विभाग को विभग माना है।[6] वृत्तिकार ने विभग का अर्थ ज्ञान-विशेष किया है।[7] इसका तात्पर्य है—विभागात्मक या विश्लेषणात्मक ज्ञान।

६५. प्रज्ञान (पण्णा)

प्रज्ञा का अर्थ है—बुद्धि या अन्तर्दृष्टि।

प्रज्ञा दो प्रकार की होती है—उत्तम और अधम।[8] वृत्तिकार के अनुसार वह विचित्र प्रकार की—अल्प, अल्पतर और अल्पतम होती है।[9] गणित की भाषा मे इसे षट्स्थानपतित कहा गया है, जैसे—

हीन	अधिक
१. अनन्तभागहीन	१ अनन्तभागअधिक
२ असख्यातभागहीन	२ असख्यातभागअधिक

---

१. वृत्ति, पत्र ५८ मिथ्यात्वाविरतिप्रमादकषाययोगनिमित्त सांपरायिको बन्धो भवति।

२. भगवती ७।५ : गोयमा ! समणोवासयस्स णं सामाइयकडस्स समणोवस्सए अच्छमाणस्स आया अहिगरणी भवइ, आयाहिगरण-वित्तियं च णं तस्स नो रियावहिया किरिया कज्जइ, संपराइया किरिया कज्जइ।

३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३५३ : तेभ्य क्रियास्थामेभ्य अथ उत्तरं अदुत्तरं, यथा वैद्यसंहितानां उत्तरं ज मूलसंहितासु श्लोकस्याननिदान-शारीरचिकित्साकल्पेषु च यत् यथोपदिष्ट च, यथोपदिष्टं सदुत्तरोऽभिधीयते रामायणछन्दोपट्ठित-तमादीणंपि उत्तरं अत्थि।

(ख) वृत्ति, पत्र ५६ अस्मात् त्रयोदशक्रियास्थानप्रतिपादनादुत्तरं यदत्र न प्रतिपादितं तदधुनोत्तरभूतेनानेन सूत्रसंदर्भेण प्रति-पाद्यते, यथाऽऽचारे प्रथमश्रुतस्कन्धे यन्नाभिहितं तदुत्तरभूताभिश्चूलिकाभिः प्रतिपाद्यते; तथा चिकित्साशास्त्रे मूलसंहितायां श्लोकस्थान-निदानशारीरचिकित्सितकल्पसंज्ञकाया यन्नाभिहितं तदुत्तरेऽभिधीयते एवमन्यत्रापि छदश्चित्यादावुत्तरसद्भावोऽवगन्तव्य, तदिहापि पूर्वेण यन्नाभिहितं तदनेनोत्तरग्रन्थेन प्रतिपाद्यत इति।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३५३ विजयो नाम मार्गणा।

५. वृत्ति, पत्र ५६।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३५४ विविधो विशिष्टो वा विभागो विभङ्ग।

७. वृत्ति, पत्र ५६ विभङ्ग ....ज्ञानविशेषम्।

८. चूर्णि, पृष्ठ ३५४ : प्रज्ञायते अनयेति प्रज्ञा सा य उत्तमाधमा पण्णा, लोके दृष्टत्वात्।

९. वृत्ति. पत्र ५६ : विचित्रक्षयोपशमात् प्रज्ञायतेऽनयेति प्रज्ञा, सा चित्रा येषां नानाप्रज्ञा तया चाल्पाल्पतराल्पतमया।

३. संख्यातभागहीन
४. संख्यातगुणहीन
५. असंख्यातगुणहीन
६ अनन्तगुणहीन

३. संख्यातभागअधिक
४. संख्यातगुणअधिक
५. असंख्यातगुणअधिक
६ अनन्तगुणअधिक।

६६. छन्द (छंदाणं)

छंद के दो अर्थ हैं—अभिलाषा, प्रकृति। कोई व्यक्ति उच्च छंद वाला और कोई नीच छंद वाला होता है—कोई उत्तम प्रकृति वाला और कोई अधम प्रकृति वाला होता है।

चूर्णिकार ने इसके चार भंग प्रस्तुत किए हैं—[1]

१. उच्च और उच्च छंद वाला
२. उच्च और नीच छंद वाला
३. नीच और उच्च छंद वाला
४ नीच और नीच छंद वाला

६७. नाना आरंभ (णाणारंभाणं)

यहां आरंभ का अर्थ है—व्यवसाय, प्रवृत्ति। मनुष्य के व्यवसाय भी भिन्न-भिन्न होते हैं। मनुष्य पशुपालन, कृषि, वाणिज्य, दुकानदारी, शिल्प, कर्मकर नौकरी आदि-आदि करते हैं।[2]

६८. पापश्रुत अध्ययन (पावसुयज्झयणं)

जो शास्त्र पाप का उपादान होता है उसे 'पापश्रुत' कहा जाता है।[3] समवायांग, आवश्यक निर्युक्ति आदि में उनतीस प्रकार के 'पापश्रुत प्रसंग' निर्दिष्ट हैं। इन उनतीस प्रकारों की स्वीकृति में सब एक मत नहीं हैं। उसकी दो परम्पराएं प्राप्त होती हैं। एक परम्परा समवायांग की है और दूसरी परम्परा आवश्यक निर्युक्ति अवचूर्णि तथा उत्तराध्ययन बृहद्वृत्ति की है। उनमें नाम भेद हैं।[4]

प्रस्तुत प्रसंग में 'पापश्रुत अध्ययन' शब्द प्रयुक्त है, 'प्रसंग' शब्द नहीं है। चूर्णिकार ने अध्ययन के स्थान पर 'प्रसंग' शब्द का प्रयोग किया है।[5] पापश्रुत के अन्तर्गत सूत्रकार ने चौसठ प्रकार के शास्त्रों या ग्रंथों का निर्देश किया है।

इनमें निमित्त शास्त्र के आठ अंग—भौम, उत्पात, आदि तीनों परम्पराओं में समान हैं[6], शेष इनमें निर्दिष्ट नहीं हैं। इन सबकी व्याख्या इस प्रकार है—

१. भौम—तूफान, भूकम्प आदि का ज्ञान कराने वाला निमित्त शास्त्र।[7]

२. उत्पात—उल्कापात आदि प्राकृतिक उत्पातों का फल बताने वाला निमित्त शास्त्र।

सहज रुधिरवृष्टि, पांशुवृष्टि, केसवृष्टि, मांसवृष्टि आदि होने पर शुभ-अशुभ बताने वाला शास्त्र।[8]

३. स्वप्न—गज, वृषभ, सिंह आदि पशुओं तथा अन्यान्य दृश्यों के आधार पर शुभ-अशुभ बताने वाला निमित्त शास्त्र।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३५४।
२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३५४ : कृषिपाशुपाल्यपाणिकविपणिशिल्पकर्म्मसेवादिषु णाणारंभो।
(ख) वृत्ति, पत्र ५६।
३. आवश्यक निर्युक्ति, अवचूर्णि भाग २, पृष्ठ १३६ : पापोपादानं श्रुतं पापश्रुतम्।
४. देखें—समवायांग, समवाय २९ का पहला टिप्पण पृ० १५४, १५५।
५ चूर्णि, पृष्ठ ३५४ : इणं णाणाविधं पावसुत्तपसंगं वण्णइस्सामि।
६. आवश्यक निर्युक्ति अवचूर्णि तथा उत्तराध्ययन बृहद्वृत्ति में स्वप्न के स्थान पर 'दिव्य' है।
७ वृत्ति, पत्र ५६ : भूमौ भवं भौमं—निर्घात्भूकम्पादिकम्। आप्टे की डिक्शनरी में निर्घात का अर्थ तूफान किया है। इसका एक अर्थ वायु के संघट्टन से होने वाला प्रचण्ड घोष भी है—

वायुना निहतो वायुर्गगनाच्च पतत्यधः।
प्रचण्डघोरनिर्घोषो, निर्घात इति कथ्यते॥

८. (क) आवश्यक अवचूर्णि भाग २ पृ० १३६ उत्पातं सहजरुधिरवृष्ट्यादिविषयं।
(ख) वृत्ति, पत्र ५६।

४. अन्तरिक्ष—ग्रह, नक्षत्र आदि की गति के आधार पर मनुष्य जीवन प्रभावित होता है। उनकी गति और शुभ अशुभ का का ज्ञान कराने वाला निमित्त शास्त्र। इसमे पूरे ज्योतिष शास्त्र का समावेश हो जाता है।

५. अग—शरीर के विभिन्न अग कभी-कभी प्रकपित होते है। आख, भुजा आदि के फडकने से शुभ-अशुभ बताया जाता है। उसका पूरा ज्ञान कराने वाला निमित्त शास्त्र अगविद्या कहलाता है। इस विषय से सबधित 'अगविज्जा' नामक एक ग्रथ आज भी उपलब्ध है।

६ स्वर—प्रत्येक व्यक्ति का स्वर (आवाज) भिन्न-भिन्न होता है। कटु, गभीर, मधुर आदि स्वरो के आधार पर शुभ-अशुभ बताने वाला निमित्त शास्त्र।

७. लक्षण—शरीर मे रेखाओ के आधार पर अनेक प्रकार के चिन्ह निर्मित हो जाते है, जैसे—यव, मत्स्य, पद्म, शख, चक्र, स्वस्तिक आदि-आदि। इनके आधार पर शुभ-अशुभ बताया जाता है। यह भी निमित्त शास्त्र का एक भेद है।

८. व्यजन—कुछ पुरुषो के शरीर के विभिन्न अवयवो पर तिल, मषा आदि होते है। उनके आधार पर सुख-दुख की स्थिति बताई जाती है। यह भी निमित्त शास्त्र का ही भेद है।

इसी प्रकार स्त्री, पुरुष के श्रेष्ठ, अश्रेष्ठ आदि की व्याख्या करने वाले स्वतत्र शास्त्र होते है। उनमे स्त्री-पुरुषो के सहनन, सस्थान, अवयवो का मान-उनमान, सौंदर्य-असौदर्य के विषय मे पूरे तथ्य सप्रमाण दिए जाते है। उनके आधार पर उत्तम, मध्यम और अधम—सभी स्त्री-पुरुषो के लक्षणो को जाना जा सकता है।

हाथी, घोडे, बैल तथा अनेक पक्षियो के विषय मे पूरा विवरण देने वाले ग्रथ होते है। वे उत्पत्ति से लेकर मरण तक की पूरी व्याख्या प्रस्तुत करते हुए उनके पराक्रम और गति का भी निर्देश करते हैं।

चक्रवर्ती के चौदह रत्न होते है। रत्न का अर्थ है अपनी जाति मे श्रेष्ठ। अश्वरत्न का अर्थ है—अश्वजाति मे श्रेष्ठ अश्व। प्रस्तुत प्रसग मे केवल सात रत्नो—चक्र, छत्र, चर्म, दड, असि, मणि, काकिणी की व्याख्या करने वाले सात शास्त्रो का उल्लेख हुआ है। बौद्ध ग्रथो मे चक्रवर्ती के सात रत्न माने है—चक्र, हस्ती, अश्व, मणी, स्त्री, गृहपति और परिनायक। इनका सुन्दर वर्णन मज्झिमनिकाय मे प्राप्त है।[1]

प्रस्तुत प्रसग मे छवीस प्रकार की विद्याओ का नामोल्लेख प्राप्त है। विद्या का अर्थ है—मत्र विशेष के अनुष्ठान से प्राप्त होने वाली शक्ति।[2] उन विद्याओ का सामान्य विवरण इस प्रकार है —

१-२. सुभगाकर, दुभगाकर—सुभाग्य को दुर्भाग्य के रूप मे और दुर्भाग्य को सुभाग्य के रूप मे परिवर्तित करने वाली विद्या।[3]

३. गर्भाकार—कृत्रिम गर्भाधान की विद्या। विद्यावल से सतानोत्पत्ति करना।[4]

४ मोहनकर—मोह के दो अर्थ है—व्यामोह और कामवासना का उदय। इसका फलित है—व्यक्ति को मत्रशक्ति से सम्मोहित अथवा वाजीकरण करने वाली विद्या।

५ आथर्वणी—अथर्ववेद से सवधी मत्र विद्या।

६ पाकशासनी—पाक नामक दैत्य पर अनुशासन करने के कारण इन्द्र का एक नाम 'पाकशासन' है। इन्द्र से सम्बन्धित विद्या—इन्द्रजाल इसका अर्थ है।

७ द्रव्यहोम—कणेर के फूलो या मधु, घृत, चावल आदि द्रव्यो के द्वारा हवन पूर्वक सपादित की जाने वाली उच्चाटन आदि की विद्या।

८ वैताली—यह वेताल को सिद्ध करने पर होने वाली विद्या है। इसके अक्षर निश्चित होते हैं। उनमे परिवर्तन नही होता। कुछेक जाप करने पर यह सिद्ध हो जाती है। इसके द्वारा दड उठकर उसी दिशा और काल मे चला जाता हे, जैसा इष्ट है।

९ अर्द्धवैताली—चूर्णि मे इसका अर्थ है—पहले कोई समस्या दी जाती है, फिर उसका उत्तर पूछा जाता हे। उस विद्या का अधिष्ठाता शुभाशुभ वताता है।[5]

---

१. मज्झिमनिकाय III नालन्दा संस्करण, २९।२।१२-१४।

२. वृत्ति पत्र ९० मंत्रविशेषरूपा विद्याः।

३ वृत्ति पत्र ९० दुर्भगमपि सुभगमाकरोति सुभगाकरा, तथा सुभगमपि दुर्भगमाकरोति दुर्भगाकराम्।

४ वृत्ति, पत्र ९० गर्भकरां—गर्भाधानविधायिनीम्।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३५५ : अद्धवेताली य वेड्डुंतो जाति, पच्छा पुच्छिज्जति, सुभासुभं तोलति।

वृत्तिकार ने इसे वैताली के उत्थापित दड का उपशमन करने वाली विद्या माना है।[1]

१०. अवस्वापिनी—इस विद्या के प्रयोग से जागृत व्यक्ति को सुला दिया जाता है।

११ तालोद्घाटिनी—कपाट या तालो को उद्घाटित करने वाली विद्या।

चोरो का सरदार प्रभव अपने पाच सौ चारो के साथ जवू कुमार के घर चोरी करने आया। उस दिन जम्वू कुमार का आठ कन्याओ के साथ पाणिग्रहण हो चुका था। वहुमूल्य दहेज घर के आगण मे विखरा पडा था। चोर ने आते ही पहले 'अवस्वापिनी' विद्या का प्रयोग कर सवको निद्राधीन कर डाला और फिर तालोद्घाटिनी विद्या से सभी कपाट और ताले खोल दिए।

१२ श्वपाकी—मातगी विद्या। महर्पि कश्यप के अनेक पुत्र थे। मतग ऋपि उनमे सवसे छोटे थे। मतग ने मानसिक व्याधियो की चिकित्सा के लिए एक वैज्ञानिक क्रम आविष्कृत किया। वह 'मातगी विद्या' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। (देखें—काश्यप-सहिता मे रेवती कल्पाध्याय-प्राणाचार्य पृष्ठ ४४७ टि० न० ४ मे उद्धृत)। इस विद्या का प्रयोग ग्रहावेश-निवारण के लिए होता था।

१३ शावरी—शवर जाति की या शवर भापा मे निवद्ध विद्या।

१४ द्राविडी-दामिली—तमिल भापा मे निवद्ध विद्या। अथवा तमिल, तेलगु और कन्नड—ये तीन द्राविडी भापाए हैं। उनमें निवद्ध विद्या द्राविडी है।

१५ कालिगी—कलिग देश की भापा मे निवद्ध विद्या।

१६ गौरी—मातगी विद्या।

१७ गाधारी—मातगी विद्या।

गौरी गांधारी

निशीथ चूर्णिकार के अनुसार ये दोनो मातग-विद्याए हैं। इन विद्याओ की साधना लोग-गर्हित मानी जाती थी। ये इतनी कुत्सित होती थी कि दूसरो को वताने मे लज्जा का अनुभव होता था। इच्छित काम पूरा करने मे ये समर्थ होती थी, किन्तु कार्य की संपन्नता के वाद इनसे छुटकारा पाना सहज नही होता था।[2]

कच्छ के पुत्र नमि और महाकच्छ के पुत्र विनमि ने भगवान् ऋपभ से प्रार्थना की—भंते! आपने प्रव्रजित होने से पूर्व सवको सविभाग दिया है, सवको भोग उपलव्ध कराए हैं। हमको आपने कुछ भी नही दिया। आप हमें भी कुछ दें।

नागकुमार देवो का इन्द्र धरण वहां आया हुआ था। उसने उस समय नमि-विनमि की प्रार्थना सुनी। धरणेन्द्र ने कहा—भगवान् ने सव कुछ त्याग दिया है। ये पूर्ण अकिंचन हो गए हैं। वे अव कुछ भी नही देंगे। मैं तुम्हारी भक्ति के फल स्वरूप तुम्हे गंधर्वपन्नगो की अडचालीस हजार विद्याए दे रहा हूं। इनके साथ चार महाविद्याएं भी हैं—गौरी, गान्धारी रोहिणी और प्रज्ञप्ति।[3]

१८ अवपतनी—इस विद्या से अभिमन्त्रित होकर व्यक्ति स्वय नीचे आ जाता है या दूसरो को नीचे उतार देता है।

१९ उत्पतनी—इस विद्या के द्वारा व्यक्ति स्वय ऊपर उठ जाता है और दूसरो को ऊपर उठा देता है। एक मातग अपनी स्त्री का दोहद पूर्ण करने के लिए एक वगीचे मे गया। वहा आम्रवृक्ष थे। उसे वाहर खडे-खडे आम लेने थे, क्योकि अन्दर वह जा नही सकता था। उसने पहले 'अवपतनी' विद्या का प्रयोग कर आम के वृक्ष की शाखाओ को झुका दिया और आम लेने के पश्चात् पुन उन शाखाओ को 'उत्पतनी' विद्या से ऊपर कर दिया।

---

१. वृत्ति, पत्र ९० . तयाऽर्घ्वंतालो तमेवोपशमयति।

२. निशीथ भाष्य गाथा ५१५८ : गोरी-गंधारीया, दुहविण्णप्पा य दुहमोया।
चूर्णि—गोरि-गंधारीओ मातंगविज्जाओ साहणकाले लोग-गरहियत्तणतो दुहविण्णवणाओ, जहिट्ठकामसंपायत्तणओ य दुहमोया।

३. आवश्यक चूर्णि, पूर्वभाग, पृष्ठ १६२ : दुवे नमिविणमिणो कच्छमहाकच्छाणं पुत्ता उवट्ठिता, भगवं विन्नवेन्ति—भगवं! अम्हं तुब्मेहि संविभागो ण केणवि वत्युणा कत्तो, स पट्ठे बद्धकवया ओलग्गंति विन्नवेंति य, तातो! तुब्मेहि सव्वेसि भोगा दिन्ना अम्हेऽवि देह, एव तिसज्झं ओलग्गंति, एवं कालो वच्चति, अन्नया धरणो णागकुमारिंदो भगवं वंदओ आगओ, इमेहिं य विन्नवितं, सो ते तह जातमाणे भणति. भो सुणह भगवं चत्तसंगो गतरोसतो सो ससरीरेऽवि णिम्ममत्तो अकिंचणो परमजोगी णिरुद्धासवो कमलपलासणिरुवलेवचित्तो, मा एयं जायह, अहं तु भगवतो भत्तीए मा तुब्मं सामिस्स सेवा अफला भवतुत्तिकाउं पढितसिद्धाइं गंधव्वपन्नगाण अडयालीसं विज्जासहस्साइं देमि, ताण इमाओ चत्तारि महाविज्जाओ, तजहा—गोरी गधारी रोहिणी पन्नत्ती।

२० जृम्भणी—इसके प्रयोग से सभी उपस्थित व्यक्ति उबासी लेने लग जाते है।

२१. स्तम्भनी—इस विद्या के प्रयोग से व्यक्ति स्तभित हो जाता है, हिल-डुल नही सकता। जैसे—वइराडए (वैराट ?) मे अर्जुन ने कौरवो को स्तभित किया था।[1]

२२ श्लेपणी—इस विद्या से आदमी जिस आसन पर बैठा है, उस आसन से उसकी जघा और ऊरू को चिपका दिया जाता है।

२३ आमयकरणी—कुछेक विद्याए ऐसी होती हैं—जिनके प्रयोग से सामनेवाला व्यक्ति रोगग्रस्त हो जाता है या समूचा गाव या राष्ट्र रोग का शिकार हो जाता है।

२४ विशल्यकरणी—जो शल्य अग मे प्रविष्ट हो जाता है, वह रक्त का अवरोध पैदा करता है और उससे अनेक रोग पैदा हो जाते है। उस शल्य को विद्या के जाप से बाहर निकाला जा सकता है, नष्ट किया जा सकता है और औषधि के द्वारा भी उसे निकाला जा सकता है।[2]

एक कुलीन व्यक्ति था। वह मेधावी सुशील और नम्र था। अचानक उसमे पागलपन आ गया। वह अपने सामनेवाले के मुक्का मारने लगा। सामने खडे व्यक्ति को, फिर चाहे कोई भी क्यो न हो, वह उसे मुक्का मार देता। घर वाले, परिवार वाले, हैरान हो गए। अनेक परीक्षणो के बावजूद भी उसके पागलपन का कोई कारण स्पष्ट नही हुआ। अन्त मे एक डाक्टर ने उससे पूछताछ करते-करते कारण को खोज निकाला। पागलपन से पूर्व वह एक एक्सीडेंट का शिकार हुआ था। उसके अग्रमस्तिष्क पर मोटर के काच का घाव लगा था। डाक्टर ने आपरेशन किया और एक रक्तवाहिनी नली मे से अत्यन्त सूक्ष्म काच के टुकड़े को निकाला। वह पूर्ण स्वस्थ हो गया, पागलपन मिट गया।

२५ प्रकामणी—भूत, पिशाच, डाकिन, आदि को दूर करने वाली विद्या।

२६ अन्तर्धानी—अदृश्य होने की विद्या या अदृश्य होने की गुटिका, अजन आदि द्रव्य। ये गुटिकाए दो प्रकार की होती है। एक प्रकार की गुटिका को मुह मे रखने से आदमी धीरे-धीरे कुछ ही क्षणो मे अदृश्य हो जाता है। पर उसकी परछाई दीखती रहती है। दूसरे प्रकार की गुटिका से परछाई नही दीखती।

वृत्तिकार ने शावरी, द्राविडी और कालिंगी को उस-उस देश मे प्रचलित या उत्पन्न अथवा उस-उस भाषा मे निबद्ध विचित्र फल देने वाली विद्या माना है।[3]

चूर्णिकार ने यहा 'कम्पनी' विद्या का भी उल्लेख किया है। इस विद्या से घर, वृक्ष या व्यक्ति को कपित किया जा सकता है।[4]

दीघनिकाय मे महाशील के प्रसग मे अनेक प्रकार की विद्याओ और क्रियाओ का उल्लेख कर उनसे प्रतिविरत रहने को महाशील माना है। उनमे प्रतिपादित विद्याओ और क्रियाओ की सख्या बहुत हे। सूत्रकृताग के पापश्रुत अध्ययन मे उल्लिखित प्राय सभी शास्त्र और विद्याए वहा प्राप्त है। उनका तुलनात्मक अध्ययन अपेक्षित है।[5]

सूत्र १९ :

६९. (सूत्र १९)

व्यक्ति अपने लिए, परिवार या ज्ञातिजनो के लिए तथा अन्य अन्य प्रयोजनो से असद् अनुष्ठान करता है। सूत्रकार पहले चौदह प्रकार के अनुष्ठानो की सूचना देते हैं और फिर वे उसको विस्तार से समझाने का प्रयत्न करते हैं। सूत्र-रचना मे यह भी एक पद्धति रही है कि ग्रथकर्त्ता पहले अपनी बात को सूत्र रूप मे प्रस्तुत करते है और फिर स्वय ही उसकी व्याख्या करते है। चूर्णिकार ने

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३५५ : सा थमणी जहा वइराडए अज्जुणेण कोरवा थभिता।

२ भरतबाहुबली महाकाव्यं १६।७९ ये पातिता रिपुभिरायुधघोरपातैः,
सर्वेऽपि ते भरतराजपुरोधसा द्राक्।
सज्जीकृता नृपतिबाहुबलेर्बलेऽपि,
तद्वच्च चन्द्रयशसा युधि रत्नमन्त्रैः॥

३. वृत्ति, पत्र ६० नवरं शाम्बरीद्राविडीकालिङ्गचस्तद्देशोद्भवास्तद्-भाषानिबद्धा वा चित्रफला।

४ चूर्णि, पृष्ठ ३५५ जीते कंपति जाए कंपावेति पासादं रुक्खं पुरिसं वा।

५. दीघनिकाय (ना० सं) २।५।५६-६३।

इसका स्पष्ट उल्लेख किया है। उन्होने उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लिखा है[1]—

१ जैसे वैतालिक (दसवैकालिक) मे विनयसमाधि के चार स्थानो की सूचना के पश्चात् उनकी व्याख्या प्रस्तुत की है।

२. ज्ञाताधर्मकथा के प्रथम अध्ययन (उत्क्षिप्तज्ञात) मे पहले सघाटक की सूचना देकर शेष उन्नीस अध्ययनो का कथन करना।

३. दृष्टिवाद मे सूत्रो का कथन कर फिर सारे दृष्टिवाद को विस्तार से कहा गया है।

इसी प्रकार यहा भी सूत्रों की सूचना के पश्चात् उनका विस्तार किया गया है। चूर्णिकार ने विवरण के अन्त मे लिखा है—'उक्ता वृत्ति.।'[2]

७०. अनुगामी का भाव (अणुगामियभावं)

कोई व्यक्ति जा रहा है। दूसरे ने देखा कि उसके पास धन है। उसके मन मे धन को लूटने की भावना जागती है। वह उस पथिक का अनुगामी बन जाता है। वह उसका अनुनय, विनय करता है। वह पथिक भी सोचता है कि मैं अकेला हूं, इसके साथ चलूगा तो अच्छा रहेगा। अब अवसर पाकर वह व्यक्ति एकान्त या अधेरे स्थान मे उस पथिक को डडे आदि से मारता है, तलवार आदि से हाथ-पैरो को काट देता है, मुट्ठी आदि का प्रहार करता है, केश आदि खीचकर उसकी कदर्थना करता है, चाबुक आदि से उसे पीडित करता है अथवा उसके प्राण ले लेता है। वह गला काटने वाला व्यक्ति मोह से मूढ होता है। वह इसी कर्म से अपनी आजीविका चलाता है। वह कृषि आदि कुछ भी व्यवसाय नही करता।[3]

७१. कुत्तो से शिकार करने का भाव (सोवणियंतियभावं)

चूर्णिकार और वृत्तिकार ने शौवनिक और अन्तिक—इन दो शब्दो का अर्थ इस प्रकार किया है—जो कुत्तो आदि से शिकार करते हैं, आजीविका चलाते हैं वे शौवनिक कहे जाते हैं। वे गाव के अन्त मे रहते हैं। वे पर्यन्तवासी होते हैं। ग्राम-रचना की व्यवस्था मे उनका स्थान श्वपाकों से भी अन्त मे होता है। ये मनुष्य आदि का वध करते हैं।[4]

चूर्णिकार के अनुसार गोल्लदेश मे पुरुष का वध करनेवाला ब्राह्मण-घातक की तरह निन्दनीय माना जाता है। उसे घर से निकाल दिया जाता है।[5]

वृत्तिकार के अनुसार इसका समस्त अर्थ है—जिसके पास क्रूर कुत्तो का परिग्रह है और जो प्रत्यन्त निवासी होता है या जो प्रत्यन्त निवासी कुत्तो से अपना कार्य चलाता है।[6]

सूत्र २० :

७२. (सूत्र २०)

यह प्रश्न उपस्थित होता है कि प्रस्तुत सूत्र को पूर्ववर्ती सूत्र से अलग क्यो किया गया ? चूर्णिकार और वृत्तिकार के अनुसार पूर्ववर्ती सूत्र मे आवर्णित क्रूर क्रियाए आजीविका के निमित्त प्रच्छन्नरूप से की जाती हैं और प्रस्तुत सूत्र मे व्यक्ति नि शक रूप से

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३५६ : सूचनात्सूत्रमितिकृत्वा एवं एताणि संखेवेण सुत्ताइं वुत्ताइं, एतेसिं इदाणिं सुत्तेण चेव वित्ती भण्णति, जहा वेतालिए, चत्तारि विणयसमाधिट्ठाणा उच्चारेतु पच्छा एक्केक्कस्स विभासा, जहा वा उक्खित्तणाए सघाडेत्ति उच्चारेऊण पदाणि एक्केक्कस्स अज्झयणं वुच्चति, दिट्ठिवाते सुत्ताणि भाणिऊण पच्छा सव्वो चेव दिट्ठिवातो, तेसिं सुत्तपदाणं एतेण चेव वृत्ति भवति।

२. वही, पृष्ठ ३५७।

३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३५४।
   (ख) वृत्ति, पत्र ६२।

४. (क) चूर्णि, पृ० ३५७।
   (ख) वृत्ति, पत्र ६३।

५ चूर्णि, पृष्ठ ३५७ : जो पुण पुरिसं मारेति गोल्लविसए ब्राह्मणघातक इव पुरिसघातओवि गरहिज्जति, घरतो य णिगच्छति।

६. वृत्ति, पत्र ६३ . शौवनिकश्चासावान्तिकश्च शौवानिकान्तिकः—क्रूरसारमेयपरिग्रह प्रत्यन्तनिवासी च प्रत्यन्तनिवासीभिर्वा श्वभिश्चरतीति।

सबके समक्ष हिंसा की घोषणा कर जीव-वध करता है। यही दोनो सूत्रो की भिन्नता का कारण है।[1]

दूसरी बात है कि पूर्ववर्ती सूत्र की क्रियाओ मे व्यक्ति बिना किसी अपराध ही सलग्न हो जाता है, किन्तु अगले सूत्रो की क्रियाओ मे व्यक्ति का सकारण कुपित होना बतलाया है।[2]

सूत्र २१ :

७३. निमित्त से (आदाणेणं……)

आदान का अर्थ है—शब्द आदि विषयो का ग्रहण अर्थात् निमित्त। शब्द का आदान—जैसे किसी के आक्रोशपूर्ण या निन्दा-पूर्ण वचनो को सुनकर कुपित हो जाना। रूप का आदान—जैसे किसी बीभत्स रूप को देखकर, अपशकुन का भाव लाकर उस पर कुपित हो जाना। गन्ध और रस का आदान आगे के सूत्रगत वर्णन मे है।[3]

७४. खलिहान देने से (खलदाणेणं)

इसका अर्थ है—खराब या वासी अन्न दान देना या थोडा दान देना।[4] चूर्णिकार ने इसका अर्थ भिक्षा न देना भी किया है।[5]

७५. सुरास्थाल के कारण (सुराथालएणं)

चूर्णिकार के अनुसार कई स्थानो पर मदिरा स्थालक से पी जाती है। जीमनवार या गोष्ठी मे बैठे व्यक्ति को मदिरा की वारी आने पर मदिरा न देने या बीच मे उठा देने से व्यक्ति कुपित हो जाता है। सभी लोग उसकी हसी करते हुए कहते है—यह 'वारविरुद्ध' है।[6]

वृत्तिकार ने स्थालक का अर्थ कोश आदि ऐसा बर्तन किया है जिसमे मदिरा अल्पमात्रा मे समाती है। ऐसे बर्तन मे मदिरा देने पर व्यक्ति कुपित हो जाता है।[7]

सूत्र २२ :

७६. अवयव (घूराओ)

यह देशी शब्द है। वृत्तिकार के अनुसार इसके दो अर्थ है—जघा या खलक (शरीर का अवयव विशेष)।[8]

सूत्र २६ :

७७. विमर्श नहीं करता (नो वितिगिंछइ)

वितिगिच्छा का अर्थ है—विमर्श, मीमासा। कुछ लोग यह मीमासा नही करते कि मेरे इस कृत्य से परभव मे अनिष्ट फल

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३५८।
(ख) वृत्ति, पत्र ६५ : अयं चात्र पूर्वस्माद्विशेष—पूर्वत्र वृत्ति प्रतिपादिता प्रच्छन्नं वा प्राणव्यपरोपणं कुर्यात्, इह तु कुतश्चिन्निमित्तात्साक्षाज्जनमध्ये प्राणिव्यापादनप्रतिज्ञां विधायोद्यच्छत इति दर्शयति।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३५८ : एते पुण सव्वे अवरद्धकुद्धा वुत्ता, इमे अण्णे विरोधिता वुच्चंति।
(ख) वृत्ति, पत्र ६५।

३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३५८ आदीयत इत्यादानं ग्रहणमित्यर्थ, तत्कस्य केषां वा आदानं? शब्दादीनां विषयाणां, सद्दे ताव आकुट्ठो निन्दितो केणइ पुट्ठो रुट्ठो भवति रूवेसु य वसणा दिट्ठु भिक्खुकावीवि रुस्सति, गंधरसे उदाहरणं सोत्रमेव।
(ख) वृत्ति पत्र ६५।

४ वृत्ति, पत्र ६५ खलस्य—कुथितादिविशिष्टस्य दानं खलस्य वाऽल्पधान्यादेर्दानं खलदानं।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३५८ खलदाणेणं खलभिक्खं तदूण दिण्णं ण दिण्णं वा।

६ चूर्णि, पृष्ठ ३५८ सुरथालगत्ति थालगेण सुरा पिज्जति, तत्थ पडिवाडीए आवेट्ठस्स वारो ण दिण्णो उट्ठवित्तो वा तेण विरुद्धो, जं ते लोग भणति—वारविरुद्धो।

७. वृत्ति, पत्र ६५ सुराया स्थालक—कोशकादि तेन विवक्षितलाभाभावात् कुपित.।

८. वृत्ति, पत्र ६६ : घूरीया (रा) ओ त्ति—जङ्घाः, खलका वा।

मिलेगा, मेरा यह कृत्य पापानुबंधी है। कुछ व्यक्ति यह विमर्श नही करते कि ऐसी प्रवृत्ति करना इहभव और परभव के लिए दोषप्रद है या नही।[1]

सूत्र ३१ :

७८. उदार (उरालाइं)

उराल का अर्थ है—उत्कृष्ट। जो कामभोग अत्यन्त उत्कृष्ट, मधु, मद्य और मास आदि समग्र सामग्री से युक्त होते हैं, वे उदार कहलाते हैं।[2]

७९. पान (पाणं)

चूर्णिकार ने पान से 'पानी और मद्य'—दोनो का ग्रहण किया है।[3]

८०. सायं-प्रातः (सपुव्वावरं)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ—पूर्वाह्न और अपराह्न मे किया जाने वाला कार्य किया है।[4]

वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं[5]—

१. पूर्वाह्न के कर्त्तव्य और अपराह्न के कर्त्तव्य।

२. पहले किए जाने वाले कार्य और बाद मे किए जाने वाले कार्य, जैसे—पहले स्नान किया जाता है, फिर विलेपन और फिर भोजन आदि।

८१. कुलदेवता की पूजा कर (कयबलिकम्मे)

चूर्णिकार ने बलिकर्म का अर्थ—कुल देवता की पूजा—किया है।[6] वृत्तिकार ने इसका अर्थ—देवतादि के निमित्त से किया जाने वाला बलिकर्म किया है।[7]

८२. कौतुक (कोउय)

कौतुक का अर्थ है कि दूसरो की नजर न लग जाए इसलिए व्यक्ति पर नमक आदि की अवतारणा कर उस नमक को जला देना।[8] ज्ञाता की वृत्ति मे काला तिलक करने को कौतुक माना है।[9]

८३. मंगल (मंगल)

स्वर्ण, चन्दन, दधि, अक्षत, दूर्वा, उड़द, काच आदि का स्पर्श करना, मस्तक पर लगाना मगल माना जाता है।[10]

ज्ञाता धर्मकथा की वृत्ति मे कौतुक और मगल को प्रायश्चित्त माना है। दु स्वप्न आदि व्याक्षेपो का विघातन करने के लिए ये अवश्य करणीय होते हैं, अत ये प्रायश्चित्त हैं।[11]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३१८।

२. वृत्ति, पत्र ६७ 'उदारान्'—अत्यन्तोद्भटान् समग्रसामग्रीकान् मधुमद्यमांसाद्युपेतान्।

३. चूर्णि, पृष्ठ : ३५९ : पाणं उदगं मज्जं च।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३६०।

५ वृत्ति, पत्र ६७ . सर्वमेतद्यथाकालं सपूर्वापरं संपद्यते, सह पूर्वेणपूर्वाण्हकर्त्तव्येनापरेण च अपराण्हकर्तव्येन यदिवा पूर्वं यत् क्रियते स्नानादिकं तथा परं च यत् क्रियते विलेपनभोजनादिकं तेन सह वर्तत इति सपूर्वापरम्।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३६० . कयबलिकम्मे—उच्चणियं करेंति कुलदेवतादीणं काउं।

७. वृत्ति, पत्र ६७ . तथा कृतं देवतादिनिमित्तं बलिकर्म येन स तथा।

८. चूर्णि पृष्ठ ३६० आसीव्वमयजोहारो, लोणादीणि च डहंति।

९. ज्ञाताधर्मकथा, वृत्ति पत्र २६।

१०. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३०४ : मंगलाणि सिद्धत्थयाहरयालियादीणि से करेंति, सुवण्णमादीणि च छिवंति।
(ख) वृत्ति, पत्र ६७।

११. ज्ञाताधर्मकथा, वृत्ति पत्र २६।

८४. प्रायश्चित्त (पायच्छित्तं)

बुरे स्वप्नो के प्रतिघात के लिए ब्राह्मण आदि को (वस्त्र आदि) देना प्रायश्चित्त कहलाता है।[1]

८५. मालायुक्त मुकुट (मालामउली)

चूर्णिकार ने मौली, मुकुट और किरीट के भिन्न-भिन्न अर्थ किए है। जो कमल के फूलो से वनाया जाता है वह मौली, जिसके तीन शिखर होते है वह मुकुट और जो चउरासी शिखर वाला होता है वह किरीट कहलाता है।[2]

८६. कमरपट्टा बांध (पडिबद्धसरीरे)

वृत्तिकार ने इसका अर्थ—युवा किया है।[3] प्रसग मे इसका अर्थ कमरपट्ट वाधकर—होना चाहिए, क्योकि पहले-पीछे व्यक्ति के अलंकरण की ही वात आ रही है।

८७. भारी कर्म वाला (अइधूए)

जैसे वायु रजकणो को इधर-उधर ले जाती है, वैसे ही जिसके निमित्त से जीव ससार चक्रवाल मे घूमता रहता है वह धूत अर्थात् कर्म है। अनिधूत का अर्थ है—प्रचुर कर्म।[4] चूर्णिकार ने 'धूण' का अर्थ कार्मान्ति किया है।[5]

८८. अति स्वार्थी (अइ आयरक्खे)

जो अपने आपका भरण-पोपण या रक्षण अत्यन्त पापकारी कर्मो से करता है, वह 'अति आत्मरक्ष' कहलाता है। वह अत्यत स्वार्थी होता है।

८९. दक्षिण दिशा में जाने वाला...... कृष्णपाक्षिक (दाहिणगामिए......कण्हपक्खिए)

चूर्णिकार का कथन है कि जो अतिक्रूर कर्म करने वाले होते है, वे दक्षिणाभिमुख होते है।[6]

वृत्तिकार कहते है कि जो व्यक्ति क्रूर कर्म करने वाला होता है, जो साधुओ की निन्दा मे रस लेता है, जो सुपात्रदान का निषेध करता है, वह दक्षिणगामुक होता है अर्थात् दाक्षिणात्य नरक मे, तिर्यञ्च योनियो मे, मनुष्यो मे या देवो मे उत्पन्न होता है। यह माना गया है कि दिशाओ मे दक्षिण दिशा, गतियो मे नरकगति और पक्ष मे कृष्णपक्ष अप्रशस्त होता है।[7]

मनुष्य दो प्रकार के होते है—भवसिद्धिक और अभवसिद्धिक। जिसका ससारकाल अर्द्धपुद्गल परावर्तन जितना शेप रहता है वह भवसिद्धिक होता है। भवसिद्धिक शुक्लपाक्षिक और अभवसिद्धिक कृष्णपाक्षिक कहलाते हैं।[8]

सूत्र ३२ :

९०. चाहते हैं (अभिगिज्झंति)

चूर्णिकार ने अभिज्झा, लोभ और प्रार्थना को पर्यायवाची माना है।[9] इस शब्द का अर्थ है—अत्यन्त लोभयुक्त होना।

९१. जो तृष्णा से आतुर है (अभिझंझाउरा)

यहा 'झझा' का अर्थ है—तृष्णा। तृष्णा से आतुर होकर व्यक्ति धन मे अत्यन्त लुब्ध हो जाता है।[10]

---

१. चूर्णि पृष्ठ ३६० : पायच्छित्तं दुस्सुविणगपडिघातणिमित्त धीयाराणं देति।

२ चूर्णि, पृष्ठ ३६० मौली मउडो, सो पुण कमलमुकुलसंवुत्तो मउली वुच्चति, तिहिं सिहरएहिं मउडो वुच्चति, चतुरसीहिं तिरीडं।

३. वृत्ति, पत्र ६७ प्रतिबद्धशरीरो—दृढवयवाकायो युवेत्यर्थ।

४. वृत्ति, पत्र ६८ : धूयते—रेणुवद्वायुना संसारचक्रवाले भ्राम्यते येन तद्धूतं—कर्म, औणादिको नक्प्रत्यय, अतीव—प्रभूतं धतम्—अष्टप्रकारं कर्म यस्य सोऽतिधूत।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३६० अभिधूणे धूयतेऽनेन तासु तासु गतिषु वातांहि इव रेणू, धूणे कम्मंतेत्ति।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३६०।

७. वृत्ति, पत्र ६८।

८. चूर्णि, पृष्ठ ३६०, ३६१।

९. चूर्णि, पृष्ठ ३६१ : अभिज्झा लोभो प्रार्थनेत्यनर्थान्तरं।

१०. वृत्ति, पत्र ६८ झञ्झा—तृष्णा तदातुराः सन्तोऽर्थेष्वत्यर्थं लुभ्यन्ते।

९२. अकेवल—द्वन्द्व सहित (अकेवले)

केवल के अनेक अर्थ हैं। उनमे एक अर्थ है—विशुद्ध। अकेवल का अर्थ है—अशुद्ध।[1] इसका तात्पर्यार्थ है—द्वन्द्व सहित।

९३. शल्यों को नहीं काटने वाला (असल्लगत्तणे)

वृत्तिकार ने इसका मुख्य संस्कृत रूप 'असल्लगत्व' मानकर इसका अर्थ—इन्द्रियो का असंवरण, असंयम किया है। वैकल्पिक रूप मे 'अशल्यगत्व' रूप देकर इसका अर्थ—माया अकरणीय है—इसका अपरिज्ञान—किया है।[2] किन्तु इसका सहज अर्थ है—अशल्य-कर्त्तन—शल्य का कर्त्तन न करने वाला।

सूत्र ३३ :

९४: विकल्प (विभंगे)

जैन आगम साहित्य मे यह शब्द विभाग के अर्थ मे प्रयुक्त होता है। वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं—विशेष विभाग या स्वरूप।[3]

सूत्र ५६ :

९५. तीसरे स्थान मिश्रक का (तच्चस्स ठाणस्स मीसगस्स)

दो सूत्र ५६ और ५७ मिश्र स्थान का वर्णन प्रस्तुत करते हैं। चूर्णिकार[4] और वृत्तिकार[5] ने इसे अधर्मपक्ष ही माना है। उनका कथन है कि इस मिश्रस्थान मे अधर्म की ही बहुलता होती है, इसलिए इसे अधर्मपक्ष ही मानना चाहिए। यद्यपि मिथ्यादृष्टि वाले मनुष्य प्राणातिपात आदि की निवृत्ति करते हैं, फिर भी मिथ्यादर्शन और अविरति की बहुलता तथा धर्मानुबन्धी दृष्टि का अभाव होने के कारण इसका समावेश अधर्मपक्ष मे ही होता है। जैसे किसी व्यक्ति के पित्त का उभार हो गया। उसे यदि शर्करायुक्त दूध पिलाया जाए तो वह उसके लिए हितकारक नही होगा। जैसे बंजर भूमि में कितनी ही वर्षा क्यो न हो, वह लाभप्रद नहीं होती। इसी प्रकार मिश्रपक्ष भी मिथ्यात्व के प्रभाव से अधर्मपक्ष ही बना रहता है।

किन्तु यह नय की अपेक्षा से विचारणीय है। यदि यह पूर्णत अधर्म पक्ष होता तो मिश्रपक्ष को पृथक् करने की आवश्यकता नही होती। इसका तात्पर्य यह है कि मिश्रपक्षवालो के जीवन मे सदा अविरति नही होती, कुछ विरति भी होती है और अधर्मपक्ष वालो के जीवन मे सर्वथा अविरति होती है।

९६. आरण्यक······(आरण्णिया······)

आरण्यक आदि शब्दो के लिए देखें—२/१४ का टिप्पण।

सूत्र ५८ :

९७. महान् इच्छा वाला (महिच्छा)

इच्छा का अर्थ है—अन्त.करण की प्रवृत्ति। राज्य, वैभव, परिवार आदि के प्रति जिनकी इच्छा प्रबल होती है वे महेच्छ कहलाते है।[6]

९८. महाआरंभी (महारंभा)

आरभ का अर्थ है—प्रवृत्ति। वृत्तिकार ने वाहन, ऊट, गाडी आदि तथा नौका, जलपोत आदि तथा कृषि और पशुओ के

---

१. वृत्ति, पत्र ६८ : न विद्यते केवलमस्मिन्नित्यकेवलम्—अशुद्धमित्यर्थ।

२. वृत्ति, पत्र ६८ : 'रंगे लगे संवरणे' शोभनं लगनं—संवरणं इन्द्रियसंयमरूपं सल्लग तद्भाव सल्लगत्वं न विद्यते सल्लगत्वमस्मिन्नित्य-सल्लगत्वम् इन्द्रियासंवरणरूपमित्यर्थ, यदि वा शल्यवच्छल्यं—मायानुष्ठानमकार्यं तद् गायति—कथयतीति, तच्छल्यगं यत् परिज्ञानं तन्नास्तीत्यशल्यगत्वमिति।

३. वृत्ति, पत्र ६९ विभङ्गो—विभाग. स्वरूपं।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३६१।

५. वृत्ति, पत्र ६९।

६. वृत्ति, पत्र ७१।

नपुसकीकरण और पशुपोषक आदि प्रवृत्तियो को महा आरभ वतलाया है ।[1]

९९. महापरिग्रही (महापरिग्गहा)

महान् परिग्रहवाले वे कहलाते है जिनके पास अनेक नौकर-चाकर, हाथी-घोडे, वैल-गाय, भैंस आदि है तथा जिनके पास अनेक मकान, खेत आदि होते हैं ।[2]

१००. अधर्म में अनुरक्त (अधम्मपलज्जणा)

यहा 'र' और 'ल' का ऐक्य मानकर 'अधर्मप्ररक्ता' शब्द का अर्थ—अधर्म के कार्यो मे रक्त रहना किया है ।[3]

१०१. ठगी (उवकंचण)

चूर्णिकार ने 'कुच कुच कौटिल्ये'—धातु के आधार पर इसका अर्थ कुटिलता किया है । कोई व्यक्ति जड़ो को उखाडता है । वहा कोई मानोन्मान का अधिकारी व्यक्ति उसे देख रहा होता है । उखाडने वाला व्यक्ति उसे देखकर सोचता है यह मुझे उखाड़ते हुए देखकर कही कह न दे, या राजा के पास शिकायत न कर दे, इस चिन्तन से वह स्वय छुप जाता है ।[4] यह कुटिलता है, ठगी है ।

१०२. वंचना (वंचना)

चूर्णिकार ने 'वंचू प्रलम्भने' धातु के आधार पर इसका अर्थ वचना करना, ठगना किया है । जैसे—महामात्य अभयकुमार महाराज पद्योत की गणिकाओ द्वारा धर्म के छल से ठगा गया था ।[5]

१०३. माया (माया)

माया का अर्थ है—ठगने की बुद्धि । यह व्यापारियो मे बहुलता से मिलती है ।[6]

१०४. बकवृत्ति (निकृत्ति)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ—अति उपचार किया है । अति उपचार करना भी दुष्टता का ही लक्षण है ।[7] वृत्तिकार ने बगुले की वृत्ति को निकृति माना है ।[8]

१०५. झूठा तोल-माप (कूट)

वृत्तिकार ने सिक्के, तोल, वाट आदि मे कम-वेसी करने को 'कूट' कहा है । झूठा तोल-माप, खोटा सिक्का आदि का व्यवहार करना 'कूट' है ।[9]

१०६. कपट (कपट)

'कपट' का अर्थ है—दूसरो को ठगने के लिए देश, भाषा और वेश आदि को वदलना । जैसे, मुनि आपाढभूति ने वेश का वार-वार परिवर्तन कर आचार्य, उपाध्याय, सघाटक और स्वय के लिए एक ही घर से चार मोदक प्राप्त कर लिए ।

'कूट-कपट' एक साथ भी प्रयुक्त होते है । इसका सयुक्तार्थ है—झूठा तोल-माप, खोटा सिक्का ।[10]

१०७. साचि-संप्रयोग—असली दिखाकर नकली वस्तु देने (साइसंपओग)

चूर्णिकार के अनुसार न्यून गुण वाले द्रव्यो का अधिक गुणवाले द्रव्यो के साथ मिश्रण करना 'साचि-संप्रयोग' कहलाता है ।

१-२. वृत्ति, पत्र ७१ ।

३. वही, पत्र ७२ ।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३६२ ।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३६२ वंचु प्रलम्भने, वंचनं जहा अभयो धम्मच्छलेण वचितो पज्जोतस्स संतियाहिं गणिआहिं ।

६. वृत्ति, पत्र ७२ ।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३६२ अधिका कृति निकृतिः अत्युपचार इत्यर्थ..........अत्युपचारोऽपि दुष्टलक्षणमेव ।

८ वृत्ति, पत्र ७२ ।

९. वृत्ति, पत्र ७२ कूटं तु—कार्षापणतुलाप्रस्थादेः परवञ्चनार्थं न्यूनाधिककरणम् ।

१०. चूर्णि, पृष्ठ ३६२ : देसभावादिविपर्ययकरणं कपटं, जहा आसाढभूतिणा आयरियउवज्झायसंघाडइल्लगाण अप्पणो य चत्तारि मोदगाणि कालिता, कूडकवडमेवं लोकसिद्धत्वाच्च यथा कूटकार्षापण कूटमाणमिति ।

यह भी ठगी का एक प्रकार है। व्यवहार की भाषा में यह 'मिलावट का दोष' है।

चूर्णिकार ने एक प्राचीन श्लोक उद्धृत किया है—

सो होति सातिजोगो दव्वं जं उवहितऽण्णदव्वेसु।
दोसगुणा वयणेसु य अत्थविसंवादणं कुणइ ॥[1]

वृत्तिकार के अनुसार साचि-प्रयोग का मुख्य अर्थ है—उत्कुचन, वंचना, माया आदि का अतिशय प्रयोग करना। उन्होंने वैकल्पिक रूप में चूर्णि का ही अर्थ किया है।[2]

प्रस्तुत प्रसंग में उत्कंचन, वचन, माया, निकृति, कूट, कपट और साचि-सप्रयोग—ये सात शब्द प्रयुक्त हैं। चूर्णिकार और वृत्तिकार का मानना है कि ये सातों शब्द माया के ही पर्यायवाची शब्द हैं। जैसे शक्र, पुरंदर आदि इन्द्र के पर्याय-शब्द हैं, वैसे ही ये माया के पर्याय-शब्द हैं। यद्यपि इनमें प्रवृत्ति का कुछ-कुछ भेद रहता है, अत: उन प्रवृत्तियों को भिन्न-भिन्न शब्दों द्वारा अभिहित किया है। पर वास्तव मे इन सारी प्रवृत्तियो मे माया का अंश रहता ही है, अत, इन्हें 'माया' कहा जा सकता है।[3]

१०८. दुर्व्रत (दुव्वया)

चूर्णिकार ने इसके आशय को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि अन्यतीर्थिक यज्ञ मे दीक्षित होने वालो का शिरोमुंडन करते हैं, अस्नान तथा दर्भशयन का व्रत दिलाते हैं, फिर भी बकरी आदि प्राणियो की हिंसा से उपरत नही होते। यह उनका दुर्व्रत है।[4]

१०९. दुष्प्रत्यानन्द (दुप्पडियाणंदा)

प्रत्यानंद का अर्थ है—प्रत्युपकार, प्रतिपूजा। कुछेक व्यक्ति अभिमान के कारण या कृतघ्नता के वशीभूत होकर अपने उपकारी का प्रत्युपकार नहीं करते। वे दुष्प्रत्यानन्द कहलाते हैं। वे प्रत्युपकार करने मे असमर्थ होकर अपने उपकारी मे दोष निकालने लग जाते हैं।[5]

वृत्तिकार ने भी यही अर्थ मान्य किया है।[6]

११०. वर्णक (वण्णग)

चूर्णिकार ने 'वर्णक' से कुकुम आदि का ग्रहण किया है।[7] वृत्तिकार ने लोध्र आदि जो द्रव्य त्वचा के रंग को सुन्दर बनाते हैं, उनको वर्णक माना है।[8]

१११. वाहन (जुग्ग)

इसका संस्कृत रूप है 'युग्य' और अर्थ है पुरुषों द्वारा उठाई जाने वाली 'पालखी'। इसके चार डंडे लगे रहते हैं, जिन्हें चार आदमी उठाते हैं।[9]

---

१. चूर्णि पृष्ठ ३६२।
२. वृत्ति, पत्र ७२।
३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३६३।
(ख) वृत्ति, पत्र ७२।
४. चूर्णि, पृष्ठ ३६३ : दुष्टानि व्रतानि येषां ते भवंति दुव्वातारमा यथा यज्ञदीक्षितानां शिरोमुण्डनं अण्हाणयं दब्भसयणं च एवमादीनि व्रतानि तथापि च छगलादीनि सत्ताणि घातयन्ति।
५. चूर्णि, पृष्ठ ३६३ : दुणदि समृद्धो, तस्यानन्दो भवति कश्चिदन्येन, यस्तु प्रत्यानन्दं करोति प्रतिपूजामीत्यर्थ', स तु गर्वात् कृतघ्नत्वाद्वा नैनं प्रत्यानन्दति दुप्पडियाणंदा भवति, आह हि—

उपकर्तुमशक्तिष्ठा, नरा: पूर्वोपकारिणम्।
दोषमुत्पाद्य गच्छंति, मद्गूनामिव वायसा: ॥

६. वृत्ति, पत्र ७२।
७. चूर्णि, पृष्ठ ३६३ · वण्णओ कुंकुमादि कसाया य।
८. वृत्ति, पत्र ७३ : इह च वर्णकग्रहणेन वर्णविशेषापादकं लोध्रादिकं गृह्यते।
९. वृत्ति, पत्र ७३ : युग्यं—पुरुषोत्क्षिप्तमाकाशयानं।

११२. डोली (गिल्ली)

यह देशी शब्द है। दो व्यक्ति कपडे की झोली मे किसी को उठाकर ले जाते है, वह झोली 'गिल्ली' कहलाती है।[1]

११३. दो खच्चरों की बग्घी (थिल्ली)

वह यान जो दो खच्चरो से चलता है।[2]

११४. स्यन्दमानिका (संदमाणिया)

यह एक विशेष प्रकार की शिविका होती थी जो बडे व्यक्तियो के आवागमन के लिए काम मे ली जाती थी।[3]

११५. चावल, मसूर (कलम-मसूर)

भगवती (६।१३०) तथा पन्नवणा मे 'कल-मसूर' शब्द प्राप्त है। सूत्रकृताग की चूर्णि और टीका मे कलम-मसूर' का प्रयोग हुआ है।[4]

११६. दास""भोगपुरुष (दासे इ वा"""भोगपुरिसे इ वा)

प्रस्तुत प्रसग मे दास आदि छह शब्द प्रयुक्त हैं। उनका अर्थबोध इस प्रकार है—

दास—चूर्णिकार ने दास का अर्थ अदास को दास मानना किया है।[5] वृत्तिकार ने अपनी दासी के पुत्र को दास माना है।[6]

प्रेष्य—जो विभिन्न कार्यों के लिए इधर-उधर भेजा जा सके वह प्रेष्य कहलाता है। वह भी एक प्रकार का वेतनभोगी होता है।[7]

भृतक—पैसे लेकर पानी आदि लाने का काम करने वाला।[8]

भागिक—भागीदार, जो कृषि आदि मे छठे अश की भागीदारी मे सपृक्त होता है वह भागिक कहलाता है।[9]

कर्मकर—वे व्यक्ति जो दूसरो का कार्य कर आजीविका चलाते हैं, राजघरो मे वेठ करते हैं, वे कर्मकर कहलाते हैं।[10]

भोगपुरुष—वे व्यक्ति जो किसी नेता के आश्रित अपना जीवन चलाते हैं।[11]

११७. बेडी से बांधना"" "खोडे में डालना (णियलबंधण"""हडिबंधण)

इस प्रकार के दंडो का प्रचलन मालव देश मे था, ऐसा चूर्णिकार का अभिमत है।[12]

११८. बंदी बना जेल में डालना (चारगबंधण)

चारक का अर्थ है कारावास, जहा जू-खटमल आदि का उपद्रव होता है।[13]

---

१. वृत्ति, पत्र ७४ : गिल्लि त्ति—पुरुषद्वयोत्क्षिप्ता झोल्लिका।
२. वृत्ति पत्र ७३ : थिल्लि त्ति वेगसराद्वयविनिर्मितो यानविशेष।
३. वृत्ति, पत्र ७३ : संदमाणिय त्ति—शिबिकाविशेष एव।
४. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३६४ कलमं मसूरं लूणंतो।
   (ख) वृत्ति, पत्र ७३ . कलममसूरतिल..........।
५. चूर्णि, पृष्ठ ३६४ : दासेत्ति वा अदासो दासवत्।
६. वृत्ति, पत्र ७३ : दास. स्वदासीसुत.।
७. चूर्णि, पृष्ठ ३६४ तेसु तेसु पेसणेसु णियुज्जंति पसाउल्लगादि।
८. वृत्ति, पत्र ७३ : भृतको—वेतनेनोदकाद्यानयनविधायी।
९. वही, पत्र ७३ : भागिको य षष्ठांशाविलाभेन कृष्यादौ व्याप्रियते।
१०. चूर्णि, पृष्ठ ३६४ : कम्मकारका जे लोग उवजीवंतित्ति घरकम्मपाणाइवहादीहिं, तेऽवि राउले विट्ठिकारा विज्जंति।
११ वृत्ति, पत्र ७३ नायकाश्रित कश्चिद् भोगपर।
१२ चूर्णि, पृष्ठ ३६४ प्रायेण णिगलबंधणो हडिबंधणादिणा विवरेण करेति, जहा मालवाण।
१३ चूर्णि, पृष्ठ ३६४ जूआमंकुणपिसुआदीहिं जत्थ बद्धो चारिज्जति सो चारओ।

११६. दो जंजीरों से सिकोड़ कर लुढ़काना (णियल-जुयल-संकोडिय-मोडिय)

कुछेक अपराधियों को कारावास मे डालकर दो, तीन या सात साकलों से बांधकर रखा जाता है। उसके हाथों में, पैरों में और गले मे साकल डाल दी जाती है।[1]

१२०. हाथ काटना.... (हत्थछिण्णयं....)

चूर्णिकार ने यहा कुछेक महत्त्वपूर्ण सूचनाए दी है[2]—

- अपहरण करने वालो के कान, नाक, ओठ काट दिए जाते हैं।
- जो गुप्तचर और दूत शत्रुराज्यों मे आते-जाते हैं, उनके कान, नाक और ओठ छेद दिए जाते हैं।
- यदि स्त्रिया यह काम करती हैं तो उनका सिर काट दिया जाता है।
- अधर्म आचरण करने वालो की जीभ तलवार से काट दी जाती है, कधो का हनन कर, वे ब्रह्मसूत्र से काट दिए जाते हैं; जीवित व्यक्ति का हृदय, जीभ आदि निकाल दी जाती है।

१२१. (कुए में) लटकाना (ओलंबिय)

'ओलंबिय' का अर्थ है—लटकाना, पर्वत से नीचे फेंक देना, नदी या तालाब में डुबो देना।[3]

१२२. शूली में पिरोना (सूलाइयं)

अपानमार्ग से शूल लगाकर उसे मुह से निकालना।[4]

१२३. नमक छिड़कना (खारपत्तियं)

इसका अर्थ है—शस्त्र से शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर नमक आदि क्षार पदार्थ शरीर पर छिड़कना।[5]

१२४. जननेन्द्रिय को काटना (सीहपुच्छियगं)

प्राचीन कालीन दंड-पद्धति के अनुसार पारदारिक व्यक्ति की जननेन्द्रिय काट दी जाती थी। उस दंड का नाम 'सिंहपुच्छितक' था।

चूर्णिकार के अनुसार इसका अर्थ है—संभोग के उपरान्त सिंह और सिंहनी जब अलग होते है तब दोनों ओर से खिंचाव पैदा होता है और सिंह की जननेन्द्रिय भग्न हो जाती है। इस प्रचलित मान्यता के आधार पर जननेन्द्रिय भग्न करने को 'सिंहपुच्छितक' कहा गया है।[6] प्रश्न व्याकरण की वृत्ति मे भी 'जननेन्द्रिय भग्न' को 'सिंहपुच्छनं' माना है।[7]

प्रस्तुत आगम के प्रथम श्रुतस्कध के पाचवें अध्ययन की निर्युक्ति मे प्रयुक्त 'सीहपुच्छाणि' का अर्थ, वृत्तिकार के अनुसार, पीठ की चमड़ी है।[8]

१२५. अंडकोशों को तोड़कर मुंह में डालना (वसहपुच्छियगं)

प्राचीन काल मे परस्त्रीगामी अपराधी को दड देने का यह भी एक प्रकार था कि उसके अडकोशों को तोड़कर उसी के मुह

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३६४ अण्णो पुण चारए छड्डं णिगलेहिं दोहिं तिहिं वा सत्तहिं णिगलिजोएहिं बज्झति, संकोडितमोडितो णाम जो हत्येसु अ पादेसु अ गलए बज्झति, चारए अण्णत्थ वा सो जमलणिगलसकोडितमोडितो।

२ चूर्णि, पृष्ठ ३६४ घोरावीणं कण्णणक्कओट्ठे, चारितदूताणं विरुद्धरज्जसंचारिणां च छिज्जंति, इत्थीणं वा सीस, अहिमराचरियाणं मुखे मज्झे छिज्जंति असिमादीहिं, गच्छओ खधे आहतूण बंभसुत्तएण छिज्जंति, जीवंतस्सेव हियए उप्पाडेंति पुरोहितादि जाव जिब्भा।

३ चूर्णि, पृष्ठ ३६४, ३६५. ओलंबि कूवे पव्वतणदितडिमाविसु वा ओल्लंविज्जंति।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३६५ सूलाइतओ सूलाए पोइज्जति, अवाणे सूलं छोढुण मुहेण णिक्कालिज्जति।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३६५ सत्येणं कप्पेतु लोणखारादीहिं सिंचिज्जति।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३६५ पारदारिया सीहपुच्छिज्जति, सीहो सीहीए सम ताव लग्गओ अच्छति जाव स्यामिगाणं दोण्हवि कड्ढंताणं छिण्णणेत्ता भवंति।

७. प्रश्नव्याकरण, वृत्ति पत्र १६४ : सिंहपुच्छनं शेफत्रोटनं।

८. वृत्ति, पत्र १२५ : सीहपुच्छाणित्ति पृष्ठीवर्ध्रान्.........।

मे डाल दिया जाता है।[1] उसे इस दण्ड से अपार कष्ट भोगना पडता था और वह जीवन भर के लिए मैथुन-प्रवृत्ति के लिए अयोग्य हो जाता था।

१२६. इसके मांस के ··खिलाएं (कागणिमंसखावियगं)

इसका अर्थ है—अपराधी के शरीर के माम के काकिणी सिक्के जितने छोटे-छोटे टकडे कर उसको खिलाना।[2]

सूत्र ५६ :

१२७. मूर्च्छित···· आसक्त होकर (मूच्छिया ·····अज्झोववण्णा)

मूर्च्छित, गृद्ध, ग्रथित और अध्युपपन्न—ये चारो शब्द एकार्थक है। पर्यायभेद के आधार पर इनका अर्थभेद किया जा सकता है, ऐसा वृत्तिकार का कथन है।[3]

१२८. वैर के आयतनों को (वेरायतणाइं)

चूर्णि के अनुसार इसका अर्थ है—वैर का आयतन अर्थात् कर्म।[4] वृत्ति मे वैर के अनुबध को वैरायतन कहा गया है।[5]

१२६. अनेक बार (उस्सण्णाइं)

इसका तात्पर्य है—एक-एक पापस्थान का अनेक वार आचरण करना। यह चूर्णिकार का अर्थ है।[6]

वृत्तिकार के अनुसार इसका अर्थ है—आठो कर्मो के सचय को वद्ध, स्पृष्ट, निधत्त और निकाचन—इन अवस्थाओ मे व्यवस्थित करना।[7]

१३०. प्रचुर मात्रा में किए गए (संभारकडेण)

चूर्णिकार ने सभार का अर्थ—भारी, प्रचुर किया है।[8] वृत्तिकार के अनुसार सभार का तात्पर्य है सचित, ढेर।[9]

देखे—७।१४ मे 'त्रससभारकृत' का टिप्पण।

१३१. कर्मवहुल·· 'वैरवहुल (वज्जबहुले ·वेरवहुले)

प्रस्तुत प्रसग मे चार शब्द प्रयुक्त हुए है—वर्ज्य (वज्र), धूत, पक और वैर। चूर्णिकार ने इसका कोई विशेष अर्थ नही किया है। उन्होने वर्ज्य, पाप और वैर से सवधित एक गाथा का सामान्य-सा उल्लेखमात्र किया है। सभव है वर्ज्य, पाप और वैर एकार्थक हो।[10]

वृत्तिकार ने इनके अर्थ-भेद की सूचना दी है[11]—

वज्र—वज्र की भाति होने के कारण यह वध्यमान कर्म का वाचक है।

धूत—यह प्राक्वद्धकर्म का द्योतक है।

पक—यह पाप का वाचक है। जो कीचड की भाति होता है, वह पक अर्थात् कर्म।

वैर—वैर का अनुवन्ध।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३६५ पारदारिया' ···· 'एवं कस्सइ पुत्तगा छेत्तु अप्पणए मुहे छिज्जति।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३६५ कागिणिमंस कागणिमेत्ताइ से साइं मंसाइं कप्पेतु खाविज्जति।

३ वृत्ति, पत्र ७३, ७४ : मूर्च्छिता गृद्धा ग्रथिता अध्युपपन्ना एते च शक्रपुरन्दरादिवत्पर्याया कथञ्चिद्भेदं वाऽऽश्रित्य व्याख्येया।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३६५ वेरायतणाइं कम्मं चेव।

५. वृत्ति, पत्र ७४ वैरायतनानि वैरानुवन्धान्।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३६५ उस्सण्णंति अणेकसो एक्केक्क पावायतणं जहादिट्ठ हिंसादि आयरति।

७. वृत्ति, पत्र ७४ : कर्माणि वद्धस्पृष्टनिधत्तनिकाचनावस्थानि विधाय।

८ चूर्णि, पृष्ठ ३६५ संभारो णाम गुरुगत्तणं।

६. वृत्ति, पत्र ७४।

१०. चूर्णि, पृष्ठ ३६५।

११. वृत्ति, पत्र ७४ : वज्रवद्वज्रं गुरुत्वात्कर्म तद्वहुल तत्प्रचुरो वध्यमानककर्मगुरुरित्यर्थ तथा धूयत इति धूतं—प्राग्वद्धं कर्म तत्प्रचुर, पुनः सामान्येनाह—पङ्कयतीति पङ्क—पापं तद्वहुल, तथा तदेव कारणतो दर्शयितुमाह—वैरवहुलो—वैरानुवन्धप्रचुरः।

सूत्र ६० :

१३२. निरन्तर अन्धकार से तमोमय (णिच्चंधयारतमसा)

चूर्णि मे इसकी व्याख्या विस्तार से प्राप्त है। उन नरकों मे उतना सघन अंधकार है कि वहां सूनी आंखों से भी कुछ दिखाई नहीं देता। अंधा न होने पर भी आदमी वहां अंधा हो जाता है। जैसे भौंहरे या भीतर के कमरे मे सघन अंधकार होता है, वैसे ही वहां अंधकार व्याप्त रहता है। जैसे आकाश मे बादल छाए हों, मध्यरात्रि का समय हो, उस समय जितना सघन अंधकार होता है, वैसा अंधकार वहां व्याप्त रहता है।[1]

१३३. कृष्ण (कापोत) अग्नि वर्ण की आभा वाले (कण्ण-अगणिवण्णाभा)

वहां के नैरयिक काली अग्नि के वर्णवाले हैं। लोहे को पिघलाते समय या उसे गर्म करते समय काली अग्नि-ज्वाला निकलती है। वे नैरयिक इस कृष्ण वर्ण वाले होते हैं।[2]

१३४ कर्कश स्पर्श से युक्त (कक्खडफासा)

जो उष्णवेदनावाले होते हैं, उनका स्पर्श कर्कश होता है।[3]

वृत्तिकार के अनुसार उन नैरयिकों का स्पर्श वज्र-कण्टक से भी अधिक कठोर होता है।[4]

सूत्र ६५ :

१३५. (सूत्र ६५)

औपपातिक (सूत्र १७) मे चार प्रकार के प्रतिबंधों की चर्चा है। वे चार प्रकार हैं—

(१) द्रव्य-प्रतिबन्ध—इसके तीन भेद हैं—सचित्त, अचित्त और मिश्र।

(२) क्षेत्र-प्रतिबन्ध—इसके सात भेद हैं—क्षेत्र, ग्राम, नगर, अरण्य, खेत, खलिहान, गृह और आंगन।

(३) काल-प्रतिबन्ध—इसके अनेक भेद हैं—समय, आवलिका आदि से दीर्घकाल तक।

(४) भाव-प्रतिबन्ध—इसके छह भेद हैं—क्रोध, मान, माया, लोभ, भय और हास्य।

वृत्तिकार ने वाचनान्तर के आधार पर चार भिन्न प्रकार के प्रतिबन्धों का उल्लेखकर उनका अर्थबोध इस प्रकार दिया है[5]—

(१) अंडज—हंस आदि अथवा अंडक—मयूर के अंडे अथवा क्रीडा मयूर आदि।

(२) पोतज—हाथी आदि अथवा पोतक—शिशु।

पोतज के स्थान पर 'बोंडज' पाठान्तर भी मिलता है। इसके आधार पर वृत्तिकार ने 'अंडज' का अर्थ रेशमी वस्त्र और 'बोंडज' का अर्थ सूती वस्त्र किया है।

(३) अवगृहीत—परोसने के लिए उठाया हुआ भक्तपान। अथवा अवग्रहिक—वसति, पीठ, फलक, आदि अथवा औपग्रहिक (विशेष अवस्था मे लिए जाने वाले) दण्डक आदि उपधि।

(४) प्रगृहीत—भोजन के लिए उठाया हुआ कौर अथवा औघिक उपधि—सामान्य उपकरण।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३६५।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३६६ : किण्हअगणि लोहे धम्ममाणे कालिया अग्गिजाला णिन्ति तारिसो तेहिं वण्णो।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३६६ : फासा य उसिणवेदणाणं कक्खडफासा।

४. वृत्ति, पत्र ७५ : कर्कशः कठिनो वज्रकण्टकादप्यधिकतरः स्पर्शो येषां ते।

५. औपपातिक वृत्ति, पृष्ठ ६६ : वाचनान्तरे पुनः तं जहा इत्यत परं गमान्तं यावदिदं पठ्यते—'अंडए इ वा' अण्डजो—हंसादि, अण्डकं वा—मयूराण्डकादि. क्रीडादिमयूरादिहेतुरिति वा प्रतिबन्ध स्यात्, सप्तम्येकवचनान्तं चेदं व्याख्येयम्, इकारस्तु प्राकृतप्रभव, 'पोयए इ वा' पोतजो—हस्त्यादि पोतको वा शिशुरिति वा प्रतिबन्ध स्यात्, 'अंटजे इ वा बोंडजे इ वा', इत्यत्र पाठान्तरे अण्टजं—वस्त्रं कोशिकारकीटाण्डकप्रभवं बोण्डजं—कर्पासीफलप्रभवं वस्त्रमेव, 'उग्गहिए इ वा' अवगृहीतं—परिवेषणार्थमुत्पाटितं भक्तपानं, 'पग्गहिए वा' प्रगृहीतं भोजनार्थमुत्पाटितं तदेव, अथवा अवग्रहिकं—अवग्रहोऽस्यास्तीत्यवग्रहिकं—वसतिपीठफलकादिकं औपग्रहिकं वा दण्डकादिकमुपधिजातं प्रगृहीतं तु प्रकर्षेण गृहीतत्वादौघिकमिति।

वस्तुत ये सारे अर्थ बौद्धिक अधिक है। इनमे प्रतिवद्धता के द्योतक अर्थ कम है। वास्तव मे इनकी अर्थ-परपरा अन्य थी, जो टीकाकाल मे विस्मृत हो गई। परन्तु सस्कृत कोशो मे कुछेक के अर्थ आज भी उपलब्ध है। उनकी अर्थ-मीमासा इस प्रकार है—

पोतज—इसके अनेक अर्थो मे एक अर्थ है—क्षेत्र (खुली जमीन) या मकान की नीव। इसके आधार पर यह क्षेत्र और वसति का प्रतिवन्धक है।[1] इसका एक अर्थ है—वस्त्र। इसलिए यह वस्त्र के प्रतिवध का भी वाचक हो सकता है।[2]

(२) अवगृहीत—अवग्रह का एक अर्थ है—सासारिक वन्धन। यह भाव प्रतिवन्ध का वाचक है।[3]

(३) प्रगृहीत—प्रग्रह के अनेक अर्थ है—उपहार मे प्राप्त वस्तु, सग्रह-सन्निधि, मित्र आदि। अत यह सुहृद्-मित्र अथवा सन्निधि—सचय का प्रतिवन्धक है।[4]

आगम ग्रन्थो मे स्थान-स्थान पर प्रतिवद्धता का निषेध प्राप्त है। मुनि वह होता है जो कही भी प्रतिवद्ध नही होता। वह अप्रतिवद्धविहारी होता है। प्रस्तुत सूत्र मे प्रतिवन्ध के प्रकारो का निर्देश है।

सूत्रकृताग की चूर्णि मे इनकी कोई व्याख्या नही है। वृत्तिकार ने साधुगुणो के लिए केवल औपपातिक सूत्र का निर्देश मात्र किया है।[5]

सूत्र ६६ :

१३६. (सूत्र ६६)

प्रस्तुत सूत्र के प्रारम्भ मे अनगारो की यात्रामात्रावृत्ति के सन्दर्भ मे चतुर्थभक्त यावत् षण्मासिक तपस्या का उल्लेख है। तत्पश्चात् उत्क्षिप्तचरक · सर्वगात्रप्रतिकर्मविप्रयुक्त—इन छयालीस साधु-गुणो का प्रतिपादन है। इन गुणो से उनके आहार, भिक्षाविधि तथा शरीर के प्रति अनासक्ति का सुन्दर चित्रण प्रस्तुत होता है। वास्तव मे ये सव उन मुनियो की विविध अभिग्रह-विधियो, सोने-वैठने की मुद्राओ तथा देहाध्यास से मुक्त होने की विविध साधनाओ के वोधक है।

स्थानाग के विभिन्न आलापको मे इनका उल्लेख हुआ है। प्रस्तुत सूत्र से उन आलापकगत साधु-गुणो मे कुछ शब्दगत भिन्नता भी है।

देखे—ठाण ५।३६-४२ तथा टिप्पण पृष्ठ ६१६।

सूत्र ६८ :

१३७. एक भवावतारी (एगच्चाए)

चूर्णिकार ने अर्चा का अर्थ 'शरीर'[6] और वृत्तिकार ने शरीर या भव किया है।[7] यहा 'भव' का अर्थ ही सगत है।

सूत्र ६९ :

१३८. कल्याणकारी गति वाले, कल्याणकारी स्थिति वाले (गइकल्लाणा ठिइकल्लाणा)

गतिकल्याण—चूर्णिकार के अनुसार जो अनुत्तरोपपातिक देवलोक मे अथवा वैमानिक देवलोक मे उत्पन्न होते है तथा जो इन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिशद्, लोकपाल, परिषद्, आत्मरक्षक, प्रकीर्णक आदि रूप मे उत्पन्न होते है, वे गति-कल्याणक कहे जाते है।[8]

---

१. आप्टे, संस्कृत इग्लिश डिक्शनरी . पोतः—The site or foundation of a house

२. वही,—A garment, cloth.

३. वही, अवग्रहः—The bonds or fetters of worldly existence.

४. वही, प्रग्रह —(1) The gains in the form of gifts to courtiers
(2) Hoarding, collecting
(3) A Compassion

५. वृत्ति, पत्र ७७ 'औपपातिकमाचारागसवंधि प्रथममुपागं तत्र साधुगुणाः प्रवन्धेन व्यावर्ण्यन्ते, तदिहापि तेनैव क्रमेण द्रष्टव्यमित्यतिदेश · " ।

६ चूर्णि, पृष्ठ ३६६ अर्चयन्ति तामिच्यर्चा—शरीरं।

७. वृत्ति, पत्र ७७ एके पुनरेकयाऽर्चया—एकेन शरीरेणैकस्माद्वा भवात्।

८. चूर्णि, पृष्ठ ३६६, ३६७ ' गतिकल्लाणा कल्लाणगती अणुत्तरोववाइएसु वेमाणिएसु वा, इन्द्रसामानिकत्रायस्त्रिंशलोकपालपरिषदात्मरक्षप्रकीर्णकेषु न त्वाभियोग्यकिल्विषिककान्दर्पिकेषु।

वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं[१]—

० गति—देवलोक आदि शुभगति से युक्त।

० गति—प्रशस्त विहायोगतिरूप शीघ्रगमन से शोभित।

स्थितिकल्याण—उत्कृष्ट या मध्यम स्थिति वाले (देव) स्थिति-कल्याण कहे जाते हैं।[२]

१३९. कल्याणकारी भविष्य वाले (आगमेसिभद्दया)

चूर्णि और वृत्ति मे इसका भिन्न अर्थ किया गया है। चूर्णि के अनुसार इसका अर्थ है—आगामी भव मे सिद्ध होना।[३]

वृत्तिकार के अनुसार इसका अर्थ है—आगामी भव मे मनुष्य जन्म की सपदा को प्राप्त करना।[४]

इसी सदर्भ मे ७३वें सूत्र मे चूर्णिकार ने इसका अर्थ इस प्रकार किया है—वे एक भव मे सिद्ध होने योग्य चारित्र (यथाख्यात चारित्र) को प्राप्त कर सिद्ध हो जाते है। उत्कृष्टत' वे आठ भव मे सिद्ध हो ही जाते हैं।[५]

सूत्र ७१ :

१४०. (सूत्र ७१)

चूर्णिकार का कथन है कि यह मिश्रपक्ष का विकल्प भी अन्तत. धर्मपक्ष के अन्तर्गत ही आ जाता है, क्योकि इसमे धर्मपक्ष की बहुलता है और अधर्मपक्ष की न्यूनता। उन्होने इस बात को कुछ दृष्टान्तो मे समर्थित किया है—

१. जैसे नदी मे अनेक लोग स्नान करते है, कई शुचि लेते हैं, कई मुह-हाथ आदि धोते हैं। नदी मे गाय-भैस आदि पशु गोबर करते है, मूत्र विसर्जित करते है। फिर भी वह पानी गंदा नही होता क्योकि उसकी प्रचुरता है। वह सदा स्वच्छ बना रहता है।

२. जैसे थोडे गरम पानी मे यदि अधिक ठडा पानी मिला दिया जाता है तो वह भी ठडा हो जाता है।

३ जैसे श्रावको के बहुत सयम से थोडा असयम नष्ट हो जाता है।[६]

वृत्तिकार का भी यही अभिमत है। उन्होने भिन्न दृष्टान्त दिए हैं[७]—

० जैसे बहुत सारे गुणो मे एक दोप दिखाई नही देता।

० जैसे प्रचुर चद्रिका मे थोडा सा कलक दिखाई नही देता।

० जैसे प्रचुर पानी मे पडा हुआ मिट्टी का खड पानी को गदा नही कर सकता।

इसी प्रकार धर्म की प्रचुरता के कारण यह मिश्रपक्ष भी धर्मपक्ष मे ही अवतरित होता है।

किन्तु यह सापेक्ष दृष्टिकोण है। विरति और अविरति—दोनो के कारण मिश्रपक्ष बनता है, इसलिए केवल विरतिपक्ष मे नही रखा जा सकता। सापेक्षता के आधार पर ही इसका प्रतिपादन किया जा सकता है।

सूत्र ७२ :

१४१. श्रमणोपासक (समणोवासगा)

श्रमणोपासक का अर्थ है—श्रमणो की उपासना-सेवा करने वाला।

चूर्णि मे इसका अर्थ—तत्त्वज्ञान की प्राप्ति के लिए श्रमणो की उपासना करने वाला किया है।[८]

---

१ वृत्ति, पत्र ७८ : गत्या —देवलोकरूपया कल्याणाः—शोभना, गत्या वा—शीघ्ररूपया प्रशस्तविहायोगतिरूपया वा कल्याणाः।

२ (क) चूर्णि, पृष्ठ ३६७ : ट्ठितिकल्लाणेत्ति उक्कोसिया ट्ठिती अजहण्ण मणुक्कोसा वा।

(ख) वृत्ति, पत्र ७८ : स्थित्या उत्कृष्टमध्यमया कल्याणास्ते भवन्ति।

३ चूर्णि, पृष्ठ ३६७ आगमेसिभद्देति आगमेसे भवग्रहणे सिज्झति।

४. वृत्ति, पत्र ७८ तथाऽऽगामिनि काले भद्रकाः शोभनमनुष्यभवरूपसपदुपपेताः।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३७० : आगमेसिभद्दा एगगब्भवसधीया चरित्त प्राप्य सिध्यन्ति, उक्कोसेण वा अट्ठभवग्गहणाणि गतु सिज्झति।

६ चूर्णि, पृष्ठ ३६७ : धम्मो बहुओ अधम्मो थोवे त्तिकाउ, तेण अधम्ममीसओवि एस पक्खो अततोधम्मपक्खे चेव णिवडिति को दिट्ठंतो? जहा नदीए ···खविज्जति।

७. वृत्ति, पत्र ७९ : एतच्च यद्यपि·······धार्मिकपक्ष एवायम्।

८. चूर्णि, पृष्ठ ३६७ उपासंति तत्त्वज्ञानार्थमित्युपासकाः (समणोवासगा)।

इस सूत्र के प्रारम्भ मे अभिगत, उपलब्ध और कुशल—ये तीन शब्द प्रयुक्त हुए हैं। चूर्णिकार का कथन है कि ये तीनो शब्द ज्ञानार्थक हैं, किन्तु भिन्नरूप शब्दों द्वारा कराया जाने वाला ज्ञान मानसिक प्रसन्नता उत्पन्न करता है। इसलिए भिन्न शब्दो का प्रयोग किया गया है।[1]

१४२. सत्य के प्रति स्वयं निश्चल (असहेज्जा)

जैसे वायु के झोको से पताका आदि चलित हो जाते है, किन्तु मेरु पर्वत चलायमान नही होता, वैसे ही कुछ श्रमणोपासक ऐसे होते हैं जो अपने श्रद्धान से कभी विचलित नही होते।[2]

औपपातिक सूत्र की वृत्ति मे इसकी व्याख्या इस प्रकार की है—कोई व्यक्ति उस श्रमणोपासक को सम्यक्त्व से विचलित करना चाहे, तो कभी वह सत्य से विचलित नही होता। वह अपने सामर्थ्य से उसके प्रति सुस्थिर रहता है। वह दूसरे व्यक्ति के सहयोग की अपेक्षा नही रखता।[3]

१४३. प्रेमानुराग से अनुरक्त अस्थि-मज्जा वाले (अट्ठिमिजपेम्माणुरागरत्ता)

जो रोग त्वचा से लेकर मज्जा तक फैल जाता है, उसकी चिकित्सा कठिनाई से होती है। उसी प्रकार जिन लोगो मे धर्म का अनुराग मज्जा तक चला जाता है, उनको कोई भी व्यक्ति धर्म से विचलित नही कर सकता।[4]

चूर्णिकार और वृत्तिकार ने यहा एक दृष्टान्त का उल्लेख किया है। राजगृह नगर मे एक परिव्राजक रहता था। वह विद्या, मत्र और औषधियो—विभिन्न प्रकार की जडी-बूटियो का ज्ञाता था। इनके प्रयोग से वह शक्ति-सपन्न था। वह नगर मे घूमता और जिस किसी सुन्दर स्त्री को देखता, विद्यावल से उसका अपहरण कर लेता। यह क्रम कुछ दिनो तक चलता रहा। वह अपहृत सभी स्त्रियो को एक गुफा मे एकत्रित कर देता। इस घटना से सारे नगर मे हा-हाकार मच गया। कुछेक सभ्रान्त नागरिक एकत्रित होकर राजा के पास गए। उन्होने राजा से निवेदन किया—राजन्! प्रतिदिन नगर मे चोरिया हो रही है। धन के साथ-साथ वह चोर सुन्दरतम स्त्री का भी अपहरण कर लेता है। जो स्त्री उसे पसन्द नही आती, उसे मात्र वह छोडता है। वह कौन है इसका पता नही लग रहा है। आप कृपा करे और इसकी खोज करें।' राजा बोला—'आप सब विश्वस्त रहे। मैं उस दुष्ट को अवश्य खोज निकालूगा। यदि मैं पाच या छह दिनो के भीतर उस चोर को नही पकड पाऊगा तो अपने आप को अग्नि मे भस्मसात् कर दूगा। यह मेरी प्रतिज्ञा है।'

सारे नागरिक राजा की प्रतिज्ञा को सुनकर अवाक् रह गए। वे आश्वस्त हो, राजा को प्रणाम कर चले गए।

राजा ने विशेष आरक्षको को इस कार्य के लिए नियुक्त किया। राजा स्वय अकेला हाथ मे तलवार ले, चोर की खोज करने निकला। चार दिन बीत गए। चोर नही मिला। पाचवें दिन की रात्रि मे जब परिव्राजक भोजन, ताम्बूल, गन्ध, माला आदि पूजा की सामग्री लेकर जा रहा था, तब राजा को कुछ सन्देह हुआ। वह उसके पीछे-पीछे चला। वह परिव्राजक एक उद्यान मे गया। वहां एक विशाल वृक्ष के कोटर मे प्रवेश कर वह गुफा मे गया। राजा भी उसके पीछे-पीछे चला गया। वहा सारी अपहृत स्त्रिया थी। राजा ने तत्काल उस परिव्राजक पर तलवार का प्रहार किया। परिव्राजक मर गया।

राजा सारा एकत्रित धन और स्त्रियो को लेकर बाहर आया और जिस-जिसका वह था उसे दे दिया। स्त्रिया भी सौप दी गईं। वहा एक स्त्री ने राजा के साथ अपने पति के पास जाने से इन्कार कर दिया। परिव्राजक ने उसे अनेक औषधियो से भावित कर रखा था। उन औषधियो का प्रभाव उसकी मज्जा तक पहुच चुका था। राजा ने उस विद्या के अनुभवी व्यक्तियो से परामर्श किया। उन्होने कहा—यदि इस स्त्री को उस परिव्राजक की हड्डियो को पीस कर दूध के साथ पिलाया जाए, तो परिव्राजक के प्रति जो इसकी आसक्ति है, वह टूट सकती है, अन्यथा नही।

पारिवारिक लोगो ने वैसा ही किया। ज्यो-ज्यो अस्थिया दूध के साथ इसके पेट मे पहुची, उसका आग्रह कम होता गया। स्नेह का अनुबन्ध मिटता गया। सारी अस्थियो को पी जाने पर स्नेह का अनुबन्ध पूर्णरूप से मिट गया। अब अपने मूल पति के प्रति उसका अनुराग बढ गया।

---

१ चूर्णि, पृष्ठ ३६७ अधिगतजीवाजीवा अभिगमउवलभकुशलादय शब्दाः ज्ञानार्थाः अन्यान्येन त्वभिधानेनाभिधीयमान बोधं मानसप्रसादमुत्पादयति।

२ चूर्णि पृष्ठ ३६७ : असहेज्जा असंहरणिज्जा, जहा वातेहिं मेरु, न तु जहा वातप्पडागाणि सक्कति विप्परिणावेतु।

३ औपपातिक, वृत्ति, पत्र २८८।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३६८ अट्ठियाइंपि भावेतु जाव मिंजत्ति मज्जा वुच्चति, जस्स रोगेण तयं आदिकाउं जाव मज्जा भाविता सो दुक्खि-किच्छो भवति एवं ते।

जैसे अत्यन्त भावित होने के कारण वह स्त्री अपने मूल पति को नही चाहती थी, वैसे ही जो श्रावक निर्ग्रन्थ शासन के प्रति अत्यन्त भावित हो जाता है, उसे मोडा नही जा सकता ।[1]

चूर्णि मे यही कथा कुछेक शब्दान्तरो के साथ उपलब्ध है ।[2]

कोई व्यक्ति निर्ग्रन्थ प्रवचन के प्रति इतना श्रद्धाशील होता है, उसके पास आकर दूसरा व्यक्ति उसको जैन शासन से विमुख करने के लिए कहता है—इस जैन शासन मे तुझे क्या मिला ? तूने क्या देखा ? तव वह कहता है—हे आयुष्मन् ! निर्ग्रन्थ प्रवचन ही अर्थ है, परम अर्थ है, शेष सारे अनर्थ है । तीन सौ तिरेसठ मत वाले भी उसे जब अपने मत की विशेषता वतलाते है, तव भी वह उन्हे यही कहता है—हे आयुष्मन् ! निर्ग्रन्थ प्रवचन ही अर्थ है, परम अर्थ है, शेष अनर्थ है ।[3]

१४४. आगल को ऊंचा और दरवाजे को खुला रखने वाले (उसियफलिहा अवंगुयदुवारा)

निर्ग्रन्थ प्रवचन मे अनुरक्त श्रावक अपने घरो के द्वार की आगल को ऊपर कर किवाड सदा खुला रखते हैं । यह चूर्णिकार का अर्थ है । चूर्णिकार ने यहा एक प्रश्न उपस्थित किया है कि किवाडो को खुला रखने का कारण क्या है ? वे समाधान की भाषा मे कहते है कि जैन श्रमणो की यह मर्यादा है कि वे बन्द किवाड को खोल नही सकते और खुले किवाडो को बन्द नही कर सकते । दसवैकालिक सूत्र का कथन है—'कवाड णो पणोलेज्जा' (५।१।१८) ।

दूसरी वात है घर मे वार-वार आने-जाने वाले लोग किवाड को खोलते हैं या वद करते हैं तो उससे जीवो की विराधना होती है ।

अत. श्रावक आगलो को ऊचीकर अपने घर के मुख्य द्वार को तथा कोठे आदि के किंवाड को सदा खुला रखते हैं ।[4]

वृत्तिकार ने 'ऊसिय फलिहा' का सर्वथा भिन्न अर्थ किया है । उनके अनुसार इसका अर्थ है—उन श्रमणोपासको का अन्त - करण स्फटिक की तरह उच्छ्रित है, स्वच्छ है । निर्ग्रन्थ दर्शन की प्राप्ति से उनका मन सन्तुष्ट है ।[5] यह अर्थ प्रसगोपात्त नही लगता ।

१४५. अन्तःपुर…… (चियत्तंतेउर……)

यहा 'चियत्त' का अर्थ है अभिमत । धनी लोगो के घर मे अन्त पुर की व्यवस्था होती है । सामान्य घरो मे वह नही होती । वह श्रमणोपासक इतना विश्वस्त होता है कि सामान्य घरो तथा अन्त पुर मे भी उसका प्रवेश विना रोक-टोक हो सकता है ।[6]

१४६. शीलव्रत……आत्मा को भावित करते हुए (सीलव्वय…भावेमाणा)

यहा चूर्णिकार ने श्रावक-धर्म की समग्रता की ओर सकेत किया है ।[7] श्रावक-धर्म मे शील, अणुव्रत, गुणव्रत, विरमण, प्रत्याख्यान, पौषध, उपवास आदि की आराधना होती है—

शील—चार शिक्षाव्रत

व्रत—पाच अणुव्रत

गुण—तीन गुणव्रत

विरमण—शब्द आदि इन्द्रिय-विषयो का यथाशक्ति परित्याग ।

प्रत्याख्यान—नमस्कार सहिता आदि का स्वीकार ।

पौषध—शरीर-सस्कार वर्जन तथा ब्रह्मचर्य का स्वीकार ।

---

१. वृत्ति, पत्र ७९-८० ।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३६८ ।

३. वही, पृष्ठ ३६८ ।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३६८,३६९ किं कारणं पिहितुब्भिण्णे कवाडेत्ति ? ण वट्टइ उग्घाडेतु उग्घाडे कवाडे वा पेल्लेतु, उक्तं च—'कवाडं णो पणोलेज्जा' पविसंतो णियंतो अ लोगो मा णिच्चं सवरादिणा थिरादि विराहेहित्ति ते णिच्चमेव फलिहं उस्साएत्तु अग्गदारं कोट्ठगपमुहे अ कवाडं विराहेतु अब्भगुयदारं अच्छंति ।

५. वृत्ति, पत्र ८० : उच्छ्रितानि स्फटिकानीव—स्फटिकानि अन्त.करणानि येषां ते तथा, एतदुक्तं भवति—मौनीन्द्रदर्शनावाप्तौ सत्यां परितुष्टमानसः ।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३६९ ।

७. चूर्णि, पृष्ठ ३६९ इदाणिं सव्वो सावगधम्मो समाणिज्जति……आहारपरिच्चाओ उववासो ।

उपवास—त्रिविध आहार का परित्याग ।

इसमे श्रावक की धर्माराधना की समग्र विधि आ जाती है ।

१४७. (सूत्र ७२)

चूर्णिकार ने इस समग्र सूत्र मे कार्य-कारणभाव की योजना की है—श्रावक अभिगतजीवाजीव यावत् बन्धमोक्ष में कुशलक्षेम होते हैं, इसलिए वे असहाय होते है । वे असहाय होते है, इसलिए वे देव आदि के द्वारा निर्ग्रन्थ प्रवचन से अनतिक्रमणीय होते हैं । इस प्रकार समग्र सूत्र मे इन पदो की योजना ज्ञातव्य है ।[1]

वृत्तिकार ने भी इस प्रकार की योजना की है ।[2]

सूत्र ७३ :

१४८. आबाधा (आबाहा)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ बुढापा या रोग किया है ।[3]

१४९. आलोचना और प्रतिक्रमण कर (आलोइय पडिक्कंता)

चूर्णिकार ने बताया है कि श्रावक समाधि-मृत्यु के अवसर पर साधु के पास आलोचना और प्रतिक्रमण करते है । तत्पश्चात् साधु का वेश स्वीकार कर, दर्भ के बिछौने मे स्थित हो, सब प्रकार की आशसाओ से विप्रमुक्त बन समाधि की अवस्था मे रहते है ।[4]

सूत्र ७५ :

१५०. आरंभस्थान (आरंभट्ठाणे)

आरभ, असयम और अविरति—एकार्थक है ।[5]

सूत्र ७७ :

१५१. आदिकर्त्ता (आइगरा)

उस समय धर्म-प्रवर्तक के लिए आदिकर, तीर्थंकर आदि शब्द प्रयोग मे लाए जाते थे । चूर्णिकार ने कपिल आदि को तीर्थंकर कहा है । तीर्थ का अर्थ है—प्रवचन । दर्शन का आदि-प्रवचनकार तीर्थंकर कहलाता था ।[6]

१५२. मंडलि बनाकर (मंडलिबंधं)

वृत्ताकार बैठना मंडलिबध कहलाता है । जब दोनो भुजाए शरीर से सटी हुई हो और हाथ के अग्रभाग विपरीत दिशा मे एक दूसरी भुजा को पकडे हुए हो, इस मुद्रा मे बैठने का नाम है 'मडलिबन्ध' मे बैठना ।[7]

१५३. पात्र को (पाइं)

इसका अर्थ है—लोहे की या तावे की पतले तल वाली कुडी । इसमे अगारे डालते ही नीचे का तल अग्निमय हो जाता है ।[8]

---

१. चूर्णि पृष्ठ ३६९,३७० ।

२. वृत्ति, पत्र ८० ।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३७० अत्यर्थं बाधा आबाधा जरा रोगो वा ।

४. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३७० : साधुसमीवे वा आलोइयपडिक्कंता साधुलिंगं घेत्तु संथारसमणा दब्भसंथारगता सव्वासंसविप्पमुक्का ।
 (ख) वृत्ति, पत्र ८० ।

५ चूर्णि, पृष्ठ ३७० : आरंभो असंजमो अविरति वा एगट्ठा……

६ चूर्णि, पृष्ठ ३७१,३७२ आदि तीर्थंकरा कपिलादय ……'एतेसिं तित्थगराणं ।……चूर्णि पृष्ठ ३७३ . एव ताव तित्थगरा…… स्वसमयसिद्धचा च स्वतीर्थंकराणां ।

७ चूर्णि, पृष्ठ ३७२ जहा दोण्णि बाहाओ आकुचिताओ, अग्गहत्थेहिं मेल्लिताओ यथा भवति, लोए अ वट्टं मंडलंति वुच्चति ।

८. चूर्णि, पृष्ठ ३७३ . पतति तस्यामिति पात्री—कुभिया लोहमयी ताम्रमयी वा, सा छुभंतेहिं चेव अंगारेहिं तलिणत्तणेण अग्गितुल्लतला भवति ।

१५४. अग्निस्तंभनी विद्या का (अग्गिथंभणियं)

अग्नि का स्तभन दो प्रकार से किया जाता है[1]—

१. अग्नि-स्तभन विद्या के द्वारा।

२. सूर्य मत्र के द्वारा।

१५५. यह प्रमाण है (एस पमाणे)

यहा प्रमाण का अर्थ है—साक्षी।[2] उसने प्रावादुको से कहा—जैसे तुम जलते हुए अगारों से भरे पात्र को हाथ मे उठाना नही चाहते, क्योकि उससे तुम्हे दु ख होता है और दु ख तुम्हे प्रिय नही है, वैसे ही दूसरे जीवो को भी दु.ख प्रिय नही है। इस तथ्य के साक्षी तुम स्वय हो।

वृत्तिकार ने प्रमाण का अर्थ युक्ति किया है।[3]

१५६. यह समवसरण है (एस समोसरणे)

चूर्णिकार के अनुसार इसका अर्थ है—सम्यक् अवसरण—समान अनुभव।[4]

वृत्तिकार ने धर्म विचार को समवसरण माना है।[5]

सूत्र ७८ :

१५७. संसाररूपी अरण्य में (संसारकंतारं)

जो अरण्य-प्रदेश निर्जल, भयानक और त्राण-रहित होता है, वह कातार कहलाता है।[6]

१५८. (ते णो सिज्झिस्संति·······करिस्संति)

वृत्तिकार के अनुसार इन पदो से ज्ञानातिशय का अभाव, सुखातिशय का अभाव और उपायातिशय का अभाव प्रदर्शित किया गया है।[7]

सूत्र ८१ :

१५९. (सूत्र ८१)

प्रस्तुत सूत्र मे प्रयुक्त शब्दो का चूर्णि और वृत्ति के अनुसार अर्थ इस प्रकार है[8]—

१. आत्मार्थी—आत्मवान्—जो आत्मा की रक्षा करता है।
जो आत्मा के लिए ही सब कुछ करता है।
जो दूसरो को दोपो से बचाता है।

२. आत्महित—इहलोक और परलोक मे आत्महित करने वाला।

३ आत्मगुप्त—दूसरो को विश्वास दिलाने के लिए नही किन्तु स्वत सयम मे प्रवृत्त होने वाला।

४ आत्मयोगी—जिसका मन कुशल मे प्रवृत्त होता है, जो सदा धर्मध्यान मे अवस्थित रहता है।
जो स्वय सयम-योग मे अवस्थित रहता है, दूसरो को विश्वास दिलाने के लिए नही।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३७३ अग्गिथंभणविज्जाए आदिच्चमंतेहिं अग्गी थभिज्जइ।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३७३ : पमाणमिति तुज्झेव पमाणं, साक्षिण इत्यर्थ·।

३. वृत्ति, पत्र ८४ · प्रमाणं············युक्ति।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३७४ : सव्वेसिं जीवाणं एत्थ सुहदुक्खे तुल्ले सम्यक् अवसरणमिति तुल्योऽर्थ·।

५. वृत्ति, पत्र ८४ तदेतत् समवसरणं—स एव धर्मविचार।

६. वृत्ति, पत्र ८४ निर्जलः सभयस्त्राणरहितोऽरण्यप्रदेश· कान्तार इति।

७. वृत्ति, पत्र ८५।

८. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३७४, ३७५।
(ख) वृत्ति, पत्र ८५, ८६।

५ आत्मपराक्रम—आत्मा के पुरुषार्थ मे विश्वास करने वाला—आत्मकर्तृत्ववादी । इससे प्रकृतिवादी, कालवादी, स्वभाववादी आदि का निरसन हो जाता है। आत्म-पराक्रम की स्वीकृति से—'सर्वभावा. तथाभावा' का निरसन हो जाता है। कुछ लोग मानते हैं—'ईश्वरात् सप्रवर्त्तेत, निवर्त्तेत तथेश्वरात् ।

सर्वभावास्तथाभावाः पुरुष स्थास्नुर्न विद्यते ॥

६. आत्मरक्षित—पाप से आत्मा की रक्षा करने वाला।

७ आत्मानुकपी—असत् कर्म के फल स्वरूप दु खो को भोगने वाले व्यक्ति को देखकर जिसकी आत्मा कपित हो जाती है वह आत्मानुकपी होता है।

जो दूसरे पर और अपने आप पर अनुकपा करता है, वह वास्तव मे अपने पर ही अनुकपा करता है। वृत्तिकार के अनुसार जो व्यक्ति अपनी आत्मा को असत् अनुष्ठान से हटाकर सद् अनुष्ठान मे लगाता है, वह आत्मानुकपी होता है।

८ आत्मनिस्फेटक—सम्यक् ज्ञान, दर्शन आदि के द्वारा आत्मा को ससार से निकालने वाला।

तइयं अज्झयणं

आहारपरिण्णा

तीसरा अध्ययन

आहारपरिज्ञा

आमुख

प्रस्तुत अध्ययन का नाम 'आहारपरिज्ञा' है। यह द्विपद नाम है। इसमे दो पद है—आहार और परिज्ञा।[1]

प्रत्येक सासारिक प्राणी आहर के आधार पर जीता है, इसलिए जीवन और आहार—इन दोनो का घनिष्ठ सबंध है। जहा से जीवन का प्रारभ होता है, उसका आहार के साथ सबध जुड़ा रहता है।

शरीर आहार के बिना नही चलता। धर्म की उपासना शरीर के बिना नही होती। अत' धर्म की आराधना के लिए शरीर का पोषण भी करना होता है। सभी प्राणी आहार करते हैं। स्थावर प्राणी भी आहार करते है और त्रस प्राणी भी आहार करते है। ऐसा एक भी प्राणी नही है जो बिना आहार लिए प्राण-सधारण कर सके। जीवो के छह निकाय हैं—पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय। ये सब अपनी-अपनी स्थिति के अनुसार आहार लेते है। नारक और देव भी आहार लेते हैं।

प्रस्तुत अध्ययन मे आहार और योनि—दोनों पर संयुक्त विचार किया गया है।

'आहार' पद का निक्षेप पाच प्रकार का किया है—नाम आहार, स्थापना आहार, द्रव्य आहार, क्षेत्र आहार और भाव आहार। द्रव्य आहार के तीन प्रकार है—सचित्त, अचित्त और मिश्र। सचित्त द्रव्य आहार के छह प्रकार है[2]—

१ पृथ्वीकाय आहार—लवण आदि का आहार।

२. अप्काय आहार—पानी का सेवन।

३. तेजस्काय आहार—अग्नि में उत्पन्न चूहे अग्नि का आहार करते हैं। मनुष्य आदि प्रज्वलित अग्नि को नही खाते, किन्तु लोम आहार के रूप मे उसका आहार करते ही हैं।[3]

४ वायुकाय आहार—लोम आहार के रूप मे वायु का सेवन।

५ वनस्पतिकाय आहार—कन्द-मूल आदि का आहार।

६. त्रसकाय आहार—हिंस्र पशु जीवित प्राणी का आहार करते हैं।

इसी प्रकार अचित्त और मिश्र द्रव्य आहार ज्ञातव्य है।

क्षेत्र आहार—जिस क्षेत्र का जो आहार होता है, वह क्षेत्र आहार है। जैसे चावल दक्षिणवासियो का आहार है, बाजरा थली प्रदेश का आहार है और मक्का मेवाड का आहार है।

भाव आहार—सचित्त, अचित्त और मिश्र द्रव्यो के जो वर्ण, गध, रस आदि हैं, उन्हे अपनी बुद्धि से पृथक्-पृथक् कर, उनका (वर्ण आदि का) आहरण करना भाव आहार है। आहार जिह्वेन्द्रिय का विषय है। आहार के मुख्य रस हैं—तिक्त, कटुक, कषाय, अम्ल और मधुर।[4]

रात्रिभोजन के प्रसग मे भाव की दृष्टि से तिक्त, मधुर आदि का ग्रहण किया जाता है। भोजन कुछ कोमल और स्वच्छ होना चाहिए। वे चावल अच्छे होते है जो कोमल हो, जिनसे वाफ निकलती हो। ठडे चावल प्रशस्त नही होते। पानी ठडा ही प्रशस्त होता है। कहा है—'शैत्यमपा प्रधानो गुण'। यह द्रव्याश्रित भाव-आहार का वर्णन है।[5]

आहारक प्राणी की अपेक्षा से भाव आहार तीन प्रकार का होता है—ओज आहार, लोम आहार और प्रक्षेप आहार।

---

१. वृत्ति, पत्र ८३ आहारपरिज्ञेति द्विपदं नाम।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३७६।

३ चूर्णि, पृष्ठ ३७६ तेउकाओ सचित्तो आहारो इट्टगपागादिसु, महंतेसु अ अग्गिट्ठाणेसु अ अग्गिमूसगा संमुच्छंति, ते तं चेव सचित्तं अग्गिमाहारेंति सेसा मणूसादयो ण तरति जलमाणं सचित्तं अग्गिमाहारेतु ......लोमाहारो पुण तेसिं होति हेमते सीतेवि तावेंताणं।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३७६ : तेसिं चेव सचित्ताचित्तमीसगाणं दव्वाणं जे वण्णाइणो ते बुद्धीए वीसु २ काऊण आहारिज्जमाणो भावाहारो भवति, तत्थवि कडुकसायबिलमधुररसादि जिब्भिंदियविसयोत्तिकाऊण प्रायेण घेप्पति।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३७६।

१. ओज आहार

ओज का अर्थ है—शरीर। जो शरीर से आहार लिया जाता है, उसे ओज आहार कहते हैं। जब तक जीव तैजस और कार्मण शरीर से आहरण करता है, तब तक वह अपर्याप्तक अवस्था मे होता है और वह ओज आहार करता है।[1]

जीव अपने उत्पत्ति-क्षेत्र मे जाकर तैजस और कार्मण शरीर से पहले आहार ग्रहण करता है। उसके बाद औदारिकमिश्र या वैक्रियमिश्र शरीर से आहार ग्रहण करता है, जब तक कि उपयुक्त शरीर की निष्पत्ति नही हो जाती। जब जीव के औदारिक या वैक्रिय शरीर की निष्पत्ति हो जाती है तब वह औदारिक शरीर से या वैक्रिय शरीर से आहार करता है।[2]

कुछ आचार्यो का मत है कि जीव औदारिक आदि शरीर पर्याप्ति से पर्याप्तक हो जाने पर भी जब तक वह इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास भाषा और मन पर्याप्ति से पर्याप्तक नही हो जाता तब तक वह शरीर से आहार करता है, यह भी ओज आहार ही है।[3]

ओज आहार लेने वाले सभी जीव अपर्याप्तक होते हैं, क्योंकि उनके इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास, भाषा और मन पर्याप्तिया अभी नही होती। शरीर पर्याप्ति का निर्माण आहार पर्याप्ति के होने पर ही होता है।[4]

२. लोम आहार

चूर्णिकार ने त्वचा और स्पर्श से आहार लेना लोम आहार माना है।[5] जैसे—गर्मी से उत्तप्त प्राणी छाया मे जाता है और छाया के शीतल पुद्‌गलो को समस्त शरीर के रोमकूपो से ग्रहण करता है तथा शीतल वायु से अपने को आश्वस्त करता है। पखे से हवा लेता है, स्नान करता हुआ पानी के शीतल पुद्‌गलो को रोमकूपो से ग्रहण करता है—यह सारा लोम आहार है। हेमन्त, शीतऋतु मे अग्नि तापने वाले सचित्त अग्नि जीवो का लोम आहार करते है। शीत से कम्पायमान अर्द्धमृत मनुष्य भी अग्नि के ताप से स्वस्थ हो जाता है। पर्याप्तियो के पूर्ण हो जाने पर गर्भ मे भी लोम आहार होता है। वायु आदि के स्पर्श से होने वाला यह लोम आहार निरन्तर होता रहता है, किन्तु यह इन चर्म-चक्षुओ से दिखाई नही देता। यह प्राय प्रति समय होने वाला आहार है। अन्तराल गति मे यह नही होता।[6]

यह दो प्रकार का होता है[7]—

१ अनाभोगनिर्वर्तित।

२ आभोगनिर्वर्तित

वृत्तिकार के अनुसार शरीरपर्याप्ति के पूर्ण होने के बाद बाह्य त्वचा और लोम (रोम) से आहार लेना लोम आहार है।[8]

३. प्रक्षेप आहार

यह कवल आहार है। कवल के प्रक्षेप से यह निष्पन्न होता है। इसका सबध क्षुधावेदनीय कर्म के उदय से है।

स्थानाग मे आहार-सज्ञा की उत्पत्ति के चार कारण बतलाए हैं[9]—

---

१ चूर्णि, पृष्ठ ३७७ : ओजत्ति सरीरं ओजाहारा—सरीराहारा……ओयाहारा जीवा सव्वे आहारगा अपज्जत्तगा उच्यन्ते।

२ वृत्ति, पत्र ८७।

३ वही, पत्र ८७-८८ . केचिद् व्याचक्षते—औदारिकादिशरीरपर्याप्तया पर्याप्तकोऽपीन्द्रियानापानभाषामनःपर्याप्तिभिरपर्याप्तक शरीरेणाहारयन् ओजाहार इति गृह्यते।

४. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३७७।
(ख) वृत्ति, पत्र ८७।

५ चूर्णि, पृष्ठ ३७७ . तयाइ फासेण लोमआहारो।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३७७ . जं उण्हाभितत्तो छायं गंतूण छायापोग्गलेहिं आसासति सव्वगातलोमकूवाणुपविट्ठेहिं आसासति शीतवातेण वागादीयउक्खेणगादीवातेण वा आससति ण्हायंतो वा, एवमादि लोमाहारोत्ति, गब्भेवि लोमाहारो चेव जेण पक्खेवाहार इध आहारिज्जतो आहारो तेन चक्षुष्मता अन्येन वा ण दीसति लोमाहारः लोप इव लोपः अदर्शन-मित्यर्थ जे अदीसतां चोरा हरंति ते लोमाहारा वुच्चंति, एसो पुण लोमाहारो णिच्चमेव भवति।

७ वही, पृष्ठ ३७७ : अनाभोगणिव्वत्तितो आभोगणिव्वत्तितो वा।

८ वृत्ति, पत्र ८७ . लोमाहारस्तु शरीरपर्याप्त्युत्तरकालं बाह्यया त्वचा लोमभिराहारो लोमाहारः।

९. ठाणं ४।५७९ चउहिं ठाणेहिं आहारसण्णा समुप्पज्जति, त जहा—ओमकोट्ठताए, छुहावेयणिज्जस्स कम्मस्स उदएणं, मतीए, तदट्ठोवओगेणं।

१ पेट के खाली हो जाने से ।

२. क्षुधावेदनीय कर्म के उदय से ।

३. आहार की बात सुनने से उत्पन्न मति से ।

४. आहार के विषय मे सतत चिन्तन करते रहने से ।

प्रक्षेप आहार इन चारो से सबधित होता है । यह निरतर नही होता, कभी होता है, कभी नही होता । उत्तरकुरु, देवकुरु के निवासी तीन-तीन दिन के अन्तर से प्रक्षेप आहार करते है । मख्येयवर्षायुष्क वाले प्राणी भी निरन्तर प्रक्षेप आहार नही करते । उनके भी स्पर्श से निरन्तर आहार होता है । एक इन्द्रिय वाले जीवो, नारको तथा देवो के प्रक्षेप आहार नही होता । एक इन्द्रिय वाले जीव पर्याप्तिक होकर स्पर्शन इन्द्रिय से ही आहार ग्रहण करते हैं । उनके लोम आहार होता है । देवता द्वारा मन से कल्पित शुभ पुद्गल समूचे शरीर से आहार रूप मे परिणत होते हैं और इसी प्रकार नारको के वे अशुभ पुद्गल समूचे शरीर से आहार रूप मे परिणत होते हैं ।[1] शेष सारे ससारी प्राणी, जो औदारिक शरीर से युक्त हैं, जिनके जिह्वेन्द्रिय है, वे सब प्रक्षेप आहार करते हैं । वे प्रक्षेप आहार के बिना जी नही सकते ।

कुछ आचार्य इन तीन प्रकार के आहारो की भिन्न व्याख्या करते है[2]—

१ प्रक्षेप आहार—जो आहार जिह्वा से ग्रहण कर स्थूल शरीर मे प्रक्षिप्त किया जाता है, वह प्रक्षेप आहार है ।

२. ओज आहार—जो आहार घ्राण इन्द्रिय, चक्षु इन्द्रिय और श्रोत्र इन्द्रिय से ग्रहण कर धातुओ के रूप मे परिणत किया जाता है, वह ओज आहार है ।

३ लोम आहार—जो केवल स्पर्शन इन्द्रिय से ग्रहण कर धातुओ के रूप मे परिणत किया जाता है, वह लोम आहार है ।

इसी प्रकार चूर्णिकार और वृत्तिकार ने क्षेत्र आहार और काल आहार के विषय मे सैद्धातिक जानकारी देते हुए विस्तार से लिखा है । वृत्तिकार ने काल आहार के प्रसग मे केवली के कवल आहार होता है या नही, इसकी विस्तृत मीमासा की है ।[3]

आहार और योनि

प्रस्तुत अध्ययन मे आहार और योनि के आधार पर वनस्पति के बारह प्रकार निर्दिष्ट किए हैं—

१ पृथ्वीयोनिक वृक्ष

२. वृक्षयोनिक अध्यारोह वृक्ष

३. उदकयोनिक वृक्ष

४. उदकयोनिक अध्यारोह वृक्ष

५ पृथ्वीयोनिक तृण

६ उदकयोनिक तृण

७ पृथ्वीयोनिक औषधि

८ उदकयोनिक औषधि

९ पृथ्वीयोनिक हरित

१० उदकयोनिक हरित

११ पृथ्वीयोनिक कुहण

१२ उदकयोनिक कुहण

---

१ (क) चूर्णि, पृष्ठ ३७७-३७८ ।

(ख) वृत्ति, पत्र ८८ ।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३७८ एकेत्वाचार्या एतदेव त्रिविधं आहारं अन्यथा ब्रुवते, तं जहा—पक्खेवाहार ओयाहारः लोमाहार इति त्रयः जिह्वेन्द्रियेन लभ्यते स्थूलशरीरे प्रक्षिप्यते सो पक्खेवाहारो, यो घ्राणदर्शनश्रवणैरुपलभ्यते धातो परिणाम्यते ओजाहारो, य. स्पर्शेनोपलभ्यते धातो परिणाम्यते स लोमाहारः ।

(ख) वृत्ति, पत्र ८८ ।

३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३७८ ।

(ख) वृत्ति, पत्र ८९-९१ ।

इन प्रत्येक के चार-चार आलापक है ।

पृथ्वीयोनिक वृक्ष

पहला आलापक—वनस्पतिया पृथ्वी आश्रित होती हैं ।

दूसरा आलापक—वे अप्काय आदि के शरीर का आहरण करती हैं ।

तीसरा आलापक—बडे होने पर उन आहृत शरीरो को अचित्त और विध्वस्त कर आत्मसात् कर लेती हैं ।

चौथा आलापक—पृथ्वीयोनिक वनस्पति के अन्यान्य अवयव नानावर्ण, नानागध वाले होते हैं ।

वृक्षयोनिक अध्यारोह वृक्ष

पृथ्वीयोनिक वृक्षो के अवयव के रूप मे जो उत्पन्न होते है तथा उस वृक्ष के मूल आरंभक जीव का उपचय करते है वे वृक्षयोनिक कहलाते हैं । अथवा वे जो उन वृक्षो के मूल, कन्द आदि दस अवयवो मे उत्पन्न होते हैं, वे वृक्षयोनिक अध्यारोह वृक्ष कहलाते हैं । जैसे वल्लीवृक्ष, कामवृक्ष आदि ।[1]

इनके चार आलापक इस प्रकार है—

१. वृक्षयोनिक वृक्षो मे दूसरे अध्यारोह वृक्ष उत्पन्न होते है ।

२. वे स्वयोनिभूत वनस्पति के शरीर का आहार करते है । तथा पृथ्वी, अप्, तेजस, वायु के शरीर का आहार करते हैं ।

३. उन आहृत शरीरो को अचित्त और विध्वस्त कर आत्मसात् करते हैं और अपने शरीर के अवयव रूप मे उन्हे व्यवस्थापित करते हैं ।

४ उन अध्यारोह वृक्षो के अन्यान्य शरीर नाना रूप, रस, गध और स्पर्श वाले होते हैं । (सूत्र ६-९)

पृथ्वीयोनिक तृण (सूत्र १०-१३)

इनके चार आलापक ये हैं :—

१ अनेक प्रकार के तृण नाना प्रकार की पृथ्वीयोनियो से उत्पन्न होते हैं और पृथ्वी के शरीर का आहार करते है ।

२ पृथ्वीयोनिक तृणो मे उत्पन्न होकर तृण शरीर का आहार करते हैं ।

३. तृणयोनिक तृणो मे उत्पन्न होकर तृणयोनिक तृण के शरीर का आहार करते हैं ।

४. तृणयोनिक तृणो के अवयव—मूल, कन्द आदि के रूप मे उत्पन्न होते हैं और तृण शरीर का आहार करते हैं ।

इसी प्रकार पृथ्वीयोनिक औषधि (सूत्र १४-१७) और पृथ्वीयोनिक हरित (सूत्र १८-२१) के भी चार-चार आलापक हैं । पृथ्वीयोनिक कुहण का एक ही आलापक है, क्योकि तद्योनिक जीवो का दूसरी योनियो मे अभाव है ।

इसी प्रकार सूत्रकार ने उदकयोनिक वृक्ष, उदकयोनिक तृण, उदकयोनिक औषधि और उदकयोनिक हरित—इनके चार-चार आलापक (कुल वीस आलापक) तथा उदकयोनिक कुहण का एक आलापक प्रस्तुत किया है ।[2] (सूत्र २३-४२)

वृत्तिकार का कथन है कि उदकयोनिक उदकाकृति वाली वनस्पतिया अवक, पनक, शैवाल आदि के चार प्रथम विकल्प ही होते हैं, शेष नही होते । क्योकि उनमे अध्यारोह आदि का सभव नही है ।[3]

वृत्तिकार ने वनस्पति के तीन विकल्प दूसरे प्रकार से भी प्रस्तुत किए है —

१ पृथ्वीयोनिक वृक्ष

२. वृक्षयोनिक वृक्ष

३. वृक्षयोनिक मूल, कंद कादि ।

इसी प्रकार—

१ वृक्षयोनिक अध्यारोह

२. अध्यारोहयोनिक अध्यारोह

३ अध्यारोहयोनिक मूल, कन्द आदि ।

इसी प्रकार तृण, औषधि, हरित के तथा उदकयोनिक वृक्षो के विकल्प भी स्वीकृत है ।

---

१. वृत्ति, पत्र ९७ ।

२. आलापक विषयक ऊहापोह के लिए देखें—अंगसुत्ताणि १, पृष्ठ ४०४ ।

३. वृत्ति, पत्र ९८ ।

वनस्पति की तीन योनिया हैं—

१. पृथ्वीयोनिक वनस्पति

२ उदकयोनिक वनस्पति

३. वनस्पतियोनिक वनस्पति

१. पृथ्वीयोनिक वनस्पति

प्रत्येक वनस्पति का उपादानभूत अपना वीज होता है। उसी के आधार पर उसकी उत्पत्ति होती है। किन्तु कुछेक वनस्पतियो की पृथ्वी ही वीज बन जाती है और वह उन वनस्पतियो की उत्पति का कारण होती है। जैसे शैवाल, जवाल आदि का उत्पत्ति-वीज पानी होता है, वैसे ही इन वनस्पतियो का उत्पत्ति-वीज पृथ्वी होती है। उत्पादक वीज के आधार पर वह पृथ्वीयोनिक वनस्पति कहलाती है। वह पृथ्वीयोनिक ही नही होती, उसकी स्थितिवाली भी होती है। वे जीव पृथ्वी मे ही बढते हैं। वे वनस्पति की उत्पत्ति के हेतुभूत कर्मो से प्रेरित होकर वनस्पतिकाय से आकर फिर उसी वनस्पति मे उत्पन्न होते हैं। पृथ्वी नाना प्रकार की होती है। अनुकूल पृथ्वीयोनि मे वे जीव वनस्पति के रूप मे उत्पन्न होकर बढते है। वे पृथ्वी को विना पीडा पहुंचाए, उसी का आहार करते हैं। पृथ्वी की स्निग्धता ही उनका आहार होता है। बडे होने पर वे जीव पृथ्वी को कुछ वाधा उत्पन्न कर सकते हैं। वे जीव केवल पृथ्वी के शरीर का ही आहार नही लेते, वे पानी (भूमीगत या आकाशीय) के शरीर का, तेजस्काय के शरीर—भस्म आदि के रूप मे परिवर्तित, का तथा वायु के शरीर का भी आहार करते हैं। वे श्वासोच्छ्वास लेते है, यह वायु के शरीर का आहरण है। इतना ही नही, वे जीव त्रस-स्थावर प्राणियो के शरीर का अवष्टभन कर, उनका आहार करते हैं। उत्पद्यमान वनस्पति के जीव अपनी त्वचा—स्पर्श से आहरण करते हैं, अपने शरीर के रूप मे परिणत करते है और उसके अनुरूप बन जाते हैं।

२. उदकयोनिक वनस्पति

कुछ वनस्पतिया पानी मे ही उत्पन्न होती है। वे उदकयोनिक कहलाती है। वे उदक के स्नेह का मुख्य रूप से आहरण करती है और उसी मे बढती है। यद्यपि वे वनस्पति नामकर्म के उदय से वहा उत्पन्न होती हैं किन्तु उनकी उत्पत्ति का मूलवीज उदक होने के कारण उदकयोनिक कहलाती है। अवक, पनक, शैवाल, कलम्बु, हड आदि उदयोनिक वनस्पतिया हैं।

३ वनस्पतियोनिक वनस्पति

वृक्ष का मूल जीव एक होता है। उसके अवयव के जीव भिन्न-भिन्न होते है। वृक्ष के मूल अवयव दस है—मूल, कन्द, स्कन्ध, त्वक्, शाखा, प्रवाल, पत्र, पुष्प, फल और वीज। इनमे भिन्न-भिन्न जीव उत्पन्न होते है। ये सब वनस्पतियोनिक वनस्पति जीव है।

त्रसकाय के प्रकरण मे मनुष्य, जलचर, स्थलचर और खेचर के आहार पदो के छह आलापक (सूत्र ७९-८१) हैं।

प्रश्न होता है कि षड्जीवनिकायो मे वनस्पति पाचवा जीवनिकाय है। प्रस्तुत प्रसंग मे उसका वर्णन पहले कर फिर पृथ्वीकाय आदि का वर्णन किया गया है। यह व्यत्यय क्यो ?

चूर्णिकार और वृत्तिकार का कथन है कि पाच स्थावर जीवनिकायो मे वनस्पति ही एक ऐसा जीवनिकाय है जिसका चैतन्य अन्य स्थावर जीवनिकायो से स्पष्टतर है। लोग भी इसकी चेतनता को स्वीकार करते है, इसलिए इसका वर्णन सहज स्वीकार्य हो जाता है। शेष चार एकेन्द्रिय काय के प्रति श्रद्धा होना दुष्कर होता है इसलिए उनका वर्णन पश्चात् किया गया है।[1]

जीवो की उत्पत्ति की दृष्टि से यह अध्ययन बहुत महत्वपूर्ण है। किस परिस्थिति मे, किस निमित्त को पाकर जीव किस प्रकार जन्म लेता है, इसकी अत्यन्त सूक्ष्म जानकारी प्रस्तुत अध्ययन मे प्राप्त है। जीवविज्ञान के साथ तुलनात्मक अध्ययन के लिए इसमे प्रचुर सामग्री उपलब्ध है। इस जगत् की विचित्रता मे जीवो का नानात्व एक आश्चर्य है। इस आश्चर्य का समाधान इसमे खोजा जा सकता है।

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३८४ · एते वणस्सइकाईया, लोगोवि संपडिवज्जति जीवंति जेण सुहपण्णवणिज्जत्तिकाऊण पढमं भणिता, सेसा एगिंदिया पुढविकाईयादयो चत्तारि दुसद्दहणिज्जत्तिकाऊण पच्छा वुच्चंति।

(ख) वृत्ति, पत्र ९८।

तइयं अज्झयणं : तीसरा अध्ययन

आहारपरिण्णा : आहारपरिज्ञा

मूल	संस्कृत छाया	हिन्दी अनुवाद
१. सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं—इह खलु आहारपरिण्णा णामज्झयणे। तस्स णं अयमट्ठे, इह खलु पाईणं वा पडीणं वा उदीणं वा दाहिणं वा सव्वओ सव्वावंति च णं लोगंसि चत्तारि बीयकाया एवमाहिज्जंति, तं जहा—अग्गबीया मूलबीया पोरबीया खंधबीया ॥	श्रुतं मया आयुष्मन् ! तेन भगवता एवमाख्यातं—इह खलु आहारपरिज्ञा नामाध्ययनम् । तस्य अयमर्थ , इह खलु प्राचीन वा प्रतीचीनं वा उदीचीन वा दक्षिणं वा सर्वत सर्वस्मिन् च लोके चत्वार' बीजकाया एवमाख्यायन्ते, तद् यथा—अग्रबीजा मूलबीजा पर्वबीजा स्कन्धबीजा ॥	१ आयुष्मान् ! मैंने सुना, उन भगवान् ने ऐसा कहा—आहारपरिज्ञा[1] नामका अध्ययन है। उसका यह अर्थ है, यहा पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण दिशाओ मे सर्वत , समूचे लोक मे चार बीजकाय[2] इस प्रकार कहे जाते हैं, जैसे—अग्रबीज, मूलबीज, पर्वबीज और स्कन्धबीज।
२. तेसिं च णं अहाबीएणं अहावगासेणं इहेगइया सत्ता पुढविजोणिया पुढविसंभवा पुढविवक्कमा, तज्जोणिया तस्संभवा तव्वक्कमा, कम्मोवगा कम्मणियाणेणं तत्थवक्कमा णाणाविहजोणियासु पुढवीसु रुक्खत्ताए विउट्टंति।	तेषाञ्च यथाबीजेन यथावकाशेन इहैकके सत्त्वा. पृथ्वीयोनिका पृथ्वीसभवा पृथ्वीअवक्रमा' तद्योनिका' तत्सभवा तदवक्रमा कर्मोपगा कर्मनिदानेन तत्रावक्रमा नानाविधयोनिकासु पृथ्वीपु रूक्षत्वेन विवर्तन्ते।	२ उनमे से कुछ जीव अपने-अपने बीज के अनुसार,[3] अपने-अपने स्थान के अनुसार[4] पृथ्वी-योनिक, पृथ्वी मे उत्पन्न, पृथ्वी मे लब्धजन्म,[5] उस योनि वाले, उस योनि मे उत्पन्न, उस योनि मे लब्धजन्म,[6] कर्माधीन[7] [कर्म के अनुसार जिस स्वरूप को उपलब्ध होना है उसके अनुकूल गर्भाधान वाले], कर्म के कारण[8] उस स्थान मे उत्पन्न होने वाले, नानाविध योनिवाली पृथ्वियो पर नाना वृक्षो के रूप मे अपने अस्तित्व को धारण करते है।
प्रेरित होकर उन्ही वनस्पतियो मे उसी भूमि पर जाकर पैदा होते हैं । यह सब कर्म के अधीन होता है । बीज कही दूसरी जगह बोया जाए और वनस्पति कही दूसरी जगह उगे, ऐसा नही होता—

कुसुमपुरोप्ते बीजे मथुरायां नाङ्कुर. समुद्भवति ।
यत्रैव तस्य बीजं, तत्रैवोत्पद्यते प्रसवः ॥

पाटलीपुत्र मे बोए हुए बीज का अकुर मथुरा मे नही हो सकता । जहां बीज होगा, वही अंकुर उत्पन्न होगा ।

चन्द्रमा का प्रतिविम्ब वही होता है जहा वह दिखाई देता है । दर्पण मे मुख का प्रतिबिम्ब भी वही होता है जहा वह दिखाई देता है । इसी प्रकार जहा जिसकी जो योनि होती है, वह वही उत्पन्न होता है ।[1]

८. कर्म के कारण (कम्मणियाणेणं)

निदान का अर्थ है—हेतु, कारण । वायु के रोग मे वायु-प्रधान पदार्थ कारण बनते है और पित्त या कफ के रोग मे पित्तकारक और कफकारक पदार्थ कारण बनते हैं । बिना कारण के कोई व्याधि उत्पन्न नही होती । शरीर की उत्पत्ति मे कर्म मूल कारण है ।[2]

९. पृथ्वियो के स्नेह का आहार करते हैं (पुढवीणं सिणेह माहारेंति)

सिणेह—स्नेह का अर्थ है—शरीर का सार । पृथ्वीयोनि मे उत्पन्न होने वाले वृक्ष पृथ्वी की स्निग्धता का आहार करते हैं । वे पृथ्वी शरीर का आहार करते हुए पृथ्वी को पीडा उत्पन्न नही करते । यदि असमान वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श हो तो कदाचित् पीडा हो भी सकती है । जैसे अण्डे से उत्पन्न होने वाले जीव माता की ऊष्मा से बढते हुए गर्भस्थ अवस्था मे माता के पेट मे ही आहार करते हुए माता को अति पीडा नही देते, इसी प्रकार वनस्पतिकायिक जीव पृथ्वी की स्निग्धता (स्नेह) का आहार करते हुए उत्पत्ति के समय तक उसको अति पीडित नही करता, एकान्ततः उसको विनष्ट नही करता । जैसे नीम वृक्ष का कोई अवयव आम के अवयवो मे प्रविष्ट होकर न उसे दूषित करता है और न नीम को कोई पीडा पहुचाता है । समानरूप से बडा होने पर वह वनस्पति कायिक जीव कुछ बाधा उत्पन्न कर भी सकता है ।

इसी प्रकार वे जीव भूमिगत बहते हुए या स्थिर आकाशगत पानी का आहार करते हैं, अग्नि के भस्म का आहार करते हैं और जडो की परस्पर ससक्ति से वनस्पति का भी आहार करते हैं ।[3]

१०. परिविध्वस्त शरीर का (परिविद्धत्थं तं सरीरं)

इसका अर्थ है—पूर्ववर्ती जीव द्वारा त्यक्त शरीर । एक जीव उसी शरीर का आहार करता है जो शरीर पूर्ववर्ती जीव द्वारा त्यक्त होता है । जब तक त्यक्त नही होता तब तक दूसरा उसे अपने शरीर के रूप मे परिणत नही कर सकता ।[4]

११. जो त्वचा से आहरण कर चुका (तयाहारियं)

त्वचा से आहरण करने का अर्थ है—स्पर्शन इन्द्रिय से ग्रहण करना । एकेन्द्रिय जीव स्पर्शन इन्द्रिय से ही आहरण करते हैं । जिन जीवो के जिह्वा है, रसन इन्द्रिय है, वे भी पहले स्पर्शन इन्द्रिय से ग्रहण कर फिर जिह्वेन्द्रिय से चखते हैं, क्योकि जीभ स्पर्श को ग्रहण करती है । अग्नि अनास्वादनीय है, फिर भी वह (जीभ) उससे स्पृष्ट होकर जल जाती है । इस प्रकार दात, होठ, तालु आदि भी स्पर्श का ज्ञान करते हैं, किन्तु कुछ भी आस्वाद नही करते ।[5]

१२. जो अपने शरीर के रूप मे परिणत हो चुका (विपरिणयं)

वृक्ष के जीव जिस पृथ्वीकाय आदि का आहार करते हैं, वे अपने स्वरूप (पृथ्वीकाय आदि के रूप) को छोड़कर उस वृक्ष के

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३७९, ३८० ।
   (ख) वृत्ति, पत्र ९५ ।
२. चूर्णि, पृष्ठ ३८१ ।
३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३८१ :
   (ख) वृत्ति, पत्र ९५ ।
४ चूर्णि पृष्ठ ३८२ ।
५. चूर्णि, पृष्ठ ३८२ : जे एगिंदिया एते तयाए चेव आहारेंति फासिंदिएणेत्यर्थ , जेसिंपि जिब्भिंदियमत्थि तेसिंपि पुव्वं फासिंदिएण स्पृशित्वा पश्चात्, जिह्वेन्द्रियमप्यस्ति ? उच्यते, यस्मात् जिह्वा स्पर्शं गृह्णाति, अग्निना अनास्वादनीयेन स्पृष्टा दह्यते, एवमन्यदपि दन्तौष्ठतालवादि स्पर्शं वेत्ति, न च तत्र किञ्चिदन्यदास्वादयति ।

रूप मे परिणत हो जाते हैं ।[1]

१३. जो आत्मसात् कर चुका (सारूवीकडं)

जीव मे यह विशेषता होती है कि वह अपने आहार का सात्मीकरण कर लेता है, अपने समान वना लेता है । वृक्ष के जीव भी जिनका आहार करते है, उन्हे वृक्ष के रूप मे बदल देते हैं । इसे 'सारूप्यीकरण' कहा जाता है ।[2]

सूत्र २२ :

१४. (सूत्र २२)

प्रत्येकशरीरी वादर वनस्पतिकाय के वारह भेद हैं । उनमे वारहवा भेद है—कुहण[3] ।

प्रस्तुत सूत्र मे कुहण के दस प्रकार वतलाए है—आय, काय, कुहण, कदुक, उव्वेहलिय, निव्वेहलिय, सछत्र, छत्रक, वासाणिय और कूर ।

प्रज्ञापना मे भी दस प्रकार निर्दिष्ट है—आय, काय, कुहण, कुणक्क, दव्वहलिय, सफा, सज्झा, छत्त, वसीण, हिताकुर ।[4]

प्रज्ञापना के वृत्तिकार का कथन है कि वनस्पतियो के ये भेद-प्रभेद उनके स्वरूप-बोध से जानने चाहिए । कुछ वनस्पतियो की पहचान उन-उन देशो से होती है, जहा वे उत्पन्न होती है ।[5]

'कुहन' आदि वनस्पति के ये सभी प्रकार अनन्तजीव वाले होते है । कुदग (कुणक्क) नाम की कुहन वनस्पति किसी एक देश-विशेष मे अनन्त जीवात्मक और किसी एक देश-विशेष मे असख्येय जीवात्मक उत्पन्न होती है ।[6]

कुहण के ये दस प्रकार राजस्थानी भाषा मे भूफोडा कहे जा सकते है । प्रज्ञापना के वृत्तिकार ने इन्हे 'कुहणा. भूमिस्फोटाभिधाना ''' माना है ।[7]

सूत्र ७५ :

१५. (सूत्र ७५)

जलरुह वनस्पति के अन्तर्गत प्रज्ञापना पद १ सूत्र २३ मे ये ही सारे नाम गिनाए हैं । ये सब जलीय वनस्पतिया है ।

सूत्र ७६ :

१६. (सूत्र ७६)

यहा से त्रसकाय का प्रकरण प्रारम्भ होता है । त्रसकाय के चार भेद है—देव, नारक, तिर्यञ्च और मनुष्य । सूत्रकार ने 'मनुष्य' के सवन्ध मे जानकारी दी है । इसकी यथार्थता को सूचित करते हुए चूर्णिकार और वृत्तिकार ने कुछ तथ्य प्रगट किए है[8]—

नैरयिक सर्वथा परोक्ष है । वे केवल अनुमानग्राह्य है । उनके आहार की अवधि भी आनुमानिक ही है । उनका आहार भी एकान्तत अशुभ पुद्गलो से निर्वर्तित होता है । उनके प्रक्षेप आहार नही होता । वे ओज आहार करते हैं ।

देवता भी वर्तमान मे प्राय आनुमानिक हैं । उनका आहार एकान्तत शुभ पुद्गलो से निर्वर्तित है । उनके भी प्रक्षेप आहार नही होता । वे ओज आहार करते है, मनोभक्षी होते है । वह आहार दो प्रकार का होता है—

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३८२ ।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३८२ सारूविकडंति समानरूविकडं वृक्षत्वेन परिणामितमित्यर्थः ।

३. प्रज्ञापना, पद १ सूत्र २२ ।

४. वही, पद १ सूत्र २३ ।

५. वही, पद १ सूत्र २३, वृत्ति पत्र ३३ . एते गुच्छादि भेदा प्राय : स्वरूपत एव प्रतीता : केचिद् देशविशेषादवगन्तव्याः ।

६. वही, पद १, सूत्र २३, वृत्ति पत्र ३७, ३८ एते कुहनादिवनस्पतिविशेषा लोकतः प्रत्येतव्या । एते चानन्तजीवात्मकाः, नवरं कदुवके भजना, स हि कोऽपि देशविशेषादनन्त —अनन्तजीवात्मको भवति, कोऽप्यसख्येयजीवात्मक इति ।

७ प्रज्ञापना, वृत्ति पत्र ३१ ।

८. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३८४ ।
(ख) वृत्ति, पत्र ९९ ।

१ आभोगकृत— जघन्यत. एक दिन के अन्तराल से और उत्कृष्टत. तेतीस हजार वर्ष से एक वार।

२. अनाभोगकृत—क्षण-क्षण मे होने वाला।

१७. अपने-अपने बीज के अनुसार (अहाबीएणं)

स्त्री का शोणित और पुरुष का शुक्र—यह मनुष्य की उत्पत्ति मे वीज होता है। जव शुक्र अधिक होता है तव पुरुष, शोणित अधिक होता है तव स्त्री और दोनो समान होते है तव नपुसक की उत्पत्ति होती है।[1]

१८. अपने-अपने स्थान के अनुसार (अहावगासेण)

अवकाश का अर्थ है—माता का उदर, कुक्षी आदि। उसमे वामकुक्षि स्त्री की, दक्षिणकुक्षि पुरुष की और उभयाश्रितकुक्षि नपुसक की उत्पत्ति की हेतु होती है। यथावकाश से अविध्वस्त योनि का ग्रहण किया गया है। योनि और वीज के आधार पर चार विकल्प होते है.—

१. अविध्वस्त योनि और अविध्वस्त वीज।

२. अविध्वस्त योनि और विध्वस्त वीज।

३ विध्वस्त योनि और अविध्वस्त वीज।

४. विध्वस्त योनि और विध्वस्त वीज।

पहला विकल्प—अविध्वस्त योनि और अविध्वस्त बीज ही जीवोत्पत्ति का कारण वनती है। शेप कारण नही वनते।[2]

१९. कर्म-समर्थ योनि में (कम्मकडाए जोणिए)

इसका अर्थ है वह योनि जो सन्तान उत्पत्ति के लिए समर्थ है। दूसरे शब्दो मे अविध्वस्त योनि कर्मकर हो सकती है। योनि-विध्वस अवस्था-सापेक्ष होता है। कहा है—'पचपचाशिका नारी, सप्तसप्ततिक पुमान्'—स्त्री पचपन वर्ष के पश्चात् और पुरुष सतहत्तर वर्ष के पश्चात् सन्तानोत्पत्ति के लिए अयोग्य हो जाता है।[3]

२०. मैथुन प्रत्ययिक (मेहुणवत्तियाए)

कामक्रीडा के अनेक प्रकार है—आलिगन, चुवन, पीडन, दशन आदि। ये सब गर्भ की उत्पत्ति मे कारण नही वनते। मैथुन भी कामक्रीडा का ही एक प्रकार है। वह गर्भ की उत्पत्ति मे कारण वनता है।[4]

२१. वे दोनों (स्त्री-पुरुष) स्नेह का संचय करते हैं (ते दुहओ वि सिणेहं संचिणंति)

चूर्णिकार ने स्नेह का अर्थ—'अन्योन्यगात्रसस्पर्श —स्त्री-पुरुप के शरीर का पारस्परिक सस्पर्श—किया है।[5] इसका तात्पर्य है कि स्त्री-पुरुष के योग से माता के शोणित और पिता के शुक्र का योनि मे सिचन होता है। जव पुरुष का स्नेह—वीर्य नारी के उदर मे प्रविष्ट होकर नारी के ओज—रज के साथ योग करता है तव वह स्नेह एक दूसरे के साथ घुलमिलकर घोल वन जाता है। शुक्र और शोणित का यह घोल वारह मुहूर्त्तकाल तक अविध्वस्त योनि वाला होता है, पश्चात् उसकी योनि विध्वस्त हो जाती है। तात्पर्य है कि उस अविध्वस्त अवस्था मे कोई भी जीव अपने कर्म के अनुसार स्त्री, पुरुप या नपुसक के रूप मे वहा उत्पन्न हो सकता है, अन्यथा नही।[6]

---

१. वृत्ति, पत्र ९९।

२ चूर्णि, पृष्ठ ३८५ : अथावकासेत्ति जोणि गहिता अविद्धत्था। एत्थ चउभंगो···· ·······।

३ चूर्णि, पृष्ठ ३८५ : कम्मं करोति इति कम्मंकरा, कर्मसमर्था वा कम्मकडा, अविद्धत्था इत्यर्थः, विध्वंस्यते तु पंचपचाशिका नारी सप्तसप्ततिकः पुमान्।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३८५।

५. चूर्णि पृष्ठ ३८५ . सिणेहो नाम अन्योन्यगात्रसंस्पर्शः।

६ (क) चूर्णि, पृष्ठ ३८५ · स यदा पुरुषस्नेह शुक्रान्तो नार्योदरमनुप्रविश्य नार्योजसा सह सयुज्यते तदा सो सिणेहो क्षीरोदकवत् अण्णमण्णं संचिणति गृह्णातीत्यर्थः।

(ख) वृत्ति, पत्र ९९ ते च प्रथममुभयोरपि स्नेहमाचिन्वन्त्यविध्वस्तायां योनौ सत्यामिति, विध्वस्ते तु योनि पञ्चपञ्चाशिका (यदा) नारी सप्तसप्ततिक पुमान् इति, तथा द्वादश मुहूर्तानि यावच्छुक्रशोणिते अविध्वस्तयोनिके भवतः तत ऊर्ध्वं ध्वंसमुपगच्छत इति। तत्र च जीवा उभयोरपि स्नेहमाहार्य स्वकर्मविपाकेन यथास्वं स्त्रीपुन्नपुसक-भावेन····समुत्पद्यन्ते।

सूत्र ७७ :

२२. जलचर (जलचराणं)

जलचरो के लिए शैत्य ही आहार होता है, अथवा जिस स्त्री जलचरी के साथ पुरुष जलचर का सहवास होता है, वह स्नेह ही आहार बनता है। वे जीव जब बडे होते है तब पानी उनका स्नेह होता है। जलचर प्राणी मा के ओज से ही अप्काय का आहार करते हैं, प्रक्षेपण से नही। उसी आहार से वे पुष्ट होते है, बढते है।[1]

पानी मे त्रस और स्थावर प्राणी होते है। परन्तु मत्स्य मत्स्य को ही खाते हैं। प्रसिद्ध श्लोक है—

अस्ति मत्स्यस्तिमिर्नाम, अस्ति मत्स्यस्तिमिंगिलं ।
तिमिंतिमिंगिलोप्यस्ति, तिमिंगिलगिलो राघव ! ॥[2]

वे जलचर जीव कर्दममृत्तिका खाते है, प्यास लगने पर पानी पीते हैं। भूख होने पर जल से सने मत्स्य को ही निगल जाते है। हवा को चाटते है।[3]

२३. मच्छ······सुंसुमार (मच्छाणं······सुंसुमाराणं)

प्रज्ञापना मे मत्स्य आदि पाचो जातियो के अनेक नाम गिनाए हैं।[4] इन सभी की पहचान आज दुर्लभ है। कुछ नाम ये है—

१ मत्स्य—श्लक्ष्ण मत्स्य, जुगमत्स्य, रोहितमत्स्य, गागर, हलीसागर, तिमितिर्मिगिल (ये अपनी जाति के मत्स्यो को खाकर जीते है।), तदुलमत्स्य आदि-आदि।

२ कच्छप—ये दो प्रकार के होते है—अस्थिकच्छप—हड्डिबहुल कछुए। मासकच्छप—मासबहुल कछुए।

३ गाह—इसके पाच प्रकार हैं—दिली, वेढग, मुद्धय, पुलय और सीमागार।

४ मगर—ये दो प्रकार के है—सोडमगर और मट्ठमगर।

५ सुसुमार (शिशुमार)—ये एक ही प्रकार के होते है। प्रज्ञापना की वृत्ति मे इसको शिशुमार [प्रा० सुसुमार] माना है।[5] इस नामकरण से प्रतीत होता है कि ये अपने शिशुओ का भक्षण कर जीते है।

सूत्र ७८ :

२४. चतुष्पद······(चउप्पय·······)

चतुष्पाद स्थलचरो के चार प्रकार हैं—

१ एक खुरवाले—अश्व, खच्चर, घोटक, गधा आदि एक खुरवाले है। ये जहा भी पैर रखते है वहा एक खुर का ही चिह्न होता है।

२ दो खुरवाले—ऊट, गवय, भैस, वराह, हरिण आदि दो खुरवाले प्राणी है। प्रतिचरण मे दो खुरो के चिह्न होते है।

३ गडीपद—हाथी, गेडा आदि गडीपद वाले कहलाते है। स्वर्णकार की अहीरन की तरह पदचिह्न वाले गडीपद होते है।[6]

४ सनखपद—जिनके पैरो मे दीर्घ नख हो, वे सनखपद प्राणी है। जैसे—सिंह, बाघ, सियाल, बिडाल, कुत्ता आदि।

सूत्र ७९ :

२५. उरपरिसर्प······(उरपरिसप्प·····)

उरपरिसर्प स्थलचर पचेन्द्रिय जीवो की चार प्रमुख जातिया है—सर्प, अजगर, आशालिक और महोरग।

१ सर्प—ये दो प्रकार के होते है—फण सहित और फण रहित। फण वाले सर्पो के सात प्रकार है—

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३८६।
२. वही, पृष्ठ ३८६।
३. वही पृष्ठ ३८६ ते जीवा पुढविकाईय कद्दममट्टियं खायति आउ तिसिता य पिबति, खुधिया मच्छ पाणिउल्ल गस्सति अगणी उदगादि वातपि लिहति।
४. प्रज्ञापना, पद १ सूत्र ३३।
५. प्रज्ञापना, वृत्ति पत्र ४४।
६. प्रज्ञापना, वृत्ति पत्र, ४५ गण्डीव सुवर्णकाराधिकरणीस्थानमिव पदं येषां ते गण्डीपदा—हस्त्यादय।

(क) आशीविष—वे सर्प जिनकी दाढाओ मे विष होता है।
(ख) दृष्टिविष—वे सर्प जिनकी दृष्टि मे विष होता है।
(ग) उग्रविष—वे सर्प जिनका विष बहुत तीव्र होता है।
(घ) भोगविष—वे सर्प जिनके समूचे शरीर मे विष होता है।
(ङ) त्वग्विष—वे सर्प जिनकी चमडी मे विष होता है।
(च) लालाविष—वे सर्प जिनकी लाला मे विष होता है।
(छ) नि:श्वासविष—वे सर्प जिनके नि:श्वास मे विष होता है।

ये सारे कृष्ण वर्ण वाले सर्पों की विभिन्न जातिया हैं। फण रहित सर्प भी अनेक प्रकार के होते हैं और वे सविष और निर्विष दोनो प्रकार के होते है।

२. अजगर—ये सब एक ही जाति—आकार के होते हैं। इनमे कोई अवान्तर भेद नही होता।

३. आशालिक—ये गर्भज नही होते, सम्मूर्च्छनज होते है। ये ढाई द्वीप के अन्तर्गत मनुष्य क्षेत्र मे होते हैं, बाहर नही होते। ये भूमि के अन्दर पैदा होते हैं और उसको विदीर्ण कर बाहर आते है। ये उत्पत्ति के समय बहुत छोटे और बढ़ते-बढते बहुत विशालकाय हो जाते हैं।

४. महोरग—ये भूमि पर उत्पन्न होते हैं, भूमि पर चलते है और पानी मे भी उसी प्रकार चल-फिर लेते हैं। ये विशेष प्रकार के भूमिचर प्राणी है। ये एक ही प्रकार के नही होते। इनकी लम्बाई-चौडाई मे बहुत अन्तर होता है। ये बाह्यवर्ती द्वीप-समुद्रो मे होते हैं, यहा नही होते। ये पानी मे उत्पन्न नही होते, पर्वतीय भूमि आदि पर उत्पन्न होते हैं।[1]

सूत्रकार के अनुसार ये चारो अंडज भी हैं और पोतज भी हैं। ये अंडे से भी उत्पन्न होते हैं और बच्चे के रूप मे भी उत्पन्न होते हैं।

सूत्र ८० :

२६. (सूत्र ८०)

प्रस्तुत सूत्र मे स्थलचर भुजपरिसर्प जीवो के चौदह नाम गिनाए है। जो भुजाओ (हाथो) के बलपर जमीन पर रेंगकर चलते है, वे भुजपरिसर्प कहलाते है। इनकी अनेक जातिया है। प्रत्येक जाति मे अनेक उपजातिया होती हैं। उनमे अनेक प्रकार के जीव होते हैं। प्रस्तुत नामो की सामान्य पहचान इस प्रकार है—

(१) गोधा—गोह
(२) नकुल—नेवला
(३) सेह (देशी)—साही जाति का एक जानवर
(४) सरड—गिरगिट
(५) शल्य—साही, बिल्ली के आकार का जानवर, जिसके शरीर मे नुकीले काटे होते है।
(६) सरव—(?)
(७) खार—(?)
(८) गृहोलिका—छिपकली
(९) विसभर—छछुन्दरी
(१०) मूसग—चूहा
(११) मगूस—नेवले की एक जाति
(१२) पयलाइय (देशी)—भुजपरिसर्प की एक जाति
(१३) विरालिय (विडालिय)—विडाली
(१४) जाहक—एक प्रकार का विलाव।

---

१. प्रज्ञापना वृत्ति पत्र ४६-४८।

प्रज्ञापना (पद १, सूत्र ३५) मे भुजपरिसर्पों के निम्न नाम मिलते है—

'नउला नेहा सरडा सल्ला सरंठा सारा खोरा घरोइला ।
विस्संभरा मूसा मंगुसा पयलाइया छीरविरालिया ॥'

वृत्तिकार ने लिखा है—जो नाम अप्रतीत है उनकी पहचान लोकप्रचलन से करनी चाहिए ।[1]

सूत्र ८१ :

२७. खेचर……(खहचर……)

खेचर प्राणियो के सबध मे यहा चार प्रकार के पक्षियो का उल्लेख हुआ है—

१. चर्मपक्षी—जिन पक्षियो की पाखें चर्ममय हो, वे पक्षी चर्मपक्षी कहलाते हे । चमगीदड, वल्गुली, भारडपक्षी, चकोर, सामुद्रिक काक आदि इसके भेद है । ये पोतज होते है ।

२. लोमपक्षी—जिन पक्षियो की पाखे रोएं से बनी हो, वे पक्षी लोमपक्षी कहलाते है । ढक, कंक, हस, राजहस, कलहस, बगुले, बलाका, क्रौंच, सारस, मयूर, तित्तिर आदि लोमपक्षियो के भेद हैं ।

३ समुद्गपक्षी—ये एक ही प्रकार के होते हैं । ये यहा नही होते । ये बाह्यद्वीप-समुद्र के प्रदेश मे पाए जाते है । सभव है ये पक्षी किसी झिल्ली से आवृत होने के कारण समुद्ग कहलाए हो ।

४ विततपक्षी—ये एक ही प्रकार के होते है । ये भी बाह्य द्वीप-समुद्रो मे ही पाए जाते है, यहा नही होते । ये अपनी विशाल पांखो के कारण विततपक्षी कहलाते हैं ।

प्रस्तुत सूत्र मे इन्हे अडज और पोतज—दोनो माना है । इसका फलित है कि ये गर्भज ही है । किन्तु प्रज्ञापना (पद १ सूत्र ३५) मे इनकी उत्पत्ति के आधार पर इनके दो मुख्य भेद किए है—सम्मूर्च्छिम और गर्भज । जो सम्मूर्च्छिम होते है वे नपुसक ही होते है और जो गर्भज होते है वे स्त्री, पुरुष और नपुसक—तीनो हो सकते है ।

सूत्र ८२ :

२८. त्रस-स्थावर प्राणियों के आश्रय में स्थित जीवों के (अणुसूयगाणं)

जो शरीर के आश्रय मे उत्पन्न होते है वे 'अनुस्यूत' कहलाते हैं ।[2] ये विकलेन्द्रिय जीव सजीव मनुष्य के शरीर मे, उसकी निश्रा मे जू, लीख आदि के रूप मे उत्पन्न होते है । खटमल आदि जीव मनुष्य शरीर के उपजीवी होते है । वे मनुष्य शरीर के आश्रय से पर्यंक आदि मे उत्पन्न होते हैं । इसी प्रकार मनुष्य आदि जीवो के निर्जीव शरीरो मे और विकलेन्द्रिय जीवो के निर्जीव शरीरो मे जो कृमि आदि के रूप मे उत्पन्न होते है, वे सब 'अनुस्यूत' कहलाते है । इसी प्रकार उल्का मे सजीव मूषक उत्पन्न होते है । उनके रेसो से वस्त्र बनाए जाते है, जिनकी धुलाई अग्नि से होती है । जहा अग्नि होती है, वहां वायु अवश्यभावी है । इसलिए वायुकाय के निश्रा मे भी जीव उत्पन्न होते है । वर्षा ऋतु मे पृथ्वी की ऊष्मा से पृथ्वी का आश्रयण कर 'कल्लुग' आदि दो इन्द्रियो वाले जीव तथा तीन इन्द्रिय वाले जीव—कुन्थु, पिपीलिका आदि और चार इन्द्रिय वाले पतंगा, टिड्डी आदि उत्पन्न होते हैं । पानी मे पूतरक आदि तथा वनस्पतिकाय मे पनक, भ्रमर आदि पैदा होते है ।[3]

सूत्र ८३ :

२९. मल-मूत्र आदि में……(दुरूवसंभवत्ताए)

मूत्र, मल, उल्टी आदि मे जीव उत्पन्न होते है । वे मल-मूत्र के बाहर निकलने पर या न निकलने पर भी उत्पद्यमान या उत्पन्न होकर अपने योनिभूत मल-मूत्र का आहार करते है । वे दुरूप इसलिए कहलाते है कि उनका उत्पत्ति-स्थान मल-मूत्र आदि है और उनकी आकृति भी विरूप होती है ।

मनुष्य के उदर मे कृमि पैदा होते है और बाहर निकले मनुष्यो के मल-मूत्र मे भी कृमि पैदा होते है । पशुओ के मृत कलेवरो

---

१. प्रज्ञापना वृत्ति, पत्र ४८, ४९ : ये भुजपरिसर्पविशेषा अप्रतीतास्ते लोकतोऽवसेया ।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३८७ अणुसूयंता णाम शरीरमनुसृत्य जायन्ते ।
(ख) वृत्ति, पत्र १०२ ।

३. चूर्णि, पृष्ठ ३८७ ।

मे तथा उनके सजीव पेट मे तथा उनके गोबर आदि मे भी कृमि पैदा होते है।[1] दुरुव देशी शब्द है।

सूत्र ८४ :

३०. चर्मकीट के रूप में······ (खुरदुगाणं)

यह कहा जाता है कि गाय, भैंस आदि की चमडी मे सम्मूर्च्छिम जीव उत्पन्न होते है। वे उनका मास और चमडी खाते है। खाते हुए वे चमडी मे सूक्ष्म छेद करते रहते है। उनमे से रक्त बहता है और उसी रक्त का वे जीव आहार करते है।[2]

तत्काल मृत गाय आदि के कलेवर मे त्रस जीवो की उत्पत्ति होती है। इसी प्रकार स्थावर वनस्पति मे भी वे सम्मूर्च्छिम होते है।[3]

सूत्र ८५ :

३१. (सूत्र ८५)

अप्काय का उपादान कारण है—वायु। चूर्णिकार ने बताया है कि तमालवृक्ष की वायु मे बादल सम्मूर्च्छित होते हैं।[4] अप्काय तीन प्रकार का होता है—

१. ऊर्ध्वभागी—ऊर्ध्वगत वायु के द्वारा बादलो मे चढने वाला पानी। आकाश की वायु के वशीभूत होकर वह जल आकाश मे सम्मूर्च्छित हो जाता है।

२. अधोभागी—अधोवायु के वशीभूत होकर अधोभूमी मे बहने वाला जल।

३ तिर्यग्भागी—तिर्यग्वायु के कारण तिर्यग्भागी जल।

वह भारी होने के कारण वायु को भी उत्पन्न करता है।

इसका तात्पर्य यह है कि अप्काय की योनि वायु है। जहा-जहा जैसे-जैसे उसकी परिणति होती है वैसे-वैसे वायु का कार्यभूत जल भी पैदा हो जाता है। वायु कारण है और जल उसका कार्य।[5]

सूत्र ८६ :

३२. अग्निकाय के रूप में (अगणिकायत्ताए)

अग्नि की उत्पत्ति अनेक कारणो से होती है। वह सजीव और निर्जीव—दोनो कारणो मे उत्पन्न होती है। जब हाथी आपस मे लडते है तब उनके दातो के सघर्षण से अग्नि पैदा होती है। जब भैंसे आपस मे लडते है तब उनके सीगो के सघट्टन से चिनगारिया उछलती है। इसी प्रकार निर्जीव हड्डियो के परस्पर संघर्षण से भी अग्नि निकलती है। परस्पर दो अरणि की लकडियो को रगडने या

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३८७ दुरुवा णाम मुत्तपुरिसादी सरीरावयवा, तत्थ······किमिगा संमुच्छति।
   (ख) वृत्ति, पत्र १०२ तथा तत्संभवेषु मूत्रपुरीषवान्तादिषु अपरे जन्तवो दुष्टं विरूपं रूपं येषा कृम्यादीनां ते दुरूपास्तत्संभवत्वेन—तद्भावेनोत्पद्यन्ते, ते च तत्र विष्ठादौ देहान्निर्गतेऽनिर्गते वा समुत्पद्यमाना उत्पन्नाश्च तदेव विष्ठादिकं स्वयोनिभूतमाहारयन्ति।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३८१ . खुरुदुगा णाम जीवंताण चेव गोमहिसादीणं चम्मस्स अंतो संमुच्छति, पच्छा ते खायंतो २ चम्मं भोत्तूण उट्ठंति, पच्छा ते तेणेव मुहेण लोहितं णीहरंति।
   (ख) वृत्ति, पत्र १०३ :

३. चूर्णि, पृष्ठ ३८१ अचित्तेसुवि एते गवादिसरीरेसु समुच्छंति, अभिनवमडेसु थावराणवि रुक्खाण संमुच्छंति।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३८८ वाउजोणिओ आउक्काईओ, उक्त हि ··· तमालस्य वातेण गब्भा संमुच्छति, वातसंगहिता सचिट्ठंति, संमुच्छिमा पुण सत्ता आउक्काइयत्ताए परिणमन्तीत्यर्थ.।

५. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३८८।
   (ख) वृत्ति, पत्र १०३, १०४।

पत्थरो के सघर्पण से भी अग्नि उत्पन्न होती है। इसी प्रकार द्वीन्द्रिय आदि जीवो के शरीर से भी अग्नि की उत्पत्ति मानी गई है।[1]

सूत्र ६७ :

३३. (तसथावराणं पाणाणं सरीरेसु सूरकंतत्ताए विउट्टंति)

इस सदर्भ मे चूर्णिकार और वृत्तिकार ने कुछेक जानकारिया प्रस्तुत की है—

- साप के मस्तक मे मणी (पृथ्वीकाय) होती है।
- हाथी के गडस्थल मे मोती (पृथ्वीकाय) होते है।
- सांप के मस्तक मे तथा मछलियो के पेट मे मोती होते है।
- मनुष्य के मूत्र मे शर्करा होती है।
- स्थावरकाय हरित वनस्पति (हसपर्वक) मे मोती होते है।
- नमक की खानो मे लकडी आदि भी नमक रूप मे परिणत हो जाती है।
- अग्नि बुझाने पर लकडी पर नमक आ जाता है।[2]
- शुक्ति आदि मे मोती उत्पन्न होते है।
- वास मे मोती होते है।
- ऊपर भूमि मे नमक होता है।[3]

---

१ (क) चूर्णि, पृष्ठ ३८८ : सचित्तेसु अचित्तेसु आसन्नेसु ताव हत्थीणं जुज्झंताणं दंतखडखडासु अगणि संमुच्छति, महिसाण य जुज्झंताणं सिंगेसु अग्गी संमुच्छति, अचेतणाणऽत्थि अट्ठिगाणवि, एवं वेइंदियाणवि, तहा ण अट्ठिएसु जहा संभवति भाणितव्वं, थावराणं अचेतणाणं पत्थराणं आगासे, आगासे आवडंताणं अग्गी संमुच्छति, अचेतणाणं उत्तराधरारणिजोएण अग्गी संमुच्छति।

(ख) वृत्ति, पत्र १०४, १०५।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३८९ सप्पाणं मत्थए मणी जायति हत्थीणवि मुत्तिया, मत्थएसु सप्पाण य मच्छाण य उदरेसु, मणुस्साणवि मुत्तसक्कराओ, अचित्ताणं पुणारेणमो कलेवरे छगणगादीणि लोणत्ताए परिणमति, थावराण सचित्तेसु हंसपव्वगेसु मोत्तियाओ जायति, अचित्ताणवि लवणागरादिसु कट्ठमादि लोणत्ताए परिणमति, अगणी-विद्धत्थानिंगालादीणि लोणीहोंति।

(ख) वृत्ति, पत्र १०५।

३. वृत्ति, पत्र १०५ : विकलेन्द्रियेष्वपि शुक्त्यादिपु मौक्तिकानि स्थावरेष्वपि वेण्वादिपु तान्येवेति, एवमचित्तेवूपरादिपु लवणभावेनो-त्पद्यन्ते।

चउत्थं अज्झयणं
पच्चक्खाणकिरिया

चौथा अध्ययन
प्रत्याख्यानक्रिया

आमुख

प्रस्तुत अध्ययन मे प्रत्याख्यान विषयक ऊहापोह है, इसलिए इसका नाम 'प्रत्याख्यानक्रिया' रखा गया है। अठारह पापो के प्रत्याख्यान करने या न करने से क्या-क्या लाभ और हानिया है, उनका विवेक इसमे है। प्रश्नोत्तर के माध्यम से यह समझाया गया है कि अप्रत्याख्यान पाप-कर्मबन्ध का मूल है और प्रत्याख्यान कर्ममुक्ति का मार्ग है।

प्रत्याख्यान का अर्थ है—विरति और अप्रत्याख्यान का अर्थ है—अविरति। अविरति आश्रव है। यह कर्मागमन का द्वार है। जब तक यह द्वार खुला है तब तक कर्म आते रहते हैं। विरति से यह द्वार बन्द हो जाता है और फिर कर्म नही आते।

प्रत्याख्यान के दो मुख्य भेद है—द्रव्य प्रत्याख्यान और भाव प्रत्याख्यान। द्रव्य प्रत्याख्यान मे द्रव्यो—पदार्थो के उपभोग का त्याग होता है। मुनि सभी सचित्त द्रव्यो के उपभोग का परित्याग यावज्जीवन के लिए करता है। श्रावक भी यावज्जीवन के लिए सचित्त पानी का या कन्द-मूल, फल आदि वनस्पति का प्रत्याख्यान करता है। कोई यावज्जीवन के लिए अचित्त मद्य-मास आदि का परित्याग करता है और कोई यावज्जीवन के लिए विगय का प्रत्याख्यान करता है। यदि कोई सभी विगयों का प्रत्याख्यान नही कर सकता, वह महाविगयो का प्रत्याख्यान करता है।[1] द्रव्य से प्रत्याख्यान करना—जैसे, रजोहरण को हाथ मे लेकर प्रत्याख्यान करना। द्रव्य के लिए प्रत्याख्यान करना, और अनुपयुक्त अवस्था मे प्रत्याख्यान करना—ये सब द्रव्य प्रत्याख्यान है।

अप्रत्याख्यानी आत्मा के कर्मबन्ध होता है, ससार और दु ख की वृद्धि होती है।

प्रश्न होता है कि पापकर्म-बन्ध उसी के होना चाहिए जिसके मन, वचन और काया स्पष्ट है—जो मन से चिन्तन कर सकता है, वचन से बोल सकता है और शरीर से स-सकल्प प्रवृत्ति कर सकता है। जो प्राणी मन से कुशल या अकुशल का चिन्तन नही करता, वाणी से कुछ नही बोलता और काया से स्थाणु की तरह निश्चेष्ट रहता है, उसके कर्म-बन्ध कैसे होगा ? यदि उनके कर्म-बन्ध माना जाए तो मुक्त आत्माओ के भी कर्म-बन्ध होने का प्रसग आ जाएगा। एकेन्द्रिय तथा विकलेन्द्रिय जीवो के कर्मबन्ध का प्रसग ही नही आता क्योकि उनमे घात करने का मन, वचन और काया नही है।

उत्तर मे कहा गया कि कर्मबध का मूल कारण व्यक्त या अव्यक्त मन, वचन, काया नही है। उसका मूल कारण है—अप्रत्याख्यान—अविरति। एकेन्द्रिय आदि जीव भी अठारह पापो से अनिवृत्त है, उनके पाचो आश्रव द्वार खुले है। इनसे कर्म-बन्ध क्यो नही होगा ? प्रवृत्तिरूप कर्मबन्ध न भी हो पर अनिवृत्तिरूप कर्मबन्ध तो होगा ही।

बौद्ध अविज्ञानोपचित और अस्वप्नान्तिक कर्मचय नही मानते। जैन कहते है—अविरति के कारण स्वप्न मे भी कर्म का बन्ध होता है।

कर्मबन्ध का हेतु है—योग—प्रवृत्ति। योग तीन है—मन, वचन और काया। जो जीव इनके द्वारा प्रवृत्त नही है, उनके कर्मबध कैसे होगा ? आकाश अमनस्क है और निश्चेष्ट है, उसके कर्मबध नही होता। इसी प्रकार जो जीव अमनस्क और निश्चेष्ट है, उनके कर्म-बध कैसे होगा ?

जीवनिकाय छह है। इन जीवो के प्रति उन एकेन्द्रिय आदि अमनस्क या समनस्क जीवो मे प्रत्याख्यानात्मक अवधकचित्त उत्पन्न ही नही होता। वैसा अवधकचित्त उत्पन्न न होने के कारण वे अविरत है। जो अविरत है उनके कर्मबन्ध होगा। उनका चित्त निरन्तर अठारह पापो के प्रति अव्यक्तरूप से प्रशठ बना रहता है, इसलिए उनके कर्मबध होता है। जैसे कोई किसी की हत्या करना चाहता है। वह अवसर की प्रतीक्षा करता है। जब तक उपयुक्त अवसर नही आता, वह अन्यान्य कार्यो मे सलग्न रहता है। वह उस समय वध के प्रति अस्पष्ट विज्ञान वाला होता है, फिर भी उसका चित्त निरन्तर हत्या के प्रति अभिमुख या प्रशठ होता है। वह उस उपेक्षा के क्षणो मे या अवसर की प्रतीक्षा करने के क्षणो मे अवैरी नही हो जाता। वध्य-वधक सबधी अवसर की अपेक्षा से चार भग इस प्रकार बनते है —

१ वधक के लिए अवसर, वध्य के लिए अनवसर।

२. वधक के लिए अनवसर, वध्य के लिए अवसर।

---

१ चूर्णि, पृष्ठ ३८९-३९०।

३. दोनो के लिए अनवसर।

४. दोनो के लिए अवसर।

जो वधक अवसर का प्रतीक्षा कर रहा है, वह वध्य का मित्र है या अमित्र ? वह अमित्र है। जैसे वह वधक अवसर की प्रतीक्षा के क्षणो मे वध्य की कोई हानि नही करता फिर भी वह उसका अमित्र है, वैसे ही जो अविरत है उसमे अठारह पापो के आचरण की योग्यता होती है, इसलिए वह उन पापो के दोषो का भागी बनता है।

प्रश्न—जिसको न देखा, न सुना, न जाना, उसके प्रति हिंसा का चित्त कैसे हो सकता है ? अमित्र भाव कैसे हो सकता है ? इसलिए सर्व विषयक प्रत्याख्यान उपयुक्त नही है।

उत्तर—यह ठीक है कि देश और काल की दूरी के कारण सबके लिए वधकचित्त उत्पन्न नही होता, किन्तु अविरति—प्रत्याख्यान की अविद्यमानता मे वह जीव उन प्राणियो के प्रति वैर से मुक्त हो गया, ऐसा नही माना जा सकता।

आचार्य ने इस विषय को और अधिक स्पष्ट करने के लिए सज्ञी और असंज्ञी का दृष्टान्त प्रस्तुत किया है।

इसी प्रसग मे 'सव्वजोणिया जीवा'—यह सिद्धान्त बहुत उभर कर प्रतिपादित हुआ है। कुछ दार्शनिक मानते हैं कि जीव सर्वयोनिक नही होते। पुरुष सदा पुरुष ही रहता है और पशु सदा पशु ही रहते हैं। पुरुष मरकर पुन. पुरुष होता है और पशु मर कर पुन पशु होता है। सज्ञी जीव सदा सज्ञी ही बने रहते है और असंज्ञी जीव सदा असंज्ञी ही बने रहते हैं। जैन मान्यता है कि जन्म की ऐसी प्रतिबद्धता नही है। पशु मनुष्य बन सकता है और मनुष्य पशु बन सकता है। त्रसकाय के जीव स्थावर मे सक्रमण कर सकते है और स्थावर जीव त्रसकाय मे उत्पन्न हो सकते हैं। सज्ञी असज्ञी हो सकता है और असंज्ञी संज्ञी हो सकता है। प्रत्येक जीव मे 'सर्वयोनिक' योग्यता होती है। जन्म अपने-अपने कर्म के अनुसार होता है। जैसे भव्यत्व और अभव्यत्व कर्मायत्त न होने के कारण व्यवस्था-नियम से प्रतिबद्ध है, वैसे जन्म किसी व्यवस्था—नियम से प्रतिबद्ध नही है, वह कर्मायत्त है।[1]

उपसहार मे सूत्रकार कहते हैं—जो पापकर्म का प्रत्याख्यान कर देता है, उसके पापकर्म का बन्धन हो होता। जैसे षड्जीवनिकाय कर्म-बन्ध के हेतु बनते हैं वैसे ही वे मोक्ष के हेतु भी बनते है। प्रत्याख्यान रहित व्यक्ति के लिए वे कर्म-बन्ध के हेतु हैं और प्रत्याख्यानयुक्त व्यक्ति के लिए वे मोक्ष के हेतु हैं। जो सभी आस्रवों से विरत है, वह सावद्य क्रियाओ के अभाव में अक्रिय होता है। जो अक्रिय होता है वह अहिंसक होता है। वह सवृत और एकान्त पडित होता है।

प्रस्तुत अध्ययन मे इन्द्रिय जगत् से हटकर इन्द्रियातीत चेतना के आधार पर कर्म के बन्ध और अबन्ध का निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया है। व्यावहारिक दृष्टि के अनुसार मन, वचन और काया की दुष्प्रवृत्ति के बिना पापकर्म का बध नही माना जाता। किन्तु आध्यात्मिक दृष्टि के अनुसार पापकर्म के बध का एक कारण अविरति है। उससे निरन्तर वह बध होता रहता हैं। दुष्प्रवृत्ति उसकी अभिव्यक्ति मात्र है। वह कभी-कभी होती है, निरन्तर नहीं होती। इसलिए साधक को अविरतचित्त को बदलने की दिशा मे उपक्रम करना चाहिए। उसके बदलने पर दुष्प्रवृत्ति सहज निरुद्ध होने लग जाती है। यह मूलग्राही दृष्टिकोण साधना के क्षेत्र मे बहुत रहस्यपूर्ण है।

---

१. वृत्ति, पत्र ११६।

चउत्थं अज्झयणं : चौथा अध्ययन

पच्चक्खाणकिरिया : प्रत्याख्यानक्रिया

मूल	संस्कृत छाया	हिन्दी अनुवाद
१. सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं—इह खलु पच्चक्खाणकिरियाणामज्झयणे। तस्स णं अयमट्ठे—आया अपच्चक्खाणी यावि भवइ। आया अकिरियाकुसले यावि भवइ। आया मिच्छासंठिए यावि भवइ। आया एगंतदंडे यावि भवइ। आया एगंतबाले यावि भवइ। आया एगंतसुत्ते यावि भवइ। आया अवियार-मण-वयण-काय-वक्के यावि भवइ। आया अप्पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे यावि भवइ।	श्रुतं मया आयुष्मन्! तेन भगवता एव आख्यातम्—इह खलु प्रत्याख्यानक्रियानामाध्ययनम्। तस्याय अर्थ—आत्मा अप्रत्याख्यानी चापि भवति। आत्मा अक्रियाकुशलश्चापि भवति। आत्मा मिथ्यासस्थितश्चापि भवति। आत्मा एकान्तदण्डश्चापि भवति। आत्मा एकान्तवालश्चापि भवति। आत्मा एकान्तसुप्तश्चापि भवति। आत्मा अविचारमनोवचनकायवाक्य-श्चापि भवति। आत्मा अप्रतिहतप्रत्याख्यातपापकर्मा चापि। भवति।	१. सुना है मैंने आयुष्मान्! उन भगवान् ने ऐसा कहा—प्रस्तुत आगम मे[1] 'प्रत्याख्यान-क्रिया' नामका अध्ययन है। उसका यह अर्थ है—आत्मा अप्रत्याख्यानी[2] भी होता है। आत्मा अक्रियाकुशल[3] भी होता है। आत्मा मिथ्या-सस्थित[4] भी होता है। आत्मा एकान्त-दड[5] (हिंसक) भी होता है। आत्मा एकान्त-वाल[6] भी होता है। आत्मा एकान्तसुप्त[7] भी होता है। आत्मा मन, वचन, शरीर और वाक्य के विचार[8] (प्रवृत्ति) से रहित भी होता है। आत्मा अप्रतिहत-अप्रत्याख्यात[9]-पापकर्मवाला भी होता है।
एस खलु भगवया अक्खाए असंजए अविरए अप्पडिहयपच्चक्खाय-पावकम्मे सकिरिए असंवुडे एगंतदंडे एगंतबाले एगंतसुत्ते। से बाले अवियार-मण-वयण-काय-वक्के सुविणमवि ण पस्सइ, पावे य से कम्मे कज्जइ ॥	एष खलु भगवता आख्यातः असयत. अविरत. अप्रतिहतप्रत्याख्यातपापकर्मा सक्रियः असवृत एकान्तदण्ड एकान्तवाल एकान्त-सुप्तः। स वाल. अविचारमनोवचनकायवाक्य स्वप्नमपि न पश्यति, पाप च तस्य कर्म क्रियते।	भगवान् ने ऐसी आत्मा को असयत, अविरत, अप्रतिहत-अप्रत्याख्यात-पापकर्मवाला, सक्रिय, असवृत, एकान्तदड, एकान्तवाल और एकान्तसुप्त वतलाया। वह वाल मन-वचन-काय और वाक्य का कोई विचार (प्रवृत्ति) नही करता, (हिंसा का) स्वप्न भी नही देखता, फिर भी उसके पापकर्म का वन्ध होता है।[10]
२. तत्थ चोयए पण्णवगं एवं वयासी—असंतएणं मणेणं पावएणं, असतियाए वईए पावियाए, असंतएणं काएणं पावएणं, अहणंतस्स अमणक्खस्स अवियार-मण-वयण-काय-वक्कस्स सुविणमवि अपस्सओ पावे कम्मे णो कज्जइ।	तत्र चोदक प्रज्ञापक एव अवादित्—असता मनसा पापकेन, असत्या वाचा पापिकया, असता कायेन पापकेन, अघ्नत अमनस्कस्य अविचारमनोवचनकाय-वाक्यस्य स्वप्नमपि अपश्यत पाप कर्म नो क्रियते।	२ पृच्छक प्रज्ञापक से इस प्रकार कहता है[11]—जव पापकारी मन नही है, पापकारी वाणी नही है, पापकारी काया नही है, किसी का वध नही करता, (वध करने का) मन भी नही है, मन-वचन-काय और वाक्य का कोई विचार (प्रवृत्ति) भी नही करता, (हिंसा का) स्वप्न भी नही देखता, उसके पापकर्म का वन्ध नही होता।
कस्स णं तं हेउं ?	कस्य तद् हेतो ?	प्रज्ञापक ने कहा—इसका हेतु क्या है ?

चोयए एवं ब्रवीति—अण्णयरेणं मणेणं पावएणं मणवत्तिए पावे कम्मे कज्जइ, अण्णयरीए वईए पावियाए वइवत्तिए पावे कम्मे कज्जइ, अण्णयरेणं काएणं पावएणं कायवत्तिए पावे कम्मे कज्जइ, हणंतस्स समणक्खस्स सवियार-मण-वयण-काय-वक्कस्स सुविणमवि पासओ—एवंगुण-जातीयस्स पावे कम्मे कज्जइ।

पुणरवि चोयए एवं ब्रवीति—तत्थणं जेते एवमाहंसु—असंतएणं मणेणं पावएणं, असंतियाए वईए पावियाए, असंतएणं काएणं पावएणं, अहणंतस्स अमणक्खस्स अवियार-मण-वयण-काय-वक्कस्स सुविणमवि अपस्सओ पावे कम्मे कज्जइ—[तत्थ णं जे ते एवमाहंसु] मिच्छं ते एवमाहंसु॥

चोदकः एवं ब्रवीति—अन्यतरेण मनसा पापकेन मनःप्रत्ययं पाप कर्म क्रियते, अन्यतरया वाचा पापिकया वाक्प्रत्ययं पाप कर्म क्रियते, अन्यतरेण कायेन पापकेन कायप्रत्यय पापं कर्म क्रियते, घ्नतः समनस्कस्य सविचारमनो-वचनकायवाक्यस्य स्वप्नमपि पश्यतः—एवं गुणजातीयस्य पाप कर्म क्रियते।

पुनरपि चोदकः एव ब्रवीति—तत्र ये एते एवमाहुः—असता मनसा पापकेन, असत्या वाचा पापिकया, असता कायेन पापकेन, अघ्नतः अमनस्कस्य अविचार-मनोवचनकायवाक्यस्य स्वप्न-मपि अपश्यतः पाप कर्म क्रियते—[तत्र ये एते एवमाहुः] मिथ्या ते एवमाहुः।

पृच्छक इस प्रकार कहता है—किसी पाप-कारी मन से मनोहेतुक पापकर्म का बन्ध होता है, किसी पापकारी वाणी से वचनहेतुक पापकर्म का बन्ध होता है, किसी पापकारी काया से कायहेतुक पापकर्म का बन्ध होता है, वध करता है, वध करने का मन होता है, मन-वचन-काय और वाक्य का कोई विचार (प्रवृत्ति) करता है, (हिंसा का) स्वप्न भी देखता है—इस प्रकार के गुण वाले प्राणी के पापकर्म का बन्ध होता है।

पुन पृच्छक इस प्रकार कहता है—जो ये ऐसा कहते है—जब पापकारी मन नही है, पापकारी वाणी नही है, पापकारी काया नही है, किसी का वध नही करता, (वध करने का) मन भी नही है, मन-वचन-काय और वाक्य का कोई विचार (प्रवृत्ति) भी नही करता, (हिंसा का) स्वप्न भी नही देखता, उसके पापकर्म का बन्ध होता है—(जो ये ऐसा कहते है) वे ऐसा मिथ्या कहते हैं।

३. तत्थ पण्णवए चोयगं एवं वयासी—जं मए पुव्वं वुत्तं असंतएणं मणेणं पावएणं, असंतियाए वईए पावियाए, असंतएणं काएणं पावएणं, अहणंतस्स अमणक्खस्स अवियार-मण-वयण-काय-वक्कस्स सुविण-मवि अपस्सओ पावे कम्मे कज्जइ—तं सम्मं।

तत्र प्रज्ञापकः चोदकं एवं अवा-दीत्—यत् मया पूर्वं उक्तं असता मनसा पापकेन, असत्या वाचा पापिकया असता कायेन पापकेन, अघ्नत अमनस्कस्य अविचार-मनो-वचन-कायवाक्यस्य स्वप्न-मपि अपश्यतः पापं कर्म क्रियते—तत् सम्यक्।

३. प्रज्ञापक ने पृच्छक से ऐसा कहा—जो मैंने पहले कहा कि जब पापकारी मन नही है, पाप-कारी वाणी नही है, पापकारी काया नही है, किसी का वध नही करता, (वध करने का) मन भी नही है, मन-वचन-काय और वाक्य का कोई विचार (प्रवृत्ति) भी नही करता, (हिंसा का) स्वप्न भी नही देखता, उसके पापकर्म का बन्ध होता है—वह सम्यक् है।

कस्स णं तं हेउं ?

आचार्य आह—तत्थ खलु भगवया छज्जीवणिकाया हेऊ पण्णत्ता, तं जहा—पुढविकाइया आउकाइया तेउकाइया वाउकाइया वणस्सइ-काइया तसकाइया। इच्चेतेहिं छहिं जीवणिकाएहिं आया अप्पडिहयपच्चक्खाय-पावकम्मे, णिच्चं पसढ-विओवात-चित्तदंडे, तं जहा—'पाणाइवाए मुसावाए अदिण्णादाणे मेहुणे परिग्गहे कोहे माणे मायाए लोहे

कस्य तद् हेतोः ?

आचार्य आह—तत्र खलु भगवता षड्जीवनिकायाः हेतवः प्रज्ञप्ताः—तद् यथा—पृथ्वीकायिकाः अप्कायिकाः तेजस्कायिकाः वायु-कायिकाः वनस्पतिकायिकाः त्रसकायिकाः। इत्येतेषु षड्सु जीवनिकायेषु आत्मा अप्रति-हतप्रत्याख्यातपापकर्मा, नित्यं प्रशठव्यवपातचित्तदण्डः, तद् यथा—प्राणातिपाते मृषावादे अदत्ता-दाने मैथुने परिग्रहे क्रोधे माने

पृच्छक ने कहा—इसका हेतु क्या है ?

आचार्य ने कहा—भगवान् ने षड्जीव-निकाय को (पापकर्म के बन्ध का) हेतु बत-लाया है—पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय। आत्मा इन छह जीवनिकायों के प्रति अप्रतिहत-अप्रत्याख्यात-पापकर्मवाला, सदा प्रशठ (विप्रिय और गूढ आचारवाला) तथा हिंसा मे प्रवृत्त चित्तदण्डवाला होता है, जैसे—प्राणातिपात, मृषावाद, अदत्तादान मैथुन, परिग्रह, क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रेयस्, द्वेष, कलह, अभ्या-

पेज्जे दोसे कलहे अब्भक्खाणे पेसुण्णे परपरिवाए अरइरईए मायामोसे मिच्छादंसणसल्ले ॥

मायाया लोभे प्रेयसि दोषे कलहे अभ्याख्याने पैशुन्ये परपरिवादे अरतिरत्यां मायामृषा मिथ्यादर्शनशल्ये ।

ख्यान, पैशून्य, परपरिवाद, अरति-रति, माया-मृषा और मिथ्यादर्शनशल्य मे (चित्तदण्ड-वाला होता है ।)

४. आचार्य आह—तत्थ खलु भगवया वहए दिट्ठंते पण्णत्ते—से जहाणामए वहए सिया गाहावइस्स वा गाहावइपुत्तस्स वा रण्णो वा रायपुरिसस्स वा खणं णिदाए पविसिस्सामि खणं लद्धूण वहिस्सामित्ति पहारेमाणे। से किं णु हु णाम से वहए तस्स वा गाहावइस्स तस्स वा गाहावइपुत्तस्स तस्स वा रण्णो तस्स वा रायपुरिसस्स खणं णिदाए पविसिस्सामि खणं लद्धूणं वहिस्सामित्ति पहारेमाणे दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूए मिच्छासंठिए णिच्चं पसढ-विओवाय-चित्तदंडे भवइ ? एवं वियागरेमाणे समियाए वियागरे ?
चोयए—हंता भवइ।

आचार्य आह—तत्र खलु भगवता वधक. दृष्टान्त प्रज्ञप्त —तद् यथानाम वधक स्याद् गृहपते. वा गृहपतिपुत्रस्य वा राज्ञ वा राजपुरुषस्य वा क्षणं निदाय प्रवेक्ष्यामि क्षणं लब्ध्वा हनिष्यामीति प्रधारयन् ।
अथ किं न खलु नाम स वधक तस्य वा गृहपते. तस्य वा गृहपते. तस्य वा गृहपतिपुत्रस्य तस्य वा राज्ञ तस्य वा राजपुरुषस्य क्षणं निदाय प्रवेक्ष्यामि क्षण लब्ध्वा हनिष्यामि इति प्रधारयन् दिवा वा रात्रौ वा सुप्तो वा जाग्रद् वा अमित्रभूत मिथ्यासस्थित नित्य प्रशठव्यवपातचित्तदण्डो भवति ? एवं व्यागृण्वन् समतया व्यागृणीयात् ?
चोदक —हन्ता भवति ।

४. आचार्य ने कहा—इस प्रसग मे भगवान् द्वारा वधक का दृष्टान्त प्रज्ञप्त है—जैसे कोई वधक सकल्प करता है कि मैं अवसर पाकर गृहपति, गृहपतिपुत्र, राजा या राज-पुरुष के (घर मे) प्रवेश करूगा और अवसर पाकर वध करूगा ।

उस गृहपति, गृहपतिपुत्र, राजा या राज-पुरुष के घर मे अवसर पाकर प्रवेश करूगा और अवसर पाकर वध करूगा—ऐसा सकल्प करने वाला वधक क्या दिन या रात, सोते या जागते, उनका अमित्रभूत, मिथ्यासस्थित[14] (बुरे विचार वाला), सदाप्रशठ और हिंसा मे प्रवृत्त चित्तदडवाला होता है ?[15] क्या ऐसा व्याकरण (कथन) सम्यक् व्याकरण है ?

पृच्छक ने कहा—हा, यह सम्यक् व्याकरण है ।

५. आचार्य आह—जहा से वहए तस्स वा गाहावइस्स तस्स वा गाहावइपुत्तस्स तस्स वा रण्णो तस्स वा रायपुरिसस्स खणं णिदाए पविसिस्सामि खणं लद्धूण वहिस्सामित्ति पहारेमाणे दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूए मिच्छासंठिए णिच्चं पसढ-विओवाय-चित्तदंडे, एवामेव बाले वि सव्वेसिं पाणाणं सव्वेसिं भूयाणं सव्वेसिं जीवाणं सव्वेसिं सत्ताणं दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूए मिच्छासंठिए णिच्चं पसढ-विओवाय-चित्तदंडे, तं जहा—पाणाइवाए जाव मिच्छादंसणसल्ले ।

आचार्य आह—यथा स वधक तस्य वा गृहपते तस्य वा गृहपतिपुत्रस्य तस्य वा राज्ञ तस्य वा राजपुरुषस्य क्षणं निदाय प्रवेक्ष्यामि क्षण लब्ध्वा हनिष्यामीति प्रधारयन् दिवा वा रात्रौ वा सुप्तो वा जाग्रद् वा अमित्रभूत. मिथ्यासस्थित नित्य प्रशठव्यवपातचित्तदण्ड , एवमेव बालोऽपि सर्वेषा प्राणाना सर्वेषा भूताना सर्वेषां जीवाना सर्वेषा सत्त्वाना दिवा वा रात्रौ वा सुप्तो वा जाग्रद् वा अमित्रभूत मिथ्यासस्थित नित्य प्रशठव्यवपातचित्तदण्ड., तद् यथा—प्राणातिपाते यावन् मिथ्यादर्शनशल्ये ।

आचार्य ने कहा—जैसे वह वधक उस गृहपति, गृहपतिपुत्र, राजा या राजपुरुष के घर मे अवसर पाकर प्रवेश करूगा और अवसर पाकर वध करूगा—ऐसा सकल्प करता है और दिन या रात, सोते या जागते, उनका अमित्रभूत, मिथ्यासस्थित, सदा प्रशठ और हिंसा मे प्रवृत्त चित्तदण्डवाला होता है, इसी प्रकार बाल (असयत) सभी प्राण, सभी भूत, सभी जीव और सभी सत्त्वो के प्रति दिन या रात, सोते या जागते, अमित्रभूत, मिथ्या-सस्थित, सदा प्रशठ और हिंसा मे प्रवृत्त चित्त-दडवाला होता है, जैसे प्राणातिपात यावत् मिथ्यादर्शनशल्य मे (चित्तदण्डवाला होता है) ।

एस खलु भगवया अक्खाए असंजए अविरए अप्पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे सकिरिए असंवुडे एगंत-दंडे एगंतबाले एगंतसुत्ते यावि भवइ ।

एष खलु भगवता आख्यात. असंयत' अविरत: अप्रतिहत-प्रत्याख्यातपापकर्मा सक्रिय' असंवृत. एकान्तदण्ड. एकान्तबाल' एकान्तसुप्त. चापि भवति ।

भगवान् ने ऐसे प्राणी को असयत, अविरत, अप्रतिहत अप्रत्याख्यात-पापकर्मवाला, सक्रिय, असवृत, एकान्तदण्ड, एकान्तबाल,और एकान्त-सुप्त बतलाया है ।

से बाले अवियारमण-वयण-काय-वक्के सुविणमवि ण पस्सइ, पावे य से कम्मे कज्जइ ॥

स बाल. अविचारमनोवचनकाय-वाक्य' स्वप्नमपि न पश्यति, पाप च तस्य कर्म क्रियते ।

वह बाल मन, वचन, काय और वाक्य का कोई विचार नही करता, (हिंसा का) स्वप्न भी नही देखता, फिर भी उसके पाप-कर्म का बन्ध होता है ।"

६. जहा से वहए तस्स वा गाहावइस्स तस्स वा गाहावइपुत्तस्स तस्स वा रण्णो तस्स वा रायपुरिसस्स पत्तेयं पत्तेय चित्तं समादाय दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाण वा अमित्तभूए मिच्छासंठिए णिच्चं पसढ-विओवाय-चित्तदंडे भवइ, एवामेव बाले सव्वेसि पाणाण सव्वेसि भूयाणं सव्वेसि जीवाणं सव्वेसि सत्ताणं पत्तेय पत्तेय चित्तं समादाय दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूए मिच्छासठिए णिच्च पसढ-विओवाय-चित्तदंडे भवइ ॥

यथा स वधक. तस्य वा गृहपते तस्य वा गृहपतिपुत्रस्य तस्य वा राज्ञ तस्य वा राजपुरुपस्य प्रत्येकं प्रत्येक चित्त समादाय दिवा वा रात्रौ वा सुप्तो वा जाग्रद् वा अमित्रभूत' मिथ्यासस्थित नित्य प्रशठव्यवपातचित्तदण्डो भवति, एवमेव बाल सर्वेपा प्राणाना सर्वेपा भूताना सर्वेपा जीवाना सर्वेपा सत्त्वाना प्रत्येकं प्रत्येक चित्त समादाय दिवा वा रात्रौ वा सुप्तो वा जाग्रद् वा अमित्रभूत' मिथ्यासस्थित. नित्यं प्रशठव्यवपातचित्तदण्डो भवति ।

६. जैसे वह वधक उस गृहपति, गृहपतिपुत्र, राजा या राजपुरुष मे से प्रत्येक के प्रति वधकचित्त उत्पन्न कर दिन या रात, सोते या जागते, अमित्रभूत, मिथ्यासस्थित, सदा प्रशठ और हिंसा मे प्रवृत्त चित्तदण्डवाला होता है, इसी प्रकार बाल (असयत) प्राणी भी सभी प्राण, सभी भूत, सभी जीव और सभी सत्त्वो मे से प्रत्येक के प्रति वधकचित्त उत्पन्न कर दिन या रात, सोते या जागते, अमित्रभूत, मिथ्यासस्थित, सदा प्रशठ और हिंसा मे प्रवृत्त चित्तदण्डवाला होता है ।"

७. णो इणट्ठे समट्ठे—इह खलु बहवे पाणा, जे इमेण सरीर-समुस्सएणं णो दिट्ठा वा सुया वा णाभिमया वा विण्णाया वा, जेसिं णो पत्तेय पत्तेय चित्तं समादाय दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूए मिच्छा-सठिए णिच्चं पसढ-विओवाय-चित्तदंडे, तं जहा—पाणाइवाए जाव मिच्छादंसणसल्ले ॥

नो अयमर्थ समर्थ.—इह खलु बहव प्राणा, ये अनेन शरीर-समुच्छ्रयेण नो दृष्टा' वा श्रुता वा नाभिमता वा विज्ञाता वा, येषा नो प्रत्येक प्रत्येक चित्त समादाय दिवा वा रात्रौ वा सुप्तो वा जाग्रद् वा अमित्रभूत' मिथ्या-सस्थित नित्य प्रशठव्यवपात-चित्तदण्ड, तद् यथा—प्राणाति-पाते यावन् मिथ्यादर्शनशल्ये ।

७. (पृच्छक ने कहा) यह अर्थ ठीक नही है—क्योकि इस ससार मे बहुत सारे ऐसे प्राणी हैं, जो इस शरीर-समुच्छ्रय" से दृष्ट नही है, जिनके विषय मे कुछ सुना नही है, जो अभिमत या विज्ञात नही हैं, जिनमे से प्रत्येक के प्रति वधकचित्त उत्पन्न कर, दिन या रात सोते या जागते, अमित्रभूत, मिथ्यासस्थित, सदा प्रशठ और हिंसा मे प्रवृत्त चित्तदडवाला हो, जैसे—प्राणातिपात यावत् मिथ्यादर्शनशल्य मे (चित्तदण्डवाला हो) ।

८. आचार्य आह—तत्थ खलु भगवया दुवे दिट्ठंता पण्णत्ता, तं जहा—सण्णिदिट्ठंते य असण्णिदिट्ठंते य ॥

आचार्य आह—तत्र खलु भगवता द्वौ दृष्टान्तौ प्रज्ञप्तौ, तद् यथा—सज्ञिदृष्टान्तश्च असज्ञि-दृष्टान्तश्च ।

८ आचार्य ने कहा—इस प्रसग मे भगवान् द्वारा दो दृष्टान्त प्रज्ञप्त है, जैसे—सज्ञिदृष्टान्त और असज्ञिदृष्टान्त ।

९. से किं तं सण्णिदिट्ठंते ?

अथ किं स सज्ञिदृष्टान्त. ?

९. वह" सज्ञिदृष्टान्त क्या है ?

सण्णिदिट्ठंते—जे इमे सण्णिपंचिंदिया पज्जत्तगा। एतेसि णं छज्जीवणिकाए पडुच्च [पइण्णं कुज्जा ?] ॥

संज्ञिदृष्टान्त—ये इमे सज्ञिपञ्चेन्द्रिया पर्याप्तका। एतेषा षड्जीवनिकायान् प्रतीत्य [प्रतिज्ञा कुर्यात् ?]।

सज्ञिदृष्टान्त—जो ये सज्ञी (समनस्क) पचेन्द्रिय छहो पर्याप्तियो से पर्याप्त प्राणी हैं [1] इनके छह जीवनिकायो की दृष्टि से (यह प्रतिज्ञा होती है, अथवा ये इस प्रकार की प्रतिज्ञा करते हैं)।

१०. से एगइओ पुढविकाएणं किच्चं करेइ वि कारवेइ वि। तस्स णं एवं भवइ—एवं खलु अहं पुढविकाएण किच्चं करेमि वि कारवेमि वि। णो चेव णं से एवं भवइ—इमेण वा इमेण वा। से य तेणं पुढविकाएणं किच्चं करेइ वि कारवेइ वि। से य तओ पुढविकायाओ असंजय-अविरय-अप्पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे यावि भवइ ॥

स एकक पृथ्वीकायेन कृत्य करोत्यपि कारयत्यपि। तस्य एव भवति—एव खलु अह पृथ्वीकायेन कृत्य करोम्यपि कारयाम्यपि। नो चैव तस्य एव भवति—अनेन वा अनेन वा। स च तेन पृथ्वीकायेन कृत्यं करोत्यपि कारयत्यपि। स च तत पृथ्वीकायात् असयतअविरतअप्रतिहतप्रत्याख्यातपापकर्मा चापि भवति।

१० कोई पृथ्वीकाय मे कृत्य करता भी है और करवाता भी है, उसका ऐसा (सकल्प) होता है—मैं पृथ्वीकाय मे कृत्य करता भी हू और करवाता भी हूं। उसके ऐसा नहीं होता कि मैं अमुक पृथ्वीकाय से कृत्य करू अथवा अमुक पृथ्वीकाय से कृत्य करू। वह उस पृथ्वीकाय से कृत्य करता भी है और करवाता भी है, इसलिए वह उस पृथ्वीकाय से असयत, अविरत, अप्रतिहत और अप्रत्याख्यात पापकर्मवाला भी होता है।

११. से एगइओ आउकाएणं किच्चं करेइ वि कारवेइ वि। तस्स णं एव भवइ—एवं खलु अहं आउकाएणं किच्चं करेमि वि कारवेमि वि। णो चेव णं से एवं भवइ—इमेण वा इमेण वा। से य तेणं आउकाएणं किच्चं करेइ वि कारवेइ वि। से य तओ आउकायाओ असंजय-अविरय-अप्पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे यावि भवइ ॥

स एकक अप्कायेन कृत्य करोत्यपि कारयत्यपि। तस्य एव भवति—एव खलु अहं अप्कायेन कृत्य करोम्यपि कारयाम्यपि। नो चैव तस्य एव भवति—अनेन वा अनेन वा। स च तेन अप्कायेन कृत्य करोत्यपि कारयत्यपि। स च तत. अप्कायात् असयतअविरतअप्रतिहतप्रत्याख्यातपापकर्मा चापि भवति।

११. कोई अप्काय से कृत्य करता भी है और करवाता भी है, उसका ऐसा (सकल्प) होता है—मैं अप्काय से कृत्य करता भी हूं और करवाता भी हूं। उसके ऐसा नही होता कि मैं अमुक अप्काय से कृत्य करू अथवा अमुक अप्काय से कृत्य करू। वह उस अप्काय से कृत्य करता भी है और करवाता भी है, इसलिए वह उस अप्काय से असयत, अविरत, अप्रतिहत और अप्रत्याख्यात पापकर्मवाला भी होता है।

१२. से एगइओ तेउकाएणं किच्चं करेइ वि कारवेइ वि। तस्स णं एवं भवइ—एवं खलु अहं तेउकाएणं किच्च करेमि वि कारवेमि वि। णो चेव णं से एवं भवइ—इमेण वा इमेण वा। से य तेणं तेउकाएणं किच्चं करेइ वि कारवेइ वि। से य तओ तेउकायाओ असजय-अविरय-अप्पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे यावि भवइ ॥

स एकक. तेजस्कायेन कृत्य करोत्यपि कारयत्यपि। तस्य एव भवति—एव खलु अह तेजस्कायेन कृत्यं करोम्यपि कारयाम्यपि। नो चैव तस्य एव भवति—अनेन वा अनेन वा। स च तेन तेजस्कायेन कृत्य कोरोत्यपि कारयत्यपि। स च तत तेजस्कायात् असयतअविरतअप्रतिहतप्रत्याख्यातपापकर्मा चापि भवति।

१२ कोई तेजस्काय से कृत्य करता भी है और करवाता भी है, उसका ऐसा (सकल्प) होता है—मैं तेजस्काय से कृत्य करता भी हूं और करवाता भी हू। उसके ऐसा नही होता कि मैं अमुक तेजस्काय से कृत्य करू अथवा अमुक तेजस्काय से कृत्य करू। वह उस तेजस्काय से कृत्य करता भी है और करवाता भी है, इसलिए वह उस तेजस्काय से असयत, अविरत, अप्रतिहत, और अप्रत्याख्यात पापकर्मवाला भी होता है।

१३. से एगइओ वाउकाएणं किच्चं करेइ वि कारवेइ वि। तस्स णं

स एकक वायुकायेन कृत्यं करोत्यपि कारयत्यपि। तस्य एव

१३. कोई वायुकाय से कृत्य करता भी है और करवाता भी है, उसका ऐसा (सकल्प) होना

असंजय - अविरय - अप्पडिहय - पच्चक्खाय-पावकम्मे, तं जहा— पाणाइवाए जाव मिच्छादंसण-सल्ले ।

अप्रतिहतप्रत्याख्यातपापकर्मा, तद् यथा—प्राणातिपाते यावन् मिथ्यादर्शनशल्ये ।

अप्रतिहत और अप्रत्याख्यात पापकर्म वाला होता है, जैसे—प्राणातिपात से असयत, अविरत, अप्रतिहत और अप्रत्याख्यात पापकर्म वाला होता है, वैसे ही मृपावाद यावत् मिथ्या-दर्शनशल्य से भी असयत, अविरत, अप्रतिहत और अप्रत्याख्यात पापकर्मवाला होता है ।

एस खलु भगवया अक्खाए असंजए अविरए अप्पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे सुविणमवि ण पस्सइ पावे य से कम्मे कज्जइ ।

एप खलु भगवता आख्यात. असयत. अविरत अप्रतिहतप्रत्या-ख्यातपापकर्मा स्वप्नमपि न पश्यति, पाप च तस्य कर्म क्रियते ।

भगवान् ने ऐसे प्राणी को असंयत, अविरत, अप्रतिहत और अप्रत्याख्यात पापकर्मवाला कहा है। वह (हिंसा का) स्वप्न भी नही देखता, फिर भी उसके पापकर्म का वन्ध होता है ।

—से तं सण्णिदिट्ठंते ।।

स एप संज्ञिदृष्टान्त ।

यह सज्ञिदृष्टान्त है ।

१७. से किं तं असण्णिदिट्ठंते ?

अथ किं स असज्ञिदृष्टान्त ?

१७ वह असंज्ञिदृष्टान्त क्या है ?

असण्णिदिट्ठंते—जे इमे असण्णिणो पाणा, तं जहा— पुढविकाइया आउकाइया तेउ-काइया वाउकाइया वणस्सइ-काइया छट्ठा वेगइया तसा पाणा । जेसिं णो तक्का इ वा सण्णा इ वा पण्णा इ वा मणे इ वा वई इ वा सयं वा करणाए, अण्णेहिं वा कारवेत्तए, करेंतं वा समणु-जाणित्तए, ते वि णं बाला सव्वेसिं पाणाणं सव्वेसिं भूयाणं सव्वेसिं जीवाणं सव्वेसिं सत्ताणं दिया वा राओ वा सुत्ता वा जागरमाणा वा अमित्तभूया मिच्छासंठिया णिच्चं पसढ-विओवाय-चित्तदंडा, तं जहा—पाणाइवाए जाव मिच्छादंसणसल्ले ।

असज्ञिदृष्टान्त —ये इमे असज्ञिन प्राणा, तद् यथा—पृथ्वीकायिका अप्कायिका तेजस्कायिका वायु-कायिका वनस्पतिकायिका षष्ठा वा एकके त्रसा प्राणा. । येपा नो तर्क इति वा, सज्ञा इति वा, प्रज्ञा इति वा, मन इति वा, वाग् इति वा, स्वय वा कर्तुं, अन्यै वा कारयितु, कुर्वन्त वा समनुज्ञातु, तेऽपि वाला सर्वेषा प्राणाना सर्वेषा भूताना सर्वेपा जीवाना सर्वेपा सत्त्वाना दिवा वा रात्रौ वा सुप्ता वा जाग्रत वा अमित्रभूता. मिथ्यासस्थिता नित्य प्रशठव्यवपातचित्तदण्डा, तद् यथा—प्राणातिपाते यावन् मिथ्यादर्शनशल्ये ।

असज्ञि-दृष्टान्त—जो ये असज्ञी[११] प्राणी होते है, जैसे—पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक और छठे हैं त्रसप्राणी। जिनके तर्क, सज्ञा, प्रज्ञा, मन[१२] और वाणी[१३] नही होती, स्वय करने के लिए, दूसरो के द्वारा करवाने के लिए और करनेवाले का अनुमोदन करने के लिए। वे वाल प्राणी भी सभी प्राण, सभी भूत, सभी जीव और सभी सत्त्वो के प्रति दिन या रात, सोते या जागते, अमित्रभूत, मिथ्यासस्थित, सदा प्रशठ और हिंसा मे प्रवृत्त चित्तदडवाले होते है, जैसे—प्राणातिपात यावत् मिथ्या-दर्शनशल्य मे (चित्तदडवाले होते हैं) ।

इच्चेवं जाणे णो चेव मणो णो चेव वई पाणाणं भूयाणं जीवाणं सत्ताणं दुक्खणयाए सोयणयाए जूरणयाए तिप्पणयाए पिट्टणयाए परितप्पणयाए, ते दुक्खण-सोयण जूरण-तिप्पण-पिट्टण- परितप्पण-वह-बंध-परिकिलेसाओ अप्पडि-विरया भवंति ।

इत्येव जानीयाद् नो चैव मन नो चैव वाग् प्राणाना भूताना जीवाना सत्त्वाना दु खनाय शोच-नाय खेदनाय तेपनाय पिट्टनाय परितापनाय, ते दु खन-शोचन-खेदन-तेपन-पिट्टन-परितापन-वध-वन्ध-परिक्लेशात् अप्रतिविरता भवन्ति ।

इस प्रकार जानो। (उन असज्ञिप्राणियो के) न मन होता है, न वाणी होती है प्राण, भूत, जीव, सत्त्वो को दु खी करने के लिए, शोकाकुल करने के लिए, खिन्न करने के लिए, रुलाने के लिए, पीटने के लिए, परितप्त करने लिए, (फिर भी) वे दु.ख, शोक, खेद, अश्रु-विमोचन, पीडा, परिताप, वध, वन्ध और परिक्लेश से विरत नही होते ।

इति खलु ते असण्णिणो वि संता अहोणिसं पाणाइवाए उवक्खाइ-

इति खलु ते असज्ञिनोऽपि सन्त अहर्निश प्राणातिपाते उपाख्या-

इस प्रकार वे असज्ञी होते हुए भी रात-दिन हिंसा करने वाले कहलाते है यावत्

ज्जंति जाव अहोणिसं मिच्छादंसणसल्ले उवक्खाइज्जंति ॥

यन्ते यावद् अहर्निशं मिथ्यादर्शनशल्ये उपाख्यायन्ते ।

मिथ्यादर्शनशल्य में प्रवृत्त कहलाते हैं।

१८. सव्वजोणिया वि खलु सत्ता—सण्णिणो हुच्चा असण्णिणो होंति, असण्णिणो हुच्चा सण्णिणो होंति, होच्चा सण्णी अदुवा असण्णी। तत्थ से अविविचित्ता अविधूणित्ता असमुच्छित्ता अणणुतावित्ता असण्णिकायाओ वा सण्णिकायं संकमंति, सण्णिकायाओ वा असण्णिकायं संकमंति, सण्णिकायाओ वा सण्णिकायं संकमंति, असण्णिकायाओ वा असण्णिकायं संकमंति ॥

सर्वयोनिकाः अपि खलु सत्त्वा —संज्ञिनो भूत्वा असंज्ञिनो भवन्ति, असंज्ञिनो भूत्वा संज्ञिनो भवन्ति, भूत्वा संज्ञी अथवा असंज्ञी। तत्र ते अविविच्य अविधूय असमुच्छिद्य अननुताप्य असंज्ञिकायाद् वा संज्ञिकायं संक्रामन्ति, संज्ञिकायाद् वा असंज्ञिकायं संक्रामन्ति, संज्ञिकायाद् वा संज्ञिकायं संक्रामन्ति, असंज्ञिकायाद् वा असंज्ञिकायं संक्रामन्ति ।

१८. प्राणी सर्वयोनिक भी होते हैं—वे संज्ञी होकर असंज्ञी हो जाते हैं और असंज्ञी होकर संज्ञी हो जाते हैं, संज्ञी हो या असंज्ञी। वे उनका (पूर्वार्जित कर्मों को) पृथक् नहीं कर पाते, प्रकम्पित नहीं कर पाते, उच्छिन्न नहीं कर पाते, अनुताप नहीं कर पाते, (तब तक) असंज्ञिकाय से संज्ञिकाय में संक्रमण करते हैं, संज्ञिकाय से असंज्ञिकाय में संक्रमण करते हैं, संज्ञिकाय से संज्ञिकाय में संक्रमण करते हैं और असंज्ञिकाय से असंज्ञिकाय में संक्रमण करते हैं।”

१९. जे एए सण्णी वा असण्णी वा सव्वे ते मिच्छायारा णिच्चं पसढ-विओवाय-चित्तदंडा, तं जहा—पाणाइवायाए जाव मिच्छादंसणसल्ले ॥

ये एते संज्ञिनो वा असंज्ञिनो वा सर्वे ते मिथ्याचाराः नित्यं प्रशठव्यवपातचित्तदण्डाः, तद् यथा—प्राणातिपाते यावत् मिथ्यादर्शनशल्ये ।

१९. जो ये संज्ञी या असंज्ञी प्राणी हैं वे सब मिथ्या आचार वाले, सदा प्रशठ और हिंसा में प्रवृत्त चित्तदण्डवाले होते हैं, जैसे प्राणातिपात यावत् मिथ्यादर्शनशल्य में (चित्तदण्डवाले होते हैं)।”

२०. एवं खलु भगवया अक्खाए असंजए अविरए अप्पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे सकिरिए असंवुडे एगंतदंडे एगंतबाले एगंतसुत्ते ।
से बाले अवियार-वयण-काय-वक्के सुविणमवि ण पासइ, पावे य से कम्मे कज्जइ ॥

एवं खलु भगवता आख्यातः असंयतः अविरतः अप्रतिहतप्रत्याख्यातपापकर्मा सक्रियः असंवृतः एकान्तदण्डः एकान्तबालः एकान्तसुप्तः ।
स बालः अविचारमनोवचनकायवाक्यः स्वप्नमपि न पश्यति, पापं च तस्य कर्म क्रियते ।

२०. भगवान् ने ऐसे प्राणी को असंयत, अविरत, अप्रतिहत-अप्रत्याख्यात-पापकर्मवाला, सक्रिय, असंवृत, एकान्तदण्ड, एकान्तबाल और एकान्तसुप्त कहा है।

वह बाल, मन, वचन, काय और वाक्य का कोई विचार (प्रवृत्ति) नहीं करता, (हिंसा का) स्वप्न भी नहीं देखता, फिर भी उसके पापकर्म का बन्ध होता है।

२१. चोयगः—से किं कुव्वं ? किं कारवं ? कहं संजय-विरय-पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे भवइ ?
आचार्य आह—तत्थ खलु भगवया छज्जीवणिकाया हेऊ पण्णत्ता, तं जहा—पुढवीकाइया आउकाइया तेउकाइया वाउकाइया वणस्सइकाइया तसकाइया। से जहाणामए मम अस्सातं दंडेण वा अट्ठीण वा मुट्ठीण वा लेलुणा वा कवा-

चोदकः—स किं कुर्वन् ? किं कारयन् ? कथं संयतविरतप्रतिहतप्रत्याख्यातपापकर्मा भवति ?
आचार्यः आह—तत्र खलु भगवता षड्जीवनिकायाः हेतवः प्रज्ञप्ताः, तद् यथा—पृथ्वीकायिकाः अप्कायिकाः तेजस्कायिकाः वायुकायिकाः वनस्पतिकायिकाः त्रसकायिकाः। अथ यथानाम मम असातं दण्डेन वा

२१. पृच्छक (ने पूछा)—वह क्या करता हुआ, क्या करवाता हुआ और कैसे संयत, विरत, प्रतिहत-प्रत्याख्यात-पापकर्मवाला होता है ?

आचार्य ने कहा—भगवान् ने षड्जीवनिकाय को (पापकर्म के अबन्ध का) हेतु बतलाया है—पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय। जैसे मेरे लिए यह अप्रिय होता है, (यदि कोई मुझे) डंडे, हड्डी, मुट्ठी तथा ढेले या कपाल से पीटे, मारे

लेण वा आतोडिज्जमाणस्स वा हम्ममाणस्स वा तज्जिज्जमाणस्स वा ताडिज्जमाणस्स वा परिताविज्जमाणस्स वा किलामिज्जमाणस्स वा उवद्दविज्जमाणस्स वा जाव लोमुक्खणणमायमवि हिंसाकारगं दुक्खं भयं पडिसंवेदेमि—इच्चेवं जाण।

अस्थ्ना वा मुष्टिना वा लेष्टुना वा कपालेन वा आकुट्यमानस्य वा हन्यमानस्य वा तर्ज्यमानस्य वा ताड्यमानस्य वा परिताप्यमानस्य वा क्लाम्यमानस्य वा उद्द्राव्यमानस्य वा यावद् रोमोत्खननमात्रमपि हिंसाकारक दुःखं भय प्रतिसवेदयामि—इत्येव जानीहि।

तर्जना और ताडना दे, परितप्त और क्लान्त करे, प्राण से वियोजित करे, यहा तक कि रोम उखाडने मात्र से भी मैं हिंसाकारक दुःख और भय का प्रतिसवेदन करता हू, ऐसा तुम जानो।

सव्वे पाणा सव्वे भूया सव्वे जीवा सव्वे सत्ता दंडेण वा अट्ठीण वा मुट्ठीण वा लेलुणा वा कवालेण वा आतोडिज्जमाणा वा हम्ममाणा वा तज्जिज्जमाणा वा तालिज्जमाणा वा परिताविज्जमाणा वा किलामिज्जमाणा वा उवद्दविज्जमाणा वा जाव लोमुक्खणणमायमवि हिंसाकारग दुक्ख भयं पडिसवेदेंति—एवं णच्चा सव्वे पाणा सव्वे भूया सव्वे जीवा सव्वे सत्ता ण हंतव्वा ण अज्जावेयव्वा ण परिघेतव्वा ण परितावेयव्वा ण उद्दवेयव्वा। एस धम्मे धुवे णिइए सासए समेच्च लोग खेत्तण्णेहिं पवेइए॥

सर्वे प्राणा सर्वाणि भूतानि सर्वे जीवा सर्वे सत्त्वा दण्डेन वा अस्थ्ना वा मुष्टिना वा लेष्टुना वा कपालेन वा आकुट्यमाना वा हन्यमाना वा तर्ज्यमाना वा ताड्यमाना वा परिताप्यमाना वा क्लाम्यमाना वा उद्द्राव्यमाना वा यावद् रोमोत्खननमात्रमपि हिंसाकारक दुःख भय प्रतिसवेदयन्ति—एवं ज्ञात्वा सर्वे प्राणा सर्वाणि भूतानि सर्वे जीवा सर्वे सत्त्वा न हन्तव्या. न आज्ञापयितव्या न परिगृहीतव्या न परितापयितव्या न उद्द्रावयितव्या। एष धर्म ध्रुव नित्य शाश्वत समेत्य लोक क्षेत्रज्ञैः प्रवेदित।

सव प्राण, भूत, जीव और सत्त्व को डडे से, हड्डी से, मुट्ठी से तथा ढेले या कपाल से कोई पीटे, मारे, तर्जना और ताडना दे, परितप्त और क्लान्त करे, प्राण से वियोजित करे तव, यहा तक कि रोम उखाडनेमात्र से भी, वे हिंसाकारक दुःख और भय का प्रतिसवेदन करते हैं। (आत्म-तुला से) ऐसा जानकर किसी भी प्राण, भूत, जीव और सत्त्व को न मारे, न अधीन वनाए, न दास वनाए, न परिताप दे और न प्राण से वियोजित करे। यह धर्म ध्रुव, नित्य और शाश्वत है। जीवलोक को जानकर आत्मज्ञ तीर्थंकरो ने इसका प्रतिपादन किया है।[२७]

२२. एव से भिक्खू विरए पाणाइवायाओ जाव मिच्छादंसणसल्लाओ॥

एव स भिक्षु विरत प्राणातिपाताद् यावन् मिथ्यादर्शनशल्यात्।

२२ इस प्रकार वह भिक्षु प्राणातिपात यावत् मिथ्यादर्शनशल्य से विरत रहे।

२३. से भिक्खू णो दतपक्खालणेणं दंते पक्खालेज्जा, णो अंजणं, णो वमण, णो धूवणेत्तं पिआइए॥

स भिक्षु नो दन्तप्रक्षालनेन दन्तान् प्रक्षालयेत्, नो अञ्जन, नो वमन, नो धूमनेत्रमपि आपिवेत्।

२३ वह भिक्षु दतौन से दातो का प्रक्षालन न करे, (आखो मे) अजन न आजे, वमन न करे और धूम्रनलिका से धूम्रपान न करे।

२४. से भिक्खू अकिरिए अलूसए अकोहे अमाणे अमाए अलोभे उवसंते परिणिव्वुडे॥

स भिक्षु अक्रिय अलूषक अक्रोध अमान अमाय अलोभ उपशान्त परिनिर्वृत।

२४. वह भिक्षु अक्रिय, अहिंसक, अक्रोधी, अमानी, अमायी, अलोभी, उपशात और परिनिर्वृत होता है।

२५. एस खलु भगवया अक्खाए संजय-विरय-पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे अकिरिए संवुडे एगंतपंडिए यावि भवइ।

—त्ति बेमि॥

एष खलु भगवता आख्यात सयत-विरतप्रतिहतप्रत्याख्यातपापकर्मा अक्रिय सवृत एकान्तपडित चापि भवति।

इति ब्रवीमि।

२५ भगवान् ने ऐसे भिक्षु को सयत, विरत, प्रतिहतप्रत्याख्यात-पापकर्मवाला, अक्रिय, सवृत और एकान्तपडित भी कहा है।

—ऐसा मैं कहता हू।

चौथा अध्ययन : टिप्पण

सूत्र १ :

१. प्रस्तुत आगम मे (इह)

चूर्णिकार ने[1] 'इह' शब्द से प्रस्तुत अध्ययन का ग्रहण किया है और वृत्तिकार ने[2] इसके दो अर्थ किए हैं—निर्ग्रन्थ प्रवचन मे अथवा सूत्रकृताग सूत्र मे।

२. आत्मा अप्रत्याख्यानी (आया अपच्चक्खाणी)

आत्मा अनादिकाल से पाच आस्रव-द्वारो मे अनुरक्त है। वे पाच आस्रव हैं—मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग। इसलिए स्वभाव से वह अप्रत्याख्यानी होता है। किसी निमित्त से या आस्रव-द्वारो के क्षीण होने से वह प्रत्याख्यानी भी होता है।

वृत्तिकार का अभिमत है कि यहा 'आत्मा' शब्द का ग्रहण जैनेतर दर्शनो का निरसन करने के लिए किया गया है। जैसे—

साख्य दर्शन के अनुसार आत्मा का स्वरूप है—अप्रच्युत, अनुत्पन्न और स्थिर। वह तृण को मोडने मे भी असमर्थ होता है। अकिञ्चित्कर होने के कारण उसमे प्रत्याख्यान क्रिया नही हो सकती।

बौद्ध अनादि आत्मा को नही मानते। वे सस्कार ज्ञान को मानते हैं। वह भी क्षणिक है। उसकी कोई स्थिति नही होती। इसलिए प्रत्याख्यान का वहां प्रश्न ही नही उठता।

इसी प्रकार अन्यान्य दर्शनो मे भी प्रत्याख्यान क्रिया का होना सिद्ध नही होता।[3]

चूर्णिकार का कथन है कि प्रत्याख्यान, अप्रत्याख्यान मे आत्मा का ही सबन्ध है। वही यह कर सकता है। अजीव घट, पट आदि प्रत्याख्यान नही कर सकते। जिस आत्मा ने पूर्ण सावद्य योग का प्रत्याख्यान कर दिया, वह पूर्ण प्रत्याख्यानी होता है। उससे कर्म आश्रव नही होता, किन्तु जो अप्रत्याख्यान शेष रहा है उससे तत् तत् निमित्तक कर्माश्रव होता है। इसलिए आत्मा प्रत्याख्यानी भी होता है और अप्रत्याख्यानी भी होता है।[4]

३. अक्रियाकुशल (अकिरियाकुसले)

चूर्णिकार के अनुसार क्रिया का अर्थ है—क्रियमाण कर्म। अक्रिया—अशोभन क्रिया।[5]

दूसरा अर्थ है—क्रिया को न जानने वाला।[6]

वृत्तिकार ने 'सद् अनुष्ठान' को क्रिया माना है। जो आत्मा असद् अनुष्ठान मे कुशल होता है, वह अक्रिया-कुशल कहलाता है।[7]

४. मिथ्या-संस्थित (मिच्छासंठिए)

मिथ्या प्रतिपत्ति (विश्वास) या मिथ्या अध्यवसाय को मिथ्या सस्थिति कहा जाता है। दूसरे शब्दो मे इसे तत्त्व मे अतत्त्व का अभिनिवेश भी कहा जाता है। धर्म, साधु, सत्य, पात्र आदि मे भी मिथ्या अभिनिवेश होता है। यह दर्शन के प्रति होने वाली मिथ्या सस्थिति है। इसी प्रकार आचार की मिथ्या सस्थिति है—अनाचार। ऋजुता की मिथ्या सस्थिति है—माया। असज्ञी मे होने वाली मूढता

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३९० · इह खलु एतस्याध्ययनस्य ·

२. वृत्ति, पत्र १०७ : इह अस्मिन् प्रवचने सूत्रकृताङ्गे वा।

३. वृत्ति, पत्र १०७।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३९०, ३९१।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३९१ · क्रियमाणं कर्म्म क्रिया भवति, तद्विपरीता तु अशोभना क्रिया अक्रिया भवति।

६. वही, पृष्ठ ३९१ : अथवा न क्रियाकुशल अक्रियाकुशल : अजानक इत्यर्थः।

७. वृत्ति, पत्र १०७ . सदनुष्ठानं क्रिया तस्यां कुशल क्रियाकुशल । तत्प्रतिषेधादक्रियाकुशलोऽप्यात्मा भवति।

भी मिथ्या संस्थिति है।[1]

वृत्तिकार ने मिथ्यात्व मोहनीय कर्म के उदय मे प्रवर्त्तमान आत्मा को मिथ्या संस्थित माना है।[2]

५. एकान्तदण्ड (एगंतदंडे)

जो हर प्राणी की हिंसा करता है, दडित करता है वह एकान्तदड कहलाता है। उसके लिए माता-पिता का भी विमर्श नही होता।[3]

६. एकान्तबाल (एगंतबाले)

जो इष्ट-अनिष्ट, प्राप्त-अप्राप्त—दोनो प्रकार के विषयो के प्रति आसक्त रहता है अथवा जो कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य से अनभिज्ञ होता है, वह बाल कहलाता है। मूढ, बाल—ये एकार्थक हैं।[4]

७. एकान्तसुप्त (एगंतसुत्ते)

जैसे पहली गहरी नीद मे सोए हुए व्यक्ति मे अत्यन्त निकट के शब्द, रूप आदि विषयो के प्रति मति नही होती वैसे ही कुछ व्यक्ति एकान्त सुप्त होते हैं जो हित और अहित को नही जानते हुए हिंसा आदि मे प्रवृत्त होते है।[5]

८. (अवियारमण-वय-काय-वक्के)

जिसके मन, वचन और काया की सक्रियता होती है, वह सविचार मनोवचनकायवाक्य होता है। जैसे—

मनोविचार—यह सोचना चाहिए, यह नही सोचना चाहिए।

वाग्‌विचार—यह न बोलना चाहिए, यह नही बोलना चाहिए।

काय विचार—यह करना चाहिए, यह नही करना चाहिए।

जो व्यक्ति कुशल या अकुशल कुछ भी मन से नही सोचता, वचन से कुछ नही बोलता और काया से स्थाणु की भाति निश्चेष्ट रहता है वह 'अविचार मन-वाग्-काय-वाक्य' होता है। उसके भी कर्म का बन्ध होता है तो जो सविचार-मन-वाग्-काय-वाक्य होता है, उसका तो कहना ही क्या।[6]

प्रस्तुत प्रयोग मे 'वचन' के साथ 'वाक्य' का प्रयोग पुनरुक्त है। इसके समाधान मे कहा है कि वाणी का व्यापार प्रचुरता से होता है। उसके द्वारा ही दूसरा व्यक्ति प्रवृत्त और निवृत्त होता है, इसलिए 'वाक्य' शब्द का पुनरुक्त प्रयोग किया गया है।[7]

९. अप्रतिहत अप्रत्याख्यात (अप्पडिहय-पच्चक्खाय)

चूर्णिकार ने प्रतिहत और प्रत्याख्यान को एकार्थक मानकर उनका अर्थ प्रतिषिद्ध या निवारित किया है।[8]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३६१ : मिथ्याप्रतिपत्ति—मिथ्याध्यवसायः मिच्छासंस्थितिरित्यर्थ, तत्ते अतत्ताभिनिवेशः, सो मिच्छासंठिती एव धम्मंसाधुसत्यपात्रादिष्वपि योज्या, एवं तावद् दर्शनं प्रति मिथ्यासंस्थितिरुक्ता, आचारं प्रति अनाचारो आचारत्तण भावेति, मायी उज्जुत्तणं भावेति......।

२. वृत्ति, पत्र १०७।

३ (क) चूर्णि, पृष्ठ ३६१ : एगंतदंडेत्ति न कस्यचिदपि दण्डं न पातयति पितुरपि कतो तस्य मरिसेति।
(ख) वृत्ति, पत्र १०७।

४ चूर्णि, पृष्ठ ३६१ . एगंतबालोत्ति णिच्चमेव इट्ठेसु विसएसु अणिट्ठेसु संपत्तेसु असंपत्तेसु दोहिवि आलगिज्जइ बाल., कार्याकार्यानभिज्ञत्वाद्वा, मूढो बालः इत्यनर्थान्तरं।

५. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३६१ : यथाऽऽद्यस्वापसुप्त : शब्दादीनां विषयाणां सन्निकृष्टानां मत्युपप्रदो न भवति, एवं सो हिताहितकार्यानभिज्ञत्वात् हिंसादिसु कम्मंसु प्रवर्त्तते।
(ख) वृत्ति, पत्र १०८।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३६१।

७. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३६१ पुनर्वाक्यग्रहणं पुनरुक्तं, उच्यते—एककालं कदाचिद् वा युगपत् योगित्वात् एवं सूक्तं भवति।
(ख) वृत्ति पत्र १०८ तत्र वाग्ग्रहणेनैव वाक्यस्य गतार्थत्वाद्यत्पुनर्वाक्यग्रहणं करोति तदेव ज्ञापयति—इह वाग्व्यापारस्य प्रचुरतया प्राधान्यं, प्रायशस्तत्प्रवृत्त्यैव प्रतिषेधविधानयोरन्येषां प्रवर्त्तनं भवति।

८. चूर्णि पृष्ठ ३६२ पडिहतं पच्चक्खात पडिसेधितं निवारितमित्यर्थः।

वृत्तिकार ने प्रतिहत का अर्थ —प्रतिस्खलित और प्रत्याख्यान का अर्थ विरति आदि के स्वीकार द्वारा निराकृत किया है।[1]

१०. स्वप्न भी........होता है (सुविणमवि...........कज्जइ)

कुछ दार्शनिक (बौद्ध आदि) मानते हैं कि स्वप्न के मध्य होने वाली कुशल-अकुशल क्रियाओ से कर्म का चय नही होता। क्योकि उस अवस्था मे प्राणी अव्यक्त विज्ञान वाला होता है। उस क्रिया के निष्पादन मे न उसका चित्त है और न उसका अध्यवसाय है।

जैन कहते हैं, प्रत्येक प्राणी मे सोते-जागते अविरति का प्रवाह निरन्तर चालू रहता है। वह एक आश्रव है, कर्म के आगमन का द्वार है। उससे निरन्तर कर्म-बन्ध होता रहता है। स्वप्न मे भी व्यक्ति को अविरति नही छोटती। इसलिए व्यक्ति उस अव्यक्त अवस्था मे भी कर्मों का चय करता है।[2]

सूत्र २-३ :

११. (सूत्र २-३)

शिष्य ने पूछा—जब मन, वाणी और शरीर पाप मे प्रवृत्त नही होते, जब किसी भी सत्त्व की हिंसा नही होती तब पापकर्म का बध नही होता। जो जीव अमनस्क होता है, जिसकी मन, वचन और काया की कोई प्रवृत्ति नही होती, जो स्वप्न भी नही देखता उसके पापकर्म का बंध नही होता। अव्यक्त विज्ञान होने के कारण पापकर्म-बध का कोई हेतु वहा विद्यमान नही है।

पापकर्म का बध तब होता है जब मन, वचन या शरीर पापकारी क्रिया मे प्रवृत्त होता है। मन, वचन या शरीर से प्राणातिपात आदि अठारह पापो मे प्रवृत्त होने पर पापकर्म का बध होता है।

इसका तात्पर्य है कि जो हिंसा करता है, जो समनस्क है, जो मन, वचन और काया मे प्रवृत्ति करता है, जो स्वप्न देखता है, जो इस प्रकार स्पष्ट विज्ञान वाला है, उसके पापकर्म का बध होता है।

एकेन्द्रिय तथा विकलेन्द्रिय जीवों के पाप कर्म का बध नही होता, क्योकि उनमे हिंसा का अध्यवसाय (मन), हिंसा का वचन और हिंसा की प्रवृत्ति नही होती।

यदि इन क्रियाओ के बिना भी कर्म-बध माना जाए तो फिर मुक्त आत्माओ के भी कर्मबध होगा। यह किसी को इष्ट नही है। आकाश के किसी कर्म का बध नही होता, क्योकि वह अमनस्क और निश्चेष्ट है। अत अस्वप्नान्तिक और अविज्ञोपचित कर्म का बध नही होता। यह बौद्धो का पक्ष है।[3]

इसके प्रत्युत्तर मे आचार्य ने कहा—षड्जीवनिकाय कर्मबध के कारण बनते है। जो व्यक्ति इनकी हिंसा का प्रतिबध नही करता, प्रत्याख्यान नही करता, वह निरतर अठारह पापो के प्रति मनसा, वाचा, कर्मणा प्रवृत्त होता रहता है। एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय जीव भी इसके अपवाद नही हैं। उनमे भी पाचों आश्रवो की विद्यमानता है, वे अठारह पापो से अनिवृत्त हैं, इसलिए स्वप्न आदि की अवस्था मे भी वे कर्मों के बधक होते हैं।[4]

१२. प्रशठ (पसढं)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ—सतत, निरतर किया है।[5]

वृत्तिकार ने 'प्रसढ' छाया देकर अर्थ अत्यन्त शठ किया है।[6] इसका तात्पर्यार्थ है—गूढ आचारवाला।

१३. हिंसा में प्रवृत्त (विओवात)

इसकी व्युत्पत्ति करते हुए चूर्णिकार ने कहा है—अतिपात शब्द मे 'अति' का लोप कर 'अति के स्थान पर 'ओ' करने पर 'ओवात' शब्द बनता है। 'वि' उपसर्ग लगने पर 'विओवात' शब्द निष्पन्न होता है। इसका अर्थ है विविध रूप से 'अतिपात'।[7]

---

१. वृत्ति, पत्र १०८ : प्रतिहतं—प्रतिस्खलितं प्रत्याख्यातं—निराकृतं विरतिप्रतिप्रत्यया।
२. चूर्णि, पृष्ठ ३६२ : केसिं स्वप्नान्तिकं कर्म चयं न गच्छतीति, अस्माकं तु स्वप्नान्तिक कर्म्म अविरतप्रत्ययाद् बध्यते।
३. चूर्णि, पृष्ठ ३६२, ३६३, ४२८।
४. वही, पृष्ठ ३६२।
५. चूर्णि, पृष्ठ ३६२ · भृशं शठं प्रशठं, सततं निरन्तरमित्यर्थः।
६. वृत्ति, पत्र ११० : प्रकर्षेण शठः प्रशठः।
७. चूर्णि, पृष्ठ ३६३।

वृत्तिकार ने इसका संस्कृत रूप 'व्यतिपात' देकर इसका अर्थ प्राण-व्यवरोपण किया है।[1] किन्तु 'व्यवपात' से 'विओवात' रूप की निष्पत्ति हो सकती है।

सूत्र ४ :

१४. मिथ्या-संस्थित (मिच्छासंठिए)

कोई व्यक्ति पूर्व उपचार के कारण या व्यवहार निभाने के लिए मित्र के आने पर उठने, आसन देने का विनय करता है, उसमे विश्वास उत्पन्न करता है, किन्तु वह भी असद् भावोपचार ही है, क्योकि अन्तर्-व्रण की भाति उसका अन्तर् भी सदा दुष्ट होता है। असद् भावोपचार के कारण वह व्यक्ति 'मिथ्या सस्थित' होता है।[2]

वृत्तिकार ने यहा उदाई नृप को मारने वाले की कथा का संकेत दिया है।[3]

१५. (णिच्च पसढविओवायचित्तदंडे)

उस व्यक्ति का चित्त निरन्तर हिंसा मे प्रवृत्त रहता है। वह अपने वैरी को मार देने पर भी उपशान्त नही होता। जैसे वीरण स्तम्व (एक सुगधित घास) का मूल परस्पर मे गथा होने के कारण सहज ही उखाडा नही जा सकता, वैसे ही उस व्यक्ति का वैरजनित वध-परिणाम सहज उन्मूलित नही होता। जैसे परशुराम अपने पिता के वधक कार्तवीर्य को मारकर भी उपशान्त नही हुआ और सात वार पृथ्वी पर सारे क्षत्रियो को मौत के घाट उतार डाला, पृथ्वी को नि क्षत्रिय कर डाला।

कहा है—'अपकारसमेन कर्मणा, न नरस्तुष्टिमुपैति शक्तिमान्।
अधिकां कुरुतेऽरियतनां, द्विषतां मूलमशेषमुद्धरेत्॥'[4]

सूत्र ५ :

१६. (सूत्र ५)

मनुष्य के व्यक्तित्व के दो स्तर है—वाहरी व्यक्तित्व और आन्तरिक व्यक्तित्व। वाहरी व्यक्तित्व की पहचान मन, वचन और काया से होती है। आन्तरिक व्यक्तित्व की पहचान आस्रव-चित्त से होती है। उसके अठारह प्रकार निर्दिष्ट है।[5] प्रस्तुत चर्चा व्यक्तित्व के इन दो स्तरो के आधार पर की गई है। मानसिक, वाचिक और कायिक व्यक्तित्व मौन और निष्क्रिय है, फिर भी पाप कर्म का वध होता है। इसका फलित है कि कर्मवध का मूलस्रोत आन्तरिक व्यक्तित्व मे विद्यमान है। मन ही वध और मोक्ष का हेतु है—यह सिद्धान्त जैन दर्शन को मान्य नही है। मन की प्रवृत्ति न होने पर भी पाप कर्म का वध होता रहता है। इस सिद्धान्त ने आन्तरिक चेतना को कर्मवध का उपादान मानकर वाहरी व्यक्तित्व की सीमा को पार कर आन्तरिक व्यक्तित्व तक पहुचने का द्वार उद्घाटित कर दिया।

सूत्र ६ :

१७. (सूत्र ६)

प्रस्तुत छह (१-६) सूत्रो मे न्याय के पाच अवयवो—प्रतिज्ञा, हेतु, दृष्टान्त, उपनय और निगमन—का उल्लेख करते हुए वृत्तिकार ने उनका विवरण प्रस्तुत किया है। वह इस प्रकार है—[6]

प्रतिज्ञा वचन—आया पच्चक्खाणी यावि भवइ····से····पावे य से कम्मे कज्जई। (सूत्र १)
हेतु वचन—तत्थ खलु भगवया छज्जीवणिकाया हेऊ पण्णत्ता····मिच्छादसणसल्ले। (सूत्र ३)
दृष्टान्त वचन—तत्थ खलु भगवया वहए दिट्ठते पण्णत्ते····खण लद्धूण वहिस्सामित्ति पहारेमाणे। (सूत्र ४)
दृष्टान्त में हेतु की सिद्धि—से किं णु हु····हंता भवइ। (सूत्र ४)

---

१. वृत्ति, पत्र ११०।
२. चूर्णि, पृष्ठ ३६४
३. वृत्ति, पत्र १११।
४. चूर्णि, पृष्ठ ३६४।
५. देखें—प्रस्तुत अध्ययन का तीसरा सूत्र।
६. वृत्ति, पत्र ११२।

उपनय वचन—जहा से वहए····णिच्च पसढ-विओवाय-चित्तदंडे। (सूत्र ५)
हेतु का पक्ष धर्मत्व—एवामेव वाले····पावे य से कम्मे कज्जइ। (सूत्र ५)
निगमन—जहा से वहए····णिच्चं-पसढ-विओवाय-चित्तदडे भवइ। (सूत्र ६)
प्रतिज्ञा—अप्रतिहत और अप्रत्याख्यात क्रिया वाली आत्मा पापानुवधी होती है।
हेतु—सदा छह् जीवनिकायो मे वह व्यतिपात चित्तवाला होता है, इसलिए।
दृष्टान्त—राजा आदि को मारने वाला।
उपनय—जैसे यह मारनेवाला व्यक्ति वध-परिणाम से अनिवृत्त होने पर वध्य के लिए अमित्रभूत होता है वैसे ही विरति के अभाव मे आत्मा सभी जीवो के अतिपात के अध्यवसाय वाला होता है।
निगमन—आत्मा ऐसा है, इसलिए वह पापानुवधी है।

चूर्णिकार ने भी इन पाचो अवयवो का नामोल्लेख सक्षिप्त विवरण के साथ किया है। इतना विस्तार उसमे नही है।[1]

सूत्र ७ :

१८. शरीर-समुच्छ्रय (सरीर समुस्सएणं)

चूर्णिकार के अनुसार समुच्छ्रय का अर्थ है—अधिष्ठान। शरीर पाचो इन्द्रियो और मन का अधिष्ठान है।[2]

कुछेक प्राणी इतने सूक्ष्म होते हैं कि वे अपने शरीर-समुच्छ्रय से दृष्ट नही होते।

सस्कृत कोश मे समुच्छ्रय का अर्थ है—ऊचाई।[3]

सूत्र ६—१७ :

१६. (सूत्र ६-१७)

वृत्तिकार ने ईहा, अपोह विमर्श रूप सज्ञा से युक्त प्राणी को सज्ञी कहा है।[4] नदी सूत्र के अनुसार तीन प्रकार की सज्ञाए होती हैं—हेतुवादोपदेशिकी, दीर्घकालिकी और दृष्टिवादोपदेशिकी।[5] प्रस्तुत प्रकरण मे दीर्घकालिकी सज्ञा, जिससे ईहा, उपोह आदि होता है, विवक्षित है।

असज्ञी मे तर्क, सज्ञा, प्रज्ञा और मन नही होता।[6] सज्ञी अथवा समनस्क जीव हिंसा करता है और यह जानता है कि मैं हिंसा कर रहा हूं या करा रहा हू। असज्ञी अथवा अमनस्क जीव भी प्राणातिपात आदि पाप-स्थानो मे प्रवृत्त होते हैं, पर मन के अभाव मे वे यह सोच नही पाते कि हम हिंसा कर रहे है या करवा रहे हैं। मानसिक विकास हो या न हो हिसा का मूल स्रोत—आस्रव प्रत्येक जीव मे होता है, इसलिए प्रत्येक जीव हिंसा आदि पापस्थानो से तब तक जुडा रहता है जब तक कि आन्तरिक स्रोत का निरोध नही कर लेता, अविरति का प्रत्याख्यान कर विरत नही हो जाता।

समनस्क जीव मे मन होता है और अमनस्क जीव मे मन नही होता, इसलिए इन दोनो मे तीव्र और मन्द अध्यवसाय का अन्तर रहता है। अमनस्क प्राणी की चेतना प्रसुप्त, मत्त और मुच्छित मनुष्य की चेतना जैसी होती है और समनस्क प्राणी की चेतना जागृत मनुष्य की चेतना जैसी होती है। फिर भी कर्मबंध का हेतु दोनो मे समानरूप से विद्यमान है। मनुष्य मे वाच्य और अवाच्य का विवेक होता है। असज्ञी मे यह नही होता। मनुष्य मे यह मेरा है, यह पराया है—इस प्रकार की विचारणा होती है। असज्ञी मे ऐसी विचारणा नही होती। पर हिंसा, असत्य और अदत्तादान की अव्यक्त प्रवृत्ति उनमे रहती है। उनमे मैथुन व्यक्त होता है।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३९५।
२ चूर्णि, पृष्ठ ३९५ : इमेण समुस्सएण शरीरं चक्षुरादीणं इन्द्रियाणां मनसश्चाधिष्ठानं····।
३. अभिधान चिन्तामणि कोश ६।६७।
४. वृत्ति, पत्र ११४ : ईहापोहविमर्शरूपा संज्ञा विद्यन्ते येषां ते संज्ञिनः।
५. नंदी, सूत्र ६१।
६. देखें—प्रस्तुत अध्ययन का सत्रहवां सूत्र।

आहार्य द्रव्यो के प्रति परिग्रह भी होता है। मद क्रोध भी होता है। मंद अहकार आदि भी होते हैं। अनभिगृहीत मिथ्यात्व भी होता है।[१]

२०. पर्याप्तियों से पर्याप्त प्राणी हैं (पज्जत्तगा)

चूर्णिकार ने पाच पर्याप्तियों[२] तथा वृत्तिकार ने छहो पर्याप्तितो तथा करणपर्याप्ति से युक्त प्राणी को पर्याप्तक माना है।[३]

२१. असंज्ञी (असण्णि)

पाच स्थावर काय, विकलेन्द्रिय त्रस, सम्मूच्छिम पञ्चेन्द्रिय—ये सब असज्ञी प्राणी हैं। नरक और देवलोक मे जो जीव सम्मूर्च्छनज होते है वे भी अपर्याप्तक और असज्ञी होते हैं।[४] इनमे तर्कणा, प्रज्ञा या सज्ञा नही होती।[५]

तर्कणा—तर्क, मीमांसा, विमर्श—इन तीनो को चूर्णिकार ने एकार्थक माना है।[६] मन्द-मन्द प्रकाश के होने पर और उचित दूरी होने पर संज्ञी प्राणी मे यह तर्कणा होती है कि यह ठूठ है या मनुष्य। असज्ञी मे यह तर्कणा नही होती।

प्रज्ञा—यह ऐसा ही है—इस प्रकार के प्रत्यभिज्ञान को तथा अव्यभिचारी—निश्चित ज्ञान को प्रज्ञा कहा जाता है।

सज्ञा—पूर्वदृष्ट वस्तु की आलोचना करना सज्ञा है।[७] तत्त्वार्थ वृत्ति मे सज्ञा का अर्थ प्रत्यभिज्ञा किया गया है।[८]

२२. मन (मणे)

चूर्णिकार ने मन का अर्थ मनन किया है।[९] उसका तात्पर्य है—मति। तत्त्वार्थ मे 'मति' का यही अर्थ है।[१०]

२३. वाणी (वई)

असज्ञी जीवो के प्रथम पाच प्रकार—पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय और वनस्पतिकाय मे वाक् नही होती, किन्तु द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय तथा समूर्च्छनज पचेन्द्रिय मे वाक् होती है। पर समुच्चयदृष्टि से यहा कहा गया है कि असज्ञी जीवो मे वाक् नही होती। चूर्णिकार ने इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार किया है कि द्वीन्द्रिय आदि त्रस जीवो के जिह्वेन्द्रिय तथा गलरन्ध्र होता है फिर भी उनमे मैं हिंसा करता हू या करवाता हूं—इस प्रकार की अध्यवसायपूर्विका वाक् नही होती। इसलिए उन्हे 'अवाक्' ही कहा गया है।[११]

सूत्र १८ :

२४. सर्वयोनिक भी (सव्वजोणिया वि)

यह शब्द एक महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त की ओर सकेत करता है। जैन परम्परा यह मानती है कि प्रत्येक प्राणी मे यह निश्चित

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ३६८ : एतेऽवि असासता अव्यक्ति चिकिचिकिशब्दं करेमाणा मुसावातातो न विरता भवंति, अप्येवं संज्ञीनां वाच्यावाच्यविशेषोऽस्ति, तेषां तु तदभावात् सर्वमेव मिच्छा भवति, अदत्तमपि तेषामिदमस्मदीयं परकियमिति विचारणाऽसम्भवात् अदत्तादानं सर्वं स्तेयं भवति, यद्यपि किंचिकाष्ठाहारकादि ममीकुर्वन्तो तथापि तत्तेषां केन दत्तमित्यवत्तादान भवति, मैथुनमपि पक्षिकादीनि नपुसकं वेदं वेदयंति आहार्येषु च द्रव्येषु परिग्रह क्रोधोऽप्येषां, न तु तीव्र., जाव मायामोसोत्ति विभासा, मिच्छत्तं अणभिगहितं।

२. चूर्णि, पृष्ठ ३६६ . पंचहिंवि पज्जत्तीहिं पज्जत्तगा।

३. वृत्ति, पत्र ११४ षड्भिरपि पर्याप्तिभि. पर्याप्ता""""पञ्चेन्द्रिया., करणपर्याप्त्या पर्याप्तका.।

४. चूर्णि, पृष्ठ ४०० : जे संमुच्छिमेहिंतो उववज्जंति णेरइयदेवेसु तेऽवि जाव अपज्जत्तगा ताव असण्णी चेव।

५. चूर्णि, पृष्ठ ३६८ : जेंसि णत्थि तक्काइ वा जाव वईति।

६. वही, पृष्ठ ३६८ : तर्को मीमांसा विमर्श इत्यनर्थान्तरं।

७. (क) वही, पृष्ठ ३६८।
   (ख) वृत्ति, पत्र ११५।

८. तत्त्वार्थ वृत्ति।

६. चूर्णि, पृष्ठ ३६८ : मननं मनः मतिरित्यर्थ।

१०. तत्त्वार्थ वृत्ति, पत्र ५८।

११. चूर्णि, पृष्ठ ३६८ : वयतीति वाक् जिह्वेन्द्रियगलविलास्तित्वाद्यपि, वाग् विद्यते द्वीन्द्रियादीनां त्रसानां तथाप्येषां पापं हिंसादि करोमि कारयामि चेत्यध्यवसायपूर्विका न वाक् अवागेव मन्तव्या।

सभावना है कि वह किमी योनि मे जन्म लेने का कर्म कर सकता है। जन्म किसी तरह से प्रतिवद्ध नही है। ऐसा नही होता कि जो मनुष्य है वह मरकर भी सदा मनुष्य ही वनेगा या जो पशु है, तिर्यञ्च योनिक जीव है, वे मरकर सदा उसी योनि मे जन्म लेंगे अथवा देव सदा देव ही रहेगे और नारक सदा नरकावासो मे ही जन्मते रहेगे। मनुष्य कभी पशु बन सकता है, देव और नारक भी बन सकता है। इसी प्रकार देव कभी मनुष्य, कभी नारक और कभी पशु की योनि मे भी जा मकता है। प्रत्येक प्राणी 'सर्वयोनिक' ही होता है।

कुछेक दार्शनिक मानते हैं कि पुरुप पुरुपरूप मे ही जन्म लेता है और पशु पशुरूप मे ही। इसी प्रकार मंज्ञी प्राणी सज्ञी ही होगे और असज्ञी प्राणी अमज्ञी ही होगे।

उन दार्शनिको के मत का निरसन करने के लिए इम शब्द—'मर्वयोनिक' का प्रयोग किया गया है।

प्रश्न होता है कि क्या मज्ञी जीव असज्ञी का कर्मबंध पहले जन्म मे ही कर लेते हैं या नही ? या असज्ञी जीव संज्ञी का कर्मवध पहले जन्म मे ही कर लेते है या नही ?

इमके उत्तर मे 'सर्वयोनिक' का प्रयोग किया गया है। सभी प्राणी 'सर्वयोनिक'—सभी योनि वाले होते हैं। योनिया अनेक प्रकार की हैं—मवृत, विवृत, मवृत-विवृत, शीत, ऊष्ण, शीतोष्ण, सचित्त, अचित्त, मचित्त-अचित्त तथा नरकयोनि, तिर्यञ्चयोनि, मनुष्ययोनि और देवयोनि।

एक जन्म की अपेक्षा से जव तक जीव पूरी पर्याप्तिया नही वाध लेता तव तक वह असज्ञी होता है और मन' पर्याप्ति के वध जाने पर वह सज्ञी हो जाता है। अन्य जन्मो की अपेक्षा से एकेन्द्रिय आदि सभी प्रकार के जीव अन्य-अन्य योनियो में—मनुष्य, पशु, देव, नरक मे जन्म ले मकते हैं। कुछ मंज्ञी होकर पश्चात् अमज्ञी वन जाते हैं और कुछ असज्ञी होकर सज्ञी वन जाते हैं। सारी योनिया कर्म-प्रतिवद्ध होती हैं, इसलिए एक योनि मे दूसरी योनि मे जन्म लेना असभव नही है।

मज्ञी और अमज्ञी होना नैमित्तिक है, नैसर्गिक नही है। ज्ञानावरण कर्म का उदय होता है तव जीव असज्ञी वन जाता है और जव उसका क्षयोपशम होता है तव मज्ञी वन जाता है। जैसे निद्रा का उदय होने पर जागृत पुरुप सो जाता है और निद्रा का क्षय होने पर वह प्रतिवुद्ध हो जाता है और प्रतिवुद्ध मनुष्य फिर सो जाता है। जैसे नीद और जागृति नैमित्तिक है वैसे ही सज्ञित्व और असज्ञित्व नैमित्तिक है। यह जीवो का निमर्ग नही है। इसलिए उनका परस्पर सक्रमण होना विरोधी नही है।[1]

'मव्वजोणिया वि'—इसमे प्रयुक्त 'अपि' शब्द इस वात का भी द्योतक है कि कुछ प्राणी कभी-कभी जिस योनि मे मरते हैं, उसी योनि मे पुन उत्पन्न हो जाते हैं, जैसे मनुष्यरूप मे मरकर पुन मनुष्य और तिर्यञ्च रूप मे मरकर पुन· तिर्यञ्च हो जाते हैं।

२५. (सूत्र १८)

प्रस्तुत सूत्र मे सूत्रकार ने चतुर्भंगी का प्रतिपादन किया है—

१ असज्ञीकाय से सज्ञीकाय मे संक्रमण करना।

२, सज्ञीकाय से असज्ञीकाय मे सक्रमण करना।

३ संज्ञीकाय मे संज्ञीकाय मे सक्रमण करना।

४ असज्ञीकाय से असज्ञीकाय मे सक्रमण करना।

इस चतुर्भंगी से भी जीवो की 'सर्वयोनिकता' सिद्ध होती है। चूर्णिकार और वृत्तिकार ने यह भी कहा है कि जव नारको के कर्म कुछ अविशिष्ट रह जाते हैं (सावशेपकर्माण) तव वे नरक से निकल कर तिर्यञ्च योनि मे जन्म लेते हैं। इसी प्रकार जव देव अपने कर्मो का प्राय भोग कर चुकते हैं (कुछ शेप रह जाते हैं) तव वे वहा से च्युत होकर शुभस्थानो मे ही उत्पन्न होते हैं।[3]

प्रस्तुत सूत्र मे चार अवस्थाओ के द्योतक चार शब्द प्रयुक्त हुए हैं। एक प्राणी वर्तमान जन्म से दूसरे जन्म मे सक्रमण करता है, उसके चार हेतु इन चार शब्दो मे निर्दिष्ट है। उनकी व्याख्या चूर्णिकार ने इस प्रकार की है[4]—

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ३९९, ४००।
(ख) वृत्ति, पत्र ११६, ११७।

२. चूर्णि, पृष्ठ ४०० एवं संज्ञित्वं जीवानां नैमित्तिकं न निसर्गिकमिति बोद्धव्यं यस्माच्चैषां कायानां न निसर्गो संज्ञित्वमसंज्ञित्वं वा तस्मादन्योऽन्यसंक्रमत्वमविरुद्धं।

३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४००।
(ख) वृत्ति, पत्र ११७।

४. चूर्णि, पृष्ठ ४००।

(१) अविविक्त—बधे हुए कर्म प्राणी से पृथक् नही होते, इसलिए उसे जन्मान्तर मे सक्रमण करना होता है। कुछ कर्मो का पृथक्करण हो जाता है फिर भी उनका समग्रतया विशोधन नही होता, इसलिए उन अवशिष्ट कर्मो के द्वारा प्रस्तुत जन्म से उद्वर्तन कर उनके अनुरूप स्थान मे उत्पन्न हो जाते हैं। जैसे—नैरयिक अपने कर्म के अनुरूप तिर्यञ्च गति मे और देवता मनुष्य गति मे।

(२) अविधूत—जैसे वस्त्र को झटक कर धोया जाता है, इसी प्रकार कर्मो को प्रकपित कर देने पर भी वे शेप रह जाते है, इसलिए जीव को पुनर्जन्म लेना होता है।

(३) असमुच्छिन्न—कर्मो का समग्रतया उच्छेद नही होता, इसलिए पुनर्जन्म प्राप्त होता है।

(४) अननुतप्त—हिंसा आदि प्रवृत्तियो से कर्म का उपचय कर अनुताप नही किया जाता, उनके वध का शिथिलीकरण नही किया जाता, उस स्थिति मे वे प्रगाढ होकर अपना विपाक देते है। फलस्वरूप जन्मान्तर मे सक्रमण होता है।

एक जन्म से दूसरे जन्म मे जाने का प्रधान हेतु है—कर्म। उसकी परम्परा चालू रहती है। पूर्वाजित कर्म सर्वथा क्षीण नही होते और नए कर्म वधते रहते है। इसलिए उनके अनुरूप सज्ञित्व और असज्ञित्व भी उपलव्ध होता रहता है।

चूर्णिकार ने वैकल्पिक रूप मे[1] तथा वृत्तिकार ने मुख्य रूप मे इन चारो शव्दो को एकार्थक और वैकल्पिकरूप मे इनको अवस्था विशेष का द्योतक माना है।[2]

सूत्र १९ :

२६. (सूत्र १९)

सूत्रकार का प्रतिपादन है कि जीव चाहे सज्ञी हो या असज्ञी, पहले सज्ञी होकर वाद मे असज्ञी हो या पहले असज्ञी होकर वाद मे सज्ञी हो, किसी भी योनि मे क्यो न हो, उन सवके कर्मवन्ध होता है। क्योकि वे सव अप्रत्याख्यानी है और वे सव जीवो के प्रति व्यतिपात चित्तवाले होते हैं। इस प्रकार वे सभी अठारह पापो मे प्रवर्तमान रहते हैं। ये पाप-द्वार कर्मवध के मूल हैं।

यदि कोई यह तर्क करे कि उनमे अशुभयोग की प्रवृत्ति नही होती फिर पापकर्म का वध कैसे होता है? इसका उत्तर यह है कि उनमे विरति का अभाव है और वह न होने के कारण उन जीवो मे उन पाप कर्मो के निष्पादन की योग्यता है, इसलिए कर्मवन्ध होता है।

सूत्र २१ :

२७. (सूत्र २१)

प्रश्नकर्त्ता अप्रत्याख्यानी के कर्मवध होने की वात को सुनकर तथा उसके फल-विपाक से भयभीत होकर आचार्य से पूछता है कि प्राणी सयत, विरत, प्रतिहत-प्रत्याख्यात-पापकर्मा कैसे होता है? किस प्रकार के व्रत, तपस्या, धर्म, नियम, शील, सयम का पालन करना पडता है?

तव आचार्य उसे पड्जीवनिकाय के प्रति प्रयुक्त हिंसा का स्पष्ट वोध कराते हुए यह प्रतिपादित करते हैं कि सयम की पृष्ठभूमि मे पड्जीवनिकाय हेतुभूत है। जैसे अप्रत्याख्यानी के लिए पड्जीवनिकाय ससार-भ्रमण का हेतु वनता है वैसे ही प्रत्याख्यानी के लिए वह मोक्ष का हेतु वनता है। कहा भी है—

'जे जत्तिया य हेऊ भवस्स ते चेव तत्तिया मोक्खे।
गणणाईया लोगा दोण्हवि पुण्णा भवे तुल्ला॥'

—जितने हेतु भव—जन्म-मरण के हैं, उतने ही हेतु मोक्ष के है। दोनो तुल्य हैं।

आचार्य इस प्रसंग मे आत्मौपम्य की वात कहते हैं और 'आयतुले पयासु' का स्पष्ट दिशा-निर्देश करते हैं।

इसमे धर्म के लिए तीन विशेषण प्रयुक्त हैं—ध्रुव, नित्य और शाश्वत।

ध्रुव—अप्रच्युत, अनुत्पन्न, स्थिर स्वभाव वाला।

नित्य—परिणामिनित्य होने पर भी अपने स्वरूप को स्थिर रखने वाला।

शाश्वत—सूर्य की भांति सदा रहने वाला, दूसरो द्वारा अवितर्कित, युक्तिसगत।[3]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४०० : अहवा सव्वाणि एगट्ठियाणि।

२. वृत्ति पत्र ११७ : चत्वारोऽप्येकार्थिका अवस्थाविशेषं वाऽऽश्रित्य भेदेन व्याख्यातव्या.।

३. वृत्ति, पत्र ११७।

पंचमं अज्झयणं

आयारसुयं

पांचवां अध्ययन

आचारश्रुत

आमुख

प्रस्तुत अध्ययन मे आचार का वर्णन है, इसलिए इसका नाम 'आचारश्रुत' है। निर्युक्तिकार ने इसका दूसरा नाम 'अनगारश्रुत' बतलाया है।[1] वृत्तिकार ने भी मतान्तर का उल्लेख कर इसकी पुष्टि की है।[2] इसमे अनाचार को जानने का निर्देश है, इसलिए इसे 'अनाचारश्रुत' भी कहा जा सकता है।[3]

निर्युक्तिकार के अनुसार आचार और श्रुत की जानकारी पहले दी जा चुकी है।[4] चूर्णिकार ने इसे स्पष्ट करते हुए लिखा है—आचार के निक्षेप की जानकारी दशवैकालिक के तीसरे अध्ययन 'क्षुल्लिकाचार कथा' मे और श्रुत के निक्षेपो की जानकारी उत्तराध्ययन के प्रथम अध्ययन 'विनयश्रुत' म उपलब्ध है।[5]

इस अध्ययन का दार्शनिक फलित यह है कि एकान्तवाद मिथ्या है, अव्यवहार्य है, अनेकान्तवाद सम्यग् है, व्यवहार्य है। जो दार्शनिक लोक को एकान्तत शाश्वत या अशाश्वत, शास्ता (प्रवर्त्तक) को एकान्तत नित्य या अनित्य, प्राणी को एकान्तत कमवद्ध या कर्ममुक्त, एकान्तत सदृश या विसदृश मानते हैं, वे मिथ्या प्रवाद करते है।

अनेकान्तवाद के अनुसार व्यवहार इस प्रकार घटित होगा—

- लोक शाश्वत भी है और अशाश्वत भी।
- भव्य प्राणी मुक्त भी होगे और मुक्त नही भी होगे।
- प्राणी कर्म-वद्ध भी हैं और कर्म-वद्ध नही भी हैं।
- प्राणी सदृश भी हैं और प्राणी विसदृश भी हैं।
- छोटे-वड़े प्राणी को मारने से कर्म-वन्ध सदृश भी होता है और विसदृश भी।
- आधाकर्म का उपभोग करने से कर्म-वन्ध होता भी है और नही भी होता।
- पाचो शरीर एक भी हैं और भिन्न भी हैं।
- सर्वत्र शक्ति है भी और सर्वत्र शक्ति नही भी है।

सूत्रकार ने सतरह श्लोको (१२-२८) मे सतरह प्रतिपक्षी युगलो का कथन किया है। ये सव सम्यक्त्व की पृष्ठभूमी वनते है, इसलिए इनके अस्तित्व को स्वीकार करने और नास्तित्व को स्वीकार न करने का परामर्श देते है। इन युगलो से उस समय की दार्शनिक मान्यताओ का भी वोध होता है। कुछ दार्शनिक जीव, धर्म, वन्ध, पुण्य, देवता, स्वर्ग आदि को स्वीकार करते थे और कुछ इनको नकारते थे। जैन दर्शन इन सवके अस्तित्व को स्वीकार करता है।

अतिम तीन पद्यो (३०-३२) मे मुनि के लिए वाणी-विवेक के विन्दु निर्दिष्ट है—

- यह सपूर्ण है, यह अक्षत—नित्य है, क्षणिक है, केवल दु खात्मक है—ऐसा न कहे।
- प्राणी वध्य है या अवध्य—ऐसा न वोले।
- दान देने वाले को (दान देते समय) पुण्य होता है, पाप होता है या पुण्य नही होता, पाप नही होता—ऐसा न वोले।

इस प्रकार इस अध्ययन मे व्यावहारिक अनाचारो का कथन न कर, सैद्धान्तिक अनाचार—एकान्तवाद का सेवन न करने के लिए परामर्श दिया गया है। यह दर्शन—दृष्टि और वचन का अनाचार हे। अनेकान्त है दर्शन और स्याद्वाद हे वाणी का आचार।

यहा आचार शब्द का प्रयोग दर्शन-आचार और वाक्-आचार के अर्थ मे हुआ है। दशवैकालिक के सातवे अध्ययन मे वाक्-आचार के सन्दर्भ मे 'विणय' शब्द का प्रयोग मिलता है।[6]

---

१. निर्युक्ति गाथा, १८३ ·········तो अणगारसुयंति य होई नामं तु एयस्स।
२. वृत्ति, पत्र ११६ : केषाञ्चिन्मतेनैतस्याध्ययनस्य अनगारश्रुतमित्येतन्नाम भवतीति।
३. चूर्णि, पृष्ठ ४०२ : अनाचार इह वर्ण्यते इत्यतो अनाचारश्रुतं।
४. निर्युक्ति गाथा, १८२ : आयारसुयं भणियं······।
५. चूर्णि, पृष्ठ ४०२ आयारस्स जहा खुड्डियाचारए, सुत्तस्स जहा विणयसुत्ते।
६. दसवेआलियं ७/१·········दोण्हं तु विणयं सिक्खे।

पंचमं अज्झयणं : पांचवां अध्ययन

आयारसुयं : आचारश्रुत

मूल	संस्कृत छाया	हिन्दी अनुवाद
१. आदाय बंभचेरं च आसुपण्णे इमं वइं। अस्सि धम्मे अणायारं णायरेज्ज कयाइ वि ॥	आदाय ब्रह्मचर्यं च, आशुप्रज्ञ इमां वाचम् । अस्मिन् धर्मे अनाचारं, नाचरेत् कदाचिदपि ॥	१. आशुप्रज्ञ[१] पुरुष ब्रह्मचर्य[२] और इस वचन को स्वीकार कर इस धर्म मे कभी भी अनाचार का[३] आचरण न करे—वाणी के आचार का अतिक्रमण न करे।
२. अणादीयं परिण्णाय अणवदग्गं ति वा पुणो। सासयमसासए वा इइ दिट्ठि ण धारए॥	अनादिकं परिज्ञाय, अनवदग्र इति वा पुन. । शाश्वतं अशाश्वतं वा, इति दृष्टिं न धारयेत् ॥	२. इस (जगत्) को अनादि-अनन्त या सादि-सान्त (बतलाया जाता है)—ऐसा जानकर यह शाश्वत है या अशाश्वत है—ऐसी दृष्टि को धारण न करे।[४]
३. एएहिं दोहिं ठाणेहिं ववहारो ण विज्जई। एएहिं दोहिं ठाणेहिं अणायारं विजाणए॥	एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्या, व्यवहारो न विद्यते । एताभ्या द्वाभ्यां स्थानाभ्या, अनाचारं विजानीयात् ॥	३. इन दोनो स्थानो से व्यवहार घटित नही होता।[५] इन दोनो स्थानो से अनाचार होता है—ऐसा जाने।[६]
४. समुच्छिज्जिहिंति सत्थारो सव्वे पाणा अणेलिसा। गंठिगा वा भविस्सति, सासयं ति व णो वए॥	समुच्छेत्स्यन्ति शास्तार, सर्वे प्राणा अनीदृशा· । ग्रन्थिका वा भविष्यन्ति, शाश्वत इति वा नो वदेत् ॥	४ शास्ता उच्छिन्न होगे। सब प्राणी (एक दूसरे से) अनीदृश हैं। सब प्राणी ग्रन्थिक (कर्मबद्ध) होगे अथवा शास्ता शाश्वत होगे, सब प्राणी सदृश या कर्ममुक्त होगे—ऐसा न बोले।[७]
५. एएहिं दोहिं ठाणेहिं ववहारो ण विज्जई। एएहिं दोहिं ठाणेहिं अणायारं विजाणए।	एताभ्या द्वाभ्या स्थानाभ्या व्यवहारो न विद्यते। एताभ्या द्वाभ्या स्थानाभ्या, अनाचारं विजानीयात् ॥	५. इन दोनो स्थानो से व्यवहार घटित नही होता। इन दोनो स्थानो से अनाचार होता है—ऐसा जाने।
६. जे केइ खुड्डुगा पाणा अदुवा संति महालया। सरिसं तेहिं वेरं ति असरिसं ति य णो वए॥	ये केचिद् क्षुद्रका. प्राणा, अथवा सन्ति महालाया । सदृश तेषा वैरमिति, असदृश इति च नो वदेत् ॥	६ जो कोई छोटे प्राणी हैं अथवा बडे प्राणी हैं (उन्हे मारने पर) कर्म का बन्ध सदृश होता है या असदृश होता है—ऐसा न बोले।
७. एएहिं दोहिं ठाणेहिं ववहारो ण विज्जई। एएहिं दोहिं ठाणेहिं अणायार विजाणए॥	एताभ्यां द्वाभ्या स्थानाभ्या, व्यवहारो न विद्यते। एताभ्या द्वाभ्या स्थानाभ्या, अनाचारं विजानीयात् ॥	७ इन दोनो स्थानो से व्यवहार घटित नही होता। इन दोनो स्थानो से अनाचार होता है—ऐसा जाने।[८]

८. अहाकम्माणि भुंजंति
अण्णमण्णे सकम्मुणा ।
उवलित्ते त्ति जाणिज्जा
अणुवलित्ते त्ति वा पुणो ॥

आधाकर्माणि भुञ्जते,
अन्योन्यस्य कर्मणा ।
उपलिप्तान् इति जानीयाद्,
अनुपलिप्तान् इति वा पुनः ॥

८. मुनि आधाकर्म[1] आहार खाते हैं (सब आधाकर्म आहार खानेवाले और मुनि के लिए आधाकर्म आहार बनाकर देनेवाले गृहस्थ) परस्पर एक दूसरे को[2] कर्म से उपलिप्त होते हैं या नहीं होते, ऐसा न कहे ।

९. एएहिं दोहिं ठाणेहिं
ववहारो ण विज्जई ।
एएहिं दोहिं ठाणेहिं
अणायारं विजाणए ॥

एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्यां,
व्यवहारो न विद्यते ।
एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्याम्
अनाचारं विजानीयात् ।

९. इन दोनों स्थानों से व्यवहार घटित नहीं होता । इन दोनों स्थानों से अनाचार होता है—ऐसा जाने ।

१०. जमिदं ओरालमाहारं
कम्मगं च तमेव य ।
सव्वत्थ वीरियं अत्थि
णत्थि सव्वत्थ वीरियं ॥

यदिदं औदारं आहारं,
कार्मकं च तदेव च ।
सर्वत्र वीर्यमस्ति,
नास्ति सर्वत्र वीर्यम् ।

१०. ये जो औदारिक, आहारक और कर्म शरीर हैं (ये सब अभिन्न हैं या भिन्न हैं ऐसा न कहे) । सर्वत्र शक्ति है अथवा सर्वत्र शक्ति नहीं है (ऐसा न कहे) ।[3]

११. एएहिं दोहिं ठाणेहिं
ववहारो ण विज्जई ।
एएहिं दोहिं ठाणेहिं
अणायारं विजाणए ॥

एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्यां,
व्यवहारो न विद्यते ।
एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्याम्
अनाचारं विजानीयात् ॥

११. इन दोनों स्थानों से व्यवहार घटित नहीं होता । इन दोनों स्थानों से अनाचार होता है—ऐसा जाने ।

१२. णत्थि लोए अलोए वा
णेवं सण्णं णिवेसए ।
अत्थि लोए अलोए वा
एवं सण्णं णिवेसए ॥

नास्ति लोकः अलोको वा,
नैव संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति लोकः अलोको वा,
एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥

१२. लोक अथवा अलोक नहीं है—ऐसी संज्ञा निर्मित न करे । लोक अथवा अलोक है—ऐसी संज्ञा निर्मित करे ।

१३. णत्थि जीवा अजीवा वा
णेवं सण्णं णिवेसए ।
अत्थि जीवा अजीवा वा
एवं सण्णं णिवेसए ॥

न सन्ति जीवा अजीवा वा,
नैव संज्ञां निवेशयेत् ।
सन्ति जीवा अजीवा वा,
एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥

१३. जीव अथवा अजीव नहीं है—ऐसी संज्ञा निर्मित न करे । जीव अथवा अजीव है—ऐसी संज्ञा निर्मित करे ।

१४. णत्थि धम्मे अधम्मे वा
णेवं सण्णं णिवेसए ।
अत्थि धम्मे अधम्मे वा
एवं सण्णं णिवेसए ॥

नास्ति धर्मः अधर्मो वा,
नैव संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति धर्मः अधर्मो वा,
एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥

१४. धर्म अथवा अधर्म नहीं है—ऐसी संज्ञा निर्मित न करे । धर्म अथवा अधर्म है—ऐसी संज्ञा निर्मित करे ।

१५. णत्थि बंधे व मोक्खे वा
णेवं सण्णं णिवेसए ।
अत्थि बंधे व मोक्खे वा
एवं सण्णं णिवेसए ॥

नास्ति बन्धो वा मोक्षो वा,
नैवं संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति बन्धो वा मोक्षो वा,
एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥

१५. बन्ध अथवा मोक्ष नहीं है—ऐसी संज्ञा निर्मित न करे । बन्ध अथवा मोक्ष है—ऐसी संज्ञा निर्मित करे ।

१६. णत्थि पुण्णे व पावे वा
णेवं सण्णं णिवेसए ।
अत्थि पुण्णे व पावे वा
एवं सण्णं णिवेसए ॥

नास्ति पुण्यं वा पापं वा,
नैवं संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति पुण्यं वा पापं वा,
एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥

१६. पुण्य अथवा पाप नहीं है—ऐसी संज्ञा निर्मित न करे । पुण्य अथवा पाप है—ऐसी संज्ञा निर्मित करे ।

१७. णत्थि आसवे संवरे वा
णेवं सण्णं णिवेसए।
अत्थि आसवे संवरे वा
एवं सण्णं णिवेसए॥

नास्ति आस्रवः संवरो वा,
नैवं सज्ञा निवेशयेत्।
अस्ति आस्रवः सवरो वा,
एव सज्ञा निवेशयेत्॥

१७. आस्रव अथवा संवर नही है—ऐसी सज्ञा निर्मित न करे। आस्रव अथवा सवर है—ऐसी सज्ञा निर्मित करे।

१८. णत्थि वेयणा णिज्जरा वा
णेवं सण्णं णिवेसए।
अत्थि वेयणा णिज्जरा वा
एव सण्णं णिवेसए॥

नास्ति वेदना निर्जरा वा,
नैव सज्ञा निवेशयेत्।
अस्ति वेदना निर्जरा वा,
एव संज्ञा निवेशयेत्॥

१८ वेदना अथवा निर्जरा नही है—ऐसी सज्ञा निर्मित न करे। वेदना अथवा निर्जरा है—ऐसी सज्ञा निर्मित करे।

१९. णत्थि किरिया अकिरिया वा
णेवं सण्णं णिवेसए।
अत्थि किरिया अकिरिया वा
एवं सण्णं णिवेसए॥

नास्ति क्रिया अक्रिया वा,
नैव संज्ञा निवेशयेत्।
अस्ति क्रिया अक्रिया वा,
एव संज्ञा निवेशयेत्॥

१९ क्रिया अथवा अक्रिया नही है—ऐसी सज्ञा निर्मित न करे। क्रिया अथवा अक्रिया है—ऐसी सज्ञा निर्मित करे।

२०. णत्थि कोहे व माणे वा
णेवं सण्णं णिवेसए।
अत्थि कोहे व माणे वा
एवं सण्णं णिवेसए॥

नास्ति क्रोधो वा मानो वा,
नैव संज्ञा निवेशयेत्।
अस्ति क्रोधो वा मानो वा,
एवं सज्ञा निवेशयेत्॥

२०. क्रोध अथवा मान नही है—ऐसी सज्ञा निर्मित न करे। क्रोध अथवा मान है—ऐसी सज्ञा निर्मित करे।

२१. णत्थि माया व लोभे वा
णेव सण्णं णिवेसए।
अत्थि माया व लोभे वा
एवं सण्णं णिवेसए॥

नास्ति माया वा लोभो वा,
नैव सज्ञा निवेशयेत्।
अस्ति माया वा लोभो वा,
एव सज्ञा निवेशयेत्॥

२१ माया अथवा लोभ नही है—ऐसी सज्ञा निर्मित न करे। माया अथवा लोभ है—ऐसी सज्ञा निर्मित करे।

२२. णत्थि पेज्जे व दोसे वा
णेवं सण्णं णिवेसए।
अत्थि पेज्जे व दोसे वा
एवं सण्णं णिवेसए॥

नास्ति प्रेयान् वा दोषो वा,
नैव सज्ञा निवेशयेत्।
अस्ति प्रेयान् वा दोषो वा,
एव सज्ञा निवेशयेत्॥

२२ राग अथवा द्वेष नही है—ऐसी सज्ञा निर्मित न करे। राग अथवा द्वेष है—ऐसी सज्ञा निर्मित करे।

२३. णत्थि चाउरंते संसारे
णेवं सण्णं णिवेसए।
अत्थि चाउरंते संसारे
एवं सण्णं णिवेसए॥

नास्ति चातुरन्त ससारः,
नैव सज्ञा निवेशयेत्।
अस्ति चातुरन्त ससार,
एवं सज्ञा निवेशयेत्॥

२३ चातुरन्त ससार नही है—ऐसी सज्ञा निर्मित न करे। चातुरन्त ससार है—ऐसी सज्ञा निर्मित करे।

२४. णत्थि देवो व देवी वा
णेवं सण्णं णिवेसए।
अत्थि देवो व देवी वा
एवं सण्णं णिवेसए॥

नास्ति देवो वा देवी वा,
नैवं सज्ञा निवेशयेत्।
अस्ति देवो वा देवी वा,
एव सज्ञा निवेशयेत्॥

२४ देव अथवा देवी नही है—ऐसी सज्ञा निर्मित न करे। देव अथवा देवी है—ऐसी सज्ञा निर्मित करे।

२५. णत्थि सिद्धी असिद्धी वा
णेवं सण्णं णिवेसए।
अत्थि सिद्धी असिद्धी वा
एवं सण्णं णिवेसए॥

नास्ति सिद्धि असिद्धि वा,
नैव सज्ञा निवेशयेत्।
अस्ति सिद्धि असिद्धि वा,
एवं सज्ञा निवेशयेत्॥

२५ सिद्धि अथवा असिद्धि नही है—ऐसी सज्ञा निर्मित न करे। सिद्धि अथवा असिद्धि है—ऐसी सज्ञा निर्मित करे।

२६. णत्थि सिद्धी णियं ठाणं
णेवं सण्णं णिवेसए ।
अत्थि सिद्धी णियं ठाणं
एवं सण्णं णिवेसए ॥

नास्ति सिद्धिः नियतं स्थानं,
नैवं संज्ञा निवेशयेत् ।
अस्ति सिद्धिः नियतं स्थानं,
एवं संज्ञा निवेशयेत् ॥

२६ सिद्धि नियत स्थान नही है, ऐसी संज्ञा निर्मित न करे । सिद्धि नियत स्थान है, ऐसी संज्ञा निर्मित करे ।

२७. णत्थि साहू असाहू वा
णेवं सण्णं णिवेसए ।
अत्थि साहू असाहू वा
एवं सण्णं णिवेसए ॥

नास्ति साधुः असाधुः वा,
नैवं संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति साधुः असाधुः वा,
एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥

२८. साधु अथवा असाधु नही है—ऐसी संज्ञा निर्मित न करे । साधु अथवा असाधु है—ऐसी संज्ञा निर्मित करे ।

२८. णत्थि कल्लाणे पावे वा
णेवं सण्णं णिवेसए ।
अत्थि कल्लाणे पावे वा
एवं सण्णं णिवेसए ॥

नास्ति कल्याणं पापं वा,
नैवं संज्ञा निवेशयेत् ।
अस्ति कल्याणं पापं वा,
एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥

२८. कल्याण अथवा पाप नही है—ऐसी संज्ञा निर्मित न करे । कल्याण अथवा पाप है—ऐसी संज्ञा निर्मित करे ।[12]

२९. कल्लाणे पावए वा वि
ववहारो ण विज्जइ ।
जं वेरं तं ण जाणंति
समणा बालपंडिया ॥

कल्याणं पापकं वाऽपि,
व्यवहारो न विद्यते ।
यद् वैरं तन्न जानन्ति,
श्रमणाः बालपण्डिता ॥

२९ एकान्तत कल्याण और पाप[13] कहने से व्यवहार घटित नही होता । (एकान्तत कल्याण या पाप का सिद्धान्त या कथन) जो वैर (कर्म) उत्पन्न करता है उसे पडितमानी अज्ञानी श्रमण नही जानते ।

३०. असेसं अक्खयं वावि
सव्वं दुक्खे ति वा पुणो ।
वज्झा पाणा अवज्झ त्ति
इति वायं ण णीसिरे ॥

अशेषं अक्षतं वापि,
सर्वं दुःखमिति वा पुनः ।
वध्याः प्राणाः अवध्याः इति,
इति वाचं न निसृजेत् ॥

३०. यह अशेष है, अक्षत है, सब दुःख है,[14] (सिंह आदि हिंसक) प्राणी वध्य हैं अथवा अवध्य[15]—ऐसा न बोले ।

३१. दीसंति णिहुअप्पाणो
भिक्खुणो साहुजीविणो ।
एए मिच्छोवजीवित्ति
इति दिट्ठिं ण धारए ॥

दृश्यन्ते निभृतात्मानः,
भिक्षवः साधुजीविनः ।
एते मिथ्योपजीविनः,
इति दृष्टिं न धारयेत् ॥

३१ संयत आत्मावाले साधुजीवी भिक्षु दिखाई देते हैं । फिर भी ये मिथ्याजीवी हैं—ऐसी दृष्टि धारण न करे ।[16]

३२. दक्खिणाए पडिलंभो
अत्थि वा णत्थि वा पुणो ।
ण वियागरेज्ज मेहावी,
संतिमग्गं च बूहए ॥

दक्षिणाया प्रतिलम्भः,
अस्ति वा नास्ति वा पुनः ।
न व्यागृणीयात् मेधावी,
शान्तिमार्गं च बृंहयेत् ॥

३२ दक्षिणा देने से प्रतिलभ (दाता को पुण्य) होता है अथवा नही होता है, मेधावी ऐसा न कहे, शान्तिमार्ग की वृद्धि करे ।[17]

३३. इच्चेएहिं ठाणेहिं
जिणे दिट्ठेहिं संजए ।
धारयंते उ अप्पाणं
आमोक्खाए परिव्वएज्जासि ॥

इत्येतेषु स्थानेषु,
जिनैः दृष्टेषु संयतः ।
धारयंस्तु आत्मानं,
आमोक्षाय परिव्रजेत् ।

३३ संयमी पुरुष तीर्थंकरो द्वारा दृष्ट इन स्थानो मे आत्मा को धारण करता हुआ मोक्ष होने तक परिव्रजन करे ।

—त्ति बेमि ॥

—इति ब्रवीमि ॥

—ऐसा मैं कहता हूं ।

अध्ययन ५ : टिप्पण

श्लोक १ :

१. आशुप्रज्ञ (आसुपण्णे)

चूर्णिकार ने इस शब्द से तीर्थंकर का ग्रहण किया है, क्योंकि आगे के दो शब्द 'इय वइ' इस बात के द्योतक है कि तीर्थंकर निश्चित ही धर्मोपदेश करते हैं। केवली धर्मोपदेश करते भी है और नही भी। इसलिए यहा तीर्थंकर का ग्रहण ही उचित है।[1]

वृत्तिकार ने पटुप्रज्ञ, सद्-असद् विवेक से युक्त व्यक्ति को आशुप्रज्ञ माना है। वैकल्पिक रूप मे सर्वज्ञ को आशुप्रज्ञ कहा है।[2]

२. ब्रह्मचर्य (बंभचेरं)

ब्रह्मचर्य के अनेक अर्थ हैं। चूर्णिकार ने आचार, आचरण, सवर, सयम और ब्रह्मचर्य को एकार्थक माना है।[3] वृत्तिकार के अनुसार जिस प्रवचन मे सत्य, तप, प्राणीदया, इन्द्रिय-निरोध के अनुष्ठान हैं, उस निर्ग्रन्थ प्रवचन को ब्रह्मचर्य कहा जाता है।[4] ब्रह्मचर्य का एक अर्थ गुरुकुलवास भी होता है।[5]

३. अनाचार का (अणायारं)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ अकर्त्तव्य[6] और वृत्तिकार ने सावद्य अनुष्ठान किया है।[7] किन्तु प्रकरण की दृष्टि से इसका अर्थ 'एकान्तदृष्टि' होना चाहिए। जो एकान्तदृष्टि से सोचा जाता है या कहा जाता है, वह तत्त्व के प्रति अनाचार है, मिथ्याकथन है। वृत्तिकार ने दूसरे श्लोक मे प्रयुक्त 'अणवदग' शब्द की व्याख्या मे कहा है—एकनयदृष्ट्याऽवधारणात्मकप्रत्ययमनाचारम्।[8]

श्लोक २ :

४. (श्लोक २)

प्रस्तुत श्लोक मे जगत् की नित्यता या अनित्यता के विषय मे ऊहापोह है। कुछ दार्शनिक शाश्वतवादी हैं और कुछ अशाश्वत-वादी। साख्यदर्शन के अनुसार द्रव्य अनादि और अनन्त है। बौद्ध दर्शन के अनुसार द्रव्य सादि और सान्त है—उत्पन्न होता है और नष्ट हो जाता है। ये दोनो दृष्टिया—ऐकान्तिक शाश्वतवाद और ऐकान्तिक अशाश्वतवाद—दोषपूर्ण हैं। इसलिए तीसरी दृष्टि के अवलबन का यहा निर्देश दिया गया है। वह है—शाश्वत-अशाश्वतवाद।

श्लोक ३ :

५. व्यवहार घटित नहीं होता (ववहारो ण विज्जइ)

कारण सर्वदा नित्य नही है। कार्य भी सर्वदा नित्य नही है। कार्य का भी एकान्तत: प्रक्षय नही होता। इस दृष्टि से यह जगत् 'ऐसा नही था'—ऐसी बात नही है। इस आधार पर व्यवहार स्वय प्रवृत्त है। इसका किसी ने प्रवर्त्तन नही किया है। किसी

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४०३ : आसु प्रज्ञा यस्य भवति स आसुप्रज्ञो, केवली तीर्थंकर एव तस्य वक्तव्यव्यापार 'तीर्थप्रवर्त्तनफलं यत्प्रोक्तं० अन्ये तु केवलिनो धर्मोपदेशं प्रति भजनीयाः।

२. वृत्ति, पत्र ११९ : आशुप्रज्ञ. पटुप्रज्ञ सदसद्विवेकज्ञ'''' ''''यदिवाऽऽशुप्रज्ञः सर्वज्ञ:।

३. चूर्णि, पृष्ठ ४०३ : आचारोत्ति वाऽऽचरणंति वा संवरोत्ति वा संजमोत्ति वा बंभचेरंति वा एगट्ठं।

४. वृत्ति, पत्र ११९ : ब्रह्मचर्य—सत्यतपोभूतदयेन्द्रियनिरोधलक्षणम्।

५. सूयगडो १, १/७२, पृष्ठ ६७, टिप्पण नं० १३३।

६. चूर्णि, पृष्ठ ४०३ : अनाचारः अकर्त्तव्यमित्यर्थं।

७. वृत्ति, पत्र ११९ : अनाचरं—सावद्यानुष्ठानरूपम्।

८. वृत्ति, पत्र १२०।

व्यक्ति को व्यवहार का प्रवर्त्तक मानने पर अनवस्थादोष घटित होता है।

यह जगत् व्यवहारशून्य नहीं है। व्यवहार के द्वारा प्रतिवस्तु मे अवस्थित अस्तित्व का दर्शन या व्यवहरण किया जाता है।[1] व्यवहार भेदात्मक या विभागात्मक दृष्टिकोण है। उसके द्वारा वस्तु की व्यवस्था होती है अथवा प्रत्येक वस्तु मे विद्यमान विशेषता या भेद को समझा जा सकता है। एकान्त शाश्वतवाद और एकान्त अशाश्वतवाद के द्वारा प्रसिद्ध व्यवहारो की व्याख्या नही की जा सकती। इसे स्पष्ट करने के लिए चूर्णिकार ने सम्मतितर्क की गाथा (१।१८) का उल्लेख किया है।[2] आचार्य सिद्धसेन ने बतलाया है कि एकान्त नित्यवाद और एकान्त अनित्यवाद मे संसार, सुख-दुःख का सबंध, बध और मोक्ष—ये सब घटित नही होते। इसलिए एकान्तवाद मे व्यवहार का प्रवर्तन नहीं हो सकता।[3]

६. अनाचार होता है—ऐसा जानें (अणायारं विजाणए)

चूर्णिकार ने इस प्रसंग में 'अनाचार' का अर्थ सम्यग्दर्शन की विराधना किया है। उसके अभाव में ज्ञान-चारित्र का अभाव अपने आप हो जाता है।[4] अनाचार का अर्थ—आचार की अप्रयोजनीयता हो सकता है। एकान्त नित्यवाद के अनुसार आत्मा अपरिणामी होता है। आचार एक परिणमन, पर्याय या परिवर्तन है। अपरिणामी आत्मा के साथ उसकी सगति नही बैठती। एकान्त अनित्यवाद के अनुसार आत्मा क्षणभगुर है—प्रत्येक क्षण मे नष्ट होता है, उत्पन्न होता है, इसलिए उसमें अतीत के साथ अनुसधानात्मक प्रवृत्ति, भविष्यकालीन इच्छा, प्रयत्न आदि घटित नही हो सकता। इस दृष्टि से एकान्तवाद में आचार असंगत हो जाता है।

श्लोक ४ :

७. (श्लोक ४)

प्रस्तुत श्लोक मे तीन बातें कही गई हैं—

१. सभी शास्ता—तीर्थंकर या धर्म प्रवर्तक उच्छिन्न हो जाएगे, सिद्धि को प्राप्त हो जाएगे या शाश्वत रहेंगे।

२. सभी प्राणी विसदृश हैं या सदृश है।

३. सभी प्राणी ग्रन्थियुक्त (कर्मबद्ध) हैं या ग्रन्थिमुक्त हैं। इस प्रकार एकान्तवाद अयुक्तियुक्त होता है।

जो यह कहते हैं कि सिद्धो की उच्छित्ति हो जाएगी, यह अयुक्त है, क्योंकि सिद्ध शाश्वत हैं, उनके क्षय का हेतुभूत कर्म कोई है ही नहीं।

यदि यह कहा जाए कि यह कथन भवस्थ केवली की अपेक्षा से है तो वह भी युक्तियुक्त नही है। क्योंकि केवली अनन्तकाल में हुए हैं और होते रहेंगे। प्रवाह की अपेक्षा से उनका अभाव सिद्ध नही होता।

यह कहना कि नए जीव का उत्पाद नही होता और सारे भव्यजीव मुक्त हो जाएंगे तो फिर जगत् भव्यजीव-शून्य हो जाएगा।

---

१. सन्मतितर्कप्रकरण, भाग २ पृष्ठ ३१०।

२. चूर्णि, पृष्ठ ४०३, ४०४।

३. सन्मति-प्रकरण. प्रथम काण्ड, गाथा—१७-२१।

णय दव्वट्ठियपक्खे संसारे णेव पज्जवणयस्स।
सासयवियत्तिवायी जम्हा उच्छेअवाईया॥
सुख-दुक्ख सम्पओगो ण जुज्जए णिच्चवायपक्खम्मि।
एगंतुच्छेयम्मि य सुह-दुक्खवियप्पणमजुत्तं॥
कम्मं जोगनिमित्तं वज्झइ बन्ध-ट्ठिई कसायवसा।
अपरिणउच्छिण्णेसु य बंध-ट्ठिइकारणं णत्थि॥
बंधम्मि अपूरन्ते संसारमओघदंसणं मोज्झं।
बन्धं व विणा मोक्खसुहपत्थणा णत्थि मोक्खो य॥
तम्हा सव्वे वि णया मिच्छादिट्ठि सपक्खपडिबद्धा।
अण्णोण्णणिस्सिया उण हवंति सम्मत्तसब्भावा॥

४. चूर्णि, पृष्ठ ४०४ : अणाचारं विजाणएहि सम्यग्दर्शनविराधनेत्यर्थः, तदभावे प्रागेव ज्ञानचारित्रयोरप्यभाव स्यात्।

यह भी उपयुक्त नही है, क्योकि आगम मे भविष्यत्काल की तरह भव्य जीवो की सख्या भी अनन्त बताई है। अनन्त का कभी अन्त नही होता। दूसरी बात यह है कि जो मोक्ष जाते है वे भव्य जीव ही होते है, किन्तु सभी भव्य जीव अवश्य ही मुक्ति प्राप्त कर लेते है, ऐसा नियम नही है। इसके तीन कारण हैं—

१. उनकी सख्या की अनन्तता।

२ मोक्षगमन की सामग्री की अप्राप्ति।

३. योग्यता का अभाव।

वे सब शाश्वत ही है ऐसा भी नही है। भवस्थ केवली शास्ता ही उसी जन्म मे सिद्धि जाते हैं इसलिए तथा प्रवाह की अपेक्षा से वे कथचिद् शाश्वत है, कथचिद् वे अशाश्वत हैं।

जीव सदृश ही है या असदृश ही हैं—यह एकान्तवाद भी मिथ्या है। क्योकि अपने-अपने कर्मो की विचित्रता के कारण जीव नाना गतिवाले, नाना प्रकार के छोटे-बडे शरीर वाले, अगोपाग वाले होते हैं। वे सब सदृश नही होते। इसलिए वे विसदृश भी है। आत्मा की चिन्मयता, अमूर्त्तता आदि की दृष्टि से सदृश भी हैं। अत वे समान और असमान दोनो है।

कुछेक जीव अपने पराक्रम से ग्रन्थि का भेदकर गुणस्थानो का आरोहण कर लेते है। वे भिन्न-ग्रन्थिक हो जाते है। कुछेक जीव ग्रन्थि को भेदने योग्य अध्यवसायो के अभाव मे ग्रन्थि का छेदन नही कर सकते। वे ग्रन्थिक-सत्त्व बने रहते हैं। अत प्राणी भिन्नग्रन्थिक और अभिन्नग्रन्थिक—दोनो है।

एकान्तवाद मिथ्या है। यह अनाचार है।

आगमो का यह कथन है कि अतीत की अनन्त उत्सर्पिणियो और अवसर्पिणियो मे भव्यो का अनन्तवा भाग ही सिद्ध हुआ है, मुक्ति को प्राप्त हुआ है। यह सुनकर प्रश्नकर्त्ता ने प्रश्न उपस्थित किया कि यदि इतना आनन्त्य है तो फिर यहा उनके क्षय की बात कैसे प्राप्त हुई ?

इस प्रश्न के उत्तर मे युक्ति देते हुए वृत्तिकार कहते है कि मुक्ति और ससार—दोनो सबधी शब्द है। ससार के बिना मुक्ति नही होती और मुक्ति के बिना ससार नही होता। अत सभी भव्यो का उच्छेद मान लेने पर मुक्ति का भी उच्छेद स्वत प्राप्त हो जाएगा। इसलिए इनके पक्ष मे एकान्तवाद अनाचार है।

चूर्णिकार के अनुसार श्लोक २-५ मे क्या मानना चाहिए और क्या कहना चाहिए का स्पष्ट विवेक है। इस विवेक को भुला देना 'दर्शन' का अतिचार है।

वृत्तिकार ने भी यही माना है।[1]

श्लोक ६-७ :

८. (श्लोक ६-७)

संसार मे छोटे और बडे दोनो प्रकार के प्राणी हैं। कुथु आदि बहुत छोटे शरीर वाले प्राणी हैं और हाथी आदि बहुत बडे शरीर वाले प्राणी है। इस विषय मे प्रश्न पूछा जाता है कि छोटे और बड़े जीवो को मारने मे कर्म-बध समान होगा या भिन्न-भिन्न प्रकार का होगा ?

इस विषय मे इस प्रकार का निर्देश है कि अहिंसा की समीक्षा करने वाला अवक्तव्यवाद का प्रयोग करे। चूर्णिकार ने इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार किया है—यदि छोटे और बडे—दोनो प्रकार के जीवो के वध मे कर्मबध एक जैसा बतलाया जाए तो बडे जीवो की हिंसा को प्रोत्साहन मिलता है और यदि भिन्न प्रकार का बतलाया जाए तो छोटे जीवो की हिंसा करने मे उन्मुक्तता का समर्थन होता है। इसलिए इस विषय मे समान या असमान कर्मबध कहना धर्मसकट है। कोई भी समझदार व्यक्ति जानबूझकर धर्मसकट मे नही फसना चाहता। इस प्रसग मे चूर्णिकार ने दूष्यगणिक्षमाश्रमण के शिष्य भट्टियाचार्य का मत उद्धृत किया है। उनका अभिमत है कि जिस प्रकार बौद्ध दार्शनिक आत्मा नित्य है या अनित्य—यह पूछे जाने पर अवचनीयवाद या अव्याकृत का प्रयोग करते हैं, इसी प्रकार कर्मबंध एक प्रकार का होता है या भिन्न प्रकार का, यह पूछे जाने पर अहिंसा की समीक्षा करने वाले को अवक्तव्य का प्रयोग करना चाहिए।[2]

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४०४-४०५।
   (ख) वृत्ति, पत्र १२०-१२२।

२. चूर्णि, पृष्ठ ४०५।

वृत्तिकार का अभिमत है कि वध्यप्राणी के आधार पर यदि कर्म-बंध होता है तब तो छोटे प्राणी के वध से थोड़ा कर्म-बंध और बड़े प्राणी के वध से ज्यादा कर्म-बंध होगा। किन्तु ऐसा मानना उचित नहीं है। कर्म-बंध का संबंध वध्य प्राणी से ही नहीं है, उसका संबंध वध करने वाले के अध्यवसाय से भी है। इस आधार पर यदि कोई प्राणी तीव्र अध्यवसायों से छोटे प्राणी का भी वध करता है तो वह महान् कर्मों का बंध करता है और यदि मंद अध्यवसाय से, अकाम रहता हुआ बड़े प्राणी का भी वध करता है तो उसके अल्पकर्मों का बंध होता है।

वध्य के छोटे-बड़े के आधार पर ही कर्म का बन्ध नहीं होता, किन्तु कर्मबंध में वधक का तीव्र या मन्द अध्यवसाय हेतु बनता है। जानते हुए या अनजान में विपुल शक्ति या अल्प शक्ति के साथ जो वध किया जाता है—ये भी कर्मबन्ध में कारणभूत बनते हैं। इसलिए कर्मबन्ध की विचारणा में वध्य और वधक—दोनों पर विचार करना अपेक्षित है।

एक तर्क है कि जीव सब समान हैं। जीव चाहे छोटा हो या बड़ा—सबमें आत्मप्रदेशों की तुल्यता है, समानता है। इसलिए उनके वध में समान कर्म-बन्ध होना चाहिए।

इसके उत्तर में वृत्तिकार ने कहा है ऐसा मानना युक्तियुक्त नहीं है। आत्मा अमर है। वह कभी नहीं मरता। उसकी हिंसा नहीं की जा सकती। हिंसा का जहां कथन होता है वहां प्राणियों की इन्द्रियों का हनन, श्वासोच्छ्वास का हनन ही विवक्षित होता है। कहा भी है—

> 'पञ्चेन्द्रियाणि त्रिविधं बलं च, उच्छ्वासनि:श्वासमथान्यदायु ।
> प्राणा दशैते भगवद्भिरुक्तास्तेषां वियोजीकरणं तु हिंसा ॥'

इसलिए कर्मबन्ध में अध्यवसाय ही मुख्य कारण है। व्यवहार में भी हम देखते हैं कि डाक्टर किसी रोगी का आपरेशन करता है, उसकी भावना है रोगी को रोगमुक्त करना। पर अकस्मात् रोगी का प्राणान्त हो जाता है या रोगी आपरेशन काल में कष्ट का अनुभव करता है। इसमें डाक्टर प्राण के व्यपरोपण या कष्ट-प्रदान के कारण कर्मबन्ध का भागी नहीं बनता। क्योंकि उसका अध्यवसाय क्लिष्ट नहीं है।

एक व्यक्ति रज्जु को सर्प मान कर उसके टुकड़े-टुकड़े करता है तो भी वह हिंसा के कर्मबन्ध का भागी होता है। क्योंकि उसका अध्यवसाय क्लिष्ट है, हिंसा से संपृक्त है। इसलिए कर्मबन्ध की प्रक्रिया में अध्यवसायों की तीव्रता, मंदता या मध्यस्थता बहुत बड़ा कारण बनती है। इस प्रसंग में तन्दुल मत्स्य का उदाहरण ज्ञातव्य है।[1]

श्लोक ८ :

९. आधाकर्म (अहाकम्माणि)

आधाकर्म आहार के विषय में व्याख्या-साहित्य में दो परम्पराएं उपलब्ध हैं। एक परम्परा का आशय यह है कि सामान्य स्थिति में आधाकर्म वर्जनीय है किन्तु विशेष स्थिति में वह ग्राह्य भी है। दूसरी परम्परा आधाकर्म आहार को आपवादिक स्थिति में भी वर्जनीय मानती है। चूर्णि और वृत्ति में प्रथम परम्परानुसारी व्याख्या उपलब्ध है।

चूर्णिकार के अनुसार आधाकर्म आहार करने से कर्म का उपलेप होता है, ऐसा कहने में तीन कठिनाइयां हैं—

१. द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव का अतिक्रमण होता है, उनकी निरपेक्षता आती है, जब कि प्रत्येक आचरण द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की सापेक्षता से करणीय और अकरणीय बनता है।

२ साधु सर्वथा उपेक्षित हो जाते हैं। हर स्थिति में ये परित्यक्त हो जाते हैं।

३. यदि आधाकर्म आहार देने वाला भी अल्प आयुष्य कर्म का बन्ध करता है तो फिर मुझे वैसा आहार देने से क्या प्रयोजन—यह सोचकर गृहस्थ विशेष परिस्थिति में भी वैसा देना नहीं चाहता।

आधाकर्म आहार करने से कर्म का उपलेप नहीं होता, यह कहने में भी दो कठिनाइयां हैं—

१. आधाकर्म आहार देने वाला जीव का वध करता है, वह परित्यक्त हो जाता है।

२. जो प्राणी मारे जाते हैं, वे भी परित्यक्त हो जाते हैं।[2]

वृत्तिकार का दृष्टिकोण भी प्राय: चूर्णिकार जैसा ही है। उन्होंने स्पष्ट भाषा में लिखा है कि शास्त्र-निर्देश के अनुसार शुद्ध है यह जानकर आधाकर्म आहार करने वाला कर्म से लिप्त नहीं होता, इसलिए 'एकान्तत: उपलिप्त होता है'—यह अवक्तव्य है। शास्त्रीय

---

१. वृत्ति, पत्र १२२।

२. चूर्णि, पृष्ठ ४०६।

निर्देश के विना आहार की आसक्ति के कारण आधाकर्म आहार करने वाले के कर्म-वन्ध होता है इसलिए 'कर्म का उपलेप नही होता'— यह भी अवक्तव्य है। शास्त्रीय निर्देश के अनुसार यह कहना उचित होता है—आधाकर्म आहार करने से कर्मवन्ध होता भी है और कर्म-वन्ध नही भी होता। क्योकि शुद्ध और कल्प्य आहार, शय्या, वस्त्र, पात्र, औषधि आदि भी अकल्प्य हो जाते है और अकल्प्य भी कल्प्य वन जाते हैं।

यदि आधाकर्म आहार के उपभोग से एकान्तत कर्मवन्ध माना जाए तो आहार के अभाव मे अनेक अनर्थ आपादित हो सकते है। जैसे—भूख से पीडित मुनि ईर्यापथ का सम्यग् परिपालन नही कर सकता, अत चलने-फिरने मे प्राणियो की हिंसा होती है। भूख के कारण वह मूर्च्छित होकर भूमी पर गिर सकता है। अकाल मे मृत्यु भी प्राप्त कर सकता है। उस अवस्था मे आर्त्तध्यान के वशीभूत होकर वह तिर्यग् गति का आयुष्य वाध सकता है। कहा भी जाता है कि सर्वत्र सयम की रक्षा करनी चाहिए, किन्तु सयम से आत्मा की रक्षा करना श्रेष्ठ है। इसलिए आधाकर्म के उपभोग से सयम की रक्षा होती है और कर्मवन्ध भी नही होता।

यह भी सही है कि आधाकर्म आहार की निष्पत्ति मे षड्जीवनिकाय का वध होता है और वह कर्मवन्ध का कारण है, अत एकान्तत कर्मवन्ध होता है या कर्मवन्ध नही होता—ऐसा कहना अवक्तव्य है।[1]

आचार्य भिक्षु और श्रीमद् जयाचार्य ने आपवादिक स्थिति मे भी आधाकर्म आहार को विहित नही माना है। उन्होने प्रस्तुत श्लोको की व्याख्या शुद्ध व्यवहार नय के आधार पर की है। उनका मन्तव्य है—शुद्ध व्यवहार से निर्दोप जानकर आधाकर्म आहार लेने वाला मुनि पापकर्म से लिप्त नही होता। इसी प्रकार अपनी दृष्टि से निर्दोष जानकर आधाकर्म देने वाला गृहस्थ पापकर्म से लिप्त नही होता। अतः उपलिप्त होता ही है—ऐसा नही कहना चाहिए। जानवूझकर आधाकर्म आहार देने वाला और लेने वाला कर्म से लिप्त होता है, इसलिए उपलिप्त नही होता—यह भी नही कहना चाहिए।[2] भगवती (७।१६५) मे यह मत समर्थित है।

१०. परस्पर एक दूसरे के (अण्णमण्णे)

चूर्णिकार ने 'अन्योन्य' शब्द मे विद्यमान एक 'अन्य' शब्द का अर्थ 'असयत' और दूसरे 'अन्य' शब्द का अर्थ 'सयत' किया है।[3] चर्चनीय विषय यह है कि कोई गृहस्थ किसी साधु के लिए भोजन वनाता है, उस क्रिया से वह गृहस्थ कर्म से लिप्त होता है या नहीं? सूत्रकार का मन्तव्य है कि कर्म का उपलेप होता है, यह भी अवक्तव्य है और उसका उपलेप नही होता, यह भी अवक्तव्य है। चूर्णिकार ने इन दोनो अवक्तव्यो का स्पष्टीकरण दिया है।[4]

श्लोक १० :

११. (श्लोक १०)

जैन तत्त्वविद्या मे पाच शरीर माने गए है—औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस और कार्मण। चूर्णि के अनुसार औदारिक शरीर सवके प्रत्यक्ष है। आहारक शरीर कुछ लोगो के प्रत्यक्ष होता है और वैक्रिय शरीर भी प्रत्यक्ष है। तैजस और कार्मण—ये दो शरीर प्रत्यक्ष-ज्ञानी के प्रत्यक्ष होते है।[5] कार्मण—कर्म-शरीर कारण है और औदारिक शरीर कार्य है। प्रश्न होता है कि क्या ये दोनो एक है या भिन्न हैं? ततु और पट मे कार्य-कारण सवन्ध है, फिर भी वे अभिन्न देश मे रहते है। विम्व और प्रतिविम्व मे भी कार्य-कारण संवन्ध है किन्तु वे भिन्न देश मे रहते है। उत्तर मे कहा गया, इन दोनो (औदारिक और कार्मण) मे एकत्व भी है। कर्म-शरीर को छोडकर औदारिक शरीर कही नही होता, इसलिए ये दोनो एक है। कर्म-शरीर सूक्ष्म, अचाक्षुप और निरुपभोग होता है, जब कि औदारिक शरीर स्थूल, चाक्षुप और सोपभोग होता है। इस प्रकार दोनो भिन्न है। अत इन दोनो की सर्वथा एकता और सर्वथा भिन्नता—दोनो वक्तव्य नही है। उनकी एकता और अनेकता सापेक्षदृष्टि से वक्तव्य है।[6]

कार्य-कारणवाद की चर्चा मे दो प्रमुख वाद उपलब्ध है—सत्कार्यवाद और असत्कार्यवाद। सत्कार्यवाद के अनुसार कारण मे कार्य विद्यमान रहता है और असत्-कार्यवाद के अनुसार कारण मे कार्य होता नही। ये दोनो एकान्तवाद है। यदि कारण मे कार्य विद्-

---

१. वृत्ति पत्र, १२३।

२. भ्रमविध्वंसन पृष्ठ ४५०।

३. चूर्णि, पृष्ठ ४०६ अन्योऽन्य इति वीप्सा, अन्य इति संयत तस्मादन्य संयतस्येत्यसंयतः।

४. देखें—आधाकर्म का टिप्पण संख्या ६।

५ चूर्णि, पृष्ठ ४०६ : इदमिति सव्वेलोके प्रत्यक्ष आहारकमपि केषांचित्प्रत्यक्षमेव, वैक्रियमपि प्रत्यक्षमेव, तैजसकार्मणे प्रत्यक्षज्ञानिनां प्रत्यक्षे।

६. चूर्णि पृष्ठ ४०६-४०७।

मान ही होता है तो फिर मृत्पिंड मे घट के कार्य उपलब्ध होने चाहिए। वे नही होते, इसीलिए एकान्तत: सत्कार्यवाद भी वाञ्छनीय नही है। यदि मृत्पिंड मे घट सर्वथा असत् हो तो उसमे घट निष्पन्न नही हो सकता, इसलिए एकान्तत: असत्कार्यवाद भी वाञ्छनीय नही है। दोनो सापेक्षदृष्टि से वक्तव्य हैं।[1]

सामर्थ्य-सीमा के सिद्धान्त के अनुसार भी इसकी व्याख्या की जा सकती है। कर्त्ता का सामर्थ्य सब कार्य करने मे होता है, यह भी नही कहा जा सकता और कर्त्ता मे कार्य करने का सामर्थ्य नही होता, ऐसा भी नही कहा जा सकता। अभ्यास के द्वारा कार्य करने का सामर्थ्य पैदा हो जाता है और उसके बिना सामान्य कार्य का निष्पादन भी नही किया जा सकता। सामर्थ्य की एक सीमा है—शिक्षा या अभ्यास। कुछ कार्य मनुष्य की शक्ति से सर्वथा परे होते हैं। वे शिक्षा या अभ्यास के द्वारा भी नही किए जा सकते।[2] स्थानाग सूत्र मे उनकी ओर इगित किया गया है।[3] इसलिए वीर्य की व्याख्या भी सापेक्षदृष्टि से ही की जा सकती है।

श्लोक १२-२८ :

१२. (श्लोक १२-२८)

इन सतरह श्लोकों मे सतरह प्रतिपक्षी युगलो का कथन है। इनका संज्ञान सम्यक्त्व की पृष्ठभूमी बनता है, इसलिए सूत्रकार इनके अस्तित्व को स्वीकार करने का परामर्श देते हैं। इन द्वन्द्वो के कथन का अभिप्राय यह भी हो सकता है कि भगवान् महावीरकालीन अनेक दर्शन इन द्वन्द्वो को स्वीकृति नही देते थे। कुछ दर्शन पुण्य-पाप को मानते थे, कुछ नही। कुछ दर्शन सिद्धि को स्वीकार करते थे, कुछ केवल स्वर्ग को ही मानते थे। कुछ देवी-देवता के अस्तित्व मे विश्वास करते थे, कुछ नही। इन सबका निरसन करने के लिए सूत्रकार ने उन सभी द्वन्द्वो को स्वीकृति देने की बात कही है। वे द्वन्द्व ये हैं :—

१ लोक-अलोक
२. जीव-अजीव
३. धर्म-अधर्म
४ बन्ध-मोक्ष
५. पुण्य-पाप
६. आश्रव-संवर
७. वेदना-निर्जरा
८. क्रिया-अक्रिया
९. क्रोध-मान
१०. माया-लोभ
११. प्रेम-द्वेष
१२. चतुर्गतिक संसार-अचतुर्गतिक ससार
१३ देव-देवी
१४ सिद्धि-असिद्धि
१५. सिद्धिगति-असिद्धिगति
१६. साधु-असाधु
१७. कल्याण-पाप

चूर्णिकार और वृत्तिकार ने इन सबको स्याद्वाद के आधार पर सिद्ध करने का सफल प्रयास किया है।[4]

अस्तिवाद और नास्तिवाद—चिन्तन की ये दो धाराए बहुत प्राचीन हैं। भगवान् महावीर से पहले ही ये दोनो अस्तित्व मे थी।[5] अस्तित्ववाद के मूल तत्त्व हैं—लोकवाद, जीववाद (आत्मवाद), धर्मवाद, बन्ध-मोक्षवाद, पुण्य-पापवाद, आश्रव-सवरवाद, वेदना-निर्जरावाद, क्रिया-अक्रियावाद, कषायवाद, ससारवाद (पुनर्जन्मवाद), देववाद, सिद्धि-असिद्धिवाद, साधु-असाधुवाद और कल्याण-पापवाद। लोकवाद जगत् के अस्तित्व का प्रतिपादन है। लोक और अलोक दोनो सापेक्ष है। जहा धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय,

---

१. वृत्ति पत्र १२३, १२४।
२. चूर्णि पृष्ठ ४०७।
३. ठाणं ६।५ : छहिं ठाणेहिं सव्वजीवाण णत्थि इड्ढीति वा जुतीति वा जसेति वा बलेति वा वीरएति वा पुरिसक्कार-परक्कमेति वा, त जहा—(१) जीवं वा अजीवं करणताए, (२) अजीव वा जीवं करणताए, (४) एगसमए णं वा दो भासाओ भासित्तए, (४) सयं कडं वा कम्मं वेदेमि, (५) परमाणुपोग्गलं वा छिंदित्तए वा भिंदित्तए वा अगणिकाएणं वा समोदहित्तए, (६) बहिता वा लोगंता गमणताए।
४. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४०७-४०९।
(ख) वृत्ति, पत्र १२५-१३२।
५. आयारो ८।५ अदुवा वायाओ विउंजति—अत्थि लोए णत्थि लोए, धुवे लोए अधुवे लोए, साइए लोए, अणाइए लोए, सपज्जवसिते लोए, अपज्जवसिते लोए, सुकडेत्ति वा, दुक्कडेत्ति वा, कल्लाणेत्ति वा, पावेत्ति वा, साहुत्ति वा असाहुत्ति वा सिद्धीति वा, असिद्धीति वा, णिरएत्ति वा, अणिरएत्ति वा।

आकाशास्तिकाय, पुद्‌गलास्तिकाय और जीवास्तिकाय—ये पाचो होते है वह लोक और जहा केवल आकाश होता है, वह अलोक ।

छब्बीसवे श्लोक मे 'अत्थि सिद्धी णिय ठाण—ऐसा पाठ है । उत्तराध्ययन २३।८१ मे 'अत्थि एग धुव ठाण' ऐसा पाठ है । 'नियत' और 'ध्रुव'—ये दोनो शब्द एकार्थक हैं ।

तुलना के लिए देखे—नेतं ठाण विज्जति—दीघनिकाय I,—१।५।१३१-१४३ ।

श्लोक २९ :

१३. कल्याण और पाप (कल्लाणे पावगे)

एकान्त कल्याण और एकान्त पाप से व्यवहार प्रवृत्त नही होता । चूर्णिकार ने यहा कर्मशास्त्रीय चर्चा प्रस्तुत की है । सूक्ष्म-सापरायिक वन्ध करने वाला आयुष्य और मोह को छोडकर शेप छह कर्म-प्रकृतियो का वन्ध करता हुआ ज्ञानावरणीय और अन्तराय का भी वध करता है । इसके प्राय शुभ प्रकृतियो का वन्ध होता है, फिर भी एकान्त कल्याणकारी कर्म का वन्ध नही होता । वेदना की दृष्टि से अनुत्तरोपपातिक स्वर्ग के देव सुख-वेदन करते हैं, पर साथ-साथ ज्ञानावरणीय आदि का अशुभ वेदन भी करते हैं । मनुष्यो मे तीर्थंकर भी सर्दी-गर्मी आदि अशुभ का वेदन करते है । क्षीणकपाय पुरुप अशुभ कर्म का व-धन नही करता, फिर भी अशुभ नाम, गोत्र और असात वेदनीय का अनुभव करता है । इसलिए एकान्तत कल्याण को स्वीकार नही करना चाहिए ।

इस प्रकार एकान्तत पाप भी स्वीकरणीय नही है । परम कृष्णलेश्या मे प्रवर्तमान एकान्तपापी मिथ्यादृष्टि का अत्यन्त क्लिष्ट परिणाम होता है । फिर भी उसके कदाचित् सातावेदनीय का तथा उच्चगोत्र, शुभनाम का उदय होता है । नियमत वह पाच इन्द्रियो से युक्त तथा उत्तम सहनन वाला भी होता है । अत. एकान्तत पाप भी व्यवहार्य नही होता । एकान्तवाद मे व्यवहार घटित नही होता । ऐकान्तिक व्यवहार से वैर (कर्म) का प्रसव होता है ।[1]

श्लोक ३० :

१४. अशेष है, अक्षत है, सब दुःख है (असेसं अक्खयं ······सव्वं दुक्खे)

चूर्णिकार ने अशेप, कृत्स्न, सपूर्ण और सर्व को एकार्थक वतलाया है ।[2]

अशेप—पूरा गाव आ गया, पूरा काम कर लिया'—इस प्रकार एकान्तत सर्ववाद का प्रयोग नही करना चाहिए, क्योकि पूर्ण कुछ भी नही होता, कुछ न कुछ शेप रह जाता है । गाव जीव और अजीव का समुदाय होता है, वह पूर्ण कैसे आएगा ? कहा जाता है, जो भोजन वना वह सारा का सारा खा लिया । पर सारा कैसे खाया जा सकता है ? कोई न कोई चीज वच ही जाती है और यदि वह न वचे तो गध तो रह ही जाती है । वह भी तो एक द्रव्य है ।[3]

अक्षय—कृतद्रव्य अक्षय नही होता । इसलिए 'खूव खाओ', 'यह अखूट द्रव्य है,' 'खूब दो,' 'यह कभी क्षीण नही होता'—इस प्रकार का प्रयोग नही करना चाहिए ।[4]

सर्वदु ख—जैन दर्शन दु खकारी दर्शन नही है । 'सव दु ख ही दु ख है'—यह एकान्तवादी दृष्टिकोण है । अनेकान्त के अनुसार दु खवाद और सुखवाद—दोनो मान्य हैं । इस ससार मे न कोरा दु ख है और न कोरा सुख है । कभी दु ख होता है, कभी सुख होता है । इसलिए 'सर्वं दु खम्'—यह अवक्तव्य है ।[5]

१५. वध्य····अवध्य (वज्झा अवज्झ त्ति)

अहिंसा के क्षेत्र मे कुछ समस्याए होती हैं । जीवन का व्यवहार वहुत जटिल है, इसलिए अहिंसक को कही वक्तव्य और अवक्तव्य, कही वचन और कही मौन का सहारा लेना पडता है । सव समस्याओ को एक ही प्रकार से समाहित नही किया जा सकता । 'प्राणी वध्य है' अहिंसक को ऐसा नही कहना चाहिए । किन्तु किसी समस्या के संदर्भ मे यह अवध्य है—यह कहना भी

---

१ चूर्णि, पृष्ठ ४१० ।

२ चूर्णि, पृष्ठ ४११ . अशेषं कृत्स्नं सम्पूर्णं सर्वमित्यनर्थान्तरं ।

३. वही, पृष्ठ ४११ ।

४ वही, पृष्ठ ४११ न हि कृतकानां द्रव्यानां अक्षतता विद्यते । तेण ण सव्व मक्खयं वत्तव्व ।

५ वही, पृष्ठ ४११ ।

व्यवहार संगत नहीं होता, इसलिए उसे मौन रहना होता है। कोई व्यक्ति सिंह आदि हिंस्र पशुओं को मारने का विचार कर मुनि के पास आता है और पूछता है—मैं इन्हें मारूं या न मारूं ? 'उन्हें मारो'—ऐसा कहा ही नहीं जा सकता और ये हिंस्र पशु अनेक मनुष्यों को मार रहे हैं, उपद्रव कर रहे हैं, इसलिए 'मत मारो'—यह कहना भी व्यवहार-संगत नहीं होता। इस अवस्था में अहिंसक के लिए मौन रहना ही श्रेय होता है।[1]

शीलाकाचार्य ने वध्य और अवध्य कहने के प्रसंग में मौन रहने का कारण इस प्रकार बतलाया है—चोर, पारदारिक आदि वध्य हैं—यह कहने से हिंसा आदि कर्म का अनुमोदन होता है और 'अवध्य' कहने पर चोरी आदि का अनुमोदन होता है, इसलिए अहिंसक ऐसे प्रसंग में मौन रहे। इसी प्रकार सिंह, बाघ, बिल्ली आदि हिंस्र जंतुओं को मारते हुए देख मध्यस्थता का अवलम्बन ले।[2]

इस विषय में आचार्य भिक्षु और श्रीमज्जयाचार्य ने अपना चिन्तन प्रस्तुत किया है कि 'जीव अवध्य है'—यह उपदेश जीवों को मारने के लिए—हिंसा से बचाने के लिए दिया गया है, किन्तु राग-द्वेष का अनुमोदन होता हो वैसे प्रसंगों में 'जीव अवध्य' है—यह न कहना अहिंसा की मर्यादा है।[3]

श्लोक ३१ :

१६. (श्लोक ३१)

प्रस्तुत श्लोक में अन्तःकरण की शुद्धि के निर्माण का एक महत्त्वपूर्ण निर्देश है। सामान्यतः व्यक्ति अपने से इतर दर्शनावलंबी को विशुद्ध मानने के लिए तैयार नहीं होता। अनेकान्त का दर्शन है—अपने शास्त्रों के अनुसार साधु-जीवन जीने वाले, सद् अनुष्ठानों का समाचरण करने वाले और जो युगान्तरमात्र दृष्टि पालन करने वाले, पानी को छानकर पीने वाले, मौन का आचरण करने वाले, नग्न रहने वाले, एकान्त में ध्यान करने वाले, भिक्षा मात्र से जीवन निर्वाह करने वाले, साधु जीवी, किसी के उपरोध पर नहीं जीने वाले, क्षान्त, दान्त और जितेन्द्रिय होते हैं, कुतूहल तथा अट्टहास का वर्जन करने वाले होते हैं, उनको मिथ्याजीवी कहना वाणी का असंयम है। वे सन्यासी चाहे स्वयूथिक हों या अन्ययूथिक, उनके विषय में, ये बेचारे बाल तपस्वी हैं, सब कुछ मिथ्या आचरण और लोक-विरुद्ध व्यवहार करते हैं—ऐसा नहीं कहना चाहिए। यदि ऐसा कहा जाता है तो जनता भी कहने लग जाती है—ये साधु गुणद्वेषी हैं, ये अकारण ही दूसरों पर रोष करते हैं, इनके कषाय उपशान्त नहीं हैं। यथार्थ में देखा जाए तो इतर धर्मावलंबी वैसे साधु भी ग्रैवेयक देवलोक तक के आयुष्य का बन्ध कर लेते हैं, तो फिर एकान्ततः यह कैसे कहा जा सकता है कि ये निरर्थक ही क्लेश कर रहे हैं।[4]

चूर्णिकार ने जिस प्रकार की चर्या का वर्णन किया है, उससे आजीवक श्रमणों की ओर ध्यान आकर्षित होता है। किन्तु औपपातिक (१५८ सूत्र) में आजीवक श्रमणों की मरणोपरांत उत्पत्ति अच्युतकल्प (बारहवें देवलोक) तक बतलाई है। यहां ग्रैवेयक स्वर्ग तक की उत्पत्ति बतलाई गई है। औपपातिक के अनुसार इसका संबन्ध सात निन्हववादियों के साथ है।

श्लोक ३२ :

१७. (श्लोक ३२)

प्रस्तुत श्लोक का आशय प्रथम श्रुतस्कंध ११।१६-२१ में आया हुआ है। 'दक्षिणा (दान) देने से दाता को प्रतिलाभ—पुण्य होता है या नहीं होता'—ऐसे पूछने पर मुनि अस्ति-नास्ति दोनों न कहे, किन्तु मौन रहे। चूर्णिकार ने इस विषय को स्पष्ट

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४११ : वज्झं पाणाति मणसावि ण सम्मत किमुत वक्तु ? कम्मुणा वा कर्तुं अतो न वक्ति वध्याः प्राणिनः, अथ अवज्झा, कथं न वाच्यं ? नन्वेतदपि लोकविरुद्धमेव, कथ ? अहिंसक स्वयं न च वक्ष्यति अवध्या प्राणा इति, उच्यते, सत्यमेतद् स्वयं क्रियते तदन्यस्याप्यपदिश्यते, किंतु यदि कश्चित् सिंहमृगमार्जारादीक्षुद्रजन्तुजिघांसु ब्रूयात्-भो साधो ! किमेतान् क्षुद्रजतून् घातयामि उत मुचामीति, तत्र न वक्तव्यं मुच मुचेति, ते हि मुक्ता अनेकानां घाताय भविष्यन्ति, एवं चौरमच्छवद्धवंधादयो न वक्तव्या मुच घातयेति वा।

२. वृत्ति, पत्र १३३, १३४ : वध्याश्चौरपरदारिकादयोऽवध्या वा तत्कर्मानुमतिप्रसङ्गादित्येवंभूतां वाचं स्वानुष्ठानपरायणः साधु परव्यापारनिरपेक्षो न निसृजेत्, तथा हि सिंहव्याघ्रमार्जारादीन्परसत्वव्यापादनपरायणान् दृष्ट्वा माध्यस्थ्यमवलम्बयेत्।

३. भ्रमविध्वंसन,-अनुकंपाधिकार, बोल छह।

४. चूर्णि, पृष्ठ ४१२।

करते हुए लिखा है—पात्र को श्रद्धापूर्वक इष्ट या अनिष्ट वस्तु का दान देने पर महान् फल होता है। अपात्र को दिया हुआ इष्ट या अनिष्ट वस्तु का दान वध के लिए होता है। फिर भी अहिंसक को अस्ति-नास्ति—दोनो प्रकार के वचन से बचना चाहिए। नास्ति (प्रतिलाभ नही होता) कहने पर अन्तराय का दोप लगता है और अस्ति (प्रतिलाभ होता है) कहने पर अधिकरण—हिंसा का अनुमोदन होता है। इसलिए ऐसे प्रमग मे पुण्य होता है या पुण्य नही होता—दोनो अवक्तव्य हैं। सिद्धान्त-निरूपण के समय जो जैसा हे, वैसा स्पष्ट किया जा सकता है। किन्तु वर्तमान काल मे दान देने के प्रसग पर मुनि मौन रहे, शातिमार्ग का अवलवन ले, इस प्रकार का व्यवहार करे जिससे प्रश्नकर्त्ता भी उपशान्त हो जाए और शासन की अनुपालना भी हो जाए।[1]

वृत्तिकार ने प्रस्तुत श्लोक की दो व्याख्याए की है। प्रथम व्याख्या के अनुसार गृहस्थ से दान की प्राप्ति होती है या नही होती, मेधावी मुनि ऐसा न कहे।

दूसरी व्याख्या के अनुसार स्वतीर्थिक अथवा अन्यतीर्थिक भिक्षु को दान या ग्रहण के प्रति जो लाभ होता है उसमे भी ऐकान्तिक भापा न वोले। दान का निपेध करने पर अन्तराय की सभावना होती हे और भिक्षु के मन मे विपरीत भावना उत्पन्न हो सकती है। दान का अनुमोदन करने पर हिंसा का प्रसग होता है। इसलिए अस्ति-नास्ति—दोनो उसके लिए अवक्तव्य है। वह विधि और निपेध को छोडकर निरवद्य वचन वोले।[2]

स्तवककार ने लिखा है कि गृहस्थ दे रहा है और भिक्षु ले रहा है उस वर्तमान की स्थिति मे नास्ति-अस्ति या गुण-दोप न कहे। गुण वतलाने से असयम का अनुमोदन होता है और दोप वतलाने से वृत्ति का छेद होता है। इसलिए मुनि को इन दोनो से वचना चाहिए।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४१२, ४१३।
२. वृत्ति, पत्र १३४।

छट्ठं अज्झयणं

अद्दइज्जं

छठा अध्ययन

आर्द्रकीय

आमुख

मगध जनपद मे वसन्तपुर[1] नामक गाव था। वहा सामायिक नाम का कुटुम्बी रहता था। पति-पत्नी दोनो के मन मे वैराग्य के अकुर फूटे और दोनो ने आचार्य धर्मघोष के पास प्रव्रज्या ग्रहण कर ली। वह सामायिक चरित्रनिष्ठ होकर सविग्न मुनियो के साथ विहरण करने लगा और उसकी पत्नी-साध्वी साध्वियो के साथ विहरण करने लगी। दिन बीते। वर्ष बीते। ग्रामनुग्राम विहरण करते हुए वह मुनि एक नगर मे आया। उसने अपनी साध्वी पत्नी को भिक्षाचर्या करते हुए देखा। पूर्वभुक्त क्रीडाओ की स्मृति हो आई और वह उसमे अनुरक्त हो गया। उसने अपनी बात अपने साथी मुनि से कही। उसने प्रवर्तिनी के समक्ष अपने साथी का अभिप्राय स्पष्ट किया। प्रवर्तिनी ने साध्वी को बुला भेजा और कहा—'तुम्हारा गृहस्थावस्था का पति तुम्हारे मे अनुरक्त हुआ है और वह तुम्हे पुन पत्नी के रूप मे प्राप्त करना चाहता है।' साध्वी ने यह सुनकर प्रवर्तिनी से कहा—'इस स्थिति मे मैं अकेली किसी अन्य देश मे नही जा सकती। यह वहा भी मेरा पीछा नही छोड़ेगा। इसलिए मेरे लिए यह स्वर्णिम अवसर है कि मैं अपने व्रतो को भग करने के बदले अनशनपूर्वक अपने प्राण त्याग दू।' प्रवर्तिनी ने आज्ञा दे दी। अनशनपूर्वक उसने शरीर का त्याग कर दिया। मर कर वह देवलोक मे उत्पन्न हुई।

मुनि ने सारा वृत्तान्त सुना। उसने सोचा—साध्वी ने व्रतभग के भय से अनशनपूर्वक मृत्यु का आलिंगन किया है। मेरा तो व्रतभग (मानसिक रूप से) हो ही चुका है। मुझे भी अनशन कर लेना चाहिए। यह सोचकर वह मुनि आचार्य के पास आया। उनकी अनुज्ञा ले उसने भी अनशनपूर्वक मृत्यु का वरण किया और वह देवगति मे जा देवरूप मे उत्पन्न हुआ।

उस देवलोक से च्युत होकर वह अनार्य देश के आर्द्रकपुर नगर के राजा आर्द्रक की रानी धारणी के घर पुत्र रूप मे उत्पन्न हुआ। उसका नाम आर्द्रक रखा। उस कुल की यह परम्परा थी कि वहा उत्पन्न होने वाले सभी 'आर्द्रक' ही कहलाते थे।

वह साध्वी जो मरकर देव हुई थी, वहा से च्युत होकर वसन्तपुर नगर के एक सेठ के घर पुत्री के रूप मे उत्पन्न हुई।

वह आर्द्रककुमार यौवन अवस्था को प्राप्त हुआ। एक बार महाराजा आर्द्रक ने महाराजा श्रेणिक से मित्रस्नेह व्यक्त करने के लिए अपने 'महत्तम' के साथ विशिष्ट उपहार भेजे। कुमार आर्द्रक को इसका पता चला। उसने उस महत्तम को पूछा—'ये सारे बहुमूल्य उपहार कहा भेजे जा रहे है?' उसने कहा—'आपके पिता के परम मित्र हैं आर्यदेश के मगधाधिपति महाराज श्रेणिक। उनको ये सारे उपहार भेजे जा रहे है।' कुमार आर्द्रक ने पूछा—'क्या उनके कोई योग्य राजकुमार है?' महत्तम ने कहा—'है।' कुमार बोला—'ये उपहार तुम मेरी ओर से राजकुमार को भेंट करना और उसे कहना कि राजकुमार आर्द्रक तुम्हारे से अत्यन्त प्रेम करता है।' वह महत्तम दोनो के विपुल और बहुमूल्य उपहार लेकर चला। वह राजगृह पहुंचा। द्वारपाल ने महाराजा को उसके आगमन की सूचना दी। राजाज्ञा से वह सभा मे गया। महाराजा श्रेणिक को देखकर, प्रणाम कर, महाराजा आर्द्रक द्वारा भेजे गए उपहार भेंट किए और सन्देश कह सुनाया। राजा श्रेणिक ने दूत का यथोचित सम्मान किया।

दूसरे दिन वह राजकुमार अभय के पास गया और अपने राजकुमार आर्द्रक द्वारा भेजे गए बहुमूल्य उपहार देते हुए स्नेहिल वचनो से उसे आप्लावित किया। अभयकुमार ने अपनी पारिणामिकी बुद्धि-शक्ति के आधार पर यह जान लिया कि राजकुमार आर्द्रक भव्य है और निकट भविष्य मे ही मुक्ति जाने वाला है। यह मेरे साथ मित्रता करना चाहता है तो मेरा यह परम कर्त्तव्य है कि मैं उसकी मुक्तिगमन योग्यता को उजागर करने वाला उपहार भेजू। यह सोचकर अभयकुमार ने आदि-तीर्थंकर ऋषभ की प्रतिमा तैयार कराई। उसे एक बहुमूल्य मजूषा मे रखा। महत्तम को मजूषा तथा अन्यान्य बहुमूल्य उपहार देते हुए अभयकुमार ने कहा—'तुम्हारे राजकुमार से कहना कि इस मजूषा को एकान्त मे खोले। लोगो के समक्ष न खोले।'

महत्तम उपहार लेकर अपने आर्द्रक देश पहुचा। महाराजा आर्द्रक को सारे उपहार और महाराजा श्रेणिक का सन्देश दिया। दूसरे दिन राजकुमार आर्द्रक को राजकुमार अभय द्वारा प्रेषित उपहार दिए और मजूषा के विषय मे जो कहा था, वह कह सुनाया। राजकुमार आर्द्रक उस मजूषा को लेकर महलो के ऊपर गया। वहा से सारे व्यक्तियो को विसर्जित कर, एकान्त मे उस मजूषा को खोला। उसमे स्थित ऋषभदेव की प्रतिमा को देखा और सोचने लगा—'अरे, ऐसा रूप तो मैंने पहले कभी देखा है। चिन्तन चलता रहा। उसे जातिस्मृति ज्ञान उपलब्ध हुआ। उसने मन ही मन कहा—अभयकुमार ने मेरे ऊपर महान् उपकार किया है। मुझे धर्म का सही प्रति-

---

१. चूर्णि के अनुसार गाव का नाम 'प्रतिष्ठिक' था। (चूर्णि, पृ० ४१४ · पतिट्ठिकं णाम गामो।)

बोध दिया है। उसका मन वैराग्य से रग गया। उसने सोचा, मैं देव था। मेरे पास यथेप्सित भोग थे। फिर भी उनमे कभी तृप्ति नही हुई। देवता के भोगो के समक्ष मनुष्य के ये कामभोग तुच्छ और अल्पकालिक है। इनसे तृप्ति कैसे हो पाएगी ? अच्छा है कि मैं इनसे मुह मोड लू।'

अब राजकुमार आर्द्रक विरक्त हो गया। कामभोगो के प्रति उसका मन ही नही रहा। उसने सभी उपभोग छोड दिए। वह विरक्त जीवन विताने लगा।

राजा को यह वृत्तान्त ज्ञात हुआ। परिचारको से इसका कारण पूछा। उन्होने कहा—'राजन्! जिस दिन से आर्य देश के राजकुमार अभय के उपहार प्राप्त हुए है उसी दिन से राजकुमार आर्द्रक विरक्ति का जीवन जी रहे हैं।' राजा ने सोचा, अब राजकुमार का क्या होगा ? कही यह घर से पलायन न कर जाए ? राजा को यह भय सताने लगा। राजा ने तब पाच सौ कुमारामात्य पुत्रो को राजकुमार के सरक्षण का भार सौंपते हुए कहा—'देखो, राजकुमार आर्द्रक का सरक्षण करना है। यदि यह कही पलायन कर गया तो मैं सबको मृत्युदण्ड दूगा।' वे सब राजकुमार की सेवा मे रहने लगे। कुछ दिन बीते, कुमार का मन घर से उद्‌विग्न हो चुका था। वह अभिनिष्क्रमण करना चाहता था। उसने सोचा और एक उपाय ढूढ निकाला। एक दिन वह अश्व पर घूमने का बहाना बनाकर पाच सौ साथियो के साथ घर मे चल पडा। बहुत दूर जाकर उसने अवसर देखा और अपने घोडे को लेकर दूसरी दिशा मे पलायन कर गया। जब पाच सौ अमात्य-पुत्रो को पता चला तो वे उसकी खोज मे निकले पर वह मिला नही।

वहा से पलायन कर वह प्रव्रज्या ग्रहण करने के लिए उद्यत हुआ। एक मित्रदेव ने तब कहा—अभी प्रव्रज्या मत लो। कुछ उपसर्ग शेप है। राजकुमार आर्द्रक ने देवता की अवगणना कर प्रव्रज्या ले ली। एक बार वन विहार करते-करते वसन्तपुर नगर मे आया और साधु-प्रतिमा का पालन करते हुए कायोत्सर्ग मे स्थित हो गया। एक सेठ की पुत्री अपनी सहेलियो के साथ वहा उद्यान मे क्रीडा कर रही थी। बातो ही बातो मे मुनि को देखकर वह बोली—यह मेरा पति है। इतना कहते ही पास मे अदृश्य रूप से स्थित उस देव ने मन ही मन सोचा—लडकी ने अच्छा किया। देवता ने उसी समय साढे तेरह करोड स्वर्ण-मुद्राओ की वृष्टि की। राजा को इस वृष्टि का पता चला। वह उन स्वर्ण-मुद्राओ को हस्तगत करने आया। उस समय देव ने सर्परूप धारण कर उसे उन स्वर्ण-मुद्राओ पर अधिकार करने से रोकते हुए कहा—'राजन्! यह सारी सपत्ति इस सेठ की पुत्री की है। कोई दूसरा इस पर अधिकार करने की चेष्टा न करे। उस लडकी का पिता आया और सारी सपत्ति को सुरक्षित कर घर ले गया।

कायोत्सर्ग पूरा हुआ। आर्द्रककुमार ने सोचा—यह अनुकूल उपसर्ग उपस्थित हुआ है। अब मुझे यहा नही रहना चाहिए। वह वहा से तत्काल अन्यत्र चला गया।

एक बार उस श्रेष्ठी पुत्री के साथ विवाह करने के इच्छुक कुछ युवक आए। श्रेष्ठी पुत्री ने उन्हे देखकर माता-पिता से पूछा—'ये सब यहा क्यो आए हैं ? यहा आने का प्रयोजन क्या है ?'

माता-पिता ने कहा—'ये तेरे साथ विवाह की कामना से आए हैं।' पुत्री बोली—'पिताजी! कन्या का विवाह जीवन मे एक बार होता है, अनेक बार नही। मेरा उसके साथ विवाह हो चुका है जिसका धन आपने सुरक्षित किया है। वही मेरा पति है।' पिता ने पूछा—'क्या तुम उसको पहचानती हो ?' उसने कहा—'उनके पैरो की निशानी से मैं उन्हे पहचान लूगी।'

अब समस्या थी कि वह व्यक्ति कहा मिले ? सेठ ने एक उपाय किया। उसने भिक्षुओ को भिक्षा देना प्रारभ किया। नाना प्रकार के भिक्षु भिक्षा लेने आते। वह श्रेष्ठी-कन्या उनके पैरो को देखती। इस प्रकार बारह वर्ष बीत गए। भिक्षा देने का क्रम चलता रहा। एक दिन भवितव्यता के योग से भिक्षुक बना हुआ राजकुमार आर्द्रक उसी वसन्तपुर नगर मे आ गया। वह भिक्षा लेने उसी सेठ के घर पहुंचा। सेठ की लडकी ने उसे पदचिह्न से पहचान लिया। उसने पिता से कहा—यही मेरा पति है। पिता ने पुत्री को उस भिक्षु के साथ कर दिया। वह भिक्षुक के पीछे हो गई। भिक्षुक ने सोचा—ऐसे तो मेरा तिरस्कार होगा। उसे देवता का वचन स्मृत हो आया। कर्मो का उदय और नियति के चक्र को मान, भिक्षुक वेश को छोड़, वह उस श्रेष्ठी-कन्या के साथ रहने लगा। काल बीता। उसके एक पुत्र हुआ। वह बारह वर्ष का हो गया, तब एक दिन आर्द्रककुमार ने उस श्रेष्ठी-कन्या से कहा—'अब तुम दो हो गए हो। मैं अब पुन. प्रव्रजित होकर अपना कल्याण करना चाहता हू।' वह मौन रही।

एक दिन वह सूत बनाने के लिए कपास को कात रही थी। इतने मे उसका वह पुत्र आया और मा से बोला—'मा! तुम क्या करने लगी हो ? यह तुम्हे शोभा नही देता।' उसने कहा—'पुत्र! तुम ठीक कहते हो, किन्तु तुम्हारे पिता प्रव्रज्या लेना चाहते है। तुम भी छोटे हो। धन कमाना नही जानते। मैं अनाथ हो रही हू। इसलिए यह स्त्रीजनोचित कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है, जिससे कि मैं अपना और तुम्हारा पालन-पोषण कर सकू।' बालक प्रतिभा-सपन्न था। उसने अपनी मा के द्वारा काते गए सूत से पिता को बाधते हुए अव्यक्त वाणी मे बोला—'मेरे द्वारा बाधे जाने पर ये अब कहा जाएगे ?' आर्द्रक ने सोचा—जितने तन्तुओ से बालक ने

मुझे वाधा है, उतने ही वर्ष मुझे और गृहवास मे रहना है, आगे नही । उसने तन्तु गिने । वे वारह थे । वह वारह वर्षो तक घर मे रहा और फिर घर से अभिनिष्क्रमण कर प्रव्रजित हो गया ।

उसने एकाकी विहार करते हुए राजगृह की ओर प्रस्थान किया । रास्ते मे एक भयानक जगल आया । उस जगल मे पाच सौ चोर रहते थे । ये वे ही व्यक्ति थे जिन्हे राजकुमार आर्द्रक के पिता ने आर्द्रक के सरक्षण के लिए नियुक्त किया था । जव आर्द्रक अपने घोडे पर पलायन कर गया था, तव ये पाच सौ राजपुत्र राजाज्ञा की अवहेलना हो जाने के कारण भयाक्रान्त हो घर न जाकर जंगल में चले गए और वहा लूट-खसौट करते हुए जीवन-यापन करने लगे ।

आर्द्रक ने उन्हे पहचान लिया । आर्द्रक वोला—'अरे ! तुम सव चोर कैसे हो गए ? चोरवृत्ति अपनाने का कारण क्या बना ?' उन्होने अपने भय की वात कही । मुनि आर्द्रक ने उन्हे प्रतिवोध दिया । वे सव प्रतिवुद्ध होकर मुनि वन गए ।

मुनि आर्द्रक उन्हे साथ ले महावीर के दर्शनार्थ राजगृह आया । नगर के प्रवेश-द्वार पर गोशालक, ब्राह्मण, हस्तितापस आदि विभिन्न दर्शनो के आचार्य मिले और सबने मुनि आर्द्रक को अपने दर्शन मे दीक्षित करने का प्रयत्न किया । वाद-विवाद हुआ । उन सवको पराजित कर मुनि आर्द्रक आगे वढा । इतने मे ही एक विशालकाय हाथी अपने वन्धनो को तोडकर, मुनि आर्द्रक के चरणो मे आ झुका । राजा ने सारा वृत्तान्त जाना । वह आया । मुनि आर्द्रक को वन्दना कर वोला—'भगवन् ! आपके दर्शनमात्र से यह हाथी अपने वन्धनो से कैसे मुक्त हो गया ? आपका प्रभाव महान् है ।' मुनि आर्द्रक वोले—'राजन् ! मनुष्यो द्वारा निर्मित साकलो द्वारा वन्धे हुए हाथी का वन्धनमुक्त होना, आश्चर्य की वात नही है । यह दुष्कर नही है । दुष्कर तो यह था कि कच्चे सूत की डोरी से वन्धे हुए मेरा वन्धनमुक्त होना । स्नेहततु को तोडना अत्यन्त दुष्कर होता है ।' राजा मुनि की स्तवना करता हुआ भगवान् महावीर के समवसरण मे चला गया ।[1]

मुनि आर्द्रक से सम्वन्धित होने के कारण प्रस्तुत अध्ययन का नाम 'आर्द्रकीय' रखा गया है । इसमे आजीवक मत के आचार्य गोशालक, वौद्ध भिक्षु, वेदान्त दर्शन को मानने वाले ब्राह्मण, साख्य दर्शन के परिव्राजक और हस्तितापस—इन सभी के साथ जो वाद-प्रतिवाद हुआ उसका सकलन है । पाचो मतावलम्वियो ने मुनि आर्द्रक को अपनी ओर आकृष्ट करने का प्रयत्न किया किन्तु किसी का दर्शन मुनि आर्द्रक को प्रभावित नही कर सका ।

प्रस्तुत अध्ययन मे ५५ श्लोक है । उनका दर्शनगत विभाग इस प्रकार है—

१-२५—गोशालक द्वारा महावीर पर लगाए गए आक्षेप और आर्द्रक का उत्तर ।
२६-४२—वौद्ध भिक्षुओ द्वारा अपने मत की स्थापना और आर्द्रक द्वारा उसका प्रतिवाद ।
४३-४५—ब्राह्मण धर्म की प्रतिपत्ति के विषय मे आर्द्रक का उत्तर ।
४६-५१—एकदडी परिव्राजको (साख्य) की स्थापना और आर्द्रक का प्रत्युत्तर ।
५२-५५—हस्तितापसो के सिद्धान्त का खडन ।

इन पाचो दार्शनिको के प्रश्नो का सकलन इस प्रकार है—

१. गोशालक

- महावीर अस्थिर विचार वाले हैं । वे कभी कुछ करते हैं, कहते हैं और कभी कुछ कहते हैं, करते हैं ।
- पहले वे एकान्तचारी थे, अव देवकृत समवसरण मे रहते है ।
- पहले वे मौन रहते थे, अव उपदेश देने की धुन मे है ।
- पहले वे शिष्य नही बनाते थे, अव शिष्यो की भरमार है ।
- पहले वे तपस्वी थे, अव वे नित्यभोजी हैं ।
- पहले वे रूखा-सूखा भोजन करते थे, अव सरस भोजन करते है । उनका जीवन विरोधाभासो से भरा पडा है ।
- हमारे मत मे एकान्तचारी तपस्वी शीतोदक, वीजकाय, आधाकर्म और स्त्रियो का सेवन करता हुआ भी पाप से लिप्त नही होता ।
- महावीर भीरू हैं, वे सार्वजनिक स्थलो मे वाद के डर से न [illegible] रो मे ठहरते हैं ।
- महावीर वणिक् की भाति है, जो गाव-गाव घूम कर लो [illegible] ।

१. जैन सिद्धान्त भास्कर (आरा) भाग ११, पृष्ठ २ मे ऐसा [illegible] वादशाह कुरूप (ई० पू० ५५४-५३ [illegible] राजकुमार आर्द्रक पाच सौ व्यक्तियो के साथ महावीर को [illegible] मुनि वन गया ।

२. बौद्ध भिक्षु

- चित्तमूल ही धर्म है और चित्तमूल ही अधम है।
- खली की पिंडी को पुरुष समझकर पकाने वाला भी पाप से लिप्त नही होता।
- आदमी को खली की पिंडी मानकर पकाने वाला भी पाप से लिप्त नही होता।
- पाप का लेप होना या न होना कुशल या अकुशल मन पर आधारित है।
- पुरुष या बच्चे को शूल मे पिरो, 'यह खल की पिंडी है'—ऐसा सोच आग मे पकाए, वह मासाहार बुद्धो के लिए विहित है।
- जो दो हजार स्नातक भिक्षुओ को (ऐसा) आहार देता है वह महान् पुण्य स्कध को अर्जित करता है।

३. ब्राह्मण

- जो ब्राह्मणो को भोजन कराता है, वह महान् पुण्य का अर्जन करता है। वह महान् देव होता है।

४. एकदण्डी परिव्राजक

- श्रमण धर्म और साख्य दर्शन अनेक बातो मे समान हैं।
- हम भी पाच यमो को स्वीकार करते हैं।
- हम भी यावज्जीवन के लिए व्रत ग्रहण करते हैं।
- हमारा आचार समान है।
- हम भी युगमात्र भूमि को देखकर चलते है।
- शील भी हमारा समान है।
- हम भी केसरिका (रजोहरण) रखते हैं। आदि-आदि।

५. हस्तितापस

- एक विशालकाय हाथी को बाण से मारकर लबे समय तक ये जीवन निर्वाह करते हैं। इससे कदमूल फल के भोजन से मरने वाले असख्य जीव बच जाते हैं। हम एक जीव की हिंसा कर असख्य जीवो को प्राणदान देते हैं। यह हमारी करुणा है।

इन सब दार्शनिको को निर्ग्रन्थ प्रवचन के अनुसार आर्द्रक ने समाधान दिया। प्रश्नो और उत्तरों का सुन्दर संकलन प्रस्तुत अध्ययन मे है।

छट्ठं अज्झयणं : छठा अध्ययन

अद्दइज्जं : आर्द्रकीय

मूल	संस्कृत छाया	हिन्दी अनुवाद
१. पुराकडं अद्द ! इमं सुणेह, एगंतचारी समणे पुरासी । से भिक्खवो उवणेत्ता अणेगे आइक्खतिण्हं पुढो वित्थरेणं ॥	पुराकृत आर्द्र ! इद श्रृणुत, एकान्तचारी श्रमण· पुरा आसीत् । स भिक्षून् उपनीय अनेकान्, आचष्टे इदानी पृथक् विस्तरेण ॥	१. (गोशालक ने कहा—) आर्द्र ! श्रमण महावीर जो पहले करते थे, उसे सुनो । श्रमण महावीर पहले एकान्त मे रहते थे । अब वे अनेक भिक्षुओ को दीक्षित कर, उन्हे पृथग्-पृथग् विस्तार से समझाते रहते है ।
२. साऽऽजीविया पट्ठवियाऽथिरेणं सभागओ गणओ भिक्खुमज्झे । आइक्खमाणो बहुजण्णमत्थं ण संधयाई अवरेण पुव्वं ॥	साऽऽजीविका प्रस्थापिता अस्थिरेण, सभागत गणक भिक्षुमध्ये । आचक्षाण बहुजन्यमर्थं, न सदधाति अपरेण पूर्वम् ॥	२ वे अस्थिर चित्तवाले है । उन्होने यह आजीविका स्थापित की है । वे सभा मे बैठ, जन-समूह के साथ भिक्षुओ के बीच बहुजनहित-कारी अर्थ का आख्यान करते है । (उनका यह आचरण) पहले से मेल नही खाता ।
३. एगंतमेव अदुवा वि इण्हिं दोऽवण्णमण्णं ण समेंति जम्हा । पुव्विं च इण्हिं च अणागयं च एगंतमेव पडिसंधयाइ ॥	एकान्तमेव अथवाऽपि इदानी, द्वावपि अन्योन्य न समेत यस्मात् । पूर्वं च इदानी च अनागतं च, एकान्तमेव प्रतिसदधाति ॥	३ क्योकि (पहले का) एकान्त अथवा आज का (सघयुक्त जीवन)—दोनो समान नही हो सकते । (आर्द्र ने कहा) श्रमण महावीर पहले भी एकान्त मे थे, आज भी एकान्त मे है और अनागत काल मे भी एकान्त मे रहेगे ।[१]
४. समेच्च लोगं तसथावराणं खेमंकरे समणे माहणे वा । आइक्खमाणो वि सहस्समज्झे एगतयं सारयई तहच्चे ॥	समेत्य लोकं त्रसस्थावराणा, क्षेमंकर. श्रमणो ब्राह्मणो वा। आचक्षाणोऽपि सहस्रमध्ये, एकान्तकं सारयति तथार्च· ॥	४ श्रमण-माहन महावीर लोक को जानकर, त्रसस्थावर प्राणियो का क्षेम (अहिंसा) स्वय करते है ।[२] (दूसरे क्षेमकर बनें, इस दृष्टि से) हजारो लोगो के बीच वे अहिंसा का[३] आख्यान करते हुए भी अपनी शुक्ललेश्या के कारण[४] एकान्त ही अनुभव करते है ।
५. धम्मं कहंतस्स उ णत्थि दोसो खंतस्स दंतस्स जिइंदियस्स । भासाय दोसे य विवज्जगस्स गुणे य भासाय णिसेवगस्स ॥	धर्मं कथयतस्तु नास्ति दोष , क्षान्तस्य दान्तस्य जितेन्द्रियस्य । भाषाया दोषाणा च विवर्जकस्य, गुणाना च भाषाया निसेवकस्य ॥	५ क्षान्त[५], दान्त, जितेन्द्रिय, भाषा के दोषो का वर्जन करने वाले और भाषा के गुणो का सेवन करने वाले श्रमण महावीर धर्म कहते हैं[६], उसमे कोई दोष नही है ।
६. महव्वए पंच अणुव्वए य तहेव पंचासव संवरे य । विरइं इह स्सामणियम्मि पण्णे लवावसक्की समणे त्ति बेमि ॥	महाव्रतानि पच अणुव्रतानि च, तथैव पञ्चाश्रवान् सवराश्च । विरतिं इह श्रामण्ये प्राज्ञ लवावष्वस्की श्रमण इति ब्रवीमि[७] ॥	६ श्रमण परम्परा मे पाच महाव्रत, पाच अणु-व्रत, पाच आस्रव, पाच सवर, और विरति का (प्रतिपादन करते हुए भी) प्राज्ञ श्रमण महावीर कर्म से दूर है ।[८-९]

७. सीओदगं सेवउ बीयकायं
आहायकम्मं तह इत्थियाओ ।
एगंतचारिस्सिह अम्ह धम्मे,
तवस्सिणो णाभिसमेइ पावं ॥

शीतोदकं सेवता वीजकाय,
आधायकर्म तथा स्त्रिय. ।
एकान्तचारिण इह अस्मद्धर्मे
तपस्विन' नाभिसमेति पापम् ॥

७. (गोशालक ने कहा) शीतोदक, वीजकाय, आधाकर्म तथा स्त्रियो का भी सेवन करे, फिर भी हमारे धर्म मे एकान्तचारी तपस्वी पाप से लिप्त नही होता ।[10]

८. सीओदगं वा तह बीयकायं
आहायकम्मं तह इत्थियाओ ।
एयाइं जाणे पडिसेवमाणा
अगारिणो अस्समणा भवंति ॥

शीतोदक वा तथा वीजकायं,
आधायकर्म तथा स्त्रियः ।
एतानि जानीया प्रतिसेवमाना.
अगारिण. अश्रमणा' भवन्ति ॥

८. (आर्द्र ने कहा) शीतोदक, वीजकाय, आधाकर्म तथा स्त्रिया—इनका प्रतिसेवन करने वाले गृहस्थ होते हैं, अश्रमण होते हैं—ऐसा जाने ।

९. सिया य बीयोदगइत्थियाओ
पडिसेवमाणा समणा भवंतु ।
अगारिणो वि समणा भवंतु
सेवंति उ ते वि तहप्पगारं ॥

स्याच्च वीजोदकस्त्रिय ,
प्रतिसेवमाना श्रमणा भवन्तु ।
अगारिणोऽपि श्रमणा भवन्तु,
सेवन्ते तु तेऽपि तथाप्रकारम् ॥

९ यदि बीज, शीतोदक, (आधाकर्म और) स्त्रियो का सेवन करने वाले भी श्रमण होते है तो गृहस्थ भी श्रमण हो जायेगे क्योकि वे भी उनका सेवन करते हैं ।

१०. जे यावि बीओदगभोइ भिक्खू
भिक्खं विहं जायइ जीवियट्ठी ।
ते णाइसंजोगमविप्पहाय
काओवगा णंतकरा भवंति ॥

ये चापि बीजोदकभोजिन भिक्षव.
भिक्षा 'विह' याचन्ते जीवितार्थिन ।
ते ज्ञातिसयोग अपि प्रहाय,
कायोपगा नान्तकरा भवन्ति ॥

१०. जो भिक्षु जीवन के अर्थी होकर निरालव[11] भिक्षा की याचना करते हैं, फिर भी बीज और शीतोदक का सेवन करते हैं। वे ज्ञाति-सयोग को छोडकर भी देहासक्त होते हैं। वे (कर्म या दु ख का) अन्त करनेवाले नही होते ।[12]

११. इमं वयं तु तुम पाउकुव्वं
पावाइणो गरहसि सव्व एव ।
पावाइणो पुढो किट्टयंता
सयं सयं दिट्ठि करेंति पाउं ॥

इमा वाचं तु त्व प्रादुष्कुर्वन्
प्रावादिन. गर्हसे सर्वानेव ।
प्रावादिन पृथक् कीर्त्तयन्त
स्वका स्वका दृष्टि कुर्वन्ति प्रादु. ॥

११ (गोशालक ने कहा) तुम यह वचन कह कर सभी प्रावादुको की गर्हा कर रहे हो। वे प्रावादुक अपने-अपने दर्शन का निरूपण करते हुए अपनी-अपनी दृष्टि को प्रकट करते हैं ।[13]

१२. ते अण्णमण्णस्स उ गरहमाणा
अक्खंति ऊ समणा माहणा य ।
सतो य अत्थी असतो य णत्थी
गरहामो दिट्ठि ण गरहामो किंचि ॥

ते अन्योऽन्यस्य तु गर्हमाणा
आख्यान्ति तु श्रमणा ब्राह्मणाश्च ।
स्वतश्च अस्ति अस्वतश्च नास्ति
गर्हामहे दृष्टि न गर्हामहे किञ्चित् ॥

१२ (आर्द्र ने कहा) वे श्रमण और ब्राह्मण परस्पर दूसरे प्रावादुको की गर्हा करते हुए अपने प्रवाद का आख्यान करते हैं। वे अपने प्रवाद से निर्वाण होना वतलाते है और दूसरो के प्रवाद से निर्वाण का निषेध करते है।[14] हम दृष्टि की गर्हा कर रहे हैं, किसी प्रावादुक की गर्हा नही कर रहे हैं ।

१३. ण किंचि रूवेणऽभिधारयामो
सदिट्ठिमग्गं तु करेमो पाउं ।
मग्गे इमे किट्टिए आरिएहिं
अणुत्तरे सप्पुरिसेहिं अंजू ॥

न किञ्चिद् रूपेणाभिधारयाम.
स्वदृष्टिमार्ग तु कुर्म. प्रादु ।
मार्गोऽयं कीर्त्तित आर्यैं,
अनुत्तार सत्पुरुषै ऋजु. ॥

१३ हम रूप (वेपभूपा) के आधार पर किसी की अवहेलना नही करते ।[15] हम अपने दृष्टि-मार्ग को प्रकट करते है। यह ऋजु[16] और अनुत्तर मार्ग आर्य सत्पुरुपो के द्वारा निरूपित है ।

१४. उड्ढं अहे य तिरियं दिसासु
तसा य जे थावर जे य पाणा ।
भूयाभिसंकाए दुगुंछमाणे
णो गरहइ वुसिमं किंचि लोए ॥

ऊर्ध्व अध तिर्यग् दिशासु
त्रसाश्च ये स्थावरा ये च प्राणा ।
भूताभिशंकया जुगुप्समान ,
नो गर्हते वृपिमान् किञ्चिद् लोके ॥

१४ ऊची, नीची और तिरछी दिशाओ मे जो त्रस और स्थावर प्राणी हैं, उनके वध की आशका से जुगुप्सा करता हुआ सयमी पुरुप लोक मे[17] किसी की गर्हा नही करता ।

१५. आगंतगारे आरामगारे समणे उ भीते ण उवेइ वासं । दक्खा हु संती बहवे मणुस्सा ऊणातिरित्ता य लवालवा य ॥	आगन्त्रगारे आरामगारे, श्रमणस्तु भीतो न उपैति वासम् । दक्षा खलु सन्ति वहवो मनुष्या. ऊनातिरिक्ताश्च लपालपाश्च ॥	१५. (गोशालक ने कहा) श्रमण महावीर[१८] भीरु है, अत वे धर्मशालाओ[१९] और आरामगृहो मे निवास नही करते । (क्योकि) बहुत सारे साधारण या अतिरिक्त, वाचाल एव दक्ष मनुष्य वहा होते है ।
१६. मेहाविणो सिक्खिय बुद्धिमंता सुत्तेहि अत्थेहि य णिच्छयण्णू । पुच्छिसु मा णे अणगार अण्णे इति संकमाणो ण उवेइ तत्थ ॥	मेधाविन शिक्षिता बुद्धिमन्त, सूत्रेषु अर्थेषु च निश्चयज्ञा । प्राक्षु मा अस्मान् अनगारा अन्ये, इकि शकमानो न उपैति तत्र ॥	१६ (वहा वहुत सारे) मेघावी, शिक्षित, बुद्धिमान्, सूत्र और अर्थ के निश्चय को जानने वाले होते है । वे दूसरे लोग कुछ पूछ न ले, इस भय से श्रमण महावीर वहा नही जाते ।[२०]
१७. णाकामकिच्चा ण य बालकिच्चा रायाभियोगेण कुओ भएणं ? वियागरेज्जा पसिणं ण वा वि सकामकिच्चेणिह आरियाणं ॥	नाकामकृत्याद् न च वलकृत्याद्, राजाभियोगेन कुतो भयेन ? व्यागृणीयात् प्रश्न न वाऽपि, सकामकृत्येन इह आर्याणाम् ॥	१७ [आर्द्र ने कहा) श्रमण महावीर अकामकृत्य[२१]-व्यर्थ प्रयत्न नही करते । वे बलप्रयोग से[२२], राजा के अभियोग से[२३] प्रश्न का उत्तर नही देते[२४], फिर भय से प्रश्न का उत्तर देने की वात ही क्या ? कृत्य की सार्थकता हो[२५] तभी वे आर्यो के प्रश्न का उत्तर देते है अन्यथा नही देते । ।
१८. गंता व तत्था अदुवा अगंता वियागरेज्जा समियासुपण्णे । अणारिया दंसणओ परित्ता इति संकमाणो ण उवेइ तत्थ ॥	गत्वा वा तत्र अथवा अगत्वा, व्यागृणीयात् सम्यगाशुप्रज्ञः । अनार्या दर्शनत परीता, इति शकमानो न उपैति तत्र ॥	१८ (कृत्य की सार्थकता हो तो) वहा जाकर अथवा जहा ठहरे हो वहा भी आशुप्रज्ञ महावीर समदृष्टि से धर्म का व्याकरण करते है । अनार्य मनुष्यो का दर्शन विपरीत होता हे ।[२६] यह जानते हुए[२७] श्रमण महावीर वहा (धर्मशाला या आरामगृह मे) नही जाते ।[२८]
१९. पण्णं जहा वणिए उदयट्ठी आयस्स हेउं पगरेइ संगं । तओवमे समणे णायपुत्ते इच्चेव मे होइ मई वियक्का ॥	पण्य यथा वणिक् उदयार्थी, आयस्य हेतु प्रकरोति संगम् । तदुपम' श्रमणः ज्ञातपुत्र, इत्येव मे भवति मति वितक ॥	१९ (गोशालक ने कहा—) जैसे लाभ चाहने वाला वणिक् वेचने की सामग्री लेकर आय के लिए लोगो का सग करता है—लोगो के पास जाता है । श्रमण ज्ञातपुत्र भी उस वणिक् के समान है—लाभ के अर्थी होकर लोगो का सग कर रहे हैं । ऐसी मेरी मति हे, ऐसा मेरा वितर्क है ।
२०. णवं ण कुज्जा विहुणे पुराणं चिच्चा ऽमइं ताइ य साह एवं । एतावता बंभवति त्ति वुत्ते तस्सोदयट्ठी समणे त्ति बेमि ॥	नवं न कुर्याद् विधुनीयात् पुराण, त्यक्त्वा अमतिं तायी च स आह एवम् । एतावता ब्रह्मव्रती इति उक्त, तस्योदयार्थी श्रमण इति ब्रवीमि ॥	२० (आर्द्र ने कहा)—कोई नया कर्म न करे, पुराणा कर्म क्षीण करे[२९]—इस दृष्टि से त्रायी[३०] श्रमण महावीर (सयम और तप का) उपदेश करते हैं । वे अमति को छोडकर उपदेश करते है—अन्न-पान या पूजा-प्रतिष्ठा के लिए उपदेश नही करते । इसे (तप और सयम को) सुह्मव्रत[३१] कहा गया है । श्रमण महावीर उसके लाभार्थी है—ऐसा मैं कहता हू।
२१. समारभंते वणिया भूयगामं परिग्गहं चेव ममायमाणा । ते णाइसंजोगमविप्पहाय आयस्स हेउं पगरेंति संगं ॥	समारभन्ते वणिजो भूतग्राम, परिग्रह चैव ममायन्त' । ते ज्ञातिसयोग अविप्रहाय, आयस्य हेतु प्रकुर्वन्ति सगम् ॥	२१ वणिक् प्राणी-समूह की हिंसा करते हैं, परिग्रह पर ममत्व करते है । वे परिवार के साथ सबध रखते है और आर्थिक लाभ के लिए लोगो का सग करते है ।

२२. वित्तेसिणो मेहुणसंपगाढा
ते भोयणट्ठा वणिया वयंति ।
वयं तु कामेहिं अज्झोववण्णा
अणारिया पेमरसेसु गिद्धा ॥

वित्तैषिणो मैथुनसंप्रगाढाः,
ते भोजनार्थं वणिजो व्रजन्ति ।
वयं तु कामेषु अध्युपपन्नाः,
अनार्याः प्रेमरसेषु गृद्धाः ॥

२२. वे वणिक् मैथुन मे आसक्त हो (उसकी सपूर्ति के लिए) और भोजन (आजीविका) के लिए धन की एषणा करते हुए सर्वत्र जाते हैं।[१३] हम तो[१४] (मैथुन आदि से) विरक्त हैं। वे अनार्य वणिक् काम मे आसक्त और प्रेमरस मे गृद्ध है।[१५]

२३. आरंभगं चेव परिग्गहं च
अविउस्सिया णिस्सिय आयदंडा ।
तेसिं च से उदए जं वयासी
चउरंतणंताय दुहाय णेह ॥

आरम्भकं चैव परिग्रहं च,
अव्युत्सृज्य नि श्रिता. आत्मदण्डा. ।
तेषा च स उदयो यद् अवादीत्,
चतुरन्तानन्ताय दु खाय नेह ॥

२३ वे वणिक् आरभ[१६] और परिग्रह को न छोड-कर, उनमे लिप्त हो अपने आपको दडित करते है।[१७] उनके जो लाभ तुमने वताया वह चातुरन्त और अनन्त दु ख (या ससार) के लिए होता है, किन्तु दु ख से छुटकारा दिलाने वाला नही होता।

२५. णेगंति णच्चंति तओदए से
वयति ते दो वि गुणोदयम्मि ।
से उदए साइमणंतपत्ते
तमुदयं साहयइ ताइ णाई ॥

नैकान्तिक नात्यन्तिक तदुदय स,
व्रजत तौ द्वावपि अगुणोदये ।
तस्य उदय सादि-अनन्तप्राप्त ,
तमुदय साधयति तायी ज्ञाती ॥

२४ वणिक् के होने वाला लाभ[१८] ऐकान्तिक नही होता (कभी होता है, कभी नही भी होता), आत्यन्तिक नही होता (स्थायी नही होता)।[१९] ये दोनो (अनैकान्तिक और अनात्यन्तिक) अगुणोदय की कोटि मे[२०] चले जाते है।[२१] श्रमण महावीर को होनेवाला लाभ सादि होने पर भी अनन्त है।[२२] त्रायी और ज्ञानी[२३] महावीर वैसे लाभ का ही प्रतिपादन करते हैं।[२४]

२५. अहिंसयं सव्वपयाणुकंपी
धम्मे ठियं कम्मविवेगहेउं ।
तमायदंडेहिं समायरंता
अवोहिए ते पडिरूवमेयं ॥

अहिंसन् सर्वप्रजानुकंपी,
धर्मे स्थित कर्मविवेकहेतुम् ।
तमात्मदण्डै समाचरन्त ,
अवोधेस्ते प्रतीरूपमेतत् ॥

२५ अहिंसक,[२५] सव जीवों के अनुकपी, कर्म क्षीण करने के लिए धर्म मे स्थित श्रमण महावीर की आत्मा को दडित करने वाले उन वणिको के साथ तुलना करते हो, यह तुम्हारी अवोधि का ही प्रतिविम्व है।[२६-२७]

२६. पिण्णागपिंडीमवि विद्ध सूले
केई पएज्जा पुरिसे इमे त्ति ।
अलाउयं वा वि कुमारग त्ति
स लिप्पई पाणिवहेण अम्हं ॥

पिण्याकपिण्डीमपि विद्धा शूले,
कश्चित् पचेत् पुरुषोऽयमिति ।
अलावुक वाऽपि कुमारक इति,
स लिप्यते प्राणिवधेन अस्माकम् ॥

२६ (बौद्ध भिक्षु ने कहा) कोई मनुष्य खली की पिण्डी को[२८] शूल मे पिरो 'यह पुरुष है'—ऐसा सोच उसे पकाता है तथा लोकी को भी 'यह कुमार है'—ऐसा सोच उसे पकाता है, वह हमारे मतानुसार प्राणीवध से लिप्त होता है।[२९]

२७. अहवावि विद्धूण मिलक्खु सूले
पिण्णागवुद्धीए णरं पएज्जा ।
कुमारग वा वि अलाउए त्ति
ण लिप्पई पाणिवहेण अम्हं ॥

अथवाऽपि विद्ध्वा म्लेच्छ शूले,
पिण्याकवुद्ध्या नरं पचेत् ।
कुमारक वाऽपि अलावुक इति,
न लिप्यते प्राणिवधेन अस्माकम् ॥

२७ अथवा कोई म्लेच्छ मनुष्य को 'यह खली है'—ऐसा सोच उसे शूल मे पिरोकर पकाता है तथा कुमार को भी 'यह लोकी है'—ऐसा सोच उसे पकाता है, वह हमरे मतानुसार प्राणी-वध से लिप्त नही होता।

२८. पुरिसं च विद्धूण कुमारगं वा
सूलंमि केइ पए जायतेए ।
पिण्णागर्पिडि सइमारुहेत्ता
बुद्धाण तं कप्पइ पारणाए ॥

पुरुषं च विद्ध्वा कुमारकं वा,
शूले कश्चित् पचेत् जाततेजसि ।
पिण्याकपिण्डी स्मृति आरुह्य,
बुद्धाना तत् कल्पते पारणाय ॥

२८ पुरुष या बच्चे को कोई शूल मे पिरो 'यह खली की पिंडी है—ऐसा सोच आग मे पकाए, वह आहार बुद्धो के लिए योग्य है।[५०]

२९. सिणायगाणं तु दुवे सहस्से
जे भोयए णितिए भिक्खुयाणं ।
ते पुण्णखंधं सुमहऽज्जणित्ता
भवंति आरोप्प महंतसत्ता ॥

स्नातकाना तु द्वे सहस्रे,
ये भोजयेयुर्नित्य भिक्षुकाणाम् ।
ते पुण्यस्कन्धं सुमहदर्जयित्वा,
भवन्ति आरोप्या महासत्त्वा ॥

२९. जो दो हजार स्नातक[५१] भिक्षुओ को नित्य भोजन कराते हैं, वे महान् पुण्य-स्कन्ध[५२] को अर्जित कर महासत्त्व वाले 'आरोप्य देवता[५३] होते है।'

३०. अजोगरूवं इह संजयाणं
पावं तु पाणाण पसज्झ काउं ।
अबोहिए दोण्ह वि तं असाहु
वयंति जे यावि पडिस्सुणंति ॥

अयोग्यरूपं इह सयतानां,
पाप तु प्राणाना प्रसह्य कृत्वा ।
अबोध्यै द्वयोरपि तद् असाधु,
वदन्ति ये चापि प्रतिश्रृण्वन्ति ॥

३० (आर्द्र ने कहा)—[५४]'प्राणियो को बल-प्रयोग से (मार कर) पाप करना सयमी पुरुषो के लिए योग्य नही है।[५५] जो प्राणवध के सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हैं और जो उसे स्वीकार करते हैं—उन दोनो के लिए यह असाधु है और इससे उन्हे अबोधि होती है।[५६]

३१. उड्ढं अहे य तिरियं दिसासु
विण्णाय लिंगं तसथावराणं ।
भूयाभिसंकाए दुगुंछमाणे
वदे करेज्जा वा कुओ विहऽत्थि ॥

ऊर्ध्व अधश्च तिर्यग् दिशासु,
विज्ञाय लिंग त्रसस्थावराणाम् ।
भूताभिशकया जुगुप्समान
वदेत् कुर्याद् वा कुतोऽपि इह अस्ति ॥

३१. ऊची, नीची और तिरछी दिशाओ मे त्रस और स्थावर प्राणियो के लिंग (लक्षण) को[५७] जानकर उनके वध की आशका से जुगुप्सा करता हुआ बोले या करे। (उसे कोई दोष नही होता, किन्तु अज्ञान वश प्राणिवध करने वाले को कोई दोष नही होता) यह हमारे प्रवचन मे कहां से प्राप्त होगा ?

३२. पुरिसे त्ति विण्णत्ति ण एवमत्थि
अणारिए से पुरिसे तहा हु ।
को संभवो पिण्णगपिंडियाए
वाया वि एसा बुइया असच्चा ॥

पुरुष इति विज्ञप्ति. न एवमस्ति,
अनार्य स पुरुषस्तथा खलु ।
क सभव पिण्याकपिण्ड्यां,
वागपि एपा उक्ता असत्या ॥

३२ (खली मे) पुरुष का ज्ञान होता है—ऐसा नही होता। जो (खली को पुरुष जानता है) वह अनार्य पुरुष है। यह कैसे सभव है कि खली की पिण्डी मे (पुरुष की बुद्धि उत्पन्न हो ?) अत पहले जो वचन कहा गया, वह असत्य है।[५८]

३३. वायाभिओगेण जमावहेज्जा
णो तारिसं वायमुदाहरेज्जा ।
अट्ठाणमेयं वयणं गुणाणं
णो दिक्खिए बूय सुरालमेयं ॥

वागभियोगेन तद् आवहेत्,
नो तादृशी वाचमुदाहरेत् ।
अस्थानमेतद् वचन गुणानां,
नो दीक्षित ब्रूयात् सूदारमेतत् ॥

३३ जिस वचन के बोलने से हिंसा हो वैसा वचन नही बोलना चाहिए। (अज्ञानवश प्राणिवध करने वाले को कोई दोष नही होता) यह वचन गुणो के लिए अनुचित है। ऐसा स्थूल वचन[५९] दीक्षित पुरुष को नही बोलना चाहिए।

३४. लद्धे अहट्ठे अहो एव तुब्भे
जीवाणुभागे सुविचिंतिते य ।
पुव्वं समुद्दं अवरं च पुट्ठे
ओलोइए पाणितलट्ठिए वा ॥

लब्ध अथार्थ अहो एव युष्माभि',
जीवानुभाग सुविचिन्तितश्च ।
पूर्व समुद्र अपर च स्पृष्ट,
अवलोकित पाणितलस्थित इव ॥

३४ आश्चर्य है कि तुमने ही अर्थ को उपलब्ध किया है। तुमने ही जीवो के कर्म-विपाक का अच्छा चिन्तन किया है। ऐसा लगता है कि तुमने पूर्व समुद्र और पश्चिम समुद्र को छूने वाले (लोक को) वैसे देख लिया है जैसे वह तुम्हारे हस्ततल मे स्थित हो।[६०]

३५. जीवाणुभागं सुविचिंतयंता
आहारिया अण्णविहीए सोहिं ।
ण वियागरे छण्णपओपजीवी
एसोऽणुधम्मो इह संजयाणं ॥

जीवानुभाग सुविचिन्तयन्त,
अवधार्य अन्यविधिना शोधिम् ।
न व्यागृणीयाद् छन्नपदोपजीवी,
एप अनुधर्म. इह संयतानाम् ॥

३५ जीवो के कर्म-विपाक का भलीभाति चिन्तन करने वाले सयमी मुनि विशुद्धि की अन्य विधि का अवधारण करते है। 'अज्ञान अवस्था मे कर्म का वन्ध नही होता'—इस प्रकार के अस्पष्ट पदो के उपजीवी होकर[१२] वे न वोलें। यह संयमी मुनियो का अनुधर्म है।[१३]

३६. सिणायगाणं तु दुवे सहस्से
जे भोयए णितिए भिक्खुयाणं ।
असंजए लोहियपाणि से ऊ
णियच्छई गरहमिहेव लोए ॥

स्नातकाना तु द्वे सहस्रे,
यो भोजयेद् नित्य भिक्षुकाणाम् ।
असयतो लोहितपाणि स तु,
नियच्छति गर्हा इहैव लोके ॥

३६ जो दो हजार स्नातक भिक्षुओ को नित्य भोजन कराता है, वह रक्त से सने हाथ वाला असयती इस लोक मे भी गर्हा को प्राप्त होता है।

३७. थूलं उरब्भं इह मारियाणं
उद्दिट्ठभत्तं च पगप्पएत्ता ।
तं लोणतेल्लेण उवक्खडेत्ता
सपिप्पलीयं पगरंति मंसं ॥

स्थूलं उरभ्रं इह मारयित्वा,
उद्दिष्टभक्तं च प्रकल्प्य ।
त लवणतैलेन उपस्कृत्य,
सपिप्पलीक प्रकुर्वन्ति मासम् ॥

३७. मोटे भेडे को मारकर भिक्षुओ के लिए उद्दिष्ट भक्त वना, उसे नमक, तेल से पका, मिरच डाल मास तैयार करते हैं।

३८. तं भुंजमाणा पिसियं पभूयं
णो उवलिप्पामो वयं रएणं ।
इच्चेवमाहंसु अणज्जधम्मा
अणारिया वाल रसेसु गिद्धा ॥

त भुञ्जाना पिशितं प्रभूतं,
नो उपलिप्यामहे वय रजसा ।
इत्येवं आहु. अनार्यधर्माणः,
अनार्या. वाला रसेपु गृद्धा ॥

३८ अनार्यधर्मी, रस-लोलुप, वाल, अनार्य उस प्रचुर मांस को खाते हुए 'हम रज से लिप्त नही होते'—ऐसा कहते हैं।

३९. जे यावि भुंजंति तहप्पगारं
सेवंति ते पावमजाणमाणा ।
मणं ण एयं कुसला करेंति
वाया वि एसा वुइया उ मिच्छा

ये चापि भुञ्जते तथाप्रकार,
सेवन्ते ते पापमजानाना. ।
मनो न एतत् कुशला. कुर्वन्ति,
वागपि एपा उक्ता तु मिथ्या ।

३९. जो वैसा भोजन करते हैं, वे अज्ञानवश पाप का सेवन करते हैं। कुशल पुरुप ऐसा मन भी नही करते। ऐसा वचन वोलना भी मिथ्या है।

४०. सव्वेसि जीवाण दयट्ठयाए
सावज्जदोसं परिवज्जयंता ।
तस्संकिणो इसिणो णायपुत्ता
उद्दिट्ठभत्तं परिवज्जयंति ॥

सर्वेषां जीवाना दयार्थाय,
सावद्यदोप परिवर्जयन्त. ।
तच्छंकिन ऋषय ज्ञातपुत्रा,
उद्दिष्टभक्तं परिवर्जयन्ति ॥

४० ज्ञातपुत्रीय ऋषि सव जीवो की दया के लिए, सावद्य दोप का वर्जन करते हुए, दोप की शका से उद्दिष्टभक्त का परिवर्जन करते हैं।

४१. भूयाभिसकाए दुगुंछमाणा
सव्वेसि पाणाण णिहाय दंडं ।
तम्हा ण भुंजंति तहप्पगारं
एसोऽणुधम्मो इह संजयाणं ॥

भूताभिशकया जुगुप्समाना,
सर्वेपा प्राणाना निहाय[1] दण्डम् ।
तस्माद् न भुञ्जते तथाप्रकार,
एप अनुधर्म इह सयतानाम् ॥

४१. प्राणी-वध की आशंका से[१४] जुगुप्सा करते हुए, सव प्राणियो के प्रति किए जाने वाले दंड (उपताप) का त्याग करते हैं,[१५] इसलिए वे वैसा भोजन नही करते—यह सयत पुरुपो का अनुधर्म है।

४२. णिग्गंथधम्मम्मि इमा समाही
अस्सि सुठिच्चा अणिहे चरेज्जा ।
वुद्धे मुणी सीलगुणोववेए
इहच्चणं पाउणई सिलोगं ॥

निर्ग्रन्थधर्मे अय समाधि,
अस्मिन् सुस्थित्य अनिहश्चरेत् ।
वुद्धो मुनि शीलगुणोपेत.,
इहार्चन प्राप्नोति श्लोकम् ॥

४२ निर्ग्रन्थ धर्म मे[१६] यह समाधि[१७] है। इसमे स्थित होकर निस्नेहभाव से विचरण करे। जो मुनि वुद्ध और शीलगुण से युक्त होता है वह इस जगत् मे भी अर्चा और श्लाघा को प्राप्त होता है।[१८]

१. निधाय (?) ।

४३. सिणायगाणं तु दुवे सहस्से
जे भोयए णितिए माहणाणं
ते पुण्णखंधं सुमहज्जणित्ता
भवंति देवा इइ वेयवाओ ॥

स्नातकानां तु द्वे सहस्रे,
ये भोजयेयु. नित्य ब्राह्मणानाम् ।
ते पुण्यस्कन्धं सुमहदर्जयित्वा,
भवन्ति देवा इति वेदवाद ॥

४३. (वेदवादी ने कहा) जो दो हजार स्नातक ब्राह्मणो को नित्य भोजन कराते हैं वे महान पुण्य-स्कध को अर्जित कर देव होते हैं—यह वेद का वचन है ।[69]

४४. सिणायगाणं तु दुवे सहस्से
जे भोयए णितिए कुलालयाणं ।
से गच्छई लोलुवसंपगाढे
तिव्वाभितावी णरगाभिसेवी ॥

स्नातकानां तु द्वे सहस्रे,
यो भोजयेन्नित्य कुलालकानाम् ।
स गच्छति लोलुपसप्रगाढे,
तिव्राभितापी नरकाभिसेवी ॥

४४ (आर्द्र ने कहा) जो दो हजार स्नातक ब्राह्मणो को[70] नित्य भोजन कराता है, वह दु खपूर्ण (नरक मे) जाता है और वह तीव्र ताप को सहने वाला नरकसेवी होता है ।

४५. दयावरं धम्म दुगुंछमाणे
वहावहं धम्म पसंसमाणे ।
एगं पि जे भोययई असीलं
णिहो णिसं गच्छइ अंतकाले ॥

दयावर धर्मं जुगुप्समान',
वधावधं धर्मं प्रशंसन् ।
एकमपि यो भोजयति अशील,
न्यक् दिशा गच्छति अन्तकाले ॥

४५ दया-प्रधान धर्म की जुगुप्सा और हिंसात्मक धर्म की प्रशसा करता हुआ जो एक दु शील को भी भोजन कराता है, वह जीवन के अन्त-काल मे नीचे अन्धकार रात्री को[71] प्राप्त होता है ।

४६. दुहओ वि धम्मम्मि समुट्ठियामो
अस्सि सुठिच्चा तह एस कालं ।
आयारसीले बुइएह णाणे
ण संपरायम्मि विसेसमत्थि ॥

द्वावपि धर्मे समुत्थितौ स्व ,
अस्मिम् सुस्थित्य तथा एष्यत् कालम् ।
आचारशील उक्तमिह ज्ञान,
न सम्पराये विशेषोऽस्ति ॥

४६ (साख्य परिव्राजको ने कहा—आर्द्रकुमार ! तुम्हारा और हमारा धर्म समान है ।) हम दोनो धर्म मे समुत्थित हैं । इस धर्म मे हम स्थित हैं और भविष्य मे (यावज्जीवन) रहेगे । आचार, शील और ज्ञान भी हमारा समान हैं ।[72] तथा परलोक के विषय मे भी हमारा कोई मतभेद नही हैं ।

४७. अव्वत्तरूवं पुरिस महंतं
सणातणं अक्खयमव्वयं च ।
सव्वेसु भूएसु वि सव्वओ से
चंदो व ताराहिं समत्तरूवे ॥

अव्यक्तरूप पुरुषं महान्तं,
सनातन अक्षयमव्यय च ।
सर्वेषु भूतेषु अपि सर्वत. स,
चन्द्र इव तारासु समस्तरूपः ॥

४७. "[73]अव्यक्तरूप, महान्[74] सनातन, अक्षय और अव्यय पुरुष[75] जो है, वह सब प्राणियो के साथ[76] सबध रखता है, जैसे ताराओ के साथ चन्द्रमा ।[77]

४८. एवं ण मिज्जंति ण संसरंति
ण माहणा खत्तिय-वेस-पेसा ।
कीडा य पक्खी य सरीसिवा य
णरा य सव्वे तह देवलोगा ॥

एवं न म्रियन्ते न संसरन्ति,
न ब्राह्मणा क्षत्रियवैश्यप्रेष्या ।
कीटाश्च पक्षिणश्च सरीसृपाश्च,
नराश्च सर्वे तथा देवलोका ॥

४८ (आर्द्रकुमार ने कहा)—इस प्रकार (पुरुष को सर्वव्यापी मानने पर) जीव न मरेंगे[78], न ससार-भ्रमण करेंगे[79], न ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और प्रेष्य होगे, न कीट, पक्षी और सर्प होगे, न मनुष्य होगे और न देवलोक ।[80]

४९. लोगं अयाणित्तिह केवलेणं
कर्हिति जे धम्ममजाणमाणा ।
णासेंति अप्पाण परं च णट्ठा
संसार घोरम्मि अणोरपारे ॥

लोक अज्ञात्वा इह केवलेन,
कथयन्ति ये धर्म अजानानाः ।
नाशयन्ति आत्मानं परं च नष्टा ,
ससारे घोरे अनारपारे ॥

४९ केवलज्ञान से लोक को जाने विना अज्ञानी मनुष्य धर्म का कथन करते हैं, वे नष्ट पुरुष इस आर-पार-रहित घोर ससार मे स्वय नष्ट होते हैं तथा दूसरो को भी नष्ट करते हैं ।

५०. लोगं विजाणंतिह केवलेणं
पुण्णेण णाणेण समाहिजुत्ता ।
धम्मं समत्तं च कर्हिति जे उ
तारेंति अप्पाण परं च तिण्णा ॥

लोक विजानन्ति इह केवलेन,
पुण्येन ज्ञानेन समाधियुक्ता ।
धर्म समस्त कथयन्ति ये तु,
तारयन्ति आत्मानं परं च तीर्णाः ॥

५० जो पूर्ण केवलज्ञान के द्वारा समाधियुक्त हो लोक को जानते है, जो समस्त धर्म का कथन करते हैं वे तीर्ण पुरुष स्वय ससार से तरते है और दूसरो को तारते हैं ।

५१. जे गरहियं ठाणमिहावसंति
जे यावि लोए चरणोववेया ।
उदाहडं तं तु समं मईए
अहाउसो ! विप्परियासमेव ॥

ये गर्हित स्थानमिहावसन्ति,
ये चाऽपि लोके चरणोपेता. ।
उदाहृत तत् तु समं मत्या,
अथायुष्मन् ! विपर्यासमेव ॥

५१. कुछ लोग गर्हित स्थान में रहते हैं—गर्हित आचरण करते हैं और कुछ लोग चरित्र-सम्पन्न होते हैं। (आत्मा सर्वगत होने पर) ये दोनों बुद्धि से समान कहे जाएंगे। आयुष्मान् ! वास्तविकता इसके विपरीत है।

५२ संवच्छरेणावि य एगमेगं
बाणेण मारेउ महागयं तु ।
सेसाण जीवाण दयट्ठयाए
वासं वयं वित्तिं पकप्पयामो ॥

संवत्सरेणाऽपि च एकमेकं,
बाणेन मारयित्वा महागजं तु ।
शेषाणां जीवाना दयार्थाय,
वर्ष वयं वृत्तिं प्रकल्पयाम ॥

५२. (हस्तितापस ने कहा) हम वर्ष में एक-एक बड़े हाथी को बाण से मारकर, शेष जीवों पर दया करने के लिए हम वर्षभर उसी से जीवन यापन करते हैं।

५३. संवच्छरेणावि य एगमेगं
पाणं हणंता अणियत्तदोसा ।
सेसाण जीवाण वहेण लग्गा
सिया य थोवं गिहिणो वि तम्हा ॥

संवत्सरेणाऽपि च एकमेकं,
प्राण घ्नन्त. अनिवृत्तदोषा. ।
शेषाणा जीवाना वधे लग्ना.,
स्याच्च स्तोकं गृहिणोऽपि तस्मात्॥

५३ (आर्द्रकुमार ने कहा) वर्ष में एक-एक प्राणी को मारते हुए तुम दोष मुक्त नहीं हो सकते। (यदि तुम इसे थोड़ा दोष मानते हो तो) शेष जीवों के वध में संलग्न गृहस्थ भी थोड़ा ही दोष करते हैं (सब जीवों को वे नहीं मारते)।

५४. संवच्छरेणावि य एगमेगं
पाणं हणंते समणव्वते ऊ ।
आयाहिए से पुरिसे अणज्जे
ण तारिसं केवलिणो भणंति ॥

संवत्सरेणाऽपि च एकमेक,
प्राणं घ्नन् श्रमणव्रतस्तु ।
आत्माहित. स पुरुष. अनार्य.,
न तादृशं केवलिनो भणन्ति ॥

५४. श्रमणव्रती कहलाने वाला भी वर्ष में एक-एक प्राणी को मारता है तो वह पुरुष अनार्य और आत्मा का अहित करनेवाला है। ऐसे हिंसा-युक्त धर्म का केवली प्रतिपादन नहीं करते।

५५. बुद्धस्स आणाए इमं समाहिं
अस्सिं सुठिच्चा तिविहेण ताई ।
तरिउं समुद्दं व महाभवोघं
आयाणवं धम्ममुदाहरेज्जासि ॥

बुद्धस्य आज्ञाया अयं समाधिः,
अस्मिन् सुस्थित्य त्रिविधेन तायी ।
तीर्त्वा समुद्रमिव महाभवौघ,
आदानवान् धर्मं उदाहरेत् ॥

५५. तीर्थंकर की आज्ञा (प्रवचन या शासन) में यह समाधि है। मनसा, वाचा, कर्मणा अहिंसा का पालन करने वाला ज्ञान, दर्शन और चारित्र सम्पन्न मुनि इस समाधि में स्थित हो, महाभव के प्रवाह को समुद्र की भांति तर कर, धर्म का प्रतिपादन करे।

—त्ति बेमि ॥

—इति ब्रवीमि ।

—ऐसा मैं कहता हूं।

अध्ययन ६ : टिप्पण

श्लोक १-३ :

१. (श्लोक १-३)

राजपुत्र आर्द्रक कुमार प्रत्येक वुद्ध था। वह स्वय प्रव्रजित हो गया। वह अपने देश से प्रस्थान कर राजगृह मे समवसृत भगवान् महावीर के पास जा रहा था। रास्ते मे एक भयानक अटवी आई। उसमे चोर रहते थे। ज्योही आर्द्रक उस मे पहुचा, पाच सौ चोरो की मडली वहा आ पहुची। आर्द्रक ने उन्हे देखा और पहचान लिया। ये वे पाच सौ राजकुमार थे जो आर्द्रक की सेवा मे पिता द्वारा नियुक्त किए गए थे। पर आर्द्रक के प्रव्रजित हो जाने पर, राजा के भय से घर न जाकर, अटवी मे ही चौर्यवृत्ति से जीवन-यापन करने लगे थे। आर्द्रकुमार ने उन्हे प्रतिवोध दिया। वे प्रतिवद्ध हुए और प्रव्रजित होकर आर्द्रक के साथ चल पडे। मुनि आर्द्रक अपनी मडली के साथ राजगृह मे आया। नगर प्रवेश करते ही गोशालक उसे मिला। गोलाशक ने कहा—आर्द्र! तुम जिस महावीर के पास जा रहे हो उनके आचरण और व्यवहार मे कितना द्वैध है। वे पहले एकान्तचारी थे। वे पहले आराम, उद्यान, शून्यागार आदि एकान्त स्थानो मे रहते थे। उन्होने मेरे साथ लाभ-अलाभ, सुख-दु ख का अनुभव किया था। वे भावत भी एकान्तचारी थे। सदा मौन रहते थे, ध्यान करते थे। यह एकान्तचर्या यावज्जीवन के लिए दुष्कर होती है, यह जानकर उन्होने मुझे छोड दिया और अव वे वहुत वडे साधु-साध्वी से परिवृत होकर, पूर्वाह्न और अपराह्न मे धर्म प्रवचन करते है। एक गाव से दूसरे गाव मे जाते है। उनका यह विहरण पूजा, गौरव और शिष्य-प्राप्ति के लिए हो रहा है। तुम विश्वास करो, मेरी वात मानो।[१]

तीसरे श्लोक के प्रथम दो चरणो मे गोशालक अपनी पूर्वकथित वार्ता का उपसहार करते हुए कहता है—

आर्द्रक! यदि एकान्तचारित्व ही श्रेयस्कर था तो जीवनपर्यन्त उसी का पालन करना चाहिए था। यदि महापरिवार से परिवृत होकर विहरण करने की उनकी स्थिति श्रेयस्कर है तो इसी को प्रारम्भ से ही मानना चाहिए था। ये दोनो—एकान्तचारिता और समूहचारिता छाया और धूप की भाति परस्पर विरोधी है। ये एक साथ श्रेयस्कर नही होती।

यदि मौन रहना ही धर्म था तो फिर आज धर्मदेशना का प्रपच क्यो? यदि धर्मदेशना ही धर्म था तो फिर पहले मौन क्यो रहे? फिर वारह वर्षो से अधिक समय तक क्यो कष्ट सहे?

इन सव व्यवहारो से प्रतीत होता है कि महावीर अपने विचारो मे दृढ नही है, निश्चल नही है। कभी कुछ करते है और कभी कुछ। उनका पहले के आचरण मे और वर्तमान के आचरण मे कोई तालमेल नही है। वे पूर्वापरव्याहतवादी और पूर्वापरव्याहतकारी है—पहले कुछ कहते थे, आज कुछ कहते है, पहले कुछ करते थे और आज कुछ करते है।

इसी श्लोक के अन्तिम दो चरण मे आर्द्रक ने भगवान् महावीर की चर्या—एकान्तचारिता और मौनवृत्तित्व तथा समूहचारिता और धर्म-प्रवचनदान को सिद्ध करते हुए कहा—भगवान् महावीर साधिक साढे वारह वर्ष तक छद्मस्थ अवस्था मे रहे तव तक घातिकर्म चतुष्टय को क्षीण करने के प्रयत्न मे लगे रहे। इसलिए यह आवश्यक था कि वे एकान्त मे रहे, जहा तपस्या, ध्यान, कायोत्सर्ग आदि निर्विघ्न रूप से हो सके। केवलज्ञान उत्पन्न होने के पश्चात् तपस्या और मौन कृतकृत्य हो गए। अव वे महान् परिवार से परिवृत रहते हैं, धर्म-देशना देते है, क्योकि अभी वे तीर्थंकर नामकर्म का वेदन कर रहे है। चार अघाती कर्म अभी शेष है। उनकी शुभ प्रकृतियो का वेदन करने से ही उनसे मुक्त हुआ जा सकता है। इसलिए उनके पूर्व और अपर आचरण-व्यवहार और भाषण मे कोई विरोध नही है, विपर्यास नही है।

आज वे धर्म-प्रवचन करते हुए भी मौन है और महान् परिवार से परिवृत होकर भी एकान्तचारी हैं।[२]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४१६।

२. वही, पृष्ठ ४१८,४१६।

श्लोक ४ :

२. क्षेम (अहिंसा) स्वयं करते हैं (क्षेमंकरे)

चूर्णिकार के अनुसार 'क्षेम' का अर्थ है—अवध, अहिंसा।[1] वृत्तिकार ने क्षेम के दो अर्थ किए हैं—शांति, रक्षा।[2] प्रश्न-व्याकरण मे अहिंसा का एक विशेषण है—सव्वभूयखेमकरी।[3]

३. आख्यान करते हुए भी……अनुभव करते हैं (आइक्खमाणो……सारयई)

आर्द्रककुमार ने कहा—भगवान् अकेले रहे तब भी एकान्तचारी रहे और आज वे हजारो व्यक्तियो मे घिरे रहते हैं तो भी एकान्त की ही साधना करते है। ये हजारों व्यक्तियों को एकत्व-प्रव्रज्या प्राप्त कराते हैं—समूह मे भी अकेला रहना सिखलाते हैं। अकेला वह होता है जो राग-द्वेष से रहित होता है। वे इस दृष्टि से अकेले हैं। उनकी आत्मा रागद्वेष के कलक मे मुक्त है, इसलिए वे लोगों के बीच रहते हुए भी अकेले हैं। इसलिए कहा है—

कामक्रोधावनिर्जित्य, किमरण्ये करिष्यसि ?
कामक्रोधौ विनिर्जित्य, किमरण्ये करिष्यसि ?[4]

यदि तूने काम और क्रोध को नही जीता है तो अरण्य मे जाकर क्या करेगा ? यदि तूने काम और क्रोध को जीत लिया है तो अरण्य में जाकर क्या करेगा ?

टीका मे यह श्लोक कुछ शब्दान्तर से प्राप्त है।[5]

४. शुक्ल लेश्या के कारण (तहच्च)

अर्चा का एक अर्थ है—लेश्या और दूसरा अर्थ है—शरीर।[6]

तथार्च—शुक्ल लेश्या से सपन्न।

तथार्च—निर्भूषित शरीर से युक्त।

श्लोक ५ :

५. क्षान्त (खंतस्स)

प्रस्तुत श्लोक मे धर्मकथा के अधिकारी की पाच कसौटिया बतलाई गई है। पहली कसौटी है—क्षमाशीलता। धर्मकथी दुर्विदग्ध बुद्धिवालो को भी धर्म समझाता है। वे उसे स्वीकार नही करते फिर भी वह अपनी क्षमाशीलता के कारण उनके प्रति रोष नहीं करता, अपना संतुलन बनाए रखता है। यह सतुलन धर्म का पहला गुण है।

दूसरी कसौटी है—कषाय का उपशात होना, मानसिक चंचलता पर विजय पा लेना। जिसका मन अधिक चंचल होता है वह अपने प्रतिपाद्य विषय पर स्थिर नही रह पाता। इसी प्रकार आवेशशील मनुष्य सत्य के साथ न्याय नहीं कर सकता। इस दृष्टि से धर्मकथी का दांत होना नितान्त अपेक्षित है।

तीसरी कसौटी है—जितेन्द्रियता। जिसका इन्द्रियो पर नियन्त्रण नही होता वह यथार्थ का प्रतिपादन नही कर सकता। अपनी इन्द्रिय-लोलुपता के कारण वह सत्य को स्वार्थ मे बदल देता है। इसलिए धर्मकथी का इन्द्रियजयी होना अत्यन्त आवश्यक है।

चौथी कसौटी है—भाषा के दोषो का वर्जन। कर्कश बोलना, रूक्ष वचन बोलना, आक्रोशपूर्ण वचन बोलना—ये सब भाषा के दोष हैं। वही धर्मकथी सफल हो सकता है जो मृदु, मनोरम और निरवद्य भाषा का प्रयोग करता है।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४१८ : खेमं सयं करेति, अवधमित्यर्थ.।
२. वृत्ति, पत्र १४१ . क्षेमं शान्तिः रक्षा तत्करणशील. क्षेमंकरः।
३. प्रश्नव्याकरण १।
४. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४१८,४१९।
   (ख) वृत्ति, पत्र १४१।
५. वृत्ति, पत्र १४१।
६. चूर्णि, पृष्ठ ४१९ : अर्चा नाम लेश्या, सा य सुक्कलेसो…… "अथवा अच्चंति सरीरं।

पाचवीं कसौटी है—भाषा गुणज्ञता । हित, परिमित, देशकालानुरूप वचन का प्रयोग करना—यह भाषा की गुणज्ञता है ।[1]

वृत्तिकार ने क्षान्ति से क्रोध का निरसन, दांत से मान का निरसन और जितेन्द्रिय से लोभ का निरसन माना है। उनका कहना है कि लोभ के निरसन के साथ-साथ माया का निरसन स्वत' हो जाता है, क्योंकि माया का मूल है लोभ ।[2]

भाषा के दोष और गुणों का विस्तार से वर्णन दशवैकालिक सूत्र के सातवें अध्ययन 'वाक्यशुद्धि' में हुआ है। मुनि के लिए कौन सी भाषा सदोष होती है और कौन सी निर्दोष—इसका विशद विवेचन वहा प्राप्त है।

चूर्णिकार और वृत्तिकार के अनुसार —असत्य, असत्यामृषा (मिश्र भाषा), कर्कश भाषा, असभ्य भाषा, कटु, निष्ठुर और सावद्य भाषा का प्रयोग करना भाषा के दोष हैं ।[3]

६. धर्म कहते है (धम्मं कहंतस्स)

भगवान् अकेले है, कृतार्थ है तो फिर धर्मोपदेश करने का क्या प्रयोजन है ?

आर्द्रक ने कहा—भगवान् धर्म-प्रवचन करते है। वह निर्दोष है। उसके चार कारण है—

१. वे वीतराग अवस्था को प्राप्त है।
२ उनका ज्ञान पूर्ण है, अनावृत है।
३ उनकी प्रवृत्ति एकान्तत परहित के लिए होती है।
४. उनका सारा वर्तन स्वकार्य-निरपेक्ष होता है।

जो व्यक्ति राग-द्वेष से ग्रस्त है, अपूर्ण ज्ञानवाला है, जो अपना हित ही साधना चाहता है और जो स्वार्थ से प्रेरित है—जिसकी सारी प्रवृत्ति स्व-सापेक्ष होती है, उसको धर्म-प्रवचन करने का अधिकार नही है। उसका धर्म-प्रवचन सदोष हो सकता है।

श्लोक ६ :

७. (त्ति बेमि)

इसका वाच्यार्थ है—भगवान् महावीर स्वय महाव्रतो से उपपन्न, इन्द्रिय-नो इन्द्रिय गुप्त, विरत, कर्मबन्ध से रहित है और वे इन्ही धर्मों की देशाना देते हैं तथा लोगो को इन्ही धर्मों को स्वीकार करने की प्रेरणा देते है। वे 'यथावादी तथाकारी' हैं। वे जिसका पालन करते हैं उसी का उपदेश देते हैं। वे जैसा कहते हैं, वैसा करते है और जैसा करते है, वैसा कहते हैं ।[4]

कर्म से दूर हैं (लवावसक्की)

लव का अर्थ है—कर्म। जो कर्मबन्ध से अवसर्पण करता है, दूर रहता है वह लवावष्वस्की होता है। भगवान् महावीर लवावष्वस्की थे। उनके वाचिक और मानसिक प्रवृत्ति से कर्म का बन्ध नही होता था ।[5]

देखें—सूत्रकृताग (प्रथम) २।४२, १२।४ के टिप्पण

८. (श्लोक ६)

भगवान् महावीर ने धर्म-देशना के द्वारा जिन धर्म-तत्त्वो का प्रतिपादन किया उनका प्रस्तुत गाथा मे सकलन किया गया है। वे ये हैं—

मुनि के लिए पाच महाव्रत—अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह।

गृहस्थ के लिए पाच अणुव्रत—अहिंसा अणुव्रत, सत्य अणुव्रत, अचौर्य अणुव्रत, स्वदार-सतोष और इच्छा परिमाण।

प्राणातिपात, मृषावाद, अदत्तादान, मैथुन और परिग्रह ये पाच आश्रव है। इनके द्वारा कर्म परमाणुओ का आकर्षण होता है। आश्रव निरोध के लिए भगवान् ने अहिंसा, सत्य आदि पाच सवरो का प्रतिपादन किया। ये पाच सवर ही पाच महाव्रत कहलाते है।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४१६ ।
२. वृत्ति, पत्र १४१ ।
३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४१६ ' कक्कडुगणिट्ठुर सावज्जा य भासा॰दोसा ।
   (ख) वृत्ति, पत्र १४१ : भाषाया दोषा-असत्यासत्यामृषाकर्कशासभ्यशब्दोच्चारणादय ।
४. वृत्ति, पत्र १४१।
५. चूर्णि, पृष्ठ ४१६ लवं कम्मं ततोऽवसक्कति लवावसक्की, नो वाचिकेण कर्मणा मानसेण वा युज्यत इत्यर्थः ।

पाच आश्रव और पाच सवर—यह जैनदर्शन की प्राचीन परम्परा है। महाव्रत और अणुव्रत—यह उत्तरकालीन (महावीरकालीन) व्यवस्था प्रतीत होती है।

विरति अर्थात् निवृत्ति। जो इन्द्रियो का सवर करता है, उसके इन्द्रिय-विषयो से विरति हो जाती है। इसका दूसरा अर्थ है—असयम से निवृत्ति। अविरति और विरति के आधार पर ही बाल, बाल-पडित और पडित—इन तीनो भागो मे मनुष्यो को विभक्त किया गया है।[1]

श्लोक ७ :

१०. (श्लोक ७)

चूर्णिकार ने इस श्लोक को बहुत विस्तार से समझाया है। गोशालक ने कहा—आर्द्रक! जो हम सजीव जल, स्त्री आदि का उपभोग करते हैं, उसका कारण सुनो। जब हम आतप और गर्मी से परितप्त होते है तब सजीव जल से स्नान करते है। शरीर के पोषण और परिपालन के लिए हम कन्द, मूल आदि खाते हैं, हमारे लिए बना भोजन लेते हैं। जो भोजन बनाता है वह पाप से लिप्त होता है, हम नही होते। दूसरे के किए कर्म से कोई दूसरा नही बन्धता। हम आधाकर्म भोजन की अनुज्ञा अपनी प्राणरक्षा के लिए देते है, प्राणो पर अनुग्रह करते हैं। इसी प्रकार हमारे लिए खरीदा हुआ भोजन भी हम लेते है। हम स्त्रियो का सेवन करते हैं। इससे हमारी और उनकी मन समाधि होती है। जैसे मल-मूत्र का विसर्जन निसर्गत होता है, वैसे ही वीर्य और रज का निसर्गत विसर्जन कर मानसिक समाधि पैदा करते हैं। इस प्रसग मे सूत्रकृताग १।३।७०-७२ द्रष्टव्य है। इसी प्रकार अन्यान्य क्रियाओ का सेवन भी हम स्वस्थचित्त से और पर-अनुग्रहबुद्धि से करते हैं। कहा है—सुखानि दत्वा सुखानि........'हम दूसरो को सुख देते है और सुख पाते हैं। यह श्लोक 'सात सातेण विज्जति' (सूयगडो १।३।६६) इसकी स्मृति दिलाता है।

यदि तुम मानते हो कि सजीव जल, स्त्री आदि के सेवन से कर्म बन्धता है तो देखो, हमारे आजीवक धर्म मे भिक्षु के लिए आतापना, मौन, स्थान, आसन, अनशन, अस्नान आदि करने का विधान है। इन घोर व्रतो के पालन से वे कर्म क्षीण हो जाते हैं। यदि शीतोदक आदि से उपचित कर्म हम इन घोर व्रतो से क्षीण नही कर पाते तो अनेक हजारो जन्मो मे सचित कर्मो का नाश कैसे कर पाएगे? इसलिए आर्द्रक! **'अप्पेण बहु मेसेज्जा'**—वह काम श्रेयस्कर होता है जिसमे अल्प हानि और बहुत लाभ होता है। यहा **'मा अप्पेण बहुं विलुपहा'** सूत्र स्मरणीय है। सजीव जल के उपभोग आदि मे अल्पदोष है, लाभ बहुत है। आओ आर्द्रक! हमारे सघ मे सम्मिलित हो जाओ।[2]

वृत्तिकार के अनुसार . गोशालक बोला—'आर्द्रक जैसे तुमने कहा कि महावीर परार्थ-प्रवृत्त हैं, इसलिए अशोकवृक्ष, देवदुन्दुभि आदि प्रातिहार्यो का उपभोग करना सदोष नही है तथा शिष्यो का परिवार बढाना और धर्म-प्रवचन करना भी दोष नही है। इसी प्रकार हम अपने सिद्धान्त के अनुसार सजीव जल आदि का सेवन करते है, स्त्री का उपभोग करते है, यह सब स्व और पर उपकार के लिए है, इसलिए हमारे धर्म मे प्रवृत्त एकान्तचारी और तपस्वी भिक्षुओ के लिए पापकर्म का समागम नही होता। हम मानते हैं कि सजीव जल आदि के सेवन तथा अन्यान्य प्रवृत्तियो से कुछ कर्म-बन्ध होता है, किन्तु धर्म के आधारभूत शरीर की परिपालना करते हुए हमारे प्रचुर कर्मबन्ध नही होता, क्योकि हम एकान्त मे रहते है, विविध प्रकार की तपस्याए करते हैं।[3]

स्थानाग ४।३५० मे आजीवक श्रमणो के चार प्रकार के तप माने हे—उग्रतप, घोरतप, रसनिर्यूहण और जिह्वेन्द्रियप्रतिसलीनता।[4] प्रस्तुत श्लोक की चूर्णि मे आतापन, मौन, स्थान, अनशन, अस्नान आदि को घोर क्रिया माना है।[5]

श्लोक १० :

११. निरालंब (विह)

'विह' देशी शब्द है। इसका अर्थ है—निरालंब।

चूर्णिकार और वृत्तिकार ने इस शब्द का कोई अर्थ नही किया है। वृत्तिकार ने 'भिक्खविह जायइ'—का अर्थ भिक्षा के लिए

---

१. सूत्रकृतांग, द्वितीय श्रुतस्कंध २।७५।

२. चूर्णि, पृष्ठ ४२०।

३. वृत्ति, पत्र १४२।

४ ठाणं ४।३५०, टिप्पण पृष्ठ ५१२।

५. चूर्णि, पृष्ठ ४२० : आतावणमोणत्याणासणअनसनास्नानकादीहि घोराणि।

घूमता है, किया है ।[1]

१२. अन्त करने वाले नही होते (णंतकरा भवंति)

चूर्णिकार और वृत्तिकार ने इसका अर्थ—'अनन्तकर किया है । जो सावद्य का प्रतिसेवन करते हैं वे कर्मो को, ससार को तथा जन्म-मरण और दु खो को अनन्त करते हैं, उन्हे बढाते है । हमने इसका अर्थ 'न अन्तकरा:'—अन्त न करने वाले किया है ।[2]

श्लोक ११ :

१३. (श्लोक ११)

आर्द्रक का प्रतिवाद सुन गोशालक तिलमिला उठा । वह प्रतिवाद का उत्तर नही दे पाया । तब वह दूसरे अन्यतीर्थिको को अपने साथ जोडकर बोला—'आर्द्रक ! तुम जो कहते हो कि सजीव जल, आधाकर्म, स्त्री आदि का सेवन करने वाला अश्रमण होता है और वह ससार को अनन्त करता है तो देखो, शाक्य सभी सजीव जल का उपभोग करते हैं, आधाकर्म का सेवन करते है तथा प्रेष्य, गोप और सुवर्ण की स्त्रियो के साथ अब्रह्मचर्य का सेवन भी करते है । साख्य मतावलवी कहते है—'प्राप्तानामुपभोग' जो प्राप्त हो जाए, उसका उपभोग करो । वे भी सभी प्रकार का उपभोग करते है । इन सब अन्य मतावलवियो की तुम गर्हा करते हो, अपने अह का प्रदर्शन करते हो । 'यह अहकार कल्याण मे बाधक है ।[3]

चूर्णिकार के अनुसार प्रस्तुत श्लोक मे अतिम दो चरण—'पावाइणो..........करेंति पाउ—आर्द्रकुमार के उत्तर के द्योतक है ।[4] वृत्तिकार ने इस मत को विकल्प के रूप मे स्वीकार किया है ।[5]

श्लोक १२ :

१४. (सतो य अत्थि ......किंचि)

स्व का अर्थ है—आत्मीय वचन । अपने वचन से श्रेय या निर्वाण होता है, पर वचन से श्रेय या निर्वाण नही होता, इस प्रकार एकान्तवादी तीर्थिक अहकारपूर्वक अपने पक्ष की सिद्धि चाहते हैं और पर-पक्ष की असिद्धि । हम अनेकान्तदृष्टि के आधार पर पर-पक्ष की समीक्षा कर रहे है, किसी पूर्वाग्रह के आधार पर नही ।

आर्द्रकुमार ने आगे कहा—हम किसी व्यक्ति विशेष या मताधिष्ठाता की गर्हा नही करते । हम अपनी दृष्टि का प्रतिपादन करते हैं और दूसरो की एकान्तदृष्टि की आलोचना—गर्हा करते है । हम नही कहते, तुम पापदृष्टि हो, मिथ्यादृष्टि हो, मूढ हो, मूर्ख हो, अज्ञानकार हो ।[6]

दूसरे सारे दार्शनिक परस्पर खडन-मडन मे लगे हुए है । हम यथार्थ तत्त्व का निरूपण करते है । इस निरूपण का लक्ष्य किसी की गर्हा करना नही है, सत्य का आविर्भावन है । सत्य को अभिव्यक्ति देना परापवाद नही हो सकता । कहा भी है—

नेत्रैर्निरीक्ष्य बिलकण्टककीटसर्पान्, सम्यक् यथा व्रजति तान् परिहृत्य सर्वान् ।
कुज्ञानश्रुतिकुमार्गकुदृष्टिदोषान्, सम्यग् विचारयत कोऽत्र परापवादः ?'

—व्यक्ति अपनी आखो से देखता हुआ पथ पर चलता है । वह बिल, काटे, जीव, सर्प आदि का सम्यक् परिहार करता हुआ आनन्दपूर्वक चलता जाता है । इसी प्रकार धर्म-मार्ग मे रहे हुए मिथ्या तत्त्वो और विचारणाओ का प्रतिपादन करना परापवाद कैसे हो सकता है ?[7]

---

१. वृत्ति, पत्र १४२ : भिक्षां चाटन्ति ।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४२१ अनंतं कुर्वन्तीत्यनन्तकरा कर्मणा संसारस्य भवस्य दु खानामेवेत्यर्थ ।
   (ख) वृत्ति, पत्र १४२ . संसारस्यानन्तकरा भवन्तीति ।

३. चूर्णि, पृष्ठ ४२१ ।

४ वही, पृष्ठ ४२१ ।.......आर्द्रक आह—पात्रादिनोऽपि.......।

५. वृत्ति, पत्र १४३ ।

६. चूर्णि पृष्ठ ४२१ ।

७. वृत्ति पत्र १४३ ।

श्लोक १३ :

१५. हम रूप के आधार पर........नहीं करते (रूवेणऽभिधारयामो)

आर्द्रक ने कहा—गोशालक ! हम किसी की, उसके लिंग या देश के आधार पर निंदा नही करते । लोक-व्यवहार मे ऐसा देखा जाता है कि किसी अपराध मे रुष्ट होकर स्वामी अपने सेवक या अन्य व्यक्ति को काना, कुब्ज, कोढी आदि कह देता है । जाति आदि से उसकी गर्हा करते हुए कह देता है—तुम चडाल हो, चडालकर्म करते हो । हम ऐसा नही कहते । हम नही कहते, दुष्ट त्रिदडक ! दुष्ट परिव्राजक ! यह तुम्हारा शासन, सघ या प्रवचन दुर्दृष्ट है । उस मूर्ख कपिल ने क्या देख कर कहा कि अकर्त्ता पुरुष 'घट करता हूं'—इस प्रकार अभिसधि करता है । कुभ का निर्माण न करनेवाला कुभकार कैसे हो सकता है ? जो कुभ का निर्माण करता है वही कुभकार होता है । जिसकी दृष्टि मे आत्मा अकर्त्ता और निर्लेप है, उसके लिए घट के निर्माण मे मृत्पिंड, दंड आदि उपादान क्रिया भी सगत नही होती । आत्मा जब निर्लेप है तो उसे पवित्र करने की क्या आवश्यकता है ? शुद्ध आत्मा को केवलज्ञान क्यो नही उत्पन्न हो जाता ?

इसी प्रकार हम शाक्य मत के प्रति भी आक्रोश प्रगट नही करते । हम केवल अपनी दृष्टि का प्रकाशन करते है ।[1]

१६. ऋजु (अंजू)

चूर्णिकार ने पूर्वापर अव्याहत ज्ञान या मार्ग को ऋजु कहा है । उदाहरण देते हुए वे कहते हैं कि शाक्य मुनि को ज्ञान की उपलब्धि हुई, पर वे नही जान पाए कि आर्द्रकुमार जीवित है या मृत ? यह ज्ञान पूर्वापर व्याहत है । एक ओर विशिष्ट ज्ञान की प्राप्ति और एक ओर अज्ञात अवस्था ।[2]

वृत्तिकार ने इसका अर्थ स्पष्ट, ऋजु (अवक्र) किया है ।[3]

चूर्णिकार ने प्रश्न उठाया है कि ऐसा निष्ठुर वचन क्यो नही कहना चाहिए जो स्पष्ट हो ? जैसे तुम मूर्ख हो, तुम्हारी दृष्टि मिथ्या है, आदि-आदि ।

इसके समाधान मे चूर्णिकार एक मनोवैज्ञानिक तथ्य प्रगट करते हैं कि निष्ठुर वचन से व्यक्ति के मन मे दु ख हो सकता है और उस मानसिक दु ख या आघात से उसके हृदयरोग आदि अनेक रोग भी उत्पन्न हो सकते हैं ।[4]

आज भी माना जाता है कि मानसिक आघात से अनेक रोग उत्पन्न होते हैं । हार्ट-ट्रबल (हृदयरोग) उसमे मुख्य है ।

श्लोक १४ :

१७. लोक में (लोए)

इसके दो अर्थ है—१ ऊर्ध्व, अध और तिर्यक्—तीनो लोक मे । २. अन्यतीर्थिक लोगो मे ।[5]

श्लोक १५ :

१८. श्रमण महावीर (समणे)

यह शब्द तीर्थंकर भगवान् महावीर के लिए प्रयुक्त है ।[6]

१९. धर्मशालाओ (आगंतगारे)

जहा लोग आ-आकर ठहरते हैं, वे सभास्थल, प्रपा आदि स्थान आगतागार कहलाते हैं ।[7] यह चूर्णिकार का अर्थ है ।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४२१,४२२ ।

२. चूर्णि, पृष्ठ ४२२ ।

३ वृत्ति, पत्र १४४ अंजू—व्यक्तः निर्दोषत्वात्प्रकट ऋजुर्वा वक्रैकान्तपरित्यागादकुटिल इति ।

४. चूर्णि, पृष्ठ ४२२-४२३ स्यादेकं किं निष्ठुरं स्पष्टं नाभिधीयते, त्वं मूर्खो वा कुदृष्टिर्वेति ? तदुच्यते, मा भूत्तस्य दु खं, स्यात्किं वा निष्ठुरमुच्यमानस्य मनोदु खाच्छरीरमपि स्याद् हृदयरोगादि ।

५. चूर्णि, पृष्ठ ४२३ . सव्वलोएत्ति त्रैलोक्ये पासंडलोके वा ।

६. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४२३ : समणो सो चेव जो भंतित्ति तित्थगरो ।
   (ख) वृत्ति, पत्र १४४ ।

७. चूर्णि, पृष्ठ ४२३ आगत्य आगत्य यस्मिन्नरास्तिष्ठन्ति तदिदं सभा प्रपेत्यादि ।

वृत्तिकार ने कार्पटिक आदि भिक्षुओं के निवास-स्थल को आगतागार माना है।[1]

निशीथचूर्णि मे इसके तीन अर्थ प्राप्त हैं[2]—

१ यात्रियो के ठहरने का स्थान।

२. ग्राम परिषद् (ग्राम सभागार)

३ गाव के बाहर यात्रियो के ठहरने का स्थान।

सूत्र १५-१६ :

२०. (श्लोक १५-१६)

गोशालक ने आर्द्रकुमार से कहा—मैं जानता हू कि तुम्हारे तीर्थंकर महावीर इन सार्वजनिक सभा-स्थलो और उद्यानागारो मे आकर क्यो नही रहते ? महावीर जानते हैं कि वहां अनेक शास्त्रो के विशारद दक्ष साख्य आदि दार्शनिक मिल सकते है। वे कुछ न्यून या जाति आदि से उच्च भी हो सकते है। उनसे पराजित होने पर महावीर के यश मे धब्बा लग सकता है। वहा कुछ प्रवरवक्ता भी आ सकते हैं, जिनके सामने टिक पाना कठिन होता है। कुछ ऐसे मौनव्रतिक भी वहा आते है, जिन्हे योगज विभूतिया प्राप्त हैं। उस विभूति के प्रभाव से प्रतिवादी अपने विषय का भी प्रतिपादन नही कर सकते। वहा मेधावी व्यक्तियो का भी आवागमन होता है जो ग्रहण और धारण करने मे समर्थ होते हैं। साख्य दर्शन, वैशेषिक दर्शन, बौद्ध दर्शन, आजीविक दर्शन तथा अन्यान्य दर्शनो के प्रखर विद्वान् तथा व्याकरण आदि शास्त्रो के पारगामी विद्वान् वहा एकत्रित होते हैं।

चूर्णिकार ने यहा जो वैशेषिक और बौद्ध दार्शनिको का कथन किया है, वह उल्लेखनीय है।

औत्पत्तिकी आदि चार प्रकार की बुद्धि से उपपेत, सूत्र और अर्थ के ज्ञाता अनेक व्यक्ति समय-समय पर इन सार्वजनिक स्थलो मे आकर ठहरते है। आर्द्रक ! तुम्हारे भगवान् महावीर भय खाते हैं कि ऐसे विद्वान् पुरुष या अन्य अनगार मुझे कोई प्रश्न न पूछ ले। प्रश्न पूछने पर उसका सम्यक् उत्तर न दे पाने से महाजन के बीच लज्जित और पराजित होना पड़े, इस प्रकार भयभीत होकर महावीर इन सभास्थलो मे आकर नही ठहरते।[3]

'आर्द्रक ! देखो, पडितजन शून्यघरो, जीर्ण खडहरो और उद्यानशालाओ मे नही ठहरते। महावीर मे भय है, इसलिए न वे सर्वज्ञ हैं और न वीतराग। वे दूर-दूर रहते हैं। सभी ग्राम और नगरो मे नही जाते। कुछेक नगरो मे जाते हैं। यह उनका विषम व्यवहार है। वे बादल की तरह सर्वत्र समकारी नही हैं।[4]

इसीलिए वे म्लेच्छ देशो मे जाते हैं और वहा कभी धर्मदेशना नही देते। आर्यदेशो मे भी सर्वत्र विहरण नही करते, कुछ एक स्थलो पर ही जाते है। इससे भी उनकी विषमदृष्टि और रागद्वेषवर्तिता अभिलक्षित होती है।[5]

सूत्र १७ :

२१. अकामकृत्य (अकामकिच्चा)

चूर्णि के अनुसार अकामकृत्य हेतु है। इसका अर्थ होगा—अनिच्छा से करणीय कार्य।[6] वृत्ति मे अकामकृत्य भगवान् महावीर के विशेषण के रूप मे व्याख्यात है।[7]

२२. बलप्रयोग से (बालकिच्चा)

चूर्णिकार ने बतलाया है कि छद-रचना की दृष्टि से 'बल' के स्थान पर 'बाल' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसलिए 'बाल-

---

१. वृत्ति, पत्र १४४ आगन्तुकानां—कार्पटिकादीनामगारमागन्तागारं।

२. निशीथचूर्णि भाग २, पृष्ठ २००।

३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४२३।

(ख) वृत्ति, पत्र १४५।

४. चूर्णि, पृष्ठ ४२३, ४२४।

५. वृत्ति. पत्र १४५।

६ चूर्णि, पृष्ठ ४२४ : कमु इच्छायां करणीयं कृत्य अकामं कृत्यं करोति अकामकिच्चं।

७. वृत्ति, पत्र १४५ भगवान्प्रेक्षापूर्वकारितया नाकामकृत्यो भवति।

कृत्य' का अर्थ है—बलप्रयोग से करणीय कार्य ।[1]

वृत्तिकार ने 'बालकृत्य' का अर्थ 'बाल' शब्द के आधार पर ही किया है—जो बालक की भांति, बिना सोचे समझे कार्य करता है, वह बालकृत्य कहलाता है ।[2] भगवान् महावीर बालकृत्य भी नही है । वे कोई भी प्रवृत्ति अनालोचित नही करते । वे दूसरो के कहने पर या किसी के प्रलोभन से धर्मदेशना नही देते, किन्तु जब वे देखते हैं कि उनके प्रवचन से भव्य प्राणियो का उपकार होने वाला है, तब वे प्रवचन करते है अन्यथा मौन रह जाते हैं ।

२३. राजा के अभियोग से…… (रायाभियोगेण कुओ भएणं)

आर्द्रकुमार ने गोशालक के आक्षेप का उत्तर देते हुए कहा—महावीर किसी के दवाव मे आकर प्रश्नोत्तर या चर्चा मे नही जाते । वे सदा सार्थक प्रयत्न करते है । अनिच्छा, बल-प्रयोग, राजाभियोग और भय—ये उसी व्यक्ति को प्रभावित करते हैं जो स्वतन्त्र चेतना वाला नही होता । भगवान् महावीर इन परतन्त्रता के दोषो से मुक्त हैं, इसलिए उन पर भय का आरोप लगाना उचित नही है ।[3]

२४. प्रश्न का उत्तर नहीं देते (वियागरेज्जा पसिणं ण वा वि)

वृत्तिकार के अनुसार इसका अर्थ है—जब महावीर उपकार होने की संभावना को जान लेते हैं, तब किसी के द्वारा, कभी भी पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे देते है । उपकार होने की सभावना न होने पर वे उत्तर नही देते ।

इसका वैकल्पिक अर्थ यह भी है कि अनुत्तर विमानवासी देवो और मन पर्यवज्ञानी मुनियो के प्रश्नो का द्रव्य मन से ही समाधान कर देते हैं, इसलिए भगवान् वहा वाणी से कुछ नही कहते ।[4]

चूर्णिकार के अनुसार भगवान् महावीर पूछने पर उत्तर देते भी हैं और नही भी देते । बिना पूछे भी वे कभी-कभी उत्तर दे देते है । इसका कारण है—करुणावृत्ति ।[5] एक बार बिना पूछे भी भगवान् ने गौतम से कहा—चिरससट्ठोऽसि मे गोतमा ![6]… ……

२५. कृत्य की सार्थकता हो (सकामकिच्च)

आर्द्रक ने गोशालक से कहा—'तुम यह कहते हो कि महावीर यदि वीतराग है तो फिर वे धर्मकथा क्यो करते है ? देखो, भगवान् स्वकामकृत्य—अपनी इच्छा से धर्मकथा मे प्रवृत्ति करते है । तीर्थंकर नामकर्म का उदय है, धर्मकथा कर वे उसका क्षय करना चाहते है ।[7]

श्लोक १८ :

२६. अनार्य मनुष्यो का दर्शन विपरीत होता है (अणारिया दंसणओ परित्ता)

चूर्णि के अनुसार इसका अर्थ है—अनार्य परित्तदर्शन—अदीर्घदर्शन वाले होते हैं । वे केवल इहलोकदर्शी होते हैं, परलोक को नही मानते । न वे दीर्घससार—चतुर्विध गत्यात्मक ससार को ही देखते हैं और न उनमे होने वाले अपायो को ही जानते है । वे केवल कामवासना की तृप्ति और उदर-पोषण मात्र को ही जानते है ।[8]

वृत्तिकार ने परित्तदर्शन का अर्थ— दर्शन से भ्रष्ट या प्रभ्रष्ट दर्शन वाले किया है । वे क्षेत्र से, भाषा से और क्रिया से अनार्य

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४२४ न बालकिच्चंति न बलात्करणाद्, ह्रस्वदीर्घते वि बंधानुलोम्यात्, बलकिच्चेति वक्तव्ये बकारस्य दीर्घत्वे कृते णाम बालकिच्चा भवति ।

२. वृत्ति, पत्र १४५ . बालस्येव कृत्यं यस्य स बालकृत्यो…… …बालवदनालोचितकारी ।

३ वृत्ति, पत्र १४५ ।

४ वृत्ति, पत्र १४७ केनचित् क्वचित्सशयकृतं प्रश्नं व्यागृणीयाद् यदि तस्योपकारो भवति, उपकारमन्तरेण 'न च,—नैव व्यागृणीयाद् यदिवाऽनुत्तरसुराणां मन पर्यायज्ञानिनां च द्रव्यमनसैव तन्निर्णयसंभवादतो न व्यागृणीयादित्युच्यते ।

५. चूर्णि, पृष्ठ ४२४ . पुच्छं नितमित प्रश्न पुट्ठो अपुट्ठो वा, जेण अपुट्ठे करुणाइंपि अत्थि ।

६. भगवती ।

७. वृत्ति, पत्र १४५ ।

८. चूर्णि, पृष्ठ ४२४ : अणारिया जे देसा सगजवनादी दृष्टिर्दर्शनं परित्ता इति परित्तदर्शना अदीर्घदर्शना, न दीर्घसंसारदर्शिनस्तदपायदर्शिनो वा, इहलोकमेवैकं पश्यन्ति को जाणति परलोगो ? शिश्नोदरपरायणाः ।

होते हैं। उनमे सम्यक् दर्शन की प्राप्ति का अवकाश ही नही रहता। उन्होने इसका वैकल्पिक अर्थ—वर्तमानप्रेक्षी किया है। वे अनार्य दीर्घदर्शनी नही होते।[1]

२७. जानते हुए (संकमाणो)

चूर्णिकार ने शका शब्द को ज्ञानार्थक मानकर उसके दो अर्थ—ज्ञान और सदेह—किए हैं।[2]

वृत्तिकार ने केवल 'शका' अर्थ ही किया है।[3]

२८. (श्लोक १८)

आर्द्रक ने कहा—गोशालक! जब महावीर यह जान लेते हैं कि अमुक स्थान पर प्रवचन करने से लोग प्रतिबुद्ध होगे, वे वहा जाकर प्रवचन करते है। जो स्थान पर आकर सुनना चाहते है, भगवान् उनको भी धर्म-देशना देते हैं। जब वे जान लेते हैं कि अमुक स्थान पर कोई प्रतिबुद्ध होने वाला नही है, तो वे वहा जाते ही नही, जाकर धर्म-प्रवचन नही करते। स्थान पर आने वाले लोग यदि ग्रहणशील नही हैं, तो वे मौन रहते हैं, प्रवचन नही करते।

गोशालक! तुम कहते हो कि महावीर सर्वज्ञ है तो फिर अनार्य देशो मे जाकर धर्म-प्रवचन क्यो नही करते? सुनो शक, यवन आदि जो अनार्य देश हैं, उनके निवासी परीतदर्शन—वर्तमानप्रेक्षी हैं। वे दीर्घदृष्टि नही है।

अनार्य देशो से भी अधिक आर्य देश मे ऐसे अनेक गाव-नगर हैं जहा महावीर नही जाते। वे वहा जाकर धर्म-देशना नही देते। भगवान् जानते हैं कि वे ग्राम-नगर भी अनार्यतुल्य ही हैं। वहा भी कोई प्रतिबुद्ध होने वाला नही है। इसलिए वहा नही जाते। वहा न जाने का कारण तुम्हारा भय नही है। देखो, महावीर देव, असुर और सभी प्रकार के मनुष्यो की सभा मे प्रवचन करते हैं, उनके प्रश्नो का समाधान देते हैं। तुम्हारे जैसे परतीर्थिक तीर्थंकर (मताधिष्ठाता) भी उनके उत्तर नही दे सकते तो भला, उन परतीर्थिक तीर्थंकरो के शिष्य तो उत्तर दे ही कैसे सकते है? वे शिष्य आत्मक्लिष्ट और अहकार से ग्रस्त हैं। वे प्रावादुक भगवान् के समक्ष आ ही नही सकते। महावीर के सामने आने मे भी वे असमर्थ है, वाद-विवाद करना तो दूर की बात है। वाद-विवाद के बिना जय-पराजय का प्रश्न ही नही उठता।[4]

श्लोक २० :

२९. कोई नया कम नहीं करे, पुराने कर्म क्षीण करे (णवं ण कुज्जा विहुणे पुराणं)

आर्द्रकुमार ने कहा—भगवान् लाभार्थी हैं, इसमे कोई सन्देह नही है। यह उनका लाभ व्यावसायिक नही है, पारमार्थिक है। पारमार्थिक लाभ के दो अग होते हैं—नया कर्मबधन न करना और पूर्व अर्जित कर्म का निर्जरण करना—सयम और तप का अनुशीलन करना।

चूर्णिकार ने एक प्रश्न उपस्थित किया है कि धर्मकथा के प्रसग मे तप और सयम का प्रस्ताव ही कहा आता है, जिसके आधार पर कहा जाए 'णव ण कुज्जा विहुणे पुराण'? इसके उत्तर मे चूर्णिकार स्वय कहते है—भगवान् ज्ञान सीखते (सिखाते) हैं, ज्ञान का ही परावर्तन (गुणन) करते है और ज्ञान से ही सारे कृत्य करते है। ज्ञानी के नया कर्म-बध नही होता। महावीर ज्ञान-परिणत हैं, इसलिए वे सवृत हैं। यही सवर है। फिर भी स्वाध्याय पाच प्रकार का होता है। उसका अतिम प्रकार है धर्मकथा। धर्मकथा मे भी उत्कृष्ट सवर होता है। इसीलिए कहा है—'णव ण कुज्जा विहुणे पुराणं।'[5]

---

१. वृत्ति, पत्र १४५ : अनार्या क्षेत्रभाषाकर्मभिर्बहिष्कृता दर्शनतोऽपि परि—समन्ताविता—गता प्रभ्रष्टा इति यावत्।

२. चूर्णि, पृष्ठ ४२४, ४२५ : इति शङ्कमान इत्यर्थ, शकाशब्दो ज्ञानार्थ एव तदुभये मन्तव्यः।

३. वृत्ति, पत्र १४५।

४. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४२४, ४२५।
 (ख) वृत्ति, पत्र १४५।

५. चूर्णि, पृष्ठ ४२५ : स्याद् धर्मकथायां कः प्रस्तावः संजमस्य तपसो वा यद् ब्रवीषि 'णवं ण कुज्जा विहुणे पुराणं? तदुच्यते—णाणं सिक्खति णाणं गुणेति णाणेण कुणइ किच्चाइं! णाणी णवं ण बंधेति० किंच—सो य खलु णाणपरिणतो, तेण संवुतो, संवर एव संवरस्तयावि अन्नतरो धम्मकथावसाणो पंचविधो सज्झाओ, इच्चेवं धम्मकथाएवि संवरट्ठाणं उत्तरोऽस्ति तेनोच्यते—'णवं ण कुज्जा विहुए'''''।

३० त्रायी (ताई)

इसका विभक्त्यन्तरूप होगा—ताई। वृत्तिकार ने उसको द्विरूप—त्रायी और तायी मानकर अर्थ किया है। उसका तादृग् रूप भी बनता है। त्रायी का अर्थ है परित्राणशील और तायी का अर्थ है—मोक्ष गमनशील[1] और तादृग् का अर्थ है—अपने जैसा।

३१. अमति को (अमईं)

चूर्णिकार के अनुसार जो मति अशुद्ध है वह अमति कहलाती है। इसका तात्पर्यार्थ है कि भगवान् अन्न-पान या पूजा-प्रतिष्ठा के लिए उपदेश नही करते। वे स्वय तीर्ण हैं और दूसरो को भी तारने के लिए ही उपदेश करते हैं।[2]

वृत्तिकार ने 'अमई' का अर्थ विमति किया है। जो विमति का त्याग करता है, वही मोक्षगामी होता है।[3]

३२. ब्रह्मव्रत (बंभवति)

चूर्णिकार ने इसके दो अर्थ किए है—ब्रह्मपद, ब्रह्मव्रत। उनके अनुसार ब्रह्म का अर्थ है—चारित्र, तप और सयम। जो तपोयोग और सयमयोग मे लीन होता है वह ब्रह्मवर्ती है।[4] वृत्तिकार के अनुसार ब्रह्मव्रत का अर्थ है—मोक्षव्रत।[5]

श्लोक २२ :

३३. (वित्तेसिणो ··· वयंति)

प्रस्तुत श्लोक मे धनार्जन के दो मुख्य कारणो का निर्देश किया गया है—(१) मैथुन के लिए (२) भोजन के लिए।[6]

३४. हम तो (वयं तु)

चूर्णिकार ने इसके आगे विरक्त पद का अध्याहार किया है।[7] आर्द्रकुमार का कहना है—हम तो स्त्रीकाम से विरक्त हैं और जिह्वेन्द्रिय पर हमें विजय प्राप्त है।[8] वृत्तिकार ने इस वाक्यांश का अर्थ इस प्रकार किया है—हम तो उन वणिको को ऐसा कहते हैं।[9]

३५. प्रेमरस में गृद्ध (पेमरसेसु गिद्धा)

चूर्णिकार ने 'रसेसु गिद्धा' शब्द से समस्त इन्द्रिय-विषयो मे गृद्ध माना है तथा इसका वैकल्पिक अर्थ सुख किया है। इसकी पुष्टि मे गीता का श्लोक उद्धृत किया है।[10]

श्लोक २३ :

३६. आरंभ (आरंभगं)

चूर्णिकार ने बैल, शकट आदि का प्रयोग तथा पचन-पाचन और छेदन रूप प्रवृत्ति को आरंभ माना है। ये सारे हिंसा के द्वार हैं।[11] वृत्तिकार ने समस्त सावद्य प्रवृत्ति को 'आरभ' माना है।[12]

---

१. वृत्ति, पत्र १४६।

२. चूर्णि, पृष्ठ ४२५ : असोभणमति अमति, अण्णहेतु वा पूजापरियारहेतु वा ण कथेति, तीर्णोवि परान् तारेतीति।

३. वृत्ति, पृष्ठ १४६ अमति—विमति······ 'विमतिपरित्यागेन मोक्षगमनशीलो भवति।

४ चूर्णि, पृष्ठ ४२६ एतावतो बंभचेरं, एतदेव तद् ब्रह्मण पदं ब्रह्मपदं वा, ब्रह्मव्रतं वा। किमित चेत् ब्रह्मेति चरित दुविधं तवचरणं संजमजोगो तं उवेत उदइओ लाभओ संजमस्स तवस्स वा।

५. वृत्ति, पत्र १४६ : ब्रह्मणो—मोक्षस्य व्रत ब्रह्मव्रतमित्येतदुक्तम्।

६. चूर्णि, पृष्ठ ४२६ वित्तं किमर्थमेषमाणा दिशो व्रजन्ति ? उच्यते, मैथुनार्थं भोजनार्थं वेति।

७. चूर्णि, पृष्ठ ४२६ वयं तु तु विशेषणे विरक्ता अन्यतीर्थेभ्य·।

८ वही, पृष्ठ ४२६ : विरक्ताः स्त्रीकामेभ्यो जितजिह्वेन्द्रियाश्च।

९. वृत्ति, पत्र १४७ तांस्तु वणिजो वयमेव ब्रूमो।

१०. चूर्णि, पृष्ठ ४२६ रसेसु अज्झोववण्णा, जहा रसेसु तहा सेसेसुवि विसएसु सद्दातिसु अथवा रस इति सुखस्य आख्या।····· "विषया विनिवर्त्तन्ते, निराहारस्य देहिन।

११. चूर्णि, पृष्ठ ४२६ · आरम्भो, उक्षसकटभरावीणा पचनपाचनच्छेदनादीनां च हिंसाद्वाराणां।

१२. वृत्ति, पत्र १४७ : आरम्भं—सावद्यानुष्ठानम्।

३७. अपने आपको दंडित करते है (आयदंडा)

चूर्णिकार ने आत्मा का अर्थ जीव किया है। इसके अनुसार आत्मदड का अर्थ होता है—वध, वध, परितापन और भयभीत करने के द्वारा जीवो को दडित करने वाला। इसका वैकल्पिक अर्थ है—जीवो को वध आदि का दु ख देने से स्वय अपनी ही आत्मा को दडित करने वाला।[1]

श्लोक २४ :

३८. लाभ (उदय)

उदय का अर्थ है लाभ।[2] अध्यात्म की भाषा मे उदय का अर्थ है—निर्जरण अर्थात् कर्मों का क्षीण होना।[3] उदय समृद्धि और सुख का सूचक है। भगवती मे कहा है—जे निज्जिण्णे से सुहे—जो निर्जीर्ण है, वह सुख है।

३९. ऐकान्तिक नहीं होता, आत्यन्तिक नहीं होता (णेगंति णच्चंति)

आर्द्रकुमार ने कहा—उन वणिको को होने वाला लाभ न ऐकान्तिक है और न आत्यन्तिक है। वह ऐकातिक इसलिए नही है कि व्यापार करने वाले को कभी लाभ होता है तो कभी हानि भी होती है। वह आत्यन्तिक भी नही है क्योकि वह लाभ आता है और क्षीण हो जाता है। उस धन को चोर चुरा ले जाते हैं, अग्नि आदि से भी वणिक् की सपत्ति नष्ट हो जाती है। वह सर्वकालभावी नही है। इसलिए वस्तुत वह उदय नही है, अनुदय ही है।[4]

४०. अगुणोदय की कोटि में (गुणोदयम्मि)

यहा 'अकार' लुप्त माना गया है। 'अगुणोदये' अर्थात् अलाभ की स्थिति।[5]

४१. चले जाते हैं (वयंति)

चूर्णि और टीका मे इसका अर्थ 'वदति' मानकर किया है। हमने 'व्रज' धातु के आधार पर चले जाते हैं, यह अर्थ किया है।[6]

४२. सादि होने पर भी अनन्त है (साइमणंतपत्ते)

धर्मदेशना आदि से होने वाला लाभ सादि है और अनन्त है। उससे निश्चित रूप से निर्जरा की प्राप्ति होती है और वह कभी क्षीण नही होती।[7]

४३. ज्ञानी (णाई)

चूर्णिकार ने इसका अर्थ किया है—ज्ञानी अर्थात् कुलीन।[8] वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं—क्षत्रिय अथवा ज्ञानवान्।[9]

---

१ चूर्णि, पृष्ठ ४२७ : आत्मन इति जीवान् दण्डयति बन्धवधपरितावणोद्दवणादीहिं तद्दु खोत्पादनाद्वा आत्मान दण्डयंति संसारे।
२ (क) चूर्णि पृष्ठ ४२७ '········उदए·······लाभ इत्यर्थ ।
(ख) वृत्ति, पत्र १४७।
३. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४२७ : णिज्जरा उदयो।
(ख) वृत्ति, पत्र १४७ उदयो लाभो धर्मदेशना वाप्तनिर्जरालक्षण ।
४ चूर्णि, पृष्ठ ४२७।
५. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४२७ : अणुदए·······न लाभ इत्यर्थ ।
(ख) वृत्ति, पत्र १४७ . विगतगुणोदयो भवत ।
६ (क) चूर्णि, पृष्ठ ४२७ : वदंतित्ति।
(ख) वृत्ति, पत्र १४७ वदन्ति।
७. वृत्ति, पत्र १४७ : धर्मदेशनावाप्तनिर्जरालक्षणः स च सादिरनन्तश्च।
८. चूर्णि, पृष्ठ ४२७ : णातीति ज्ञाति कुली।
९ वृत्ति, पत्र १४७ : ज्ञाताः क्षत्रियाः, ज्ञातं वा वस्तुजातं विद्यते यस्य स ज्ञाती।

४४. प्रतिपादन करते हैं (साहयइ)

इसके दो अर्थ हैं—कथन करना, श्लाघा करना।[1]

श्लोक २५ :

४५. अहिंसक (अहिंसयं)

चूर्णि और वृत्ति मे इसका संस्कृत प्रतिरूप 'अहिंसक' किया है।[2] हमने इसका सस्कृत रूप 'अहिंमन्' कर अहिंसक अर्थ किया है।

४६. (श्लोक २५)

वृत्तिकार ने प्रस्तुत विषय को दूसरे सदर्भ मे उपस्थित किया है। गोशालक ने आर्द्रकुमार से कहा—'आर्द्रकुमार! महावीर देवताओ द्वारा रचित समवसरण, पद्मावली, मुक्तामाला, सिंहासन आदि का उपभोग करते हैं। इसलिए उन्हे आधाकर्म दोष लगता है। उपभोग करने का तात्पर्य है कि उन क्रियाओं का अनुमोदन करना। ऐसी स्थिति मे महावीर अहिंसक कैसे रह सकते हैं?'

आर्द्रक बोला—'गोशालक! यह सही है कि महावीर समवसरण आदि का उपभोग करते हैं, फिर भी अहिंसक हैं, क्योकि उन क्रियाओं के प्रति भगवान् की कोई आशसा या कोई प्रतिबन्ध नही है। वे तृण, मणि, मुक्ता, पत्थर और स्वर्ण के प्रति समभाव रखते हैं। इसी समताभाव से वे उन सबका उपभोग करते हैं। उनके मन मे एक ही चिन्तन रहता है कि भव्य देवो की भी धर्म के प्रति प्रवृत्ति हो। उनके तथा स्वय के लाभ के लिए वे प्रवृत्ति करते हैं। अत वे पूर्ण अहिंसक है। भगवान् अहिंसक हैं, जीवानुकम्पी है, धर्म मे स्थित हैं, कर्मक्षय करने के लिए उत्थित हैं। इनकी तुलना तुम वणिक् से कर रहे हो। यह तुम्हारा आत्मघाती प्रयत्न है। यह तुम्हारा दोहरा अज्ञान है। पहला अज्ञान यह है कि तुम स्वय कुमार्ग पर चल रहे हो और दूसरा अज्ञान यह है कि तुम जगत्वद्य, समस्त अतिशयो के निधान महावीर की दूसरो से तुलना कर रहे हो।'

आर्द्रकुमार का उत्तर सुनकर गोशालक मौन हो गया।[3]

४७. (श्लोक २१-२५)

इक्कीसवें से चौवीसवें श्लोक तक आर्द्रकुमार ने पाच तथ्य प्रस्तुत कर वणिक्—व्यापारी से भगवान् महावीर के कार्य की पृथकता का प्रतिपादन किया है। उनका समुच्चय रूप इस प्रकार बनता है—

वणिक्-व्यापार	भगवान् महावीर का कार्य-कलाप
१. समारंभ	१. अनारंभ
२. परिग्रह का ममत्व	२ परिग्रह का अममत्व
३. कामासक्ति	३ काम-विजय
४. आत्मदंड	४. आत्मरमण
५ अनैकान्तिक और अनात्यन्तिक उदय	५ ऐकान्तिक और आत्यन्तिक उदय।

पच्चीसवें श्लोक मे अन्य तीन तथ्यो के द्वारा पुन पृथकता का प्रतिपादन किया गया है—

वणिक्	भगवान् महावीर
१. हिंसक	१. अहिंसक
२. अनुकम्पा-शून्य	२. सर्वजीव-अनुकम्पी
३. धन के लिए उत्थित	३. कर्ममुक्ति के लिए धर्म मे अभ्युत्थित।[4]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४२७ : साहयति—आख्याति सिलाहति वा प्रशंसतीत्यर्थ.।
(ख) वृत्ति, पत्र १४७।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४२७।
(ख) वृत्ति, पत्र १४७।

३. वृत्ति, पत्र १४७।

४. चूर्णि, पृष्ठ ३२७ तदेनं वणिग्भ्य भगवंतं सुमहद्भिर्विशेषैर्विशिष्टं संतं यत्नै समाणीकरोषि तं पुनरयुक्तं, कतरैर्विशेषयन्ति णणु जे समारंभादिभि पंचभिर्विशेषैराख्याताः इमे चान्ये विशेषाः, तद्यथा—अहिंसकं (त) वृत्तौ अहिंसको भगवान् ते हिंसक., सव्वसत्ताणुकंपी च भगवं ते णिरणुकंपा, दसविधे धम्मे ठ्ठितो भगवं, ते तु वणिज्जा, किमत्थं धम्मे स्थित इति चेत् कम्मविमोक्खणट्ठाए, पुन. कर्म्मविमोक्षार्थं अभ्युत्थिता, धनार्थं तूत्थिता.।

श्लोक २६-२८ :

४८. खली को पिण्डी को (पिण्णागपिंडीमवि)

चूर्णिकार इसकी व्याख्या मे कहते है—कोई व्यक्ति गर्भस्थ बालक या उत्पन्न बालक की हत्या यह सोचकर कर देता है कि यह बालक कुछ ही समय पश्चात् मेरा दुश्मन बन जाएगा।

एक स्त्री के इकलौता पुत्र था। वह बहुत छोटा था। वैर का बदला लेने के लिए एक शत्रु उसका हनन करना चाहता था। मा को पता लग गया। उसने खलपिण्डी को बालक का आकार देकर मच पर रखा। उस पर एक कपडा डाल दिया और उसे मद प्रकाश वाले एक कोने मे रख दिया। एक रात वह व्यक्ति (शत्रु) वहा आया। उसके मन मे तीव्र वैर की आग जल रही थी। उसने अत्यन्त रोष मे आकर उस खलपिंडी को बालक समझकर एक शूल मे पिरो दिया। मन मे प्रसन्न होते हुए उसने सोचा, सभव है शूल मे पिरो देने पर भी उसके प्राण न निकले हो। इस चिंतन से उसने शूल मे पिरोए हुए को अग्नि मे डाल दिया।[1]

वृत्तिकार ने यहा दूसरा दृष्टान्त प्रस्तुत किया है—म्लेच्छ देश मे कभी परस्पर दो वर्गो मे कलह हो गया। एक म्लेच्छ किसी की हत्या कर भागा। उसको पकडने के लिए दूसरे म्लेच्छो ने उसका पीछा किया। उसने भागते-भागते देखा कि एक स्थान पर खल-पिण्ड पडा है। उसने उस पर कपडा ढंक दिया। पीछा करने वाले म्लेच्छ उसको ढूढते हुए वहा आए और उन्होने उस खलपिण्ड को पुरुष मानकर उठा लिया।[2]

४९. (श्लोक २६-२८)

गोशालक को निरस्त कर मुनि आर्द्रकुमार भगवान् महावीर के दर्शन करने आगे निकल पडा। बौद्ध भिक्षुओं ने यह देख लिया। उन्होने जान लिया कि आर्द्रककुमार ने गोशालक को निरुत्तर कर उसको तिरस्कृत कर दिया है। वे दो कारणो से बहुत प्रसन्न हुए। पहला कारण यह था कि जब गोशालक और आर्द्रककुमार का वाद-विवाद हो रहा था, तब वे भिक्षु वहा उपस्थित थे। उन्होने सोचा—हमारे सामने गोशालक का निग्रह हुआ है। यह हमारे लिए शुभ है। प्रसन्नता का दूसरा कारण यह था कि उन भिक्षुओ ने सोचा—बहुत बडे परिवार से परिवृत राजकुमार आर्द्रक अब हमारे सघ मे मिल जाएगा, हमारे सघ की उपसपदा स्वीकार कर लेगा। हम इसे बौद्ध सिद्धान्त मे दीक्षित कर देंगे। इस आशय से प्रेरित होकर वे बहुत सारे भिक्षु एकत्रित हुए और गुणशील उद्यान मे समवसृत भगवान् महावीर के पास जाते हुए आर्द्रककुमार के मार्ग पर आकर खडे हो गए। आर्द्रककुमार के आते ही वे बोले—'ओह! महाश्रव आर्द्रक राजपुत्र! स्वागत है। कहा से आ रहे हो? कहा जाना है?'

आर्द्रक बोला—'मैं आर्द्र देश से आया हूं और भगवान् महावीर के पास जा रहा हूं।'

'वहा क्यो जा रहे हो?'

'मैं उनके सघ की उपसपदा स्वीकार करूंगा।'[3]

यह सुनकर वे बौद्ध भिक्षु बोले—आर्द्रक! तुम हमारे सिद्धान्त पहले सुनो, फिर सुनकर (मनन कर) उन्हे स्वीकार करो। हमारे सिद्धान्त विद्वद्भोग्य हैं, पडित-वेदनीय हैं, सूक्ष्म हैं।[4] तुमने वणिक् दृष्टान्त को दूषित बताकर बाहरी अनुष्ठानो की निरर्थकता प्रतिपादित की है। यह अच्छा किया। वास्तव मे बाह्य अनुष्ठान अत्यन्त निरर्थक ही होते हैं। आन्तरिक अनुष्ठान (अध्यवसाय) ही संसार और मोक्ष के प्रधान कारण हैं, अग हैं। हमारे सिद्धान्त मे यही प्रतिपादित है।[5] हमारे धर्म के अनुसार धर्म का मूल है चित्त। अतः उसी का नियमन करना चाहिए। शरीर बेचारा अचेतन है, काष्ठभूत है। उसको तपाने से, कष्ट देने से लाभ ही क्या है? कहा भी है[6]—

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४२८।

२. वृत्ति, पत्र १४८।

३. चूर्णि, पृष्ठ ४२७, ४२८।

४. चूर्णि, पृष्ठ ४२८ इदमपि तावदस्स सिद्धान्तं श्रृणु, श्रुत्वा च संप्रतिपद्यस्व, पण्डितवेदनीयो ह्यस्मत्सिद्धान्त सूक्ष्मश्च।

५ वृत्ति, पत्र १४८ : यदेतद् वणिग्-दृष्टान्तदूषणेन बाह्यमनुष्ठानं दूषितं तच्छोभनं कृतं भवता यतोऽति फल्गुप्रायं बाह्यमनुष्ठानं, आन्तरमेव ह्यनुष्ठानं संसारमोक्षयो प्रधानाङ्गम्, अस्मत्सिद्धान्ते चैतदेव व्यावर्ण्यते।

६. चूर्णि, पृष्ठ ४२८ चित्तमूलत्वाद्धर्म्मस्य, तदेव च नियंतव्यं, किं कायेन काष्ठभूतेन वृथा तापितेन? आह हि—'मनपुव्वंगमा'।

मन पुब्बंगमा धम्मा, मनोसेट्ठा मनोमया ।
मनसा च पदुट्ठेन भासति वा करोति वा ।
ततो णं दुक्ख अन्वेति चक्कं व वहतो पदम् ॥ (धम्मपद १।१)

इस प्रकार धर्म का मूल भी चित्त है और अधर्म का मूल भी चित्त है। तुम पूछोगे कि धर्म का मूल चित्त कैसे है ? सुनो………… ।

- ० कोई व्यक्ति अजीव पदार्थ को सजीव मानकर दुष्ट चित्त से उसका हनन करता है, वह प्राणिवधजनित पाप से लिप्त होता है ।
- ० कोई व्यक्ति सजीव प्राणी को अजीव पदार्थ मानकर उसको पकाता है, वह प्राणिवधजनित पाप से लिप्त नही होता, क्योकि वह कुशलचित्त है, दुष्टचित्त नही है । '
- ० कोई व्यक्ति अपने भोजन के लिए पुरुष को या कुमार को शूल मे पिरोकर अग्नि मे पकाता है और उसे खलपिंडी मानता है, वह मास हमारे भोजन मे विहित है, हम भिक्षु वह मांस ले सकते हैं। क्योकि हमारे मत मे अजीव मास से प्राणातिपात होना नही माना है ।[1]

हमारे मत के अनुसार प्रवृत्ति कैसी भी क्यो न हो, जब तक मन मे उसकी सकल्पना नही होती, उससे कर्म उपचित नही होता । हम मानते हैं कि चार प्रकार से कर्म का उपचय नही होता—

१. अविज्ञानोपचित कर्म
२. परिज्ञानोपचित कर्म
३. ईर्यापथिक कर्म
४. स्वप्नान्तिक कर्म ।[2]

यह इन तीन श्लोको (२६ से २८) का प्रतिपाद्य है ।

श्लोक २८ :

५०. (श्लोक २८)

बौद्ध भिक्षुओ ने कहा—दूसरे द्वारा घात किए हुए प्राणी का मांस हम लेते हैं। हम हिंसा के भागी नही होते। मांस-ग्रहण मे हमारी अनभिसंधी है । त्रिकरण शुद्ध मास खाने मे हमे कोई दोष नही लगता । बुद्ध स्वय उसे लेते हैं तो भला शिष्यो के लिए तो कहना ही क्या ?[3]

बौद्ध साहित्य मे मास के संबन्ध मे निम्न प्रकार का निर्देश मिलता है । भिक्षुओ को सबोधित करते हुए बुद्ध ने कहा—जान-बूझकर अपने उद्देश्य से बने मास को नही खाना चाहिए । जो खाए उसे दुष्कर का दोष लगता है । भिक्षुओ ! अदृष्ट, अश्रुत और अपरिशकित—इन तीन कोटि से परिशुद्ध मास खाने की मैं अनुज्ञा देता हूं ।[4]

जो भिक्षु रुग्ण है, जिसको आहार अप्राप्त है, या दुर्भिक्ष है, उसके लिए सुगधित मास पकाकर देता है तो वह भी ग्राह्य है—

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४२८ : इत्येवं चित्तमूलो धर्म्मः, अधर्मोऽपि चित्तमूल एव स्यात, कथं स धर्मश्चित्तमूलः ?………अपचेतनकृतप्राणातिपाते नास्ति ।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४२९ सर्वावस्थासु अचित्त त्तं कर्म्मयायं न गच्छति, अविज्ञातोपचितं ईर्यापथिकं स्वप्नान्तिकं चेत्यस्माकं कर्म्मचयं न गच्छति ।
(ख) वृत्ति, पत्र १४८ : वृत्तिकार ने कर्मचय न होने का एक कारण 'परिज्ञानोपचित' माना है । संभव है चूर्णिकार के उद्धरण में यह छूट गया ।

३. चूर्णि, पृष्ठ ४२८, ४२९ : ण लिप्पति पावबंधेण अम्हं, एवं तावदस्माकं अपचेतनकृतप्राणातिपाते नास्ति, यद्यपि च भवानन्यो वा कश्चिन्मन्यते अनपाये अपायदेशी यथा भवंतो मांसासिन इति तत्रापि अनभिसंधित्वादेवास्माकं त्रिकरण-शुद्धं मांसं भक्षयतां नास्ति दोष । बुद्धस्सवि ताव कप्पति किमुत ये तच्छिष्या. ?

४. विनयपिटक, महावग्ग, भैषज्य खन्धक ६।४-८ ।

चूर्णिकार के इस अभिमत की उक्त बौद्ध निर्देश के साथ संगति नही है। उन्होने किस आधार पर यह लिखा वह अन्वेषणीय है।[1]

श्लोक २६ :

५१. स्नातक (सिणायगाणं)

प्रस्तुत अध्ययन मे 'स्नातक' शब्द का प्रयोग चार बार (श्लोक २६, ३६, ४३, ४४ मे) हुआ है। उनतीस और छतीसवें श्लोक मे बौद्ध भिक्षुओ के प्रसग मे तथा तयालीस और चवांलीसवें श्लोक मे ब्राह्मणो के प्रसग मे यह शब्द प्रयुक्त है।

चूर्णिकार ने बौद्ध भिक्षुओ के प्रसग मे इसका अर्थ बारह धुतागो का पालन करने वाला शुद्ध भिक्षु किया है।[2] ब्राह्मणो के प्रसंग मे इसका अर्थ है—यज्ञ आदि षट्कर्म के उपासक अथवा वेदो के पारगामी तथा प्रवक्ता।[3]

वृत्तिकार ने बौद्ध भिक्षु के प्रसग मे स्नातक का अर्थ बोधिसत्वतुल्य[4] और ब्राह्मणो के प्रसग मे इसका अर्थ—षट् कर्म मे अभिरत, वेदो के अध्यापक, शौचाचार को मानने वाले तथा नित्य स्नान करने वाले ब्रह्मचारी—किया है।[5]

५२. पुण्य-स्कन्ध (पुण्णखध)

बौद्धमत मे पाच स्कन्ध माने जाते हैं—विज्ञान, वेदना, सज्ञा, संस्कार और रूप।[6] सचेतन और अचेतन परमाणुओ के प्रचय को स्कंध कहा जाता है। ये पांच स्कध दु ख-आर्यसत्य कहलाते हैं। पुण्य-पाप आदि धर्म समुदाय को सस्कार स्कध कहा जाता है।

चूर्णिकार ने सस्कार स्कध के तीन प्रकार बतलाए है—पुण्य, अपुण्य, स्मृतिज।[7]

५३. आरोप्यदेवता (आरोप्प)

चूर्णिकार ने यहा जो विवरण प्रस्तुत किया है, वह बौद्ध परपरा का है। उसके अनुसार 'आरोप्य' सर्वोत्तम देवगति है। वहा के देव प्राय: निष्पाप होते हैं। उनके कल्मष प्राय. क्षीण हुए होते हैं। उनके चार प्रकार हैं :[8]—

१. आकाशोपक
२. विज्ञानोपक
२. अकिंचणीक
४. णोषण्णि-णोदाता (?)—यह विभाग भ्रामक है। इसके स्थान पर 'णोसण्णी-णो असण्णी' होना चाहिए था।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४२६ : एतं गिलाणभिक्खुस्स छिन्नभत्तस्स दुब्भिक्खादिसु जायतेए पद्दतु पिंडीयमिति पओलितं सुगंधं सुहं खाइस्संति सती बुद्धि. तस्यां कल्पति, 'बुद्धाणं' ति निस्यमात्मनि गुरुषु च बहुवचनं।

२ (क) चूर्णि पृष्ठ ४२८ : द्वादशसु धूतगुणेसु युक्ता।
(ख) वही, पृष्ठ ४३४ : सिणातगा सुद्धा द्वादशधूतगुणचारिणोभिक्षवः।

३. चूर्णि, पृष्ठ ४३७ : स्नातकाः शुद्धात्मान यज्ञादिषु षट्कर्माभिरता· अथवा स्नातकादि इति वेदपारका. प्रवक्तार।

४. (क) वृत्ति, पत्र १४६ : स्नातकाः—बोधिसत्वाः।
(ख) वही, पत्र १५० : स्नातकानां बोधिसत्वकल्पानां।

५. वृत्ति, पत्र १५२ : षट्कर्माभिरता वेदाध्यापका शौचाचारपरतया नित्यं स्नायिनो ब्रह्मचारिण स्नातका।

६. षड्दर्शनसमुच्चय, श्लोक ५ :
दु खं संसारिण. स्कन्धास्ते च पञ्च प्रकीर्तिताः।
विज्ञानं वेदना संज्ञा संस्कारो रूपमेव च॥

७. चूर्णि, पृष्ठ ४२६ : स त्रिविध· पुण्यः अपुण्य· सतिजा इति।

८. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४२६ : ते हि प्रक्षीणकल्मषप्राया· चतु प्रकारा आरो देवा·, ते भवत्याकाशोपकाः विज्ञानोपका अकिंचणीकाः णोसण्णिणोदातार., सर्वोत्तमां देवगतिं गच्छंतीत्यर्थं.।
(ख) वृत्ति, १४६।
(ग) पाली-इंग्लिश डिक्शनरी (P.T S.) में आकाश शब्द के अन्तर्गत ये चार नाम इस प्रकार हैं—
१ आकासानञ्चउपक
२. विञ्ञाणानञ्चउपक
३. आकिञ्चञ्ञउपक
४. नेवसञ्ञानासञ्ञउपक

श्लोक ३० :

५४. (श्लोक ३०)

बौद्ध भिक्षुओ ने कहा—आर्द्रककुमार ! बुद्ध ने दानमूल और शीलमूल धर्म का प्रतिपादन किया है। तुम हमारे साथ आओ, बौद्ध सिद्धान्त को स्वीकार कर हमारे सघ मे सम्मिलित हो जाओ। 'आर्द्रक ने उनकी बात पर ध्यान ही नही दिया। उसने कहा—शाक्य भिक्षुओ ! तुम जो कहते हो कि अकुशल चित्त वाला प्राणवध न करने पर भी प्राणातिपात पाप से बधता है और कुशलचित्त वाला प्राणवध करने पर भी प्राणातिपात पाप से नही बंधता, यह अयोग्य है, अनुचित है।[1]

५५. योग्य नहीं है (अजोगरूवं)

चूर्णिकार ने रूप का अर्थ स्वभाव किया है। इसको समझाने के लिए वे कहते हैं—जैसे कोई व्यक्ति किसी पर रुष्ट होते हुए अपने अन्तर्गत भावो को प्रगट करता है तब उसकी भृकुटि तन जाती है, आंखें लाल हो जाती हैं और वह अपने प्रतिद्वन्द्वी को तीखी दृष्टि से देखने लग जाता है—यह सारा क्रोधी व्यक्ति का रूप है, स्वभाव है।[2]

अयोग्य रूप का अर्थ है—क्रूर स्वभाव।[3]

आर्द्रक ने उन बौद्ध भिक्षुओ को सबोधित कर कहा—भिक्षुओ ! हिंसा के समर्थन मे जो तुमने तर्क दिए हैं, इससे तुम्हारा क्रूर स्वभाव परिलक्षित होता है। मुनि या भिक्षु अहिंसा के पालन के लिए अभिनिष्क्रमण करता है। वह तीन गुप्तियो से गुप्त, पाच समितियो से समित, सम्यग्ज्ञान पूर्वक क्रिया करने वाला होता है। वैसे भिक्षु की भावशुद्धि फलवान् होती है। इसके विपरीत जो मुनि या भिक्षु अज्ञान से आहत है, जिसकी अन्तरात्मा महामोह से व्याप्त है, जो खली और पुरुष मे भेद करने मे असमर्थ है, वैसे व्यक्ति के भावशुद्धि कैसे हो सकती है ! इसलिए तुम्हारा यह सिद्धान्त कि खली की बुद्धि से पुरुष को अग्नि मे पकाना भी पापकारी प्रवृत्ति नही है, अत्यन्त अयोग्य है।

तुम प्रव्रजित हो। तुमने सिर मुडाया है। तुम भगवा वस्त्र पहनते हो। तुम तीन चीवर रखते हो और अपने आपको संयत साधु मानते हो। तुम्हारे लिए हिंसा का समर्थन करना उचित नही है।[4]

५६. उन दोनों के ······प्राप्त होती है (अबोहिय दोण्ह वि तं असाहु)

आर्द्रक ने कहा—भिक्षुओ ! तुम्हारा हिंसा समर्थित सिद्धान्त दोनो—कहने वाले और सुनने वाले—के लिए अहितकर है, अज्ञान को बढाने वाला है।

भिक्षुओ ! अबोधि का अर्थ है—अज्ञान। अज्ञान के कारण यदि प्राणवध से पापकर्म का बन्ध नही होता है तो यह सिद्ध होता है कि अज्ञान ही श्रेयस्कर है। फिर तुम्हारा यह कहना—अविद्याप्रत्ययाः सस्कारा"—भी उचित नही होगा। और फिर तुम्हारी दृष्टि से ससार के सभी प्राणी सम्यग्दृष्टि वाले हो जाएगे। तब विरत और अविरत—यह विशेषण ही समाप्त हो जाएगा। कौन विरत और कौन अविरत—यह भेद नही रहेगा ! सर्वत्र निर्दयता का ही बोलबाला रहेगा। आज बहुत कठिनाई से किसी व्यक्ति को अहिंसक बनाया जाता है। तुम्हारे कहने के अनुसार तो कुशलचित्त से प्राणवध करने वाला भी अहिंसक हो जाएगा। ऐसी स्थिति मे सारा ससार अहिंसक कहलाएगा।[5]

यह सिद्धान्त मानने वाले तुम और तुमको सुनने वाले उपासक—दोनो हिंसक ही होंगे। जिनको हिंसा करने मे अनुताप होता है वे भी तुम्हारे वचनो को स्वीकार कर हिंसा मे विश्वस्त—अभ्यस्त हो जाएंगे।

यदि यह मान लिया जाए कि अज्ञान से दोष नही होता तो वैदिको का कल्याण बुद्धि से हिंसा करना भी निर्दोष बन जाएगा और इसी प्रकार ससारमोचक सम्प्रदाय का सिद्धान्त—दुःख से तडपते प्राणी को मार डालना चाहिए—भी सम्मत हो जाएगा।

तुम्हारा भी यही सिद्धान्त है कि प्राणवध का सकल्प (मन) किए बिना जो प्राणवध होता है उससे प्राणातिपात पाप का बध

---

१ चूर्णि, पृष्ठ ४२९, ४३०।

२. चूर्णि, पृष्ठ ४३० इह न योग्यमयोग्यं, रूपमिति स्वभावेत्युच्यते, यथा कश्चित्केनचित् रोषतः प्रत्यपकारचिकीर्षुरन्तर्गतं भावमाविः-कुर्वन् भृकुटिं करोति रूक्षा खारां वा दृष्टिं निपातयति।

३. चूर्णि, पृष्ठ ४३० अयोग्यरूपं क्रूरस्वभावमित्यर्थः।

४. चूर्णि, पृष्ठ ४३०।

५. चूर्णि, पृष्ठ ४३०।

नही होता।[1]

वृत्तिकार ने इसे और स्पष्ट करते हुए लिखा है—"भिक्षुओ! अज्ञान से आवृत मूढ व्यक्ति की भावशुद्धि फलवान् नही होती। यदि वह फलवान् होती है तब तो "ससारमोचक" सप्रदाय वालो के भी कर्मो का क्षय हो जाएगा। यदि तुम केवल भावशुद्धि को ही स्वीकार करते हो तो फिर सिरमुडन, पिंडपात, चैत्यपूजा आदि सारे अनुष्ठान अर्थहीन हो जाएगे।[2]

श्लोक ३१ :

५७. लक्षण को (लिंगं)

लिग का अर्थ है—लक्षण। जो आन्तरिक अर्थ का गमक होता है, उसे लिग कहते है। वही वस्तु का व्यावर्तक लिंग होता है। लिंग अनेक प्रकार का है। जीव का लक्षण है—उपयोग। यह उसका सासिद्धिक लिंग है। जैसे अग्नि का सासिद्धिक लिंग है—उष्णता। उपयोग का अर्थ है—स्पर्श आदि इन्द्रियो मे सुख-दु ख का सवेदन। यह सभी प्राणियो का समान लिग है। सभी प्राणियो को सुख प्रिय है और दु ख अप्रिय है।[3]

वृत्तिकार के अनुसार जीव का लिंग है—चलन, स्पदन, अकुर की उत्पत्ति, छेदन करने से कुम्हलाना आदि।[4]

श्लोक ३२ :

५८. (श्लोक ३२)

आर्द्रककुमार का तर्क है कि पिण्याकपिंडी को पुरुष समझने की बात सभव नही लगती। पुरुष सचेतन है। उसमे हलन-चलन आदि की क्रिया होती है। तब पुरुष को पिण्याकपिंडी कैसे समझा जा सकेगा! यदि तुम कहो कि गहरी नींद मे सोए हुए मनुष्य मे हलन-चलन की क्रिया नही होती, इसलिए वह सभव है, तो वस्त्र से आच्छादित यह वस्तु पुरुष है या पिण्याकपिंडी—इन दोनो सभावनाओ को जानने वाला नि शक होकर प्रहार कैसे करेगा? जिसमे अहिंसा का विवेक है, वह ऐसा कभी नही कर सकता। इसी प्रकार पुरुष को पिण्याकपिंडी समझने की बात भी बुद्धि से परे है। उसमे भी विमर्श जरूरी होता है। क्या यह पुरुष है अथवा पिण्याकपिंडी? क्या यह कुमार है या तुम्बा? इसलिए कुशलचित्त और अकुशलचित्त कोई भी हो, वह इन दोनो सभावनाओ पर विचार किए बिना नि शकतया प्रहार करता है, उसे हिंसक न मानना तथा उसके कर्मबध को न स्वीकारना मिथ्यावाद है।[5]

श्लोक ३३ :

५९. ऐसा स्थूल वचन (सुरालमेयं)

चूर्णिकार ने सु+उराल शब्द मानकर उदार का अर्थ स्थूल[6] और वृत्तिकार ने निस्सार और निरुपपत्तिक किया है।[7] 'सु' के साथ 'उ' की सधि होने पर 'सूराल' बन जाता है, किन्तु छन्द की दृष्टि से उसका ह्रस्व प्रयोग किया है।

श्लोक ३४ :

६०. (श्लोक ३४)

चूर्णिकार ने प्रस्तुत श्लोक का आशय इस प्रकार स्पष्ट किया है—'बौद्ध भिक्षुओ! आश्चर्य है कि तुम्हे कोई अपूर्व अर्थ—

---

१. चूर्णि पृष्ठ ४३१।

२. वृत्ति, पत्र १४९।

३. चूर्णि पृष्ठ ४३१ : उवयोगो लिग लक्षणमित्यर्थ आह हि—निमित्त हेतुरपदेश यथा अग्नावौष्णय सासिद्धिकलिंगमेवमात्मना त्रसाना स्थावराणां च सासिद्धिकलिंग, येन ज्ञायते आत्मनाऽऽत्मेति, स चोपयोग. स्पर्शादिष्विन्द्रियेषु सुखदु खयोरुपलब्धि-रित्यर्थ, तच्च सर्वप्राणभृता समानं लिङ्ग, सुख प्रियमप्रिय दु खं।

४. वृत्ति, पत्र १४९ : जीवलिङ्ग—चलनस्पन्दनाङ्कुरोद्भवच्छेदम्लानादिकम्।

५. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४३१, ४३२।
   (ख) वृत्ति, पत्र १४९।

६. चूर्णि, पृष्ठ ४३२ : सूरालमेतत्स्थूलं।

७. वृत्ति, पत्र १५० सु-उदारं—सुष्ठु परिस्थूर नि.सारं निरुपपत्तिकं।

सिद्धान्त मिला है कि अज्ञान श्रेय है । यदि अज्ञान श्रेय है तो तुम ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न क्यो करते हो ? यह अर्थ तुम्हें कहां से मिला कि नही जानने वाला कर्म से मुक्त रहता है, अचिन्तित अवस्था मे कर्म का चय नही होता ।[1]

वृत्तिकार ने इस श्लोक की व्याख्या कुछ विस्तार से की है—

आर्द्रक ने अपनी युक्तियो से बौद्ध भिक्षुओ को पराजित कर उनका उपहास करते हुए कहा—ओह ! तुमने ही यथावस्थित तत्त्व को प्राप्त किया है । तुमने ही जीवो के कर्म-विपाक का चिन्तन किया है । इस प्रकार के विज्ञान से ही तुम्हारा यश समुद्रो पार गया है । लगता है इसी विज्ञानरूपी आलोक से तुमने इस लोक को हस्तामलक की भांति देख लिया है । धन्य है तुम्हारे विज्ञान के अतिशय को ! जिसके आधार पर तुम खलीपिण्ड और पुरुष मे तथा अलाबुफल और कुमार मे कोई अन्तर नही कर पाते ।[2]

श्लोक ३५ :

६१. विशुद्धि की अन्य विधि का अवधारण करते हैं (आहारिया अण्णविहीए सोहिं)

चूर्णिकार ने शोधि का अर्थ मोक्ष किया है ।[3] आर्द्रकुमार बोला—'भिक्षुओ ! तुम मानते हो कि अज्ञात अवस्था मे कर्म का बंध नही होता ।' हमारा सिद्धान्त इससे भिन्न है । हम मानते है कि प्रमत्त अवस्था मे कर्म का बन्ध होता है, अप्रमत्त कर्म से मुक्त होता है । शोधि का मार्ग है—अप्रमाद ।[4]

वृत्तिकार ने इस पद का भिन्न अर्थ किया है । उनके अनुसार जैन शासन मे संयमी मुनियो ने अन्न-विधि मे शुद्धि का स्वीकार किया है । वे बयालीस दोष रहित शुद्ध आहार का सेवन करते हैं, किन्तु भिक्षुओ ! वे तुम्हारी तरह मांसाहार को निर्दोष नही मानते ।[5]

६२. अस्पष्ट पदों के उपजीवी होकर (छण्णपओपजीवी)

इसमे तीन पद हैं—छन्न, पद, उपजीवी । छन्न का अर्थ है—अप्रकाश, अस्पष्टता, पद का अर्थ है—प्रवृत्ति और उपजीवी का का अर्थ है—उनके सहारे जीवन यापन करना । इसका तात्पर्य है, माया प्रधान साधन से आजीविका चलाने वाला ।

चूर्णिकार ने छन्न, अप्रकाश, अदर्शन और अनुपलब्धि को एकार्थक माना है ।[6] इन्होंने 'छण्णपओपजीवी' का पाठान्तर 'छणणपदोपजीवी' माना है । 'छणण' का अर्थ है हिंसा । इसका तात्पर्य है, जिस वचन से हिंसा का समर्थन हो ऐसा वचन न बोले । अज्ञान अवस्था मे कर्मबन्ध नही होता—इस प्रकार के वचन से श्रोताओं मे निर्दयता आदि दोष उत्पन्न होते हैं । इसलिए ऐसा वचन बोलना चाहिए जिससे हिंसा को समर्थन न मिले ।[7]

६३. अनुधर्म (अणुधम्मो)

प्रस्तुत तथा इकतालीसवें श्लोक मे 'अनुधर्म' शब्द का प्रयोग हुआ है । चूर्णिकार ने इसका अर्थ तीर्थंकर द्वारा आचीर्ण धर्म किया है ।[8] जिस प्रकार लौकिक क्षेत्र मे अनुराज—राजा जैसा आचरण करता है वैसा आचरण जनमान्य होता है । कहा भी है—'यद्यदाचरति श्रेष्ठ, तत् तदेवेतरो जन ।' लोकोत्तर क्षेत्र मे भी अनुधर्म सम्मत होता है । तीर्थंकर और गणधरो ने उद्दिष्ट आहार का वर्जन किया, इसलिए उनके अनुवर्ती शिष्य भी उसका वर्जन करते हैं । यह उनका अनुधर्म है ।[9]

'अनु' का दूसरा अर्थ सूक्ष्म भी किया है । इसका तात्पयार्थ यह है कि भगवान् महावीर ने सूक्ष्म धर्म का प्रतिपादन किया । उसमे किंचित् अतिचार सेवन भी दोष हो जाता है । जैसे शिरीष का फूल थोडे से ताप से कुम्हला जाता है, वैसे ही थोडे से दोष-सेवन

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४३२ ।

२. वृत्ति, पत्र १५० ।

३. चूर्णि, पृष्ठ ४३३ सोहि मोक्षः इत्यर्थं ।

४. चूर्णि, पृष्ठ ४३३ . नापि सचितित कर्म्म बद्धयत इति सिद्धान्त , किं तर्हि ? अस्माकं प्रमत्तस्य कर्म्म बध्यते अप्रमत्तस्य मुच्यते, अप्रमत्तः शुद्धयत इत्यर्थ' ।

५. वृत्ति, पत्र १५० ।

६. चूर्णि, पृष्ठ ४३३ ' छद अपवारणे छज्जते तस्य छन्नं छन्नमप्रकाशमदर्शनमनुपलब्धिरित्यनर्थान्तरं, पदं चेष्टितं छन्नपदेन उवजीवनधर्मा छन्नपदोपजीवि ।

७. चूर्णि, पृष्ठ ४३३ ।

८. चूर्णि, पष्ठ ४३४ : अनु पश्चाद्भावेऽनुधर्म्मस्तीर्थकराचीर्णोऽयमुपचर्यते इति अनुधर्मस्तीर्थकरानुधर्म्मिणः साधव इहेति ।

९ चूर्णि, 'पृष्ठ ४३५, ४३६ . एसोऽणुधम्मो, जहा लोए''' ''''तच्छिष्याः अपि परिहरंति ।

से श्रामण्य अशुद्ध हो जाता है ।[1]

वृत्तिकार के अनुसार अहिंसा मुनियो का अनुधर्म है । इसका तात्पर्य यह है कि भगवान् महावीर ने पहले इस अहिंसा धर्म का पालन किया और फिर मुनियो के लिए उसे आवश्यक बतलाया ।[2]

इस प्रसग मे वृत्तिकार ने बौद्ध भिक्षुओ के एक तर्क को निरस्त किया है । उनका तर्क है—"चावल आदि धान्यकण भी प्राणी के अग के सदृश होने के कारण मासतुल्य हैं ।' यह तर्क उचित नही है । क्योकि प्राणी का अग होने पर भी कुछ मास होता है और कुछ मास नही होता । जैसे दूध और रुधिर दोनो प्राणी के अंग हैं, फिर भी दूध भक्ष्य है और रुधिर अभक्ष्य । स्त्रीत्व के समान होने पर भी भार्या गम्य होती है, किन्तु बहिन गम्य नही होती । चावल एकेन्द्रिय प्राणी का अंग है, इतने मात्र से वह मास की कोटि का नही होता । इस प्रसग मे वृत्तिकार ने असिद्ध, अनैकान्तिक और विरुद्ध हेत्वाभासो के द्वारा इसमे दोष बतलाए हैं ।[3]

वर्तमान दृष्टि से विचार करें तो एकेन्द्रिय जीव मे केवल रस धातु की निष्पत्ति होती है । उसमे रक्त नही होता । रक्तधातु के बिना मास धातु निष्पन्न नही होती । रक्त और मास की निष्पत्ति द्वीन्द्रिय जीवो से आरम्भ होती है । इसलिए मास और अन्न की तुलना सगत नही है ।

देखें—सूत्रकृतांग, प्रथम श्रुतस्कंध, पृष्ठ १००, टिप्पण २२ तथा पृष्ठ १०६, टिप्पण ६१ ।

श्लोक १४ :

६४ प्राणीवध की आशंका से (भूताभिसकाए)

शका के अनेक अर्थ हैं—शका, भय, ज्ञान, अज्ञान । यहा शका शब्द भय के अर्थ मे प्रयुक्त है । यह भय मृत्यु का ही भय है ।[4]

निर्ग्रन्थ प्रवचन मे दीक्षित व्यक्ति प्राणियो के वध मे भय देखते है । उनको इहलोक और परलोक—दोनों का भय रहता है । वे मानते है—'जो खलु जीव उद्दवेति एस खलु परभवे तेहिं वा अण्णेहिं वा जीवेहिं उद्दविज्जति'—जो इहलोक मे जीवो को मारता है वह परलोक मे उन्ही जीवो के द्वारा या अन्य जीवो के द्वारा मारा जाता है ।[5]

६५. त्याग करते हैं (निहाय)

यही शब्द ७/१० मे भी प्रयुक्त हुआ है । वृत्तिकार ने प्रस्तुत प्रसग मे 'निधाय' शब्द देकर उसका अर्थ—त्याग करके—किया है[6] और सातवें अध्ययन मे 'निहाय' (विहाय-पाठान्तर) देकर यही अर्थ किया है ।[7] चूर्णिकार ने 'णिधाय' के 'धा' को ह्रस्व मानकर इसका अर्थ—निक्षिप्य—छोडकर किया है ।[8]

श्लोक ४२ :

६६. निर्ग्रन्थ धर्म में (णिग्गथधम्मम्मि)

चूर्णिकार ने इस स्थान पर "णिग्गथधम्मा" पाठ मानकर इसकी व्याख्या इस प्रकार की है—निर्ग्रन्थ का ही धर्म जिनका धर्म है, वे निर्ग्रन्थधर्मा कहलाते है । अथवा निर्ग्रन्थ का अर्थ है—भगवान् महावीर । वे सभी ग्रन्थो (ग्रन्थियो) से अतीत आत्मा है । चेतन-भूत निर्ग्रन्थ (महावीर) की आत्मा के तुल्य जिनकी आत्मा है, वे निर्ग्रन्थधर्मा कहलाते है । वे सब महावीर के सहधर्मी है ।[9]

६७. समाधि (समाही)

सम+अधि=समाधि । इसका अर्थ है मन का समाधान, एकाग्रता । मानसिक द्वन्द्व के अभाव मे समाधि इस जीवन मे भी

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४३६ : अथवा अणु सूक्ष्म इत्यर्थ , सूक्ष्मो धर्मो भगवता प्रतीत स्तोकेनाप्यतिचारेण बाध्यते शिरीषपुष्पमिव तदनुतापेन ।

२. वृत्ति, पत्र १५० : अनु—पश्चाद्धर्मोऽनुधर्मस्तीर्थंकरानुष्ठानादनन्तरं भवति ।

३ वृत्ति, पत्र १५० ।

४. चूर्णि, पृष्ठ ४३५ . सका भये ज्ञाने अज्ञाने च पूर्वोक्ता, इह तु भए द्रष्टव्या, तच्च मरणभयमेव ।

५. वही, पृष्ठ ४३५ ।

६ वृत्ति, पत्र १५२ : निधाय—परित्यज्य ।

७. वही, पत्र १६५ निहाय—परित्यज्य ।

८. चूर्णि, पृष्ठ ४५३ णिधय त्ति धकारस्य ह्रस्वत्वे कृते निधय भवति, निक्षिप्येत्यर्थं ।

९. चूर्णि, पृष्ठ ४३६ ।

उपलब्ध हो सकती है। परम समाधि का अर्थ है मोक्ष।[1]

६८. वह इस जगत् में……प्राप्त होता है (इहच्चणं पाउणई सिलोगं)

शीलसपन्न व्यक्ति इस जीवन मे भी श्लाघा को प्राप्त होता है। लोग कहते है—'यह है श्रमण; यह है श्रमण', 'देखो, यह है श्रमण'। वह परलोक मे सिद्ध, बुद्ध मुक्त हो जाता है।[2]

श्लोक ४३ :

६९. (श्लोक ४३)

आर्द्रक ने बौद्ध भिक्षुओ के सिद्धान्त और चर्या का खडन कर उनको निरुत्तर कर दिया। यह देखकर कुछेक ब्राह्मण आकर बोले—'आर्द्रककुमार! तुमने अच्छा किया। ये गोशालक के मतानुयायी और बौद्ध भिक्षु—दोनो वेदबाह्य है, वेदो को नही मानते। तुमने इनको निरस्त कर सुन्दर काम किया है। देखो, यह अर्हत् मत (महावीर का मत) भी वेद-बाह्य है। तुम्हारे लिए उचित नही है कि तुम इसकी शरण लो। तुम क्षत्रिय हो। क्षत्रिय का धर्म है कि वे सर्वोत्तम जाति मे उत्पन्न ब्राह्मण की ही उपासना करें, शुद्रो की नही। इसलिए यज्ञ-याग की विधि से ब्राह्मणो की सेवा करना ही युक्तियुक्त है।'[3]

'आर्द्रक राजपुत्र! जाओ मत, ठहरो। हमारे वेद सिद्धान्त को सुनो। सृष्टि के प्रारभ मे विष्णु की नाभि से एक कमल उत्पन्न हुआ। वह अनेक केसर वाला था। उसमे ब्रह्मा का जन्म हुआ। ब्रह्मा ने इस सृष्टि की रचना की। ब्रह्मा ने अपने मुख से ब्राह्मणो की सृष्टि की। ब्रह्मा ने फिर शूद्रो को उत्पन्न किया। उनका काम है ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य—तीनो वर्गो की परिचर्या करना। फिर ब्रह्मा ने क्षत्रियो की सृष्टि की। वे केवल एक ब्राह्मण वर्ग की ही परिचर्या करते है। इसी परिचर्या से वे श्रेयस् प्राप्त करते हैं। इसलिए जगत् ब्रह्मोत्तर है। तीनो वर्णो मे ब्राह्मण ही पूज्यतम है। इसलिए द्रव्य उपधान, क्षेत्र उपधान, काल उपधान और भाव उपधान से शुद्ध दान देकर उनकी पूजा करनी चाहिए। जैसे—

- द्रव्य उपधान शुद्ध—गाय, हिरण्य, सुवर्ण, धन-धान्य आदि देना।
- क्षेत्र उपधान शुद्ध—अपने घर पर आए हुए, आराम पूर्वक बैठे हुए को दान देना। अथवा पुष्कर आदि प्रसिद्ध क्षेत्र मे दान देना।
- काल उपधान शुद्ध—पूर्णिमा, अमावस्या तथा सभी पर्व-तिथियो मे दान देना।
- भाव उपधान शुद्ध—लोक प्रत्युपकार की भावना से नई-नई वस्तुए देना।[4]

ब्राह्मणो ने आगे कहा—'आर्द्रक! हम ब्राह्मण अपने आप मे पात्रता हासिल कर दान-पात्र बनते हैं। हम दूसरो के अनुग्रह के लिए ही दान लेते है, इसलिए देने वाले और लेने वाले—दोनो का कल्याण होता है। जो ऐसे ब्राह्मणो को एक दिन या दो दिन भोजन कराता है, एक-दो को भोजन कराता है या हजारो को भोजन कराता है, अकेला भोजन कराता है या अनेक व्यक्ति मिलकर भोजन कराते हैं, ब्राह्मणो से जाप कराते हैं, दक्षिणा देते है या उनसे पौंडरीक आदि यज्ञ करवाते है वे ब्राह्मणो की पूजा करने वाले महान् पुण्य का सचय करते है और मर कर ब्रह्म, इन्द्र, प्रजापति, विष्णु, लक्ष्य (?) आदि स्वर्ग मे देव होते हैं। यह वेदो का प्रतिपादन है। वेद ही उत्कृष्ट प्रमाणभूत है। वर्तमान मे तीन वेद ही प्रमाण माने जाते हैं। तुम अपने राज्य मे जाओ। जब तुम्हारा राज्याभिषेक हो, उस समय अपनी इच्छानुसार तुम स्नातक ब्राह्मणो को गाय, हिरण्य, सुवर्ण आदि का दान देना। हमारे शास्त्रो मे कहा है—जो-जो पदार्थ ब्राह्मणो को इहभव मे दिए जाते हैं, उन पदार्थो का उपभोग दानकर्ता इस जन्म मे भी करता है और वे पदार्थ उसे परजन्म मे भी प्राप्त होते है। तुम सब यज्ञ करना और ब्राह्मणो को भूमीदान और स्वर्णदान देना, तब तुम्हे श्रेयस् प्राप्त होगा। जिन-जिन धर्म-साधनो की हमने चर्चा की है, उनका प्रयोग यदि अभ्युदयिक धर्म के लिए किया जाता है तो उनका फल अपवर्ग-प्राप्ति नही होता। जब अपवर्ग-प्राप्ति के लिए उन धर्म-साधनो का उपयोग किया जाता है, तब वे अपवर्ग-प्राप्ति के हेतु बनते है। वैदिक धर्म स्वर्ग और अपवर्ग प्राप्ति का साधन है। तुम उसे स्वीकार करो। तुम व्यर्थ ही तपोयुक्त सयम का आचरण करने जा रहे हो।'[5]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४३६ समाअधि समाधि मनः समाधानमित्यर्थ अथवा मणस्स हि इहेव समाधी भवति, द्वन्द्वाभावात् परमसमाधी य मोक्षो।

२ चूर्णि, पृष्ठ ४३६।

३. वृत्ति, पत्र १५२।

४. चूर्णि, पृष्ठ ४३६, ४३७।

५. वही, पृष्ठ ४३७, ४३८।

श्लोक ४४ :

७०. ब्राह्मणों को (कुलालयाणं)

कुलाल का अर्थ है—मार्जार। हिंसा का समर्थन करने वाले को लक्षणा की दृष्टि से मार्जारतुल्य कहा गया है।[1]

श्लोक ४५ :

७१. नीचे अन्धकारपूर्ण रात्रि को (णिहोणिसं)

चूर्णिकार ने णिह का अर्थ 'न्यक्' किया है। निश का अर्थ है अन्धकार। इसका तात्पर्यार्थ है—दुरुत्तर नरक।[2]

श्लोक ४६ :

७२ (श्लोक ४६)

आर्द्रककुमार ब्राह्मणो के सिद्धान्तो का निराकरण कर भगवान् के पास जाने के लिए उद्यत हुआ। इतने मे ही त्रिदडी परिव्राजक (साख्य) आकर बोले—आर्द्रककुमार ! तुमने बहुत अच्छा किया। ये ब्राह्मण गृहस्थ है। सभी प्रकार की हिंसात्मक प्रवृत्तियो मे ये प्रवृत्त रहते है। ये इन्द्रियो के विषयो का आसक्ति से आसेवन करते है। इनका निरसन तो होना ही चाहिए। आर्द्रक ! अब तुम हमारा सिद्धान्त सुनो, और सुनकर उसे स्वीकार करो। तुम्हारा और हमारा सिद्धान्त मिलता-जुलता है।

१ हम मानते है कि न कुछ नया उत्पन्न होता है और न कुछ नष्ट होता है। केवल अभिव्यक्ति होती है। हम सत्कार्यवादी हैं। तुम्हारा अर्हत् दर्शन भी सत्कार्यवादी है। उसमे द्रव्यार्थिक दृष्टि से सभी पदार्थों को नित्य माना गया है।
२ पुरुष का स्वरूप है चेतनामय। अर्हत् दर्शन मे भी आत्मा का स्वरूप है चेतनामय।
३ हम अहिंसा आदि पाच यमो को मानते हैं। तुम्हारे दर्शन मे भी पाच महाव्रत स्वीकृत हैं।
४. हम भी इन्द्रियो के आधार पर पाच प्रकार का नियम मानते है और तुम्हारे धर्म मे भी यही है।
५ जैसे तुम यम-नियम लक्षण वाले अपने धर्म मे स्थित हो, वैसे ही हम भी यम-नियम लक्षण वाले अपने धर्म मे स्थित है।
६ जैसे तुम यावज्जीवन के लिए व्रतो का आचरण करते हो, वैसे ही हम भी यावज्जीवन के लिए व्रती बनते हैं।
७ जैसे तुम यम-नियम धर्मो का पालन न माया या दभ के लिए और न लोकप्रतीति के लिए करते हो वैसे ही हम भी आत्मा के लिए सब कुछ करते हैं।
८ तुम्हारा आचरण और हमारा आचरण समान है। जैसे तुम युगमात्र भूमि को देख-देख कर चलते हो, वैसे ही हम युगमात्र भूमि को देखकर चलते है।

- जैसे प्रमार्जन के लिए तुम रजोहरण रखते हो वैसे ही हम केशरिका रखते है।
- जैसे तुम्हारी वाग्गुप्ति या भाषा समिति है वैसे ही हमारे 'मौन' रहने और जोर से न बोलने की परपरा है।

९ शील भी हमारा समान है—भद्रता, मृदुस्वभावता, अनाक्रोश, अमत्सरभाव—ये सब समान हैं।
१० अर्हत् दर्शन मे श्रुतज्ञान और केवलज्ञान को मोक्ष का अगभूत कहा गया है। हम भी यही मानते है।
११ अर्हत् दर्शन मानता है कि आत्मा अपने-अपने कर्मो के कारण ससार मे परिभ्रमण करता है। हमारी भी यही मान्यता है।
१२ जैसे अर्हत् दर्शन असत् कार्यवादी नहीं है, वैसे हम भी असत्कार्यवादी नही है।
१३ जैसे तुम्हारे उत्पाद और विनाश की मान्यता है, वैसे ही हमारे आविर्भाव और तिरोभाव की मान्यता है।
१४ हम आत्मा को अव्यक्त, महान्, सनातन, अक्षय, अव्यय, प्रत्येक शरीर मे समानरूप से स्थित मानते है, वैसे ही अर्हत् दर्शन मे भी आत्मा का यही स्वरूप प्रतिपादित है।

इसलिए आर्द्रकुमार ! इन समानताओ को तुम ध्यान मे लो। तुम हमारे धर्म को स्वीकार करो।[3]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४३८।
२ चूर्णि, पृष्ठ ४३९ अणिधो णिधं णाम अध अंधकारं, दुरुत्तरं नरकमिति वाक्यशेष ।
३. चूर्णि, पृष्ठ ४४०, ४४१।

श्लोक ४७ :

७३. (श्लोक ४७)

सांख्य परिव्राजको ने जैन दर्शन के साथ अपनी समानताओ का वर्णन कर कहा—'आर्द्रकुमार ! हमारे दर्शन की एक विशेषता है, उसे तुम ध्यान से सुनो। वह विशेषता है—परमात्मवाद। संसारी आत्माए सब कारणात्माए हैं। एक है परमात्मा जो सभी कारण-आत्माओ से भिन्न है, विशेष है।[1] चूर्णिकार ने अनेक परमात्माओ का उल्लेख किया है।[2]

एकात्मवाद के आधार पर वृत्तिकार ने इसे वेदान्त दर्शन का अभिमत वतलाया है।[3] किंतु वास्तव मे यह चिन्तनीय है। सांख्य दर्शन की अपेक्षा वेदान्त दर्शन बहुत अर्वाचीन है। साख्य दर्शन की दो धाराए रही हैं। उनमे एक ईश्वरवादी धारा है और दूसरी है अनीश्वरवादी धारा। ईश्वरवादी धारा मे एकेश्वरवाद सम्मत रहा है। पातंजलयोगदर्शन मे इसकी स्पष्ट प्रकल्पना है। उसके अनुसार ईश्वर सदैव मुक्त है, अनादि-सिद्ध है।[4]

प्राचीनकाल मे श्रमण परम्परा मे भी कुछ श्रमण संप्रदाय ईश्वरवादी थे। साख्य एक श्रमण सप्रदाय था और उसका एक भाग ईश्वरवादी भी था। इस दृष्टि से प्रस्तुत श्लोक की व्याख्या वेदान्त दर्शन से संबद्ध नही होनी चाहिए। किंतु इसका सम्बन्ध साख्य दर्शन से है और इसका सबसे बडा प्रमाण है 'पुरुष' शब्द का प्रयोग। वेदान्त ब्रह्मवादी है, पुरुषवादी नही है।

७४. महान् (महंतं)

इसके भी दो अर्थ हैं—सर्वव्यापी और प्रकृति।[5]

७५. पुरुष (पुरिसं)

सांख्य मत मे पाच तन्मात्र, बुद्धि, मन और अहंकार को 'पुर' माना है।[6] जो इसमे रहता है, वह पुरुष है।

पुर का दूसरा अर्थ है—शरीर। जो शरीर मे रहता है, वह पुरुष।[7] साख्य मे पुरुष शब्द आत्मा का वाचक है।

७६. सब प्राणियों के साथ (सव्वेसु भूएसु……)

प्रश्न होता है कि सभी प्राणियो मे एक ही आत्मा कैसे है ?

चूर्णिकार इसे स्पष्ट करते हुए साख्य दार्शनिको का मत बताते हैं—जैसे हिमपटल से युक्त अत्यन्त तेजस्वी सूर्य के चारो ओर से रश्मिया निकलती हैं, फिर उस सूर्य-बिम्ब मे ही प्रलीन हो जाती हैं और उसे कोई बाधा नही पहुंचाती, वैसे ही कूटस्थ आत्मा से आत्माए निकलती हैं, अपने-अपने कर्मों के अनुसार कर्मों का निवर्तन कर, सुख-दु ख का अनुभव कर, पुन. उसी आत्मा मे लीन हो जाती हैं।[8]

चूर्णिकार का कथन है यह तथ्य साख्य और वैदिक—दोनो के लिए समान है। साख्य अनेक परमात्माओ को मानते है और वैदिक एक ही परमात्मा को मानते हैं। वे एकेश्वरवादी हैं और साख्य अनेकेश्वरवादी।[9]

---

१ चूर्णि, पृष्ठ ४४१ परमात्मा कारणात्मस्यो विशिष्यते।

२. वही, पृष्ठ ४४१,४४२।

३. वृत्ति, पत्र १५५ : वेदान्ताद्यात्माद्वैतमतेन व्याख्यातव्य।

४. पातजल योगदर्शन, १/२४-२६।

५. चूर्णि पृष्ठ ४४१ : महन्त इति सर्वगत. सर्वथा वा प्रकृत्या गतः।

६. चूर्णि, पृष्ठ ४४१ : पंच तन्मात्राणि बुद्धिमनोऽहङ्कार इति पुरं।

७. वही, पृष्ठ ४४१ : अथवा से शरीरं पुरं तस्मिन् पुरे शयत इति पुरुषः।

८ चूर्णि, पृष्ठ ४४१ : यथा हिमहम(पट)लाविप्रमुक्तत्वात् भूरितेजसाऽऽदित्यबिम्बाद् रश्मयः सर्वतो निस्सरंते, निःसृत्य च तमेव पुनः प्रविशन्ति, न च तस्याबाधां कुर्वन्ति, एवं सर्वात्मन त्रिकालावस्थिता. कूटस्थान् निस्सरंति, निसृत्य च तानि स्वकर्मविहितानि शरीरानि निवर्तयित्वा सुखदुःखादि चानुभूय पुनः पुनस्तमेव परमात्मानं प्रविशन्ति।

९. चूर्णि, पृष्ठ ४४८ . एतच्च सूत्र साख्यवैदिकयोस्तुल्यं व्याख्यायते नैक परमात्मानो वेदिकानां तु एक·।

७७. जैसे ताराओं के साथ चन्द्रमा (चंदो व ताराहिं समत्तरूवे)

आत्मा की निरशता प्रतिपादित करने के लिए सांख्य कहते हैं कि जैसे चंद्रमा समस्त ताराओ से सपूर्ण रूप से सवध करता है, वैसे ही यह कूटस्थ आत्मा भी प्रत्येक शरीर के साथ संपूर्ण रूप से सवध करता है।

वृत्तिकार ४७ वें श्लोक का ऊहापोह करते हैं कि इस श्लोक की व्याख्या वेदान्त के आत्मा-अद्वैतवाद के अनुसार करनी चाहिए। वे एक ही आत्मा को मानते है। वह आत्मा आकाश की भाति सर्वव्यापी, सनातन, अनन्त, अक्षय और अव्यय है। वह सभी चेतन-अचेतन भूतो मे सर्वात्मना स्थित है। जैसे सभी ताराओ के साथ एक ही चद्रमा संबंध करता है, वैसे ही सभी आत्माओ के साथ यह विश्वव्यापी एक ही आत्मा सवध स्थापित करती है।[1]

श्लोक ४८ :

७८. मरेंगे (मिज्जंति)

चूर्णिकार ने 'मिज्जति' का अर्थ—मरना[2] और वृत्तिकार ने परिच्छेद करना, प्रमाण करना, किया है।[3]

चूर्णिकार ने अपने अर्थ की सार्थकता को 'सर्वगत' के साथ जोडा है। मृत्यु उसी की होती है जो सर्वगत नही होता, अ-सर्वगत होता है। जैसे—देवदत्त अपने घर को छोडकर अन्यत्र गया है, ऐसा व्यपदेश होता है, किन्तु सर्वगत के लिए शरीर, प्राण आदि के त्याग का व्यपदेश नही होता।[4] वृत्तिकार के अनुसार आत्मा को सर्वव्यापी और अविकारी मानने पर नारक, तिर्यंच, मनुष्य आदि भेद नही किए जा सकते।[5]

७९. संसार-भ्रमण करेंगे (संसरंति)

असर्वगत के लिए ससार घटित होता है, सर्वगत के लिए नही। क्योकि उसके लिए कुछ भी अप्राप्त नही है। यदि आत्मा को सर्वगत माना जाए तो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य—इन सबकी सगति नही बैठती।[6]

८०. (श्लोक ४८)

प्रस्तुत श्लोक की व्याख्या चूर्णिकार ने आत्मा की सर्व व्यापकता के सिद्धान्त को सामने रखकर की है।[7] वृत्तिकार ने इसकी व्याख्या आत्मा की कूटस्थनित्यता के सिद्धान्त को सामने रखकर की है।[8]

श्लोक ५१ :

८१. स्थान (ठाणं)

यहा स्थान शब्द आचरण के अर्थ मे प्रयुक्त है। स्थान, वृत्त, कर्म—ये एकार्थक हैं।[9] वृत्तिकार ने भी स्थान का अर्थ कर्म, अनुष्ठान किया है।[10]

---

१. वृत्ति, पत्र १५५।
२. चूर्णि, पृष्ठ ४४२: मृङ् प्राणत्यागे।
३. वृत्ति पत्र १५५: मीयेरन्''''''परिच्छिद्येरन्।
४. चूर्णि, पृष्ठ ४४२: असर्वगतस्य हि प्राणत्यागो युज्यते, यथा—देवदत्त स्वगृहं त्यक्त्वा अन्यत्र गच्छति, न चैवं सर्वगतस्य शरीरादि-प्राणत्यागो युज्यते।
५. वृत्ति, पत्र १५५।
६. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४४२।
 (ख) वृत्ति, पत्र १५५।
७. चूर्णि, पृष्ठ ४४२।
८. वृत्ति, पत्र १५५।
९. चूर्णि, पृष्ठ ४४३ स्थानं वृत्त कर्मेत्यनर्थान्तरं।
१०. वृत्ति पत्र १५६: स्थान—पदं कर्मानुष्ठानरूपम्।

८२. चारित्र (चरण)

चरण, वृत्त और मर्यादा एकार्यक हैं ।[1]

श्लोक ५२ :

८३. (श्लोक ५२)

आर्द्रककुमार ने सांख्य परिव्राजको को निरुत्तर कर भगवान् महावीर के पास जाने लिए कदम बढाए । इतने मे ही 'हस्तितापस' वहा आए और उसे घेर कर बैठ गए । उनके दाढी-मूछ के बाल बहुत बढे हुए थे । नख भी प्रलंब हो गए थे । उनका सिर जटा-मुकुट से दीप्त था । उनके हाथ मे धनुष्य-बाण थे । उन्होने एक साथ कहा—आर्द्रककुमार ! थोडे ठहरो, हमारी चर्या, जो सिद्धान्तानुमोदित है, उसे सुनो । तुम्हे वह रुचिकर लगेगी । राजकुमार कुछ ठहरा । वे हस्तितापस पाच सौ की सख्या मे थे । उनमे से एक वृद्धतम हस्तितापस आर्द्रककुमार को सबोधित कर बोला—आर्द्रककुमार ! हम द्वादशाग्र, अभ्युदयकामी, मुमुक्षु और हस्तितापस हैं । हम परम कारुणिक हैं । वन मे निवास करने से मूल, कन्द, फल, फूल आदि अनेक जीवो की घात करने पर भोजन होता है । यह महान् दोष है, यह जानकर सवत्सर (चूर्णि के अनुसार एक वर्ष और वृत्ति के अनुसार एक वर्ष अथवा छह माह) एक बार विषलिप्त बाण से हाथी के मर्मस्थान को बाधकर उसे मारते हैं । उस विशालकाय हाथी के मास का आहार कर हम अपना जीवन-निर्वाह करते हैं । उसके मास खडो को पकाकर खाते हैं । ज्ञानी को सदा अल्प या बहुत्व की चिन्ता करनी चाहिए । जो ये दूसरे वन-तापस हैं वे कन्द, मूल, फल आदि खाते हैं और अनेक वनस्पतिकायिक जीवो तथा उनके आश्रय मे रहने वाले अनेक त्रस जीवो की हत्या करते हैं । दूसरे अन्य तापस भिक्षा से अपना जीवन-निर्वाह करते हैं । वे भी इधर-उधर घूमते हुए अनेक प्राणियो की घात करते हैं । हम एक वर्ष भर मे या छह महीनो मे एक बार एक विशालकाय हाथी को बाणो से मारकर, वर्ष तक उसके मास से जीवन यापन करते हैं । हमारे एक जीव की घात होती है, शेष सारे जीव बच जाते हैं । उनकी रक्षा हो जाती है । हम थोडे जीव की हत्या कर, बहुत जीवो की रक्षा करते है । यह हमारा मत है ।

जो यह अल्प पाप होता है उसको हम आतापना, उपवास, जाप, ब्रह्मचर्य का पालन कर क्षीण कर देते है, जैसे तुम अर्हत् धर्म को मानने वाले पाप का शोधन प्रतिक्रमण, कायोत्सर्ग आदि से करते हो । हमारा यह हस्तितापस धर्म स्मृतियो मे विहित है । आओ, तुम इसे स्वीकार करो ।[2]

श्लोक ५४ :

८४. (श्लोक ५४)

हस्तितापसो को परास्त कर आर्द्रककुमार भगवान् की दिशा की ओर चला । वहा सर्वलक्षण सपन्न, अभी-अभी पकडा हुआ एक विशाल हाथी आलान खभे से साकलो पर बधा हुआ था । हाथी के कानो मे ये शब्द पड़े—"अहो ! यह आर्द्रक राजकुमार अपने सभी बन्धनो को तोडकर तीर्थंकर महावीर के पास जा रहा है । इसने सभी तीर्थिको को परास्त कर दिया है । लोग इसकी स्तुति कर रहे हैं । इसकी पूजा, अर्चा कर रहे है । वदना कर रहे हैं, यह कितना निरपेक्ष है । सभी शत्रुओ पर इसने विजय प्राप्त कर ली है । धन्य है यह !" हाथी का विवेक जागा । उसने मन ही मन सकल्प किया—यदि मैं इस महात्मा के प्रभाव से बन्धनमुक्त हो जाऊ तो मैं इसे वदना-नमस्कार कर अपने वन मे चला जाऊगा । वहा अपने यूथ की हथिनियो, कलभो के साथ स्वच्छन्दता से विहरण करूगा । उसने यह सोचा । सकल्प बलवान् बना और देखते-देखते उसके लोहबधन तड-तडकर टूट गए । बन्धन टूटते ही वह हाथी सूड को ऊचा कर आर्द्रकऋषि की ओर दौडा । हाथी को देख लोग भयाक्रान्त होकर इधर-उधर भागने लगे । वे चिल्ला उठे, अहो ! यह दुष्ट हाथी आर्द्रक राज-कुमार को मार देगा । वे अत्यन्त भयभीत थे । हाथी आर्द्रकऋषि के निकट गया । भक्तिभाव से अपना सिर झुकाया । अपने कानो को निश्चल कर तीन प्रदक्षिणा की और दोनो दातो को धरती तल पर टिकाकर अपनी सूड से आर्द्रक का चरण स्पर्श किया । हाथी ने मन ही मन कहा—आर्द्रक राजर्षि ! आपका कल्याण हो । आप अपने मनोरथो को पूरा करें, बन्ध से मुक्त हो जाए । ऐसी भावना कर वह हाथी अपने वन की ओर चला गया ।

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४४३ . चरणं वृत्तं मर्यादेत्यनर्थान्तरं ।

२. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४४४ ।

(ख) वृत्ति, पत्र १५६ ।

इस महान् प्रभाव से सारी जनता चमत्कृत हो गई और आर्द्रक तपस्वी के प्रति उनकी भक्ति उमड पड़ी। उसी समय महाराजा श्रेणिक तीर्थंकर महावीर को वंदना करने उस रास्ते से जा रहा था। उसने अपने मन्त्रियो से पूछा। उन्होने आर्द्रकुमार के प्रभाव की बात बतलाई। राजा श्रेणिक आर्द्रककुमार के पास गया, वदना नमस्कार कर बोला—अहो ! आपका तप दुष्कर है। उसका महान् प्रभाव है। आपके तप प्रभाव से ही वनहस्ती के लोहबन्धन छिन्न-भिन्न हो गए। वे तीक्ष्ण शस्त्रो से भी दुच्छेंद्य थे। इसलिए आपका तप अतीव दुष्कर है।

आर्द्रक बोला—राजन् ! हाथी का बन्धन-मुक्त हो जाना कोई बडी बात नही है। स्नेह के बन्धन को तोडना अत्यन्त दुष्कर है।

आर्द्रक आगे बढा। भगवान् महावीर के पास जाकर उसने अपने पाच सौ शिष्यो को, उनके चरणो मे समर्पित कर डाला। भगवान् ने उनको प्रव्रजित किया और आर्द्रक के शिष्यरूप मे पुन' उसे ही सौप दिया।[1]

श्लोक ५५ :

८५. तीर्थंकर की आज्ञा (बुद्धस्स आणाए)

चूर्णिकार ने प्रश्न उपस्थित किया है कि आर्द्रककुमार ने अभी तक महावीर को देखा नही तो फिर उसे उनके समाधि-मार्ग की अवगति कैसे हुई ? इसलिए कैसे कहा जा सकता है कि आर्द्रक महावीर की आज्ञा मे चल रहा है। उनके मार्ग का अनुगमन कर रहा है, उनके सघ (आज्ञा) का बुद्ध है ?

इसके समाधान मे कहा गया—महावीर ने महान् अध्ययनो का उपदेश किया। भविष्य की बात को महावीर ने जान ली कि आर्द्रक उनके समीप आएगा और अन्यतीर्थियो को परास्त कर विहरण करेगा और उनको अमुक अमुक उत्तर देगा। भगवान् ने यह सब कहा और गणधरो ने उसे सकलित कर लिया। अथवा आर्द्रक प्रत्येकबुद्ध था। उसने यह सब पहले ही जान लिया और अन्यतीर्थिको को उत्तर दे डाला।[2]

८६. समाधि है (समाहिं)

आर्द्रककुमार ने अन्यतीर्थिको के आक्षेपो का उत्तर दिया, यह एक समाधि है। समाधि तीन प्रकार की होती है—ज्ञानसमाधि, दर्शनसमाधि और चारित्रसमाधि। यहा मुख्यतया दर्शनसमाधि का प्रकरण है। मिथ्यादृष्टिकोण का निरसन करने से सम्यग् दृष्टिकोण का स्थिरीकरण होता है और सम्यक्त्व के स्थिर होने पर ज्ञान और चारित्र भी उपलब्ध हो जाते है। आर्द्रककुमार इस त्रिविध समाधि मे सुस्थित था।[3]

८७. महाभव के प्रवाह को (महाभवोघं)

भव—जन्म-मरण के तीन कारण हैं—मिथ्यादर्शन, अज्ञान और अचरित्र। ये तीनो महा-भवौघ हैं। जो व्यक्ति मिथ्यादर्शन के समुद्र को तर जाता है वह सम्यक्त्व मे स्थित हो जाता है। जो अज्ञान के समुद्र को तर जाता है वह ज्ञान मे (प्रकाश मे) स्थित हो जाता है। जो अचरित्र के समुद्र को सवर रूपी नाव मे आरूढ होकर तर जाता है, वह पूर्ण सवर को पा लेता है।[4]

---

१. (क) चूर्णि, पृष्ठ ४४५-४४७ इत्येवं तांस्तापसान् प्रतिहत्य भगवत्समवसरणमेव प्रति प्रतिष्ठते····भगवानपि एतान् प्रव्राज्य तस्यैव तान् शिष्याननुज्ञातवान्।

(ख) वृत्ति, पत्र १५७, १५८।

२. चूर्णि, पृष्ठ ४४७ : अज्जवि सो ताव भट्टारगं ण पेच्छति तो कहं तस्स आणाए बुद्धो ? उच्यते ननूपदिष्टानि महाध्ययनानि अनागत चेव तेण भट्टारकेण णातं जहा आर्द्रको नाम तस्समीपं एंतो अण्णउत्थिए हंतु विहरिस्सति, वुत्तो य समाणो एताणि एरिसाणि उत्तराणि दाहितित्ति तेण भगवता भासितं, गणधरेहिं तु सुत्तीकतं........अथवा प्रत्येकबुद्धो सो तेण पुव्वं एते अत्था आगमिता, तेण तेसिं अण्णउत्थियाणं तमुत्तरं देइ।

३. चूर्णि, पृष्ठ ४४७ . तेण तेसिं अण्णउत्थियाणं तमुत्तरं देइ इच्चेवमेसा भगवतो पुव्वतित्थगराणं च समाधी वुत्तो एत्तो तिविधो दंसणादि तत्थ विसेसेण दंसणसमाधिणा अधिगारो वुच्चति जेण मिच्छद्दिट्ठीसु पडिहतेसु संमत्त थिरीहोति, सति य संमत्ते णाणचरित्ताइपि होंति, अस्सिं समाधौ त्रिविधेऽपि सुट्ठु स्थित्वा वा।

४. चूर्णि, पृष्ठ ४४७ यश्च महाभवौघ' महंतो वा भवौघो यथा मिथ्यादर्शनोघन्तरित्ता संमत्ते ट्ठाति एवं अन्नाणोघं भवकारणतिकाऊण तं तरति, अचरित्तोघं संवरणावारूढो तरिअ।

८८. समुद्र (समुद्दं)

चूर्णिकार ने तीन सौ तिरेसठ मिथ्यावादियों के समूह को समुद्र माना है। मिथ्यादर्शन अन्यान्य मिथ्यादर्शनों को उत्पन्न करता है। इसलिए यह समुद्र जैसा दुस्तीर्ण है।[1]

---

१. चूर्णि, पृष्ठ ४४७ . इच्चेतानि तिण्णि तिसट्ठाणि कुप्पावयणाणि य सताणि मिच्छादंसणसमुद्दं तरित्ता, मिच्छादंसणसमुद्दओहमिति जलं, मिच्छादंसणे हि तस्मिन् मिथ्यादर्शनसमुद्भवो भवतीति कारणे कार्यवदुपचारो।

सत्तमं अज्झयणं

णालंदइज्जं

सातवां अध्ययन

नालंदीय

आमुख

प्रस्तुत अध्ययन का नाम 'नालदीय' है। राजगृह नगर के उत्तर-पूर्व मे नालदा नाम का उपनगर था। वहा गणधर गौतम और पार्श्वापत्यीय श्रमण उदक के मध्य वार्तालाप हुआ था। नालदा मे होने के कारण इस अध्ययन का नामकरण 'नालदीय' रखा गया।[1]

सूत्रकृताग आगम मे स्वसमय और परसमय के विपय मे अनेक चर्चाए हैं। इसमे साधुओ के आचार और अनाचार के विपय मे ऊहापोह है। प्रस्तुत अध्ययन मे श्रावक-विधि, श्रावक-धर्म का प्रतिपादन है। इससे पूर्व के अध्ययन मे अन्य तीर्थिको के साथ हुए वाद-प्रतिवाद का सकलन था। प्रस्तुत अध्ययन मे अपनी ही परंपरा का ऊहापोह है।

नालदा के समीप मनोरथ नाम का उद्यान था।[2] एक वार गणधर गौतम अपने अनेक शिष्यो के साथ वहा ठहरे हुए थे। उस समय तीर्थंकर पार्श्व की परपरा मे दीक्षित श्रमण उदक कुछ जिज्ञासा का समाधान लेने वहा आया। वह पेढाल का पुत्र और मेदार्य गोत्र वाला था। उसने आकर गौतम से श्रावक के विपय का प्रश्न पूछते हुए कहा—आर्य गौतम! आपके श्रमण श्रावको को स्थूल प्राणातिपात आदि के विषय मे अणुव्रत दिलाते हैं। वे उस अणुव्रत को स्वीकार करते हैं। उनके द्वारा अन्य सूक्ष्म या वादर प्राणियो का उपघात होता है। उस हिंसा का अनुमतिजनित कर्मवध साधु को क्यो नही होता? स्थूल प्राणातिपात अणुव्रत स्वीकार करनेवाले वे श्रावक पर्यायान्तरगत (स्थूल जीव सूक्ष्म जीवो की योनि मे उत्पन्न हो जाते है।) जीवो के वध से व्रतभगजनित कर्मवन्ध से क्यो नही वधते? जैसे कोई व्यक्ति यह अणुव्रत ग्रहण करता है कि मैं अमुक नागरिको का वध नही करूगा और यदि वह नागरिक अन्यत्र चला जाता है और अन्य नगरी का नागरिक वन जाता है, तो क्या उसका वध करने से व्रतभग नही होता?' तव गौतम ने उदक को 'गृहपति-चोरग्रहण-विमोक्षण' का उदाहरण दिया और श्रावक विपयक प्रश्न से उसकी तुलना की। उस उदाहरण का सक्षेप इस प्रकार है—

राजा ने एक वणिक् के छहो पुत्रो को आज्ञाभग के अपराध मे मृत्युदड दे दिया। पिता ने राजा से कहा—'मेरी सारी संपत्ति लेकर आप मेरे छहो पुत्रो को मुक्त कर दें।' राजा ने प्रार्थना स्वीकार नही की। तब वह वणिक् हताश होकर पाच, चार, तीन, दो पुत्रो की मुक्ति के लिए प्रार्थना करता रहा। राजा ने नही माना। अन्त मे उसने कहा—'कुल-परपरा के सर्वक्षय को रोकने के लिए एक पुत्र को जीवनदान दे।' राजा ने ज्येष्ठ पुत्र को जीवनदान देकर मुक्त कर दिया।[3]

साधु श्रावक को अखिल प्राणातिपात विरति करने का उपदेश देते है, जैसे वणिक् ने छहो पुत्रो की मुक्ति के लिए राजा से प्रार्थना की थी। जव श्रावक सर्वप्राणातिपातविरति करने मे अपने आपको असमर्थ पाता है तव उसे उसकी शक्ति के अनुरूप व्रत-ग्रहण कराया जाता है। जव राजा ने छह, पाच, चार, तीन, दो पुत्रो को मुक्त करने की वात नही मानी, तव उसे कम से कम एक पुत्र को मुक्त करने के लिए कहा। जैसे उस वणिक् के मन मे मृत्युदड को पाने वाले शेप पाच पुत्रो के वध की तनिक भी अनुमति नही थी, वैसे ही यथाशक्ति व्रत-ग्रहण करने पर शेप प्राणिवध की अनुमति साधु की कैसे हो सकती है? इससे यह अनुमतिजन्य पाप कर्म-वन्ध की वात व्यर्थ हो जाती है।[4]

पार्श्वापत्यीय उदक पेढालपुत्र ने गौतमस्वामी के समक्ष कुछ प्रश्न और रखे। गौतमस्वामी ने उनका उत्तर दिया। उसका सार-सक्षेप इस प्रकार है—

प्रश्न १. गौतम! निर्ग्रन्थ प्रवचन के श्रमण उपसपदा के लिए उपस्थित गृहस्थ को यह प्रत्याख्यान कराते है कि अभियोगो (वलप्रयोगो) को छोडकर त्रस प्राणियो की हिंसा करने का त्याग है। इस प्रकार प्रत्याख्यान कराने वाले और प्रत्याख्यान करने वाले—दोनो के दुष्प्रत्याख्यान होता है। वे अपनी-अपनी प्रतिज्ञा का भग करते हैं।

इसका कारण यह है—अपने-अपने कर्मो के अनुसार त्रस प्राणी स्थावर वन जाते हैं और स्थावर प्राणी त्रस

---

१ (क) चूर्णि पृष्ठ, ४४६ : णालंदाया भवं णालंदइज्ज।
(ख) वृत्ति पत्र, १६० नालन्दायां भव नालन्दीय नालन्दासमीपोद्यानकथनेन वा निर्वृत्तं नालन्दीयम्।
२ वृत्ति पत्र, १६० नालन्दाया. समीपे मनोरथाख्ये उद्याने।
३. वृत्ति पत्र, १६९।
४. वृत्ति पत्र, १७०।

योनि मे उत्पन्न हो जाते है। जिसने त्रस प्राणियो के वध का प्रत्याख्यान किया है, क्या वह स्थावरकाय की हिंसा करता हुआ, उस स्थावरकाय मे उत्पन्न त्रस की हिंसा नही करता ? क्या यह व्रतभंग नही है ? सुप्रत्याख्यान की भाषा यह होनी चाहिए—मैं त्रसभूत प्राणी की हिंसा नही करूंगा।

उत्तर—'उदक ! यह भाषा यथार्थ नही है, अनुताप करनेवाली है। जैसे कोई व्यक्ति यह प्रतिज्ञा करता है कि मैं ब्राह्मण का वध नही करूंगा। वह किसी वर्णान्तर मे चला जाता है या मरकर तिर्यञ्च मे उत्पन्न हो जाता है, तो क्या उस वर्णान्तर या तिर्यञ्च के वध से उसका वध होना माना जाएगा ? क्योंकि प्रतिज्ञा करते समय उसने 'ब्राह्मणभूत' नही कहा था। कोई प्रतिज्ञा करता है—'मैं सिंह को नही मारूंगा', तो क्या वह अन्य प्राणियो की हिंसा करता हुआ 'सिंह' की हिंसा करता है, क्योंकि सिंह मरकर अन्य योनियो मे उत्पन्न हो चुका है। इसलिए तुम्हारा कथन यथार्थ नही है। त्रसकाय से मुक्त जीव स्थावरकाय मे और स्थावरकाय से मुक्त जीव त्रसकाय मे उत्पन्न होते हैं। त्रसकाय मे उत्पन्न उन स्थावर जीवों का यह स्थान (त्रसकाय) अघात्य है, क्योंकि उस व्यक्ति ने स्थूल प्राणातिपात की निवृत्ति की है। उस निवृत्ति से त्रसस्थान अघात्य है और स्थावरस्थान घात्य है, क्योंकि स्थावर की हिंसा से वह निवृत्त नही है। इस अभिप्राय से कोई भी व्यक्ति व्रत का पालन नही कर सकता।

दूसरी बात है कि यह 'भूत' शब्द व्यामोह उत्पन्न करता है। 'भूत' शब्द उपमा के अर्थ मे तथा सादृश्य के अर्थ मे भी प्रयुक्त होता है। यदि सादृश्य अर्थ मे है तब तो त्रसभूत कहो या त्रस—दोनो एकार्थक है।

प्रश्न २ 'गौतम ! तुम त्रस प्राणियो को ही त्रस कहते हो या अन्य प्राणियो को त्रस कहते हो ?'

उत्तर—'उदक ! जिन्हे तुम त्रसभूत कहते हो, उन्ही को हम त्रस कहते हैं। वर्तमान मे जो त्रस प्राणी का आयुष्य भोग रहे हैं वे ही त्रस हैं।'

प्रश्न ३ 'गौतम ! मेरी यह स्थापना है कि ऐसा कोई भी पर्याय नही जिसमें श्रमणोपासक के एक प्राणी की भी हिंसा का परित्याग हो सके। क्योंकि त्रसकाय के सभी जीव स्थावरकाय मे और स्थावरकाय के सभी जीव त्रसकाय में उत्पन्न हो सकते हैं।'

उत्तर—'उदक ! यह तुम्हारी मान्यता यथार्थ नही है। हम ऐसा नही मानते। यह न कभी हुआ, न है और न होगा कि सभी स्थावर त्रस हो जाए या सभी त्रस स्थावर हो जाए ! क्योंकि स्थावर अनन्त हैं और त्रस असंख्य हैं। एक तथ्य यह भी है कि सब त्रस भी स्थावर न हुए है, न हैं और न होंगे। यह सही है कि काल की अपेक्षा से त्रस स्थावर मे उत्पन्न होंगे पर दूसरे अनेक प्राणी त्रस मे आकर उत्पन्न होते रहेंगे। अत. त्रसशून्य संसार की कल्पना नही हो सकती।'

'तुम्हारी मान्यता से ही तुम्हारे पक्ष का खडन हो जाता है—यदि मान लें कि सभी स्थावर त्रस रूप मे उत्पन्न हो जाते हैं तब श्रमणोपासक का प्रत्याख्यान सर्व प्राणी विषयक होगा। किन्तु ऐसे भी त्रस बहुत हैं, जिनकी घात मनुष्य कर ही नही सकता। जैसे—देव, नारकीय जीव, वैक्रियलब्धि से कृत वैक्रिय शरीर, तथा तेतीस सागर की आयुष्य वाले जीव, ये बहुत हैं। इनकी दृष्टि से श्रमणोपासक के सुप्रत्याख्यान होगा। तुम्हारी मान्यता के अनुसार यह तथ्य स्वय फलित होता है।'

प्रश्न ४ 'गौतम ! कोई श्रमणोपासक त्रस जीवो को मारने का प्रत्याख्यान करता है। वे त्रस जीव स्थावरकाय मे उत्पन्न हो जाते हैं तो क्या उस स्थावरकाय की हिंसा करते हुए उस श्रमणोपासक का व्रतभग नही होता ?'

उत्तर—उदक ! इस तथ्य को समझाने के लिए ये तीन दृष्टान्त पर्याप्त है—

१. कोई व्यक्ति मुनि की हत्या न करने का व्रत लेता है—'मैं यावज्जीवन मुनि की हत्या नही करूंगा।' कोई मुनि पाच-दस वर्ष तक श्रामण्य का पालन कर पुन गृहवास मे लौट आता है, वह गृहस्थ बन जाता है। जिसने मुनि-हत्या न करने का व्रत लिया, उसके श्रमण अवस्था से लौटकर पुनः घर आए पुरुष का वध करने पर प्रत्याख्यान का भग नही होता।

२ कोई गृहस्थ विरक्त होकर प्रव्रज्या ग्रहण करता है। अनेक वर्षों तक श्रामण्य का पालन करता है। फिर किसी कारणवश वह पुन' गृहवास मे आ जाता है। पहले वह गृहस्थ था, तब हिंसा का परित्याग नही था। जब मुनि बना तब हिंसा का परित्याग कर दिया। अब पुन. गृहस्थ बन गया। उसके अब हिंसा का परित्याग नही है। इस प्रकार उसकी तीनो अवस्थाओ मे प्रत्याख्यान के तीन प्रकार हो गए।

३ कोई परिव्राजक निर्ग्रन्थ प्रवचन मे अनुरक्त होकर श्रमण वनता है । वह कुछ वर्प निर्ग्रन्थो के साथ रहता है, फिर पुन परिव्राजक वन जाता है । यह वही व्यक्ति है जिसके साथ श्रमण अवस्था मे भोजन आदि का सम्वन्ध था । यह वही व्यक्ति है जिसके साथ अव अश्रमण अवस्था मे भोजन आदि का सम्वन्ध नही है । वह पहले अश्रमण था, बाद मे श्रमण हुआ और फिर अश्रमण है । श्रमण निर्ग्रन्थ अश्रमण के साथ भोजन आदि का सम्वन्ध नही रखते ।

इसी प्रकार त्रस-स्थावर जीवो का पर्यायान्तर होता है । पहले दृप्टान्त मे हन्तव्य विपयभूत यति और गृहस्थ का पर्याय-भेद प्रदर्शित है । दूसरे दृप्टान्त मे प्रत्याख्यान करनेवाले के आधार पर पर्याय-भेद प्रदर्शित हे । तीसरे मे सम्वन्ध-असम्बन्ध के आधार पर पर्याय-भेद दिखाया है । इन तीनो से देशविरति की निर्दोपता प्रस्थापित होती है ।'[१]

इस प्रकार गौतम स्वामी ने उदक पेढालपुत्र को श्रमणोपासक के प्रत्याख्यान के विपय का (सूत्र २०-२८) प्रतिपादन किया और फिर प्रत्याख्यान नौ विकल्पो से होता है, यह उनतीसवे सूत्र मे विस्तार से समझाया ।

गणधर गौतम और पार्श्व की परपरा के श्रमण उदक की यह चर्चा लम्वे समय तक चली । उदक का मन समाहित हुआ, पर वह चर्चा समाप्त होते ही, बिना कृतज्ञता ज्ञापित किए, उठकर जाने लगा । तब गौतम वोले—'उदक ! विना कुछ कहे ही चले जा रहे हो ?' उदक ने मुडकर कहा—'गौतम ! मैं समझ नही सका, तुम क्या कहना चाहते हो ? तब गौतम ने कहा—'उदक ! लौकिक परपरा मे भी व्यक्ति अपने शिक्षागुरु के प्रति नत होता है, उनका विनय करता है, उनकी गुणगाथा करता है और यह मानता है कि इन्ही से मुझे परमार्थ का यह रहस्य प्राप्त हुआ है । यह सच है कि पूजनीय व्यक्ति अपनी पूजा-प्रतिप्ठा नही चाहता, कुछ भी नही चाहता, पर व्यक्ति का कर्त्तव्य हो जाता है कि वह अपनी शक्ति के अनुसार उसके उपकार को वहुमान दे । तुमने इस चर्चा से यथार्थ को जाना है । कृतज्ञता ज्ञापित किए विना यो ही चले जा रहे हो, क्या यह उचित है ?

उदक को अपने प्रमाद की जानकारी हुई । वह बोला—'गौतम ! तुम्हारे से मैंने परमार्थ का अवबोध प्राप्त किया है । अज्ञात और अश्रुत होने के कारण मेरी जानकारी यथार्थ नही थी । अब मैं उस तत्त्व के प्रति श्रद्धा करता हू और चाहता हू कि चातुर्याम धर्म से पचयाम धर्म को स्वीकार करू—पार्श्व की परपरा से अभिनिष्क्रमण कर महावीर की परम्परा मे सम्मिलित हो जाऊ, अप्रतिक्रमण धर्म से सप्रतिक्रमण धर्म मे आ जाऊ ।'

गौतम उदक को साथ ले भगवान् महावीर के पास आए । उदक ने भगवान् को वदना की और पचयाम धर्म मे प्रव्रजित होने की इच्छा व्यक्त की । भगवान् महावीर ने उसे प्रतिक्रमणयुक्त पाच महाव्रतो की दीक्षा दे अपने श्रमण-सघ मे सम्मिलित कर लिया ।[२]

---

१. वृत्ति पत्र, १७३-१७७ ।

२. प्रस्तुत अध्ययन सूत्र ३२-३८ ।

सत्तमं अज्झयणं : सातवां अध्ययन

णालंदइज्जं : नालंदीय

मूल	संस्कृत छाया	हिन्दी अनुवाद
१. तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे णाम णयरे होत्था—रिद्धत्थिमियसमिद्धे जाव पडिरूवे ॥	तस्मिन् काले तस्मिन् समये राजगृहं नाम नगर आसीत्—ऋद्धस्तिमितसमृद्ध यावत् प्रतिरूपम् ।	१ उम काल उस समय मे राजगृह नामका नगर था—ऐश्वर्यशाली, शान्त और समृद्ध यावत् असाधारण ।
२. तस्स णं रायगिहस्स णयरस्स बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए, एत्थ णं णालंदा णामं बाहिरिया होत्था अणेगभवणसयसण्णिविट्ठा पासादीया दरिसणीया अभिरूवा पडिरूवा ॥	तस्य राजगृहस्य नगरस्य बहि उत्तरपौरस्त्ये दिग्भागे, अत्र नालन्दा नाम वाहिरिका आसीत्—अनेकभवनशतसन्निविष्टा प्रासादिका दर्शनीया अभिरूपा प्रतिरूपा ।	२ उस राजगृह नगर के वाहर ईशानकोण मे नालंदा नामकी वाहिरिका (उपनगर) थी। उसमे अनेक सैकडो भवन निर्मित थे। वह मन को आल्हादित करने वाली, दर्शनीय, सुन्दर और असाधारण थी।
३. तत्थ णं णालंदाए बाहिरियाए लेवे णामं गाहावई होत्था—अड्ढे दित्ते वित्ते विच्छिण्ण-विपुल-भवण-सयणासण-जाणवाहणाइण्णे बहुधण-बहुजायरूवरजए आओग-पओग-संपउत्ते विच्छड्डिय-पउर-भत्तपाणे बहुदासी-दास-गो-महिस-गवेलगप्पभूए बहुजणस्स अपरिभूए यावि होत्था ॥	तत्र नालन्दाया वाहिरिकाया लेपो नाम गृहपति आसीत्—आढ्य. दीप्त वित्त विस्तीर्णविपुलभवन-शयनासनयानवाहनाकीर्ण वहुधन-वहुजातरूपरजत आयोग-प्रयोगसप्रयुक्त विच्छर्दितप्रचुर-भक्तपान वहुदासीदासगोमहिप-गवेलकप्रभूत वहुजनस्य अपरिभूत चापि आसीत् ।	३ उस नालन्दा नामकी वाहिरिका मे लेप नामका गृहपति[1] था। वह आढ्य, प्रसन्न और प्रसिद्ध[2] था। वह विस्तीर्ण और विपुल भवन, शयन, आसन, यान और वाहन से आकीर्ण[3], वहुत धन और वहुत सोने-चादी वाला था। वह अर्थ के आयोग-प्रयोग (लेनदेन) मे[4] सप्रयुक्त और भक्तपान का प्रचुरमात्रा मे वितरण करने वाला था। वह अनेक दासी, दास, गाय, भैस और भेडो वाला तथा वहुत जनो के द्वारा अपराजेय था।
४. से णं लेवे णामं गाहावई समणोवासए यावि होत्था—अभिगय जीवाजीवे उवलद्धपुण्णपावे आसव-संवर-वेयण-णिज्जर-किरिय-अहिगरण-बंध-मोक्ख-कुसले असहेज्जे देवासुर - णाग - सुवण्ण - जक्ख-रक्खस - किण्णर- किंपुरिस-गरुल-गंधव्व-महोरगाईर्एहि देवगणेहिं णिग्गंथाओ पावयणाओ अणतिक्कमणिज्जे, इणमो णिग्गंथिए पावयणे णिस्संकिए णिक्कंखिए	स लेपो नाम गृहपति श्रमणोपासकश्चापि आसीत्—अभिगत-जीवाजीव उपलब्धपुण्यपाप. आस्रव - सवर - वेदना - निर्जरा-क्रिया-अधिकरण - वन्ध - मोक्ष-कुशल असहाय्य देवासुर-नाग-सुपर्ण-यक्ष-राक्षस-किन्नर-किंपुरुष-गरुड-गन्धर्व-महोरगादिकै देवगणै नैर्ग्रन्थात् प्रवचनात् अनतिक्रमणीय, अस्मिन् नैर्ग्रन्थिके प्रवचने नि शकित नि काक्षित	४ वह लेप गृहपति श्रमणोपासक भी था। वह जीव-अजीव को जानने वाला, पुण्य-पाप के मर्म को समझने वाला, आस्रव सवर-वेदना-निर्जरा-क्रिया-अधिकरण-वध और मोक्ष के विपय मे कुशल, सत्य के प्रति स्वय निश्चल, देव-असुर-नाग-सुपर्ण-यक्ष-राक्षस-किन्नर-किंपुरुष-गरुड-गन्धर्व-महोरग आदि देवगणो के द्वारा निर्ग्रन्थ प्रवचन से अविचलनीय, इस निर्ग्रन्थ प्रवचन मे शका रहित, काक्षा रहित, विचिकित्सा रहित, यथार्थ को सुननेवाला, ग्रहण करने वाला, उस विपय मे प्रश्न करने

णिव्वितिगिच्छे लद्धट्ठे गहियट्ठे पुच्छियट्ठे विणिच्छियट्ठे अभिगयट्ठे अट्ठिमिजपेम्माणुराग-रत्ते अयमाउसो ! णिग्गंथे पावयणे अट्ठे अयं परमट्ठे सेसे अणट्ठे ऊसियफलिहे अवंगुय-दुवारे चियत्तंनेउर-परगरदारप्प-वेसे चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठपुण्णमासिणीसु पडिपुण्णं पोसहं सम्मं अणुपाले-माणे समणे णिग्गंथे फासुएसणि-ज्जेणं असण-पाण-खाइम-साइमेणं वत्थ-पडिग्गह-कंबल - पायपुंछणेणं ओसहभेसज्जेणं पीढ-फलग-सेज्जासंथारएणं पडिलाभेमाणे बहूहिं सीलव्वय-गुण-वेरमण-पच्चक्खाण-पोसहोववासेहिं अहा-परिग्गहिएहिं तवोकम्मेहिं अप्पाणं भावेमाणे विहरइ ॥

निर्विचिकित्सः लब्धार्थः गृहीतार्थः पृष्टार्थः विनिश्चितार्थः अभिगतार्थः अस्थिमज्जा-प्रेमानुरागरक्तः इदं आयुष्मन् ! नैर्ग्रन्थं प्रवचनं अर्थः इदं परमार्थः शेषः अनर्थः. उच्छ्रितपरिघः अप्रावृतद्वारः त्यक्तान्तःपुरपरगृह-द्वारप्रवेशः चतुर्दश्यष्टम्युद्दिष्ट-पौर्णमासीषु प्रतिपूर्णं पौषधं सम्यक् अनुपालयन् श्रमणान् निर्ग्रन्थान् प्रासुकैषणीयेन अशन-पान-खाद्य-स्वाद्येन वस्त्र-प्रतिग्रह-कंबल - पादप्रोञ्छनेन औषध-भैषज्येन पीठ - फलक - शय्या-संस्तारकेन प्रतिलाभयन् बहुभिः शीलव्रत-गुण-विरमण-प्रत्याख्यान-पौषधोपवासैः यथापरिगृहीतैः तपःकर्मभिः आत्मानं भावयन् विहरति ।

वाला, उसका विनिश्चय करने वाला, उसे जानने वाला, (निर्ग्रन्थ प्रवचन के) प्रेमानुराग से अनुरक्त अस्थि-मज्जा वाला, आयुष्मन् ! यह निर्ग्रन्थ प्रवचन यथार्थ है, यह परमार्थ है, शेष अनर्थ है, (ऐसा मानने वाला), आगल को ऊंचा और दरवाजे को खुला रखने वाला, अन्तःपुर और दूसरों के घर में बिना किसी रुकावट के प्रवेश करने वाला, चतुर्दशी-अष्टमी-अमावस्या और पूर्णिमा को प्रतिपूर्ण पौषध का सम्यक् अनुपालन करने वाला, श्रमण-निर्ग्रन्थों को प्रासुक और एषणीय अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य, वस्त्र, पात्र, कम्बल, पादप्रोंछन, औषध-भैषज्य, पीठ, फलक, शय्या और संस्तारक का दान देने वाला, बहुत शीलव्रत-गुण-विरमण-प्रत्याख्यान और पौषधोपवास के द्वारा तथा यथापरिगृहीत तपःकर्म के द्वारा आत्मा को भावित करता हुआ रहता था।

५. तस्स णं लेवस्स गाहावइस्स णालंदाए बाहिरियाए उत्तरपुर-त्थिमे दिसिभाए, एत्थ णं सेसदविया णाम उदगसाला होत्था —अणेगखंभसयसण्णिविट्ठा पासादीया दरिसणीया अभिरूवा पडिरूवा ॥

तस्य लेपस्य गृहपतेः नालन्दायां बाहिरिकायाः उत्तरपौरस्त्ये दिग्भागे अत्र शेषद्रव्या (शेप-द्रविका) नाम उदकशाला आसीत्—अनेक स्तम्भशतसन्नि-विष्टा प्रासादीया दर्शनीया अभि-रूपा प्रतिरूपा ।

५. उस लेप गृहपति के नालंदा बाहिरिका के ईशानकोण में 'शेषद्रव्या'[१] नामकी उदकशाला थी। वह अनेक सैकड़ों खंभों पर निर्मित, मन को आल्हादित करने वाली, दर्शनीय, सुंदर और असाधारण थी।

६. तीसे णं सेसदवियाए उदगसालाए उत्तरपुरत्थिमे दिसिभाए एत्थ णं हत्थिजामे णाम वणसंडे होत्था—किण्हे वण्णओ वणसंडस्स ॥

तस्याः शेषद्रव्यायाः उदक-शालायाः उत्तरपौरस्त्ये दिग्भागे, अत्र हस्तियामो नाम वनषण्ड आसीत्—कृष्णः वर्णकः वन-षण्डस्य ।

६. उस 'शेषद्रव्या' उदकशाला के ईशानकोण में 'हस्तियाम' नामका वनषण्ड[२] था। वह कृष्ण और कृष्ण आभावाला था। वनषण्ड का पूरा वर्णन यहां वक्तव्य है।

७. तंसि च णं गिहपदेसंसि भगवं गोयमे विहरइ, भगवं च णं अहे आरामंसि ॥

तस्मिन् च गृहप्रदेशे भगवान् गौतमो विहरति, भगवान् च अध आरामे ।

७. उस 'शेषद्रव्या' उदकशाला के किसी एक गृह-प्रदेश में भगवान् गौतम विहार कर रहे थे। भगवान् महावीर उस वनषण्ड के आरामगृह में विहार कर रहे थे।[३]

८. अहे णं उदए पेढालपुत्ते भगवं पासावच्चिज्जे णियंठे मेदज्जे गोत्तेणं जेणेव भगवं गोयमे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता भगवं

अथ उदकः पेढालपुत्रः भगवान् पार्श्वापत्यीयः निर्ग्रन्थः मेतार्यः गोत्रेण यत्रैव भगवान् गौतमः तत्रैव उपागच्छति, उपागत्य

८. मेतार्यगोत्री, पार्श्वापत्यीय[४] भगवान् निर्ग्रन्थ पेढालपुत्र उदक[५] जहां भगवान् गौतम थे वहां

गोयमं एवं वयासी—आउसंतो ! गोयमा ! अत्थि खलु मे केइ पदेसे पुच्छियव्वे, तं च मे आउसो ! अहासुय अहादरिसियमेव वियागरेहि ॥

भगवन्त गौतम एव अवादीत्—आयुष्मन् ! गौतम ! अस्ति खलु मे कश्चित् प्रदेश प्रष्टव्य त च मे आयुष्मन् ! यथाश्रुत यथादर्शित एव व्यागृणीहि ।

आए, आकर इस प्रकार बोले—आयुष्मन् ! गौतम ! मुझे कुछ प्रश्न[१०] पूछने हैं। आयुष्मन् ! आपने जैसा सुना है, जैसा भगवान् ने आपको दर्शन दिया है, वैसा मुझे उत्तर दें।

९. सवायं भगवं गोयमे उदयं पेढालपुत्तं एवं वयासी—अवियाइ आउसो ! सोच्चा णिसम्म जाणिस्सामो ॥

सवाद भगवान् गौतम उदक पेढालपुत्र एव अवादीत्—अपि च आयुष्मन् ! श्रुत्वा निशम्य ज्ञास्याम ।

९ वाद के स्वर मे[११] भगवान् गौतम ने पेढालपुत्र उदक से इस प्रकार कहा—आयुष्मन् ! (आपके प्रश्नो को) सुनकर[१२], अवधारण कर जानेंगे।

१०. सवायं उदए पेढालपुत्ते भगवं गोयमं एवं वयासी—आउसंतो ! गोयमा ! अत्थि खलु कम्मारपुत्तिया णाम समणा णिग्गंथा तुम्हागं पवयणं पवयमाणा गाहावइं समणोवासगं उवसंपण्णं एवं पच्चक्खावेंति—णण्णत्थ अभिजोगेणं, गाहावइ-चोरग्गहण-विमोक्खणयाए तसेहिं पाणेहिं णिहाय दंडं ।

सवाद उदक पेढालपुत्र भगवन्त गौतम एव अवादीत्—आयुष्मन् ! गौतम ! सन्ति खलु कम्मारपुत्रिका नाम श्रमणा निर्ग्रन्था. युष्माक प्रवचन प्रवदन्त गृहपति श्रमणोपासक उपसपन्न एव प्रत्याख्यापयन्ति—नान्यत्र अभियोगेन, गृहपति-चोरग्रहण-विमोक्षणतया त्रसेषु प्राणेषु निहाय[१] दण्डम् ।

१० वाद के स्वर मे पेढालपुत्र उदक ने भगवान् गौतम से इस प्रकार कहा—आयुष्मन् ! गौतम ! कम्मारपुत्रिक[१३] नामके श्रमण-निर्ग्रन्थ हैं। वे तुम्हारे प्रवचन का निरूपण करते हुए, उपसपदा के लिए आए हुए गृहपति श्रमणोपासक को इस प्रकार प्रत्याख्यान कराते है—अभियोग[१४] को छोडकर गृहपति के चोर को पकड़ने और छोडने के न्याय से[१५] त्रस प्राणियो की हिंसा करने का प्रत्याख्यान है।[१६]

एवं ण्हं पच्चक्खंताणं दुप्पच्चक्खायं भवइ। एवं ण्हं पच्चक्खावेमाणाणं दुप्पच्चक्खावियं भवइ। एवं ते परं पच्चक्खावेमाणा अइयरंति सयं पइण्णं ।

एव प्रत्याख्यायता दुष्प्रत्याख्यात भवति। एव प्रत्याख्यापयता दुष्प्रत्याख्यापित भवति। एव ते पर प्रत्याख्यापयन्त अतिचरन्ति स्वका प्रतिज्ञाम् ।

इस प्रकार प्रत्याख्यान करने वालो के दुष्प्रत्याख्यान होता है। इस प्रकार जो प्रत्याख्यान कराते है उनका यह दुष्प्रत्याख्यान कराना होता हे। इस प्रकार वे प्रत्याख्यान कराने वाले अपनी प्रतिज्ञा का उल्लघन करते है।

कस्स णं तं हेउं ।

कस्य तद् हेतो ?

इसका कारण क्या है ?

संसारिया खलु पाणा—थावरा वि पाणा तसत्ताए पच्चायंति। तसा वि पाणा थावरत्ताए पच्चायंति। थावरकायाओ विप्पमुच्चमाणा तसकायंसि उववज्जति। तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा थावरकायंसि उववज्जंति। तेसिं च णं थावरकायंसि उववण्णाणं ठाणमेयं घत्तं ।

सासारिका खलु प्राणा—स्थावरा अपि प्राणा. त्रसतया प्रत्यायान्ति। त्रसा अपि प्राणा स्थावरतया प्रत्यायान्ति। स्थावरकायात् विप्रमुच्यमाना त्रसकाये उपपद्यन्ते। त्रसकायात् विप्रमुच्यमाना स्थावरकाये उपपद्यन्ते। तेषा च स्थावरकाये उपपन्नाना स्थानमेतद् घात्यम् ।

प्राणी सासारिक ससरणशील होते है—स्थावर-प्राणी भी त्रसरूप मे उत्पन्न होत हे। त्रसप्राणी भी स्थावररूप मे उत्पन्न हात हे। स्थावरकाय से मुक्त होते हुए जीव त्रसकाय मे उत्पन्न होते हैं। त्रसकाय से मुक्त होते हुए जीव स्थावरकाय मे उत्पन्न होते हैं। स्थावरकाय मे उत्पन्न उन त्रसजीवो का यह स्थान (स्थावरकाय) घात्य है—इसमे घात करना सभव हो जाता हे।

एवं ण्हं पच्चक्खताणं सुपच्चक्खायं भवइ।

एव प्रत्याख्यायता सुप्रत्याख्यात भवति।

इस प्रकार (निम्न निर्दिष्ट प्रकार से) प्रत्याख्यान करने वालो के सुप्रत्याख्यान होता है।

१. निधाय (?)

एवं ण्हं पच्चक्खावेमाणाणं सुपच्चक्खावियं भवइ।

एवं प्रत्याख्यापयतां सुप्रत्याख्यापितं भवति।

इस प्रकार प्रत्याख्यान कराने वालों के सुप्रत्याख्यान कराना होता है।

एवं ते परं पच्चक्खावेमाणा णाइयरंति सयं पइण्णं—णण्णत्थ अभिजोगेणं, गाहावइ-चोरग्गहण-विमोक्खणयाए तसभूएहिं पाणेहिं णिहाय दंडं। एवं सइ भासाए परिकम्मे विज्जमाणे जे ते कोहा वा लोहा वा परं पच्चक्खावेंति। अयं पि णो उवएसे किं णो णेयाउए भवइ? अवियाइं आउसो! गोयमा! तुब्भं पि एयं एवं रोयइ?

एवं ते परं प्रत्याख्यापयन्त: नातिचरन्ति स्वका प्रतिज्ञाम्—नान्यत्र अभियोगेन, गृहपति-चोरग्रहण-विमोक्षणतया त्रसभूतेषु प्राणेषु निहाय दण्डम्। एवं सति भाषाया: परिकर्मे विद्यमाने ये एते क्रोधाद् वा लोभाद् वा परं प्रत्याख्यापयन्ति। अयमपि न: उपदेश: किं नो नैर्यात्रिको भवति? अपि च आयुष्मन्! गौतम! तुभ्यमपि एतद् एवं रोचते?

इस प्रकार दूसरे को प्रत्याख्यान कराने वाले अपनी प्रतिज्ञा का उल्लंघन नहीं करते—अभियोग को छोड़कर 'गृहपति के चोर को पकड़ने और छोड़ने' के न्याय से त्रसभूत प्राणियों की हिंसा का प्रत्याख्यान है। इस प्रकार भाषा का परिकर्म होने पर जो वे क्रोध से अथवा लोभ से दूसरों को इस प्रकार प्रत्याख्यान कराते हैं (वे सम्यग् प्रत्याख्यान नहीं कराते)। यह हमारा उपदेश भी क्या नैर्यातृक (निर्वाह-योग्य) नहीं होता? और आयुष्मन्! गौतम! क्या यह कथन आपको भी इस प्रकार रुचिकर लगता है?

११. सवायं भगवं गोयमे उदयं पेढालपुत्तं एवं वयासी—आउसंतो! उदगा! णो खलु अम्हं एयं एवं रोयइ। जेते समणा वा माहणा वा एवमाइक्खंति, एवं भासेंति, एवं पण्णवेंति, एवं परूवेंति णो खलु ते समणा वा णिग्गंथा वा भासं भासंति, अणुतावियं खलु ते भासं भासंति, अब्भाइक्खंति खलु ते समणे समणोवासए वा। जेहिं वि अण्णेहिं पाणेहिं भूएहिं जीवेहिं सत्तेहिं संजमयंति ताणि वि ते अब्भाइक्खंति।

सवादं भगवान् गौतम: उदकं पेढालपुत्रं एवं अवादीत्—आयुष्मन्! उदक! नो खलु अस्मभ्यं एतद् एवं रोचते। ये एते श्रमणा: वा ब्राह्मणा: वा एवं आचक्षते, एवं भाषन्ते, एवं प्रज्ञापयन्ति, एवं प्ररूपयन्ति नो खलु ते श्रमणा: वा निर्ग्रन्था: वा भाषां भाषन्ते, अनुतापितां खलु ते भाषा भाषन्ते, अभ्याचक्षते खलु ते श्रमणान् श्रमणोपासकान् वा। येष्वपि अन्येषु प्राणेषु भूतेषु जीवेषु सत्त्वेषु संयच्छन्ति तान्यपि ते अभ्याचक्षते।

११. वाद के स्वर में भगवान् गौतम ने पेढालपुत्र उदक को इस प्रकार कहा—आयुष्मन्! उदक! हमें यह वचन इस प्रकार रुचिकर नहीं लगता। जो ये श्रमण अथवा माहण (निर्ग्रन्थ) इस प्रकार आख्यान करते हैं, इस प्रकार भाषण करते हैं, इस प्रकार प्रज्ञापन करते हैं, इस प्रकार प्ररूपण करते हैं, वे श्रमण अथवा निर्ग्रन्थ (यथार्थ) भाषा का भाषण नहीं करते, वे अनुताप करने वाली भाषा बोलते हैं। वे श्रमणों और श्रमणोपासकों का अभ्याख्यान करते हैं। जिन प्राण, भूत, जीव और सत्त्वों के प्रति संयम करते हैं, उनका भी वे अभ्याख्यान करते हैं।

कस्स णं तं हेउं?

कस्य तद् हेतो:?

इसका क्या कारण है?

संसारिया खलु पाणा—तसा वि पाणा थावरत्ताए पच्चायंति। थावरा वि पाणा तसत्ताए पच्चायंति। तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा थावरकायंसि उववज्जंति। थावरकायाओ विप्पमुच्चमाणा तसकायंसि उववज्जंति। तेसिं च णं तसकायंसि उववण्णाणं ठाणमेयं अघत्तं॥

सांसारिका: खलु प्राणा:—त्रसा अपि प्राणा: स्थावरतया प्रत्यायान्ति। स्थावरा: अपि प्राणा त्रसतया प्रत्यायान्ति। त्रसकायाद् विप्रमुच्यमाना: स्थावरकाये उपपद्यन्ते। स्थावरकायाद् विप्रमुच्यमाना: त्रसकाये उपपद्यन्ते। तेषां च त्रसकाये उपपन्नाना स्थानमेतद् अघात्यम्।

प्राणी सांसारिक हैं—त्रसप्राणी भी स्थावररूप में उत्पन्न होते हैं। स्थावर प्राणी भी त्रसरूप में उत्पन्न होते हैं। त्रसकाय से मुक्त होते हुए जीव स्थावरकाय में उत्पन्न होते हैं। स्थावरकाय से मुक्त होते हुए जीव त्रसकाय में उत्पन्न होते हैं। त्रसकाय में उत्पन्न उन स्थावर जीवों का यह स्थान (त्रसकाय) अघात्य है—इसमें घात करना संभव नहीं होता।

१२. सवायं उदए पेढालपुत्ते भगवं गोयमं एवं वयासी—कयरे खलु आउसंतो ! गोयमा ! तुब्भे वयह तसपाणा तसा आउ अण्णहा ?

सवाद उदक पेढालपुत्र भगवन्त गौतमं एवं अवादीत्—कतरान् खलु आयुष्मन् ! गौतम ! यूय वदथ त्रसप्राणा त्रसा उत अन्यथा ?

वाद के स्वर मे पेढालपुत्र उदक ने भगवान् गौतम से इस प्रकार कहा—आयुष्मन् ! गौतम ! तुम किन्हे त्रस कहते हो ? त्रस प्राणियो को ही त्रस कहते हो अथवा दूसरे प्राणियो को त्रस कहते हो ?

१३. सवायं भगवं गोयमे उदयं पेढालपुत्तं एवं वयासी—आउसंतो ! उदगा ! जे तुब्भे वयह तसभूया पाणा तसा ते वयं वदामो तसा पाणा तसा । जे वयं वयामो तसा पाणा तसा ते तुब्भे वदह तसभूया पाणा तसा । एए संति दुवे ठाणा तुल्ला एगट्ठा ।

सवाद भगवान् गौतम उदक पेढालपुत्र एवं अवादीत्—आयुष्मन् ! उदक ! यान् यूयं वदथ त्रसभूता प्राणा त्रसा यान् वय वदाम त्रसा प्राणा त्रसा । यान् वयं वदाम त्रसा प्राणा. त्रसा तान् यूयं वदथ त्रसभूता प्राणा. त्रसा । एते स्त द्वे स्थाने तुल्ये एकार्थे ।

१३ वाद के स्वर मे भगवान् गौतम ने पेढालपुत्र उदक से इस प्रकार कहा—आयुष्मन् ! उदक ! जिन त्रसभूत प्राणियो को तुम त्रस[१७] कहते हो, उन्ही त्रस प्राणियो को हम त्रस कहते हैं। हम जिन त्रस प्राणियो को त्रस कहते है, उन्ही त्रसभूत प्राणियो को तुम त्रस कहते हो। ये दोनो स्थान (कथन) तुल्य हैं, एकार्थक है ।

किमाउसो ! इमे भे सुप्पणीयतराए भवइ—तसभूया पाणा तसा ? इमे भे दुप्पणीयतराए भवइ—तसा पाणा तसा ? तओ एगमाउसो ! पलिकोसह, एक्कं अभिणंदह । अयं पि भे उवएसे णो णेयाउए भवइ ।

किमायुष्मन् ! इद भवता सुप्रणीततरक भवति—त्रसभूता प्राणा त्रसा ? इद भवता दुष्प्रणीततरक भवति—त्रसा प्राणा त्रसा ? तत एक आयुष्मन् ! परिक्रोशथ, एक अभिनन्दथ । अयमपि भवता उपदेशो नो नैर्यातृको भवति ।

आयुष्मन् ! त्रसभूत प्राणी त्रस है—यह कथन तुम्हे क्यो अच्छा लगता है ? त्रस प्राणी त्रस है—यह कथन तुम्हे क्यो बुरा लगता है ? आयुष्मन् ! (तुम्हे एक स्थान अच्छा लगता है और एक बुरा) इसीलिए तुम एक की निन्दा करते हो और एक का अभिनन्दन करते हो । यह तुम्हारा (त्रसभूत प्राणी को त्रस कहने का) उपदेश भी नैर्यातृक (निर्वाहियोग्य) नही है ।

भगवं च णं उदाहु—संतेगइया मणुस्सा भवंति, तेसिं च णं एवं वुत्तपुव्वं भवइ—णो खलु वयं संचाएमो मुंडा भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइत्तए । वयं णं अणुपुव्वेणं गोत्तस्स लिस्सिस्सामो । ते एवं संखसावेंति—णण्णत्थ अभिजोगेणं गाहावइ-चोरग्गहण-विमोक्खणयाए तसेंहि पाणेंहि णिहाय दंडं । तं पि तेसिं कुसलमेव भवइ ।।

भगवाश्च उदाहु—सन्त्येकके मनुष्या भवन्ति, तेषा च एव उक्तपूर्व भवति—नो खलु वयं सशक्नुम मुण्डा भूत्वा अगाराद् अनगारता प्रव्रजितुम् । वय अनुपूर्वेण गोत्रस्य श्लेपयिष्याम । ते एव सख्या श्रावयन्ति—नान्यत्र अभियोगेन गृहपति-चोरग्रहण-विमोक्षणतया त्रसेपु प्राणेपु निहाय दण्डम् । तदपि तेषा कुशलमेव भवति ।

भगवान् गौतम ने पुन कहा—कुछ मनुष्य ऐसे होते हैं जो इस प्रकार कहते है—हम मुड होकर गृहस्थ से अनगार के रूप मे प्रव्रजित होने के लिए समर्थ नही हैं। हम क्रमश सयम[१८] का आश्लेप करेगे । वे इस प्रकार सख्या का कथन करते है—"अभियोग को छोडकर 'गृहपति के चोर को पकडने और छोडने' के न्याय से त्रस प्राणियो की हिंसा का त्याग करते हैं। यह भी उनके कुशल के लिए ही होता है ।

१४. तसा वि वुच्चंति तसा तससंभारकडेण कम्मुणा, णामं च णं अब्भुवगय भवइ । तसाउय च णं पलिक्खीणं भवइ, तसकायट्ठिइया ते तओ आउयं विप्पजहंति, ते तओ आउयं विप्पजहित्ता

त्रसा अपि उच्यन्ते त्रसा त्रससभारकृतेन कर्मणा, नाम च अभ्युपगत भवति । त्रसायुष्क च परिक्षीण भवति, त्रसकायस्थितिका. ते तत. आयुष्क विप्रजहति, ते ततः आयुष्क

१४ त्रस प्राणी भी त्रससभारकृत नामकर्म[२०] से ही त्रस कहलाते हैं । (इसीलिए) उनका त्रस नाम स्वीकृत होता है। जब उनकी त्रस-आयु क्षीण हो जाती है, तब वे त्रसकायस्थितिक प्राणी उस आयुष्य को छोड देते हैं। वे वहा के आयुष्य को छोडकर पुन स्थावर के रूप

थावरत्ताए पच्चायंति। थावरा वि वुच्चंति थावरा थावरसंभारकडेणं कम्मुणा, णामं च णं अब्भुवगयं भवइ। थावराउयं च णं पलिक्खीणं भवइ, थावरकायट्ठिइया ते तओ आउयं विप्पजहंति, ते तओ आउयं विप्पजहित्ता भुज्जो पारलोइयत्ताए पच्चायंति।

विप्रहाय स्थावरतया प्रत्यायान्ति। स्थावरा अपि उच्यन्ते स्थावरा स्थावरसंभारकृतेन कर्मणा, नाम च अभ्युपगत भवति। स्थावरायुष्कं च परिक्षीणं भवति, स्थावरकायस्थितिका. ते तत· आयुष्क विप्रजहति, ते तत. आयुष्क विप्रहाय भूयः पारलौकिकतया प्रत्यायान्ति।

मे उत्पन्न होते हैं। स्थावर प्राणी भी स्थावर सभारकृत नामकर्म से ही स्थावर कहलाते हैं। (उमीलिए) उनका स्थावर नाम स्वीकृत होता है। जब उनकी स्थावर-आयु क्षीण हो जाती है तब वे स्थावरकायस्थितिक प्राणी उस आयुष्य को छोड देते हैं। वे वहां के आयुष्य को छोडकर पुन. त्रसरूप मे[11] उत्पन्न होते है।

ते पाणा वि वुच्चंति, ते तसा वि वुच्चंति, ते महाकाया, ते चिरट्ठिइया॥

ते प्राणाः अपि उच्यन्ते, ते त्रसा. अपि उच्यन्ते, ते महाकाया:, ते चिरस्थितिका.।

वे प्राण भी कहलाते हैं। वे त्रस भी कहलाते हैं। वे महान् शरीरवाले और चिरकाल की स्थितिवाले होते हैं।[12]

१५. सवायं उदए पेढालपुत्ते भयवं गोयम एवं वयासी—आउसंतो! गोयमा! णत्थि णं से केइ परियाए जंसि समणोवासगस्स एगपाणाए वि दंडे णिक्खित्ते।

सवाद उदक· पेढालपुत्र. भगवन्त गौतम एव अवादीत्—आयुष्मन्! गौतम! नास्ति स कश्चित् पर्याय. यस्मिन् श्रमणोपासकस्य एकप्राणे अपि दण्डो निक्षिप्त.।

१५. वाद के स्वर मे पेढालपुत्र उदक ने भगवान् गौतम से इस प्रकार कहा—आयुष्मन्! गौतम! ऐसा कोई भी पर्याय नही है जिसमे श्रमणोपासक को 'एक प्राणी की भी हिंसा का परित्याग हो सके।'

कस्स णं तं हेउं?

कस्य तद् हेतो?

इसका क्या कारण है?

संसारिया खलु पाणा—थावरा वि पाणा तसत्ताए पच्चायंति। तसा वि पाणा थावरत्ताए पच्चायंति। थावरकायाओ विप्पमुच्चमाणा सव्वे तसकायंसि उववज्जंति। तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा सव्वे थावरकायंसि उववज्जंति। तेसिं च णं थावरकायंसि उववण्णाण ठाणमेयं घत्तं॥

सासारिका खलु प्राणा—स्थावरा अपि प्राणा· त्रसतया प्रत्यायान्ति। त्रसा अपि प्राणाः स्थावरतया प्रत्यायान्ति। स्थावरकायाद् विप्रमुच्यमाना सर्वे त्रसकाये उपपद्यन्ते। त्रसकायाद् विप्रमुच्यमाना सर्वे स्थावरकाये उपपद्यन्ते। तेषा च स्थावरकाये उपपन्नाना स्थानमेतद् घात्यम्।

प्राणी सासारिक होते हैं—स्थावर प्राणी भी त्रसरूप मे उत्पन्न होते हैं। त्रसप्राणी भी स्थावर रूप मे उत्पन्न होते हैं। स्थावरकाय से मुक्त होते हुए सभी जीव त्रसकाय मे उत्पन्न होते हैं। त्रसकाय से मुक्त होते हुए सभी जीव स्थावरकाय मे उत्पन्न होते हैं। स्थावरकाय मे उत्पन्न उन त्रस जीवो का यह स्थान (स्थावरकाय) घात्य है—इसमे घात करना सभव हो जाता है।

१६. सवायं भगवं गोयमे उदयं पेढालपुत्तं एवं वयासी—णो खलु आउसो! अस्माकं वत्तव्वएणं तुब्भं चेव अणुप्पवाएणं अत्थि णं से परियाए जे णं समणोवासगस्स सव्वपाणेहिं सव्वभूएहिं सव्वजीवेहिं सव्वसत्तेहिं दंडे णिक्खित्ते भवइ।

सवाद भगवान् गौतम. उदकं पेढालपुत्र एव अवादीत्—नो खलु आयुष्मन्! अस्माकं वक्तव्यकेन युष्माक चैव अनुप्रवादेन अस्ति स पर्याय· य. श्रमणोपासकस्य सर्वप्राणेषु सर्वभूतेषु सर्वजीवेषु सर्वसत्त्वेषु दण्डो निक्षिप्तो भवति।

१६ वाद के स्वर मे भगवान् गौतम ने पेढालपुत्र उदक से इस प्रकार कहा—आयुष्मन्! हमारे वक्तव्य के अनुसार नही किंतु तुम्हारे अनुप्रवाद के अनुसार ही ऐसा कोई पर्याय है जिसमे श्रमणोपासक के सब प्राण, सब भूत, सब जीव, और सब सत्त्वो की हिंसा का परित्याग हो सकता है।

कस्स णं तं हेउं?

कस्य तद् हेतोः?

इसका क्या कारण है?

संसारिया खलु पाणा—तसा वि पाणा थावरत्ताए पच्चायंति। थावरा वि पाणा तसत्ताए पच्चायंति। तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा सव्वे थावरकायंसि उववज्जंति। थावरकायाओ विप्पमुच्चमाणा सव्वे तसकायंसि उववज्जंति। तेसिं च णं तसकायंसि उववण्णाणं ठाणमेयं अघत्तं।

सासारिका खलु प्राणा— त्रसा अपि प्राणा स्थावरतया प्रत्यायान्ति। स्थावरा अपि प्राणा त्रसतया प्रत्यायान्ति। त्रसकायाद् विप्रमुच्यमाना सर्वे स्थावरकाये उपपद्यन्ते। स्थावरकायाद् विप्रमुच्यमाना सर्वे त्रसकाये उपपद्यन्ते। तेषा च त्रसकाये उपपन्नाना स्थानमेतद् अघात्यम्।

प्राणी सासारिक होते हैं—
त्रस प्राणी भी स्थावर रूप मे उत्पन्न होते हैं। स्थावरप्राणी भी त्रसरूप मे उत्पन्न होते हैं। त्रसकाय से मुक्त होते हुए सभी जीव स्थावरकाय मे उत्पन्न होते है। स्थावरकाय से मुक्त होते हुए सभी जीव त्रसरूप मे उत्पन्न होते है। त्रसकाय मे उत्पन्न उन स्थावर जीवो का यह स्थान (त्रसकाय) अघात्य है—इसमे घात करना सभव नही होता।

